तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2550 वे निर्वाण महामहोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में प्रकाशित

श्रीमद् आचार्य वट्टकेर स्वामीकृत मूल प्राकृत ग्रन्थ

मूलाचार

आचार्य वसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्तिकृत संस्कृत आचारवृत्ति एवं इसी के आधार पर
पं० कविश्री नन्दलालजी छावड़ा एवं पं० ऋषभदासजी निगोत्या कृत

भाषा वचनिका

संपादकद्वय

प्रो. फूलचन्द्र जैन प्रेमी
पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष – जैनदर्शन विभाग
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

डॉ० श्रीमती मुन्नी जैन
प्राकृताचार्य, जैन दर्शनाचार्य, पी–एच०डी०

नवकार इंटरनेशनल

द्वितीय संस्करणः 2024 ।। मूल्यः 555 रुपये (पुनः प्रकाशन हेतु)

Published on the occasion of the 2550th Nirvana Maha Mahotsav year of Tirthankara Mahavir Swami

Original Prakrit Granth by Shrimad Acharya Vattaker Swami

Moolachar

Sanskrit code of conduct written by Acharya Vasunandi Siddhant-Chakravarti and based on this

Written by Pt. Kavishri Nandlal ji Chhavada and Pt. Rishabhdas ji Nigotya

Bhasha Vachanika

Editors

Prof. Phoolchand Jain Premi
Ex. Prof. & HOD - Jain Darshan Department
Sampoornanand Sanskrit University, Varanasi

Smt. Dr. Munni Jain
Prakritacharya, Jain Darshanacharya, Ph.D.

Navkar International

Second Edition: 2024. Price: Rs. 555 (for re-publication)

ISBN978-81-972888-5-2

नवकार इंटरनेशनल का प्रथम पुष्प

आशीर्वाद : संतशिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागरजी मुनिराज

प्रेरणा : वात्सल्य रत्नाकर आचार्यश्री वसुनंदीजी महाराज

ग्रन्थ : मूलाचार-भाषा वचनिका (शौरसेनी प्राकृत भाषा का श्रमणाचार विषयक प्रमुख मूलशास्त्र)
(संस्कृत आचारवृत्ति सहित)

मूल ग्रंथ प्रणेता : आचार्य वट्टकेर स्वामी

संस्करण : द्वितीय संस्करण
वीर निर्वाण सं० 2550, सन् 2024

प्रकाशक : नवकार इंटरनेशनल
फ्लैट संख्या 401, ओहासिस होम्स, सेक्टर बीटा 2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र., 201306
ईमेलः prakasheffort@gmail[dot]com मोबाइल न०: 7408408851

पुण्यार्जक : डा० श्री चमन प्रकाश जैन एवं धर्मपत्नी श्रीमती मालती रानी जैन
श्री आदि प्रकाश जैन एवं धर्मपत्नी श्रीमती हेमा जैन, सुपुत्री अदिति जैन एवं अनुश्री जैन, सुपुत्र णमोकार जैन

प्राप्ति स्थान : 1) कोठी न० 1, वर्धमानपुरम, कमल के फूल वाली बिल्डिंग, थाने के पीछे, टूंडला, फिरोज़ाबाद, उ.प्र., 283204
2) फ्लैट संख्या ए401, ओहासिस होम्स, सेक्टर बीटा 2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र., 201306
3) अनेकान्त विद्या भवन, बी 23/45, पी–6, शारदा नगर कौलॉनी, खोजवां, वाराणसी–221010

मूल्य : 555 रुपये (पुनः प्रकाशन हेतु)

मुद्रक : जय महावीर एंटरप्राइजेज, 198/2/1, शारदा फॉर्च्यून टॉवर, रमेश मार्केट, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली–110065

कॉपीराइट© : संपादकद्वय

ISBN978-81-972888-5-2

Navkar International Pushp No. - 01

Blessings : Sant Shiromani Acharya Shree Vidyasagarji Muniraj
Inspiration : Vatsaly Ratnakar Acharya Shree Vasunandiji Maharaj

Granth : Moolachar - Bhasha Vachanika (Main Basic Scripture Related To Shramanachar Of Shaurseni Prakrit Bhasha)
(Including Sanskrit Acharyavritti)

Originator of Original book : Acharya Vattaker Swami

Edition : Second Edition
Veer Nirvana No. 2550, Year 2024

Publisher : Navkar International
Flat No. 401, Ohasis Homes, Sector Beta 2, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, U.P., 201306
Email: prakasheffort@gmail[dot]com Mobile No. : 7408408851

Punyaarjak : Dr. Shri Chaman Prakash Jain and his wife Smt. Malti Rani Jain
Shri Adi Prakash Jain and his wife Smt. Hema Jain, daughters Aditi Jain and Anushri Jain, and son Namokar Jain

Place of receipt : a) Kothi No. 1, Vardhmanpuram, Lotus flower building, behind police station, Tundla Frirozabad, Uttar Pradesh, 283204
b) Flat No. A401, Ohasis Homes, Sector Beta 2, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, 201306
c) Anekant Vidya Bhawan, B 23/45, P-6, Sharda Nagar Colony, Khojwa, Varanasi-221010

Price : Rs. 555 (for re-publishing)

Printer : Jai Mahavir Enterprises, 198/2/1, Sharda Fortune Tower, Ramesh Market, East of Kailash, New Delhi - 110065

Copywrite© : Editors

"मूलाचार भाषा-वचनिका का द्वितीय संस्करण"

यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि प्रस्तुत ''मूलाचार भाषा- वचनिका'', जिसकी मुनिसंघों एवं विद्वानों की ओर से पुनः प्रकाशन की काफी मांग हो रही थी, ऐसे इस बृहद् ग्रन्थ का यह द्वितीय संस्करण लगभग तीन दशक बाद पुनः प्रकाशित होकर स्वाध्यायशील पाठकों को सुलभ हो रहा है।

श्रमणाचारपरक यह आगमशास्त्र श्रमणों और आर्यिकाओं के आचार, विचार, व्यवहार, श्रमणसंघ एवं जैन सिद्धान्तों का यह एक प्रामाणिक एवं सर्वसम्मत अति महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। हजारों-हजार वर्षों से इसी के आधार पर दि. जैन मुनियों और आर्यिकाओं की चर्या का सम्पूर्ण भव्य-प्रासाद आज भी दृढ़ता के साथ स्थित है। इस ग्रन्थ की प्रस्तावना में मूलाचार एवं इसकी भाषा वचनिका, इनके कर्ता ग्रंथकार तथा इस पर हुए शोध कार्य आदि से सम्बन्धित अनेक विषयों की विवेचना की जा चुकी है।

प्रस्तुत बृहद्ग्रन्थ का पुनः प्रकाशन नवकार इण्टरनेशनल के पुण्यार्जन से हो रहा है। इसके पुण्यार्जक धर्म प्रभावना में सदा संलग्न रहने वाले श्रुतसेवी, विनम्रता एवं मृदु-स्वभाव के धनी, भारत सरकार के उपक्रम भारत हैवी इलेक्टिकल्स लि. के वरिष्ठ प्रबन्धक, हमारे स्नेही बन्धुवर श्री आदि प्रकाश जी जैन एवं इनके सम्पूर्ण परिवार के पुण्य की बारम्बार अनुमोदना करते हैं। दिल्ली में स्थित जय महावीर एंटरप्राइजेज के श्री आशीष जैन जी ने इस शास्त्र के प्रकाशन में बड़े ही उत्साह और धर्मभावना से जो कार्य किया है, उसके लिए हम अपनी ओर से तथा पुण्यार्जक परिवार की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। हमें विश्वास है कि प्रथम संस्करण की तरह इसका भी सर्वत्र स्वाध्याय और बहुमान होगा। यही मंगल भावना है ।

सम्पादकद्वय
प्रो. फूलचन्द्र प्रेमी एवं श्रीमती डॉ. मुन्नी जैन
वीरशासन जयन्ती पर्व-2024

प्रकाशकीय



यह मेरा सौभाग्य रहा है कि भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, दादरी, नोएडा से मेरा स्थानांतरण वाराणसी हुआ। अपनी गहरी धर्मरुचि होने से, मुझे पारस प्रभु की जन्मभूमि स्थित जिनालय के समीप आवास भी मिल गया। पर्युषण पर्व पर इसी जिनालय में मुझे नित्य सुप्रसिद्ध विद्वान् प्रो० फूलचंद जैन प्रेमी के प्रवचन सुनने का सौभाग्य भी मिला। मैंने उनकी विद्वित्ता से प्रभावित होकर एक दिन उनसे कहा कि मेरी भावना किसी प्राचीन आचार्य प्रणीत अच्छे शास्त्र के प्रकाशन की है।

मूलाचार भाषा वचनिका प्रस्तुत शास्त्र जो अनेक वर्षों से अप्राप्त था, अतः इसके प्रकाशन की मैंने इच्छा व्यक्त की। तब श्री प्रेमी जी ने इसके प्रकाशन कि सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। मैंने इनके आवास पर पहुंचकर इस शास्त्र को अच्छी तरह देखा और इसकी महत्ता समझी और इसके प्रकाशन-पुण्यार्जन से बहुत प्रसन्नता हुई। मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि सन् १९८६ में प्रथम बार यह शास्त्र अलवर के जैन मंदिर के हस्तलिखित शास्त्र भंडार में रखा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रो० प्रेमी एवं इनकी विदुषी धर्मपत्नी डा० मुन्नी पुष्पा जैन ने इस अद्भुत शास्त्र को तीन-चार दशक पूर्व संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिराज को कुण्डलपुर में दिखाया था, तब उन्होंने अब तक अज्ञात इस शास्त्र को देखकर प्रमुदित मन से इसे प्रकाश में लाने का प्रो० प्रेमी दंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया था।

इस शास्त्र की अनेक अप्रकाशित हस्तलिखित पांडुलिपियों एवं प्रकाशित ग्रंथों से पाठान्तर मिलान जैसे अनेक संपादन के कार्य कठिन परिश्रम पूर्वक करते हुए यह शास्त्र प्रकाशन योग्य तैयार हुआ। यह भी उल्लेखनीय है कि ससंघ वाराणसी प्रवास के समय आचार्यश्री भरतसागर जी को जब यह शास्त्र के संपादन कार्य की पांडुलिपि दिखाई, तब उन्होंने अपनी ओर से इसके प्रकाशन की स्वीकृति प्रदान की। इसके प्रकाशन में दो-तीन वर्ष लग गए। सन् 1996 में प्रथम बार अनेकांत विद्वत् परिषद् की ओर से यह महत्वपूर्ण शास्त्र प्रकाशित हुआ।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस शास्त्र के प्रकाशन के बाद जब यह अनेक आचार्यों एवं आर्यिकाओं के संघों, विद्वानों एवं देश के अनेक जिनालयों के शास्त्र भण्डारों में पहुँचा, तब से अब तक अज्ञात इस शास्त्र की वाचना और स्वाध्याय आदि की परम्परा निरंतर

चलती रही है। दो-तीन वर्षों में ही इसका प्रथम संस्करण पूर्ण समाप्त हो गया था। अनेक मुनि संघों एवं विद्वानों आदि की ओर से इस शास्त्र की निरंतर मांग हो रही थी।

यह हमारा परम सौभाग्य है कि 25-30 वर्षो से अनुपलब्ध ऐसे अति महत्वपूर्ण उत्कृष्ट एवं दुर्लभ शास्त्र के पुनः प्रकाशन का हमारे परिवार को पुण्यार्जन प्राप्त हो रहा है। इसके लिए हम प्रो० प्रेमी जी दंपत्ति के आभारी हैं।

इस शास्त्र के प्रकाशन की मंगल भावना और आरम्भ से ही धर्म के प्रति अभिरुचि बढ़ाने में हमारे पूरे परिवार और हितैषी सम्बन्धीजनों का बहुमूल्य योगदान रहा है, अन्यथा मेरा कार्य क्षेत्र अलग हटकर होने से, ये अच्छे संस्कार और धार्मिक श्रद्धान मुश्किल थे।

हमारे पूज्य दादा जी स्व० श्री बृजनंदन लाल जैन जी एवं नाना जी स्व० श्री पांडेय क्षेमंकर जी अच्छी धार्मिक रुची के प्रसिद्ध श्रावक थे। टूंडला मेरी जन्मभूमि होने के कारण इन सबका मंगल सानिध्य एवं आशीर्वाद भी सदा मिलता रहता था। हमारे पूज्य पिताजी श्री डॉ० चमन प्रकाश जैन एवं वंदनीय माताश्री श्रीमती मालती रानी जैन ने निरंतर हमारा धर्मानुराग बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य किया एवं अच्छे संस्कारों से सिंचित किया। हमारे ज्येष्ठ भ्राता श्री आदीश्वर प्रकाश जैन जी एवं आदरणीया भाभी श्रीमती पल्लवी जैन जी द्वारा प्रदत्त निश्छल स्नेह एवं सभी अच्छे धार्मिक कार्यों हेतु निरंतर प्रोत्साहन हमारे लिए संबल का कार्य करता रहा है।

धर्मप्रेमी एवं उदारमना हमारे ससुर श्री पदम चंद जैन जी एवं सासु मां स्व० श्रीमती सुलोचना जैन जी की सुयोग्य सुपुत्री एवं मेरी धर्मपत्नी श्रीमती हेमा जैन, प्रिय पुत्र णमोकार जैन, सुपुत्रियां अदिति जैन एवं अनुश्री जैन - इन सभी का इस शास्त्र को प्रकाशित कराने में एवं अन्य धार्मिक कार्यो के प्रति उत्साहपूर्वक अनुमोदना प्रशंसनीय रहती है।

हमें पूरा विश्वास है कि सदा वंदनीय पूज्य मुनिसंघों एवं आर्यिका संघों के साथ ही सुधी विद्वत्गण एवं सुधी श्रावक-श्राविका, चतुर्विध संघ द्वारा इस पवित्र मूलशास्त्र मूलाचार भाषा वचनिका का पूर्व संस्करण की तरह इस संस्करण का भी स्वाध्याय पूर्वक स्वागत होगा, ताकि इसके प्रकाशन की सार्थकता समझकर हम भी कर्म-निर्जरा के पात्र बन सकें। इस शास्त्र के विद्वान् संपादक श्रीमान् प्रो० फूलचंद जैन प्रेमी दम्पति एवं मुद्रक श्री आशीष जैन जी को पुनः पुनः हार्दिक धन्यवाद एवं मंगलमय जीवन की शुभकामना।

भवदीय
ई० आदि प्रकाश जैन
Email Id: prakasheffort@gmail.com
Mob. No.: 7408408851

संपादकद्वय

प्रोफेसर फूलचन्द्र जैन प्रेमी

वाराणसी (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) माता एवं पिता-श्रीमति उद्यैतीदेवी जैन एवं सिंघई नेमिचन्द्र जैन, जन्म स्थानः दलपतपुर (सागर, म.प्र.), जन्मतिथि-12.7.1948

कार्यक्षेत्र एवं सेवाएँः एमेरिटस प्रोफेसर, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU), मुरादाबाद, पूर्व प्रोफेसर एवं जैनदर्शन विभागाध्यक्ष, सं.सं. विश्वविद्यालय, वाराणसीय पूर्व निदेशक- भोगीलाल लहेरचन्द इंस्टिट्यूट ऑफ इन्डोलॉजी, दिल्लीः पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय दि. जैन विद्वत् परिषद्ः अधिष्ठाता-श्री स्याद्वाद महाविद्यालय भदैनी, वाराणसी।

प्रकाशित मौलिक ग्रन्थ- मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन (पुरस्कृत शोधप्रबन्ध), लाडनूं के जैनमंदिर का कला वैभव, प्राकृत भाषा विमर्श, श्रमण संस्कृति एवं वैदिक व्रात्य, आर्हत् जैन दर्शनः धर्म और संस्कृति, जैन साहित्य और समीक्षा।

सम्पादिक ग्रन्थ- मूलाचार भाषा वचनिका (पुरस्कृत बृहद् ग्रन्थ), प्रवचन परीक्षा, तीर्थंकर पार्श्वनाथ, आदिपुराण परिशीलन, संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास (द्वादश खण्ड), बीसवीं सदी के जैन मनीषियों का अवदान, आवश्यक निर्युक्ति, मथुरा का जैन सांस्कृतिक पुरा वैभव, स्याद्वाद महाविद्यालय शताब्दी स्मारिका, ऋषभ सौरभ, अभिनन्दन ग्रन्थ (अनेक)।

प्रमुख पुरस्कार/सम्मान - श्री चांदमल पाण्ड्या पुरस्कार, महावीर पुरस्कार, चम्पालाल स्मृति साहित्य पुरस्कार, विशेष पुरस्कार (उ.प्र. संस्कृत संस्थान), श्रुतसंवर्धन पुरस्कार, गोम्मटेश्वर विद्यापीठ पुरस्कार, आचार्य ज्ञानसागर पुरस्कार, अहिंसा इण्टरनेशनल एवार्ड, डॉ. पन्नालाल साहित्याचार्य पुरस्कार, संयोजकीय सम्मान (अ.भा. जैन विद्वत सम्मेलन, श्रवणबेलगोला), जैन आगम मनीषा सम्मान (जैन विश्वभारती, लाडनूं) विशिष्ट पुरस्कार (उ. प्र. सरकार द्वारा संस्कृत संस्थान), वर्णी अवार्ड, राष्ट्रपति पुरस्कार (उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा), महावीर पुरस्कार (पुस्तक - 'श्रमण संस्कृति एवं वैदिक व्रात्य' हेतु), श्रमण संस्कृति उन्नायक पुरस्कार, ऋषभदेव पुरस्कार।

आवासीय पता- 'अनेकान्त विद्या भवन', B-23/45, P.6, शारदा नगर कॉलोनी, खोजवाँ, वाराणसी, उ.प्र 221010 मो. 9450179254, 9670863335, ईमेल-anekantjf@gmail-com

श्रीमती डॉ० मुन्नी जैन

जन्म- 22 जून 1957, दमोह (म.प्र.)

शिक्षा– प्राकृताचार्य, जैनदर्शनाचार्य, एम. ए. (हिन्दी) पी-एच. डी., शिक्षाशास्त्री

माता-पिता- श्रीमती संतोष रानी जैन एवं श्री हुकमचन्द जैन, दमोह (म.प्र.)

धर्मपत्नी- प्रो० फूलचन्द जैन प्रेमी, पूर्व जैनदर्शन विभागाध्यक्ष, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

परिवार - 1. ज्येष्ठ पुत्र- प्रो. अनेकान्त कुमार जैन, जैनदर्शन विभाग श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

2. पुत्री -: डॉ० इन्दु जैन राष्ट्र गौरव, नई दिल्ली, (राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय जैन प्रतिनिधि)

3. कनिष्ठ पुत्र - डॉ. अरिहन्त कुमार जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर, के. जे. सौमय्या विद्याविहार युनिवर्सिटी, मुम्बई।

कार्यक्षेत्र- 1) सत्र 2011 से 2022 तक सम्पूर्णानन्द संस्कृत वि. वि. वाराणसी के जैनदर्शन विभाग में अतिथि प्राध्यापिका।

2) देश के अनेक नगरों में एवं विश्वविद्यालयों आदि में आयोजित ब्राह्मी लिपि कार्यशालाओं में प्रशिक्षण दिया।

3) बीस से अधिक अखिल भारतीय संगोष्ठियों में शोधालेख प्रस्तुति।

4) अनेक पत्र-पत्रिकाओं में समसामयिक तथा अनुसंधान परक लेख प्रकाशित ।

5) आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर वार्ताएँ.

मौलिक ग्रन्थ - 1) ''हिन्दी गद्य के विकास में जैन मनीषी पं. सदासुखदास का योगदान'' - नामक मौलिक शोधग्रन्थ पाश्र्वनाथ विद्यापीठ वाराणसी से 2002 में प्रकाशित. तथा कुंन्दकुन्द शिक्षण ट्रस्ट, मुम्बई से एवं जैन विद्या संस्थान, श्रीमहावीर जी से पुरस्कृत एवं सम्मानित ।

2) जैनधर्म-दर्शन एवं साहित्य विषयक शोध निबंधों का संग्रह प्रकाशन हेतु तैयार।

हस्तलिखित पाण्डलिपियों का सम्पादन ध्प्रकाशन -

1) शौरसेनी प्राकृत भाषा में आचार्य वट्टकेर (2-3 सदी) द्वारा प्रणीत मूलाचार पर ''भाषा वचनिका'' (17 वीं सदी) नामक बृहद्

ग्रन्थ का सम्पादन एवं प्रकाशन ।

2) प्राकृत, संस्कृत, पुरानी हिन्दी में लिखित लगभग दस प्राचीन हस्तलिखित लघु पाण्डुलिपियों का सम्पादन तथा अनगार वन्दना, पंचेन्द्रिय-सम्वाद, मुनिराज वंदना, बत्तीसी एवं रत्नजोग शास्त्र - ये चार लघु ग्रन्थ ''श्रमण'' शोध पत्रिका के अनेक अंकों में प्रकाशित ।

पुरस्कार/सम्मान -

1. उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा मूलाचार-भाषा वचनिका बृहद् ग्रन्थ के सम्पादन कार्य पर विशेष- पुरस्कार से सम्मानित.

2) कुन्द कुन्द शिक्षण ट्रस्ट मुम्बई से पं. सदासुखदास पर लिखित शोध-प्रबन्ध पर पुरस्कृत एवं सम्मानित ।

3) श्रीक्षेत्र श्रवणबेलगोला में सन् 2018 में आयोजित अखिल भारतीय महिला सम्मेलन पर ब्राह्मी लिपि के प्रचार-प्रसार एवं विशेषज्ञता पर **''आदर्श महिला''** सम्मान से सम्मानित।

4) श्री दि. जैन महासमिति द्वारा 2020 में 'नारी गौरव' सम्मान ।

सम्प्रति- गार्हस्थिक दायित्वों एवं कार्यों के साथ-साथ सत्साहित्य के स्वाध्याय, अध्यापन, लेखन, हस्तलिखित प्राचीन ग्रन्थ-सम्पादन, ब्राह्मी लिपि प्रशिक्षण तथा नई पीढ़ी को संस्कारित करने के विभिन्न कार्यों में निरन्तर संलग्न ।

सम्पर्क - अनेकान्त विद्या भवन, बी 23/45, P-6. शारदानगर कॉलोनी, खोजवाँ ,वाराणसी-221010.

मोबाइलः 8887531735 / 9450179254

मू०चा०
१


॥०॥ ई॥ ॐ नमः सिद्धेभ्यः॥ अथ मूलाचार भाषा लिख्यते॥ दोहा॥ बंदौं श्री जिन सिद्ध पद॥ आचारिज उवझाय॥ साधु
धर्म जिन भारती जिनगृह चैत्य सहाय॥१॥ वट्टकेर स्वामी प्रणमि नमि वसुनंदी सूरि॥ मूलाचार बिचारि कैं भाषौं लखि गुण भू
रि॥२॥ ऐसैं सर्वज्ञ वीतराग मोक्ष मार्ग के प्रवर्त्तक अठारह दोष रहित छियालीस गुण विराजमा
न अरहंत परमेष्ठी श्री जिन सो ही परम गुरु तथा अष्ट कर्म रहित अष्ट गुण विराजमान
सिद्ध परमेष्ठी ऐसे दोय प्रकार देव तथा छत्तीस गुण विराजमान आचार्य परमेष्ठी
पंचविंशति गुण विराजमान उपाध्याय परमेष्ठी अठाईस गुण विराजमान साधु
परमेष्ठी ऐसे तीन प्रकार अपर गुरु तथा केवल प्रणीत दयामय मुनि श्रावक के भेद करि
दोय प्रकार सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र भेद करि तीन प्रकार उत्तम क्षमादि भे
द करि दश प्रकार धर्म तथा अनक्षरात्मक दिव्यध्वनि रूप अक्षरात्मक द्वादशांग अंग बाह्य आग
म के इक्यावन सूत्र रूप धर्म प्ररूपक जिन भारती तथा ऊर्ध्व लोक मध्य लोक अधोलोक विषै तिष्टते कृत्रिम अकृत्रि
म समस्त जिनगृह तथा तिन समस्त मंदिरनि विषैं विराजमान समस्त जिनचैत्य या प्रकार नव देवतानि कौं सतवन न

(१) मूल अ (तिजारा) प्रति का हस्तलिखित प्रथम पत्र ।



मूलाचारव॥
॥२॥

[illegible] ॥ वंदौं श्रीजिनसिद्धपद आचारिज उवझाय साधु धर्म जिनभारती जिनगृह चैत्य सुहाय ॥ अब
इहां स्वामी प्रणमि नमि [illegible] मूलाचार विचारि कैं भाषौं लखि गुणनूरि ॥ [illegible] निरग्रंथ मोक्षमार्ग के प्रवर्तक अरह
[illegible] छियालीस गुण विराजमान अरहंत परमेष्ठी श्रीजिनसिंह परमगुरु तथा अष्टकर्म रहित अष्टगुण विराजमान सिद्ध परमेष्ठी
ऐसें दोय प्रकार देव तथा छतीस गुण विराजमान आचार्य परमेष्ठी पंचविंशति गुण विराजमान उपाध्याय परमेष्ठी अठाईस गुण वि
राजमान साधु परमेष्ठी ऐसैं तीन प्रकार [illegible] ज्ञानस
म्यक् [illegible] तीन प्रकार उत्तम क्षमादि भेद करि दश प्रकार धर्म तथा अनक्षरात्मक दिव्यध्वनिरूप अक्षरात्मक द्वादशांग अंगबाह्य
आगम के इक्यावन स्वरूप धर्म प्ररूपक जिनभारती तथा ऊर्द्धलोक मध्यलोक अधोलोक विषैं तिष्ठे [illegible] समस्त जिन गृह त
था तिन समस्त मंदिरनि विषैं विराजमान समस्त जिन चैत्य या प्रकार नव देवतानि कौं स्तवन नमस्कार रूप मंगलाचरण रूप । अर इनही
कौं मंगल लोकोत्तम शरण रूप जानि चित्त विषैं धारि श्रीमूलाचार नाम प्राकृत गाथाबंध चरणानुयोग रूप ग्रंथ ताकी संस्कृत टीका आ
चारवृत्ति कैं अनुसार देशभाषामय वचनिका करौंगा ऐसैं प्रतिज्ञा करी ॥ छ ॥ सो यह ग्रंथ समुद्र तो ऐसा है जाका अवगा
हन सातिसय बुद्धि बल संयुक्त महामुनिराजनि करि बने । अर मैं महा अल्पबुद्धी ऐसे ग्रंथ की वचनिका विषैं करने का उद्यम कीया । सो य
ह बात संभवै नांही । तथापि कालदोषतैं इस क्षेत्र विषैं मो तैं हू अल्पबुद्धि अनेक देखिये हैं । तथा होहिंगे । तातैं तिन कैं इस ग्रंथ का संक्षेप अर्थ
ग्रहण करावने निमित्त यह आरंभ कीया है । सो जाकौं प्राकृत संस्कृत का ज्ञान होय सो तौ प्राकृत संस्कृत ग्रंथ पूर्वें हैं ही तिनका अभ्यास करैंगे

(२) ब (अजमेर) प्रति का हस्तलिखित प्रथम पत्र ।

प्रथम संस्करण की सम्पादकीय

मूलाचार : श्रमणाचार विषयक प्राचीन और अनुपम कृति—

मूलाचार श्रमणाचार विषयक एक प्राचीन और अनुपम कृति है। शौरसेनी प्राकृत भाषा के रचित इस बहुमूल्य ग्रन्थ के यशस्वी रचयिता आचार्य वट्टकेर हैं। दिगम्बर जैन परम्परा में आचारांग के रूप में प्रसिद्ध यह श्रमणाचार विषयक मौलिक, स्वतन्त्र, प्रामाणिक एवं प्राचीन ग्रन्थ २–३ शती के आसपास की रचना है। यद्यपि अन्य कुछ प्रमुख आचार्यों की तरह आ० वट्टकेर के विषय में भी विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है; किन्तु उनकी अनमोल कृति "मूलाचार" के अध्ययन से ही आ० वट्टकेर का बहुश्रुत सम्पन्न व्यक्तित्व, उत्कृष्ट चारित्रधारी आचार्यवर्य के रूप में हमारे समक्ष उपस्थित होता है। दक्षिण भारत में बेट्टकेरी स्थान के निवासी वट्टकेर दिगम्बर परम्परा में मूलसंघ के प्रमुख आचार्य थे। इन्होंने मुनिधर्म की प्रतिष्ठित परम्परा को दीर्घकाल तक यशस्वी और उत्कृष्ट रूप में चलते रहने और मुनिदीक्षा धारण के मूल उद्देश्य की प्राप्ति हेतु मूलाचार ग्रन्थ की रचना की, जिसमें श्रमणनिर्ग्रन्थों की आचार-संहिता का सुव्यवस्थित, विस्तृत एवं सांगोपांग विवेचन किया है।

दिगम्बर और श्वेताम्बर परम्परा के कुछ ग्रन्थों की गाथाओं से मूलाचार की कुछ गाथाओं की समानता के आधार पर कुछ विद्वान् इसे संग्रह ग्रंथ भी कह देते हैं, किन्तु यह तथ्य है कि तीर्थंकर महावीर की निर्ग्रन्थ परम्परा जब दो भागों में विभक्त हुई, उस समय समागत 'श्रुत' दोनों ही परम्पराओं के आचार्यों को कंठस्थ था। अतः उन दोनों ने समान रूप से उसका उपयोग प्रसंगानुसार अपनी-अपनी रचनाओं में किया, इसीलिए कुछ समानताओं के आधार पर ही किसी मौलिक-ग्रन्थ को संग्रह ग्रन्थ कह देना उस सम्पूर्ण विरासत के साथ अन्याय ही कहा जायेगा। कुछ समानताओं वाले ग्रन्थ तो हमें उस परम्परा के प्राचीनतम वे स्रोत खोजने का अवसर प्रदान करते हैं जो तीर्थंकर महावीर की मूल साधना और उनके श्रमण संघ की आचार संहिता से सीधे जुड़े थे। क्योंकि अर्धमागधी आगमों में श्रमणाचार के जिन नियमों और उपनियमों को निबद्ध किया गया है तथा मूलाचार में श्रमण की जो आचार-संहिता निबद्ध है, उसकी तात्विक और आध्यात्मिक विकास की प्रेरणा में कोई विशेष अन्तर प्रतीत नहीं होता। अहिंसा के जिस मूल धरातल पर श्रमणाचार का महाप्रासाद अर्धमागधी आगम में निर्मित है, उसी अहिंसा के मूल धरातल पर मूलाचार में भी श्रमणाचार का विशाल भवन निर्मित है। इस दृष्टि से मूलाचार को आचारांग के आधार पर ही निर्मित माना गया है। मूलाचार के टीकाकार आ० वसुनन्दि और सकलकीर्ति के कथनों से इस बात का समर्थन भी होता है। इसीलिए आचार्य वीरसेन ने षट्खण्डागम की अपनी धवला टीका में तथा आचार्य अकलंकदेव ने तत्त्वार्थ-वार्तिक में मूलाचार को 'आचारांग' के नाम से ही, उसकी गाथाओं को उद्धृत किया है।

प्रथम मूल अंग आगम आचारांग के आधार पर इसकी रचना हुई, इसीलिए इसका नाम भी "मूलाचार" प्रसिद्ध हुआ और तदनुसार उस श्रमणसंघ के आचार का प्रतिपादक होने से उस संघ का नाम "मूलसंघ" प्रचलित हुआ जान पड़ता है।

मूलाचार के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि पाँचवें श्रुतकेवली आचार्य भद्रबाहु के समय जो दुर्भिक्ष पड़ा था, उसके प्रभाव से श्रमणाचार में जो शिथिलता आई थी, उसे श्रमणों को अपने आचार-विचार एवं व्यवहार आदि की विशुद्धता का समग्र एवं व्यवस्थित ज्ञान कराने हेतु आचार्य वट्टकेर ने इस मूलाचार का निर्माण किया जिस व्यवस्थित रूप में श्रमणधर्म के सम्पूर्ण-आचार-विचार का निरूपण इसमें मिलता है, वैसा अन्य श्रमणाचार परक प्राचीन ग्रन्थों में देखने को नहीं मिलता।

मूलाचार में मूलगुण, बृहत्प्रत्याख्यान-संस्तरस्तव, संक्षेप-प्रत्याख्यान, संस्तर-स्तव, समाचार, पंचाचार, पिण्डशुद्धि, षडावश्यक, द्वादशानुप्रेक्षा, अनगारभावना, समयसार, शीलगुण और पर्याप्ति–ये बारह अधिकार हैं, जिनमें कुल १२५२ गाथायें हैं। ये सभी अध्याय परस्पर सम्बद्ध होकर क्रमबद्ध रूप में मुनिधर्म का उत्तरोत्तर विवेचन करते हुए भी प्रत्येक अधिकार एक स्वतन्त्र ग्रन्थ का भी रूप लिये हुए हैं। यदि प्रत्येक अधिकार को अलग-अलग प्रकाशित करके इनका अध्ययन हो तो भी उसमें सम्पूर्णता ही लगती है। जैसे इसके सातवें षडावश्यक अधिकार का ही उदाहरण लें। इसका प्रारम्भ मंगलाचरण से होता है और अन्त भी उपसंहारात्मक शैली में हुआ है। इसके प्रारम्भ में ही आचार्य ने प्रतिज्ञा की है कि मैं अब "आवश्यकनिर्युक्ति" का कथन कर रहा हूँ। और फिर इस पूरे अधिकार में सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वंदन, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग तथा प्रत्याख्यान इन छह आवश्यकों का क्रमशः भेद-प्रभेद सहित अच्छा विवेचन किया गया है। इस तरह अर्धमागधी के आवश्यकसूत्र तथा इसकी निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि आदि ग्रन्थों में छह आवश्यकों का स्वरूप मूलाचार के सदृश ही है।

मूलाचार के प्रथम अधिकार में अट्ठाईस मूलगुणों का स्वरूप प्रतिपादित किया गया है। यहाँ कहा गया है कि श्रमणाचार रूप वृक्ष के लिए जो मूल (जड़) के समान हों, वे मूलगुण हैं। ये श्रमणधर्म की आधारशिला हैं। सम्पूर्ण मुनिधर्म इन अट्ठाईस मूलगुणों से सिद्ध होता है। इनमें न्यूनाधिकता रहने पर साधक को श्रमणधर्म से च्युत माना जाता है। मूलाचार का अन्तिम अधिकार है "पर्याप्ति"। इसमें पर्याप्ति आदि जैन सिद्धान्तों का वह विवेचन किया गया है, जो आ० वट्टकेर को, इन विषयों का ज्ञान अविच्छिन्न आचार्य-परम्परा से प्राप्त हुआ था।

इस तरह आचार्य वट्टकेर ने मूलाचार के माध्यम से मात्र श्रमण परम्परा को ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतीयता को, वह आचार संहिता प्रदान कर महनीय योगदान किया है, जिसके कारण यह भारत देश सदा से ही गौरवान्वित रहा है।

विषय परिचय

मूलाचार में बारह अधिकार हैं। प्रत्येक अधिकार के प्रतिपाद्य विषयों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत है।

१. **मूलगुणाधिकार :** इसमें छत्तीस गाथाएँ हैं। सर्वप्रथम मंगलाचरण पूर्वक विषय प्रतिपादन की घोषणा की गई है तथा श्रमणों के अट्ठाईस मूलगुणों का कथन किया गया है। तदनन्तर पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पंचेन्द्रिय निरोध, षडावश्यक, लोच, अचेलकत्व, अस्नान, क्षितिशयन, अदन्तधावन, स्थितभोजन और एकभक्त—इन अट्ठाईस मूलगुणों की सारभूत परिभाषाएँ प्रस्तुत की गई हैं। अचेलकत्व मूलगुण के अन्तर्गत शरीर ढकने के लिए वस्त्र, अजिन (चमड़ा), वल्कल, तृण, पत्ते, आभूषण आदि के धारण का निषेध करके निर्ग्रन्थ (नग्न) वेश धारण करने को अचेलकत्व कहा है। मूलगुणों के पालन से मिलने वाले मोक्षफल के कथन के बाद अधिकार की समाप्ति की गयी है।

२. **बृहत्प्रत्याख्यान-संस्तरस्तव अधिकार :** इसमें श्रमण को सभी पापों का त्यागकर मृत्यु के समय दर्शन आदि चार आराधनाओं में स्थिर रहने, क्षुधातृषा आदि परिषहों को समता भाव से सहने तथा निष्कषाय होकर प्राण त्याग करने का उपदेश है। प्रत्याख्यान विधि बताते हुए प्रत्याख्यान करने वाले के मुख से कहलाया गया है कि जो कुछ मेरी पापक्रिया है उस सबका मन, वचन, काय से त्याग करता हूँ और समताभाव रूप निर्विकल्प एवं निर्दोष सामायिक करता हूँ। सब तृष्णाओं को छोड़कर मैं समाधिभाव अंगीकार करता हूँ। सब जीवों के प्रति मेरा क्षमा-भाव है तथा सब जीव मेरे ऊपर क्षमाभाव करें। मेरा सब प्राणियों पर मैत्री भाव है, किसी से भी मेरा बैर नहीं है। इसके अतिरिक्त चार संज्ञाओं, तैंतीस आसादनाओं, श्रमण की मनोभावनाओं के वर्णन के साथ-साथ मरण के भेद यथा मरण-समय णमोकार मन्त्र के चिन्तन आदि के करने का भी प्रतिपादन किया गया है।

३. **संक्षेपप्रत्याख्यानाधिकार :** इस अधिकार में व्याघ्रादि-जन्य आकस्मिक मृत्यु के उपस्थित होने पर पाँच पापों के त्याग पूर्वक सामायिक समाधि धारण करके सर्वआहार, कषाय और ममत्व भाव के त्यागपूर्वक शरीर त्याग की प्रेरणा दी है। प्रत्याख्यान, आराधनाफल, पंडितमरण, समाधिमरण तथा जन्म एवं मृत्यु का भय आदि विषयों का वर्णन करके अन्त में दस प्रकार के मुण्डों के उल्लेखपूर्वक अधिकार की समाप्ति की गयी है।

४. **समाचाराधिकार** इसमें विविध समाचार का अच्छा विवेचन है। समाचार शब्द के चार अर्थ बताये हैं— रागद्वेष से रहित समता का भाव, अतिचाररहित मूलगुणों का अनुष्ठान, समस्त श्रमणों का समान तथा हिंसा रहित आचरण एवं सभी क्षेत्रों में हानि-लाभरहित कायोत्सर्गादि के परिणाम रूप आचरण। उच्च ज्ञान प्राप्ति के निमित्त शिष्य-श्रमण को अपने गण से दूसरे गण एवं उसके-आचार्य के पास किस विधि से जाना चाहिये इसका अच्छा वर्णन करके एकाकी एवं स्वच्छन्द विहार की सम्भाव्य हानियों का वर्णन तथा निषेध किया है। आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक, स्थविर और गणधर ये पाँच आधार जहाँ न हों वहाँ रहना उचित नहीं है। इसी प्रसंग में आचार्य के गुणों का भी कथन किया है। इस अधिकार का महत्त्वपूर्ण अंश परगण से स्वगण में आगन्तुक श्रमणों का किस प्रकार स्वागत उनकी परीक्षा तथा उनका सहयोग किया जाता है इन सबका बहुत ही स्पष्ट और सुन्दर चित्रण है। आर्यिकाओं का संक्षिप्त आचार, श्रमण और आर्यिकाओं के पारस्परिक सम्बन्धों तथा आर्यिका को दीक्षा, उपदेश करने वाले अनेक गुण-धर्मों से युक्त गणधर एवं उनकी विशेषताओं का वर्णन है। आर्यिकाओं के समाचार के अन्तर्गत एक दूसरे के अनुकूल रहने, अभिरक्षण का भाव रखने, लज्जा एवं मर्यादा का पालन करने तथा माया, रोष एवं वैर जैसे भावों से मुक्त रहने का विधान किया गया है।

५. **पंचाचाराधिकार :** इसमें दर्शन, ज्ञान, चारित्र तप और वीर्य--इन पंचाचारों का भेद-प्रभेदों द्वारा विस्तृत प्रतिपादन किया गया है। दर्शनाचार के अन्तर्गत जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन नव पदार्थों का वर्णन है। इन नव पदार्थों में जीव तत्त्व के संसारी और मुक्त ये दो-दो भेद किये गये हैं। इन संसारी जीव के पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक तथा त्रस इन छह भेदों का भेदोपभेद पूर्वक विस्तृत प्रतिपादन है। रात्रिभोजन त्याग, पाँच समिति, गुप्ति, तप, ध्यान, स्वाध्याय आदि विषयों का विस्तृत स्वरूप कथन तथा इनका पालन करने

से होने वाले लाभों का भी विवेचन है। प्रसंगवश गणधर, प्रत्येकबुद्ध, श्रुतकेवली अथवा अभिन्नदशपूर्वी द्वारा कथित ग्रन्थों को सूत्र कहा है। संग्रह, आराधना नियुक्ति, मरणविभक्ति, स्तुति, प्रत्याख्यान, आवश्यक और धर्मकथा आदि जैन सूत्र ग्रन्थों तथा ऋग्वेद, सामवेद आदि वेद शास्त्रों, कौटिल्य, आसुरक्ष, महाभारत, रामायण आदि ग्रन्थों एवं रक्तपट, चरक, तापस, परिव्राजक आदि के नामों का उल्लेख मिलता है।

६. **पिण्डशुद्धि-अधिकार :** इसमें तेरासी गाथाएँ हैं। श्रमणों के पिण्डैषणा (आहार) से सम्बन्धित सभी नियमों की विशद् मीमांसा की गयी है। उद्गम, उत्पादन, एषणा, संयोजन, प्रमाण, इङ्गाल, धूम और कारण इन आठ दोषों से रहित आहार शुद्धि का, आहार त्याग के कारण, आहार ग्रहण के उद्देश्य, दाता के गुण, चौदह मल, आहार ग्रहण की विधि और मात्रा तथा आहार के अन्तराय आदि आहार चर्या से सम्बन्धित सभी विषयों का विस्तृत विवेचन है।

७. **षडावश्यक-अधिकार :** इस अधिकार को आवश्यकनियुक्ति नाम से अभिहित किया गया है तथा इसका प्रारम्भ पंच नमस्कार की निरुक्ति पूर्वक हुआ है। अर्हन्त, जिन, आचार्य, साधु, उत्तम आदि शब्दों की भी निरुक्ति पूर्वक व्याख्या की गई है। अर्हन्त, पद की निरुक्ति महत्त्वपूर्ण है। सामायिक, स्तव, वंदन, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग इन छह आवश्यकों का निरुक्ति एवं भेदपूर्वक विस्तृत विवेचन है। लोक, धर्म, तीर्थ, भक्ति, विनय, कृतिकर्म, अवनति, चतुर्विध आहार और आलोचना–इन सब विषयों का स्वरूप तथा भेदपूर्वक कथन, स्वाध्याय-काल, वन्दनादि कायोत्सर्ग में वर्ज्य बत्तीस दोष, आसिका, निषोधिका का विधान तथा पार्श्वस्थादि पापश्रमणों आदि का विवेचन किया गया है। इस अधिकार की ये विशेषतायें हैं कि इसमें सामायिक संयम और छेदोपस्थापना संयम के विषय में उन मतों का उल्लेख कियागया है जिनका सम्बन्ध प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव एवं अन्तिम तीर्थंकर महावीर तथा मध्यवर्ती बाईस तीर्थंकरों के परम्परा-भेद से है। नित्य प्रतिक्रमण और नैमित्तिक प्रतिक्रमण के सम्बन्ध में भी इसी तरह के मतों का उल्लेख है।

८. **द्वादशानुप्रेक्षाधिकार :** अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आस्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधि-दुर्लभ और धर्मस्वाख्यात—इन बारह अनुप्रेक्षाओं (भावनाओं) का वैराग्यवर्धक सूक्ष्म विवेचन है। इसमें बताया है : राग, द्वेष, क्रोधादि आस्रव हैं, जिनमें कर्मों का आगमन होता है। ये कुमार्गों पर ले जाने वाली अति बलवान शक्तियाँ हैं। शांति, दया, क्षमा, वैराग्य आदि जैसे-जैसे बढ़ते हैं, जीव वैसे-वैसे मोक्ष के निकट बढ़ता जाता है। चार प्रकार के संसार का स्वरूप तथा अन्त में अनुप्रेक्षाओं की भावना से कर्मक्षय और परिणामशुद्धि का विवेचन है।

९. **अनगारभावनाधिकार :** इस अधिकार में अनगार का स्वरूप तथा लिंग, व्रत, वसति, विहार, भिक्षा, ज्ञान, शरीर-संस्कारत्याग, वाक्य, तप और ध्यान इन दस शुद्धियों को अनगार के सूत्र बताये हैं। अनगार तथा उनके सत्वगुणों, अनगार के पर्यायवाची नामों का उल्लेख किया गया है। वाक्यशुद्धि के प्रसंग में स्त्री, अर्थ, भक्त, खेट, कर्वट, राज, चोर, जनपद, नगर और आकर इन कथाओं का स्वरूप तथा रूपक द्वारा प्राणि-संयम और इन्द्रियसंयम रूपी आरक्षकों द्वारा तपरूपी नगर तथा ध्यानरूपी रथ के रक्षण की बात कही गयी है। यथार्थ अनगारों का विवेचन तथा अभ्रावकाश आदि योगों का स्वरूप कथन भी किया गया है।

१०. **समयसाराधिकार** : इस अधिकार में एक सौ चौबीस गाथाएँ हैं। इसमें वैराग्य की समयसारता, चारित्राचरण आदि का कथन करते हुए श्रमण को लौकिक व्यवहार से दूर रहने को कहा है। चारित्रसंयम और तप से रहित ज्ञानादि की निरर्थकता और प्रतिलेखन तथा इसके साधनभूत पिच्छिका की विशेषताएँ आदि इस अधिकार में प्रारम्भिक प्रतिपाद्य विषय हैं। आर्यिकाओं के आवास पर श्रमणों के गमन तथा स्वाध्याय आदि कार्य करने का निषेध किया गया है। पंचेन्द्रिय विषयों एवं काष्ठादि में चित्रित स्त्रियों तक से दूर रहने के कथन प्रसंग में ही अब्रह्म के दस कारण तथा पंचसूना आदि विविध विषयों का अच्छा विवेचन है। इसी अधिकार में आचेलक्य, औद्देशिक शय्यागृहत्याग, राजपिण्डत्याग, कृतिकर्म, व्रत, ज्येष्ठ, प्रतिक्रमण, मासस्थितिकल्प एवं पर्यास्थितिकल्प—इन दस स्थितिकल्पों का नामोल्लेख है। अधिकार के अन्त में शास्त्र के सार का प्रतिपादन करते हुए चारित्र को सर्वश्रेष्ठ कहा है।

११. **शीलगुणाधिकार** : इसमें मात्र छब्बीस गाथायें हैं। इस अधिकार में तीन योग, तीन करण, चार संज्ञा, पाँच इन्द्रिय, दस काम, दस श्रमणधर्म इन्हीं सबका परस्पर गुणा करने पर शील के अठारह हजार भेदों का कथन किया गया है। इसी अधिकार में गुणों अर्थात् उत्तर गुणों के भेद-प्रभेदों की चौरासी लाख संख्या का कथन किया है।

१२. **पर्याप्त्यधिकार** : इसमें पर्याप्ति, देह, संस्थान, काय-इन्द्रिय, योनि, आयु, प्रमाण, योग, वेद, लेश्या, प्रविचार, उपपाद, उद्वर्तन, स्थान, कुल, अल्पबहुत्व और प्रकृति, स्थिति, अनुभाग तथा प्रदेशबंध इत्यादि विषयक सूत्र पदों द्वारा इन विषयों का विस्तृत विवेचन किया गया है। इसी अधिकार में विवेचित गति-आगति का कथन 'सारसमय' नामक ग्रन्थ में स्वयं के द्वारा कहने का उल्लेख किया है। पर यह ग्रन्थ आज अनुपलब्ध है। वृत्तिकार ने इसकी पहचान व्याख्याप्रज्ञप्ति से की है। जिस विषय के कथन का उल्लेख मूलाचार में है वह विषय श्वेताम्बर परम्परा में उपलब्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति में नहीं है। इससे लगता है कि उस समय दिगम्बर परम्परा में वट्टकेर का 'सारसमय' ग्रन्थ अवश्य उपलब्ध रहा होगा। इसके प्रमाण रूप धवलाटीका में भी इसका उल्लेख मिलता है। षट्खण्डागम के जीवट्ठाण नामक प्रथम खण्ड की गतिआगति नाम की नवमी चूलिका व्याख्याप्रज्ञप्ति से निकली है। इन सब उल्लेखों के अतिरिक्त गुणस्थान, जीवसमास, मार्गणा, स्वर्ग, नरक, मनुष्य, तिर्यञ्च गतियों तथा इनके जीवों आदि का विस्तृत विवेचन इस अधिकार में किया गया है। ग्रंथकार ने इस अधिकार का नाम 'पर्याप्ति संग्रहिणी' कहा है।

मूलाचार पर उपलब्ध व्याख्या साहित्य :

मूलाचार श्रमणाचार विषयक एक प्राचीन एवं प्रामाणिक श्रेष्ठ ग्रन्थ है। दिगम्बर परम्परा के तद्विषयक प्रायः सभी परवर्ती ग्रन्थ इससे प्रभावित अथवा इसके आधार पर लिखे गये दृष्टिगोचर होते हैं। मूलाचार पर अनेक टीकाएँ तो लिखी ही गईं, साथ ही इसको मूल आधार बनाकर जिन ग्रन्थों की स्वतंत्र रचना हुई उनमें अनगार धर्मामृत, आचारसार, चारित्रसार, मूलाचार प्रदीप, आदि ग्रन्थ प्रमुख हैं, जिन पर मूलाचार का स्पष्ट प्रभाव है।

आचार्य वसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्ती की मूलाचार पर 'आचारवृत्ति' नामक सर्वार्थसिद्धि टीका संस्कृत भाषा में लिखी गई उपलब्ध है। आ० वसुनन्दि का दूसरा महत्त्वपूर्ण प्राकृत ग्रन्थ वसुनन्दि श्रावकाचार सुप्रसिद्ध ही है। वस्तुतः मूलाचार के

विषय को हृदयंगम करने वालों में इनका अग्रणी स्थान है। इनकी आचारवृत्ति इतनी प्रसिद्ध और सरल है कि सामान्य जन भी इसका सुगमता से अध्ययन कर लेते हैं। गूढ़ विषय को स्पष्ट करते हुए चलना और अपनी सहज एवं सरल भाषा में ग्रन्थकार के भावों को प्रकट कर देना यह वसुनन्दि की मुख्य विशेषता है।

वसुनन्दि श्रावकाचार ग्रंथ के अन्त में दी गई प्रशस्ति के आधार पर ही आचार्य वसुनन्दि के विषय में मुख्यत: जानकारी मिलती है। आचार्य कुन्दकुन्द की परम्परा में श्रीनन्दि नामक आचार्य हुए हैं।[1] उनके शिष्य नयनन्दि और उनके शिष्य नेमिचन्द के प्रसाद से वसुनन्दि के इस ग्रंथ की रचना की। प्रशस्ति में ग्रंथ-रचना का समय नहीं दिया। किन्तु वसुनन्दि के दादा गुरु (नयनन्दि) ने वि० सं० ११०० में सुदंसण चरिउ (सुदर्शन चरित) नामक ग्रंथ अपभ्रंश में लिखा। इस आधार पर कुछ विद्वान् आचार्य वसुनन्दि का समय १२वीं शती का पूर्वार्द्ध अथवा ११वीं का अन्तिम भाग मानते हैं। किन्तु इनके ग्रंथों की भाषा, शैली और विषय प्रतिपादन आदि के अध्ययन से ज्ञात होता है कि ये इस काल से भी पूर्व के आचार्य थे। इनके समय-निर्धारण की दिशा में शोध की आवश्यकता है। मूलाचार की इनकी इस वृत्ति के प्रारम्भ में उल्लेख है कि आचारांग की पदसंख्या अठारह हजार प्रमाण थी, उसका संक्षेप आचार्य वट्टकेर ने किया और उस पर इन्होंने बारह हजार श्लोक प्रमाण आचारवृत्ति लिखी। इनके नाम से प्रकाश में आने वाले ग्रन्थों में मूलाचार वत्ति के अतिरिक्त आप्तमीमांसा वृत्ति, जिनशतकटीका, प्रतिष्ठासारसंग्रह उपासकाध्ययन (वसुनन्दि श्रावकाचार) आदि प्रसिद्ध हैं।

मूलाचार के एक और व्याख्याता सकलकीर्ति हैं। इन्होंने इसके आधार पर 'मूलाचार-प्रदीप' नामक संस्कृत भाषा में विस्तृत ग्रंथ लिखा[2]। इनका समय विक्रम को १५वीं शती माना जाता है। डॉ० विन्टरनिट्ज़ ने इनका स्वर्गारोहण लगभग १४६४ ई० माना है।[3] ज्ञानार्णव की प्रशस्ति के अनुसार इन्होंने अपनी लीला मात्र से शास्त्रसमुद्र को भली प्रकार बढ़ाया।[4] वैसे १९वीं शती में सकलकीर्ति नामक एक दूसरे भट्टारक विद्वान् भी हुए हैं। किन्तु १५वीं शती के उपर्युक्त भट्टारक सकलकीर्ति अद्भुत प्रतिभा के धनी और बहुशास्त्रवेत्ता थे। ज्ञानार्णव की ही प्रशस्ति के अनुसार आप भट्टारक पद पर आरूढ़ होते ही बड़ी आसानी से जैन साहित्य भंडार को श्रीवृद्धि में लग गये थे।[5] इनकी लेखनी बहुमुखी रही है, अत: इन्होंने प्राय: सभी विषयों पर ग्रंथ रचना की। संस्कृत, प्राकृत और राजस्थानी भाषा पर इनका समान अधिकार था। गुजरात और बागड़ आदि क्षेत्रों में जैनधर्म का काफी प्रचार-प्रसार भी इन्होंने किया।

आचार्य सकलकीर्ति की संस्कृत और राजस्थानी भाषा में पचास से भी अधिक रचनाएँ प्राप्त होती हैं।

---

१. वसुनन्दि श्रावकाचार की प्रशस्ति, गाथा ५४०-५४४

२. प्रकाशक, आचार्य श्री विमलसागर संघ, c/o रायसाहब नेमीचन्द्र जैन, बनारसी प्रेस, जलेसर (एटा) उ० प्र०, वि० सं० २०१८

३. ए हिस्ट्री आफ इंडियन लिटरेचर, पृ० ५९२

४. प्रशस्ति संग्रह—सं० पं० के० भुजबली शास्त्री, जैन सिद्धांत भवन आरा, १९४२, पृष्ठ ११९, १९६, १९७

५. ज्ञानार्णव, प्रशस्ति पाठ १४।

आचार्य सकलकीर्ति ने अपने मूलाचारप्रदीप में प्रायः उन सभी विषयों का विस्तृत वर्णन किया है, जिनका प्रतिपादन आचार्य वट्टकेर ने अपने मूलाचार में किया। मूलाचार के आधार पर लिखे जाने पर भी आचार्य सकलकीर्ति का तीन हजार से भी अधिक संस्कृत पद्यों से युक्त यह ग्रन्थ स्वतन्त्र कृति जैसा लगता है। इसमें कहा है कि मैं (आचार्य सकलकीर्ति) इष्ट देवों को नमन करके, शुभ और श्रेष्ठ अर्थों को जानकर मूलाचार आदि श्रेष्ठ ग्रंथों में कहे हुए आचारों में प्रवृत्ति हेतु तथा स्वयं का और मुनियों का हित करने के लिए शुद्धाचार स्वरूप का प्ररूपक मूलाचार प्रदीप नामक महाग्रन्थ की रचना करता हूँ।

मूलाचार के तीसरे व्याख्याकार आचार्य मेघचन्द्र हैं। इन्होंने इस पर कर्नाटक 'मूलाचारसद्वृत्ति' की रचना की।

चतुर्थ कर्नाटक टीका 'मुनिजन चिन्तामणि' नाम से मिलती है, इसमें मूलाचार को कुन्दकुन्दाचार्य की रचना बताया है।

एशियाटिक सोसायटी आफ बंगाल (कलकत्ता) से अपने पुस्तकालय के हस्तलिखित ग्रंथों की "लिस्ट आफ जैना एम० एस० एस०" को (ग्रन्थ क्रमांक १५२१) देखने से ज्ञात होता है कि मेधावी कवि द्वारा रचित भी एक अन्य 'मूलाचार टीका' है। वैसे १६वीं शती के मेधावी कवि द्वारा लिखित धर्मसंग्रह–श्रावकाचार प्रसिद्ध ही है। इन्हीं कवि का उक्त टीका ग्रंथ भी सम्भव है। पर इसके विषय में अन्यत्र कहीं भी अभी तक उल्लेख देखने में नहीं आया।

उपर्युक्त टीकाओं के अतिरिक्त वीरनन्दि ने मूलाचार के आधार पर 'आचारसार' ग्रन्थ की रचना की है। पं० आशाधर ने 'अनगारधर्मामृत' नामक ग्रन्थ की रचना में इसी का आधार लिया है। 'मूलाचार भाषा वचनिका' नामक प्रस्तुत ग्रन्थ अभी तक मात्र शास्त्र भण्डार की शोभा बढ़ा रहा था, किन्तु यह पहली बार प्रकाशित हो सुधी पाठकों के स्वाध्याय हेतु प्रस्तुत हो रहा है। इस प्रकार अन्यान्य अनेक ग्रन्थ मूलाचार के आधार पर लिखे गये, जिनमें आज कुछ प्रकाशित हैं तो कुछ अप्रकाशित तथा अनुपलब्ध भी हैं।

मूलाचार : श्रमणों का मौलिक संविधान*

श्रमणाचार विषयक शौरसेनी प्राकृत भाषा के एक बहुमूल्य ग्रन्थ 'मूलाचार' के यशस्वी कर्ता आचार्य वट्टकेर का इस क्षेत्र में अनुपम योगदान है। यह उनकी एकमात्र उपलब्ध कृति है। दिगम्बर जैन परम्परा में आचारांग के रूप में प्रसिद्ध यह श्रमणाचार विषयक मौलिक, स्वतंत्र प्रामाणिक एवं प्राचीन ग्रन्थ द्वितीय-तृतीय शती के आसपास की रचना है। यद्यपि अन्य कुछ प्रमुख आचार्यों की तरह आचार्य वट्टकेर के विषय में भी विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है, किन्तु उनकी एकमात्र अनमोल कृति मूलाचार के अध्ययन से ही आ.वट्टकेर का बहुश्रुत सम्पन्न एवं उत्कृष्ट चारित्रधारी आचार्यवर्य के रूप में उनका व्यक्तित्व हमारे समक्ष उपस्थित होता है।

मूलाचार तथा कुन्दकुन्द साहित्य की कुछ गाथायें समान मिलने और मूलाचार की वसुनन्दिकृत आचारवृत्ति की कुछ अर्वाचीन पाण्डुलिपियों में आचार्य कुन्दकुन्द का नामोल्लेख होने के आधार पर मूलाचार को भी कुछ विद्वानों ने आचार्य कुन्दकुन्द की कृति सिद्ध करने का प्रयत्न किया है, किन्तु इन दोनों में अनेकों असमानता के कारण ऐसा है नहीं।

आचार्य कुन्दकुन्द वृत्तिकार तथा एलाचार्य के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। इन आधारों पर भी वट्टकेर और कुन्दकुन्द को कुछ विद्वानों ने इन दोनों को एक ही आचार्य सिद्ध करने का प्रयास किया है, किन्तु यह भी खींचतान ही है। अत: मूलाचार को आ. कुन्दकुन्द कृत नहीं माना जा सकता है।

प्रथम मूल-अंग-आगम आचारांग के आधार पर इसकी रचना हुई और इसीलिए इसका नाम भी मूलाचार प्रसिद्ध हुआ और तदनुसार उस श्रमणसंघ के आचार का प्रतिपादक होने से उनके संघ का नाम 'मूलसंघ' प्रचलित हुआ जान पड़ता है। यह मूलसंघ दिगम्बर जैन परम्परा का सर्वाधिक प्राचीन प्रमुख संघ है। इसकी परम्परा यहाँ आज भी प्रमुखता से प्रचलित है और इसी से

---

* इस विषयक विस्तृत जानकारी के लिए देखें–इस लेख के लेखक डॉ. फूलचन्द्र जैन प्रेमी द्वारा लिखित एवं ई. सन् १९८७ में पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी-५, द्वारा प्रकाशित अनेक पुरस्कारों से पुरस्कृत एवं चर्चित शोध प्रबंध **''मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन''** का प्रथम–प्रास्ताविक अध्याय। इसी शोध प्रबन्ध पर सन् १९७६ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बी०एच०यू०) से इसके लेखक को पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त हुई है।

आचार्य कुन्दकुन्द की ''अन्वय'' परम्परा ''कुन्दकुन्दान्वय' भी जुड़ी हुई है।

मूलाचार के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि पाँचवें श्रुतकेवली आचार्य भद्रबाहु के समय जो दुर्भिक्ष पड़ा था। उसके प्रभाव से श्रमणाचार में जो कहीं-कहीं कुछ-कुछ शिथिलता आ रही थी, उसे देखकर श्रमणों को अपने आचार-विचार एवं व्यवहार आदि की विशुद्धता का समग्र एवं व्यवस्थित ज्ञान कराने हेतु आचार्य वट्टकेर ने इस मूलाचार का निर्माण किया। जिस व्यवस्थित रूप में श्रमणधर्म के सम्पूर्ण-आचार-विचार का निरूपण इस मूलाचार में मिलता है, वैसा अन्य श्रमणाचार-परक प्राचीन ग्रन्थों में देखने को नहीं मिलता।

षड् आवश्यक अधिकार के कथन के आधार पर ''आवश्यक निर्युक्ति'' नाम से हमने सम्पादित और अनूदित करके स्वतंत्रग्रन्थ के रूप में इसे सन् २००९ में जिन फाउण्डेशन, दिल्ली से प्रकाशित कराया है। इसमें छहों आवश्यकों का सुव्यवस्थित परिपूर्ण विवेचन है। यह ग्रन्थ परमपूज्य आचार्यश्री वर्धमान सागर जी की प्रेरणा से प्रो० फूलचन्द प्रेमी के सम्पादकत्व एवं प्रो० अनेकान्त कुमार के सह-सम्पादकत्व में प्रकाशित हुआ है। इस तरह अर्धमागधी भाषा में उपलब्ध 'आवश्यकसूत्र' तथा इनकी निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि आदि बृहद् ग्रन्थों के रूप में प्रकाशित ग्रन्थों में छह आवश्यकों का स्वरूप मूलाचार के सदृश ही है।

मूलाचार के प्रथम अधिकार में अट्ठाईस मूलगुणों का स्वरूप प्रतिपादित किया गया है। यहाँ कहा गया है कि श्रमणाचार रूप वृक्ष के लिए जो मूल (जड़) के समान हों, वे मूलगुण हैं। ये श्रमणधर्म की आधारशिला हैं। सम्पूर्ण मुनिधर्म इन अट्ठाईस मूलगुणों से सिद्ध होता है। इनमें न्यूनाधिकता रहने पर साधक को श्रमणधर्म से च्युत माना गया जाता है। इनमें साथ ही अन्य सभी अधिकारों के नामानुसार आचारगत उत्तरगुणों आदि उन सभी विषयों का सांगोपाग विवेचन है, जो मुनिधर्म की संयम-साधना में निरन्तर आगे बढ़ने के लिए आवश्यक हैं। मूलाचार का अन्तिम अधिकार है पर्याप्ति। इसमें पर्याप्ति आदि करणानुयोग के उन जैन सिद्धान्तों का विवेचन किया गया है, जो आचार्य वट्टकेर को यह ज्ञान अविच्छिन्न आचार्य परम्परा से प्राप्त हुआ था। इस तरह आचार्य वट्टकेर ने मूलाचार के माध्यम से सम्पूर्ण श्रमणों का सुव्यवस्थित संविधान प्रस्तुत किया है।

मूलाचार पर शोध कार्य

मूलाचार पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से दो-तीन वर्ष में शोधकार्य पूरा करने के साथ ही मुझे लाडनूं (राजस्थान) में आचार्यश्री तुलसी जी की प्रेरणा से उस समय कुछ ही वर्ष पूर्व स्थापित **जैन विश्व भारती** में प्राकृत एवं जैनविद्या विभाग में प्राध्यापक पद पर मेरी नियुक्ति सन् १९७६ के मध्य हो गयी। यहाँ लगभग चार वर्षों में (सन् १९७९ तक) कड़े श्रमपूर्वक बहुत कुछ पढ़ने-पढ़ाने, लिखने एवं अपने ज्ञानवर्द्धन के अपूर्व लाभ प्राप्त हुए। एक विशेष उपलब्धि यह हुई कि यहाँ मुझे एक तरफ अर्धमागधी आगम साहित्य के अनेक आगम ग्रन्थ के अध्ययन-अध्यापन और स्वाध्याय के दुर्लभ अवसर प्राप्त हुए, वहीं दिगम्बर परम्परा के शौरसेनी आगम ग्रन्थों के अध्यापन-अध्ययन का भी प्रभूत लाभ प्राप्त हुआ।

यहाँ मैंने यह भी सीखा और अनुभव किया कि भले ही हमारी परम्परा विशेष के प्रति गहरी आस्था हो, किन्तु जैन विद्या के व्यापक अध्ययन और ज्ञान के लिए बिना किसी आग्रह-दुराग्रह के, दोनों परम्पराओं के आगम एवं आगमेतर शास्त्रों का गहन अध्ययन अति आवश्यक है, अन्यथा हम बहुत बड़े लाभ से वंचित रह जाते हैं।

जैन विश्व भारती लाडनूं (राज०) में अध्यापन काल में मैंने जो अर्द्धमागधी आगमों का अध्ययन किया, उसका भरपूर उपयोग मैंने अपने **प्रकाशित शोधप्रबन्ध ''मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन''** (प्रका०–पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी, सन् १९८७) में किया है। इस पर सन् १९७६ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से पी-एच. डी. उपाधि प्राप्ति के बाद, इसके प्रकाशन के पूर्व लगभग आठ-दस वर्षों तक के समय का मैंने अहर्निश लगातार पूरे मनोयोग से मात्र इसी शोध-प्रबन्ध को अधिकाधिक परिपूर्ण करने एवं संजोने में सदुपयोग किया।

मुझे अपने सम्पूर्ण श्रम की सार्थकता का अनुभव तब और अधिक हुआ, जब देश के अनेक प्रतिष्ठित सभी परम्परा के पूज्य संतों और विद्वानों ने मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन नामक मेरे शोध-प्रबन्ध की भूरि-भूरि सराहना की और बहुत सम्मानित-पुरस्कृत किया। दिगम्बर (महावीर पुरस्कार एवं शास्त्री पुरस्कार) तथा श्वेताम्बर (साधुमार्गी संघ बीकानेर (राज०) द्वारा चम्पालाल साहित्य पुरस्कार)–इस तरह तीन पुरस्कारों से एक साथ यह शोध-प्रबन्ध पुरस्कृत हुआ।

मुझे यह भी देख-सुनकर प्रसन्नता होती है कि जहाँ यह परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी ने इसकी ससंघ वाचना की अनेक उत्कृष्ट आचार्यों एवं सन्तों, विद्वानों द्वारा प्रशंसित हुआ, वहीं इस विषय पर शोध कार्य करने वाले अनेक शोधार्थियों और लेखक विद्वानों के लिए यह शोध-प्रबन्ध एकमात्र ऐसा आधारभूत आदर्श ग्रन्थ बन गया है कि इसके आधार पर इस विषयक अनेक शोध-प्रबन्ध तैयार हो चुके और हो रहे हैं। साथ ही सभी सुधी स्वाध्यायी पाठकों की दृष्टि में यह अपने विषय का एक परिपूर्ण शोध एवं सन्दर्भ ग्रन्थ की विशेषताओं से युक्त है।

इसमें सन्दर्भित प्राकृत, संस्कृत आदि मूल ग्रन्थों की गाथाओं, श्लोकों तथा अन्यान्य गद्य-पद्यों को ग्रन्थ प्रकाशन हेतु प्रूफ पढ़ते समय भी सभी का सावधानी पूर्वक मूलग्रन्थों से मिलान किया गया है। जिसमें दिगम्बर एवं श्वेताम्बर परम्परा के श्रमणाचार-परक आगम ग्रन्थों का तुलनात्मक विषय-विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसीलिए यह अनेक विश्वविद्यालयों के सम्बद्ध विषय के पाठयक्रमों में सहायक पाठयग्रन्थ के रूप में सम्मिलित करके एम.ए., आचार्य तथा अन्य कक्षाओं के छात्रों को उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

इस तरह मुझे पूर्वोक्त शोध-प्रबन्ध के प्रकाशन के समय भी इसके षड्आवश्यक अधिकार को स्वतन्त्र **आवश्यक निर्युक्ति** के रूप में प्रकाशित करने की भावना और दृढ़ बनी रही जो समयानुसार पूर्ण हुई। इसके बाद मूलाचार पर ही एक बार पुन: कई वर्षों तक कार्य करने का सौभाग्य हमें तब मिला, जब हमें पं. नन्दलाल जी छावड़ा (पं. जयचन्द जी छावड़ा के ज्येष्ठ सुपुत्र) द्वारा लिखित ''**मूलाचार भाषावचनिका**'' की हस्तलिखित दुर्लभ पाण्डुलिपि की उपलब्धि देहरा-तिजारा (राजस्थान) अतिशय क्षेत्र के पुराने बड़े जैन मन्दिर से हुई। इसकी दूसरी प्रति की छाया-प्रति (जीरॉक्स) अजमेर के महापूत मंदिर जी के शास्त्र भण्डार से प्राप्त हुई।

इस बृहद् ग्रन्थ के सम्पादन का कार्य मैंने अपनी सहधार्मिणी श्रीमती डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन के सहयोग से लगभग चार-पाँच वर्षों में पूरा किया। बड़े आकार में लगभग १००० पृष्ठों में यह बृहद्ग्रन्थ सन् १९९६ में अनेकान्त विद्वत्परिषद् से प्रकाशित हुआ। यह ग्रन्थ उ०प्र० संस्कृत संस्थान, लखनऊ से विशेष पुरस्कार से सम्मानित है।

मूलाचार भाषा वचनिका के सम्पादन-प्रकाशन का इतिवृत्त-

आचार्य कुन्दकुन्द तथा आचार्य पूज्यपाद आदि अनेक महान् आचार्यों के क्रमश: प्राकृत एवं संस्कृत भाषा के अनेक ग्रन्थों की पं० जयचंद ची छावड़ा कृत भाषा वचनिकाओं का अध्ययन करते समय उन ग्रन्थों की अन्त्य प्रशस्ति या अन्य किसी न किसी प्रसंग में पं० छावड़ा जी अपने सुयोग्य विद्वान् पुत्र पं० नन्दलालजी का गौरव के साथ उल्लेख अवश्य करते थे, किन्तु न तो इनकी किसी कृति का उल्लेख मिलता था, और न विशेष परिचय ही, फिर भी सन् १९९० ई० वर्ष का वह दिन बड़ा ही शुभ कहा जायेगा, जबकि हम सपरिवार राजस्थान और बुंदेलखण्ड के तीर्थों की वन्दनार्थ यात्रा के क्रम में अतिशय क्षेत्र तिजारा पहुंचे।

संयोग से श्रुतपंचमी का वह शुभ दिन था। अत: तिजारा (राजस्थान) नगर के मध्य में स्थित प्राचीन दि. जैन मंदिर, जिसकी प्रतिष्ठा जयपुर के ही स्वनामधन्य **पं. सदासुखदास** जी के सानिध्य में हुई थी, इसमें जिनवाणी पूजन का विशेष कार्यक्रम था। मैं भी सपरिवार श्रुतपंचमी पर शास्त्रों की पूजन हेतु यहां पहुंचा। इस मंदिर की बड़ी वेदी पर बीचों बीच काफी संख्या में हस्तलिखित शास्त्र विराजमान थे, जिनकी पूजन हो रही थी। अचानक मेरी दृष्टि बीच में रखे एक बड़े शास्त्र पर गयी, जो वेस्टन में लिपटा हुआ था, जिसमें ऊपर ''मूलाचार'' लिखा था। चूंकि यह ग्रंथ दिगम्बर जैन मुनियों के आचार धर्म का प्रतिपादक आचार्य वट्टकेर कृत प्रमुख प्राचीन ग्रन्थ है, जिस पर शोधकार्य करने पर मुझे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने **''मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन''** नामक विशाल शोधग्रन्थ पर पी-एच.डी. की शोध उपाधि सन् १९७७ में प्रदान की थी। अत: इस ग्रन्थ को देखने-समझने और पढ़ने की इच्छा होना स्वाभाविक है।

हमने जब इस हस्तलिखित मूलाचार भाषा वचनिका शास्त्र के कुछ पृष्ठों को पढ़ा और अन्त्य प्रशस्ति देखी तो आश्चर्य में पड़ गया, क्योंकि जिन विद्वान् की प्रशंसा मात्र सुनते-पढ़ते थे, उन पं. नंदनाल जी छावड़ा द्वारा मूलाचार जैसे शौरसेनी प्राकृत भाषा के महान् ग्रन्थ और इसकी आ० वसुनन्दि स्वामी द्वारा लिखित संस्कृत टीका–**''आचारवृत्ति''** के आधार पर यह वचनिका पुरानी हिन्दी के रूप में जानी मानी बोली जयपुर की **ढूंढारी भाषा** में लिखी हुई थी। लगातार

दो-तीन घंटे तक यत्र-तत्र के उपयोगी अंश इस शास्त्र के पढ़ने पर मेरी इच्छा अब तक अज्ञात एवं अप्रकाशित इस दुर्लभ महान् शास्त्र के संपादन और प्रकाशन की हुई।

अब हम दोनों ने इन दोनों प्रतियों के साथ ही आचार्य वट्टकेर कृत प्राकृत भाषा के मूलाचार पर आचार्य वसुनन्दि की संस्कृत आचारवृत्ति की मेरे पास सुरक्षित मूल हस्तलिखित प्रति की जीराक्स प्रति थी, उसके आधार पर मिलान करके इसका सम्पादन कार्य दीर्घ श्रम और समय पूर्वक सम्पन्न किया।

इस हेतु इस बृहद् हस्तलिखित ग्रन्थ की प्रतिलिपि करने में हम अपनी धर्मपत्नी डॉ० मुन्नी जैन के कठिन श्रम की प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकते, जिन्होंने नियम बद्ध होकर कई महीनों तक लगातार छह-छह घण्टे बैठकर बारह रजिस्टरों में इसकी प्रतिलिपि कर दी।

इसी बीच परमपूज्य आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज का शाश्वत सिद्धक्षेत्र सम्मेद शिखरजी की ओर यात्राक्रम में ससंघ बनारस आगमन हुआ। उस समय संघस्थ पूज्य उपाध्याय श्री भरतसागर जी को यह शास्त्र और लम्बे समय से चल रहा सम्पादन आदि कार्य दिखाया तो उन्होंने इसे भा० अनेकान्त विद्वत् परिषद् से प्रकाशित कराने का आश्वासन दिया और १९९६ में परमपूज्य उपाध्यायश्री भरतसागर जी महाराज एवं पूज्यनीया विदुषी आर्यिका स्याद्वादमती माताजी के शुभाशीष से दीर्घ परिश्रम के बाद इसका प्रकाशन पूर्ण हुआ।

इधर उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से संचालित उ. प्र. संस्कृत अकादमी, लखनऊ ने इसके श्रेष्ठ संपादन कार्य पर सन् १९९८ में इस ग्रन्थ पर विशेष पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से राजभवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में मा० राज्यपाल महोदय ने मुझे और श्रीमती मुन्नी जैन को सम्मानित किया।

इस प्रकार एक श्रेष्ठ विद्वान् पं० नन्दलालजी की अद्यावधि अप्रकाशित एक महान् कृति पहली बार जब सामने आयी तो सभी प्राय: मुनिसंघों, विद्वानों और समाज के स्वाध्याय प्रेमी श्रावकों ने इस शास्त्र का बहुमान से स्वागत किया। इसी माध्यम से पं० नन्दलाल जी के महान् व्यक्तित्व और कृतित्व से भी पहली बार पाठकों का परिचय हुआ। यद्यपि

प्राचीन आचार्यों और विद्वानों ने ग्रन्थों का लेखन तो किया किन्तु आत्मश्लाघा के भय से अपने जीवन के विषय में क्रमबद्ध और विस्तार से किसी ने नहीं लिखा। यत्र-तत्र के कुछ ही उल्लेखों आदि के आधार पर ही उनका यथा प्राप्त परिचय लिखा जा सका है।

प्रस्तुत निबन्ध श्रीमती डॉ० मुन्नीपुष्पा जैन द्वारा लिखित गौरवपूर्ण पुरस्कार से पुरस्कृत **''हिन्दी गद्य के विकास में जैन मनीषी पं. सदासुखदास का योगदान''** नामक शोधप्रबन्ध के आधार से लिखा गया है, जो कि पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, करौंदी वाराणसी-५ से सन्-२००२ में प्रकाशित हुआ है।

मूलाचार—भाषा वचनिका के कर्ता
पं० नन्दलाल जी छावड़ा का साहित्यिक अवदान

जैन काशी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर नगरी (राजस्थान) प्रारम्भ से ही जैन शास्त्रों के अध्ययन-अध्यापन, लेखन एवं आध्यात्मिक शैली के रूप में प्रसिद्ध रही है। यहाँ जयपुर शैली के पं० टोडरमलजी, पं. जयचन्दजी छावड़ा, पं० सदासुखजी कासलीवाल जैसे अनेक विद्वान् हुए हैं, जो जैनविद्या और उसकी विशाल परम्परा की रक्षा और अभिवृद्धि के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। जयपुर की विद्वत्परम्परा की एक यह भी विशेषता रही है कि गुरु-शिष्य परम्परा से तो विद्वान् तैयार होते ही थे, साथ ही विद्वान् अपने पुत्रों को भी जैन शास्त्रों का अध्ययन कराके विद्वान् बनाने में महान् गौरव का अनुभव करते थे और अपने जीवन की सार्थकता मानते थे।

इसी विद्वत्परम्परा में प्राय: अब तक अज्ञात किन्तु अब एक यशस्वी विद्वान् के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके पं. कवि श्री नन्दलाल जी छावड़ा का नाम गौरव के साथ लिया जाने लगा है। पं० नंदलाल जी संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि अनेक भाषाओं एवं प्राचीन जैन शास्त्रों के मर्मज्ञ प्रसिद्ध विद्वान् पं. जयचंद जी छावड़ा (जन्म वि. सं. १७६५, मृत्यु वि. सं. १८८१) के सुयोग्य विद्वान् सुपुत्र थे। इन्होंने आचार्य वट्टकेर स्वामी कृत शौरसेनी प्राकृत भाषा के मूलाचार

नामक श्रमणाचार विषयक महाग्रन्थ पर आचार्य वसुनन्दि प्रणीत संस्कृत टीका आचारवृत्ति के आधार पर भाषा वचनिका लिखकर अपने को अमर कर लिया।

यद्यपि पं० नन्दलाल जी का इसके अन्तर्गत विशेष साहित्य अभी सामने नहीं आया है, पर हो सकता है एक दो अन्य कृतियां और भी हों, किन्तु कुछ उल्लेखों से स्पष्ट है कि आप अपने पिता पं० जयचन्दजी छावड़ा के लेखन कार्य में विशेष सहयोग करते रहे और यही कारण है कि थोड़े समय में ही पं. जयचन्दजी अनेक प्राकृत-संस्कृत भाषा के प्राचीन, जटिल और कठिन बड़े ग्रन्थों की टीकायें लिख सके। इस तरह आत्मख्याति से दूर पं० नन्दलाल जी ने पठन-पाठन, शास्त्रार्थ, व्याख्यान, प्रवचन, स्वाध्याय आदि स्व-पर कल्याण के कार्यों में ही अपने को अधिक व्यस्त रखा।

जो भी हो यह स्पष्ट है कि पं. नन्दलाल जी जयपुर की विद्वत्परम्परा एवं शैली के एक विद्वत्रत्न थे, किन्तु अब तक उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अज्ञात रहना कम आश्चर्यकारी नहीं है। सम्भवत: यदि हम लोगों द्वारा इनका मूलाचार भाषा वचनिका जैसा विशाल ग्रन्थ सम्पादित होकर प्रकाशित न होता तो प्रस्तुत महान् विद्वान् का व्यक्तित्व और कृतित्व अब तक अज्ञात ही रहता। एक जिनवाणी सेवक पिता के समक्ष ही उसका बेटा भी उसी परम्परा का महान् विद्वान् बन जाये, तो उस पिता के लिए इससे बढ़कर खुशी और जीवन की सार्थकता क्या हो सकती है?

व्यक्तित्व और कृतित्त्व-

सर्वार्थसिद्धि, समयसार, अष्टपाहुड, प्रमेयरत्नमाला, ज्ञानार्णव जैसे संस्कृत-प्राकृत भाषा के लगभग पन्द्रह श्रेष्ठ ग्रन्थों पर ढूँढारी (पुरानी हिन्दी) जैसी सरल भाषा में भाषा वचनिकाओं के कर्ता जयपुर के सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० जयचन्दजी छावड़ा के सुपुत्र और श्री मोतीराम जी छावड़ा फागई (जयपुर) ग्राम निवासी के सुपौत्र पं० नन्दलाल जी छावड़ा की निश्चित जन्मतिथि का उल्लेख तो नहीं मिलता, किन्तु पं. जयचन्दजी की जन्मतिथि वि० सं० १७६५ के आधार पर तथा पं. जयचन्द जी के १-पं० नन्दलाल जी, २-दीवान सदासुख जी छावड़ा (दीवानकाल वि० सं० १८५७ से १८६७) तथा एवं ३-दीवान कृपाराम जी छावड़ा (दीवानकाल वि०सं० १८६६ से १८७५ तक)-इन तीन सुपुत्रों के नामोल्लेख

(खण्डेलवाल जैन समाज का बृहद् इतिहास-डॉ० कस्तूरचंद कासलीवाल, पृष्ट २१४) के आधार पर पं. नन्दलाल जी का जन्म वि. सं. १८०० के आसपास में सम्भव है। क्योंकि ये अपने सभी भाईयों में ज्येष्ठ थे। यह भी एक पिता की जीवन की बहुत बड़ी साधना और सार्थकता है कि वह अपनी पूरी सन्तति को यशस्वी बनाये।

पं० नन्दलालजी के पिता पं. जयचंद जी छावड़ा ने अपने सभी पुत्रों को स्वयं पढ़ा-लिखाकर बहुत ही सुयोग्य बनाया। अत: आप ही अपने पुत्रों के पिता भी थे और गुरू भी थे। अपने ज्येष्ठ पुत्र का विद्या के प्रति विशेष अनुराग होने से पं० जयचन्द जी छावड़ा ने उन्हें प्रारम्भ से ही अपने साथ रखकर निरंतर जैन शास्त्रों का विद्वान् गहन अभ्यास कराके इनमें पारंगत किया।

तत्कालीन विद्वान् पं० सदासुखदास जी कासलीवाल, पं० मन्नालाल जी सांगाका तथा पं. नन्दलालजी और अन्यान्य अनेक विद्वानों की यह समस्त शिष्य मंडली एक साथ बैठकर शास्त्रों का अध्ययन-स्वाध्याय करती थी। अपने पुत्र पं० नन्दलाल जी की प्रतिभा को देखकर आपको बड़ी प्रसन्नता होती थी।

पं. जयचन्द जी छावड़ा ने शास्त्र-लेखन का कार्य अपनी पचास वर्ष की उम्र के आसपास दीर्घ अनुभव के बाद किया। इसीलिए इनके लेखन में प्रौढ़ता की स्पष्ट झलक सर्वत्र देखने को मिलती है। साथ ही एक कारण यह भी है कि इनके पुत्र पं. नन्दलाल का भी इनके लेखन में भरपूर सहयोग रहता था। ऐसे सुयोग्य विद्वान् पुत्र पर गौरवयुक्त होना स्वाभाविक है। तभी तो उन्होंने बड़े गर्व के साथ आचार्य (सातवीं शती के) पूज्यपादकृत सर्वार्थसिद्धि ग्रन्थ की वचनिका में लिखा है-

लिखी यहै जयचन्द नै सोधी सुत नन्दलाल।
बुधलखि भूलि जु शुद्धकरी बांची सिखैवो बाल।।
नन्दलाल मेरा सुत गुनी बालपने तैं विद्या सुनी।
पण्डित भयौ बड़ौ परवीन ताहू ने यह प्रेरण कीन।।

इस उल्लेख से स्पष्ट है कि पं० जयचन्द जी ने पं. नन्दलालजी को बचपन से ही जैन शास्त्रों का अभ्यास कराना प्रारम्भ कर दिया था और सम्भवत: इन्हें और अन्य शिष्यों को जैसे-जैसे नये-नये विविध जैन शास्त्र इन सबको वे पढ़ाते जाते थे, वैसे-वैसे पढ़ाने के निमित्त सरल ढूँढारी भाषा में उन-उन शास्त्रों की वचनिकाएं भी लिखते जाते थे। क्योंकि जैन विद्या के अच्छे अभ्यास हेतु क्रमश: जिन ग्रन्थों का अध्ययन अत्यावश्यक होता है, पं० जयचन्द जी ने भी उन्हीं-उन्हीं शास्त्रों की उसी क्रम से वचनिकायें भी लिखीं। पूर्वोक्त उल्लेख से यह भी स्पष्ट है कि इन शास्त्रों के लेखन में पं. नन्दलाल जी की प्रमुख प्रेरणा और भूमिका रहती थी।

पं. नन्दलाल एवं पं. ऋषभदास निगोत्या कृत मूलाचार भाषा वचनिका की आगे उल्लिखित अन्त्य प्रशस्ति के अनेक वे उल्लेख विशेष महत्वपूर्ण हैं, जिनमें पं. जयचन्द जी की बहुशास्त्रज्ञता आदि के साथ ही **पिता-पुत्र में गाय-बिछड़े के समान प्रेम** और इसी भाव से अपने पुत्र को ज्ञानवान बनाने की बात कही गयी है। पं. नन्दलाल जी के मित्र और शिष्य दोनों की तरह पं. ऋषभदास जी निगोत्या द्वारा मूलाचार भाषा वचनिका की अन्त्य प्रशस्ति में ये पद्य अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। पं. जयचन्द जी द्वारा अपने पुत्र तथा शिष्यों को जैनधर्म के अनेक आध्यात्मिक ग्रन्थों के साथ ही न्याय, छंद, अलंकार, व्याकरण, साहित्य आदि विषयों के ग्रंथों का विशेष अभ्यास कराने की बात कही गयी है।

जयपुर के तत्कालीन दीवान अमरचंद जी के उल्लेख के बिना यह निबंध अधूरा ही रहेगा। क्योंकि पं. जयचन्द जी, पं. नन्दलाल जी, पं. ऋषभदास जी निगोत्या, पं. सदासुखदास जी आदि विद्वानों ने दीवान अमरचंद जी के आत्मीयता पूर्ण सहयोग, धर्म-वात्सल्य, संस्कृति के प्रति अगाध श्रद्धान और समर्पण के इन गुणों से युक्त दीवानजी का बड़े ही कृतज्ञ भाव से अपने ग्रन्थों में उल्लेख किया है। मूलाचार वचनिका की अन्त्य प्रशस्ति के ये पद्य इस प्रकार हैं-

देश ढुढाहार जैपुर नाम, नगरबसै अतिसुख को धाम।
धीर-वीर-गंभीर-उदार, नृप जयसिंह सुगुण आधार।।

राजकरै सबकौं सुखदाय, प्रजा रही अतिसुख मैं छाय।
तिनकैं अमरचंद दीवाण जिनधरमी मरमी गुणवान।।
ते श्रुतिरुचि हिरदैं बहुधरै, पढ़न-पढ़ावन उद्यम करैं।
बड़ी सहैली मैं अभिराम, जाति छावड़ा जयचंद्र नाम।।
तिनकी मति निरपक्ष विशाल, जिनमत ग्रंथ लखैं गुणमाल।
विषयभोगसूं रहै उदास, जिन आगम को करै अभ्यास।।
न्यायछंद-व्याकरण अरु अलंकार साहित्य।
मतकूं नीकैं जानिकै कहैं-वैन जै सत्य।।
न्याय अध्यातम ग्रंथ की कथनी करी रसाल।
टीका भाषा हू करी जामैं समुझै वाल।।
भक्ति ज्ञान वैराग्य श्रुत अरु बहुगुन जे सार।
तिनके कौ लौं वरणिये ग्रंथ होय विस्तार।।
तिनसम तिनकै सुत-भये, बहुग्यानी नंदलाल।
गाय-वत्स जिम प्रेमधरि, बहुत पढाए बाल।।

पं० जयचन्द जी के समय जहाँ शास्त्र-चर्चायें श्रावकों और विद्वानों के मध्य निरन्तर होती थीं, वहीं जैनधर्म के कुछ सिद्धान्तों को लेकर अन्यान्य धर्मानुयायी विद्वानों से शास्त्रार्थ भी होते थे। ऐसे प्रसंगों में जहाँ भी शास्त्रार्थ हेतु चुनौती आती थी, पं० जयचन्द जी युक्ति शास्त्र और तर्कशक्ति में प्रवीण, प्रखर वक्तृत्व शैली, गहन विद्वत्ता और प्रभावक व्यक्तित्व के धनी अपने विद्वान सुपुत्र पं० नन्दलालजी को शास्त्रार्थ हेतु भेज देते थे और वे उस शास्त्रार्थ में प्रतिपक्षी को पराजित कर जैनधर्म की सदा विजयपताका फैला देते थे। ऐसे यशस्वी विद्वान् पर समस्त जैन समाज को गौरवशाली होना स्वाभाविक है।

एक बार जैनधर्म और इसके सिद्धान्तों को जानने-समझने के लिए कुछ अंग्रेजों ने तथा कुछ अन्य मतानुयायी विद्वानों ने जैनधर्म के विषय में अनेक प्रश्न दिल्ली की जैन समाज के समक्ष समाधान हेतु रखे। किन्तु उस समय उन प्रश्नों का सटीक उत्तर देने वाला कोई विद्वान् दिल्ली में उपलब्ध नहीं था, अत: सभी की सम्मति से जयपुर के तत्कालीन विख्यात विद्वान् पं० जयचन्द जी छावड़ा के पास उन प्रश्नों को समाधान हेतु भिजवाया। इन्हें पिता-पुत्र दोनों ने मिलकर विभिन्न शास्त्रों के आधार पर इनका यथोचित ऐसा समाधान प्रस्तुत किया है कि जिन्हें पढ़कर सभी प्रश्नकर्ता अंग्रेज तथा दिल्ली की समस्त जैन समाज झूम उठी।

ऐसे थे ये दोनों विद्वान्। फिर भी बहुत आश्चर्य होता है कि इन विद्वानों को हुए बहुत लम्बा समय नहीं हुआ, किन्तु इनके द्वारा लिखित साहित्य आदि के अतिरिक्त इनके व्यक्तित्व और जीवन के विषय में कोई विशेष उल्लेख प्राप्त नहीं होते और न ही इनके कृतित्व आदि के आधार पर उन प्रसंगों के सूत्र इकट्ठे करने या उन्हें ढूंढने अथवा इस दिशा में अनुसंधान का कोई अब तक प्रयास नहीं किया गया, जिनके आधार पर उनका जीवन परिचय रेखांकित किया जा सके।

जैसा कि पूर्व में यह उल्लेख किया ही जा चुका है कि अभी तक पं० नन्दलाल जी की विद्वत्ता की प्रशंसा के कुछ उल्लेख ही मिलते थे, किन्तु उनकी कोई कृति नहीं। पर जब से इनके द्वारा लिखित **''मूलाचार भाषा-वचनिका''** नामक ग्रन्थ पहली बार हम दोनों के द्वारा सम्पादित होकर प्रकाश में आया है, तब से जैन साहित्य और इनके लेखक विद्वानों की इतिहास परम्परा में पं० नन्दलाल जी का भी नाम एक यशस्वी विद्वान् के रूप में जुड़ गया है।

पं० नन्दलाल जी प्रणीत मूलाचार भाषा वचनिका-

जैन परम्परा के अनेक विद्वानों की तरह पं० नन्दलाल जी ने भी अपने विषय में विशेष कुछ भी नहीं लिखा है। इनके पिता पं० जयचंद जी छावड़ा एवं इनके मित्र और शिष्य पं० ऋषभदास जी निगोत्या ने ही इनके विषय में कुछ सूचनाएं दी हैं। आपके नाम के साथ 'कवि' उपाधि का भी उल्लेख मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आपकी कोई न कोई पद्यमय महान् कृति भी होनी चाहिए, किन्तु अब तक उपलब्ध नहीं हुई। प्रयत्नपूर्वक आपकी एकमात्र गद्य कृति

''**मूलाचार भाषा वचनिका**'' ही प्राप्त हो सकी है। इसी ग्रन्थ के मंगलाचरण के रूप में हम इनकी कविता के उत्कृष्ट उदाहरण देख सकते हैं। वे इस प्रकार हैं–

बंदौं श्री जिनसिद्धपद आचारिज उवझाय।
साधु-धर्म जिनभारती जिनगृह चैत्य सहाय।।
वट्टकेर स्वामी प्रणमि नमि वसुनंदी सूरि।।
मूलाचार विचारिकैं भाषौं लषि गुणभूरि।।

इस मंगलाचरण में पं० नन्दलाल जी ने सर्वप्रथम पंच परमेष्ठी सहित, जैनधर्म, जिनवाणी, जिनमंदिर और चैत्य-इन नवदेवताओं की वंदना की है। तदनन्तर शौरसेनी प्राकृत भाषा के महान् ग्रन्थ मूलाचार के प्रणेता आचार्य वट्टकेर और इस ग्रन्थ पर संस्कृत भाषा में ''आचारवृत्ति'' नामक टीका के प्रणेता आचार्य वसुनन्दि स्वामी को नमन कर उद्देश्यपूर्वक मूलाचार ग्रन्थ की देशभाषा में वचनिका लिखने की प्रतिज्ञा की है।

उपर्युक्त दो पद्य पं० नन्दलाल जी के उत्कृष्ट पद्य रचना के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। इनके गद्य का वह उदाहरण भी यहाँ प्रस्तुत करना अप्रासंगिक न होगा, जिसमें उन्होंने अपने अच्छे तर्कों द्वारा अनेक प्रश्नों का समाधान करते हुए मुनि-आचार विषयक ग्रन्थ गृहस्थों को क्यों पढ़ना चाहिए? तथा प्रस्तुत भाषा वचनिका लिखने का उद्देश्य क्या है–इन सबका ऐसा समाधान प्रस्तुत किया है कि किसी प्रकार की आशंका रह नहीं जाती। प्रस्तुत है उस गद्य का उदाहरण–

''इहाँ कोऊ कहै–गृहस्थनि कौ तौ व्याकरण-काव्यादिक तथा पुराणादिक पुण्य-पाप का फल वांचना सुननां जोग्य हैं, मुनिधर्म का आचार कौनं सौं वर्णे हैं? अर मुनि आचार कहाँ है? गृहस्थनि कौ मुनिधर्म के ग्रन्थ वांचनां, भाषा करनां जोग्य नांही।''

''**ताका समाधान–**जीव का हित मोक्ष है। ताके कारण संवर निर्जरा हैं। ते-गुप्ति-समिति-धर्म-अनुप्रेक्षा-परीषहजय-

चारित्र-तप रूप जो मुनिधर्म, तातैं होय हैं, अैसा निर्णय द्रव्यानुयोग-अध्यात्म, स्याद्वाद ग्रन्थनि में प्रमाण-नय-निक्षेप अनुयोगनतैं कीया है। यातैं मुख्य उपादेय तो मुनिधर्म ही है और ग्रन्थनि का सीखना-पढ़ना बहुत होय, अर इस धर्म का ज्ञान-श्रद्धान न होय तो अज्ञानी ही कहिए।

अर इस धर्म का ज्ञान-श्रद्धान होय, अर व्याकरण-काव्यादिक थोरा ही पढ्या होय तो ज्ञानी ही कहिये। अर मुनिधर्म के ज्ञान-श्रद्धान बिना सम्यक्त्व कैसे होय? अर मुनि तौ धर्मात्मा है ही, परन्तु गृहस्थ अैसे ग्रन्थ सुनैं बिना धर्म-अधर्म का भेद तथा गुरु-कुगुरु का भेद तथा जैन-अन्य लिंग का भेद तथा दिगम्बर-श्वेताम्बर का भेद तथा पात्र कुपात्र अपात्र का भेद कैसे जानै?

अर बिना जानैं, पूजना, स्तवन, नमस्कार, भक्ति, विनय, दान, वैयावृत्य रूप उपासनां कैसे करै? अर उपासन बिना गृहस्थ धर्म कहाँ? अर गुरु, अरु कुगुरु सर्वकौ समान जानैं तो मिथ्यात्व का दोष लागैं। तातै गृस्थनि कौ मुनिधर्म का स्वरूप अवश्य निर्णय करना। अर इस धर्म सम्बन्धी ग्रन्थ का व्याख्यान अवश्य करनां। अैसा विचारकरि या ग्रन्थ की भाषा-वचनिका आरम्भ किया है।''

पंडित नन्दलाल जी द्वारा मूलाचार महाग्रन्थ की भाषा वचनिका में लिखित गद्य का यह उदाहरण अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं परिपूर्ण तथा पर्याप्त है। मूलाचार भाषा-वचनिका की अन्त्य प्रशस्ति में पं. ऋषभदास जी निगोत्या ने लिखा है कि–

''साधुतणैं आचार कौ भाषा ग्रंथ न कोय।
तातैं मूलाचार की भाषा जो अब होय।।
तो सबही वाचै पढै समुझै मुनि आचार।।
परम दिगंबर रूप कौं जानैं सकल विचार।।
तब उद्यम भाषा तणैं करण लगे नंदलाल।।

मन्नालाल अर उदयचंद माणिकचंदरु जु वाल।।
नंदलाल तिनसौं कही भाषा लिखो बनाय।।
कहौं अरथ टीका सहित भिन्न-भिन्न समुझाय।।

इस ग्रन्थ के इन पद्यों से यह भी स्पष्ट है कि उस समय मुनि-आचार संबंधी कोई ग्रन्थ लोक प्रचलित सरल भाषा में नहीं थे। सामान्य श्रावक भी संस्कृत-प्राकृत भाषा के ग्रन्थों को समझने में कठिनाई महसूस करते थे। अतः सभी जन आसानी से इन ग्रन्थों का स्वाध्याय कर आत्मकल्याण में प्रवृत्त हो सकें, इसी उद्देश्य से पं० मन्नालाल जी आदि की प्रेरणा से पं० नन्दलाल जी ने मूलाचार ग्रन्थ की भाषा-वचनिका लिखी।

किन्तु इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि पंडित नंदलालजी इसकी वचनिका पूर्ण नहीं कर सके। मात्र आरम्भिक ५१६ गाथाओं अर्थात् छठें पिण्ड शुद्धि अधिकार पूर्ण करके सप्तम षडावश्यक अधिकार की पन्द्रह गाथाओं की वचनिका पूर्ण कर पाये थे कि इनकी अचानक मृत्यु हो जाने से यह ग्रन्थ अधूरा ही रह गया, जिसकी पूर्ति अनेक मित्रों की प्रेरणा से पं० जी के मित्र और शिष्य पं० ऋषभदास जी निगोत्या ने इस मूलाचार ग्रन्थ की शेष भाषा वचनिका पूर्ण की। निगोत्या जी ने लिखा है–

चौपाई– **पूरन षट् अधिकार कराय, पंदरह गाथा अरथ लिखाय।**
सोलह अधिक पांच सै सही, सब गाथा यह संख्या लही।

दोहा– **आयुष पूरन करि गये, ते परलोक सुजान,**
विरह वचनिका मैं भयो यह कलिकाल महान्।
सब साधरमी लोक कै भयो दुःख भरपूर,
अथिर लख्यौ संसार जब भयो शोक तब दूर।।

भाषा मूलाचार की पूरन किहिं विधि होय।
शल्य बसै सबकै हृदय कारण वण्यो न कोय।
हंसराज भूपाल के वासी कारन पाय।
आये जयपुर नगर में तिनकूं धरम सुहाय।।
जाति निगोत्या जास की, ऋषभदास तसुनाम,
शोभाचंद सुत देव गुरु श्रुत रुचिकों शुभधाम।।
जयचंद अर नंदलाल की संगति करी विशेष।
तिनसूं श्रुत धारण करे तजि मिथ्यामत वेष।।

पं० ऋषभदास जी ने मूलाचार की यह अधूरी वचनिका किन-किन इष्टमित्रों की प्रेरणा से और कैसे की? इस विषय में वे मूलाचार भाषा वचनिका के अन्त में चौपाई छन्द में लिखते हैं–

संघही अमरचंद दीवान ऋषभदास पुनि दूजो जानि।
तिनसों हंसराज निति कहैं, ग्रंथ वचनिका पूरन चहैं।।
तिनकै लागि रही अधिकाय, रिषभदास तव किये उपाय।।
श्री दीवानसूं अैसैं कहीं, मुनि ढिग माणिकचंद है सही।।
अर्थ लिखन कों जो मन धरैं, ग्रंथ यहै हम पूरन करैं।।
सोधन करै सु मन्नालाल, तिनकी मति श्रुत माहि विसाल।।
तब दीवानजी मन हरषाय, तिन दोऊ सूं कही बुलाय।।
ऋषभदास कैसा मिल होय पूरन ग्रंथ करो तुम जोय।।

पं० निगोत्या जी ने इस अधूरी भाषा वचनिका को पूर्ण करके अपनी सरलता को जिस प्रकार निम्नलिखित दोहों में व्यक्त किया है, यह दर्शनीय है–

मंदमती हम पंगु ज्यों, ग्रंथ सुमेर समान।
सो पूरन कैसे करैं, उपज्यौं सोच अमान।।
वानी समरण पोत चढि, श्रुत समुद्र के पार।।
हम उतरे बिन कष्ट ही, वानी जग मैं सार।।
प्राकृत, संस्कृत ही पढै, पंडित मतिमान।।
मंदमती कै होत यह, भाषा ग्रन्थ निदान।।
सज्जन पंडित जे बड़े, तिनसौं विनती एह,।
जहाँ अर्थ नीकैं नहीं, तहाँ शुद्ध करि लेह।।
बालक हमकूं जानियो, जे श्रुत बड़े सुजान।।
हास्य त्यागिकरि सोधियो, धरम प्रीति मन आन।।
देश वचनिका रूप यह, भाषा जो हम कीन।।
मान वानि कौं त्यागि कै, धरम काज चित दीन।।
लिखत-लिखावत श्रुत विषैं, लागै दिढ उपयोग।।
अशुभ करम तासों झरै, शुभ मन वच तन योग।।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जैसे कसायपाहुड की जयधवला टीका आचार्य वीरसेन स्वामी और आचार्य जिनसेन स्वामी इन दोनों के कृतित्व से पूर्ण हुई, उसी प्रकार इन दो विद्वानों के सहयोग से शौरसेनी प्राकृत भाषा के मूलाचार जैसे प्राचीन एक महान् ग्रन्थ की भाषा वचनिका वि.सं. १८८८ में जयपुर में पूर्ण हुई।

इससे यह भी स्पष्ट है कि पं० जयचंद जी छावड़ा की मृत्यु (वि.सं. १८८१) के तीन-चार वर्ष बाद ही अर्थात् वि.सं. १८८५ के आसपास ही पं. नन्दलाल जी छावड़ा का भी स्वर्गवास हुआ होगा। क्योंकि इनके द्वारा अधूरी मूलाचार वचनिका को पूरा करने में कम से कम तीन वर्ष का समय तो अवश्य लगा होगा।

इस तरह पुरानी हिन्दी के रूप में प्रचलित जयपुर और इस के आसपास की लोकप्रिय बोली **'ढूंढारी'** में लिखित में प्रस्तुत मूलाचार वचनिका के प्रकाश में आ जाने से, जहाँ इस साहित्य की श्रीवृद्धि हुई, वही हिन्दी गद्य के विकास में अब तक अज्ञात और अचर्चित दो और महान् साहित्यकार विद्वान्-**पं० नन्दलाल जी छावड़ा** तथा **पं० ऋषभदास जी निगोत्या** का नाम भी अब हिन्दी और राजस्थानी साहित्य के इतिहास में जुड़ जाने से इनकी मूलाचार भाषा-वचनिका नामक महान् कृति तथा ये दोनों विद्वान् भी अमर हो गये।

❑❑

विषयानुक्रमणिका

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
भाषावचनिकाकार का मंगलाचरण		१
मूलाचार ग्रंथ की संपूर्ण संक्षिप्त विषय वस्तु का विवरण		३-७
आचारवृत्तिकार का मंगलाचरण		७-८
प्रथम मूलगुणाधिकार	**पृष्ठ १ से ४६ तक**	
मंगलाचरण (प्रथम गाथा सूत्रावतारः)	१	६
अट्ठाईस मूलगुणों के नाम	२-३	११
पाँच महाव्रतों के नाम	४	१३
अहिंसा महाव्रत	५	१५
सत्य महाव्रत	६	१७
अचौर्य महाव्रत	७	१८
ब्रह्मचर्य महाव्रत	८	१८
परिग्रहत्याग महाव्रत	९	१९
पाँच समितियों के नाम	१०	२०
ईर्या समिति	११	२१
भाषा समिति	१२	२२
एषणा समिति	१३	२२
आदाननिक्षेपण समिति	१४	२३
प्रतिष्ठापन समिति	१५	२४
पंचेन्द्रियनिरोध	१६	२५
चक्षुरिन्द्रियनिरोध	१७	२६
श्रोत्रेन्द्रियनिरोध	१८	२७
घ्राणेन्द्रियनिरोध	१९	२८
रसनेन्द्रियनिरोध	२०	२९
स्पर्शनेन्द्रियनिरोध	२१	२९
षडावश्यकों के नाम	२२	३०
समता-सामायिक का स्वरूप	२३	३१
चतुर्विंशतिस्तव	२४	३२
वन्दना	२५	३३
प्रतिक्रमण	२६	३४
प्रत्याख्यान	२७	३५
कायोत्सर्ग	२८	३६
केशलोंच का समय	२९	३७
अचेलकत्व (नाग्न्यव्रत)	३०	३८
अस्नानव्रत	३१	३९
क्षितिशयन व्रत	३२	४०
अदन्तमन व्रत	३३	४१
स्थितिभोजन व्रत	३४	४१
एकभक्त व्रत	३५	४३
मूलगुण-पालन का फल एवं उपसंहार	३६	४६
२. बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवाधिकार	**पृष्ठ ४७ से ८६ तक**	
मंगलाचरण व प्रतिज्ञा	१-३	४७-४९
बाह्याभ्यन्तर उपाधि का त्याग	४-५	४९-५०
सामायिक का स्वरूप और समाधि धारण की प्रतिज्ञा	६	५०
समाधिधारण करने वाले का क्षमाभाव धारण करना और उसके उपर्युक्त चिन्तन	७-१५	५१-५५
सप्त भय, आठ मद, चार संज्ञाएँ, तीन गारव, तेतीस आसादनाएँ और रागद्वेष-छोड़ने का संकल्प	१६	५५
सात भय एवं आठ मदों के नाम	१७	५६
तैंतीस पदार्थों की आसादनाएँ	१८	५७
निन्दा, गर्हा और आलोचना करने की प्रतिज्ञा	१९	५८

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
आलोचना की विधि	२०	५६
जिसके पास आलोचना की जाए ऐसे आचार्य का स्वरूप	२०-२१	५६
आलोचना के अनन्तर क्षमापन की विधि	२२	६०
मरण के तीन भेद	२३	६०
आराधना के अपात्र	२४	६१
मृत्युकाल में सम्यक्त्व की विराधना का फल	२५	६१
कान्दर्पादि देव दुर्गतियों का स्वरूप व उनका कारण	२६-२७	६२
कान्दर्प देव दुर्गति का स्वरूप और फल	२८	६३
आभियोग्य कर्म का स्वरूप	२६	६४
किल्विष भावना का स्वरूप तथा फल	३०	६४
सम्मोहभावना का स्वरूप व उसका फल	३१	६५
आसुरीय भावना का स्वरूप व उसका फल	३२	६५
बोधि की दुर्लभता किन जीवों को ?	३३	६६
बोधि की सुलभता के पात्र जीव	३४	६६
अनन्तसंसारी जीव कौन होते हैं ?	३५	६७
परीतसंसार कौन होते हैं ?	३६	६७
जिनवचन के अश्रद्धान का फल	३७	६८
बालमरणों का स्वरूप	३८	६८
क्षपक का पण्डित मरण करने का संकल्प	३६-४३	६६-७१
कामभोग से तृप्ति नहीं होती	४४	७१
परिणाम ही बन्ध का कारण है	४५-५२	७२-७५
चन्द्रकवेध्य में प्रसिद्ध स्त्री पुरुषों के नाम	४६-५१	७४-७५
क्षपक को संज्ञाओं से मोहित न होने का उपदेश	५३-५५	७५-७६
सल्लेखना के समय द्वादशांग और चतुर्दश पूर्व रूप वीतराग-मार्ग में उपयोग का उपदेश	५६-५७	७७
आराधना के समय एक भी सारभूत इस लोक का ध्यान करने वाला क्षपक कल्याण करनेवाला होता है।	५८	७८
मृत्युकाल में जिनवचन ही औषध रूप है ऐसा चिंतवन करना चाहिए	५६	७६
मृत्युकाल में शरणभूत क्या है ? इसका निरूपण	६०	७६
सल्लेखना का फल	६१	८०
सल्लेखना के प्रति क्षपक के हृदय में उत्साह और उसकी हार्दिक प्रसन्नता	६२-६४	८१
सल्लेखना-काल में मृत्युभय से मुक्त होने का उपदेश	६५-६६	८२
सल्लेखना का पात्र	६७-६६	८३-८४
क्षपक की समाधि के लिए जिनेन्द्रचन्द्र से बोधि प्राप्त करने की प्रार्थना	७०-७१	८४-८६
३. संक्षेपप्रत्याख्यानाधिकार	**पृष्ठ ८७ से ६५ तक**	
मंगलाचरण	१	८७
पंचपाप के प्रत्याख्यान (त्याग) की प्रतिज्ञा	२	८८
सामायिक-व्रत का स्वरूप, परिणामशुद्धि द्विविध प्रत्याख्यान धारण करने की प्रतिज्ञा	३-४	८८-८६
जीवनपर्यन्त के लिए आहार-पान और उपधि-परिग्रह त्याग की प्रतिज्ञा	५-६	८६-६०
जिनशासन ही सब जीवों का शरण है	७-८	६०-६१
पंडितमरण की प्रशंसा करते हुए जन्म-मरणादि दुःखों से निर्भय होने का उपदेश	६	६१-६२
सर्वातिचारप्रतिक्रमण, आहारत्याग प्रतिक्रमण एवं उत्तमार्थप्रतिक्रमण का संक्षिप्त स्वरूप	१०-१३	६२-६३
दस प्रकार के मुण्डन का वर्णन	१४	६४-६५
४. सामाचाराधिकार	**पृष्ठ ६६ से १४० तक**	
मंगलाचरण और सामाचार की प्रतिज्ञा	१	६६

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
सामाचार शब्द का निरुक्त्यर्थ और उसके भेद	२-३	९७-९८
औघिक सामाचार के दस भेद और उनका स्वरूप	४-७	९९-१००
पद-विभागी सामाचार के कहने की प्रतिज्ञा और उसका स्वरूप एवं भेद	८-२३	१०१-१०९
पदविभागिक सामाचार का निरूपण—प्रथम ही योग्याध्ययन के उपरान्त गुरु से अन्य धर्म-क्षेत्रों में जाने की आज्ञा माँगता है तथा गुरु की आज्ञा प्राप्त कर चार-छह मुनियों के साथ विहार करता है।	२४-२७	१०९-११२
एकविहारी कौन हो सकता है इसका वर्णन	२८	११२
एकविहारी के अयोग्य साधु का वर्णन	२९	११२
स्वच्छन्दता से एक विहार करने वाले साधु के संभावित दोष	३०-३३	११३-११५
साधु को किस प्रकार के गुरुकुल में निवास नहीं करना चाहिए—	३४	११६
गुरु—आचार्य-गणधर का लक्षण : गुरु का लक्षण	३५-३८	११७-११९
समागत साधु के प्रति संघस्थ मुनियों का कर्त्तव्य	३९-४०	११९
शरणागत साधु की आचार्य द्वारा परीक्षा	४१-४३	१२०-१२१
परीक्षानन्तर आगन्तुक मुनि दूसरे या तीसरे दिन अपने आगमन का प्रयोजन आचार्य के पास निवेदन करे	४४	१२१-१२२
योग्य साधु को आचार्य आश्रय देते हैं और अयोग्य साधु का परिहार करते हैं	४५-४६	१२२
जो आचार्य परिहार-योग्य साधु को बिना छेदोपस्थापना के संघ में रख लेते हैं वे आचार्य भी छेद के योग्य होते हैं	४७-४८	१२३
भावशुद्धि और विनयपूर्वक ही मुनि को अध्ययन करना चाहिए। साथ ही द्रव्य-क्षेत्र-कालादि का उल्लंघन कर अध्ययन करने का कुफल	४९-५२	१२४-१२५
परगण में रहने वाले साधु को प्रत्येक कार्य के प्रारम्भ में इच्छाकार पूर्वक ही प्रश्न करना चाहिए। साथ ही परगण में गुरु, बाल, वृद्धादि मुनिओं की वैयावृत करनी चाहिए	५३-५४	१२६-१२७
मुनि को अपने अपराध की शुद्धि उसी संघ में करनी चाहिए, जिस संघ में वह रहता है	५५	१२७
आर्यिकाओं के आने पर मुनि को एकाकी नहीं बैठना चाहिए, इस प्रसंग को लेकर आचार्य तथा आर्यिकाओं को हितकर उपदेश	५६-६१	१२८-१३१
आर्यिकाओं का गणधर कैसा होना चाहिए	६२-६५	१३१-१३४
आर्यिकाओं की चर्यादि किस प्रकार होना चाहिए	६६-७४	१३४-१३९
उपसंहार गाथा	७५-७६	१३९-१४०
५. पंचाचाराधिकार	**पृष्ठ १४१ से २६९ तक**	
मंगलाचरण और पंचाचार कथन की प्रतिज्ञा	१-२	१४१-१४३
दर्शनाचार का वर्णन	३-५	१४३-१४५
सम्यग्दर्शन का स्वरूप	६	१४६
जीव-पदार्थ का भेदपूर्वक लक्षण	७	१४७
पृथ्वीकायिक के छत्तीस भेद	८-१२	१४८-१५०
जलकायिक, तेजसकायिक और वायुकायिक का स्वरूप	१३-१५	१५१-१५२
वनस्पतिकायिक का विस्तृत वर्णन	१६-२०	१५३-१५७
त्रसकायिक का वर्णन	२१-२२	१५७-१५८
जीवों की कुलकोटि तथा योनि आदि का वर्णन	२३-३२	१५९-१६५
अजीव पदार्थ का वर्णन करते हुए स्कंध,	३३-३४	१६६

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
स्कंधदेश, प्रदेश और परमाणु का स्वरूप		
अजीव पदार्थ के अन्तर्गत धर्म, अधर्म, आकाश, कालादि का वर्णन	३५-३६	१६७-१६६
पुण्य-जीव एवं पाप-जीव का विश्लेषण	३७-३८	१६६-१७०
अमूर्तिक जीव के साथ मूर्तिक कर्म का बन्ध कैसे होता है इसके समाधान के साथ बन्ध कारणों का निर्देश	३६-४१	१७०-१७१
संवर-पदार्थ का व्याख्यान	४२-४४	१७१-१७२
निर्जरा-पदार्थ का वर्णन	४५-४६	१७२-१७५
मोक्षपदार्थ का वर्णन	५०	१७५
नव-पदार्थ के विवेचन का समारोप करते हुए शंका, कांक्षादिक का वर्णन	५१-५४	१७५-१७७
निर्विचिकित्सांग का वर्णन	५५-५८	१७८-१८१
अमूढ़दृष्टि अंग का विस्तार से वर्णन	५६-६३	१८१-१८४
उपगूहनांग का स्वरूप	६४	१८४
स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना अंग के लक्षण	६५-६७	१८४-१८५
नैसर्गिक सम्यक्त्व का स्वरूप कहते हुए दर्शनाचार के वर्णन का समारोप	६८-७०	१८६
ज्ञानाचार के वर्णन के संदर्भ में ज्ञान का स्वरूप	७१	१८६-१८७
ज्ञानाचार के कालशुद्धि आदि आठ भेद	७२	१८८
कालाचार का विस्तृत वर्णन	७३-७८	१८८-१६४
कालशुद्धि के पश्चात् द्रव्य, क्षेत्र और भावशुद्धि का विधान	७६	१६४
सूत्र का लक्षण तथा अ-काल में स्वाध्याय का निषेध	८०-८१	१६५
जिनग्रंथों का अ-काल में स्वाध्याय किया जा सकता है उनका उल्लेख	८२-८३	१६६
विनयशुद्धि और उपधान शुद्धि का स्वरूप	८४-८५	१६७-१६८
बहुमान, अनिह्नव तथा व्यंजनशुद्धि आदि का वर्णन व समारोप	८६-८६	१६८-२००
चारित्राचार के कथन की प्रतिज्ञा	६०-६१	२०१
अहिंसादि महाव्रतों का वर्णन	६२-६७	२०१-२०४
रात्रिभोजननिवृत्ति का निरूपण करते हुए चारित्राचार वर्णन का समारोप	६८-१००	२०४-२०६
प्रशस्त प्रणिधान और अप्रशस्त प्रणिधान का स्वरूप	१०१	२०६
इन्द्रियप्रणिधान का स्वरूप	१०२-१०३	२०६-२०८
ईर्या समिति का वर्णन	१०४-१०६	२०८-२११
भाषा समिति का वर्णन और उसके अन्तर्गत दस प्रकार के सत्य का वर्णन	११०-११६	२११-२१५
असत्य, उभय और अनुभयवचनों का स्वरूप	११७-१२०	२१६-२१८
एषणा (अशन) समिति का वर्णन	१२१	२१८-२२०
आदाननिक्षेपण समिति का वर्णन	१२२-१२३	२२०-२२१
उच्चारप्रस्रवण-प्रतिष्ठापन समिति का वर्णन	१२४-१२५	२२१-२२२
रात्रि में उच्चारप्रस्रवण समिति का पालन	१२६-१२८	२२२-२२४
समितियों के पालन का फल	१२६-१३३	२२४-२२५
गुप्तियों का वर्णन	१३४-१३८	२२६-२२७
अष्ट प्रवचनमातृकाओं का निर्देश	१३६	२२७
अहिंसा महाव्रतादि व्रतों की पाँच-पाँच भावनाएँ और भावनाओं का प्रयोजन बताते हुए चारित्राचार का उपसंहार	१४०-१४७	२२८-२३१
तप आचार के भेद	१४८	२३१
बाह्य तप के छह भेद और सकांक्ष व निःकांक्ष अनशन का स्वरूप	१४६-१५२	२३१-२३३
अवमौदर्य तप का वर्णन	१५३-१५४	२३४-२३५
रसपरित्याग तप का वर्णन	१५५-१५७	२३५-२३६
वृत्तिपरिसंख्यान तप का वर्णन	१५८	२३६

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
कायक्लेश तप का वर्णन	१५९	२३७
विविक्तशय्यासन तप का स्वरूप बतलाते हुए बाह्य तपों का उपसंहार	१६०-१६२	२३८
छह प्रकार के अन्तरंग तपों का नामनिर्देश	१६३	२२६
प्रायश्चित्त तप का स्वरूप, आलोचना के दस दोष तथा प्रायश्चित्त के नामान्तर	१६४-१६६	२३६-२४१
विनय तप का स्वरूप और उसके अवान्तर भेद	१६७-१८७	२४१-२५१
विनय तप की प्रशंसा करते हुए उसके गुणों का वर्णन	१८८-१९१	२५१-२५२
वैयावृत्त तप का वर्णन	१९२-१९५	२५२-२५४
स्वाध्याय तप का वर्णन	१९६	२५४
ध्यान तप का वर्णन और उसके अन्तर्गत आर्त्त, रौद्र ध्यान का स्वरूप	१९७-२००	२५५-२५७
धर्मध्यान और उसके आज्ञाविचयादिक भेदों का वर्णन	२०१-२०५	२५७-२६०
धर्मध्यान के अन्तर्गत अनित्यादि अनुप्रेक्षाओं का नामनिर्देश	२०६	२६०
शुक्ल ध्यान का स्वरूप और उसके भेद	२०७-२०८	२६१-२६२
व्युत्सर्ग तप का वर्णन तथा उसके बाह्य-आभ्यन्तर ये दो भेद	२०९-२११	२६२-२६३
बारह तपों में स्वाध्याय तप की प्रमुखता	२१२-२१३	२६३-२६४
तप आचार का उपसंहार	२१४-२१५	२६४-२६५
वीर्याचार का वर्णन	२१६	२६५
सप्तदश प्रकार के प्राणि संयम का वर्णन	२१७-२२०	२६६-२६८
इन्द्रिय संयम का स्वरूप	२२१	२६८
पंचाचार प्रकरण का उपसंहार	२२२	२६९
६. पिंडशुद्धि-अधिकार	**पृष्ठ २७० से ३१४ तक**	
मंगलाचरण तथा पिंडशुद्धि अधिकार की प्रतिज्ञा	१-२	२७०
उद्गम, उत्थान तथा एषणादि दोषों का नामनिर्देश करते हुए पिंडशुद्धि के आठ भेदों का निर्देश	२	२७१
सोहल उद्गम दोषों का नाम निर्देश	३-४	२७१-२७३
गृहस्थ के आश्रय से होने वाले अधःकर्म का स्वरूप	५	२७२
उद्देशिक दोष का स्वरूप	६-७	२७३
अध्यधि दोष का स्वरूप	८	२७४
पूति दोष का स्वरूप	९	२७५
मिश्र दोष का स्वरूप	१०	२७६
स्थापित दोष का स्वरूप	११	२७६
बाल दोष का स्वरूप	१२	२७६
प्राभृत दोष का स्वरूप एवं उसके भेद	१३-१४	२७७
प्रादुष्कर दोष का स्वरूप	१५	२७८
क्रीततर दोष का स्वरूप	१६	२७९
ऋण दोष का स्वरूप	१७	२७९
परावर्त दोष का स्वरूप	१८	२८०
अभिघट दोष का स्वरूप तथा उसके आचिह्न तथा अनाचिह्न भेदों का वर्णन	१९-२०	२८०-२८१
सर्वाभिघट दोष एवं उसके भेदों का वर्णन	२१	२८१
उद्भिन्न दोषों का वर्णन	२२	२८२
मालारोहण दोष का वर्णन	२३	२८२
आच्छेद्य दोष का वर्णन	२४	२८२
अनीशार्थ दोष का वर्णन	२५	२८३
उत्पादन दोषों का वर्णन व उसके भेद	२६-२७	२८५
धात्री दोष का स्वरूप	२८	२८६
दूत नामक दोष का स्वरूप	२९	२८७
निमित्त दोष का स्वरूप	३०	२८८
आजीव दोष का स्वरूप	३१	२८९
वनीपक दोष का स्वरूप	३२	२८९
चिकित्सा दोष का स्वरूप	३३	२९०

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
क्रोध, मान, माया व लोभ दोषों का वर्णन	३४-३५	२६०-२६१
पूर्व स्तुति दोष का स्वरूप	३६	२६१
पश्चात् स्तुति दोष का स्वरूप	३७	२६२
विद्यानामक दोष का स्वरूप	३८	२६२
मंत्रोत्पादक दोष का स्वरूप	३९-४०	२६३
चूर्ण दोष का स्वरूप	४१	२६३
मूल कर्म दोष का स्वरूप	४२	२६४
दस अशन दोषों का प्रतिपादन	४३	२६४
शंकित दोष का स्वरूप	४४	२६५
म्रक्षित दोष का स्वरूप	४५	२६६
निक्षिप्त दोष का स्वरूप	४६	२६६
पिहित दोष का स्वरूप	४७	२६७
संव्यवहार दोष का स्वरूप	४८	२६७
दायक दोष का स्वरूप	४९-५२	२६७-२९९
उन्मिश्र दोष का स्वरूप	५३	२९९
उपरिणत दोष का स्वरूप	५४	२९९
लिप्त दोष का स्वरूप	५५	३००
परित्यजन दोष का स्वरूप	५६	३००
संयोजना दोष का स्वरूप एवं दोष का वर्णन	५७	३०१
अंगार और धूम दोष का वर्णन	५८-५९	३०१
आहार ग्रहण करने के कारण	६०	३०२
आहार त्याग करने के कारण	६१-६२	३०३
मुनि कैसा आहार ग्रहण करते हैं इसका वर्णन	६३-६४	३०५
चौदह मल दोषों का वर्णन	६५	३०६
अपने उद्देश्य से बनाये हुए आहार की अशुद्धता का वर्णन	६६-६७	३०७
भाव से शुद्ध आहार का वर्णन	६८	३०८
पिण्डदोष के द्रव्य एवं भाव की अपेक्षा दो भेद	६९-७०	३०८-३०९
एषणा समिति के निर्दोष पालन करने का आदेश	७१	३०९
साधु के भोजन का परिमाण	७२	३१०
आहार के योग्य काल	७३	३१०
साधु की चर्या की विधि	७४-७५	३१०-३११
बत्तीस अन्तरायों का वर्णन	७६-८१	३११-३१४
पिण्डशुद्धि अधिकार का उपसंहार	८२	३१४
७. षडावश्यकाधिकार	**पृष्ठ ३१५ से ४०५ तक**	
मंगलाचरण और आवश्यक कर्म की प्रतिज्ञा	१-२	३१५
अरिहन्तादि पंच परमेष्ठियों का स्वरूप निर्देश तथा नमस्कार करने का प्रयोजन	३-१३	३१६-३२१
आवश्यक शब्द की निर्युक्ति तथा उसके भेद वर्णन सहित सामायिक और छेदोपस्थापना का उपदेश किन तीर्थंकरों ने दिया है ? इसका वर्णन सामायिक आवश्यक का उपसंहार	१४-३५	३२१-३३४
चतुर्विंशतिस्ववावश्यक का वर्णन व भेद	३६-३८	३३४-३३६
लोक निर्युक्ति और उसका नाम, स्थापनादि पदों द्वारा वर्णन	३९-५०	३३६-४४२
उद्योत का स्वरूप तथा उसके द्रव्य और भाव भेदों का निर्देश	५१-५५	३४२-३४४
धर्म तीर्थकर की व्याख्या करते हुए उसके द्रव्य और भाव भेद का वर्णन	५६-५९	३४४-३४५
अरहन्त शब्द की निरुक्ति तथा उनके स्तवन का वर्णन	६०-७१	३४६-३५०
चतुर्विंशतिस्तवन का उपसंहार	७२-७४	३५०-३५१
वन्दना स्तवन का प्रतिपादन तथा कृति कर्मादिक का स्वरूप	७५-१००	३५२-३६३
कृतिकर्म का विशेष निरूपण	१०१-१०३	३६३-३६५
कृतिकर्म में लगने वाले दोषों का निरूपण	१०४-१०९	३६५-३६८
साधु वन्दना किस प्रकार करता है, इसका वर्णन	११०	३६९

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
साधु वन्दना का उत्तर किस प्रकार देता है, इसका वर्णन	१११-११२	३७०
प्रतिक्रमण तथा उसके भेदों का वर्णन प्रतिक्रमण करने योग्य द्रव्य, क्षेत्र, कालादि का वर्णन	११३-११६	३७०-३७३
आलोचना का स्वरूप तथा उसके भेदों का वर्णन	११७-११६	३७३-३७४
आलोचना के पर्यायवाची शब्द	१२०	३७५
आलोचना में कालहरण का निषेध	१२१	३७५
भाव व द्रव्य प्रतिक्रमणों का वर्णन तथा उनकी आवश्यकता	१२४-१२७	३७७-३७८
आदि और अंतिम तीर्थंकरों के शिष्य प्रतिक्रमण करते हैं, बीच के तीर्थंकरों के शिष्य प्रतिक्रमण नहीं करते	१२८-१२६	३७८
प्रतिक्रमण नियुक्ति का उपसंहार तथा प्रत्याख्यान नियुक्ति का कथन	१३०-१३१	३७६
प्रत्याख्यान के दस भेद	१३६-१३७	३८२-३८३
प्रत्याख्यान करने की विधि तथा उसके अवान्तर भेदों का स्वरूप	१३८-१४५	३८४-३८६
कायोत्सर्ग नियुक्ति का वर्णन	१४६-१५०	३८६-३८८
कायोत्सर्ग के कारण तथा उसके प्रमाणादि का विवेचन	१५१-१६४	३८६-३६४
कायोत्सर्ग का फल	१६५-१६६	३६४
कायोत्सर्ग दोष	१६७-१६६	३६५-३६७
कायोत्सर्ग के भेदों का निरूपण तथा कायोत्सर्ग के समय करने योग्य ध्यान का स्वरूप	१७०-१७६	३६७-४००
कायोत्सर्ग के समय किये जाने वाले प्रशस्त मनःसंकल्प का वर्णन	१७७-१७६	४००-४०१
कायोत्सर्ग के समय होनेवाले अप्रशस्त मनःसंकल्प का वर्णन	१८०-१८२	४०१-४०२
षडावश्यकचूलिका	१८३-१८५	४०३-४०४
आसिका-निषिद्धिका का स्वरूप	१८६-१८७	४०४
षडावश्यक चूलिका का उपसंहार	१८८-१८६	४०५
८. द्वादशानुप्रेक्षाधिकार	**पृष्ठ ४०६ से ४४४ तक**	
मंगलाचरण और प्रतिज्ञा	१	४०६
द्वादश अनुप्रेक्षाओं के नाम	२	४०७
अध्रुव-अनित्यानुप्रेक्षा	३-४	४०७-४०८
अशरणानुप्रेक्षा	५-७	४०८-४०६
एकत्वानुप्रेक्षा	८-६	४०६-४१०
अन्यत्वानुप्रेक्षा	१०-१२	४१०-४११
संसारानुप्रेक्षा	१३-२०	४११-४२३
लोकानुप्रेक्षा	२१-२६	४२३-४२६
अशुचि-अशुभानुप्रेक्षा	३०-३६	४२६-४२७
आस्रवानुप्रेक्षा	३७-४७	४२६-४३२
संवरानुप्रेक्षा	४८-५३	४३२
निर्जरानुप्रेक्षा	५४	४३३-४४०
धर्मानुप्रेक्षा	५४	४३०-४४०
बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा	७०-७२	४४१-४४२
अनुप्रेक्षाधिकार का उपसंहार	७३-७६	४४२-४४४
६. अनगारभावनाधिकार	**पृष्ठ ४४५ से ५०० तक**	
मंगलाचरण और प्रतिज्ञा	१-२	४४५-४४६
लिंगादि दश संग्रहसूत्र	३-६	४४६-४४८
लिंगशुद्धि	७-१२	४४८-४५०
व्रतशुद्धि	१३-१८	४५१-४५२
वसतिशुद्धि	१६-३०	४५३-४५७
विहारशुद्धि	३१-४३	४५७-४६२
भिक्षाशुद्धि	४४-६१	४६२-४६८

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
ज्ञानशुद्धि	६२-६६	४६६-४७४
उज्झनशुद्धि	७०-८६	४७५-४८१
वाक्यशुद्धि	८७-६५	४८२-४८७
तपःशुद्धि	६६-१०६	४८७-४६२
ध्यानशुद्धि	१०७-१२१	४६२-४६८
अनगार भावना का प्रयोजन और उपसंहार	१२२-१२५	४६६-५००
१०. समयसाराधिकार	**पृष्ठ ५०१ से ५५५ तक**	
मङ्गलाचरण और प्रतिज्ञा	१	५०१
सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तप समय है—उनमें सारभूत चारित्र है तथा वैराग्य भी समय का सार है।	२-३	५०२-५०३
सम्यक्चारित्र धारण करने का उपदेश	४-५	५०३-५०४
साधुपद में चारित्र की प्रधानता है, श्रुत की नहीं	६-७	५०४-५०५
ज्ञान, तप और संयम का संयोग मोक्ष का साधक है	८-६	५०५-५०६
सम्यग्ज्ञानादि से युक्त तप और ध्यान की महिमा	१०-११	५०६-५०७
सम्यग्दर्शन का माहात्म्य	१२-१३	५०७-५०८
सम्यक्चारित्र से सुगति होती है	१४-१५	५०८-५०६
चारित्र की रक्षा के लिए पिण्डादि शुद्धियों का विधान	१६	५०६
निर्ग्रंथलिंग के भेद व स्वरूप	१७	५१०
अचेलकत्व आदि दश श्रमणकल्प	१८	५१०-५११
प्रतिलेखन-पिच्छी के गुण और उसकी आवश्यकता	१६-२३	५१२-५१४
निर्ग्रंथ लिंग से युक्त मुनि के आचरण का फल	२४	५१४
पिण्डशुद्धि आदि न करने वाले साधु का दोष निरूपण	२५-३०	५१५-५१६
अधःकर्म के दोषों का कथन	३१-४१	५१७-५१६
चारित्रहीन मुनि का बहुश्रुत-ज्ञान निरर्थक है	४२	५२०
परिणाम के निमित्त से शुद्धि होती है	४३-४५	५२०-५२१
चर्याशुद्धि का प्रयोजन	४६-४८	५२१-५२२
गुणस्थान की अपेक्षा चारित्र का माहात्म्य	४६	५२२-५२३
शोधनक्रियाओं—निर्दोष क्रियाओं के संयोग से कर्मक्षय होता है	५०-५७	५२४-५२६
क्षेत्रशुद्धि का कथन	५८-६२	५२६-५२८
संसर्ग के गुण-दोषों का वर्णन तथा किनका संसर्ग नहीं करना चाहिए	६३-६७	५२८-५३०
पाप-श्रमण का लक्षण	६८-७२	५३०-५३२
अभ्यन्तर योग के बिना बाह्य योग की निष्फलता	७३	५३२
मैं बहुत काल का दीक्षित हूँ, इसका गर्व नहीं करना चाहिए	७४	५३२-५३३
बन्ध और बन्ध के कारणों का प्रतिपादन	७५-७७	५३३-५३४
स्वाध्याय की उपादेयता	७८-८०	५३४-५३५
निद्रा-विजय और ध्यान का वर्णन	८१-६०	५३५-५३७
कषाय का अभाव चारित्र है	६१-६५	५३६-५४२
राग-द्वेष का फल और उनके कारणों से दूर रहने का निर्देश	६६-१०२	५४२-५४३
ब्रह्मचर्य के भेद	१०३-१०४	५४४
ब्रह्मचर्य के बाधक कारण	१०५-१०७	५४५
परिग्रह-त्याग का फल	१०८-१०६	५४६
नामादि निक्षेप की अपेक्षा श्रमण के भेद	११०-१११	५४६-५४७
भिक्षा-शुद्धि की अनिवार्यता	११२-११३	५४७-५४८
द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव और शक्ति को जानकर ध्यान-अध्ययन करने का निर्देश	११४-११५	५४८
दर्शनशुद्धि और मिथ्यात्व के कारणों का निराकरण	११६-१२०	५४६-५५२
निर्दोष आचरण के लिए प्रश्नोत्तर और समयसार अधिकार का उपसंहार	१२१-१२४	५५३-५५५
११. शीलगुणाधिकार	**पृष्ठ ५५६ से ५७७ तक**	
मंगलाचरण और प्रतिज्ञावाक्य	१	५५६
शील के भेदों की उत्पत्ति का क्रम	२	५५७
योगादिक के भेद व स्वरूप	३	५५८

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
पृथिवो आदि के भेद व स्वरूप	४	५५८
श्रमण के क्षमा आदि दश धर्म	५	५५६
शील के भेदों की उत्पत्ति के निमित्त अक्षसंचार का क्रम	६-७	५६०
गुणों की उत्पत्ति के कारणों का क्रम	८	५६२
हिंसादिक के २१ भेदों का निर्देश	६-१०	५६३
अतिक्रमण आदि चार के नामोल्लेख	११	५६४
काय के दश भेद	१२	५६४
अब्रह्म के दश कारण	१३-१४	५६५
आलोचना के दश दोष	१५	५६६
प्रायश्चित के आलोचना आदि दश भेदों का उल्लेख	१६	५६७
गुणों के उत्पन्न करने का क्रम	१७-१८	५६७
शील और गुणों के संख्या, प्रसार, अक्षसंक्रम, नष्ट और उद्दिष्ट, इन पाँच विकल्पों का निर्देश	१६	५६६
संख्या निकालने की विधि	२०	५६६
प्रस्तार बनाने की विधि	२१-२२	५७०-५७१
अक्षसंक्रम के द्वारा शील-गुणों का प्रतिपादन और उच्चारण के द्वारा भंग निकालने की विधि	२३	५७२
नष्ट निकालने की विधि और प्रकरण का समारोप	२४-२६	५७३-५७७
१२. पर्याप्त्यधिकार	**पृष्ठ ५७८ से ७५१ तक**	
मंगलाचरण और प्रतिज्ञावाक्य के साथ पर्याप्ति अधिकार में वर्णनीय पर्याप्ति आदि बीस सूत्रपदों का नामोल्लेख	१-३	५७८-५७६
पर्याप्तियों के नाम और स्वामी	४-६	५८०-५८२
पर्याप्तियों के पूर्ण होने का काल	७-८	५८२-५८३
देह सूत्र के अन्तर्गत देवों के शरीर का वर्णन	६-१३	५८४-५८६
नारकियों के वैक्रियिक देह का वर्णन। तदन्तर्गत प्रथम पृथिवी के नारकियों के शरीर की अवगाहना का निरूपण	१४	५८७
द्वितीय पृथिवी के नारकियों की अवगाहना	१५	५८८
तृतीय पृथिवी के नारकियों की अवगाहना	१६	५८६
चतुर्थ पृथिवी के नारकियों की अवगाहना	१७	५६०
पंचम पृथिवी के नारकियों की अवगाहना	१८	५६१
षष्ठ पृथिवी के नारकियों की अवगाहना	१६	५६१
सप्तम पृथिवी के नारकियों की अवगाहना	२०	५६२
भवनत्रिक देवों के शरीर की अवगाहना	२१	५६३
भोगभूमिज और कर्मभूमिज मनुष्यों के शरीर की अवगाहना	२२	५६४
वैमानिक देवों के शरीर की अवगाहना	२३-२७	५६६
एकेन्द्रियादि तिर्यंचों की अवगाहना और उनके स्वामी	२८-३०	५६७-५६८
जम्बूद्वीप की परिधि का वर्णन	३१-३२	५६८
जम्बूद्वीप को आदि लेकर प्रारम्भ के १६ द्वीपों के नाम विस्तार और प्रमाण का निरूपण	३३-३६	५६६-६०१
लवणादि समुद्र और उनके रसों का वर्णन	३७-३६	६०१-६०२
किन समुद्रों में जलचर हैं किनमें नहीं हैं ?	४०	६०३
लवण, कालोदधि और स्वयंभूरमण में जलचरों की अवगाहना का प्रमाण	४१-४५	६०३-६०६
स्थलचर, गर्भज पर्याप्तक—भोगभूमिज तिर्यंचको के शरीर-प्रमाण	४६-४७	६०६-६०७
पृथिवीकायिक आदि जीवों के शरीर की आकृति का वर्णन	४८	६०८
पंचेन्द्रिय जीवों के संस्थान का वर्णन	४६	६०६
स्पर्शनादि इन्द्रियों के आकार का वर्णन	५०	६०६
स्पर्शनादि इन्द्रियों के विषयक्षेत्र का वर्णन	५१	६१०-६१२
चतुरिन्द्रिय जीव की चक्षुरिन्द्रिय का विषयक्षेत्र	५२	६१२
असंज्ञिपंचेन्द्रिय के चक्षुरिन्द्रिय का विषयक्षेत्र	५३	६१२
असंज्ञिपंचेन्द्रिय के श्रोत्रेन्द्रिय का विषयक्षेत्र	५४	६१३
संज्ञिपंचेन्द्रिय की स्पर्शनादि इन्द्रियों के विषयक्षेत्र	५५	६१३

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
संज्ञिपंचेन्द्रिय की चक्षुरिन्द्रिय का विषयक्षेत्र तथा उसके निकालने की विधि	५६-५६	६१७
गुणयोनियों के नाम और उनके स्वामी	६०-६१	६१८-६१६
आकार-योनियों के नाम और उनसे उत्पन्न होने वाले विशिष्ट पुरुष	६२	६१६
चौरासी लाख योनियों का वर्णन	६३	६१६
एकेन्द्रियादि जीवों की आयु का वर्णन	६४-७०	६२०-६२३
भोगभूमिज मनुष्यों की आयु का वर्णन	७१-७२	६२४-६२५
देव और नारकियों की उत्कृष्ट तथा जघन्य आयु का वर्णन	७३	६२६
रत्नप्रभा आदि सात पृथिवियों के नारकियों की उत्कृष्ट आयु का निरूपण	७४	६२६-६२६
प्रथमादि पृथिवियों के नारकियों की जघन्य आयु	७५	६३०
भवनवासी और व्यन्तरों की उत्कृष्ट आयु का प्रमाण	७६	६३१
ज्योतिष्क देव और वैमानिक देवों की जघन्य आयु	७७	६३१
वैमानिक देवों की उत्कृष्ट आयु का वर्णन	७८	६३२
सौधर्मादि स्वर्गों की देवियों की उत्कृष्ट आयु का कथन	७६-८०	६३६-६३७
सूर्य-चन्द्रमा आदि ग्रहों की उत्कृष्ट आयु	८१-८२	६३८
तिर्यंच और मनुष्यों की जघन्य आयु	८३	६३६
संख्यात प्रमाण का वर्णन	८४	६४०
उपमा प्रमाण के भेद	८५	६४३
स्वामी की अपेक्षा योगों का वर्णन	८६	६४४
स्वामी की अपेक्षा वेदों का वर्णन	८७-६२	६४५-६४८
नरकों में लेश्या का वर्णन	६३	६४८
देवों में लेश्या का वर्णन	६४-६५	६४६-६५०
तिर्यंच और मनुष्यों में लेश्या का वर्णन	६६	६५०
काम और भोग का विश्लेषण	६७-१०२	६५१-६५४
देवों में प्रवीचार का वर्णन	१०३-१०७	६५५-६५७
देवों में आहार और श्वासोच्छ्वास का काल	१०८-१०६	६५७
देव के अवधिज्ञान का विषय	११०	६५६
नारकियों के अवधिज्ञान का विषयक्षेत्र	१११	६५६
नरकों में कौन जीव कहाँ तक उत्पन्न होता है ?	११२-११३	६६०
नरकों से निकलकर कौन जीव क्या होता है ?	११४-१२२	६६१-६६४
स्थावर और विकलत्रय जीवों का कहाँ जन्म होता है ?	१२३-१२७	६६४-६६६
असंख्यात वर्ष की आयु वाले जीवों में कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं और कहाँ जाते हैं ?	१२८	६६६
शलाकापुरुषों में कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?	१२६	६६७
मिथ्यादृष्टियों का उत्पाद कहाँ होता है ?	१३०-१३४	६६७-६६८
जिनलिंगधारी मिथ्यादृष्टि स्वर्गों में कहाँ तक उत्पन्न होते हैं ?	१३५	६६६
नवग्रैवेयक के आगे उत्पन्न होने वाले जीवों का निर्देश	१३६	६६६
देवगति से आकर कौन जीव कहाँ उत्पन्न होते हैं ?	१३७	६७०
कौन देव शलाकापुरुष नहीं होते हैं ?	१३८-१४०	६७०-६७१
कौन जीव कहाँ से आकर नियमपूर्वक मोक्ष प्राप्त करते हैं ?	१४१-१४२	६७१
निर्वाण प्राप्त करनेवाले जीव कौन हैं और निर्वाण में कैसे सुख का अनुभव करते हैं ?	१४३-१४५	६७१-६७३
स्थानाधिकार के अन्तर्गत मार्गणा तथा जीवसमास आदि का वर्णन	१४६-१४७	६७३-६७४
एकेन्द्रियादि के भेदों का वर्णन	१४८	६७४
दस प्राणों के नाम तथा उनके स्वामी	१५०-१५१	६७५-६७६
जीवसमासों का वर्णन	१५२-१५३	६७७
चौदह गुणस्थानों के नाम	१५४-१५५	६७७-६८०
चौदह मार्गणाओं के नाम	१५६-१५७	६८०-६८२
किस गति में कितने जीवसमास होते हैं ?	१५८	६८३
मार्गणाओं में गुणस्थानों का वर्णन	१५६	६८७

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
एकेन्द्रियादि जीवों के क्षेत्र और द्रव्य-प्रमाण का निरूपण	१६०	६८६
एकेन्द्रियों में बादर और सूक्ष्म का निरूपण	१६१	६६१
नित्यनिगोद का लक्षण	१६२	६६२
एकनिगोद के शरीर में कितने जीव रहते हैं ?	१६३	६६२
एकेन्द्रियादि जीवों के प्रमाण का वर्णन	१६४-१६५	६६३
कुलकोटियों का निरूपण	१६६-१६६	६६५
मार्गणाओं में अल्पबहुत्व का वर्णन	१७०-१८१	६६६-७००
बन्ध के कारणों का निर्देश	१८२-१८३	७००-७०१
बन्ध के भेदों का कथन	१८४	७०२
मूलप्रकृतियों तथा उत्तरप्रकृतियों के भेद	१८५-१८६	७०३-७०४
ज्ञानावरण के पाँच भेदों का निरूपण	१८७	७०४-७०६
दर्शनावरण कर्म के ६ भेदों का वर्णन	१८८	७१०
वेदनीय और मोहनीय के उत्तरभेदों का कथन	१८६-१६०	७११-७१२
सोलह कषायों का प्रतिपादन	१६१	७१३

विषय	गाथा संख्या	पृष्ठ
नौ नोकषायों का निरूपण	१६२	७१४
आयु और नाम कर्म के भेदों का कथन	१६३-१६६	७१५-६२३
गोत्र और अन्तराय कर्म के भेदों का वर्णन	१६७	७२४
गुणस्थानों की अपेक्षा प्रकृतिबन्ध के स्वामी	१६८-१६६	७२५-७२८
ज्ञानावरणादि कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति का निरूपण	२००-२०१	७२८-७२६
ज्ञानावरणादि कर्मों की जघन्य स्थिति का कथन	२०२	७३१
अनुभागबन्ध का निरूपण	२०३	७३३
प्रदेशबन्ध का प्रतिपादन	२०४	७३५
उपशमना और क्षपणा विधि का वर्णन	२०५-२०६	७३६-७३७
वृत्तिकार द्वारा टीका का समारोप		
परिशिष्ट		**७४२ से ७५१ तक**
भाषा-वचनिकाकार द्वारा समारोप		७४२
भाषा वचनिकाकार द्वारा प्रशस्ति		७४२-७४४
१. प्रशस्ति		
२. गाथानुक्रमणिका		

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

आचार्य वट्टकेरस्वामी कृत मूलप्राकृतगाथासूत्र

आचार्य वसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्ति कृत संस्कृत-आचारवृत्ति सहित

पं० कविश्री नन्दलालजी छावड़ा एवं पं० श्री ऋषभदासजी कृत

मूलाचार भाषा वचनिका

अथ मूलाचार भाषा लिख्यते

दोहा—बंदौं श्रीजिनसिद्धपद आचारिज उवझाय। साधुधर्म जिनभारती जिनगृहचैत्य सहाय[1] ॥ १ ॥
वट्टकेरस्वामी प्रणमि नमि वसुनंदी सूरि। मूलाचार विचारिकैं भाषौं लषि गुणभूरि ॥ २ ॥

अैसैं सर्वज्ञ वीतराग मोक्षमार्ग के प्रवर्त्तक अठारह दोष रहित, छियालीस गुण विराजमान अरहंत परमेष्ठी, श्रीजिनसोही परमगुरु तथा अष्टकर्मरहित अष्टगुण विराजमान सिद्धपरमेष्ठी—अैसें दोऊ प्रकार देव तथा छत्तीस गुण विराजमान आचार्य परमेष्ठी, पंचविंशतिगुण विराजमान उपाध्याय परमेष्ठी, अठाईस गुण विराजमान साधु परमेष्ठी—अैसें तीन प्रकार अपर गुरु तथा केवलि-प्रणीत दयामय मुनि-श्रावक भेद करि दोय प्रकार, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र भेदकरि तीन प्रकार, उत्तमक्षमादि भेद-करि दशप्रकार धर्म तथा अनक्षरात्मक दिव्यध्वनि रूप, अक्षरात्मक—द्वादशांग, अंग-बाह्य आगम के इक्यावन सूत्ररूप धर्म-प्ररूपक जिनभारती तथा ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक, अधोलोकविषैं तिष्ठते कृत्रिम-अकृत्रिम समस्त जिनगृह तथा तिन समस्त मंदिरनि विषैं विराजमान समस्त जिनचैत्य या प्रकार नवदेवतानि का स्तवन नमस्कार रूप मंगलाचरणकरि अर इनही को मंगल लोकोत्तम शरणरूप जानि चित्त विषैं धारि श्रीमूलाचार नाम प्राकृतगाथाबंध चरणानुयोग रूप ग्रन्थ ताकी संस्कृत टीका आचारवृत्ति कैं अनुसार देशभाषामय वचनिका करोंगा—अैसी प्रतिज्ञा करी।

सो यहु ग्रन्थ समुद्रता अैसा है जाका अवगाहन सातिशय बुद्धिबल संयुक्त महामुनिराजनिकरि बनै, अर मैं महा-अल्प-बुद्धि अैसे ग्रन्थ की वचनिका विषैं ज्ञानकी प्रवृत्ति करने का उद्यम किया सो यह बात संभवै नांही। तथापि कालदोषतैं इस क्षेत्र-विषै मोतैंहू अल्पबुद्धि अनेक देखिये हैं तथा होंहिगे, तातैं तिनकैं इस ग्रन्थ का संक्षेप अर्थ ग्रहण करावनैं निमित्त यह प्रारम्भ किया

१. ब प्रति-सुहाय

है। सो जाको प्राकृत-संस्कृत का ज्ञान होय सो तो प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थ पूर्वं हैं ही, तिनका अभ्यास करो। तथा इस वचनिका तैं संक्षेप अर्थ समझि पीछैं संस्कृत-प्राकृत को स्पष्ट करि निर्णय करो। अर तिनिकों प्राकृत-संस्कृत का बल नांही ते इस वचनिका तैं संक्षेप अर्थ समझि पीछैं संस्कृत-प्राकृतका स्पष्ट करि निर्णय करो। अर जिनिकों प्राकृत-संस्कृत का बस नांही, ते इस वचनिकातैं संक्षेप अर्थ समझि श्रद्धान करो। श्रद्धान है सो हित का कारण है।

इहाँ कोउ पूछैं तुम अल्पबुद्धि हो, ऐसे महान् ग्रन्थ विषैं कोऊ अर्थ चूकि करि कहो तौ हम श्रद्धान कैसें करें ? ताका समाधान—जो महान बुद्धि है तैं तो प्राकृत संस्कृत का अर्थ अभ्यास करैंगे हो। अर अल्पबुद्धि हैं तिनिकों जैसें मुखतैं व्याख्यान करि सुनाइये हैं तैसें अर्थ पुस्तक विषैं लिखि दिया है। मुखतैं व्याख्यान करनैं मैं तो वर्त्तमान निकट स्थानवर्ती ही कोई से जीवनिकैं अर्थ का ग्रहण होय। अर पुस्तकविषैं लिखने तैं घनें काल पर्यंत अनेक देशनि विषैं तिष्ठते जो धर्मबुद्धि वांचै-पढैं तिन सर्व ही कैं अर्थग्रहण होयगा। अर इहां **मूलगाथा वट्टकेर स्वामी कृत** है, ते लिखियेगी। अर तिनिका अर्थ **वसुनंदि सिद्धान्तचक्रवर्ती** आचारवृत्ति नामा टीका विषैं किया है सो लिखियेगा तथा कहीं विशेष कथन **वीरनंदि सिद्धान्तचक्रवर्तीकृत आचारसार** तथा **चामुण्डरायकृत चारित्रसार** तथा **आचार्य सकलकीर्तिकृत मूलाचारप्रदीपक** नाम ग्रन्थ इनितैं लिखियेगा सो मैं तो मेरी बुद्धि अनुसार बहुत निर्णय करि लिखूँगा, तथापि बुद्धि की मंदता तैं कहीं चूकूं तो बहुत ज्ञानीनितैं मूलग्रंथनि कै अनुसार सकलि निर्णय-करि श्रद्धान कीजियो। इस ग्रन्थ में मुनिधर्म का निर्णय है। आगम विषैं प्रथम आचारांग है यातैं याका अभ्यास अवश्य कीया चाहियै, जातैं जीव का हित मोक्ष, अर मोक्ष का कारण ज्ञान-श्रद्धानपूर्वक सकलसंयम ताही का यामैं विशेष निर्णय कीया है। तातैं हे ! भव्य जीव हों और संसार के सकल कार्य छोडि तथा अन्य लौकिक ग्रन्थनिका अभ्यास छोडि तथा ख्याति-लाभ पूजादिक का अभिप्राय छोडि, इस ग्रन्थ का निरन्तर अभ्यास करो। आप वांचो, अन्यको बचावौ, पढौ-पढावो, सभा में व्याख्यान करो। प्रश्न-उत्तर करि अर्थ का निर्णय करो, बार-बार चिन्तवन करो, संशय, विपर्यय, अनध्यवसाय रहित मुनिधर्म को जानिकरि शंकादि दोष रहित श्रद्धान करो, जातैं सम्यक्त्व दृढ़ होय। देव-गुरु-धर्म का श्रद्धान बिना सम्यक्त्व दृढ़ होय नांही।

अर इस बात विषै हुंडावसर्पिणी के दोषतैं तथा पंचम काल के दोषतैं अनेक मत चले हैं। तिनमें देव-गुरु-धर्म का स्वरूप अपनी इच्छा कैं अनुसार अनेक प्रकार थापे हैं। **जैनमत में हू श्वेताम्बरादि सम्प्रदाय** वाले देव-गुरु-धर्म का स्वरूप अन्यथा कहै हैं। तातैं ऐसे ग्रन्थ का अभ्यास कीया बिना अनादिनिधन केवली-श्रुतकेवली भाषित जैसा महाविदेह क्षेत्रनि विषैं निरन्तर प्रवर्तै तथा इस क्षेत्र में चतुर्थ काल विषैं प्रवर्त्या ऐसा **दिगम्बर-धर्म** रूप साक्षात् मोक्षमार्ग का निर्णय होय नांही।

इहां कोऊ कहै—गृहस्थनि कौ तौ व्याकरण-काव्यादिक तथा पुराणादिक पुण्य-पाप का फल वांचना सुननां जोग्य हैं, मुनिधर्म का आचार कौन सौं वर्णं हैं ? अर मुनि आचार कहाँ है ? गृहस्थनि कौं मुनिधर्म के ग्रन्थ वांचना, भाषा करनां योग्य नांही। ताका समाधान—जीव का हित मोक्ष है ताके कारण संवर निर्जरा हैं। ते गुप्ति-समिति-धर्म-अनुप्रेक्षा-परीषहजय-चारित्र-तप रूप जो मुनिधर्म तातैं होय हैं ऐसा निर्णय द्रव्यानुयोग, अध्यात्म, स्याद्वाद ग्रन्थनि में प्रमाण-नय-निक्षेप अनुयोगनतैं कीया है। यातैं मुख्य उपादेय तौ मुनिधर्म ही है और ग्रन्थनि का सीखना-पढ़ना बहुत होय अर इस धर्म का ज्ञान-श्रद्धान न होय तो अज्ञानी ही कहिये। अर इस धर्म का ज्ञान-श्रद्धान होय, अर व्याकरण-काव्यादिक थोरा ही पढ्या होय तो ज्ञानी ही कहिये। अर मुनिधर्म

के ज्ञान-श्रद्धान बिना सम्यक्त्व कैसें होय ? अर मुनि तौ धर्मात्मा है ही, परन्तु गृहस्थ अैसे ग्रन्थ सुनैं बिना धर्म-अधर्म का भेद तथा गुरु-कुगुरु का भेद तथा जैन लिंग-अन्य लिंग का भेद तथा दिगम्बर-श्वेतांबरादि का भेद तथा पात्र-कुपात्र-अपात्र का भेद कैसे जानैं ? अर बिना जानैं पूजा, स्तवन, नमस्कार, भक्ति, विनय, दान, वैयावृत्य रूप उपासनां कैसें करे ? अर उपासना बिना गृहस्थ धर्म कहाँ ? अर गुरु, अर कुगुरु सर्वकौ समान जानैं तो मिथ्यात्व का दोष लागैं। तातैं गृहस्थनि कौ मुनिधर्म का स्वरूप अवश्य निर्णय करनां। अर इस धर्म सम्बन्धी ग्रन्थ का व्याख्यान अवश्य करनां। अैसा विचार करि या ग्रन्थकी भाषा-वचनिका आरम्भ किया है।

यहु ग्रंथ प्राचीन है। दिगम्बर सम्प्रदाय के आचार्य सिद्धान्तचक्रवर्ती[1] हुवे, तिनकै प्रमाणभूत जानि इस ग्रन्थ का अभ्यास एकाग्र चित्तकरि निरन्तर करनां।

अधिकार-गाथा-सूत्र-क्रम से सम्पूर्ण ग्रन्थ की पीठिका रूप संक्षिप्त विषयवस्तु

आगैं इस ग्रन्थ की पोठिका का वर्णन करिये हैं। या ग्रन्थ विषैं बारह महा-अधिकार हैं। तिनमैं गाथासूत्र बारह सौ तीयालीस (१२४३) हैं।

तहाँ **पहला मूलगुणाधिकार है। तामैं** गाथा **छैतीस** (३६) हैं। तिनमैं प्रथम गाथा विषैं **मंगलाचरण** करि मूलगुण कहनैं की प्रतिज्ञा करी है। पीछै दोय गाथा विषैं अठाईस मूलगुणनि के भेद कहै हैं। पीछैं एक गाथा विषैं पंचमहाव्रतनि के नाम कहै हैं। पीछैं पंच गाथानि करि पंच महाव्रतनि का स्वरूप कह्या है। पीछैं एक गाथा विषैं पंचसमिति के नाम कहै हैं। पीछै पंच गाथा विषै पंच समितिनि का स्वरूप कह्या है। पोछै एक गाथा विषैं पंच इन्द्रियनिरोध के नाम कहै हैं। पीछै पंच गाथा विषैं षट् आवश्यकनिके नाम कहे हैं। पीछै छह गाथा विषैं षडावश्यकनि का स्वरूप कह्या है। पीछै सात गाथानि करि लौंचादि सप्त-मूलगुणनि का स्वरूप कह्या है। पोछै एक गाथाविषैं मूलगुर्णान का फल वर्णन करि अधिकार समाप्त किया।

पींछैं **दूसरा प्रत्याख्यान-संस्तरस्तव नाम** अधिकार है। तामैं गाथा **इकहत्तरि** हैं। तहां गाथा दोय विषैं मंगलाचरण करि प्रत्याख्यान तथा संस्तर के स्वरूप कहनैं की प्रतिज्ञा करो। पीछैं गाथा तीन करि सामायिक का संक्षेप स्वरूप कहि पीछैं गाथा सात करि सामायिक का विशेष स्वरूप कह्या है। पीछैं गाथा तोन करि दोषनिका त्याग कीया है। पीछैं गाथा तीन करि प्रमादनि का त्याग का वर्णन कीया हैं। अैसै गाथा अठारह पर्यन्त आत्मसंस्कार काल का वर्णन करि पीछैं सन्यास-आलोचना का वर्णन गाथा तीन विषैं करि, गाथा एक विषैं क्षमण का वर्णन कीया हैं। पीछै गाथा सोलह में मरणभेद का तथा मरणविराधनतैं देवदुर्गति होने का तथा बोधिदुर्लभ होने का तथा बालमरण का स्वरूप वर्णन कीया है। पीछै गाथा सोलह में मरण भेद का तथा मरणविराधने तै देव दुर्गति होनें का तथा बोधिदुर्लभ होने का तथा बालमरण का स्वरूप वर्णन किया है। पोछै अैसैं सुनि क्षपक चिंतवन करै तथा आचार्य उपदेश देय दृढ़ करैं ताका वर्णन सोलह गाथा में कीया है। पीछै आठ गाथानि विषैं क्षपक दृढ़ होय जिनवचन का शरण लेय अत्यन्त दृढ परिणाम करै ताका वर्णन है। पीछै गाथा तीन विषैं मरण का भय निराकरण कीया है। पीछै छह गाथानि विषै सन्यासमरण का फल वर्णन करि अंतमंगल करि दूसरा अधिकार समाप्त कीया।

१. आचार्य वसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्ती

आगै उपसर्गादि होतैं **संक्षेप प्रत्याख्यान** कैं अर्थि **तीसरा अधिकार** है, तामैं गाथा **चौदह** है। तामैं संक्षेप सन्यास-मरण का वर्णन कीया है।

आगैं **समाचार नामा चौथा अधिकार** है। ता विषैं गाथा **छिहत्तरि** है। तहां गाथा तीन विषैं मंगलाचरण करि समाचार का संक्षेप स्वरूप कहि औधिक, पदविभागिक—दोय प्रकार भेद वर्णन किया है। पीछैं गाथा चारि विषैं औघिक समाचार **दस** प्रकार तिनका संक्षेप स्वरूप कहि गाथा दोय विषैं पदविभागी का संक्षेप स्वरूप कह्या है। पीछैं गाथा चौदह मैं औधिक समाचार कहे थे तिनका विशेष स्वरूप निर्णय कीया है। पीछैं गाथा **बियालीस** विषैं पदविभागीक समाचारका निरूपण है। तहाँ कोई मुनिराज आपके गुरु पास सर्व श्रुत सीख आचार्यनिकी आग्या लेय परगण विहार करै तहां अन्य संघ के आचार्य के पासि जाय परस्पर परीक्षा करै उन पासि सूत्रार्थ सीखै अर उनके अनुकूल जैसैं रहै तैसै प्रवर्तैं ताका विशेष वर्णन है। पीछै गाथा दस करि **आर्यानि** का समाचार वर्णन कीया। पीछै गाथा एक में उपसंहार करि समाचार नामा चौथा अधिकार समाप्त कीया।

आगैं **पंचाचार नामा पाँचवाँ अधिकार** है, तामैं गाथा **दोय सैं बाईस** (२२२) हैं। तहां गाथा दोय विषै मंगलाचरण करि पंचाचार कहनैं की प्रतिज्ञा करी। पीछैं गाथा दोय विषैं अष्ट प्रकार दर्शनशुद्धि का वर्णन है। पीछैं गाथा दोय में सम्यक्त्व का स्वरूप वर्णन है। पीछै गाथा छह विषै **जीवतत्त्व** का भेद कहि पृथिवीकाय का वर्णन है। पीछैं गाथा तीन विषैं जलकाय, अग्नि-काय, पवनकाय का वर्णन है। पीछै गाथा पांच विषै वनस्पतिकाय का वर्णन है। पीछै गाथा दोय विषैं त्रसकाय का वर्णन है। पीछे गाथा नव विषैं जीवनि के कुल का तथा जोनि का तथा मार्गणा का तथा जीव के लक्षण का वर्णन है। पीछै गाथा पांच विषैं अजीव तत्त्व का वर्णन है। पीछे गाथा चौदह विषै पुण्य-पाप पदार्थ का तथा आश्रव, संवर, निर्जरा, बंध, मोक्ष पदार्थ का वर्णन है। पीछैं गाथा अठारह विषे सम्यग्दर्शन के शंकादिक आठ दोषनि का वर्णन करि दर्शनाचार का वर्णन समाप्त कीया। इहां पर्यंत गाथा अडसठि भई हैं। पीछैं गाथा इकईस विषैं ज्ञानाचार का वर्णन कीया है। तहां काल शुद्धितादि अष्ट प्रकार शुद्धिता का सविशेष वर्णन कीया है। इहां पर्यंत गाथा सूत्र निवासी (८९) भये।

आगैं चारित्राचार का वर्णन है। तहां गाथा आठ विषैं पंचमहाव्रतनिका वर्णन है। पीछैं गाथा दोय विषै रात्रिभोजन के त्याग का वर्णन है। पीछैं गाथा च्यार विषैं प्रणिधान जो परिणामता का वर्णन है। पीछैं गाथा छह विषैं समितिन के नाम-पूर्वक ईर्या समितिनिका वर्णन है। पीछे गाथा ग्यारा विषैं भाषा समिति का वर्णन है। पीछैं गाथा पांच विषैं समिति की महिमा का वर्णन है। पीछैं गाथा पाँच विषैं तीन गुप्तिनि का वर्णन कीया। पीछैं एक गाथा विषैं अष्टप्रवचनमातृका कहि सात गाथानि विषैं पाँच महाव्रतनिकी भावना वर्णन करि चारित्राचार का वर्णन समाप्त कीया। इहां पर्यंत गाथा एक सौ छीयालीस भई। पीछैं तप-आचार का वर्णन कीया हैं तहां गाथा तीन में तप के नाम कहे हैं। पीछैं गाथा चार विषैं अनशन तप का वर्णन है। पीछैं गाथा दोय विषैं अवमौदर्य तप का वर्णन है। पीछैं गाथा तीन विषैं रसपरित्याग का वर्णन है। पीछे गाथा एक में वृत्तपरिसंख्यान का वर्णन है। पीछैं गाथा एक विषैं कायक्लेश का वर्णन हैं। पीछैं गाथा एक विषैं विविक्त-शय्यासन का वर्णन हैं। पीछैं गाथा तीन विषैं बाह्य तप का वर्णन समाप्त करि आभ्यंतर तपनिके नाम कहे हैं।

पीछैं गाथा तीन विषैं प्रायश्चित तप का वर्णन है। पीछैं गाथा पचीस विषैं विनय का वर्णन हैं, तहां गाथा दोय विषैं विनय

के **पंच प्रकार** कहि दर्शन विनय का वर्णन कीया हैं। पीछै गाथा दोय विषैं ग्यान विनय का वर्णन कीया है। पीछै गाथा एक विषैं चारित्र विनय का वर्णन कीया है। पीछैं गाथा दोय विषैं तप विनय का वर्णन कीया है। पीछैं गाथा बारह विषैं उपचार विनय का सविशेष वर्णन कीया है। पीछै गाथा पंच विषैं विनय का महात्म्य वर्णन कीया। पीछैं गाथा च्यारि विषैं वैयावृत्य का वर्णन कीया है। पीछे गाथा एक विषैं स्वाध्याय का वर्णन कीया है। पीछैं गाथा बारह विषैं आर्त, रौद्र तथा धर्मध्यान, शुक्लध्यान का वर्णन कीया है। पीछे गाथा तीन विषैं व्युत्सर्ग का वर्णन कीया है। पीछे गाथा च्यारि विषै तप की महिमा करि तप आचार का वर्णन समाप्त कीया है। पीछै गाथा सात विषैं वीर्याचार का वर्णन करि पंचाचार नामा पांचवा अधिकार समाप्त कीया है।

आगैं **पिंडशुद्धि नामा छठा अधिकार है।** तहां गाथासूत्र **बीयासी** हैं तिन विषैं प्रथम पंच गाथा विषैं मंगलाचरनपूर्वक अष्ट प्रकार पिंडशुद्धि के नाम कहे हैं तथा **अधःकर्म** का वर्णन कीया है। तथा सोलह उद्गमदोषनि के नाम कहे हैं। पीछे गाथा बीस विषैं सोलह उद्गमदोषनि का प्रत्येक स्वरूप तथा भेद-भेदनि के स्वरूप का विशेष वर्णन कीया है। पीछे गाथा दोय विषैं सोलह उत्पादन दोषनिके नाम कहे हैं। पीछे गाथा पंदरा विषैं सोलह उत्पादनदोषनि का प्रत्येक स्वरूप तथा भेदनि का स्वरूप वर्णन कीया है। पीछे गाथा एक विषैं दस असन दोषन के नाम कहे हैं। पीछे तेरह गाथा विषैं दस प्रकार अशन दोषनि का स्वरूप तथा इनके भेद तथा भेदनि का स्वरूप वर्णन कीया हैं। पीछे एक गाथा विषैं संयोजना दोष तथा प्रमाणदोष का वर्णन कीया है। पीछे एक गाथा विषैं अंगारक दोष तथा धूमदोष का वर्णन कीया है। पीछे च्यार गाथा विषैं आहार लेने के तथा आहार छोड़ने का वर्णन कीया है। पीछे गाथा दोय विषैं भोजन की शुद्धता का वर्णन कीया है। पीछे गाथा एक विषैं चौदहमलनि के नाम कहे हैं। पीछे गाथा दश विषैं प्रासुक आहार का तथा द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की शुद्धता का वर्णन करि एषणा समिति की विशुद्धता का वर्णन कीया है। पीछे गाथा छह विषैं बत्तीस भोजन के मुख्य अंतराय तथा अन्य अनेक अंतराय तिनिका वर्णन कीया है। पीछे गाथा एक विषैं अन्त मंगल करि छठा अधिकार समाप्त कीया है। इहां पर्यंत गाथा सूत्र **पाँच सौ एक** भए हैं।

आगैं **षडावश्यक नामां सातवां अधिकार है।** ता विषै गाथासूत्र **एक सौ निवासी** (१८९) हैं। तहाँ प्रथम गाथा-चौदह विषैं मंगलाचरण करि आवश्यक का स्वरूप कहनै की प्रतिज्ञा करी हैं तथापि पंचपरमेष्ठी का स्वरूप कहि इनके नमस्कार रूप पंच णमोकार मंत्र की महिमा वर्णन कीया है। आगैं गाथा एक विषैं छह आवश्यकनिके नाम कहे हैं। पीछे गाथा बीस विषैं सामायिक निर्युक्ति का वर्णन कीया है। तहां नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव भेदकरि सविशेष वर्णन कीया है। पीछे गाथा दोय विषैं चतुर्विंशति-स्तवन का छह प्रकार निक्षेप कह्या है। पीछे गाथा पैंतीस मैं 'लोगुज्जोए धम्मे—इत्यादि गाथा रूप स्तवन पाठ का विशेषण प्रति अर्थ करि सविशेषण वर्णन कीया है। पीछे गाथा दोय विषैं वंदना निर्युक्ति के छह निक्षेप कहे हैं। पीछे गाथा सत्ताईस विषैं कृतिकर्म, चितिकर्म, पूजाकर्म, विनयकर्म का वर्णन है। तहाँ विनयकर्म विषैं लोकानुवृत्ति विनय, अर्थ-निमित्त-विनय, कामतंत्रविनय, भयविनय, अर मोक्षविनय—अैसे पंचभेद वर्णन करि मोक्षविनय के पंच प्रकार दर्शन, ज्ञान, चारित्र तपविनय आगैं उपचारक विनय इनका विशेष वर्णन कीया है तथा वंदनीय-अवंदनीय का भेद वर्णन कीया है। तथा कितने स्थानक विषैं वंदना करणी ताका वर्णन कीया है। पीछे गाथा छह विषैं वंदना के बत्तीस दोषनिका वर्णन कीया है। पीछे गाथा दोय विषैं वंदना निर्युक्ति की समाप्ति का वर्णन किया। पीछे गाथा दोय विषैं प्रतिक्रमण निर्युक्ति के छह निक्षेप कहे हैं। पीछे

गाथा अठारह विषैं **प्रतिक्रमण** का स्वरूप **भेद-भेदनिका** स्वरूप तथा आलोचना के स्वरूप विधान का वर्णन कीया है। पीछे **गाथा** दोय प्रत्याख्यान निर्युक्ति के छह **निक्षेप** कहें हैं। पीछे गाथा चौदह विषैं **प्रत्याख्यान के दश** भेदनिका वर्णन करि च्यारि प्रकार प्रत्याख्यान की शुद्धता का वर्णन कीया है। पीछै गाथा दोय विषैं कायोत्सर्ग निर्युक्ति के छह निक्षेपनि के वर्णन कीया है। पीछै गाथा पैंतीस विषैं कायोत्सर्ग का सविशेष वर्णन हैं। पीछे गाथा सात विषैं आवश्यक को महिमा तथा आशिका-निषेधिका का स्वरूप कहि षडावश्यक निर्युक्ति नामा सातवां अधिकार संपूर्ण कीया।

आगैं **द्वादशानुप्रेक्षिक नाम आठवाँ अधिकार** है। ता विषैं गाथा **छिहत्तर** हैं। तिन विषैं गाथा दोय विषैं मंगलाचरण पूर्वक बारह अनुप्रेक्षानि के नाम कहे हैं। पीछै गाथा दोय विषैं अनित्यानुप्रेक्षा का वर्णन है पीछे गाथा तीन विषैं अशरणानुप्रेक्षा का वर्णन है पीछै आठ गाथानि में बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा का वर्णन हैं पीछे गाथा च्यारि में अनुप्रेक्षा का महिमा वर्णन करि द्वादशानुप्रेक्षा नामा आठवाँ अधिकार सम्पूर्ण कीया है।

आगैं **अनगार भावना नामा नवमाँ अधिकार है।** ता विषैं गाथासूत्र **एक सौ पच्चीस** हैं तहां प्रथम गाथा तीन विषैं मंगलाचरण पूर्वक अनगार भावना कहने की प्रतिज्ञा करि लिंगशुद्धि आदि दस प्रकार शुद्धि के नाम कहें हैं तथा इनकी महिमा करी है। पीछै गाथा छह विषैं **लिंग शुद्धि** का वर्णन कीया है। पीछै गाथा अठारह विषैं भिक्षा शुद्धि का वर्णन है। पीछै गाथा आठ विषैं ग्यानशुद्धि का वर्णन है। पीछै गाथा सतरह विषैं उज्झनशुद्धि का वर्णन है। पीछे गाथा नव विषैं वाक्यशुद्धि का वर्णन है। पीछै ग्यारह गाथानि विषैं तपशुद्धि का वर्णन करि पीछै बारह गाथानि में ध्यानशुद्धि का वर्णन कीया है। पीछै गाथा सात में अनगार भावना की महिमा वर्णन करी हैं। **ऐसे** अनगार भावना नाम नवमां अधिकार समाप्त भया।

आगैं **समयसार नाम दशमा अधिकार है।** ता विषैं गाथा **एक सौ तेईस हैं।** तहाँ मंगलाचरण करि समयसार नाम चारित्र का कह्या है तथा वैराग्य का नाम समयसार कहना तथा चारित्र रहित ज्ञान निरर्थक कह्या है, संयम रहित लिंग निरर्थक कह्या, सम्यक्त्व रहित तप निरर्थक कहा है। तथा ध्यान का महात्म्य का वर्णन कीया है तथा आचेलक्य, लोच, व्युत्सृष्ट-शरीरता, प्रतिलेखन—ऐसे चार प्रकार लिंगकल्प का वर्णन कीया है। बहुरि जे पिंड शुद्धि, उपधि शुद्धि अर शय्या शुद्धि नांही करे हैं तिनिका **निषेध** कीया है। जो अधःकर्मकरि **भोजन** करै हैं ताका अत्यंत निषेध कीया है। ताकूं मुनि-श्रावक रूप उभय धर्म तैं रहित कह्या। बहुरि द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव **शुद्धि** का वर्णन है तथा कुत्सिताचार्य के संसर्ग का गति का निषेध कीया है तथा जो संघ कूं छोड़ि स्वेच्छाचारी होय, शिक्ष्या नांही मानै है, ताकूं **पापश्रमण** कह्या है। तथा पूर्वै शिष्य नहीं होय करि आचार्यपणां करणों कूं भ्रमता फिरैं है ताकूं पापश्रमण कह्या है। पीछै स्वाध्याय का महात्म्य वर्णन कीया है। पीछै ध्यान का विस्तार वर्णन कीया हैं। पीछै जीव के द्रव्य, गुण, पर्याय वर्णन कीया है। पीछै कषाय का निषेध वर्णन कीया है। पीछै जिह्वा, उपस्थ का निषेध वर्णन कीया है। पीछै ब्रह्मचर्य के भेद वर्णन कीया है। पीछै भावलिंग का वर्णन कीया है। इत्यादि बहुत प्रकार वर्णन करि समयसार नाम दसमां अधिकार पूर्ण कीया।

आगैं **शीलगुणप्रस्तार नामा ग्यारहवां अधिकार** हैं। ता विषैं गाथासूत्र **पचीस** हैं। तिन विषैं प्रथम गाथा में मंगलाचरण करि शीलगुण कहने की प्रतिज्ञाकरी पीछै गाथा पाँच विषैं अठारह हजार शील के भेद वर्णन कीये हैं। पीछै गाथा ग्यारह विषैं चौरासी लाख उत्तरगुणनि के भेद वर्णन कीया है। पीछे गाथा सात विषैं शीलगुणनिके संख्या, प्रस्तार, अक्ष-संक्रम, नष्ट, उद्दिष्ट—

अैसे पंच विकल्प वर्णन कीये हैं। पीछै एक गाथा विषैं शीलगुण का फल वर्णन कीया है। अैसे शीलगुण प्रस्तार नाम ग्यारवां अधिकार समाप्त कीया।

आगैं **पर्याप्ति नामा बारहवाँ अधिकार** है। ता विषैं गाथासूत्र **दोय सैं च्यारि** (२०४) है। तहां गाथा तीन विषैं मंगलाचरण करि बीस सूत्रपदनि कै वर्णन कीये है। पीछे गाथा पांच विषैं पर्याप्ति सूत्र का वर्णन कीया है। पीछे गाथा गुणतालीस विषैं देह सूत्र का वर्णन कीया है। तामैं गाथा पाँच विषैं देवदेह का वर्णन कीया है। पीछै गाथा सात विषैं नारकदेह का वर्णन कीया है। पीछै गाथा दस विषैं देवनिका तथा मनुष्य-तिर्यंचिनिका शरीर का उत्सेध वर्णन कीया है। पीछै गाथा नव विषैं द्वीप समुद्रनिका वर्णन है। पीछै गाथा आठ विषैं मछादिक जीवनि की जघन्य-उत्कृष्ट अवगाहना का वर्णन हैं अैसे देहसूत्र का व्याख्यान समाप्त कीया।

पीछैं गाथा दोय विषैं काय संस्थान का वर्णन हैं। पीछै गाथा आठ विषैं इंद्रिय संस्थान का तथा इंद्रियनि के विषय का वर्णन है। पीछै गाथा छह विषैं योनि स्वरूप का वर्णन है। पीछे गाथा बीस विषैं च्यारु गति संबंधी जीवनिकी आयु का वर्णन है। पीछै गाथा दोय विषैं संख्या प्रमाण का वर्णन है। पीछे गाथा एक विषैं योग का वर्णन हैं। पीछे गाथा छह विषैं वेद का वर्णन है। पीछे गाथा च्यार विषैं लेश्या का वर्णन है। पीछे गाथा पंदरा विषैं प्रतिचार सूत्र विषैं पांचूं इंद्रियनिका प्रतिचार वर्णन कीया है। पीछे गाथा चौतीस विषैं उपपाद-उद्वर्तन जो जीवनिकी गति-अगति ताका वर्णन कीया है। पीछै गाथा बीस विषैं स्थानाधिकार का वर्णन है। तहां गाथा आठ विषैं जीवसमासनिका वर्णन है। गाथा दोय विषैं गुणस्थाननिका वर्णन हैं। पीछै गाथा दस विषैं मार्गणा स्थाननिका वर्णन है। अैसें स्थान सूत्र समाप्त कीया।

पीछैं गाथा च्यारि विषैं जीवनि के कुलनिका वर्णन कीया। पीछै गाथा बारह विषैं च्यारूं गति संबंधी जीवनिका अल्पबहुत्व का वर्णन कीया है। पीछै सोलह गाथा विषैं बंध का, हेतु का वर्णनकरि च्यारि प्रकार भेद कहि प्रकृतिबंध का विशेष वर्णन कीया है। पीछै गाथा तीन विषैं स्थितिबंध का वर्णन कीया है। पीछै गाथा एक विषैं अनुभागबंध का वर्णन कीया है। पीछै गाथा एक विषैं प्रदेशबंध का वर्णन कीया है। पीछै गाथा दोय विषैं आठूकर्म क्षपाय करि अष्टगुण विराजमान परमात्मा भगवान् मोक्षपद प्राप्त होय ताका वर्णन रूप अंत मंगलाचरण करि ग्रन्थ समाप्त कीया हैं।

अैसे यह प्राकृत भाषामय आचार्य श्रीवट्टकेर स्वामि विरचित मूलाचार नामा महान् ग्रंथ ताकी पीठिका का संक्षेप वर्णन कीया है। विशेष कथन आगैं होहीगा। इहां गाथानिकी सूचनिका मात्र दिखाया है।

श्रीवसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्तिविरचितया आचारवृत्त्या सहितः

प्रथमो मूलगुणाधिकारः

श्रीमच्छुद्धेद्धबोधं सकलगुणनिधिं निष्ठिताशेषकार्यं,
वक्तारं सत्प्रवृत्तेर्निहतमतिमलं शक्रसंवंदिताङ्घ्रिम्।
भर्तारं मुक्तिबध्वा विमलसुखगतेः कारिकायाः समन्ता-
दाचारस्यात्तनीतेः परमजिनकृतेर्नौम्यहं वृत्तिहेतोः॥ १॥

श्रुतस्कन्धाधारभूतमष्टादशपदसहस्रपरिमाणं, मूलगुणप्रत्याख्यान-संस्तर-स्तवाराधना-समयाचार [समाचार] पंचाचार-पिंडशुद्धिषडावश्यक-द्वादशानुप्रेक्षानगारभावना-समयसार-शीलगुणप्रस्तार-पर्याप्त्याद्यधिकारनिबद्धमहार्थगभीरं लक्षणसिद्धपदवाक्यवर्णोपचितं, घातिकर्मक्षयोत्पन्नकेवलज्ञानप्रबुद्धाशेषगुणपर्यायखचितषड्द्रव्यनवपदार्थजिनवरोपदिष्टं, द्वादशविधतपोनुष्ठानोत्पन्नानेकप्रकारर्द्धिसमन्वितगणधरदेवरचितं, मूलगुणोत्तरगुणस्वरूपविकल्पोपायसाधनसहायफलनिरूपणप्रवणमाचाराङ्गमाचार्य[1]-पारम्पर्यप्रवर्तमानमल्पबलमेधायुःशिष्यनिमित्तं द्वादशाधिकारैरुपसंहर्तुकामः स्वस्य श्रोतॄणां च प्रारब्धकार्यप्रत्यूहनिराकारणक्षमं शुभपरिणामं विदधच्छ्रीवट्टकेराचार्यः प्रथमतरं तावन्मूलगुणाधिकारप्रतिपादनार्थं मंगलपूर्विकां प्रतिज्ञां विधत्ते मूलगुणेस्वित्यादि—

आगैं आचार्यश्री वसुनंदि सिद्धान्तचक्रवर्ती इस मूलाचार-नाम ग्रंथ की आचारवृत्ति नाम टीका का प्रारम्भ कर्ता संता श्रीमच्छुद्धेद्धबोधं—इत्यादि स्रग्धराछंद रूप काव्यकरि मंगलाचरण कीया, ताका व्याख्यान लिखिए हैं—

अहं कहिये मैं आचार्य वसुनंदि सो परम जिनेश्वरदेवकरि कीया उपदेश्या जो नीतिगर्भित आचारशास्त्र ताकि वृत्ति कहिए टीका करने निमित्त समीचीन प्रवृत्ति साक्षात् मोक्षमार्ग रूप मुनिधर्म ताके वक्ता अरहंतदेव ताकौं नमस्कार करूँ हूँ। कैसा है अरहंतदेव ? क्रमकरण-व्यवधानरहिततारूप लक्ष्मीकरियुक्त रागद्वेषमोहमलरहित शुद्ध सर्वपदार्थनिकूं युगपत् प्रकाशमान करता देदीप्यमान है ज्ञान जाका अैसा, बहुरि कैसा है ? समस्तगुणनिका निधान है, बहुरि कैसे हैं ? परिपूर्ण कीये हैं समस्त कार्य जानैं अैसा हैं, । बहुरि कैसा है ? दूरि कीया है सेवकजनको बुद्धि का रागादिक मैल जानैं अैसा है, बहुरि कैसा है ? समस्त देवनि विषैं प्रधान जे इंद्र तिनकरिकैं भक्तितैं वंदित हैं चरण जाके, अैसे हैं। बहुरि कैसे हैं ? समस्तपणैं निर्मलसुखकी प्राप्ति करनेंवारी जो मुक्तिरूप स्त्री ताके भर्तार अैसे हैं।

आगे मूलग्रंथका प्रथम गाथासूत्रकी सूचनिका कहै हैं। श्रुतस्कंध जो द्वादशांग ताका आधारभूत बहुरि अठारह हजारपदरूप है परिमाण जाका बहुरि १. मूलगुण २. प्रत्याख्यान संस्तरस्तव ३. आराधना ४. समयाचार ५. पंचाचार ६. पिंडशुद्धि ७. षडावश्यक ८. द्वादशानुप्रेक्षा ९. अनगारभावना १०. समयसार ११. शीलगुणप्रस्तार और १२. पर्याप्ति–इत्यादिक अधिकारनिकरि निबद्ध जो महान् अर्थ ताकरि गंभीर बहुरि लक्षणसिद्ध जे पद-वाक्य-वर्ण तिनकरि उपचित कहिये परिपूर्ण अैसा, बहुरि घातिया कर्मनिके क्षयतैं उत्पन्न भया जो केवलज्ञान ताकरि जानैं हैं समस्त गुण-पर्याययुक्त षट्द्रव्य-नवपदार्थ जिननैं—अैसे जे जिनवर तिनकरि उपदेश्या अैसा। बहुरि मूलगुण, उत्तरगुण के–१. स्वरूप २. विकल्प ३. उपाय, ४. साधन ५. सहाय और ६. फल के निरूपण विषैं समर्थ अैसा जो आचारांग आचार्यनिकी परंपरातैं प्रवर्तमान, ताको अल्प है बल, बुद्धि, आयु जिनिका अैसे शिष्यनिकैं निमित्त पूर्वोक्त बारह अधिकारनिकरि संक्षेप करनैं का है अभिलाष जाकैं अैसा श्रीवट्टकेर नामा आचार्य सो आपके तथा श्रोतानिकैं प्रारंभरूप कीया जो कार्य ताविषैं विघ्न निराकरण करने को समर्थ अैसा शुभपरिणाम जो है ताहि करता संता प्रथम ही मूलगुण नाम प्रथम अधिकारके प्रतिपादनकैं अर्थि मंगलाचरणपूर्वक प्रतिज्ञा करे हैं—

---

१. क 'आचार'।

अथ प्रथमगाथासूत्रावतारः

मूलगुणेसु विसुद्धे वंदित्ता सव्वसंजदे सिरसा ।
इहपरलोगहिदत्थे मूलगुणे कित्तइस्सामि ॥ १ ॥

मंगलनिमित्तहेतुपरिमाणनामकर्तॄन् धात्वादिभिः प्रयोजनाभिधेयसम्बन्धांश्च व्याख्याय पश्चादर्थः कथ्यते । **मूलगुणेसु**—मूलानि च तानि गुणाश्च ते मूलगुणाः । मूलशब्दोऽनेकार्थे यद्यपि वर्तते तथापि प्रधानार्थे वर्तमानः परिगृह्यते । तथा गुणशब्दोऽप्यनेकार्थे यद्यपि वर्तते तथाप्याचरणविशेषे वर्तमानः परिगृह्यते । मूलगुणाः प्रधानानुष्ठानानि उत्तरगुणाधारभूतानि तेषु मूलगुणेषु विषयभूतेषु कारणभूतेषु वा सत्सु ये । **विसुद्धे**—विशुद्धाः निर्मलाः संयतास्तान् मूलगुणेषु विशुद्धान् । **वंदित्ता**—वन्दित्वा मनोवाक्कायक्रियाभिः प्रणम्य, **सव्वसंजदे**—अयं सर्वशब्दो निरवशेषार्थवाचकः परिगृहीतो बह्वनुग्रहकारित्वात्तेन प्रमत्तसंयताद्ययोगिपर्यन्ता भूतपूर्वगतया सिद्धाश्च परिगृह्यन्ते, सम्यक् यताः पापक्रियाभ्यो निवृत्ताः सर्वे च ते संयताश्च सर्वसंयतास्तान् सर्वसंयतान् प्रमत्ताप्रमत्तापूर्वकरणानिवृत्तिकरणसूक्ष्मसांपरायोपशान्तकषायक्षीणकषायसयोगकेवल्ययोगकेवलिसंयतान् सप्ताद्यष्टपर्यन्तषण्णवमध्यसंख्यया समेतान् सिद्धांश्चानन्तान् । **सिरसा**—शिरसा मस्तकेन मूर्ध्ना । **इहपरलोगहिदत्थे**—इहशब्दः प्रत्यक्षवचनः, परशब्द उपरतेन्द्रियजन्मवचनः, लोकशब्दः सुरेश्वरादिवचनः । इह च परश्चेहपरौ तौ च तौ लोकौ च इहपरलोकौ ताभ्यां तयोर्वा हितं सुखैश्वर्यपूजासत्कारचित्तनिवृत्तिफलादिकं तदेवार्थः प्रयोजनं फलं येषां ते इहपरलोकहितार्थास्तान् इहलोकपरलोकसुखैश्वर्यादिनिमित्तान् ।

अर्थ—मूलगुणनि विषैं विशुद्ध अैसे जे सर्व संयमी तिन्हैं मस्तक नमाय वंदना करि इहलोक परलोक का हित है प्रयोजन जिनिका अैसे जे मूलगुण तिनहिं कहूँगा ॥ १ ॥

टीका—१. मंगल, २. निमित्त, ३. हेतु, ४. परिमाण, ५. नाम, ६. कर्त्ता इनि छहौंनिकों तथा धातु आदिक करै प्रयोजन अभिधेय संबंधकौं प्रथम व्याख्यानकरि पीछैं अर्थ कहिये अैसा सम्प्रदाय है, तातैं प्रथम मंगलाचरण करै हैं। मूल जै गुण ते मूलगुण कहिये। मूल शब्दके अनेक अर्थ हैं तथापि इहां 'प्रधान' अर्थ लेना। गुण शब्द के अनेक अर्थ हैं तथापि इहां 'आचरण' विशेष अर्थ लेना। तातैं मूलगुणशब्दका प्रधान अनुष्ठान कहिये आचरण विशेष उत्तरगुण का आधारभूत अैसा अर्थ जानना। सो तिन मूलगुणनि विषैं तथा मूलगुणनिकौं कारणरूप होतैं जे विशुद्ध कहिये निर्मल भये अैसे सर्व संयमी तिनिकौं मन, वचन, काय की क्रियाकरि वंदना करिकैं। इहां सर्वशब्द का बहुत उपकारके कर्तापनैंतैं निरवशेष अर्थ लेनां। तातैं प्रमत्तसंयत गुणस्थानतैं लेय अयोगिकेवलि गुणस्थानपर्यंत तौ संयमी हैं ही तथा भूतपूर्व गतिकरि सिद्धहू संयमी कहिये। वहुरि सं कहिये भलैप्रकार यत कहिये पापक्रियातैं निवृतभये ते संयत कहिये। सर्व जे संयत ते सर्वसंयत कहिये, ते प्रमत्त, अप्रमत्त, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण सूक्ष्मसांपराय, उपशांतकषाय, क्षीणकषाय, सयोगकेवलि, अयोगिकेवली—अैसे नवगुणस्थाननि विषैं तिष्ठते जे तीन घाटि नवकोटिप्रमाण ८९९९९९९७—संयमी तथा अनन्त सिद्धपरमेष्ठो अैसा अर्थ सर्वसंयत शब्दका जाननां।

इहलोक कहिये इन्द्रियप्रत्यक्ष जो लोक तथा परलोक कहिये इन्द्रियनिकैं अगोचर इन्द्रादि भवरूप अन्यजन्म तिनिकैं अर्थि तथा तिनि विषैं जो हित कहिये सुख, ऐश्वर्य, पूजा, सत्कार, चित्त की प्रसन्नता सो है प्रयोजन जिनिका, तहां इहलोक विषैं

इहलोके पूजां सर्वजनमान्यतां गुरुतां सर्वजनमैत्रीभावादिकं च लभते मूलगुणानाचरन्, परलोके च सुरैश्वर्यं तीर्थंकरत्वं चक्रवर्तिबलदेवादिकत्वं सर्वजनकान्ततादिकं च मूलगुणानाचरन लभत इति। **मूलगुणे**—मूलगुणान् सर्वोत्तरगुणाधारतां गतानाचरणविशेषान्। **कित्तइस्सामि**—कीर्तयिष्यामि व्याख्यास्यामि। अत्र संयतशब्दस्य चत्वारोऽर्था नाम स्थापना द्रव्यं भाव इति। तत्र जातिद्रव्यगुणक्रियानिरपेक्षं संज्ञाकर्म नामसंयतः। संयतस्य गुणान् बुद्ध्याध्यारोप्याकृतिवति अनाकृतिवति च वस्तुनि स एवायमिति स्थापिता मूर्तिः स्थापनासंयतः। संयतस्वरूपप्रकाशनपरिज्ञानपरिणतिसामर्थ्याध्यासितोऽनुपयुक्त आत्मा आगमद्रव्यसंयतः। नोआगमद्रव्यं त्रिविधः। ज्ञायकशरीरसंयतः संयतप्राभृतज्ञस्य शरीरं भूतं भवन् भावि वा। भविष्यत्संयतत्वपर्यायो जीवो भाविसंयतः। तद्व्यतिरिक्तमसम्भवि कर्म नोकर्म, तयोः संयतत्वस्य कारणत्वाभावात्। संयतगुणव्यावर्णनपरप्राभृतज्ञ उपयुक्तः सम्यगाचरणसमन्वित आगमभावसंयतस्तेनेह प्रयोजनं, कुतः मूलगुणेषु विशुद्धानिति विशेषणादिति। मूलगुणादिस्वरूपावगमनं प्रयोजनम्। ननु[1] पुरुषार्थो हि प्रयोजनं न च मूलगुणादिस्वरूपावगमनं[2], पुरुषार्थस्य धर्मार्थकाममोक्षरूपत्वात्, यद्येवं सुष्ठु मूलगुणस्वरूपावगमनं प्रयोजनं यतस्तेनैव ते धर्मादयो लभ्यन्ते इति। मूलगुणैः शुद्धस्वरूपं साध्यं साधनमिदं[3] मूलगुणशास्त्रं, साध्यसाधनरूपसम्बन्धोऽपि शास्त्रप्रयोजनयोरतएव वाक्याल्लभते, अभिधेयभूता मूलगुणाः तस्माद् ग्राह्यमिदं शास्त्रं प्रयोजनादित्रय[4]समन्वितत्वादिति। सर्वसंयतान् शिरसाभिवन्द्य

तौ मूलगुणनिकौं आचरणकरनैं वाला जीव पूजा, सर्वजन-मान्यता, गुरुता, सर्वजन-मित्रता इत्यादिक फल पावै। तथा परलोक विषैं इन्द्र-पदवी, तीर्थंकर-पदवी, चक्रवर्ती, बलदेवादि-पद तथा सर्व-जननि विषैं सुन्दरता इत्यादि फल पावै।

ऐसें मूलगुण जे सर्वउत्तरगुणनि के आधारभूत आचरण-विशेष तिनहिं कहौंगा। इहाँ संयतशब्द के नाम, स्थापना, द्रव्य, भाव-भेदकरि च्यारि अर्थ हैं। तहां जाति, द्रव्य, गुण, क्रिया की अपेक्षारहित इच्छातैं संज्ञा करिये सो नाम-संयत कहिये। संयत के गुणनितैं साकार-निराकार वस्तु विषैं बुद्धिकरि सो ही यहै हैं। ऐसें स्थापित करी मूर्ति सो स्थापना कहिये। आगम नोआगमभेदतैं द्रव्यसंयत दोयप्रकार हैं। तहां संयत के स्वरूप प्रकासनें करि ज्ञानरूप परिणति की सामर्थ सहित उपयोग रहित जो आत्मा सो आगम द्रव्यसंयत कहिये।

बहुरि ज्ञायकशरीर, भावी, तद्व्यतिरिक्त भेदनितै नोआगम द्रव्यसंयत तीन प्रकार हैं। तहां संयतप्राभृत के जाननेवाला जो आत्मा ताका भूत-भविष्यत-वर्तमान जो शरीर सो ज्ञायक शरीर कहिये। बहुरि होनहार हैं संयत-पर्याय जाकै ऐसा जो प्राभृत ताका जानने वाला उपयोग सहित भलै प्रकार आचरण संयुक्त सो आगम भावसंयत कहिये। सो इहा 'मूलगुणेषु विशुद्धान्' ऐसा विशेषण कह्या। तातैं आगमभावसंयतकरि प्रयोजन जानना। बहुरि इस शास्त्र के प्रयोजन अभिधेय संबंध दिखावैं हैं। तहां मूलगुणादिकनि के स्वरूप का ज्ञान होना तौं इहां प्रयोजन हैं। इहां कोउ कहे कि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूप च्यारि पुरुषार्थ हैं सो प्रयोजन हैं। मूलगुणादिकनि का स्वरूप जानना ही तौ प्रयोजन नांही? ताका समाधान—जो धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूप पुरुषार्थ हू मूलगुणादिकनिक स्वरूप जानेंतैं होय हैं। तातै मुख्य प्रयोजन मूलगुणादिकनि का स्वरूप जानना ही भलै प्रकार हैं। मूलगुणनिकरि शुद्धस्वरूप साध्य हैं। यह मूल-प्रतिपादक शास्त्र साधन है। तातैं शास्त्र प्रयोजन कैं साध्य-साधन रूप संबंध इसही वाक्य तैं जाननां। अभिधेयभूत इहां मूलगुण हैं। तातैं प्रयोजन, संबंध, अभिधेय—इनि तीनों सहित यह ग्रन्थ सो ज्ञानवंतनि-

---

१. क न तु। २. क नं स्वरूपार्थस्तस्य। ३. क मिदं शास्त्रं। ४. क संबंधित्वा।

मूलगुणान् इहपरलोकहितार्थान् कीर्तियिष्यामीति पदघटना। अथवा मूलगुणसंयतानामयं नमस्कारो मूलगुणान् सुविशुद्धान् संयतांश्च[1] वन्दित्वा मूलगुणान् कीर्तयिष्यामि, चशब्दोऽनुक्तोऽपि द्रष्टव्यः। यथा पृथिव्यप्तेजोवायुराकाशमित्यत्र।

मूलगुणकथनप्रतिज्ञां निर्वहन्नाचार्यः संग्रहसूत्रगाथाद्वयमाह—

पंच य[2] महव्वयाइं समिदीओ पंच जिणवरुद्दिट्ठा।
पंचेंविंदियरोहा छप्पि य आवासया लोचो॥ २॥
अच्चेलक्कमण्हाणं खिदिसयणमदंतघंसणं चेव।
ठिदि[3]भोयणेयभत्तं मूलगुणा अट्ठवीसा दु॥ ३॥

पंच य—पंचसंख्यावचनमेतत्। चशब्द एवकारार्थः पंचैव न षट्। **महव्वयाइं**—महान्ति च तानि व्रतानि महाव्रतानि, महान् शब्दो महत्त्वे प्राधान्ये वर्तते, व्रतशब्दोऽपि सावद्यनिवृत्तौ मोक्षावाप्तिनिमित्ताचरणे वर्तते, महद्भिरनुष्ठितत्वात्। स्वत एव वा मोक्षप्रापकत्वेन महान्ति व्रतानि महाव्रतानि प्राणासंयमनिवृत्तिकारणानि। **समिदीओ**—समितयः सम्यगयनानि समितयः सम्यक्श्रुतनिरूपितक्रमेण गमनादिषु प्रवृत्तयः समितयः व्रतवृत्तय इत्यर्थः। **जिणवरुद्दिट्ठा**—कर्मारातीन् जयन्तीति जिनास्तेषां वराः श्रेष्ठास्तैरुपदिष्टाः प्रतिपदिता जिनवरोपदिष्टाः। एतेन

करि ग्रहण करने योग्य हैं। इस गाथा का अन्वय अैसे—जो सर्वसंयंतनिको मस्तक करि प्रणाम करि इहलोक-परलोक के हितार्थ जे मूलगुण तिनहि कहूँगा। अथवा सुविशुद्ध कहिये निर्दोष जे मूलगुण तिनहिं तथा सर्व-संयत तिनहिं मस्तक करि नमस्कारकरि इहलोक-परलोक के हितार्थ जे मूलगुण तिनहि कहौंगा। अैसा हू अर्थ जाननां।

इहां कोऊ पूछै जो मूलगुणनिकों तथा सर्वसंयतिनकौं जुदा-जुदा नमस्कार किया। अर पुनरर्थ का प्रतिपादक 'च' शब्द गाथा विषैं नांही सो कैसैं ही कीया ? ताका समाधान—जो इहां बिनां कह्याहू च शब्द जांनि लेनां। जैसैं पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश इस प्रकरण विषैं ग्रहण करिये हैं।

आगैं मूलगुण कहने की प्रतिज्ञा करी ताकूं निर्वाह करता संता जो आचार्य सो संग्रहसूत्र रूप दोय गाथा कहै हैं—

अर्थ—पंच महाव्रत जिनवर करि उपदेशो हुई पंच समिति, पांचूं हो इंद्रियनि के रोध, छह आवश्यक, लोच, आचेलक्य, अस्नान, क्षितिशयन, अदंतघर्षण, स्थितभोजन, एकभक्त—ए अट्ठाईस हो मूलगुण हैं। ऊन नांही, अधिक नांही॥ २, ३॥

टीका—महाशब्द का प्रधान अर्थ है। व्रतशब्द का सावद्यनिवृत्ति मोक्ष की प्राप्ति कै निमित्त आचरण अैसा अर्थ है। महापुरुष इनकूं आचरण करै है। तथापि ये स्वतै ही मोक्ष प्राप्ति के करनहारे हैं। तातैं महाव्रत कहिये तातैं प्राण संयम-की निवृत्ति के कारण हैं ते ए पंच ही हैं अैसा 'च' शब्द का अर्थ जाननां तथा 'समिति' शब्द का अर्थ कहै हैं—'सम' कहिये सम्यक् शास्त्रोक्त क्रम करि, 'इति' कहिए अयन-गमनादिक कै विषैं प्रवृत्ति ते समिति कहिए। ए व्रतनि की रक्षा करनें वारी हैं। ते कर्मरूप शत्रुकौं

१. "क" तांश्च। २. "अ" प्रति में पंच महव्वयाइं ऐसा पाठ है। ३. "अ" प्रति में ठिदि, "ब" प्रति में ठिद पाठ है।

स्वमनीषिकाचर्चिता इमाः सर्वमूलगुणाभिधा न भवन्ति । आप्तवचनानुसारितया प्रामाण्यमासां समितीनां व्याख्यातं भवति । कियन्त्यस्ताः पंचैव नाधिकाः । **पंचेंविदियरोहा**—इन्द्र आत्मा तस्य लिङ्गमिन्द्रियं, अथवा इन्द्रो नामकर्म तेन सृष्टमिन्द्रियं, तद् द्विविधं द्रव्येन्द्रियं भावेन्द्रियं च, चक्षुरिन्द्रियाद्यावरणक्षयोपशमजनितशक्तिर्भावेन्द्रियं तदुपकरणं द्रव्येन्द्रियं यतो **'लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियं, निर्वृत्युपकरणे द्रव्येंद्रियं'** चेति रोधा अप्रवृत्तयः इन्द्रियाणां श्रोत्रादीनां रोधा इन्द्रियरोधाः सम्यक्ध्यानप्रवेशप्रवृत्तयः कियन्तस्ते पंचैव । **छप्पि य**—षडपि च षडेव न सप्त नापि पंच । **आवासया**—आवश्यकर्तव्यानि आवश्यकानि निश्चयक्रियाः सर्वकर्मनिर्मूलनसमर्थनियमाः । **लोचो**—लोचः हस्ताभ्यां मस्तककूर्चगतवालोत्पाटः । आचेलकं—चेलं वस्त्रं, उपलक्षणमात्रमेतत्, तेन सर्वपरिग्रहः श्रामण्यायोग्यः चेलशब्देनोच्यते, न विद्यते चेलं यस्यासावचेलकः अचेलकस्य भावोऽचेलकत्वं वस्त्राभरणादिपरित्यागः । **अण्हाणं**—अस्नानं जलसेकोद्वर्तनाभ्यङ्गादिवर्जनम् । **खिदिसयणं**—क्षितौ पृथिव्यां तृणफलकपाषाणादौ शयनं स्वपनं क्षितिशयनं [1]स्थाण्डिल्यशायित्वम् । **अदंतघंसणं चेव**—दन्तानां घर्षणं मलापनयनं दन्तघर्षणं न दन्तघर्षणं अदन्तघर्षणं ताम्बूलदन्तकाष्ठादिवर्जनम् । चशब्दः समुच्चयार्थः । एवकारोऽवधारणार्थः । अदन्तघर्षणमेव च । **ठिदिभोयणं**—स्थितस्योर्ध्वतनोः[2]चतुरंगुलपादान्तरस्य भोजनम् ।

जीतैं ते 'जिन' तिनि मैं 'वर' कहिए श्रेष्ठ ते जिनवर, तिनकरि उपदेशी हैं ये सर्व ही मूलगुणनिकी संज्ञा अपनी बुद्धि तैं कल्पित ऐसी नांही हैं । आप्त के वचन का अनुसार तैं कहि है, तातैं प्रमाणता माननी, सो ए समिति पांच ही हैं ।

इंद्रियरोध का अर्थ कहैं हैं—'इंद्र' कहिए आतमा ताका जो लिंग सो इंद्रिय कहिए अथवा इन्द्र कहिए नामकर्म ता करि रची होय सो इंद्रिय कहिए । सो इंद्रिय दो प्रकार हैं—एक द्रव्येन्द्रिय, एक भावेन्द्रिय । तहां चक्षु-इन्द्रियादिक जो आवरण-कर्म ताके क्षयोपशम तैं उपजी जो शक्ति-लब्धि, उपयोग रूप करि दो प्रकार, सो भावेन्द्रिय कहिए, ताका उपकरण निवृत्ति, उपकरण रूप भेद-करि दोय प्रकार सो द्रव्येन्द्रिय कहिए । ते इन्द्रिय श्रोतादिक पांच तिनका रोध कहिये विषय विषैं प्रवृत्ति का रोकनां भलै प्रकार ध्यान कै विषैं प्रवेश करनां ते ए इन्द्रियरोध पांच ही हैं । आवश्यक का अर्थ कहै हैं—अवश्य करवैं योग्य ते आवश्यक कहिये, ये निश्चय क्रिया हैं । समस्त कर्मनि के निर्मूल करनैं विषैं समर्थ नियम हैं ते ए आवश्यक छह ही हैं, सात नांही हैं, पांच नांही हैं । **लोच का अर्थ कहै हैं**—दोउ हाथनितैं मस्तक दाढ़ी-मूछ विषैं ऊगे जे बाल तिनका उपाडनां सो **लोच कहिये । आचेलक्य का अर्थ कहैं हैं**—चेल नाम वस्त्र का है सो यह उपलक्षण-मात्र है, तातैं मुनिपद अयोग्य सर्वपरिग्रह का नाम चेल हैं जाके चेल नहीं सो **अचेलक कहिये** । अचेलक का भाव सो आचेलक्य कहिए—वस्त्र आभरण आदिक का परित्याग सो आचेलक्य कहिये । **अस्नान का अर्थ कहैं** है—जलकरि न्हानां, सींचना, उवटना, मर्दन—इत्यादिक का वर्जन सो अस्नान कहिए ।

क्षितिशयन का अर्थ कहै हैं—पृथिवी विषैं तथा तिणां, फलक, पाषाण आदि विषैं सोवना सो **क्षितिशयन** कहिए । **अदतघर्षण का अर्थ** कहैं हैं—दांतनि का घर्षण कहिये—मल का दूर करनां सो दंतघर्षण कहिए, तांबूल दांतन—इत्यादिक करि दंतघर्षण नांही[3] सो अदंतघर्षण कहियै । 'च' शब्द का समुच्चय[4] अर्थ है । ए 'च' शब्द का नियम अर्थ है । नियमकरि दंतघर्षण नांही करैं हैं—ऐसा मूलगुण का समुच्चय कीया है ।

---

१. क °र्द्धज्ञोः । २. अस्य स्थाने जानोरिरिति पाठः । ३. "अ" प्रति में नहि है । ४. "ब" प्रति में समुचय है ।

एयभत्तं—एकं च तदभक्तं चैकभक्तं, एकवेलाहारग्रहणम् । **मूलगुणा**—मूलगुणा उत्तरगुणाधारभूताः । **अट्ठवीसा** दु—अष्टाविंशतिः तु शब्दोऽवधारणार्थः, अष्टभिरधिका विंशतिरष्टाविंशतिरष्टाविंशतिरेव मूलगुणा नोनाः नाप्यधिका इति ।

द्रव्यार्थिकशिष्यानुग्रहाय संग्रहेण संख्यापूर्वकान् मूलगुणान् प्रतिपाद्य पर्यायार्थिकशिष्यावबोधनार्थं विभागेन वार्तिकद्वारेण तानेव प्रतिपादयन्नाह—

हिंसाविरदी सच्चं अदत्त परिवज्जणं च बंभं च ।
संगविमुत्ती य तहा महव्वया पंच पण्णत्ता ।। ४ ।।

त्रिविधा चास्य शास्त्रस्याचाराख्यस्य प्रवृत्तिः, उद्देशो, लक्षणं, परीक्षा इति । तत्र नामधेयेन मूलगुणाभिधानमुद्देशः । उद्दिष्टानां तत्त्वव्यवस्थापको धर्मो लक्षणम् । लक्षितानां यथालक्षणमुपपद्यते नेति, प्रमाणैरर्थविधारणं परीक्षा तत्रोद्देशार्थमिदं सूत्रम् । उत्तरं पुनर्लक्षणम्, परीक्षा पुनरुत्तरत्र, एवं त्रिविधा व्याख्या । अथवा संग्रहविभागविस्तरस्वरूपेण त्रिविधा व्याख्या । अथवा सूत्रवृत्तिवार्तिकस्वरूपेण त्रिविधा । अथवा सूत्र-प्रतिसूत्र-विभाषासूत्रस्वरूपेण त्रिविधेति । एवं सर्वत्राभिसम्बन्धः कर्तव्य इति । **हिंसाविरदी**—प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं, प्रमादः

स्थितभोजन शब्द का अर्थ कहै हैं—'स्थित' कहिये खड़ा ऊभे हैं। जानू कहिये गोडा जाके च्यार अगुल-परिणाम है पगनि मैं अंतर जाकै अैसे मुनिराज कूं भोजन करनां सो स्थित भोजन है। **एकभक्त**[1] का अर्थ कहै है—एक बार जो भोजन सों एकभक्त कहिये, एक वेला आहार ग्रहण का नाम सो एकभक्त जाननां।

अैसे उत्तरगुणनि के आधारभूत जे मूलगुण ते आठकरि अधिक बीस अैसें अठाईस ही हैं। 'तु' शब्द का नियम अर्थ जांननां। मूलगुण अट्ठाईस तैं हीण (कम) तथा अधिक नांही हैं।

आगैं द्रव्यार्थिक नयावलंबी शिष्य का अनुग्रह के अर्थि संग्रह-नय करि संख्यापूर्वक मूलगुणनि का प्रतिपादन करि पर्यायार्थिक नयावलंबी शिष्य के समझावनैं के अर्थविभाग करि वार्तिक द्वारै तिनही मूलगुणनिका प्रतिपादन करता संता-आचार्य गाथा सूत्र कहै हैं—

अर्थ—हिंसाविरति, सत्य, अदत्तपरिवर्जन, ब्रह्मचर्य तथा संगविमुक्ति कहिए परिग्रहत्याग—अैसें महाव्रत पांच कहे हैं ।।४।।

टीका—या आचारशास्त्र की प्रवृत्ति तीन प्रकार है—१. उद्देश्य, २. लक्षण, ३. परीक्षा। १. तहां नाममात्र मूलगुणनि का कहनां सो उद्देश्य कहिये। २. नामकरि उद्देश्य कहिये तिनका स्वरूप का सूचक धर्म सो लक्षण कहिये। लक्षण कीये ते इहां पाइए हैं कि नांही अैसैं प्रमाणकरि अर्थ का निश्चय करनां **सो परीक्षा** कहिये। तहां उद्देश्य कैं अर्थ इहां सूत्र कह्या है। उत्तरसूत्र है ते लक्षण कै अर्थि है, पीछैं उत्तरसूत्र हैं ते परीक्षा कैं अर्थि है—अैसैं तीन प्रकार व्याख्यान है। अथवा प्रथम संग्रह, पीछै विभाग, पीछै विस्तार—अैसैं तीन प्रकार व्याख्यान हैं अथवा सूत्र, वृत्ति, वार्तिक—अैसैं तीन प्रकार व्याख्यान हैं। अथवा सूत्र, प्रतिसूत्र, विभाषासूत्र—अैसे तीन प्रकार व्याख्यान हैं। अैसा सर्वस्थाननी विषैं संबंध करनां।

१. "अ" प्रति में मुच्त शब्द है।

सकषायत्वं, तद्वानात्मपरिणामः प्रमत्तः, प्रमत्तस्य योगः प्रमत्तयोगस्तस्मात्प्रमत्तयोगाद्दशप्राणानां वियोगकरणं हिंसेति, तस्या विरतिः परिहारः हिंसाविरतिः सर्वजीवविषया दया । **सच्चं**—सत्यं असदभिधानत्यागः "**असदभिधानमनृतं**" सच्छब्दः प्रशंसावाची न सदसत् अप्रशस्तमिति यावत असतोऽर्थस्याभिधानमसदभिधानं, अनृतं—ऋतं सत्यं न ऋतं अनृतं किंपुनस्तदप्रशस्तं प्राणिपीडाकरं यद्वचन तदप्रशस्तं विद्यमानार्थविषयमविद्यमानार्थविषयं वा तस्यासदभिधानस्य त्यागः सत्यं । **अदत्तपरिवज्जणं**—अदत्तपरिवर्जनं अदत्तस्य परिवर्जनं अदत्तपरिवर्जनं, "**अदत्तादानं स्तेयं**"—आदानं ग्रहणं अदत्तस्य पतितविस्मृत-स्थापितानुज्ञातादिकस्य ग्रहणं अदत्तादानं तस्य परित्यागोऽदत्तपरिवर्जनम् । चशब्दः समुच्चयार्थः । **बंभं च**—ब्रह्मचर्यं च, ब्रह्मेत्युच्यते जीवस्तस्यात्मवतः पराङ्गसम्भोगनिवृत्तवृत्तेश्चर्या ब्रह्मचर्यमित्युच्यते मैथुनपरित्यागः । स्त्रीपुंसोश्चारित्रमोहोदये सति रागपरिणामाविष्टयोः परस्परस्पर्शनं प्रतीच्छा मिथुनः, मिथुनस्य कर्म मैथुनं तस्य परित्यागो ब्रह्मचर्यमिति । **संगविमुत्ती य**—संगस्य परिग्रहस्य बाह्याभ्यन्तरलक्षणस्य विमुक्तिः परित्यागः संगविमुक्तिः श्रामण्यायोग्यसर्ववस्तुपरित्यागः परिग्रहासक्त्यभावः । **तहा**—तथा तेनैवागमोक्तेन प्रकारेण । **महव्वयाइं**—महाव्रतानि सर्वसावद्यपरिहारकारणानि पंच न षट् । **पण्णत्ता**—प्रज्ञप्तानि प्रतिपादितानि कैर्जिनेन्द्रैरिति शेषः । महद्भिरनुष्ठितत्वात् स्वत एव वा महान्ति व्रतानि महाव्रतानि पंचैवेति ।।

आगैं हिंसाविरति का अर्थ कहै हैं—कषाय सहित भाव सो प्रमाद कहिए प्रमाद सहित आत्मा का परिणाम सो प्रमत्त कहिये प्रमत्त का योग तैं दस प्राणनिका वियोग करनां सो हिंसा कहियैं । हिंसा की विरति कहिए परिहार सो हिंसा-विरति कहिये सर्व जीवनिकैं विषैं दयाभाव सो **हिंसा-विरति महाव्रतनाम प्रथम मूलगुण** जाननां ।

आगैं सत्य का अर्थ कहे हैं—सत् ऐसा शब्द का प्रशंसा अर्थ है । सत् नहीं सो असत् कहिये अप्रशस्त अर्थ का नाम असत् है असत् अर्थ जाका जो **अभिधान** कहिये कहनां सो असत्य कहिये, जाका अर्थ विद्यमान नांहीं ऐसा वचन हैं तथा जाका अर्थ विद्यमान है तथापि प्राणीनिकूं पीडा करनें वाला वचन है सो असत् वचन कहिए । याही का नाम अनृत कहिये, नृत नाम सत्य का है । अनृत नाम असत्य का है असत् वचन का त्याग सो **सत्यमहाव्रत नामा दूसरा मूलगुण** कहिये ।

अदत्त परिवर्जन का अर्थ कहे है—पड्या हुआ तथा पैलेका भूल्या हुआ तथा पैलें का स्थाप्या हुआ तथा पैलेका दीया नांही सो अदत्त कहिये ताका ग्रहण सो स्तेय कहिये ताका परित्याग सो **अदत्तपरिवर्जन महाव्रत** नाम तीसरा मूलगुण कहिए । 'च' शब्द का समुच्चय अर्थ जाननां ।

ब्रह्म शब्द का अर्थ कहै हैं—ब्रह्म नाम ब्रह्मचर्य का है । पैलें का अंग का संभोग विषैं छोड़ी हैं वृत्ति जानैं ऐसे जीव का नाम ब्रह्म है, ताकी चर्या सो ब्रह्मचर्य कहिये तथा स्त्री-पुरुष कैं चारित्रमोह का उदय को होतैं सन्तैं राग परिणामकरि गहिल होय परस्पर स्पर्शन प्रति इच्छा सो मिथुन कहिये । मिथुन का कार्य सो मैथुन कहिये, ताका परित्याग सो **ब्रह्मचर्य महाव्रत नामा** चौथा मूलगुण कहिए ।

संगविमुक्ति का अर्थ कहै हैं—बाह्य-अभ्यन्तर परिग्रह का नाम संग है, ताकी विमुक्ति कहिये परित्याग, मुनिपदवो अयोग्य सर्ववस्तु का परित्याग परिग्रह के आसक्त ताका अभाव सो **संगविमुक्ति** नामा पांचवां मूलगुण जाननां । ए सर्व महाव्रत सावद्य के परिहार के कारण महाव्रत आगमोक्त प्रकारकरि जिनेन्द्रभगवान् नैं महाव्रत पांच ही कहै हैं । महापुरखनि नैं आचरण कीये, तथा स्वतैं मोक्ष के प्राप्त करनवाले तातैं महाव्रत कहिए ।

जीवस्थानस्वरूपं [1]बन्धस्थानपरित्यागं च प्रतिपादयन् हिंसाविरतेर्लक्षणं प्रपञ्चयन्नाह—

कार्येदियगुणमग्गण कुलाउजोणीसु सव्व जीवाणं ।
णाऊण य ठाणादिसु हिंसादि विवज्जणमहिंसा ॥ ५ ॥

काय—कायाः पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसाः तात्स्थ्यात् साहचर्याद्वा पृथिवीकायिकादयः काया इत्युच्यन्ते, आधारनिर्देशो वा, एवमन्यत्रापि योज्यम् । **इंदिय**—इन्द्रियाणि पञ्च स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणि । एकं स्पर्शनमिन्द्रियं येषां ते एकेन्द्रियाः । द्वे स्पर्शनरसने इन्द्रिये येषां ते द्वीन्द्रियाः । त्रीणि स्पर्शनरसनघ्राणानीन्द्रियाणि येषां ते त्रीन्द्रियाः । चत्वारि स्पर्शनरसनघ्राणचक्षूंषीन्द्रियाणि येषां ते चतुरिन्द्रियाः । पञ्च स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणीन्द्रियाणि येषां ते पञ्चेन्द्रियाः । **गुण**—गुणस्थानानि—मिथ्यादृष्टिः, सासादनसम्यग्दृष्टिः, सम्यग्मिथ्यादृष्टिः, असंयतसम्यग्दृष्टिः, संयतासंयतः, प्रमत्तसंयतः, अप्रमत्तसंयतः, अपूर्वकरणः उपशमकः क्षपकः, अनिवृत्तिकरणः उपशमकः क्षपकः, सूक्ष्मसाम्परायः उपशमकः क्षपकः, उपशान्तकषायः, क्षीणकषायः, सयोगकेवली, अयोगकेवली चेति चतुर्दशगुणस्थानानि । एतेषां स्वरूपं पर्याप्त्यधिकारे व्याख्यास्यामः, इति नेह प्रपञ्चः कृतः । **मग्गण**—मार्गणा यासु यकाभिर्वा जीवा मृग्यन्ते ताश्चतुर्दश मार्गणाः, गतीन्द्रियकाययोगवेदकषायज्ञानसंयम-

---

आगैं जीवस्थानकनि का स्वरूप बंध-स्थान का परित्याग प्रतिपादन करता सन्ता हिंसा-विरति का लक्षण विस्तारता सन्ता आचार्य सूत्र कहै हैं—

अर्थ—काय, इंद्रिय, गुणस्थान, मार्गणा-स्थान, कुल, आयु, योनि—इन विषैं सर्व जीवनिकूं जानिकरि कायोत्सर्गादिक क्रिया-विशेष विषैं हिंसादिक का परिहार सो अहिंसा-व्रत कहिये ॥ ५ ॥

टीका—काय शब्द का अर्थ कहै हैं—पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, वनस्पति, त्रस-रूप जे शरीरी ते काय कहिए। तिनि मैं तिष्ठै हैं यातैं तथा तिनकी लार रहै है यातैं पृथ्वीकायिक आदि जीव हैं तेहू काय संज्ञाकरि कहिये हैं तथा इहां आधार निर्देश कीया है, काय के विषैं जीव है ते जाननें। अैसैं अन्यत्र हू जोरि लेना। इंद्रिय शब्द का अर्थ कहैं हैं—इंद्रिय पांच हैं—स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु श्रोत्र। तहां एक स्पर्शन ही है इंद्रिय जिनकैं ते एकेन्द्रिय जीव हैं। तथा दोय स्पर्श, रसन है इन्द्रिय जिनिकैं ते द्वीन्द्रिय जीव हैं तथा स्पर्श, रसन, घ्राण—अैसैं तीन हैं इन्द्रिय जिनकैं ते त्रीन्द्रिय जीव हैं तथा स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु—अैसे च्यार हैं—इन्द्रिय जिनकैं तें चतुरिंदिय जीव हैं तथा स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र—अैसे पांच हैं इंद्रिय जिनकैं तें पंचैंद्रिय कहिये।

गुण शब्द का अर्थ कहैं हैं—गुण कहिये गुणस्थान, ते चौदह हैं—१. मिथ्यादृष्टि, २. सासादन-सम्यग्दृष्टि, ३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि, ४. असंयत सम्यग्दृष्टि, ५. संयतासंयत, ६. प्रमत्तसंयत, ७. अप्रमत्तसंयत, ८. अपूर्वकरण—उपशम श्रेणी वाला तथा क्षपक श्रेणी वाला, ९. अनिवृत्तिकरण—उपशम श्रेणी वाला तथा क्षपक श्रेणी वाला, १०. सूक्ष्मसांपराय—उपशम श्रेणी तथा क्षपक श्रेणी वाला, ११. उपशांत कषाय, १२. क्षीणकषाय, १३. सयोग केवली, १४. अयोग केवली। इनका स्वरूप आगैं बारंबार वा **पर्याप्ति नामा अधिकार** विषैं व्याख्यान करैंगैं, यातैं इहां विस्तार रूप नांही कीया है।

मार्गणा शब्द का अर्थ कहै हैं—जिन विषैं तथा जिनकरि जीव देखिये हैं ते चौदह मार्गणा हैं—१. गति, २. इन्द्रिय,

दर्शनलेश्याभव्यसम्यक्त्वसंज्ञ्याहाराः। एतासामपि स्वरूपं तत्रैव व्याख्यास्यामः। जीवस्थानानि चैकेन्द्रियबादरसूक्ष्मपर्याप्तापर्याप्त-द्वीन्द्रियपर्याप्तापर्याप्त-त्रीन्द्रियपर्याप्तापर्याप्त-चतुरिन्द्रियपर्याप्तापर्याप्त-पंचेन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्ताः। **कुल**—कुलानि जातिभेदाः, वटपलाशशंखशुक्तिमत्कुण-पिपीलिकाभ्रमरपतङ्गमत्स्यमनुष्यादयः, सीमन्तकादिनारकभेदाः, भवनादिदेवविशेषाश्च। **आऊ**—आयुः देहधारणं, नारकतिर्यग्मनुष्यदेवगतिस्थिति-कारणानि। **जोणि**—योनयः जीवोत्पत्तिस्थानानि, सचित्ताचित्तमिश्रशीतोष्णमिश्रसंवृतविवृतमिश्राणि। एतेषां संख्याविशेषमुत्तरत्र व्याख्यास्यामः। कायाश्चेन्द्रियाणि च गुणस्थानानि च मार्गणाश्च कुलानि चायुश्च योनयश्च कायेन्द्रियगुणमार्गणाकुलायुर्योनयस्तासु तान् वा। **सव्वजीवाणं**—सर्वे च ते जीवाश्च सर्वजीवाः। सर्वशब्दः कात्स्न्र्यवचनः जीवाः द्रव्यप्राणभावप्राणधारणसमर्थाः, तेषां सर्वजीवानाम्। **णाऊण**—ज्ञात्वा स्वरूपमवबुध्य। **ठाणादिसु**—स्थानं कायोत्सर्गः स आदिर्येषां ते स्थानादयस्तेषु स्थानादिषु, स्थानासनशयनगमनभोजनोद्वर्तनाकुंचनप्रसारणादिक्रियाविशेषेषु। **हिंसा**—प्राणव्यपरोपणं आदिर्येषां ते हिंसादयस्तेषां विवर्जनं हिंसादिविवर्जनं वधपरितापमर्दनादिपरिहरणमहिंसा। एतदहिंसाव्रतं कायेन्द्रियगुण-मार्गणाकुलायुर्योनिविषयेषु स्थितानां जीवानां कार्योत्सर्गादिषु प्रदेशेषु प्रयत्नवतो हिंसादिवर्जनं यत्तदहिंसाव्रतं स्यात्। अथवा कायेन्द्रियादीन् ज्ञात्वा

---

३. काय, ४. योग, ५. वेद, ६. कषाय, ७. ज्ञान, ८. संयम, ९. दर्शन, १०. लेश्या, ११. भव्य, १२. सम्यक्त्व, १३. संज्ञी, १४. आहार। इनका भी स्वरूप तहां पर्याप्ति अधिकार विषैं ही व्याख्यान करैंगें।

जीवस्थान कहिये हैं—एकेन्द्रिय विषैं वादर पर्याप्त, अपर्याप्त, सूक्ष्म पर्याप्त, अपर्याप्त—अैसें च्यारि, द्वींद्रियविषैं पर्याप्त, अपर्याप्त—अैसें दोय, तेंइन्द्रिय विषैं पर्याप्त, अपर्याप्त—अैसे दोय, चोइन्द्रिय विषैं पर्याप्त, अपर्याप्त—अैसे दोय, पंचेंद्रिय विषैं संज्ञी पर्याप्त, अपर्याप्त, असंज्ञो पर्याप्त, अपर्याप्त—अैसें च्यारि या प्रकार जीवस्थान चौदह कहै हैं।

कुल शब्द का अर्थ कहैं हैं—कुल नाम जाति भेद का है। जैसे वट, पलास—इत्यादिक एकेन्द्रिय के, शङ्ख, सूक्ति (सीप) इत्यादिक द्विन्द्रिय के, मत्, कुर्णा, पिपीलिका इत्यादिक—तैइंद्रिय कैं, भ्रमर, पतंग इत्यादिक चौइंद्रिय के, मत्स्य, मनुष्यादिक, सीमन्तकादिक—नरकभेद, भवनादिक—देवनि विशेष—ए पंचेन्द्रिय के कुलभेद जानने।

आयु का अर्थ कहे हैं—आयु नाम देह धारण का हैं सो ही नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य, देवगति इनिकी स्थिति का कारण हैं।

योनि शब्द का अर्थ कहैं हैं—योनि कहिये जीवन के उपजनैं के स्थान सचित्त, अचित्त, मिश्ररूप तथा शीत, उष्ण, मिश्र-रूप तथा संवृत्त, विवृत मिश्र—अैसें नव योनि हैं। इनकी विशेष संख्या आगानैं व्याख्यान करैंगें। इहां काय, इंद्रिय, गुणस्थान, मार्गणा, कुल, आयु, योनि—इनका द्वन्द समास करना। इन विषैं सर्व जीवनिकूं जानिकरि तथा सर्वजीवनिके कायादिक जानकरि हिंसा का परिहार करनां, द्रव्यप्राण, भावप्राण धारणैं विषैं समर्थ ते जीव कहिए। समस्त जे जीव ते सर्व जीव कहिए। तिन सर्व जीवनिका स्वरूप जानिकरि हिंसा का परिहार करना।

अवस्थानादिषु—याका अर्थ कहिये हैं। स्थान नाम कायोत्सर्ग का है, सो है आदि जिनकै अैसे स्थान—आसन, शयन, गमन, भोजन, उद्वर्तन, आकुञ्चन, प्रसारण[1]—इत्यादिक जे क्रिया विशेष हैं, तिन विषैं हिंसा कहिए प्राण का व्यपरोपण, 'आदि' शब्दकरि वध, परिताप, मर्दन इत्यादिक दुःखदायी क्रिया का परिहार सो अहिंसा व्रत कहिये तथा संक्षेप काय, इन्द्रिय, गुणस्थान, मार्गणा, स्थान, कुल, आयु, योनि—इनिकैं विषैं तिष्ठतैं जे जीव तिनका कायोत्सर्गादिक प्रदेशनि विषैं जतनाचारीकैं हिंसादिक का

स्थानादिषु क्रियासु जीवानां हिंसादिविवर्जनमहिंसा । कायादिस्वरूपेण स्थितानां जीवानां हिंसादिपरिहरणमहिंसेति भावः ।।

द्वितीयस्य व्रतस्य स्वरूपमाह—

रागादीहिं असच्चं चत्ता परतावसच्चवयणुत्ति ।
सुत्तत्थाणविकहणे अयधावयणुज्झणं सच्चं ।। ६ ।।

रागादीहिं—रागः स्नेहः स आदिर्येषां ते रागादयस्तै रागादिभिः रागद्वेषमोहादिभिः पैशून्येर्ष्यादिभिश्च । **असच्चं**—असत्यं मृषाभिधानम् । **चत्ता**—त्यक्त्वा परिहृत्य । **परतावसच्चवयणुत्ति**—परतापसत्यवचनोक्ति परतापसत्यवचनमिति वा । परान् प्राणिनः तपति पीडयति परतापं, परतापं च तत्सत्यवचनं च परतापसत्यवचनम् । येन सत्येनापि वचनेन परेषां परितापादयो भवन्ति तत्सत्यमपि त्यक्त्वा । **अयधावयणुज्झणं**—न यथा अयथा तच्च तद्वचनं चायथावचनं अपरमार्थवचनं । द्रव्यक्षेत्रकालभावाद्यनपेक्षं सर्वथास्त्येवेत्येवमादिकं तस्य सर्वस्य उज्झनं परिहरणमयथावचनोज्झनं सदाचाराचार्यान्यथार्थकथने दोषाभावो वा सत्यमिति सम्बन्धः । **सुत्तत्थाणविकहणे**—सूत्रं द्वादशाङ्गचतुर्दशपूर्वाणि, अर्थो जीवादयः पदार्थास्तयोर्विकथनं प्रतिपादनं तस्मिन् सूत्रार्थविकथने, सूत्रस्य अर्थस्य च विकथने अयथावचनस्योत्सर्गोऽन्यथा न प्रतिपादनम् । सदाचारस्याचार्यस्य स्खलने दोषाभावो वा । **सच्चं**—सत्यमिति । रागादिभिरसत्यमभिधानमभिप्रायं च त्यक्त्वा, परितापकरं सत्यमपि त्यक्त्वा सूत्रार्थान्यथाकथनं च त्यक्त्वा आचार्यादीनां वचनस्खलने दोषं वा त्यक्त्वा यद्वचनं तत्सत्यव्रतमिति ।

वर्जना सो अहिंसा व्रत कहिये । अथवा काय इंद्रियादिकनकूं जानि स्थानादिक क्रिया के विषैं जीवन की हिंसादिक का त्याग सो अहिंसा कहिए तथा कायादिक स्वरूपकरि तिष्ठते जीवन की हिंसादिक का परिहार सो अहिंसा कहिये । ऐसा भाव जाननां ।

आगैं दूजा व्रत का स्वरूप कहै हैं—

अर्थ—रागादिक करि असत्यवचनकूं छोड़ि पर कूं संताप करै—ऐसा सत्यवचनकूं छोरि सूत्र-अर्थ के कहनें विषैं अथवा वचन का छोड़ना सो सत्यमहाव्रत कहिये ।। ६ ।।

टीका—रागादिक का अर्थ कहै हैं—राग नाम स्नेह का है, सो है आदि जिनकैं ऐसे राग-द्वेष, मोह इत्यादिक तथा पैशून्य, ईर्षा—इत्यादिक करि असत्यवचन नांही कहै तथा परप्राणोनकूं तपावैं, पीडै—ऐसा सत्यवचन कहूं नांही कहैं । यथा नांही सो अयथा कहिए—ऐसा अयथा वचन कहिये । अपरमार्थ वचन द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावादिक की अपेक्षा बिनां हूं सर्वथा सत् रूप ही है, सर्वथा असत् रूप हो है इत्यादिक सर्व एकांतपक्ष का छोड़ना सो अयथा वचन का त्याग कहिये । अथवा समोचोन है आचार जिनका ऐसे आचार्य कोई नय विवक्षातैं तथा स्खलनें तैं अन्यथा अर्थ कहै तौहू द्वेष न कहनां सो सत्य कहिये । तथा सूत्र कहिये द्वादशांग, चतुर्दश पूर्व, अर्थ कहिये, जीवादिक पदार्थ इनका विकथन कहिये प्रतिपादन ताकैं विषैं अयथा वचन कूं छोरौ, अन्यथा प्रतिपादन नांही करै तथा समोचीन है आचार जिनका ऐसे आचार्य सूत्र का अर्थ कहनें विषैं स्खलित होय तौहूं आपकै दोष भाव नाहीं सो सत्यमहाव्रत कहिये । तथा संक्षेप—रागादिक करि असत्य बोलनां तथा अभिप्राय छोरिकरि तथा परजीवकै ताप करनैं

तृतीयव्रतस्वरूपनिरूपणायाह—

गामादिसु पडिदाइं अप्पप्पहुदिं परेण संगहिदं ।
णादाणं परदव्वं अदत्तपरिवज्जणं तं तु ।। ७ ।।

गामादिसु—ग्रामो वृत्तिपरिक्षिप्तजननिवासः स आदिर्येषां ते ग्रामादयस्तेषु ग्रामादिषु ग्रामखेटकर्वटमटंवनगरोद्यानपथिशैलाटव्यादिषु। **पडिदाइं**—पतितमादिर्येषां तानि पतितादीनि पतितनष्टविस्मृतस्थापितादीनि। **अप्पप्पहुदिं**—अल्पं स्तोकं प्रभृतिरादिर्येषां तान्यल्पप्रभृतीनि स्तोक-बहुसूक्ष्मस्थूलादीनि। **परेण**—अन्येन। **संगहिदाइं**—संगृहीतानि चात्मवशकृतानि च क्षेत्रवास्तुधनधान्यपुस्तकोपकरणच्छात्रादीनि तेषां सर्वेषां। **णादाणं**—नादानं न ग्रहणं आत्मीयकरणविवर्जनम्। **परदव्वं**—परद्रव्याणां। **अदत्तपरिवज्जणं**—अदत्तस्यापरित्यक्तस्यानभ्युपगतस्य च परिवर्जनं परिहरणं अदत्तपरिवर्जनं, अदत्तग्रहणेऽभिलाषाभावः। **तं तु**—तदेतत्। परद्रव्याणां ग्रामादिषु पतितादीनामल्पबह्वादीनां परेण संगृहीतानां च यदेतन्नादानमग्रहणं तददत्तपरिवर्जनं व्रतमिति। अथवा परद्रव्यं परेण संगृहीतं च ग्रामादिषु पतितादिकं चाल्पादिकं च नादानं नादेयं आत्मीयं न कर्तव्यमिति योऽयमभिप्रायस्तददत्तपरिवर्जनं नामेति ।।

चतुर्थव्रतस्वरूपनिरूपणायाह—

मादुसुदाभगिणीव य दट्ठूणित्थित्तियं च पडिरूवं ।
इत्थिकहादिणियत्ती तिलोयपुज्जं हवे बंभं ।। ८ ।।

वाला ऐसा सत्यवचन हूँ छोरिकरि सूत्र अर्थ का अयथा कथन कौं छोरिकरि तथा आचार्यादिकनि का वचन स्खलित होतैं दोष भावकूं छोरिकरि जो वचन बोलना सो **"सत्यमहाव्रत"** कहिये।

आगै तीसरे व्रत का स्वरूप निरूपणकैं अर्थि कहै है—

अर्थ—ग्रामादिक के विषैं पड्या गया, भूल्या, धरा इत्यादिक रूप अल्प, बहु, सूक्ष्म, स्थूल वस्तु तथा पैलेनैं संग्रह किया परद्रव्यता का नांही ग्रहण करना सो अदत्तपरिवर्जन महाव्रत है ।। ७ ।।

टीका—कांटेनिकी वाडिकरि बेढ्या जो मनुष्यनिका निवास सो ग्राम कहियें। 'आदि' शब्द तैं खेट, कवर्ट मंटंब, नगर, उद्यान, पथ, शैल, अटवी इत्यादिक लेनैं—इन विषैं पतित कहिए पड्याहुवा, वा नष्ट कहिये किसी का जाता रह्या, विस्मृत कहिए कोउ धरिकरि भूल गया, स्थापित कहिये किसी नैं धर्या इत्यादिक अनेक प्रकार, अल्प-प्रभृति कहिए, थोरा बहुत, स्थूल सूक्ष्म वस्तु तथा पैलेनैं संग्रह कीये आपकै बसि कीये जे क्षेत्र, वास्तु, धन, धान्य, पुस्तक, उपकरण, शिष्य—इत्यादिक समस्त परद्रव्य का ग्रहण नांही करनां। अदत्त कहिये। पैलेनैं दीया नांहीं तथा देने का मन नांही ताका परिवर्जन सो अदत्तपरिवर्जन कहिये। अदत्त का ग्रहण विषैं अभिलाष का अभाव तथा संक्षेप—परद्रव्य, ग्रामादिक कैं विषैं पड्या इत्यादिक अल्प, बहुतनैं आदि-दे तथा पैलेनैं संग्रह कीये ताका ग्रहण नांही करनां सो अदत्तपरिवर्जन व्रत कहिये अथवा परद्रव्य तथा पैलेनैं संग्रह कीया सो ग्रामादिक कैं विषैं पड्या इत्यादिक अल्पादिक ताकूं अपनां न करना ऐसा जो अभिप्राय सो अदत्तपरिवर्जन नाम महाव्रत कहिये।

मादु—माता जननी । **सुदा**—सुता दुहिता । **भगिणीव य**—भगिनी स्वसा । इवौपम्ये द्रष्टव्य इवशब्द उपमार्थः चशब्दः समुच्चयार्थः । **दट्ठूण**—दृष्ट्वा सम्यक् ज्ञात्वा । **इत्थित्तियं**—स्त्रीणां त्रिकं वृद्धबालयौवनभेदात् । **पडिरूवं च**—प्रतिरूपं च । चित्रलेपभेदादिषु स्थितं प्रतिबिंबं देवमनुष्यतिरश्चां च रूपं । **इत्थिकहादिणियत्ती**—स्त्रीकथा आदिर्येषां ते स्त्रीकथादयस्तेभ्यो निवृत्तिः परिहारः स्त्रीकथादिनिवृत्तिः वनिताकोमलालाप-मृदुस्पर्श-रूपालोकन-नृत्यगीतहासकटाक्षनिरीक्षणाद्यनुरागत्यागः । अथवा स्त्रीभक्तराजचौरकथानां परित्यागः रागादिभावेन तत्र प्रबन्धाभावः । **तिलोयपुज्जं**—त्रिभिर्लोकैः पूज्यं त्रिलोकपूज्यं देवभावनमनुष्यैरर्चनीयम् । हवे—भवेत् । **बंभं**—ब्रह्मचर्यम् । देवमनुष्यतिरश्चां वृद्धबालयौवनस्वरूपं स्त्रीत्रिकं दृष्ट्वा यथासंख्येन माता सुता भगिनीव चिन्तनीयम् । तेषां प्रतिरूपाणि च तथैव चिन्तनीयानि । स्त्रीकथादिकं च वर्जनीयम् । अनेन प्रकारेण सर्वपूज्यं ब्रह्मचर्यं नवप्रकारमेकाशीतिभेद द्वाषष्ट्यधिकं शतं चेति ॥

पंचमव्रतस्वरूपपरीक्षार्थमुत्तरसूत्रमाह—

जीवणिबद्धाऽबद्धा परिग्गहा जीवसंभवा चेव ।
तेसिं सक्कच्चागो इयरम्हि य णिम्ममोऽसंगो ॥ ९ ॥

आगैं चतुर्थ व्रत का स्वरूप के निरूपण कैं अर्थि गाथा कहे हैं—

अर्थ—वृद्धा, बाला, यौवनवती स्त्रीनिकूं तथा तिनके प्रतिरूप कूं देखिकरि माता, पुत्री, बहण समान तिनकों जानिकरि स्त्रीकथादिक की निवृत्ति सो तीन लोक पूज्य ब्रह्मचर्य कहिए ॥ ८ ॥

टीका—स्त्रीत्रिक का अर्थ वृद्धा, बाला, यौवनवती—तीन प्रकार स्त्री जाननी । तहां वृद्धा स्त्री कौ माता, समान जानैं, बाला स्त्री कौ पुत्री समान जानें, यौवनवती कौ बहण समान जानैं। इहां 'इव' शब्द का अर्थ उपमां जाननां । 'च' शब्द का अर्थ समुच्चय जाननां तथा इनके प्रतिरूप चित्रभेद, लेपभेद—इत्यादिक विषैं तिष्टते प्रतिबिंब तिनकौं देखि तथा देव, मनुष्य, तिर्यंचनिके रूपन कौं देखि ऐसें ही जानैं । बहुरि स्त्रीकथादिक का परिहार करै । स्त्री का कोमल आलाप विषैं तथा कोमल स्पर्श विषैं तथा रूप के आलोकन विषैं बहुरि नृत्य, गीत, हास्य, कटाक्ष निरीक्षण इत्यादिक विषैं अनुराग का छोडनां अथवा स्त्री संबंधी, भोजन संबंधी, राज संबंधी, चोर संबंधी कथा का परित्याग करनां, रागादिक भावनि करि कथा का प्रबंधन करनां—सो यह देव, भवनवासी, मनुष्य तीन्यूं लोककरि पूज्य ब्रह्मचर्य नाम चौथा महाव्रत है। तथा संक्षेप—देव, मनुष्य तिर्यंचनिकी वृद्धा, बाला, यौवनवती स्त्री कूं देखि तथा तिनके प्रतिरूपनि देखि माता, बहन, पुत्री समान जानैं स्त्रीकथादिक करै नाहीं, ऐसे सर्वपूज्य नव प्रकार तथा इक्यासी प्रकार तथा एकसौ बासठि प्रकार ब्रह्मचर्य व्रत जाननां ।

आगैं पंचमव्रत का स्वरूप की परीक्षा कैं अर्थि उत्तर सूत्र कहै हैं—

अर्थ—जीव-निबद्ध अन्तरंग परिग्रह तथा चेतन परिग्रह तथा अबद्ध अचेतन परिग्रह तथा जीव-संभव मुक्ताफलादिक ताका शक्ति प्रगटकरि त्याग करना । अर इतर जे संयम, ज्ञान, शौंच के उपकरण तिनकैं विषैं ममत्व रहितपणा सो असंगव्रत कहिये ॥ ९ ॥

जीवणिबद्धा—जीवेषु प्राणिषु निबद्धाः प्रतिबद्धा जीवनिबद्धाः प्राण्याश्रिता मिथ्यात्व-वेद राग-हास्य-रत्यरति-शोक-भय-जुगुप्सा-क्रोध-मान-माया-लोभादयः दासीदासगोऽश्वादयो वा । **अबद्धा**—अप्रतिबद्धा अनाश्रिता जीवपृथग्भूताः क्षेत्रवास्तुधनधान्यादयः । **परिग्गहा**—परिग्रहाः समन्तत आदानरूपा मूर्च्छा । **जीवसम्भवा**—जीवेभ्यः सम्भवो येषां ते जीवसम्भवा जीवोद्‌भवा मुक्ताफलशङ्खशुक्तिचर्मदन्तकम्बलादयः क्रोधादयो वा श्रामण्यायोग्याः । **चेव**—चैव । **तेसिं**—तेषां सर्वेषां पूर्वोक्तानां । **सक्कच्चागो**—शक्त्या त्यागः सर्वात्मस्वरूपेणानभिलाषः सर्वथापरिहारः । अथवा तेषां सङ्गानां परिग्रहाणां त्यागः पाठान्तरम् । **इयरम्हि य**—इतरेषु च संयमज्ञानशौचोपकरणेषु । **णिम्ममो**—निर्मम ममत्वरहितत्वं निःसंगत्वम् । **असंगो**—असङ्गव्रतत्वम् । किमुक्तं भवति—जीवाश्रिता ये परिग्रहा ये चानाश्रिताः क्षेत्रादयः जीवसम्भवाश्च ये तेषां सर्वेषां मनोवाक्कायैः सर्वथा त्यागः इतरेषु च संयमाद्युपकरणेषु च असङ्गमतिमूर्च्छारहितत्वमित्येतदसङ्गव्रतमिति ॥

पञ्चमहाव्रतानां स्वरूपं भेदं च निरूप्य पञ्चसमितीनां भेदं स्वरूपं च निरूपयन्नाह—

इरिया भासा एसण णिक्खेवादाणमेव समिदीओ ।
पदिठावणिया य तहा उच्चारादीण पंचविहा ॥ १० ॥

इरिया—ईर्या गमनागमनादिकं । **भाषा**—भाषा वचनं सत्यमृषा-सत्यमृषाऽसत्यमृषाप्रवृत्तिकारणम् । **एसणा**—एषणा चतुर्विधाहारग्रहणवृत्तिः । **णिक्खेवादाणं**—निक्षेपो ग्रहीतस्य संस्थापनं आदानं स्थितस्य ग्रहणं निक्षेपादाने एवकारोऽवधारणार्थः । **समिदीओ**—समितयः

टीका—जीव कहिये प्राणी तिनकै विषैं निबद्ध कहिए आश्रित देह, मिथ्यात्व, वेद, राग, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, क्रोध, मान, माया, लोभ—इत्यादिक तथा दासीदास, बैल, घोड़े—इत्यादिक ते जीव निबद्ध कहिए, ये जीव तैं पृथग्भूत क्षेत्र, वास्तु, धन-धान्य—इत्यादिक अबद्ध परिग्रह—इनका सर्वप्रकार ग्रहण करनें रूप मूर्छा सो परिग्रह है। तथा जीवनतै हैं संभव कहिए उत्पत्ति जिनकी अैसे मोती, शंख, सीप, चरम, दांत, कंवल—इत्यादिक तथा क्रौधादिक मुनि पदवी अयोग्य तिन सबनिका शक्तिप्रगटकरि त्याग करनां, सर्वात्मस्वरूपकरि अभिलाष नांही करना, सर्वथा परिहार करनां। इतर कहिए संयम के, ज्ञान के, शौच के उपकरण तिनकैं विषैं ममत्व रहितपणा सो असङ्ग महाव्रत कहिए। तथा संक्षेप—जीवाश्रित परिग्रह, अनाश्रित क्षेत्रादिक तथा जीवसंभव इन सबनिका मन, वचन, कायकरि सर्वथा त्याग करनां, संयमादिक के उपकरण विषैं मूर्छा रहितपणां सो असंगव्रत है।

अैसे पंचमहाव्रतनिका स्वरूप तथा भेद निरूपणकरि—आगैं पंचसमितिनिका भेद तथा स्वरूप निरूपण करता सन्ता कहै हैं—

अर्थ—ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति, निक्षेपादान कहिए आदाननिक्षेपणा समिति अर उच्चारादि कहिए मूत्र-पुरीषादिक, तिनकी प्रतिष्ठापना कहिए खेपना सो प्रतिष्ठापना समिति—अैसे पंचप्रकार समिति जाननी ॥ १० ॥

टीका—ईर्या नाम—गमन-आगमनादिक का है। भाषा नाम—सत्य, असत्य, उभय, अनुभय—वचन का है। एषणा नाम च्यारि प्रकार आहार ग्रहण की प्रवृत्ति का है। निक्षेप नाम ग्रहणकरी वस्तु धरनें का है। आदान नाम—धरीवस्तु ग्रहण

सम्यक्प्रवृत्तयः । समितिशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते, ईर्यायाः समितिः ईर्यासमितिः सम्यगवलोकनं समाहितचित्तस्य प्रयत्नेन गमनागमनादिकम् । भाषायाः समितिः भाषासमितिः श्रुतधर्माविरोधेन पूर्वापरविवेकसहितमनिष्ठुरादिवचनम् । एषणायाः समितिरेषणासमितिः लोकजुगुप्सादिपरिहीन-विशुद्धपिण्डग्रहणम् । निक्षेपादानयोः समितिर्निक्षेपादानसमितिश्चक्षुःपिच्छकप्रतिलेखनपूर्वकसयत्नग्रहणनिक्षेपादिः । **पदिठावणिया य**—प्रतिष्ठापनिका च, अत्रापि समितिशब्दः सम्बन्धनीयः, प्रतिष्ठापनासमितिर्जन्तुविवर्जितप्रदेशे सम्यगवलोक्य मलाद्युत्सर्गः । **तहा**—तथैव । **उच्चारादीण**—उच्चारादीनां मूत्रपुरीषादीनां प्रतिष्ठापना सम्यक्परित्यागो यः सा प्रतिष्ठापनासमितिः । **पञ्चविहा एव**—पंचप्रकारा एव समितयो भवन्तीत्यर्थः ।

सामान्येन पंचसमितीनां स्वरूपं निरूप्य विशेषार्थमुत्तरमाह—

फासुगमग्गेण दिवा जुंगतरप्पेहिणा सकज्जेण ।
जंतूणि परिहरंतेणिरियासमिदि हवे गमणं ।। ११ ।।

फासुगमग्गेण—प्रगता असवो जीवा यस्मिन्नसौ प्रासुकः प्रासुकश्चासौ मार्गश्च प्रासुकमार्गो निरवद्यः पंथास्तेन प्रासुकमार्गेण, गजखरोष्ट्रगोमहिषीजनसमुदायोपमर्दितेन वर्त्मना । **दिवा**—दिवसे सूरोद्गमे प्रवृत्तचक्षुःप्रचारे । **जुगन्तरप्पेहिणा**—युगान्तरं चतुर्हस्तप्रमाणं प्रेक्षते पश्यतीति युगान्तरप्रेक्षी तेन **युगान्तरप्रेक्षिणा** सम्यगवहितचित्तेन पदनिक्षेपप्रदेशमवलोकमानेन । **सकज्जेण**—कार्यं प्रयोजनं शास्त्रश्रवणतीर्थयात्रागुरुप्रेक्षणादिकं सह कार्येण वर्तते इति सकार्यस्तेन सकार्येण सप्रयोजनेन धर्मकार्यमन्तरेण न गन्तव्यमित्यर्थः । **जन्तूणि**—जन्तून् जीवान् एकेन्द्रिय-

---

करनें का है । निक्षेप अर आदान ताका नाम आदान निक्षेपण है । 'एव' अैसे शब्द का नियम रूप अर्थ है । भलै प्रकार प्रवृत्ति का नाम समिति है । समिति शब्द का एक-एक पद प्रतिसंबंध करनां । ईर्या की समिति सो ईर्या समिति कहिए नीकैं मार्गादिक देखि चित्त समाधान करि गमन-आगमनादिक करनां सो ईर्य्या समिति है । भाषा की समिति सो भाषा समिति कहिये । आगम तथा धर्म का अविरोध करि पूर्वापर विवेक सहित निष्ठुरतादि दोष रहित बोलनां सो भाषा समिति कहिए । एषणा की समिति सो एषणा समिति कहिये । लोक, जुगुप्सा आदि करि रहित विशुद्ध आहार का ग्रहण करनां सो एषणा समिति कहिये । नेत्रनि तैं देखि पीछी तैं प्रतिलेखनकरि यत्न सहित ग्रहण-निक्षेपण करनां सो आदाननिक्षेपण समिति कहिए । याकौं निक्षेपादान समिति भी कहिए । जंतु वर्जित प्रदेश विषैं नीकैं देखिकरि मूत्र-पुरोष आदि देहकैं मलका यत्नाचारकरि छोड़नां सो प्रतिष्ठापना समिति कहिए ।

अैसे पंचप्रकार समितिनिका निरूपणकरि विशेष कथन के अर्थि सूत्र कहे हैं—

अर्थ—प्रासुक मार्गकरि दिन विषैं च्यारि हाथ प्रमाण देखिकरि कार्य सहित प्राणीनकूं न विराधता संता संयमी गमन करै सो ईर्या समिति कहो ।। ११ ।।

टीका—'प्र' कहिए प्रगट नांही विद्यमान है, 'अशु' कहिए जीव जामैं अैसा जो मार्ग सो प्राशुक मार्ग कहिए । हाथी, घोड़ा, ऊँट, बलध, भैंसि, मनुष्य-समुदाय—इनिकरि मरदल्या, निर्दोष प्राशुकमार्गकरि गमन करैं, सो दिवा कहिये-सूर्य का उदय भये नेत्रनिका प्रचार भये गमन करैं । युगांतर कहिए च्यारि हाथ प्रमाण देखि करि नीकैं सावधान चित्त होय अपने चरण धरनैं का प्रदेशनिकैं देखिकरि गमन करैं तथा शास्त्रश्रवण, तीर्थजात्रा, गुरुदर्शन इत्यादि कार्यरूप प्रयोजन करि गमन करैं । धर्म कार्य

प्रभृतीन् । **परिहरंतेण**—परिहरता अविराधयता । **इरियासमिदी**—ईर्यासमितिः । **हवे**—भवेत् । **गमणं**—गमनम् । सकार्येण युगान्तरप्रेक्षिणा संयतेन दिवसे प्रासुकमार्गेण यद्गमनं क्रियते सेर्यासमितिर्भवतीत्यर्थः । अथवा संयतस्य जन्तून् परिहरतो तद्गमनं सेर्यासमितिः ॥

भाषासमितेः स्वरूपनिरूपणायोत्तरसूत्रमाह—

पेसुण्णहासकक्कसपरणिंदाप्पपसंसविकहादी ।
वज्जित्ता सपरहियं भासासमिदी हवे कहणं ॥ १२ ॥

पेसुण्ण—पिशुनस्य भावः पैशुन्यं निर्दोषस्य दोषोद्भावनम् । **हास**—हसनं हासः हास्यकर्मोदयवशादधर्मार्थंहर्षः । **कक्कस**—कर्कशः श्रवणनिष्ठुरं कामयुद्धार्थप्रवर्तकं वचनम् । **परणिन्दा**—परेषां निन्दा जुगुप्सा परनिन्दा । परेषां तथ्यानामतथ्यानां वा दोषाणामुद्भावनं प्रति समीहा अन्यगुणासहनम् । **अप्पपसंसा**—आत्मनः प्रशंसा स्तवः आत्मप्रशंसा स्वगुणाविष्करणाभिप्रायः । **विकहादो**—विकथा आदिर्येषां ते विकथादयः स्त्रीकथा, भक्तकथा, चौरकथा, राजकथादयः । एतेषां पैशुन्यादीनां द्वन्द्वसमासः । **वज्जित्ता**—वर्जयित्वा परिहृत्य । **सपरहियं**—स्वश्च परश्च स्वपरौ ताभ्यां हितं स्वपरहितं, आत्मनोऽन्यस्य च सुखकरं कर्मबन्धकारणविमुक्तम् । **भासासमिदी**—भाषासमितिः । **हवे**—भवेत् । **कहणं**—कथनम् । पैशुन्यहासकर्कशपरनिन्दात्मप्रशंसाविकथादीन् वर्जयित्वा स्वपरहितं यदेतत् कथनं भाषासमितिर्भवतीत्यर्थः ॥

एषणासमितिस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

छादालदोससुद्धं कारणजुत्तं विसुद्धणवकोडी ।
सीदादीसमभुत्ती परिसुद्धा एसणासमिदी ॥ १३ ॥

बिना गमन नाही करैं । तथा एकेंद्रिय आदि जीवनिकी विराधना न करता संता गमन करै तथा संक्षेप कार्य सहित च्यारि हाथ प्रमाण देखि दिनकै विषैं प्राशुक मार्गकरि संयमी गमन करै सो ईर्या समिति कहिए । अथवा प्राणनिकौं न विराधता संता संयमो का गमन सो ईर्य्या समिति कहिए ।

आगैं निरूपणकैं अर्थि सूत्र कहै हैं—

अर्थ—पैशून्य, हास, कर्कश, परनिंदा, आत्मप्रशंसा, विकथा इत्यादिक वचन वर्ज्यकरि अपनां परका हितकारी वचन कहना सो भाषा समिति है ॥ १२ ॥

टीका—पिशुन जो दुष्ट पुरुष ताका निर्दोषकौं दोष लगावनां रूप जो भाव सो पैशून्य कहिए । हास्य कर्म के उदय के वशतैं धर्म प्रयोजन बिना हर्ष करि हसनां सो हास्य कहिए । काननिकौं सुणतैं कठोर लागैं, कामविकार वा संग्रामादिक का करावनैं वाला वचन सौ कर्कश कहिए । पैले का सांचा तथा झूंठ दोष प्रगट करनैं की वांछा, पैलेका गुण का न सहना सो परनिंदा कहिए । आपका गुण प्रगट करनै का अभिप्राय सो आत्मप्रशंसा कहिए । संयम विरुद्ध कथा, स्त्रीकथा, चोरकथा, राजकथा इत्यादिक विकथा कहिए इनिकौ आदि देकरि जे वचन तिनकौं वर्ज्यकरि अपने पराये हितकारी सुखकारी कर्मबन्ध को कारण नांही—अैसे वचन बोलनां सो भाषा समिति कहिए ।

छादालदोससुद्धं—षड्भिरधिका चत्वारिंशत् षट्चत्वारिंशत् षट्चत्वारिंशतश्च [षट्चत्वारिंशच्च] ते दोषाश्च षट्चत्वारिंशद्दोषाः तैः शुद्धं निर्मलं षट्चत्वारिंशद्दोषशुद्धं उद्गमोत्पादनैषणादिकलङ्करहितम् । **कारणजुत्तं**--कारणैर्निमित्तैर्युक्तं सहितं कारणयुक्तं असातोदयजातबुभुक्षाप्रतीकारार्थं वैयावृत्यादिनिमित्तं च । **विसुद्धणवकोडी**--नव च ताः कोटयश्च विकल्पाश्च नवकोटयः विशुद्धा निर्गता नवकोटयो यस्माद्विशुद्धनवकोटि मनोवचनकायकृतकारितानुमतिरहितम् । **सीदादि**--शीतमादिर्यस्य तच्छीतादि शीतोष्णलवणसरसविरसरूक्षादिकम् । **समभुत्ती**--समा सदृशी भुक्तिर्भोजनं समभुक्तिः । शीतादौ समभुक्तिः शीतादिसमभुक्तिः शीतोष्णादिषु भक्ष्येषु रागद्वेषरहितत्वम् । **परिसुद्धा**--समन्ततो निर्मला । **एसणासमिदी**--एषणासमितिः । षट्चत्वारिंशद्दोषरहितं यदेतत् पिण्डग्रहणं सकारणं मनोवचनकायकृतकारितानुमतिरहितं च शीदादौ समभुक्तिश्च, अनेन न्यायेनाचरतो निर्मलैषणासमितिर्भवतीत्यर्थः ।

आदाननिक्षेपसमितिस्वरूपं निरूपयन्नाह--

णाणुवहि संजमुवहिं सउचुवहिं अण्णमप्पमुवहिं ।
पयदं गहणिक्खेवो समिदी आदाणणिक्खेवा ।। १४ ।।

णाणुवहि--ज्ञानस्य श्रुतज्ञानस्योपधिरुपकरणं ज्ञानोपधिर्ज्ञाननिमित्तं पुस्तकादि । **संजमुवहि**-- संयमस्य पापक्रियानिवृत्तिलक्षणस्योपधि[1]-

---

आगैं एषणा समिति का स्वरूप प्रतिपादन करता संता कहे हैं—

अर्थ—छियालीस दोषनि करि रहित कारण सहित नव कोटि करि विशुद्ध शीतोष्णादिक समभाव करि भोजन करनां सो निर्मल एषणा समिति कहिए ।। १३ ।।

टीका—सोलह उद्गम दोष, सोलह उत्पादन दोष, दस एषणा दोष, संयोजना दोष, प्रमाण दोष, अंगारदोष, धूमदोष—अैसे छियालीस दोषनिकरि रहित अरु असाता वेदनीय के उदय-करि उपजी जो क्षुधा ताके मेटनैं कै अर्थि तथा वैयावृत्यादि धर्म निमित्त अैसे कारण युक्त, बहुरि मनकरि कीया नांही, कराया नांही, अनुमोद्या नांही वचनकरि कीया नांही, कराया, अनुमोद्या नांही अैसे नव जो कोटि कहिए विकल्प-तिनितैं रहित सो नवकोटि विशुद्ध कहिए । तथा शीला, ताता, सलोंना, अलोंना, सरस, नीरस, लूखा इत्यादिक भोजन विषैं रागद्वेष रहित समभाव करि भोजन करना—अैसे आचरन करता संयमी कै निर्मल एषणा समिति होय है ।

आगैं आदाननिक्षेपण समिति का स्वरूप निरूपण करना संता कहै हैं—

अर्थ—ज्ञान का उपकरण, संयम का उपकरण, शौच का उपकरण अन्य संस्तरादि उपकरण का यत्नपूर्वक उठावनां, धरनां सो आदाननिक्षेपण समिति कहिए ।। १४ ।।

टीका—ज्ञान कहिए श्रुतज्ञान ताके निमित्त पुस्तकादि उपकरण सो ज्ञानोपधि कहिए । पापक्रिया को निवृत्ति है लक्षण

---

१. क धिः कारणं ।

रुपकरणं संयमोपधिः प्राणिदयानिमित्तं पिच्छिकादिः। **सउचुर्वाहि**--शौचस्य पुरीषादिमलापहरणस्योपधि[1]रुपकरणं शौचोपधिर्मूत्रपुरीषादिप्रक्षालन-निमित्तं कुण्डिकादिद्रव्यम्। ज्ञानोपधिश्च संयमोपधिश्च शौचोपधिश्च ज्ञानोपधिसंयमोपधिशौचोपधयस्तेषां ज्ञानाद्युपधीनाम्। **अण्णमवि**--अन्यस्यापि संस्तरादिकस्य। **उवहिं वा**--उपधेर्वा उपकरणस्य संस्तरादिनिमित्तस्य उपकरणस्य प्राकृतलक्षणबलादत्र षष्ठीविभक्तिर्द्रष्टव्या। **पयदं**—प्रयत्नेनोपयोगं कृत्वा। **गहणिक्खेवो**—ग्रहणं ग्रहः निक्षेपणं निक्षेपः, ग्रहश्च निक्षेपश्च ग्रहनिक्षेपौ। **समिदी**—समितिः। **आदाणणिक्खेवा**—आदाननिक्षेपौ। ज्ञानोपधिसंयमोपधिशौचोपधीनामन्यस्य चोपधेर्यत्नेन यौ ग्रहणनिक्षेपौ प्रतिलेखनपूर्वकौ सा आदाननिक्षेपा समितिर्भवतीत्यर्थः।

पंचमसमितिस्वरूपनिरूपणायाह—

एगंते अच्चित्ते दूरे गूढे विसालमविरोहे।
उच्चारादिच्चाओ पदिठावणिया हवे समिदी ॥ १५ ॥

एगन्ते—एकान्ते विजने यत्रासंयतजनप्रचारो नास्ति। **अच्चित्ते**—हरितकायत्रसकायादिविविक्ते दग्धे—दग्धसमे स्थण्डिले। **दूरे**—ग्रामादिकाद्विप्रकृष्टे प्रदेशे। **गूढे**—संवृते जनानामचक्षुर्विषये। **विसालं**—विशाले विस्तीर्णे विलादिविरहिते। **अविरोहे**—अविरोधे यत्र लोकापवादो नास्ति। **उच्चारादि**—उच्चारो मलं आदिर्यस्य स उच्चारादिस्तस्य उच्चारादेः मूत्रपुरीषादेः। **चाओ**—त्यागः। **पदिठावणिया**—प्रतिष्ठापनिका। **हवे**—समितिः। **समिदि**—एकान्तचित्तदूरगूढविशालाविरोधेषु प्रदेशेषु यत्नेन कायमलादेर्यस्त्यागः सा उच्चारप्रस्रवणप्रतिष्ठापनिका समितिर्भवतीत्यर्थः।

इहां कोउ कहैं यह अंतराय सिद्धभक्ति कीए पहली कहे हैं, ताका समाधान—अैसे कहें तौ सदा ही भोजन का अभाव ठहरैं है। जानैं सिद्धभक्ति न करैं जेतैं तो बैठते भी हैं, उठते भी हैं, मांसादिक भी देखिले, रोदनादिक सुणिले, मल क्षेपनकरि आवैं अंतराय नांही। बहुरि सिद्धभक्ति कोये पहली अंतराय कहिए तौ काकादि पिंडहरण तहां नांही संभवै है। इहां कोउ पूछै—खड़े भोजन का अनुष्ठान किसै अर्थि करिए हैं? ताका समाधान—जेतै मेरे हाथ पाव चलै हैं—ते तैं आहार ग्रहण करना योग्य है—हाथपाव चलै नांही तब आहार करनां योग्य नांही—अैसा जनावनैं कै अर्थि तथा बैठ्या हुआ अन्य पात्रकरि तथा अन्य के हाथकरि मैं भोजन नांही करुं—अैसी प्रतिज्ञा के अर्थि तथा और कारण हैं। अपनां हस्ततल शुद्ध है; तातैं पाणिपात्र ही भोजन कह्या है। यामैं अंतराय होतैं हूँ हाथ का ग्रास ही छोड़ना होय है। बहुत छोड़ना नांही होय है। जो अन्य पात्र में भोजन होता तौ अंतराय होतैं सर्वआहार पूरण पात्र छोडनां पडता। नातै बड़ा दोष आवता। यातै इंद्रियसंयम, प्राणसंयम प्रतिपालनैं कैं अर्थि स्थितिभोजन नाम मूलगुण कह्या।

आगै एकभक्त का स्वरूप निरूपण करता संता कहे हैं—

अर्थ—तीन घड़ी दिन चढै पीछै तथा तीन घड़ी दिन पिछला रहैं, पहली मध्यकाल कै विषैं, एक मुहूर्त काल विषै तथा दोय मुहूर्त काल विषैं तथा तीन मुहूर्त काल विषैं एक बार भोजन करनां सो एकभक्त नामा मूलगुण कहिए।

१-२. न नास्ति क प्रतौ। ३. क °डग्रहणं°।

उदयत्थमणे—उदयश्चास्तमनं च उदयास्तमने तयोः सवितुरुदयास्तमनयोः। **काले**—कालयोः, अथवा उदयास्तमनकालौ द्वितीयान्तौ द्रष्टव्यौ। **णालीतियवज्जियम्हि**—नाड्या घटिकायास्त्रिकं नाडीत्रिकं तेन नाडीत्रिकेण वर्जितं नाडीत्रिकवर्जितं तस्मिन् घटिकात्रिवर्जिते। **मज्झम्हि**—मध्ये। **एक्कम्हि**—एकस्मिन्। **दुअ**—द्वयोः। **तिए वा**—त्रिषु वा। **मुहुत्तकाले**—मुहूर्तकाले। **एयभत्तं तु**—एकभक्तं तु। उदयकालं नाडीत्रिकप्रमाणं वर्जयित्वा। अस्तमनकालं च नाडीत्रिकप्रमाणं वर्जयित्वा शेषकालमध्ये एकस्मिन् मुहूर्ते द्वयोर्मुहूर्तयोस्त्रिषु था मुहूर्तेषु यदेतदशनं तदेकभक्तसंज्ञकं व्रतमिति पूर्वगाथासूत्रादशनमनुवर्तते तेन सम्बन्ध इति। अथवा नाडीत्रिकप्रमाणे उदयास्तमनकाले च वर्जिते मध्यकाले त्रिषु मुहूर्तेषु भोजनक्रियाया या निष्पत्तिस्तदेकभक्तमिति। अथवा अहोरात्रमध्ये द्वे भक्तवेले तत्र एकस्यां भक्तवेलायां आहारग्रहणमेकभक्तमिति। एकशब्दः संख्यावचनः भक्तशब्दोऽपि कालवचन इति। एकभक्तैकस्थानयोः को विशेष इति चेन्न पादविक्षेपाविक्षेपकृतत्वाद्विशेषस्य, एकस्मिन् स्थाने त्रिमुहूर्तमध्ये पादविक्षेपमकृत्वा भोजनमेकस्थानं, त्रिमुहूर्तकालमध्ये एकक्षेत्रावधारणरहिते भोजनमेकभक्तमिति। अन्यथा मूलगुणोत्तरगुणयोरविशेषः स्यात् न चैवं प्रायश्चित्तेन विरोधः स्यात्। तथा चोक्तं प्रायश्चित्तग्रन्थेन, 'एकस्थानमुत्तरगुणः एकभक्तं तु मूलगुण' इति। तत्किमर्थमिति [1]चेन्न इन्द्रियजयनिमित्तं, आकांक्षानिवृत्त्यर्थं, महापुरुषाचरणार्थं चेति। किमर्थं महाव्रतानां भेद इति चेन्न, छेदोपस्थापन-शुद्धिसंयमाश्रयणात्। नापि महाव्रतसमितीनामभेदः सचेष्टाचेष्टाचरणविशेषाश्रयणात्। नाप्यात्मदुःखार्थमेतत्, अन्यथार्थत्वात् भिषक्क्रियावदिति। अथ तपसां गुप्तीनां च क्वान्तर्भाव इति प्रश्ने उत्तरमाह—अनशनं नाम अशनत्यागः स च त्रिप्रकारः। मनसा च न भुंजे न भोजयामि, भोजने व्यापृतस्य

टीका—सूर्य का उदयकाल तथा सूर्य का अस्त काल विषै पहली पिछली तीन-तीन घड़ी छोड़िकरि मध्यकाल विषै एक मुहूर्त काल विषै तथा दोय मुहूर्त काल विषै तथा तीन मुहूर्त काल विषैं जो एक बार भोजन सो एकभक्त मूलगुण कहिए।

एक दिन विषैं दोय भोजन बेला है। तहां येक वेला आहार ग्रहण करनां सो एकभक्त कहिए। यहां कोउ पूछे एकभक्त में एक स्थान में विशेष कहा, ताका समाधान—जो पादविक्षेप रहित एक स्थान विषैं भोजन करिए सो एकस्थान कहिए। कारण विशेषतैं जामैं पादविक्षेप करिए सो एकभक्त कहिए। जातैं एकस्थान तौ उत्तरगुण है, एकभक्त मूलगुण है।[2] ऐसे प्रायश्चित ग्रंथ मैं कह्या है। इहां एकभक्तनामा मूलगुण इंद्रियनिके जीतिवे अर्थि, आकांक्षा की निवृत्ति कै अर्थि, महाव्रत का आचरणकैं अर्थि कह्या हैं। इहां कोउ पूछै महाव्रतनि के भेद किसी अर्थि वर्णन कीए? ताका समाधान—छेदोपस्थापना को शुद्धता रूप संयम का आश्रयतैं भेदवर्णन कीए सामायिक संयम का आश्रयतैं भेद नाहीं। सर्व सावद्ययोग का त्यागरूप एक ही महाव्रत है। इहां कोउ कहैं महाव्रतनि कै अर समितिनिकैं भेद कहां? ताका समाधान—चेष्टा सहित आचरण प्रवृत्ति रूप है, यातैं समिति कहिए हैं—अर चेष्टा रहित आचरण निवृत्ति रूप सो महाव्रत कहिए। बहुरि यह महाव्रतादिरूप आचरण है सो आतमा कैं दुःख कैं अर्थि नांही है, अन्य प्रयोजन के कारणपनैंतैं जैसें रोग की निवृत्ति कै अर्थि कडवो वौषधि, लंघन, पथ्यभोजन आदिक करिए सो आरोग्यता आदिक सुख ही कै अर्थि है।

बाह्य तप के छह भेद—इहां कोई पूछै—अंतरंग बहिरंग तपनि का बहुरि गुप्तिनि का अंतर्भाव कहां कोया? ताका उत्तर—प्रथम तौ भोजन का त्याग रूप अनशननामा तप है। सो तीन प्रकार है—मनकरि भोजन करु नांही, अन्य कूं कराऊं

१. क चेत् इ। २. ब प्रति में एकभक्त मूलगुण कहिए हैं—ऐसा पाठ है।

नानुमति करोमि भुञ्जे भुङ्क्ष्व वचसा न भणामीति चतुर्विधाहारस्याभिसन्धिपूर्वकं कायेनादानं न करोमि हस्तसंज्ञया प्रवर्तनं न करोमि नानुमतिसूचनं कायेन करोमि इत्येवं मनोवाक्कायक्रियाणां कर्मोपादानकारणानां त्यागोऽनशनं नाम। तथा योगत्रयेण तृप्तिकारिण्या भुजिक्रियाया दर्पवाहिन्या निराकृतिरवमोदर्यं। तथा आहारसंज्ञाया जयः गृहादिगणनान्यायेन वृत्तिपरिसंख्यानं। तथा मनोवाक्कायक्रियाभीरसगोचरगार्द्धत्यजनं रसपरित्यागः। काये सुखाभिलाषत्यजनं कायक्लेशः। चित्तव्याकुलतापराजयो विविक्तशयनासनम्। स्वकृतापराधगूहनत्यजनं आलोचना। स्वकृतादशुभयोगात्प्रतिनिवृत्तिः प्रतिक्रमणं। तदुभयोज्झनमुभयम्। येन यत्र वा अशुभयोगोऽभूत् तन्निराक्रिया[1] ततोऽपगमनं विवेकः। देहे ममत्वनिरासः कायोत्सर्गः। तपोऽनशनादिकम्। असंयमजुगुप्सार्थं प्रव्रज्याहापनं छेदः। पुनश्चारित्रादानं मूलं। कालप्रमाणेन चतुर्वर्ण्यश्रमणसंघाद्बहिष्करणं परिहारः। विपरीतं गतस्य मनसः निवर्तनं श्रद्धानं, दर्शनज्ञानचारित्रतपसामतीचारो[2] अशुभक्रियास्तासामपोहनं विनयः। चारित्रस्य कारणानुमननं वैयावृत्यम्।

नांही, भोजन में व्यापार करै ताकी अनुमोदना करुं नांही। वचनकरि मैं भोजन करुंगा, तूं भोजन करि, भोजन कीया सो भला काम कीया—अैसा कहौं नांही। बहुरि अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य रूप च्यारि प्रकार आहार का अभिप्रायपूर्वक कायकरि ग्रहण करुं नांही, हाथनिकी चेष्टाकरि प्रवर्तन करुं नांही, काय अंगुली आदि करि अनुमोदनां करुं नांही—अैसे कर्माश्रव की कारण जे[1] मन-वचन-काय की क्रिया ताका त्याग—याका नाम अनशन है। तथा तृप्ति की करणहारी, मदादिक की वधावनहारी जो भोजनक्रिया ताका मन, वचन, कायकरि निराकरण करनां, अल्पभोजन लेनां सो अवमोदर्य तप कहिए।

तथा आहार की वांछा का जीतनां, घर इत्यादिक की गणना करि वृत्ति का नियम करणां सो वृत्ति-परिसंख्यान कहिए। तथा मन, वचन, काय की क्रियाकरि रसनि कै विषै आकांक्षा का छोडनां सो रसपरित्याग कहिए। तथा काय के सुख का अभिलाष छोडनां सो कायक्लेश कहिए। तथा चित्त की व्याकुलता का जीतनां सो विविक्त-शय्याशन कहिए। **आभ्यन्तर तप के भेदोपभेदों का कथन**—प्रथम प्रायश्चित तप के भेदों का तथा अपनां कीया अपराध का छिपावन न करनां सो आलोचना प्रायश्चित कहिए। तथा अपनां कीया अशुभ योगतैं निवृत होनां सो प्रतिक्रमण कहिए। तथा आलोचना, प्रतिक्रमण दोऊ करणां सो तदुभय कहिए। तथा जा कारणकरि अशुभ योग हुवा ताका निराकरण अथवा जहां अशुभयोग हुवा तहां तैं जुदा होनां सो विवेक कहिए। तथा देह कैं विषैं ममत्व का निराकरण सो कायोत्सर्ग प्रायश्चित कहिए तथा अनशनादिक करणां सो तपनाम प्रायश्चित्त कहिए। असंयम की ग्लानि कै अर्थि दीक्षा का छेदन करनां सो छेद नाम प्रायश्चित्त कहिए बहुरि समस्त दीक्षा छेदि बहुरि संयम का अंगीकार करनां सो मूलनामा प्रायश्चित कहिए।

तथा काल की मर्यादा करि च्यारि प्रकार के मुनिसंघतैं बारैं काढनां (साधु को संघ से बाहर करना) परिहार नामा प्रायश्चित कहिये। तथा विपरीत भाव कूं प्राप्त हुवा जो मन ताका छोडनां सो श्रद्धांन नामा प्रायश्चित कहिए। अैसे प्रायश्चित तप के भेद जानने।

तथा दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप—इनिके अतीचार अशुभक्रिया तिनका निराकरण करनां सो विनय नामा तप कहिए। तथा चारित्र के कारण जे आचार्यादिक तिनिकी अनुमोदनां करनां, तिनिकां दुःख दूरि करनां सो वैयावृत्य नामा तप कहिए। तथा

---

१. क °क्रियते ततोपयोगमनं। २. क °चारामणमशु°। ३. दोनों प्रतियों में वौसधि शब्द हैं, परन्तु औषधि होना चाहिए।

अंगपूर्वाणां सम्यक् पठनं **स्वाध्यायः**। शुभविषये एकाग्रचिन्तानिरोधनं ध्यानम्। सावद्ययोगेभ्य आत्मनो गोपनं गुप्तिः। सा च मनोवाक्काय-क्रियाभेदात्त्रिप्रकारा। एतेषां सर्वेषां तपसां गुप्तीनां च नित्ययुक्तानां च मूलगुणेष्वेवान्तर्भावः। कादाचित्कानां चोत्तरगुणेष्वन्तर्भाव इति, तथा सम्यक्त्वज्ञानचारित्राणामपि मूलगुणेष्वन्तर्भावस्तैर्विना तेषामभावादिति।

मूलगुणफलप्रतिपादनार्थोपसंहारगाथामाह—

एवं विहाणजुत्ते मूलगुणे पालिऊण तिविहेण।
होऊण जगदि पुज्जो अक्खयसोक्खं लहइ मोक्खं ॥ ३६ ॥

एवं—अनेन प्रकारेण। **विहाणजुत्ते**—विधानयुक्तान् पूर्वोक्तकमभेदभिन्नान् सम्यक्त्वाद्यनुष्ठानपूर्वकान्। **मूलगुणे**—मूलगुणान् पूर्वोक्तलक्षणान्। **पालिऊण**—पालयित्वा सम्यगनुष्ठाय आचार्य। **तिविहेण**—त्रिविधेन मनसा वचसा कायेन वा। **होऊण**—भूत्वा। **जगदिपुज्जो**—जगति लोके पूज्योऽर्चनीयः। **अक्खयसोक्खं**—अक्षयसौख्यं व्याघातरहितं। **लभइ**—लभते प्राप्नोति। **मोक्खं**—मोक्षं अष्टविधकर्मापायोत्पन्नजीव-स्वभावम्॥

इत्याचारवृत्तौ वसुनंदिविरचितायां प्रथमः परिच्छेदः॥ १ ॥

अंग-पूर्व का सम्यक् पढ़ना सो स्वाध्याय नामा तप कहिए। तथा शुभ विषै एकाग्रचिंता का निरोध सो ध्यान नामा तप कहिये—अैसे बारह प्रकार तप जाननां।

बहुरि सावद्य योगतैं आत्मा की रक्षा करनां सो मन, वचन, काय के भेदतैं तीन प्रकार गुप्ति है। अैसे ये सर्व तप तथा गुप्ति कहे। तिनिमैं जो नित्य युक्त युक्त होहि तिनिका तौ मूलगुणनि विषैं ही अंतर्भाव जाननां। बहुरि जो कदाचित् युक्त होहि तिनिका उत्तरगुणनि विषैं अन्तर्भाव जाननां। तथा सम्यक्त्व-ज्ञान-चारित्र का भी मूलगुणनि विषैं अन्तर्भाव जाननां। जातैं सम्यक्त्व, ज्ञान, चारित्र बिनां मूलगुणनिका अभाव है।

आगे मूलगुणनिका फल का प्रतिपादन कैं उपसंहार रूप गाथा कहै हैं—

अर्थ—अैसे विधान करि युक्त मूलगुणनिकौं मन, वचन, कायकरि पालि जगत् कैं विषैं पूज्य होय अक्षय है सुख जा विषैं अैसा मोक्ष हैं; ताहि पावै हैं ॥ ३६ ॥

टीका—एवं कहिए या प्रकार विधान करिकैं युक्त पूर्वे कह्या जो अनुक्रम अर भेद, तिनकरि भिन्न-भिन्न सम्यक्त्वादिक का आचरणपूर्वे कहे हैं लक्षण जिनके—अैसे मूलगुण तिनकूं पालि मन, वचन, कायकरि निर्दोष अनुष्ठान आचरणकरि जगत् कै विषैं पूज्य होय व्याघातरहित अक्षय है सुख जहां अैसा अष्ट प्रकार कर्म के नाशकरि उत्पन्न भया जीव का स्वभाव सो हैं लक्षण जाका अैसा जो मोक्ष ताहि पावैं हैं।

अैसे आचार्य श्री वट्टकेर स्वामिविरचित मूलाचारनाम प्राकृत ग्रंथ की वसुनंदि सिद्धान्तचक्रवर्ति विरचित आचारवृत्ति नाम संस्कृत टीका कैं अनुसार इह देशभाषामय वचनिका विषैं अठाईस मूलगुणनिका हैं वर्णन जामैं अैसा **प्रथम अधिकार समाप्तभया।**[1]

इहां पर्यंत गाथा सूत्र छत्तीस (३६) भए।

२. बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवाधिकारः

प्रत्याख्यान[1] संस्तरस्तवप्रतिपत्तृभ्यां[2] सहाभेदं कृत्वात्मनः ग्रंथकर्ता प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवनामधेयद्वितीयाधिकारार्थमाह। अथवा षट्काला यतीनां भवन्ति तत्रात्मसंस्कारसल्लेखनोत्तमार्थकालास्त्रयः आराधनायां कथ्यते। शेषा दीक्षाशिक्षागणपोषणकाला आचारे, तत्राद्येषु त्रिषु कालेषु यद्युपस्थितं मरणं तत्रैवंभूतं परिणामं विदधेऽहमित्यत आह—

सव्वदुक्खप्पहोणाणं सिद्धाणं अरहदो णमो।
सद्दहे जिणपण्णत्तं पच्चक्खामि य पावयं॥ १॥

सव्वदुक्खप्पहीणाणं—सर्वाणि च तानि दुःखानि च सर्वदुःखानि समस्तद्वन्द्वानि तैः प्रहीणा रहिताः। अथवा सर्वाणि दुःखानि प्रहीणानि येषां ते सर्वदुःखप्रहीणास्तेभ्यः। **सिद्धाणं**—सिद्धेभ्यः सम्यक्त्वाद्यष्टगुणैश्वर्येभ्यः। **अरहदो**—अर्हद्भ्यश्च नवकेवललब्धिप्राप्तेभ्यश्च चशब्दोनुक्तोऽपि द्रष्टव्यः। **णमो**—नमो नमोऽस्ति तेभ्यः। **सद्दहे**—श्रद्दधे रुचिं कुर्वे। **जिणपण्णत्तं**—कर्मारातीन् जयन्तीति जिनः तैः प्रज्ञप्तं कथितं जिनप्रज्ञप्तं जिनकथितं। **पच्चक्खामि**—प्रत्याख्यामि परिहरे। **पावयं**—पापकं दुःखनिमित्तम्। सर्वद्वंद्वरहितेभ्यः सिद्धेभ्योऽर्हद्भ्यो नमोस्तु। सर्वज्ञपूर्वक आगमो यतोऽतस्तन्नमस्कारानन्तरमागमश्रद्धानं श्रद्दधे जिनप्रज्ञप्तमित्युक्तं सम्यक्त्वपूर्वकं च, यतः आचरणमतः प्रत्याख्यामि सर्वपापकमि-

---

२. बृहत्प्रत्याख्यान संस्तरस्तवाधिकारः

आगैं प्रत्याख्यानसस्तरस्तव नामा दूसरा अधिकार का प्रारम्भ करिए हैं। यद्यपि प्रत्याख्यान अर संस्तरस्तव दोय अधिकार हैं, तथापि इनिके करनैं वाला आत्मा एक है। तातैं ग्रंथकर्ता अभेदकरि एक अधिकार कीया है अथवा मुनिराजनिके छहकाल होय हैं, तहां—(१) आत्मसंस्कार काल, (२) सल्लेखनाकाल, (३) उत्तमार्थकाल—अैसे तीन काल तौ आराधना विषैं वर्णन करिए है। अवशेष (४) दीक्षाकाल, (५) शिक्षाकाल, (६) गणपोषणकाल—अैसे तीनकाल आचार विषै वर्णन करिए हैं। तहाँ आदि के तीन कालानि विषैं जो मरण आप प्राप्त होय तौ तहाँ मैं अैसे परिणाम करूं हूं, अैसा कहै हैं—

अर्थ—सर्व दुःखतैं रहित जे सिद्धपरमेष्ठी तथा अर्हत्परमेष्ठी तिनिकूं नमस्कार होहु। मैं जिनभगवानकरि कह्या आगम का श्रद्धान करूं हूँ। बहुरि पाप का त्याग करूं हूँ॥ १॥

टीका—सर्वदुःख तिनिकरि प्रहोन कहिये रहित अथवा सर्वदुःख भए है प्रहोण जिनके अैसे सम्यक्त्व कूं आदि देय अष्टगुणनि के ईश्वर सिद्धपरमेष्ठी तिनिकै अर्थि। बहुरि नवकेवललब्धि कौं प्राप्त भए—अैसे अरहंत परमेष्ठी तिनकै अर्थि नमस्कार होहु। इहाँ गाथा विषैं च शब्द नांही कह्या तोहूँ जानि लेनां। कर्म्म रूपो शत्रुकौं जोतैं ते जिन कहिए। तिनिकरि कह्या जो आगम ताको श्रद्धा करुं हूँ। बहुरि दुख का निमित्त जो पाप ताका प्रत्याख्यान करुं हूँ, परिहार करुं हूँ। इहाँ आगम सर्वज्ञपूर्व कहैं। यातैं आगम श्रद्धान करनें पहलो सर्वज्ञ कौं नमस्कार कीया। ताकै अनन्तर जिन प्रणीत आगम का श्रद्धान कीया। बहुरि आचरण सम्यक्त्वपूर्वक है। यातैं आगम श्रद्धान कहि पीछैं सर्व पाप का प्रत्याख्यान कह्या अथवा नमो अैसा शब्द क्त्वा प्रत्ययान्त

त्युक्तं । अथवा क्त्वान्तोऽयं नमःशब्दः प्राकृतं लोपबलेन सिद्धः । सिद्धानर्हंतश्च नमस्कृत्वा जिनोक्तं श्रद्दधे पापं च प्रत्याख्यामीत्यर्थः । अथवा [1]मिङन्तोऽयं नमःशब्दः तेनैवं सम्बन्धः कर्तव्यः—सर्वदुःखप्रहीणान् सिद्धान् अर्हतश्च नमस्यामि जिनागमं च श्रद्दधे । पापं च प्रत्याख्यामीत्येकक्षणे[2]ऽनेकक्रिया एकस्य कर्तुः संभवंति इत्यनेकान्तद्योतनार्थमनेन न्यायेन सूत्रकारस्य कथनमिति ॥

भक्तिप्रकर्षार्थं पुनरपि नमस्कारमाह—

णमोत्थु धुदपावाणं सिद्धाणं च महेसिणं ।
संथारं पडिवज्जामि जहा केवलिदेसियं ॥ २ ॥

अथवा प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवौ द्वावधिकारौ, द्वे शास्त्रे वा तृहीत्वा एकोऽयं अधिकारः कृतः, कुतो ज्ञायते नमस्कारद्वितयकरणादिति । **णमोत्थु**—नमोऽस्तु । **च धुदपावाणं**—धुतं विहतं पापं कर्म यैस्ते धुतपापस्तेभ्यः । **सिद्धाणं** च—सिद्धभ्यश्च । **महेसिणं**—महर्षिभ्यश्च केवलर्द्धिप्राप्तेभ्यः । [3]**संथरं**—संस्तरं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपोमयं भूमिपाषाणफलकतृणमयं वा । **पडिवज्जामि**—प्रपद्ये अभ्युपगच्छामि । **जहा**—यथा । **केवलिदेसियं**—केवलिभिर्दृष्टः केवलिदृष्टस्तं केवलज्ञानिभिः प्रतिपादितमित्यर्थः । धुतपापेभ्यः सिद्धेभ्यो महर्षिभ्यश्च नमोऽस्तु । केवलिदृष्टं संस्तरं प्रतिपद्येऽहं इति पूर्ववत्सम्बन्धः कर्तव्यः । सिद्धानां नमस्कारो मंगलादिनिमित्तं महर्षीणां च तदनुष्ठितत्वाच्चेति ।

है । प्राकृत विषैं लोप के बलकरि अैसा भी सिद्ध हो है । यातैं अैसा अर्थ भया—सिद्धन कौं, बहुरि अरहन्तनिकौं नमस्कारकरि जिनोक्त का श्रद्धान करौ हूँ । पाप का प्रत्यख्यान करुं हूँ अथवा णमो अैसा शब्द मिङन्त है । जैनेन्द्रव्याकरण के अभिप्रायकार मिङन्त कह्या है । पाणिनीय व्याकरणवाले मिङन्त कौ तिङन्त कहै हैं । यातैं अैसा सम्बन्ध करना—सर्वदुःखतैं रहित जे सिद्ध, बहुरि अरहृत तिनिकौं 'नमस्यामि'—नमस्कार करुं हूं । बहुरि जिन आगम का श्रद्धान करौं हूँ । पाप का प्रत्याख्यान करुं हूँ—अैसे एक क्षण विषै अनेक क्रिया एक कर्ता कै संभवै है अैसा अनेकान्त का द्योतन कैं अर्थि इस न्यायकरि सूत्रकारनैं कथन कोया है ।

आगैं भक्ति का प्रकर्ष कैं अर्थि बहुरि नमस्कार करै है प्राकृत अनुष्टुप श्लोक में—

अर्थ—हन्या है पापकर्म जिननैं, अैसे सिद्धनिके अर्थि बहुरि महर्षि कहिए केवलज्ञानीनि कैं अर्थि नमस्कार होहु । मैं जैसे केवलि भगवान देख्या तैसा संस्तर कौं प्राप्त होता हूँ ॥ २ ॥

टीका—इहाँ दूसरा नमस्कार करने तैं अैसा जानिए हैं । प्रत्याख्यान अर संस्तरस्तव—ये दोय अधिकार हैं, दोय शास्त्र हैं । तिनिकैं ग्रहणकरि एक अधिकार कीया है । तातैं पहले सूत्र विषैं तौ प्रत्याख्यान कहने को प्रतिज्ञा सूचै हैं । दूसरे सूत्र में संस्तरस्तव कहने की प्रतिज्ञा सूचै है—सो ही कहिये हैं । धुत कहिये—हनैं हैं पापकर्म जिननैं, अैसे सिद्ध परमेष्ठी । बहुरि महर्षि कहिए केवलऋद्धि कौं प्राप्त भये अैसे अरहंत परमेष्ठी, तिनकैं अर्थि नमस्कार होहु । मैं सम्यक्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तपमयी अभ्यंतर संस्तर अथवा भूमि, पाषाण, फलक, तृणमयी बाह्य संस्तर । जैसे केवलज्ञानीननैं प्रतिपादन कीया तैसे प्राप्त होता हूँ ।[4] इहाँ सिद्धनिकौं नमस्कार मंगलादिक के निमित्त पहले कीया, पीछैं संस्तर के अनुष्ठान करने वाला महाऋषीश्वर तिनकौं नमस्कार कीया अैसा जाननां ।

---

१. क. तिङन्तो, २. क. नैका क्रिया, ३. क. संथारं, ४. ब प्रति में ''प्राप्त हूं'' ।

प्रतिज्ञानिर्वहणार्थमाह—

जं किंचि मे दुच्चरियं सव्वं तिविहेण वोसरे ।
सामाइयं च तिविहं करेमि सव्वं णिरायारं ।। ३ ।।

जं किंचि—यत्किंचित् । **मे**—मम । **दुच्चरियं**—दुश्चरितं पापक्रियाः । **सव्वं**—सर्वं निरवशेषं । **तिविहेण**—त्रिविधेन मनोवचनकायैः । **वोसर**—व्युत्सृजामि परिहरामि । **सामाइयं च**—सामायिकं [1]समन्वीभावं च । **तिविहं**—त्रिप्रकारं मनोवचनकायगतं कृतकारितानुमतं वा । **करेमि**—कुर्वेऽहम् । **सव्वं**—सर्वं सकलम् । **णिरायारं**—आकारान्निर्गतं निराकारं निर्विकल्पम् । समस्ताचरणं निर्दोषं यत्स्तोकमपि दुश्चरितं तत्सर्वं व्युत्सृजामि त्रिविधेन, सामायिकं च सर्वं निरतिचारं निर्विकल्पं च यथा भवति तथा करोमीत्यर्थः, दुश्चरित्रकारणं यत् तत्सर्वं त्रिप्रकारैः मनोवाक्कायैः परिहरामीति ।

उत्तरसूत्रमाह—

बज्झब्भंतरमुवहिं सरीराइं च सभोयणं ।
मणसा वचि[2] कायेण सव्वं तिविहेण वोसरे ।। ४ ।।

बज्झं—बाह्यं क्षेत्रादिकम् । **अब्भंतरं**—अभ्यन्तरमन्तरंगं मिथ्यात्वादि । **उवहिं**—उपधिं परिग्रहम् । **सरीराइं च**—शरीरमादिर्यस्य तच्छरीरादिकम् । **सभोयणं**—सह भोजनेन वर्तत इति सभोजनं आहारेण सह । **मसणा वचि काएण**—मनोवाक्कायैः । **सव्वं**—सर्वम् ।

आगैं जो कथन को प्रतिज्ञाकरी ताका निर्वाह कैं अर्थि कहै हैं—

अर्थ—जो कोउ मेरी पाप-क्रिया है, तिनि सवनिका मनो, वचन, कायकरि त्याग करौ हूँ । बहुरि तीन प्रकार सर्वनिर्विकल्प सामायिक हैं, ताहि करौं हूँ ।। ३ ।।

टीका—जो कोउ मेरा दुश्चरित पापक्रिया समस्त है—तिसका त्रिविध मनो-वचन-कायकरि त्याग करूं हूँ, परिहार करौं हूँ । बहुरि सामायिक कहिये समताभाव ताहि त्रिविध कहिये मन, वचन, कायकरि तीन प्रकार अथवा कृत-कारित-अनुमोदनाकरि तीन प्रकार, निराकार कहिये आकार रहित, निर्विकल्प समस्त अतोचार रहित निर्दोष ताहि करौ हौं ।

आगैं दुश्चरित्र का कारण जो है, ताहि सर्व कूं मन-वचन-काय तोन्यों प्रकारकरि परिहार करौ हूँ । असे उत्तरसूत्र कहैं हैं—

अर्थ—बाह्य-आभ्यन्तर परिग्रह, बहुरि भोजन सहित शरीरादिक तिस सर्वका मन-वचन-कायकरि, कृत-कारित अनुमोदनाकार परित्याग करुं हूँ ।। ४ ।।

टीका—बाह्य परिग्रह—क्षेत्रादिक, आभ्यंतर परिग्रह—मिथ्यात्वादिक, बहुरि भोजन कहिए आहार तिसकरि सहित

---

१. क. समत्वभावं च । २. अ, ब प्रतिमें 'वचिया' ।

तिविहेण—त्रिप्रकारैः कृतकारितानुमतैः । **वोसरे**—व्युत्सृजामि । बाह्यं शरीरादि सभोजनं परिग्रहं, अन्तरंगं च मिथ्यात्वादिकं सर्वं त्रिप्रकारैर्मनोवाक्कायैः परिहरामीत्यर्थः ।

सव्वं पाणारंभं पच्चक्खामि अलीयवयणं च ।
सव्वमदत्तादाणं मेहूण परिग्गहं चेव ॥ ५ ॥

सव्वं पाणारंभं—सर्वं प्राणारम्भं जीववधपरिणामम् । **पच्चक्खामि**—प्रत्याख्यामि दयां कुर्वेऽहम् । **अलीयवयणं च**—व्यलीकवचनं च । **सव्वं**—सर्वम् । **अदत्तादाणं**—अदत्तस्यादानं ग्रहणमदत्तादानम् । **मेहूण**—मैथुनं स्त्रीपुरुषाभिलाषम् । **परिग्गहं चेव**—परिग्रहं चैव बाह्याभ्यन्तरलक्षणं । सर्वं हिंसाऽसत्यस्तेयाब्रह्ममूर्च्छास्वरूपं परित्यजामीत्यर्थः ।

सामायिकं करोमीत्युक्तं तत्किं स्वरूपमित्यतः प्राह—

सम्मं मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झं ण केणवि ।
आसा[1] वोसरित्ताणं समाहिं पडिवज्जए ॥ ६ ॥

सम्मं—समता सदृशत्वम् । **मे**—मम । **सव्वभूदेसु**—सर्वाणि च तानि भूतानि च सर्वभूतानि तेषु शत्रुमित्रादिषु प्राणिषु । **वेरं**—वैरं शत्रुभावः । **मज्झं**—मम । **ण केण वि**—न केनापि । **आसा**[1]—आशाः तृष्णाः । **वोसरित्ता**—व्युत्सृज्य परित्यज्य । **अणं**—इमम् । **समाहिं**—समाधि

सरीरादिक तिस सर्वका मन-वचन-कायकरि, कृत-कारित अनुमोदनांकरि तीन प्रकार परित्याग करुं हूँ।

अर्थ—सर्वहिंसा, असत्य, स्तेय, अब्रह्म, मूर्छा-स्वरूप जे पाप हैं, तिनिका परित्याग करुं हूँ ॥ ५ ॥

टीका—सर्व प्राणारंभ कहिए—जोवघात का परिणाम ताका प्रत्याख्यान करुं हूँ। दयाभाव कूं अंगोकार करुं हूँ। बहुरि सर्व व्यलोक वचन कहिए झूंठवचन ताका प्रत्याख्यान करुं हूं। बहुरि सर्व अदत्त का आदान कहिये-ग्रहण ताका प्रत्याख्यान करुं हूँ। बहुरि मैथुन कहिए—स्त्रो पुरुष का अभिलाष रूप अब्रह्म ताका प्रत्याख्यान करुं हूँ। बहुरि बाह्य-आभ्यंतर समस्त परिग्रह ताका प्रत्याख्यान करूं हूं।

भावार्थ—हिंसा, असत्य, स्तेय, मैथुन, परिग्रहस्वरूप पंच पाप हैं तिनैं त्यजूं हूं।

आगैं पूर्वे कह्या था—मैं सामायिक करूंगा, ताका स्वरूप कहां ? ऐसे प्रश्न होतैं सूत्र कहै हैं—

अर्थ—मेरे सर्व प्राणिनि विषैं समता-भाव है। किसी सूं मेरे वैर नांहो। आशा जो तृष्णा ताहि छोड़िकरि समाधि कूं अंगोकार करूं हूं ॥ ६ ॥

टीका—साम्यं कहिये समभाव, सर्वभूत कहिए-प्राणो तिनि विषै शत्रु-मित्रादिक हैं तिनि विषैं मेरे सदृशपना है। मेरे

---

१. क. आसाए।

समाधानं **पडिवज्जामि (पडिवज्जए)**—[1]प्रतिपद्येऽहम् । वैरं मम न केनापि सह यतः समता मे सर्वभूतेषु अतः आशा व्युत्सृज्य समाधिं[2] प्रतिपद्येऽहमिति ।

कथं वैरं भवतो नास्तीत्यत आह—

खमामि सव्वजीवाणं सव्वे जीवा खमंतु मे ।
[3]मित्ती मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झं ण केणवि ॥७॥

खमामि—क्षमेऽहं क्रोधादिकं [4]त्यक्त्वा मैत्रीभावं करोमि । **सव्वजीवाणं**—सर्वे च ते जीवाश्च सर्वेजीवास्तान् शुभाशुभपरिणामहेतून् । **सव्वे जीवा**—सर्वे जीवाः समस्तप्राणिनः । **खमंतु**—क्षमन्तां सुष्ठूपशमभावं कुर्वन्तु । **मे**—मम । [5]**मित्ती**—मैत्री मित्रत्वं । **सव्वभूदेसु**—सव्वभूतेषु । **वेरं**—वैरं । **मज्झ**—मम । **ण केण वि**—न केनापि । सर्वजीवान् क्षमेऽहं, सर्वे जीवा मे क्षमन्तां, एवं परिणामं यतः करोमि ततो वैरं मे न केनाऽपि, मैत्री सर्वभूतेष्विति ।

न केवलं वैरं त्यजामि, वैरनिमित्तं च यत् तत्सर्वं त्यजामीत्यतः प्राह—

रायबंधं पदोसं च हरिसं दीणभावयं ।
उस्सुगत्तं भयं सोगं [6]रदिमरदिं च वोसरे ॥८॥

रायबंधं—रागस्य रागेण वा बन्धो रागबन्धः स्नेहानुबन्धस्तम् । **पदोसं च**—प्रद्वेषमप्रीतिं च । **हरिसं**—हर्षं लाभादिना आनन्दम् ।

किसी सूं बैरभाव नांही यातैं सर्व्व आशा तृष्णा छोड़िकरि समाधिभाव है, ताहि अंगीकार करूंगा ।

इहाँ कोउ कहैं तुमारै वैरभाव कैसे नांही ? ऐसे प्रश्न होते संतैं कहै हैं—

अर्थ—मैं सर्व जीवन प्रति क्षमाभाव करूं हूं । बहुरि सर्व जोव मेरे ऊपरि क्षमा करौ, मेरे सर्व जीवनि विषैं मैत्री भाव है । मेरे किसी ही जीवकरि वैरभाव नांही है ॥ ७ ॥

टीका—मैं क्रोधाधिकभाव छोड़ि शुभ-अशुभ परिणाम के कारण जे सर्व जीव तिनि प्रति क्षमाभाव करुं हूँ । बहुरि सर्व जीव हैं, ते मेरे ऊपरि क्षमाभाव करौ । मेरे ऊपरि अतिशय करि उपशमभाव करौ । मेरे सर्वप्राणिनि विषै मैत्रीभाव है । मेरे किसी सूं वैरभाव नांही ।

आगैं ऐसैं कहे है कि मैं केवल बैर ही नांही तजू हूं, जो जो बैर का निमित्त कारण है तिनि सबही कूं छोड़ू[7] हूँ ।

अर्थ—राग, बंध, प्रद्वेष, वहुरि हर्ष, दीनभाव, उत्साह, भय, शोक, रति, अरति-वेर के कारण भाव हैं तिनिका परित्याग करुं हूं ॥ ८ ॥

टीका—राग का बंधाण अथवा राग करि बंधाण ऐसा स्नेहानुबंधाण सो रागबंध कहिए । बहुरि अप्रीति रूप जो भाव

१–२. क. प्रपद्ये । ३, ५. क. मेत्ती । ४. क. मुक्त्वा । ६. क. रइं अरइं । ७. ब छोड़ूंगा ।

दीणभावयं—दीनभावं याञ्चादिना करुणाभिलाषदैन्यं च । **उस्सुगत्तं**—उत्सुकत्वं सरागमनसाऽन्यचिंतनं । **भयं**—भीतिम् । **सोयं**—शोकं इष्टवियोगवशादनुशोचनम् । **रइं**—रतिमभिप्रेतप्राप्तिम् । **अरइं** अरतिं अभिप्रेताऽप्राप्तिं । **वोसरे**—व्युत्सृजामि। रागानुबन्धद्वेषहर्षदीनभावमुत्सुकत्वभयशोकरत्यरतिं च त्यजामीत्यर्थः ।

ममत्तिं परिवज्जामि णिम्ममत्तिमुवट्ठिदो ।
आलंबणं च मे आदा अवसेसाइं वोसरे ॥९॥

ममत्तिं—ममत्वं । **परिवज्जामि**—परिवर्जामि परिहरेऽहं । **णिम्ममत्तिं**—निर्ममत्वमसंगत्वं । **उवट्ठिदो**—उपस्थितः । यदि सर्वं भवता त्यज्यते किमालम्बनं भविष्यतीत्यत आह—**आलंबणं च**—आलम्बनं चाश्रयः **मे**—मम । **आदा**—आत्मा । **अवसेसाइं**—अवशेषाणि अधिकानि । **वोसरे**—व्युत्सृजामि । किं बहुनोक्तेनानन्तज्ञानदर्शनसुखवीर्यरत्नत्रयादिकं मुक्त्वान्यत्सर्वं त्यजामीत्यर्थः ।

आत्मा च भवता किमिति कृत्वा न परित्यज्यते इत्यत आह—

आदा हु मज्झ णाणे आदा मे दंसणे चरित्ते य ।
आदा पच्चक्खाणे आदा मे संवरे जोए ॥१०॥

आदा—आत्मा । **हु**—स्फुटं । **मज्झ**—मम । **णाणे**—ज्ञाने । **आदा**—आत्मा । **मे**—मम । **दंसणे**—दर्शने तत्त्वार्थश्रद्धाने आलोके

ताकूं प्रद्वेष कहिए । बहुरि लाभादिक करि आनंद रूप जो भाव सो हर्ष कहिए, बहुरि याचनादिककरि करुणा का कारण बचन-अभिलाष सो दीनभाव कहिए ॥ बहुरि राग सहित मनकरि अन्य कार्य का चिंतवन करनां सो उत्सुकत्व कहिए । बहुरि भयरूप भाव अर इष्ट वियोग के वशतैं निरंतर शोच का करनां सो शोकभाव, वहुरि अभिप्रेत वस्तु की प्राप्ति होतैं रतिभाव, बहुरि अभिप्रेत वस्तु की अप्राप्ति होतैं अरतिभाव—ए सर्व वैरभाव के निमित्तकारण हैं । तिनि सर्व का परित्याग करूं हूं । बहुरि कहैं हैं—

अर्थ—मैं ममत्व का परिहार करुं हूं । बहुरि निर्ममत्व भाव कूं प्राप्त भया हूं, मेरै आत्मा ही का अवलंबन है । अवशेष सर्व भावनिका त्याग करुं हूं ॥ ९ ॥

टीका—मैं ममत्वभाव का परिहार करुं हूं, निर्ममत्व कहिए परिग्रह-रहित भाव ताकूं प्राप्त भया हूं । इहां कोउ कहै है जो तुम सर्व भावनि का त्याग करौ हो, तो तुम्हारे आलंबन काहे का है ? ताका समाधान—मेरे आत्मा ही का आलंबन है, याही का आश्रय है, अवशेष सर्व का त्याग है, बहुत कहनैं करि कहाँ ? अनंतज्ञान-दर्शन-सुख-वीर्य-रत्नत्रयादिक-इनि बिना अन्य सर्व का त्याग है ।

आगे कोउ कहै—जो तुमनैं सर्वका त्याग कीया तो आत्मा हू का त्याग क्यों नहीं कीया ? ऐसा प्रश्न होतैं कहै हैं—

अर्थ—मेरा आत्मा ज्ञान विषै है । मेरा आत्मा दर्शन विषै है, बहुरि चारित्र विषै है, बहुरि मेरा आत्मा प्रत्याख्यान विषें है । मेरा आत्मा संवर विषै है, बहुरि योग विषै है, यातैं याका त्याग कैसे करिए ? । १० ॥

टीका—मेरा आत्मा प्रगटपणें ज्ञान विषें है बहुरि मेरा आत्मा प्रत्याख्यान विषै है । बहुरि मेरा आत्मा आश्रव का निरोध

८ । **चरित्ते य**--चारित्रे च पापक्रियानिवृत्तौ । **आदा**—आत्मा । **पच्चक्खाणे**—प्रत्याख्याने । **आदा**—आत्मा । **मे**—मम । **संवरे**—आस्रवनिरोधे । **जोए**--जोगे शुभव्यापारे ॥

एओ य मरइ जीवो एओ य उववज्जइ ।
एयस्स जाइमरणं एओ सिज्झइ णीरओ ॥११॥

एओ य--एकश्चासहायश्च **मरइ**--म्रियते शरीरत्यागं करोति । **जीवो**--जीवः चेतनालक्षणः । **एओ ज**--एकश्च । **उववज्जइ**--उत्पद्यते । **एयस्स**--एकस्य । **जाइ**--जातिः **मरणं**--मृत्युः । **एओ**--एकः । **सिज्झइ**--सिद्धयति मुक्तो भवति । **णीरओ**--नीरजाः कर्मरहितः ।

एओ मे सस्सओ अप्पा णाणदंसणलक्खणो ।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा ॥१२॥

एओ--एकः । मे--मम । **सस्सओ**--शाश्वतो नित्यः । **अप्पा**--आत्मा । **णाणदंसणलक्खणो**--ज्ञानं च दर्शनं च ज्ञान दर्शनं ते एव लक्षणं यस्यासौ ज्ञानदर्शनलक्षणः । **सेसा मे**--शेषाः शरीरादिका मम । **बाहिरा**--बाह्या अनात्मीयाः । **भावा**--पदार्थाः । **सव्वे** --सर्वे समस्ताः । **संजोगलक्खणा**-- **संयोगलक्षणाः** अनात्मनीनस्यात्मभावः संयोगः, संयोग एव लक्षणं येषां ते संयोगलक्षणा विनश्वरा इत्यर्थः । ज्ञानदर्शनचारित्रप्रत्याख्यानसंवरयोगेषु ममात्मैव, यतो म्रियते उत्पद्यते च एक एव, यतः एकस्य जातिमरणे[1], यतः एकश्च नीरजाः सन् सिद्धिं याति, यतः शेषाश्च सर्वे भावाः संयोगलक्षणा बाह्या यतः, अत एवात्मा ज्ञानदर्शनलक्षणः नित्यो ममेति ।

जो संवर ता विषै है । बहुरि मेरा आत्मा योग कहिए—शुभ व्यापार ता विषै है । आगे फेरि कहै हैं—

अर्थ—जीव अकेला मरै है, जीव अकेला उपजै है, एक हो कै जन्म-मरण होय है, एक ही कर्म रहित हुआ सिद्ध होय है ॥ ११ ॥

टीका—जीव अकेला कहिए सहाय रहित मरे है, शरोर का त्याग करै है । बहुरि यह जीव चेतना है लक्षण जाका अैसा अकेला ही उपजै है । जन्म-मरण अकेला हो कैं होय है । जब कर्म्म रज रहित होय है तब अकेला सिद्ध होय है ।

भावार्थ—जीव सर्वकाल असहाय है, अकेला है, सर्व अवस्था मैं एक है । बहुरि कहै हैं—

अर्थ—ज्ञानदर्शन है लक्षण जाका, अैसा एक मेरा आत्मा है, सो शाश्वत है । अवशेष मोतैं बाह्य सर्वभाव हैं, ते संयोग लक्षणा कहिए विनश्वर हैं ॥ १२ ॥

टीका—ज्ञानदर्शन है लक्षण जाका, अैसा एक मेरा आत्मा है सो शाश्वता कहिये नित्य हैं, अवशेष मोतैं बाह्य सर्वभाव हैं । अवशेष शरीरादिक मेरे बाह्य सर्व पदार्थ हैं । तै संयोग लक्षण हैं । अन्य पदार्थ का आत्मा कै संबंध रूप संयोग सो ही है लक्षण जिनका अैसे विनश्वर है । ज्ञान-दर्शन-चारित्र, प्रत्याख्यान, संवर, योग—इनि विषै मेरा आत्मा हो है, जातैं अकेला हो मरै है, अकेला ही उपजै है, अकेला ही कै जन्ममरण है । बहुरि अकेला ही कर्मरज रहित हुवा संता मोक्ष कौं प्राप्त होय है । जातैं अवशेष

१. क. स्य च जातिः मरणं ।

अथ किमित कृत्वा संयोगलक्षणो भावः परिह्रियते इति चेदत आह—

संजोयमूलं जीवेण पत्तं दुक्खपरंपरं ।

तम्हा संजोयसंबंधं सव्वं तिविहेण वोसरे ॥१३॥

संजोयमूलं—संयोगनिमित्तं । **जीवेण**—जीवेन । **पत्तं**—प्राप्तं, लब्धं । **दुक्खपरंपरं**—दुःखानां परम्परा दुःखपरम्परा क्लेशनैरन्तर्यम् । **तम्हा**—तस्मात् । **संजोयसंबंधं**—संयोगसम्बन्धम् । **सव्वं**—सर्वम् । **तिविहेण**—त्रिविधेन मनोवचनकार्यैः । **वोसरे**—व्युत्सृजामि । संयोगहेतोर्जीवेन यतो दुःखपरम्परा प्राप्ता, तस्मात् संयोगसम्बन्धं सर्वं त्रिविधेन व्युत्सृजामीत्यर्थः ।

पुनरपि दुश्चरित्रस्य परिहारार्थमाह—

मूलगुणउत्तरगुणे जो मे णाराहिओ पमाएण[1] ।

तमहं सव्वं णिंदे पडिक्कमे आगमिस्साणं ॥१४॥

मूलगुणउत्तरगुणे—मूलगुणाः प्रधानगुणाः, उत्तरगुणा अभ्रावकाशादयो मूलगुणदीपकास्तेषु मध्ये । **जो मे**—यः कश्चिन्मया । **णाराहिओ**—नाराधितो नानुष्ठितः । **पमाएण**—प्रमादेन केनचित्कारणान्तरेण [2]सालसभावात् । **तमहं**—तच्छब्दः पूर्वप्रक्रान्तपरामर्शी, तदहं मूलगुणाद्यनाराधनम् । **सव्वं**—सर्वम् । **णिंदे**—निन्दामि आत्मानं जुगुप्से । **पडिक्कमे**—प्रतिक्रमामि निर्हरे न केवलमतीतवर्तमानकाले [3]**आगमिस्साणं**—आगमिष्यति च काले । ये गुणास्तेषां मध्ये यो नाराधितो गुणस्तमहं सर्वं निन्दयामि प्रतिक्रमामि चेति ।

सर्वभाव हैं, ते संयोग संबंध रूप बाह्य हैं, अनित्य हैं । अर मेरा आत्मा-ज्ञान-दर्शन है लक्षण जाका सो ही नित्य है ।

आगै कहै है कि संयोग लक्षण भाव का परिहार काहैं कौं कीजिये ? अैसा प्रश्न होतै कहै हैं—

अर्थ—संयोग के निमित्ततैं दुःख को परम्परा कौं जीव प्राप्त हुवा तातैं सर्व संयोग संबंध कौं मन, वचन, कायकरि छोड़ हूं ॥ १३ ॥

टीका—जीव नैं संयोग के निमित्तकरि दुःख की परम्परा निरन्तर क्लेश पाये तातैं सर्व संयोग संबंध हैं, ताहि मन, वचन, कायकरि तीन प्रकार छोड़ूं हूं ।

बहुरि फेरि भी दुश्चरित्र के परिहार कैं अर्थि सूत्र कहैं हैं—

अर्थ—मूलगुण-उत्तरगुण विषै प्रमाद करि जो मैं आराधन कीया नांही तिस सर्व दोषनिको निंदा करौ हूं, प्रतिक्रमण करुं हूं, आगामी काल विषै जो गुण आराधनैं में नांही आवै—अैसे दोषनि की निंदा करुं हूं ॥ १४ ॥

टीका—मूलगुण कहिये प्रधानगुण, उत्तरगुण कहिये अभ्रावकाश योग कौं आदि देकरि मूलगुणनिके उद्योत करनहारे विशेष गुण तिन विषैं जो कोई गुण प्रमाद करिकै आलस्यभाव करिकै तथा कोई कारणांतर करिकै मैंने आराध्या नांही तिस सर्वदोष कूं निंदौ हूं । मेरे आत्मा की निंदा करौ हूं, प्रतिक्रमण करौ हूं, केवल अतोत, वर्तमान काल हो का दोष का परिहार नांहो करौ हूं, आगामी काल विषैं तिनगुणनिमैं आराधनै में नांही आवैं तिस सर्व दोषनिकी निंदा करौ हूं ।

---

१. अ, ब प्रति में—णाराधिवो पम ादेण । २. क. नालस । ३. क. आगमेसाणं ।

तथा—

अस्संजमण्णाणं मिच्छत्तं सव्वमेव य मर्मात्त ।
जीवेसु अजीवेसु य तं णिंदे तं च गरिहामि ॥ १५ ॥

अस्संजमं—असंयमं पापकारणम् । **अण्णाणं**—अज्ञानं अश्रद्धानपूर्वकवस्तुपरिच्छेदनम् । **मिच्छत्तं**—मिथ्यात्वमतत्त्वार्थश्रद्धानम् । **सव्वमेव य**—सर्वमेव च । **मर्मात्त**—ममत्त्वमनात्मोये आत्मीयभावम् । **जीवेसु अजीवेसु य**—जीवाजीवविषयं च । **तं णिंदे**—तं निन्दामि । **तं च**—तच्च । **गरिहामि**—गर्हेऽहं परस्य प्रकटयामि । मूलोत्तरगुणेषु मध्ये यन्नाराधितं प्रमादतोऽतीतानागतकाले तत्सर्वे निन्दामि प्रतिक्रमामि च । असंयमाज्ञानमिथ्यात्वादि[1] जीवाजीवविषयं ममत्वं च सर्वं गर्हे निन्दामि चेति प्रमाददोषेण दोषास्त्यज्यन्ते ।

प्रमादाः पुनः किं न परिह्रियन्त इति चेन्न तानपि परिहरामीत्यत आह—

सत्त भए अट्ठ मए सण्णा चत्तारि गारवे तिण्णि ।
तेत्तीसाच्चासणाओ रायद्दोसं च गरिहामि ॥ १६ ॥

सत्तभए—सप्तभयानि । **अट्ठमए**—अष्टौ मदानि । **सण्णा चत्तारि**—संज्ञाश्चतस्रः आहारभयमैथुनपरिग्रहाभिलाषान् । **गारवे**—गौरवाणि ऋद्धिरससातविषयगर्वान् । **तिण्णि**—त्रीणि । **तेत्तीसाच्चासणाओ**—त्रिभिरधिका त्रिंशत् त्रयस्त्रिशत् पदार्थैः सह सम्बन्धः । त्रयस्त्रिंशतां

बहुरि कहे हैं—

अर्थ—असंयम, अज्ञान, मिथ्यात्व, जीव-अजीव पदार्थ विषै सर्व ममत्व अैसे भावन की निंदा करौ हूं, बहुरि गर्हा करौ हूं ॥ १५ ॥

टोका—पाप का कारण—असंयम भाव बहुरि श्रद्धान रहित वस्तु का जानना, अैसा अज्ञानभाव, बहुरि तत्त्वार्थ का अश्रद्धान रूप मिथ्यात्वभाव । बहुरि जोवाजोव कहिये चेतन-अचेतन पदार्थ विषैं ममत्व कहिये अपने नांही, अैसे परभाव तिन विषैं आत्मीय भाव—इन सब भावन की निंदा करुं हूँ तथा गर्हा करौं हूं, पहले कौं प्रगट जणाउ हूं । इहां अैसा जाननां—मूलगुण-उत्तरगुण विषै जो गुण आराध्या नांही प्रमाद थकी अतोत काल विषैं तथा अनागत काल विषैं तिस सर्व दोषनि को निंदा करुं हूं । बहुरि प्रतिक्रमण करौ हूं । असंजम, अज्ञान, मिथ्यात्व, चेतन-अचेतन परिग्रह विषैं ममत्व तिस सर्वदोषनि को निंदा, गर्हा करौं हूं । अैसे प्रमाद दोषतैं जे दोष लागै हैं तिनका परित्याग कीया ।

इहां कोउ कहे है प्रमाद दोषतैं, जे दोष लागै है, तिनका परिहार कीया । बहुरि प्रमादनिका परिहार क्यौं नहीं कीया ? अैसे प्रश्न हौंते तिनका भी परिहार करुं हूं, अैसे कहै है—

अर्थ—सात भय, आठमद, बहुरि आहार, भय, मैथुन, परिग्रह—इनि का अभिलाष रूप च्यारि संज्ञा, बहुरि रिद्धि का गर्वरूप रिद्धिगौरव, रस का गर्वरूप रसगौरव, सात कहिए सुख ताका गर्व सातगौरव—ऐसे तोन गौरव, बहुरि तैतोस पदार्थनिकी

१. क. त्वानि ।

पदार्थानां, **अच्चासणा**—आसादनाः परिभवास्तास्त्रयस्त्रिंशदासादनाः, अथवा तन्निमित्तत्वात् ताच्छब्द्यन्ते । **रायद्दोसं च**—रागद्वेषौ च, आत्मनीनानात्मनीनवस्तुप्रीत्यप्रीती । **गरिहामि**—गर्हे नाचरामीत्यर्थः । सप्तभयाष्टमदसंज्ञागारवाणि त्रयस्त्रिंशत्पदार्थासादनं च रागद्वेषौ च त्यजामीत्यर्थः ।

अथ कानि सप्तभयानि के चाष्टौ मदा इति पृष्टे तत आह—

इहपरलोयत्ताणं अगुत्तिमरणं च वेयणाकम्हिभया[1] ।
विण्णाणिस्सरियाणा कुलबलतवरूवजाइ मया ।। १७ ।।

इहपरलोयं—इह च परश्च इहपरौ तौ लोकौ चेहपरलोकौ । **अत्ताणं**—अत्राणमपालनं, इहलोकभयं, परलोकभयं, अत्राणभयं । **अगुत्ति**—अगुप्तिः प्राकाराद्यभावः । **मरणं च**—मृत्युश्च । **वेयणा**—वेदना पीडा । **अकम्हिभया**—आकस्मिकं घनादिगर्जोद्भवम् । भयशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । इहलोकभयं, परलोकभयं, अत्राणभयं, अगुप्तिभयं, मरणभयं, वेदनाभयं चेति । **विण्णाण**—विज्ञानं अक्षरगन्धर्वादिविषयम् । **इस्सरिय**—ऐश्वर्यं द्रव्यादिसम्पद् । **आणा**—आज्ञा वचनानुल्लंघनम् । **कुलं**—शुद्ध पैतृकाम्नायः इक्ष्वाक्वाद्युत्पत्तिर्वा । **बलं**—शरीराहारादिप्रभवा शक्तिः । **तव**—तपः कायसन्तापः । **रूव**—रूपं समचतुरस्रसंस्थानगौरादिवर्णकान्तियौवनोद्भवरमणीयता । **जाइ**—जातिः मातृकसन्तानशुद्धिः । एतैरेतेषां वा, **मया**—मदा गर्वाः । मदशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । विज्ञानमदः, ऐश्वर्यमदः, आज्ञामदः, कुलमदः, बलमदः, जातिमदः, तपोमदः, रूपमद इति संज्ञा[2]भेदैः सुगमत्वान्न विस्तरः[3] ।

आसादनां कहिए परिभवते तैतीस आसादना कहिए । बहुरि अपनी वस्तु विषैं प्रीति सो राग कहिए, अन्य वस्तु विषैं अप्रीति सो द्वेष कहिए—अैसे राग-द्वेष दोय इन सर्वभावनिका आचरण नाहीं करूँ हूँ, त्याग करौ हूँ ।। १६ ।।

इनिका नाम वा विशेष स्वरूप आचार्य आगै कहै हैं तथा प्रथम सात भय, आठमद इनिका स्वरूप कहै हैं—

अर्थ—इहलोक संबन्धी भय सो इहलोकभय कहिए । बहुरि परलोक संबंधी भय सो परलोकभय कहिए । बहुरि अत्राण कहिए—मेरा कोउ रक्षक, पालनैं वाला नांही—अैसा भय सो अत्राणभय कहिए । बहुरि अगुप्ति कहिए मेरै गुप्त रहनैं का स्थान नांही, पाट-कोट इत्यादिक आंतिरा नांही—अैसा भय सो अगुप्ति भय कहिए । बहुरि मरणैं का भय सो मरणभय कहिए, बहुरि वेदनां कहिए, शारीरादिक सम्बन्धी पोड़ा ताकां जो भय सो वेदनांभय कहिए । बहुरि आकस्मिक कहिए पहली कारण दोखैं बिनां अकस्मात् मेघगर्जनादिक तै उपज्या भय सो आकास्मक भय कहिए—अैसे सात प्रकार भय कहिए ।। १७ ।।

भावार्थ—ए सात भय हैं सो तीव्र हौंहि, जैंते सम्यक उपजै नांही तथा उपज्या होय तो छूटि जाय तथा शंकादिक अतिचार लागैं अर मंद भी होय तौ चारित्र कौ दोष लगावे यातैं इंनिका सर्वथा त्याग ही कीया ।

आगैं आठ मदनिका स्वरूप कहै—१ विज्ञान कहिए—अक्षर, गणित, काव्यादिक विद्या तथा गंधर्व्व—संगीताविद विद्या-

१. ब प्रति में कम्सि । २. क. संज्ञादेः । ३. क. विस्तरतः ।

अथ के त्रयस्त्रिंशत्पदार्था येषां त्रयस्त्रिंशदासादनानीत्यत आह—

पंचेव अत्थिकाया छज्जीवणिकाय महव्वया पंच ।
पवयणमाउपयत्था[1] तेतीसच्चासणा भणिया ।। १८ ।।

पंचेव—पंचैव । **अत्थिकाया**—अस्तिकायाः कायो निचयः परस्परप्रदेशसम्बन्धो येषां तेऽस्तिकायाः अस्तिमन्तो द्रष्टव्या जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशाः । कालस्य प्रदेशप्रचयो नास्तीत्यतोऽस्तिकायत्वं नास्ति । **छज्जीवणिकाय**—षट् च ते जीवनिकायाश्च षट्जीवनिकायाः पृथिवीकायिकादयः । **महव्वया पंच**—महाव्रतानि पंच । **पवयणमाउ**—प्रवचनमातृकाः पंचसमितयः त्रिगुप्तयश्च । **पयत्था**—पदार्थाः जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षपुण्यपापाणि । **तेतीसच्चासणा**—त्रयस्त्रिंशदासादनाः । **भणिया**—भणिताः पंचास्तिकायादिविषयत्वात् पंचास्तिकायादय एवासादना उक्ताः, तेषां वा ये परिभवास्ता आसादना इति सम्बन्धः कर्तव्यः ।

इनिका जो गर्व सो विज्ञानमद कहिए । बहुरि ऐश्वर्य कहिए धन, कुटुंब, चेतन-अचेतन आदि बाह्य संपदा ताका अभिमान सो ऐश्वर्य मद कहिए । बहुरि आज्ञा कहिए—वचन का अनुल्लंघन, जाका बचन कोउ उलंघै नांही—ऐसा प्रभुत्व आतंक का गर्व सो आज्ञामद कहिए । बहुरि कुल कहिए शुद्ध पिता वा पितामह इत्यादिक का आम्नाय, इक्ष्वाकु आदि उत्तमवंश विषैं उपजनें का जो गर्व सो कुलमद कहिए । बहुरि बल कहिए शरीर का संहनन तथा आहार औषधादिक तिनितैं उत्पन्न भई शरीर की शक्ति ताका जो गर्व सो बल मद कहिए । बहुरि तप कहिए—काय कौं संताप देनां ताका जो अहंकार सो तप मद कहिए । बहुरि रूप कहिए—समचतुरस्र-संस्थानादिक आकार तथा गौरादिक वर्ण तथा देह की कांति तथा यौवनावस्था तैं उत्पन्न भई रमणीयता, सुन्दरता, लावण्यता ताका जो गर्व सो रूपमद कहिए । बहुरि जाति कहिए मातृपक्ष का संतान नामा इत्यादिक तिनिकी शुद्धता उत्तमता ताका जो गर्व सो जातिमद कहिये—ऐसे ये आठ मद जाननैं ।। १७ ।।

आठमद अनंतानुबंधो मान रूप होहि, ताकै तो सम्यक्त्व उपजै नांही । पहले उपज्या होय तौ जाता रहै । अर अप्रत्याख्यानावरणादिक मान रूप हौंहि, तौहूं सम्यक्त्व कौं दोष लगावै । चारित्र भाव होने दे नाहीं, तातैं इनिका त्याग ही किया ।

आगै तैतीस पदार्थनिकी आसादना का त्याग कीया तै तैतीस पदार्थ कैसे है ? ऐसा प्रश्न होतैं संतै आचार्य कहै हैं—

अर्थ—पांच अस्तिकाय, बहुरि छह जीव-निकाय, बहुरि पंचमहाव्रत, बहुरि[2] अष्टप्रवचनमातृका, बहुरि नवपदार्थ—ऐसे ये तैतीस पदार्थ हैं । तिनिका स्वरूप लिखिए हैं—अस्ति कहिए—सत् रूप पुरुष, काय कहिए—बहुप्रदेशनिकौं धरैं, परस्पर प्रदेशनिका संबंध जिनिकै पाइए ऐसे अस्तिकाय, ते पांच जाननैं—१. जीवास्तिकाय, २. पुद्गलास्तिकाय, ३. धर्मास्तिकाय, ४. अधर्मास्तिकाय, ५. आकाश अस्तिकाय । काल द्रव्यकै प्रदेशका प्रचय नांही, तातैं अस्तिकाय मैं नांही गिनिए हैं, तातैं अस्तिकाय पांच ही हैं । बहुरि छह जीवनिकाय हैं ।

तिनिके नाम १—पृथ्वीकायिक, २—अप्कायिक ३—तेजस्कायिक, ४—वायुकायिक, ५—वनस्पति कायिक । बहुरि

१. अ एवं ब प्रति में 'मादुपदत्था ।' २. ब प्रति में 'अरि' ।

आत्मसंस्कारकालं नीत्वा संन्यासालोचनार्थमाचार्यः प्राह—

णिंदामि णिंदणिज्जं गरहामि य जं च मे गरहणीयं ।
आलोचेमि य सव्वं सब्भंतरबाहिरं उवहिं ॥ १९ ॥

णिंदामि—निन्दामि आत्मन्याविष्करोमि । **णिंदणिज्जं**—निन्दनीयं आत्माविष्करणयोग्यम् । **गरहामि य**—गर्हे च आचार्यादीनामाविष्करोमि प्रकटयामि । **जं च**—यच्च । **मे**—मम । **गरहणीयं**—गर्हणीयं परप्रकाशयोग्यं । **आलोचेमि य**—आलोचयामि चापनयामि चारित्राचारालोचनापूर्वकं गर्हणं वा करोमि । **सव्वं**—सर्वं निरवशेषं । **सब्भंतरबाहिरं**—साभ्यन्तरबाह्यं । **उवहिं**—उपधिं च परिग्रहं च । यन्निदनीयं तन्निदामि, यद् गर्हणीयं तद्गर्हामि, सर्वं बाह्यभ्यन्तरं चोपधिं आलोचयामीति ।

द्वींद्रिय तै लगाय पंचेंद्रिय पर्यंत जे जीव ते ६—त्रसकायिक कहिए । ऐसें छह जीवनिकाय हैं । बहुरि पंचमहाव्रत. तिनिके नाम—१. अहिंसा महाव्रत, २. सत्य महाव्रत, ३. अस्तेय महाव्रत, ४. ब्रह्मचर्य महाव्रत, ५. परिग्रहत्यागमहाव्रत—ऐसे जाननैं।

बहुरि प्रवचनमातृका आठ हैं, तिनिके नाम—समिति पाँच—१. ईर्या समिति २. भाषासमिति ३. एषणासमिति ४. आदान-निक्षेपणा समिति ५. प्रतिष्ठापना समिति । बहुरि गुप्ति तीन—१. कायगुप्ति २. वचनगुप्ति ३. मनोगुप्ति—ऐसे इन आठनिकौं सिद्धांत विषें प्रवचनमातृका कहा है । बहुरि पदार्थ नव, तिनिके नाम—१. जोवपदार्थ, २. अजीव पदार्थ, ३. आश्रव पदार्थ, ४. बंधपदार्थ, ५. संवर पदार्थ, ६. निर्जरा पदार्थ ७. मोक्ष पदार्थ, ८. पुण्यपदार्थ, ९. पाप पदार्थ—ऐसैं ए तैतीस पदार्थ कहे तिनिकी आसादना-परिभव तिनिके भी ये ही नाम कहे, इनिका त्याग कह्या ॥ १८ ॥

भावार्थ—ए तैतीस पदार्थ संशय, विपर्यय, अनध्यवसाय रहित जाननैं योग्य हैं तथा शंकादिक दोष रहित श्रद्धान करने योग्य है । तथा यथायोग्य आचरण करने योग्य हैं--इनिका व्यवहार प्रवर्ताया चाहिए । जो इनिका निषेध करैं, निंदा करै, अपवाद करैं, इनिका स्वरूप अन्यथा कहै, इनिमें शंकादिक उपजावैं, इनिका श्रद्धान नांही करैं, इनिका आचरण नांहीं करैं—सो इनिकी आसादना कहिए । जो कोई इनिकी आसादनां करैं है, ताकै सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र होय नांही । पूर्वैं उपज्या होय तो जात रहे । जो किंचित हू आसादनां करै तो दोष लागे, तातैं इनिका त्याग किया--ऐसा अर्थ जाननां । ऐसें आत्मसंस्कार काल कौं व्यतीत[१] करि सन्यास का आलोचना कैं अर्थि आचार्य कहैं हैं--

अर्थ--जो निंदनोय है अपने ही भाव मैं प्रकट करि निंदा करिवे योग्य दोष हैं, तिनिकी निंदा करौं हौं--यह मैंने दोष कीया, ऐसे यादकरि निषेधूं हूँ । बहुरि आचार्यादिकनि कैं समोप प्रकाश करनैं योग्य मेरे दोष हैं, तिनिकी आचार्यादिकन कैं समोप गर्हा करौ हौं । बहुरि सर्व कहिए निरवशेष समस्त आभ्यंतर ममत्वभाव सहित, बाह्य उपधि कहिये—चेतन-अचेतन परिग्रह, ताहि आलोचना करौं हौं, परिहार करौ हौं ॥ १९ ॥ कैसे आलोचना करिये ? सो कहै है—

---

१. ब प्रति में वितीत ।

कथमालोचयितव्यमिति चेदत आह—

जह बालो जंप्पंतो कज्जमकज्जं च उज्जुयं भणदि ।
तह आलोचेयव्वं[1] माया मोसं च मोत्तूण ॥ २० ॥

जह—यथा । **बालो**—बालः पूर्वापरविवेकरहितः । **जंप्पंतो**—जल्पन् । **कज्जं**—कार्यं स्वप्रयोजनं । **अकज्जं च**—अकार्यं अप्रयोजनं अकर्तव्यं च । **उज्जुयं**—ऋजु अकुटिलं । **भणइ**—भणति । **तह**—तथा । **आलोचेयव्वं**—आलोचयितव्यं । **मायामोसं च**—मायां मृषां च अपह्नवासत्यं च । **मोत्तूण**—मुक्त्वा । यथा कश्चिद्बालो जल्पन् कुत्सितानुष्ठानमकुत्सितानुष्ठानं च ऋजु भणति, तथा मायां मृषां च मुक्त्वा आलोचयितव्यमिति ।

यस्यालोचना क्रियते स किंगुणविशिष्ट आचार्य इति चेदत आह—

णाणम्हि दंसणम्हि य तवे चरित्ते य चउसुवि अकंपो ।
धीरो आगमकुसलो अपरस्साई रहस्साणं ॥ २१ ॥

णाणम्हि—ज्ञाने । **दंसणम्हि य**—दर्शने च । **तवे**—तपसि । **चरित्ते य**—चरित्रे च । **चउसुवि**—चतुर्ष्वपि । **अकंपो**—अकंपोऽधृष्यः । **धीरो**—धीरो धैर्योपेतः । **आगमकुसलो**—आगमकुशलः स्वसमयपरसमयविचारदक्षः । **अपरिस्साई**—अपरिश्रावी आलोचितं न कस्यचिदपि कथयति । **रहस्साणं**—रहसि एकान्ते भवानि रहस्यानि गुह्यानुष्ठितानि । ज्ञानदर्शनतपश्चारित्रेषु चतुर्ष्वपि सम्यक्स्थितो यो रहस्यानामपरिश्रावी धीरश्चागमकुशलश्च यस्तस्य आलोचना कर्तव्या नान्यस्येति ।

अर्थ—जैसें बालक पूर्वापर विवेक रहित कहता संता कार्य, अकार्य कौं कुटिलता रहित सरल वृत्ति करि कहै है । तैंसे मायाचार कहिये—मन, वचन, काय की कुटिलता करि छिपाव करना तथा मृषा कहिए असत्य वचन—तिस दोऊं कूं छोडिकरि आलोचना करना योग्य है ॥ २० ॥ आगै जिस आचार्य पासि आलोचना कीजिये सो आचार्य कैंसैं के गुणकरि विशिष्ट होय ? ऐसे प्रश्न होतैं संतै कहैं हैं—

अर्थ—जो आचार्य ज्ञानाचार विषै अकंप होय, बहुरि दर्शनाचार विषै अकंप होय, बहुरि तप आचार विषै अकंप होय, बहुरि चारित्राचार विषै अकंप होय—ऐसे च्यारुं आराधना विषै अकंप होय, किसी का चलाया चालै नांहो—ऐसा दृढ होय, बहुरि धीर कहियै—धैर्यगुणकरि संयुक्त होय, बहुरि आगम कहियै—स्वमत के सिद्धान्त का विचार तथा परमत के शास्त्र का विचार विषै महाप्रवीण होय, बहुरि रहस्य कहिये एकांत कैं विषै भये ऐसे गुह्य आचरण आलोचन कीये, सो किसी कौं कहै नांहो—ऐसा जाका स्वभाव होय, ऐसे आचार्य पासि आलोचना करणो । इन गुणनतैं रहित होय ताकै पासि आलोचना करनी नांहो ॥ २१ ॥

१. अ, ब, प्रति में दव्वं ।

आलोचनानन्तरं क्षमणं कर्तुकामः प्राह—

रागेण य दोसेण य जं मे अकदण्हुयं पमादेण।
जो मे किंचिवि भणिओ तमहं सव्वं खमावेमि ॥२२

रागेण य—रागेण च मायालोभाभ्यां स्नेहेन वा। **दोसेण य**—द्वेषेण च क्रोधमानाभ्यां अप्रीत्या वा। **जंमे**—यन्मया। **अकदण्हुअं**—अकृतज्ञत्वं युष्माकमयोग्यमनुष्ठितं। **पमादेण**—प्रमादेन। **जो मे**—यो मया। **किंचिवि**—किंचिदपि। **भणिओ**—भणितः। **तमहं**—तं जनं अहं। **सव्वं**—सर्वं। **खमावेमि**—क्षमयामि संतोषयामि। रागद्वेषाभ्यां मनागपि यन्मया कृतमकृतज्ञत्वं योऽपि मया किंचिदपि भणितस्तमहं सर्वं मर्षयामीति।

क्षमणं कृत्वा क्षपकः संन्यासं कर्तुकामो मरणभेदान् पृच्छति कति मरणानि ? आचार्यः प्राह—

तिविहं भणंति मरणं बालाणं बालपंडियाणं च।
तइयं पंडियमरणं जं केवलिणो अणुमरंति ॥२३॥

तिविहं—त्रिविधं त्रिप्रकारम्। **भणंति**—कथयन्ति। **मरणं**—मृत्युं। **बालाणं**—बालानां असंयतसम्यग्दृष्टीनां। **बालपंडियाणं च**—बालाश्च ते पंडिताश्च बालपंडिताः। संयतासंयता एकेन्द्रियाविरतेर्बालाः द्वीन्द्रियादिबधविरताः पंडिताः। **तइयं**—तृतीयं **पंडियमरणं**—पंडितमरणं पंडितानां मरणं देहपरित्यागः देहस्यान्यथाभावो वा पंडितमरणं। **जं**—यत् येन वा। **केवलिणो**—केवलं शुद्धं ज्ञानं विद्यते येषां केवलिनः **अणुमरंति**—अनुम्रियन्ते अर्हद्भट्टारका गणधरदेवाश्च त्रिप्रकारं मरणं भणंति। प्रथमं बालजीवस्वामित्वात्, द्वितीयं बालपंडितमरणं बालपंडित-

---

आगै आलोचना कै अनंतर क्षमावना करनेंका है अभिलाषा जाके—ऐसा हुआ संता कहै है—

अर्थ—राग कहिये—माया, लोभ, तथा स्नेहकरि, द्वेष कहिये—क्रोध, मानकरि तथा अप्रीति करि जो मैं अकृतज्ञपणां करिकै—तुम्हारै अयोग्य अनुष्ठान कीया, प्रमादकरिकैं जो किंचित्मात्र भी मैंने किसी जन को कह्या, सो अब मैं सर्व-जननि तैं क्षमावणां कराऊं हूं, मैं क्षमा करुं हूं—सर्व जीवनि कौ संतुष्ट करुं हूं ॥२२॥ ऐसें क्षमाभावकरि क्षपक हैं, सो सन्यास करने का है-अभिलाष जाकैं—ऐसा आचार्यनिकूं मरण के भेद पूछै हैं, मरण के प्रकार हैं ? ऐसे पूछै। आचार्य कहै हैं—

अर्थ—अर्हंत भट्टारक बहुरि गणधरदेव—मरण तोन प्रकार कहै हैं—प्रथम-बालमरण, द्वितीय-बालपंडितमरण, तृतीय-पंडितमरण। तहां बालमरण असंयत सम्यग्दृष्टो जीव कैं होय है। तातैं[1] असंयत जीव को बाल संज्ञा है—सो याका स्वामो, तातैं मरणकूं भी बालमरण कह्या। दूसरा बालपंडितमरण सो संयतासंयत श्रावक कें होय है। एकेन्द्रिय जीव की हिंसा का त्यागनां ही तातैं बाल कहिए, वेंद्रियादिक की हिसा का त्यागी तातैं पंडित कहिए। ऐसे बालपंडित जो संयतासंयत सो याका स्वामी तातैं मरण कूं भी बालपंडितमरण कह्या है। बहुरि तोसरा पंडितमरण सो संयमोनिकै होय है। देह का परित्याग अथवा देह का अन्यथा—

१. अ प्रति में—जानैं।

स्वामित्वात्, तृतीयं पंडितमरणं येन केवलिनोऽनुम्रियन्ते । संयताश्च पंडितपंडितमरणस्यात्रैव पंडितेन्तर्भावः सामान्यसंयमस्वामित्वाभेदादिति । अन्यत्र बालबालमरणमुक्तं तदत्र किमिति कृत्वा नोक्तं तेन प्रयोजनाभावात् । ये अकुटिला ज्ञानदर्शनयुक्तास्ते एतैर्मरणैर्म्रियन्ते ।

अन्यथाभूताश्च कथमित्युत्तरसूत्रमाह—

जे पुण पणट्ठमदिया पचलियसण्णा य वक्कभावा य ।
असमाहिणा मरंते ण हु ते आराहया भणिया ॥२४॥

जे **पुण**—ये पुनः । **पचलियसण्णा य**—प्रणष्टा मतिर्येषां ते प्रणष्टमतिकाः अज्ञानिनः । **पचलियसण्णा य**—प्रचलिता उद्‌गता संज्ञा आहारभयमैथुनपरिग्रहाभिलाषा येषां ते प्रचलितसंज्ञकाः । **वक्कभावा य**—कुटिलपरिणामाश्च । **असमाहिणा**—असमाधिना आर्तरौद्रध्यानेन । **मरंते**—म्रियन्ते भवान्तरं गच्छन्ति । **ण हु**—न खलु । **आराहया**—आराधकाः कर्मक्षयकारिणः **भणिया**—भणिताः कथिताः ये प्रणष्टमतिकाः प्रचलितसंज्ञा वक्रभावाश्च ते असमाधिना म्रियन्ते स्फुटं न ते आराधका भणिता इति ।

यदि मरणकाले विपरिणामः स्यात्ततः किंस्यादिति पृष्टे आचार्यः प्राह—

मरणे विराहिए[1] देवदुग्गई[2] दुल्लहा य किर बोही ।
संसारो य अणंतो होइ पुणो आगमे काले ॥२५॥

मरणे—मृत्युकाले । **विराहिए**—विराधिते विनाशिते मरणकाले सम्यक्त्वे विराधित इत्यर्थः मरणकाले सम्यक्त्वस्य यद्विराधनं

भाव सो मरण कहिए, इस पंडितमरणकरि केवलश्रुत है ज्ञान जिनिकैं अैसे जे केवली ते देह को छोडे है । इहां पंडित-पंडितमरण का पंडितमरण के विषैं अंतर्भाव जाननां । जातैं दोउनिका स्वामी संयमी हैं, तातैं भेदन कीया ।

इहां कोउ पूछै—अन्यग्रंथनि विषैं मरण के भेद पांच कहै हैं—तहां बाल बालमरण कह्या है, सो इहां क्यौं कह्या नांही ? ताका समाधान बाल बालमरण का इहां प्रयोजन नांही, जे कुटिलता रहित ज्ञान-दर्शन संयुक्त है—तिनि के तीन मरण कहै हैं ॥ २३ ॥

आगैं जे अन्यथा-भूत अज्ञानी हैं ते कैसे मरण करै हैं ? अैसे प्रश्न होतैं उत्तरसूत्र कहै हैं—

अर्थ—बहुरि जे प्रनष्टमतिकाः कहिए विनष्ट भई है बुद्धि जिनकी—अैसे अज्ञानी हैं । बहुरि प्रचलित संज्ञका कहिये उपजी है आहार, भय, मैथुन, परिग्रह के अभिलाष रूप संज्ञा जिनकै—अैसे है । बहुरि बंकभाव कहिए कुटिल है मन, वचन, काय के परिणाम जिनिका—अैसे है, ते आर्त-रौद्र-ध्यान रूप असमाधिमरणकरि परलोक विषैं अन्य देह कूं धारैं हैं, ते आराधक कहिए—कर्म के क्षय करने वाले नांही है ॥ २४ ॥

भावार्थ—जे जीव समाधिमरण नांही करै हैं वे संसार बधावै हैं ।

आगें पूछै है—जो मरण समय विषैं विरुद्ध परिणाम होय तौ कहा होय ? अैसें प्रश्न होतैं आचार्य कहै हैं—

अर्थ—मरणे कहिए मरण कै समय, जे सम्यक्त्व की विराधना करैं हैं अथवा आर्त, रौद्र सहित मरण करैं हैं तिनिकै

---

१. अ, ब प्रतियों में विराधिदे' । २. अ प्रति में उग्गई' ।

तन्मरणस्यैव साहचर्यादिति । अथवार्तरौद्रध्यानसहितं यन्मरणं तत्तस्य विराधनमित्युक्तम् । **देवदुग्गई**—देवदुर्गतिः भवनवासिवानव्यन्तरज्योतिष्कादिषूत्पत्तिः **दुल्लहा य**—दुर्लभा दुःखेन लभ्यते इति दुर्लभा च **किर**—किल । अयं किलशब्दोऽनेकेष्वर्थेषु विद्यते, तत्र परोक्षे द्रष्टव्यः आगमे एवमुक्तमित्यर्थः **बोही**—बोधिः सम्यक्त्वं रत्नत्रयं वा । **संसारो य**—संसारश्च चतुर्गतिलक्षणः **अणंतो**—अनन्तः अर्द्धपुद्गलप्रमाणः कुतोऽस्यानन्तत्वं ? केवलज्ञानविषयत्वात् । **होइ**—भवति । **पुणो**—पुनः । **आगमे काले**—आगमिष्यति समये । मरणकाले सम्यक्त्वविराधने सति, दुर्गतिर्भवति, बोधिश्च दुर्लभा, आगमिष्यति च काले संसारश्चानन्तो भवतीति ।

अत्रैवाभिसम्बन्धे प्रश्नपूर्वकं सूत्रमाह—

का देवदुग्गईओ का बोही केण ण बुज्झए मरणं ।
केण व अणंतपारे संसारे हिंडए जीओ ॥२६॥

का देवदुग्गईओ—का देवदुर्गतयः किंविशिष्टा देवदुर्गतयः । **का बोही**—का बोधिः । **केण व**—केन च । **ण बुज्झए**—न बुध्यते । **मरणं**—मृत्युः । **केण व**—केन च कारणेन । **अणंतपारे**—अनन्तोऽपरिमाणः पारः समाप्तिर्यस्यासौ अनन्तपारस्तस्मिन् । **संसारे**—संसरणे । **हिंडए**—हिंडते गच्छति । **जीवो**—जीवः । हे भट्टारक ! का देवदुर्गतयः, का च बोधिः, केन च परिणामेन न बुध्यते मरणं, संसारे च केन कारणेन परिभ्रमति जीवः ?

क्षपकेण पृष्टः आचार्यः प्राह—

कंदप्पमाभिजोग्गं किब्विस सम्मोहमासुरत्तं च ।
ता देवदुग्गईओ मरणम्मि विराहिए होंति २७॥

द्रव्यभावयोरभेदं कृत्वा चेदमुच्यते । **कंदप्पं**—कंदर्पस्य भावः कान्दर्पमुपप्लवशीलगुणः । **आभिजोग्गं**—अभियोगस्य भावः आभियोग्यं

देव दुर्गति कहिए भवनवासी, वानव्यंतर, ज्योतिषी—इत्यादिक नीच कुल के देवता तिनि विषैं उत्पत्ति होय है । अर बोधि कहिए सम्यक्त्व अथवा रत्नत्रय ताकी प्राप्ति दुर्लभ होय हैं इहां किल शब्द हैं ताके अनेक अर्थ होय हैं। तथापि इहां परोक्ष अर्थ विषैं जाननां—आगम विषैं ऐसा कह्या हैं। बहुरि ऐसे पुरुष आगामी काल विषैं च्यारु गति का भ्रमण है लक्षण जाका—ऐसा जो संसार सो अनंत कहिए अर्द्धपुद्गल-परिणाम केवलज्ञानकै गोचर होय है ॥ २५ ॥

अब यहां इस प्रकरण विषैं प्रसन्न पूर्वक सूत्र कहै हैं—

अर्थ—क्षपक हैं सो आचार्यनि कूं पूछै है— हे भट्टारक ! देवदुर्गति कैसी है ? बोधि का स्वरूप कहा है ? मरण का स्वरूप कौन कारणकरि जान्यां नांही ? बहुरि कौन से कारणकरि अनंत-संसार विषैं जीव भ्रमै है ? ॥ २६ ॥

ऐसैं पूछै संतै आचार्य कहे हैं—

अर्थ—मरणे कहिए मृत्युकाल विषैं सम्यक्त्व का विनाश होतैं तैं कांदर्प्य, आभियोग्य, कैल्विष्कत्व, स्वमोह, असुरत्व—ये

तन्त्रमन्त्रादिभीरसादिगार्द्ध्यं । **किब्बिस**—किल्विषस्य भावः कैल्विष्यं प्रतिकूलाचरणं । **सम्मोहं**—स्वस्य मोहः स्वमोहस्तस्य भावः स्वमोहत्वं, शुनो मोह इव मोहो वेदोदयो यस्य स श्वमोहस्तस्य भावः श्वमोहत्वं सह मोहेन वा वर्तते इति तस्य भावः समोहत्वं[1] मिथ्यात्वभावनातात्पर्यम् । **आसुरत्तं च**—असुरत्वं च—असुरस्य भावः असुरत्वं रौद्रपरिणामसहिताचरणं । **ता**—एताः । **देवदुग्गईओ**—देवदुर्गतयस्तैर्गुणैस्ताः प्राप्यन्ते इतिकृत्वा तद्व्यपदेशः, कारणे कार्योपचारात् । **मरणम्मि**—मरणे मृत्युकाले सम्यक्त्वे । **विराहिए**—विराधिते परिभूते । **होंति**—भवन्ति । सम्यक्त्वे विनाशिते मरणकाले एताः कन्दर्पाभियोग्यकिल्विषस्वमोहासुरदेवदुर्गतयो भवन्तीति ।[2]

किं तत्कान्दर्पं इत्यत आह—

असत्तमुल्लावेंतो[3] पण्णावेंतो य बहुजणं कुणइं ।
कंदप्प रइसमावण्णो कंदप्पेसु[4] उववज्जइ ।। २८ ।।

असत्तं—असत्यं मिथ्या । **उल्लावेंतो**[5]—उल्लपन् जल्पन् उल्लापयित्वा, **पण्णावेंतो**—प्रज्ञापयन् प्रतिपादयन्, **बहुजणं**—बहुजनं बहून् प्राणिनः, **कुणइं**—करोति । **कंदप्पं**—कान्दर्पं, **रइसमावण्णो**—रतिं समापन्नः प्राप्तो रतिसमापन्नो रागोद्रेकसहितः । **कंदप्पेसु**—कन्दर्पकर्मयोगाद्देवा अपि कन्दर्पा नग्नाचार्यदेवास्तेषु, **उववज्जेइ**—उत्पद्यते । यो रतिसमापन्नः असत्यमुल्लपन् तदेव च बहुजनं प्रतिपादयन् कन्दर्पभावनां

पाँच देवदुर्गति हैं, ते होय हैं । इहां द्रव्यभाव का भेद नांही करि इनिका (कान्दर्प्य आदि का) स्वरूप कहिए हैं—

शील गुण विषैं उपद्रव रूप परिणाम सो कंदर्प्प कहिए, कंदर्प्प का भाव सो कांदर्प्प कहिए । बहुरि तन्त्र-मन्त्र इत्यादिक करि रसादिक की चाहि सो अभियोग कहिए, अभियोग का भाव सो आभियोग कहिए । बहुरि प्रतिकूल आचरण सो किल्विष कहिए, किल्विष का जो भाव सो कैल्विष्य कहिए । बहुरि स्व कहिए आप का मोह सो स्वमोह कहिए, ताका जो भाव सो स्वमोहत्व कहिए । तथा स्व कहिए स्वानता का मोह समान है । मोह कहिए वेद का उदय जाकैं सो स्वमोह कहिए, ताका भावत्व सो स्वमोहत्व कहिए तथा मोह करि सहित वर्तैं सो समोह कहिए । समोह का भाव सो समोहत्व कहिए । मिथ्यात्व भावना के विषै तत्परनां सो समोहत्व कहिए । बहुरि रौद्र परिणाम सहित आचरण जाकै होय सो असुर कहिए, असुर का भाव सो असुरत्व कहिए। ऐसे ए पाँच प्रकार भावनि तै पाँच प्रकार हो देवदुर्गति होय है । सो कारण कै विषैं कार्य का उपचार करि इनि भावनिही का नाम देवदुर्गति कह्या ।। २७ ।।

अब इनिका प्रत्येक स्वरूप कहै हैं । तहां प्रथम कांदर्प्य का स्वरूप कहै है—

अर्थ—जो असत्य कहिए मिथ्यावचन बोलता संता, बहुरि असत्य वचन पैले बहुत प्राणीनिकूं सिखावता संता, बहुरि

---

१. क °त्वं तस्य भावना ।
२. उत्तराध्ययनसूत्र में इन्हीं पाँच भावनाओं का विवेचन ३६वें अध्ययन की गाथा सं० २५६ से २६७ तक थोड़े से भाषायी परिवर्तन के साथ एक जैसा मिलता है ।
३. क °विंतो । ४. क °सुवव° । ५. क °विंतो ।

करोति स कन्दर्पेषूत्पद्यते इत्यर्थः । अथवा असत्यं जल्पन् तदेव च भावयन्[1] आत्मनो बहुजनं करोति योजयति असत्येन यः स कन्दर्परतिसमापन्नः कन्दर्पेषूत्पद्यत इत्यर्थः ।

अथ किमभियोगकर्मेति तेनोत्पत्तिश्च का चेदतः प्राह—

अभिजुंजइ[2] बहुभावे साहू हस्साइयं च बहुवयणं ।
अभिजोगेहिं कम्मेहिं जुत्तो वाहणेसु[3] उववज्जइ ॥ २९ ॥

अभिजुंजइ—अभिसंयुक्ते करोति, **बहुभावे**—बहुभावान् तंत्रमंत्रादिकान् । **साहू**—साधुः । **हस्साइयं च**—हास्यादिकं च हास्यकौत्कुच्यपरविस्मयनादिकं । **बहुवयणं**—बहुवचनं वाग्जालं । **अहिजोगेहिं**—अभियोगैः तादर्थ्यात्ताच्छब्द्यं आभिचारकैः, **कम्मेहिं**—कर्मभिः क्रियाभिः । **जुत्तो**—युक्तस्तन्निष्ठः । **वाहणेसु**—वाहनेषु गजाश्वमेषमहिषस्वरूपेषु । **उवज्जइ**—उत्पद्यते जायते । यः साधूरसादिषु गृद्धः मंत्रतंत्रभूतिकर्मादिकमुपयुंक्ते हास्यादिकं बहुवचनं करोति स तैरभियोगैः कर्मभिर्वाहनेषु उत्पद्यत इति ।

किल्विषभावनास्वरूपं तथोत्पत्तिं च प्रतिपादयन्नाह—

तित्थयराणं पडिणीओ संघस्स य चेइयस्य सुत्तस्स ।
अविणीदो णियडिल्लो किव्विसियेसूववज्जेइ[4] ॥ ३० ॥

बहुरि इनि प्राकृत सूत्रनि विषैं छन्द-भंग की आशंका न करनी। जातैं गाथा-विगाथा, श्लोक इत्यादिक छन्द अनेक प्रकार होय है। तिनिका इहां संग्रह है। एक ही छन्द-जाति हैं नांही, अर इनिका बिस्तार लिख्या है नांही, ग्रन्थ वधि (बढ़) जानैं का भयतैं संक्षेप अर्थ कथन कीया। अैसे संस्कृत टीकाकार नैं कह्या है। बहुरि मैंने भाषा करी है, सो गाथानिका मूल अर्थ संक्षेपकरि लिख्या है। पदनिका मूल अर्थ संक्षेप करि लिख्या है। पदनिकी निरुक्ति, समास, विभक्ति का विशेष इत्यादि सम्यग् वाचा है सो संस्कृत टीका तैं तथा मूलग्रन्थ तैं गुरु-संप्रदाय तैं निश्चय करौ। भाषा वचनिका तौ मंद बुद्धिनिकै अर्थि है।

अैसे आचार्य वट्टकेर स्वामी विरचित मूलाचार नाम प्राकृत ग्रन्थ को वसुनंदि सिद्धान्त-चक्रवर्ति विरचित आचारवृत्ति नाम संस्कृत टीका कै अनुसार यह देशभाषामय बचनिका विषैं "वृहत् प्रत्याख्यान-संस्तरस्तव" है नाम जाका अैसा द्वितीय अधिकार समाप्त भया। इहां पर्यंति गाथासूत्र एक सौ सात भये।

३. अथ संक्षेप-प्रत्याख्यानाधिकारः

वृहत्प्रत्याख्यानं व्याख्यातमिदानीं यदि भृशमाकस्मिकं सिंहव्याघ्राग्निव्याध्यादिनिमित्तं मरणमुपस्थितं स्यात् तत्र कस्मिन् ग्रन्थे भावना क्रियते इति पृष्टे तदवस्थायां यद्योग्यं संक्षेपतरं प्रत्याख्यानं तदर्थं तृतीयमधिकारमाह—

एस करेमि पणामं जिणवरवसहस्स वड्ढमाणस्स ।
सेसाणं च जिणाणं सगणगणधराणं च सव्वेसिं ॥ १ ॥❀

एस—एष आत्मनः प्रत्यक्षवचनमेतत् एषोऽहं अतिसंक्षेपरूपप्रत्याख्यानकथनोद्यतः एवं च कृत्वा यात्र संग्रहवाक्यं कृतं सामर्थ्यलब्धत्वात् तस्येति । **करेमि**—करोमि कुर्वे वा । **पणामं**—प्रणामं स्तुतिं । **जिणवरवसहस्स**—जिनानां वराः प्रमत्तादिक्षीणकषायपर्यन्तास्तेषां वृषभः प्रधानः सयोगी अयोगी सिद्धो वा तस्य जिनवरवृषभस्य । **वड्ढमाणस्स**—वर्धमानस्य । **सेसाणं च**—शेषाणां च । **जिणाणं**—जिनानां सर्वेषां च । **सगणगणधराणं च**—सह गणेन यतिमुन्यृष्यनगारकदम्बकेन वर्तंते इति सगणास्ते च ते गणधराश्च सगणगणधराः तेषां च श्रीगौतमप्रभृतीनां **च** । **सव्वेसिं**—सर्वेषां । एषोहं ग्रन्थकरणाभिप्रायः, जिनवरवृषभस्य वर्धमानस्य शेषाणां च जिनानां च सर्वेषां च सगणगणधराणां च प्रणामं कुर्वे अथवा सगणगणधराणां जिनानां विशेषणं द्रष्टव्यमिति ॥ १ ॥

आगै संक्षेपतर प्रत्याख्यान नामा तीसरा अधिकार प्रारम्भ कीजिए हैं।

अथ संक्षेप-प्रत्याख्यानाधिकारः

जातैं वृहत्प्रत्याख्यान का तौ व्याख्यान कीया। अबै जो कदाचित् अकस्मात् सिंह, वघैरा, अग्नि, व्याधि, इत्यादिक निमित्ततैं मरण आय प्राप्त होय तौ तहां कौन से ग्रन्थ विषैं भावनां करिए ? अैसा प्रश्न होतै संतै तिहि अवस्था मैं जोग्य जो अति संक्षेप त्याग ताका वर्णनकैं अर्थि इस तीसरा अधिकार कूं कहै हैं। तहां प्रथम ही मंगलाचरण करै है—

अर्थ—एष कहिए इह मैं स्वसंवेदन-प्रत्यक्ष **वट्टकेराचार्य** अति संक्षेपरूप प्रत्याख्यान कहनैं को उद्यमी भया सो प्रणाम कहिए—नमस्कार, स्तुति करूँ हूं। किसकूं प्रणाम करूँ हूँ। 'जिन' कहिए कर्मरूप शत्रुनिकूं जीतनहारे सम्यग्दृष्टी तिनिकैं विषैं 'वर' कहिए श्रेष्ठ प्रमत्तसंयमी मुनिराज कूं आदिदेय क्षीणकषाय गुणस्थानपर्यंत मुनिराज ते जिनवर कहिए। तिनिमैं वृषभ कहिए प्रधान तेरहवें सयोग-गुणस्थानमैं विराजमान तथा चौदहवें अयोग-गुणस्थानमैं विराजमान तथा सिद्धपद विषैं विराजमान ते जिनवर वृषभ कहिए अैसे **जे** वर्द्धमान नामा चउबीसमां तीर्थंकर ताकूं। बहुरि किसकूं प्रणाम करू हूं ? शेष कहिए अवशेष जे जिन कहिए वृषभादि पार्श्वनाथ पर्यंत इस क्षेत्र सम्बन्धी वर्तमान तीर्थंकर तथा अतीत, अनागत काल सम्बन्धी तथा विदेहादि अन्य क्षेत्र संबंधी समस्त तीर्थंकर तथा सामान्य केवली तिनि समस्तनिकूं। बहुरि किसकूं नमस्कार करूँ हूं ? 'गण' कहिए—यति, मुनि, ऋषि, अनगार—अैसैं च्यारि प्रकार का संघ ताकरि सहित श्रीगौतमस्वामीकूं आदिदेय समस्त गणधर आचार्य, उपाध्याय, साधु परमेष्ठी तिनिकूं।

❀ इस गाथा की तुलना कोजिए प्रवचनसार के मंगलाचरण रूप गाथा से।

नमस्कारानन्तरमुररीकृतस्यार्थस्य प्रकटनार्थमाह—

सव्वं पाणारंभं पच्चक्खामि अलीयवयणं च ।
सव्वमदत्तादाणं मेहुणपरिग्गहं चेव ।। २ ।।

प्रथमं तावत् व्रतशुद्धिं करोमीति । **सव्वं पाणारंभं**—सर्वं निरवशेषं प्राणारम्भं हिंसां । **पच्चक्खामि**—प्रत्याख्यामि त्यजामि । **अलीयवयणं च**—व्यलीकवचनं च मिथ्यावादं च । **सव्वं**—सर्वं । **अदत्तादाणं**—अदत्तादानं । **मेहुण**—मैथुनं । **परिग्गहं चेव**—परिग्रहं चैव । प्राणारम्भं, मिथ्यावचनं, अदत्तादानं, मैथुनपरिग्रहौ च प्रत्याख्यामीति ।। २ ।।

सामायिकव्रतस्वरूपनिरूपणार्थमाह—

सम्मं मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झ ण केणइ[1] ।
आसाए वोसरित्ताणं समाधिं पडिवज्जए ।। ३ ।।

सम्मं—समस्य भावः साम्यं । **मे**—मम । **सव्वभूदेसु**—सर्वभूतेषु निरवशेषजीवेषु । **वेरं**—वैरं । **मज्झ**—मम । **ण केणइ**—न केनापि । **आसाए**—आशा आकांक्षाः । **वोसरित्ताणं**—व्युत्सृज्य । **समाहिं**—समाधिं शुभपरिणामं । **पडिवज्जए**—प्रतिपद्ये । यतः साम्यं मम सर्वभूतेषु वैरं मम न केनाप्यत आशा व्युत्सृज्य समाधिं प्रतिपद्ये इति ।। ३ ।।

भावार्थ—समस्त पंच परमेष्ठी कूं नमस्कार करूँ हूं। आगैं नमस्कार क्रिया कै अनन्तर अंगीकार कीया जो अर्थ ताके प्रगट करने कै अर्थि कहै है ।। १ ।।

अर्थ—आचार्य कहै हैं—संक्षेपतर प्रत्याख्यान करने वाला अैसैं प्रतिज्ञा करै—प्रथम मैं महाव्रत की शुद्धता करूँ हूँ। 'सव्वं' कहिए—समस्त, 'प्राणारंभ' कहिए हिंसा, ताका प्रत्याख्यान करूँ हूं। बहुरि व्यलीक वचन कहिए मिथ्यावाद ताका प्रत्याख्यान करूं हूं। बहुरि सर्व अदत्त कहिए बिना दीनी वस्तु लेनैं का प्रत्याख्यान करूँ हूं। बहुरि मैथुन कहिए—स्त्री-पुरुष के संयोग-जनित-क्रिया ताका प्रत्याख्यान करूं हूं। बहुरि समस्त परिग्रह ताका प्रत्याख्यान करूं हूं।

भावार्थ—अैसे प्रथम तो महाव्रतनिकी शुद्धता करै है। आगैं सामायिक व्रत के स्वरूप का निरूपण के अर्थि कहै है ।।२।।

अर्थ—जातैं 'मे' कहिए मेरे, 'सर्वभूत' कहिए समस्त जीवनि विषैं समभाव है। मेरे किस ही करि वैरभाव नांही हैं। तातैं मैं 'आशाः' कहिए आकांक्षा है, तिनहि छौड़िकरि 'समाधि' कहिए शुभ[2] परिणाम हैं, ताहि प्राप्त होत हूँ।

भावार्थ—सर्व जीवनिकैं विषैं समभाव रखनां, वैरभाव किसही मैं नहीं रखनां। सर्व आकांक्षा का छोड़नां, समाधिभाव को प्राप्त होना—याका नाम सामायिक है ।। ३ ।।

---

१. अ, ब प्रति में केणवि । २. ब प्रति में 'शुद्ध परिणाम' ।

पुनरपि परिणामशुद्ध्यर्थमाह—

सव्वं आहारविहिं सण्णाओ आसए कसाए य ।
सव्वं चेय ममत्तिं जहामि सव्वं खमावेमि ।। ४ ।।

सर्वमाहारविधिं अशनपानादिकं संज्ञाश्चाहारादिका आशा इहलोकाद्याकांक्षाः कषायांश्च सर्वं चैव ममत्वं जहामि त्यजामि सर्वं जनं क्षामयामीति ।। ४ ।।

द्विविधप्रत्याख्यानार्थमाह—

एदम्हि देशयाले उवक्कमो जीविदस्स जदि मज्झं ।
एदं पच्चक्खाणं णित्थिण्णे[1] पारणा हुज्ज ।। ५ ।।

एवम्हि—एतस्मिन् । **देसयाले**—देशकाले । **उवक्कमो**—उपक्रमः प्रवर्तनं अस्तित्वं । **जीविदस्स**—जीवितस्य । **जइ मज्झं**—यदि मम । **एदं**—एतत् । **पच्चक्खाणं**—प्रत्याख्यानं । **णित्थिण्णे**—निस्तीर्णे समाप्ति गते । **पारणा**—आहारग्रहणं । **हुज्ज**—भवेत् । एतस्मिन् देशकाले सोपसर्गोऽभिप्रेते वा मध्ये यदि जीवितव्यं नास्ति चतुर्विधाहारस्यैतत्प्रत्याख्यानं मम भवेत् तस्मिंस्तु देशकाले निस्तीर्णे जीवितव्यस्योपक्रमे च सति पारणा भवेदिति सन्देहावस्थायामेतत् ।। ५ ।।

आगैं परिणामनिकी **शुद्धि** कैं अर्थि बहुरि कहै है—

अर्थ—सव्वं जे अशन-पानादिक आहार के प्रकार हैं तिनिकूं तजूं हूँ । बहुरि आहारादिक सर्व संज्ञा है, तिनिकूं तजूं हूँ । इहलोकादिक समस्त आकांक्षा है, तिनहि तजूं हूँ । बहुरि कषाय कहिए समस्त क्रोधादिक भाव है, तिनहिं तजूं हूं । बहुरि ममत्व कहिए समस्त चेतन-अचेतन बाह्य परिग्रह विषैं, यहु मेरा है—ऐसा ममकार भाव हैं, ताहि तजूं हूँ । बहुरि सर्व्व जो प्राणी मात्र हैं, ता प्रति क्षमा भाव करूं हूँ ।। ४।।

भावार्थ—सामायिक ही की शुद्धता के अर्थि ऐसे परिणाम की शुद्धता करै ।

आगैं प्रत्याख्यान दोय प्रकार है ताके अर्थि कहै हैं—

अर्थ—कोई देशकाल विषैं देव, मनुष्य, तिर्यंच, अचेतन कृत उपसर्ग होतैं, अथवा अपने अभिप्रायतैं जीवतव्यमैं संदेह होय, तहां ऐसा प्रत्याख्यान करनां—यह प्रत्याख्यान का प्रथम भेद है, सो कहै हैं—जो 'एतस्मिन्देशकाले' कहिए—इस देश-काल विषैं, 'मम' कहिए मेरा "जीवित" कहिए, जीवे का, 'उपक्रम' कहिए सद्भाव रहेगा तो मेरै इहप्रत्याख्यान है । जो यह उपसर्गादि समाप्त भए 'पारणा' कहिए आहार ग्रहण होय । जो इस देश, कालमैं जीवनां नाहीं तौ यह च्यारि प्रकार आहार का मेरे प्रत्याख्यान है । ऐसैं जीवितव्य का संदेह अवस्था में प्रत्याख्यान करे ।। ५ ।।

१. अ, ब प्रति में णिच्छिणे ।

निश्चयावस्थायां तु पुनरेतदित्याह—

सव्वं आहारविहिं पच्चक्खामि पाणयं वज्ज ।
उवहिं च वोसरामि य दुविहं तिविहेण सावज्जं ॥ ६ ॥

सव्वं—सर्वं निरवशेषं । **आहारविहिं**—भोजनविधिं । **पच्चक्खामि**—प्रत्याख्यामि । **पाणयं वज्ज**—पानकं वर्जयित्वा । **उवहिं च**—उपधिं च । **वोसरामि य**—व्युत्सृजामि च । **दुविहं**—द्विविधं बाह्याभ्यन्तरलक्षणं । **तिविहेण**—त्रिविधेन मनोवचनकायेन । **सावज्जं**—सावद्यं पापकारणं । पानकं वर्जयित्वा सर्वमाहारविधिं प्रत्याख्यामि, बाह्याभ्यन्तरोपधिं च व्युत्सृजामि द्विविधं त्रिविधेन सावद्यं च यदिति ॥ ६ ॥

उत्तमार्थार्थमाह—

जो कोइ मज्झ उवही[1] सब्भंतरवाहिरो य हवे ।
आहारं च सरीरं जावज्जीवा[2] य वोसरे ॥ ७ ॥

जो कोइ—यः कश्चित् । **मज्झ उवही**—ममोपधिः परिग्रहः । **सब्भंतरवाहिरो य**—साभ्यन्तरवाह्यश्च । **हवे**—भवेत् । तं सर्वं । **आहारं च**—चतुर्विकल्पभोजनं शरीरं च । **जावज्जीवा य**—जीवं जीवितव्यमनतिक्रम्य यावज्जीवं यावच्छरीरे मम जीव इत्यर्थः । **वोसरे**—व्युत्सृजे । यः कश्चित् मम सबाह्याभ्यन्तरोपधिर्भवेत् तं आहारं शरीरं च यावज्जीवं व्युत्सृजेदित्यर्थः ॥ ७ ॥

बहुरि जहां निश्चय होय जाय जो इस उपसर्गादिक विषैं अवश्य जीवितव्य नांही, तहां दूसरा प्रत्याख्यान का भेद है, सो ही कहै हैं—

अर्थ—सर्व्व कहिए समस्त, आहारविधि कहिए—भोजन का प्रकार, ताका मेरे प्रत्याख्यान है, त्याग है । पानकं वर्जयित्वा कहिए—जल का त्याग नांही, जल विनां अन्य समस्त का त्याग है । बहुरि बाह्य-आभ्यंतर दोय प्रकार समस्त उपधि ताहि त्रिविधि कहिए—मन, वचन, कायकरि छोड़ूं हूँ । बहुरि सावद्य कहिए पापकारण—जो मन, वचन, कायकरि तीन प्रकार सावद्य योग है, ताकूं छोड़ हूं ॥ ६ ॥

भावार्थ—जल बिना अन्य सर्व भोजन मात्र का त्याग करै । बहुरि अभ्यंतर परिग्रह—मिथ्यात्व[3] कषायादिक अर बाह्य परिग्रह—शिष्यादिक तथा धर्मोपकरणादिक तथा पाप का कारण मन का संकल्प न करै, पाप का कारण वचन न कहैं, पाप का कारण काय चेष्टा न करैं—अैसे सर्व सावद्य योग का त्याग करैं । मरण का निश्चय भए अैसा प्रत्याख्यान करैं ।

आगैं उत्तमार्थ कै अर्थि कहैं हैं—

अर्थ—यः-कहिए—जो कोई कहिए कश्चित् मज्झ-कहिये मेरे, साभ्यंतर बाह्य कहिए—अभ्यंतर सहित बाह्य, उपधि कहिए—परिग्रह है ताहि । बहुरि आहार कहिए—च्यारि प्रकार भोजन है ताहि । बहुरि शरीर कहिए—देह है ताहि । यावज्जीवं कहिए—जीवित पर्यंत जे तैं शरीर विषैं जीव हैं तहां पर्यंत, व्युत्सृजे कहिए—छोड़हूँ ॥ ७ ॥

१. अ ब दोनों प्रतियों में 'जवधी' है । २. अ ब जावाजीवा पाठ है । ३. ब प्रति में 'मिथ्यादि' पाठ है ।

आगमस्य माहात्म्यं दृष्ट्वोत्पन्नहर्षो नमस्कारमाह—

जम्मालीणा जीवा तरंति संसारसायरमणंतं ।
तं सव्वजीवसरणं णंददु जिणसासणं सुइरं ।। ८ ।।

जं—यत् । **आलीणा**—आलीना आश्रिताः । **जीवाः**—प्राणिनः । **तरंति**—प्लवंते पारं गच्छंति । **संसारसायरं**—संसरणं संसारः स एव सागरः समुद्रः संसारसागरस्तं । **अणंतं**—न विद्यतेऽन्तो यस्यासौ अनन्तस्तं अपर्यन्तं । **तं**—तत् । **सव्वजीवसरणं**—सर्वे च ते जीवाश्च सर्वजीवास्तेषां शरणं सर्वजीवशरणं । **णंददु**—नन्दतु वृद्धिं गच्छतु । **जिणसासणं**—जिनशासनं । **सुइरं**—सुचिरं सर्वकालं । यज्जिनशासनमाश्रिताः जीवाः संसारसागरं तरन्ति तत्सर्वजीवशरणं नन्दतु सर्वकालं, यदनुष्ठानान्मुक्तिर्भवति तस्यैव नमस्कारकरणं योग्यमिति ।। ८ ।।

आराधनाफलार्थमाह—

जा गदी अरहंताणं णिट्ठिदट्ठाणं च जा गदी ।
जा गदी वीदमोहाणं सा मे भवदु सस्सदा[1] ।। ९ ।।

व्याख्यातार्था गाथेयं । अर्हतां च या गतिः निष्ठितार्थानां वीतमोहानां च या गतिः सा मे भवतु सर्वदा नान्यद्याचेऽहमिति ।। ९ ।।

भावार्थ—अभ्यंतर—बाह्य परिग्रह का, चतुर्विध आहार का, बहुरि शरीर—कायावत् जोवत्याग सो उत्तमार्थ त्याग कहिए। इहां जल मात्र का भी ग्रहण नांही हैं।

आगैं आगम का माहात्म्य देखि उपज्या है हर्ष जाकैं, ऐसा जो क्षपक, ऐसे नमस्कार करैं हैं सो कहै हैं—

अर्थ—यत् कहिए—जा, जिनशासन नैं, आलीना जीवाः कहिये—आश्रय भए जीव हैं, ते, अनंत कहिये नांही विद्यमान है अन्त जाके ऐसो अपर्यंत, संसार सागर कहिए पंच परावर्तन रूप संसार सो ही भया समुद्र ताहि, तरंति कहिए—तरैं है, पार को प्राप्त होय हैं ऐसा। बहुरि सर्व जीवनि कौ शरण—सहाय ऐसा, जो जिनशासन है। केवली-श्रुतकेवली भाषित आगम सो सुचिरं कहिए—सर्वकाल, नंदतु-वृद्धि कौं प्राप्त होहु ।। ८ ।।

भावार्थ—मन, वचन, काय, जिनआगम के स्तवन, नमस्कार विषैं प्रवर्तावैं, जाकैं अनुष्ठानतैं मुक्ति होय ताहि कौं नमस्कार करना योग्य है।

आगैं आराधना के फल कै अर्थि कहै हैं—

अर्थ—आगैं लिख्या है सो ही जाननां।

भावार्थ—जो अर्हंतनि की गति, जो सिद्धन की गति, जो वीतराग छद्मस्थनि की गति, सो सर्वकाल मेरी गति होहु। और मैं कछु जाचूं हूँ नांही। आराधना का फल एता ही चाहूँ हूँ ।। ९ ।।

---

१. यह गाथा इसी ग्रन्थ के द्वितीय अधिकार में गाथा क्रम सं० ७१ पर भी आ चुकी है।

सर्वसंगपरित्यागं कृत्वा, चतुर्विधाहारं च परित्यज्य जिनं हृदये कृत्वा किमर्थं म्रियते चेदतः प्राह—

एगं पंडिय[1]मरणं छिंदइ जाईसयाणि[2] बहुगाणि ।
तं मरणं मरिदव्वं जेण मदं सुम्मदं होदि ॥ १० ॥

इयं[3] च व्याख्यातार्था गाथेति । यतः एकं पंडितमरणं जातिशतानि बहूनि छिनत्ति येन च मरणेन न पुनर्म्रियते किन्तु सुमृतं भवति पुनर्नोत्पद्यते तन्मरणमनुष्ठेयमिति ॥ १० ॥

मरणकाले समाधानार्थमाह—

[4]**एगम्हि य भवग्गहणे समाहिमरणं लहिज्ज जदि जीवो ।**
सत्तट्ठभवग्गहणे णिव्वाणमणुत्तरं लहदि ॥ ११ ॥

एकस्मिन् भवग्रहणे समाधिमरणं यदि लभते जीवस्ततः सप्ताष्टभवग्रहणेषु व्यतीतेषु निश्चयेन निर्वाणमनुत्तरं लभते यतस्ततः समाधिमरणमनुष्ठीयते इति । शरीरे सति जन्मादीनि दुःखानि यतस्ततः सुमरणन शरीरत्यागः कर्तव्यः ॥ ११ ॥

आगैं कोउ पूछै कि सर्व संग का परित्याग करि, च्यारि प्रकार आहार का परित्याग करि, जिनदेव कौ हृदय विषैं धारि मरण करिये—याका फल कहा ? अैसा प्रश्न होतैं कहै हैं—

अर्थ—याका आगैं व्याख्यान कीया है तहां तैं जाननां ।

भावार्थ—एक हु पंडितमरण सैकरा (सैकड़ों) जन्मनिका दूर करण हारा है । तातैं मरण अैसा करिये जातैं फेरि भव-धारण नांही होय, अैसा मरण सो सुमृत कहिए, भला मरण है । इसही प्रयोजन कैं अर्थि पूर्वोक्त प्रकार त्यागकरि मरण करनां ॥ १० ॥

आगैं मरणकाल कै विषैं समाधान कै अर्थि कहै हैं—समाधिमरण के लाभ—

अर्थ—यदि कहिए—जो, जीवः कहिये—यहु जीव है सो, एकस्मिन् भवग्रहणे कहिये—एकहू पर्याय विषैं, समाधिमरणं कहिये समाधि[5]मरण नैं, लभते कहिये प्राप्त होय तो सप्ताष्टभवग्रहणेषु कहिये—सात-आठ भव रूप पर्याय, वितीत भए, अनुतरं कहिए—नांही हैं बहुरि उत्तरभव जहां अैसा जो, निर्वाण कहिए—मोक्ष ताहि, लभते कहिए पावै हैं ।

भावार्थ—जो भावलिंगी विधिपूर्वक सन्यासमरण करै हैं सो सात-आठ भव वितीत भए मोक्ष होय जाय है । बहुत काल संसार में नांही भ्रमै है ॥ ११ ॥

१. अ ब प्रतियों में 'पंडिद' पाठ है । २. अ ब प्रतियों में छिददि जादी सदाणि । ३. यह गाथा इसी ग्रन्थ के द्वितीय अधिकार में क्रमांक ४१ पर आ चुकी है । ४. देखें द्वितीय अधिकार गाथा ६१ । ५. ब प्रति में 'सन्यास' शब्द है ।

कानि जन्मादीनि दुःखानीत्याह—

णत्थि भयं मरणसमं जम्मणसमयं ण विज्जदे दुक्खं ।
जम्मणमरणादंकं छिंदि मर्मात्ति सरीरादो ॥ १२ ॥

मरणसमं—मृत्युसदृशं भयं जीवस्य नान्यत्, जन्मनोत्पत्त्या समकं च दुःखं च न विद्यते । यतोऽतो जन्ममरणान्तकं । **छिंदि**—विदारय । शरीरतश्च ममत्वं छिंधि । शरीरे सति यतः सर्वमेतदिति ॥ १२ ॥

त्रीणि प्रतिक्रमणानि आराधनायामुक्तानि तान्यत्रापि संक्षिप्ते काले सम्भवन्तीत्याह—

पढमं सव्वदिचारं बिदियं तिविहं भवे पडिक्कमणं ।
पाणस्स परिच्चयणं जावज्जीवायमुत्तमट्ठं च ॥ १३ ॥

क्रमप्रतिपादनार्थं चैतत् । **पढमं**—प्रथमं । **सव्वदिचारं**—सर्वातिचारस्य तपःकालमाश्रित्य दोषविधानस्य । **विदियं**—द्वितीयं । **तिविहं**—त्रिविधाहारस्य । **भवे**—भवेत् । **पडिक्कमणं**—प्रतिक्रमणं । परिहरणं । **पाणस्स**—पानकस्य । **परिच्चयणं**—परित्यजनं । **यावज्जीवाय**—यावज्जीवं । **उत्तमट्ठं य**—उत्तमार्थं च तन्मोक्षनिमित्तमित्यर्थः । प्रथमं तावत्सर्वातिचारस्य प्रतिक्रमणं, द्वितीयं प्रतिक्रमणं त्रिविधाहारस्य, तृतीयमुत्तमार्थं पानकस्य परित्यजनं यावज्जीवं चेति तस्मिन् काले त्रिविधं प्रतिक्रमणमेव न केवलं किन्तु योगेन्द्रियशरीरकषायाणां च । तत्र त्रिविधस्य

आगै इस शरीर कौं होतैं संतैं जन्मादिक केई दुख होय हैं, तातैं समाधिमरण करि इस शरीर का त्याग करनां—अैसैं कहै हैं।

अर्थ—मरणसमं भयं कहिये—जीव कै मृत्यु सारिखा और भय नांही है। बहुरि जन्मना समकं दुःखं कहिए—जन्म समान अन्य दुख नांही है। तातैं जन्ममरणांतकं कहिये—जन्म-मरण रूप महाव्याधि है। ताहि छिंधि कहिये—छेदि-विदारण करि बहुरि याहि कैं अर्थि शरीरतः कहिये शरीरस्थको, ममत्व है ताहि छेदि, जातैं[1] शरीर के होयतैं यह सर्व दुःख है॥ १२ ॥

भावार्थ—जीव कै जन्ममरण रूप बड़ा रोग है। तिसका शरीर विषै ममत्व करनां निदान, मूल-कारण हैं। यातैं इस शरीर का बुद्धिपूर्वक सन्यास विधि करि ममत्व छोड़ि त्याग किए जन्ममरण रूप महारोग मिटै हैं।

आगैं कहै हैं कि आराधना विषै तीन प्रतिक्रमण कहै हैं। ते इहाँ संक्षेप काल विषैं भी संभव हैं—

अर्थ—अनुक्रम प्रतिपादन कै अर्थि यह कहै है—प्रथम तो सर्वातिचार प्रतिक्रमण है। दीक्षा ग्रहणतैं लगा इस समस्त, तपश्चरण का कालनैं आश्रयकरि जे दोष अतीचार लागै होय तिनिका शोधन करनां। बहुरि दूसरा त्रिविध प्रतिक्रमण हैं सो जल बिना तीन प्रकार आहार का त्याग कीया ताका अतीचार शोधन करना। तीसरा उत्तमार्थ प्रतिक्रमण है सो यावज्जीवन पाणि (जल) का भी त्याग करि उत्तमार्थ त्याग कीया, ताके दोष का शोधन करना यह उत्तमार्थ प्रतिक्रमण है। सो मोक्ष का निमित्त हैं।

१. ब प्रति में यह वाक्य नहीं है।

योगस्य निग्रहो योगप्रतिक्रमणं, पंचेन्द्रियाणां च निग्रह इन्द्रियप्रतिक्रमणं, पंचविधस्य च शरीरस्य च त्यागः कृशता वा शरीरप्रतिक्रमणं, षोडशविधकषायस्य नवविधस्य च नोकषायस्य निग्रहः कृशता कषायप्रतिक्रमणं, हस्तपादानां च ।। १३ ।।

ननु कषायशरीरसल्लेखना आराधनायां आगमे कथिता, एतेषां पुनर्योगेन्द्रियहस्तपादानां न श्रुता, नैतत्, एतेषां चागमेऽस्तीत्याह—

पंचवि इंदियमुंडा वचमुंडा हत्थपायमणमुंडा ।
तणमुंडेण वि सहिया दस मुंडा वण्णिया समए ।। १४ ।।

पंचानामपि इन्द्रियाणां मुण्डनं खण्डनं स्वविषयव्यापारान्निवर्तनं । **वचिमुण्डा**—वचनस्याप्रस्तुतप्रलापस्य खण्डनं । हस्तपादमनसां वाऽसंस्तुतसंकोचप्रसारणचिन्तननिवर्तनं ततः शरीरस्य च मुण्डनं एते दश मुण्डाः समये वणिता यतो न स्वमनीषया व्याख्यानमेतदिति । अथवा एतैर्मुण्डैर्मुण्डधारी भवति नान्यैः सावद्यैरिति ।। १४ ।।

इत्याचारवृत्तौ वसुनन्दिविरचितायां तृतीयः परिच्छेदः ।। ३ ।।

इहां अैसा जाननां तिस काल में केवल तीन प्रकार ही प्रतिक्रमण नांही है। योग, इंद्रिय, शरीर, कषाय, हस्त-पाद--इनका भी प्रतिक्रमण है। इनका स्वरूप कहै है—मन, वचन, काय के योगनिका निग्रह सो योग प्रतिक्रमण कहिये।

ये पंच प्रकार के शरीर का त्याग अथवा क्षीणता सो शरीर-प्रतिक्रमण कहिये। बहुरि सोलह प्रकार कषाय का, नव प्रकार नौ कषाय का निग्रह अथवा क्षीणता सो कषाय प्रतिक्रमण कहिये। स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र—इन पंच इंद्रियन का निग्रह सो इंद्रिय प्रतिक्रमण कहिये[1]। हाथ-पगनि को क्रिया न करना सो हस्तपाद प्रतिक्रमण कहिये ।। १३ ।।

इहां कोई प्रश्न करे कि आराधना विषै कषायसल्लेखना, शरोर सल्लेखना सो आगम विषै कहैं हैं, अर योग, इंद्रिय, हस्तपाद--इनकी तो सल्लेखना आगम में सुनी नांही ? ताका समाधान करै है कि अैसे नांही, इनका भी त्याग आगम में कह्या है सो ही कहिये हैं—

अर्थ—पांच इन्द्रियन का मुंडन कहिये खंडन अथवा अपनैं अपनैं, विषयनि विषैं व्यापार तैं छुड़ावना तैं पांच इन्द्रिय मुंड कहिए। स्पर्शन इंद्रिय का स्पर्श विषैं व्यापार का रोकना सो स्पर्शन-इंद्रिय-मुंड कहिए। बहुरि रसना इंद्रिय का रस विषैं व्यापार का रोकना सो रसनैंद्रिय मुंड कहिए। बहुरि घ्राणैंद्रिय का गंध विषैं व्यापार रोकना सो घ्राणैंद्रिय मुंड कहिए। बहुरि चक्षुइंद्रिय का वर्ण विषैं व्यापार का रोकना सो चक्षुइंद्रिय मुंड कहिए। बहुरि श्रोत्रैंद्रिय का शब्द विषैं व्यापार का रोकना सो श्रोत्रैंद्रिय मुंड कहिए। अैसे पंचइंद्रिय मुंड जाननें। बहुरि बिना प्रस्ताव, बिना प्रयोजन वचन नांहो बोलना सो वाक् मुंड कहिए। बहुरि हाथनिका अप्रशस्त संकोचना, विस्तारना न करिए सो हस्तमुंड कहिए। बहुरि पादनिका अप्रशस्त संकोच विस्तार न करि एसो पाद मुंड कहिए।

बहुरि मन विषैं अप्रशस्त चिंतन नांही करैं सो मनोमुंड कहिए। बहुरि शरीर का अप्रशस्त चेष्टा नांही करैं सो

१. ब प्रति में यह पंक्ति यहाँ से निकाल कर बाद में रखी गई है।

शरीर मुंड, कहिए। ऐसे दस मुंड, समय जो जिन-आगम तामैं वर्णन किए हैं। यह व्याख्यान अपनी बुद्धि तैं नांही किया अथवा इनि मुंडनि तैं मुंडधारी होय हैं, अन्य सावद्य रूप मुंडनि करि मुंडधारी नांही ॥ १४ ॥

ऐसे आचार्य श्री वट्टकेरस्वामी विरचित मूलाचार नाम प्राकृत ग्रन्थ को वसुनंदि सिद्धान्तचक्रवर्ती विरचित आचार-वृत्ति नाम संस्कृत टीका कैं अनुसार यह देशभाषामय वचनिका विषैं संक्षेपतर प्रत्याख्यान हैं नाम जाका—ऐसा तृतीय अधिकार समाप्त भया।

यहां पर्यंत गाथा सूत्र एक सौ इक्कईस १२१ भये। अैसें अति निकट हैं मृत्यु जाकैं अैसें मुनि के अर्थि संक्षेप रूप प्रत्याख्यान का व्याख्यान किया।

४. सामाचाराधिकारः

एवं संक्षेपस्वरूपं प्रत्याख्यानमासन्नतममृत्योर्व्याख्याय यस्य पुनः सत्यायुषि निरतिचारं मूलगुणा निर्वहंति तस्य कथं प्रवृत्तिरिति पृष्टे तदर्थं चतुर्थमधिकारं सामाचाराख्यं नमस्कारपूर्वकमाह—

तेलोक्कपूयणीए अरहंते वंदिऊण तिविहेण ।
वोच्छं सामाचारं समासदो आणुपुव्वीयं ।। १ ।।

तेलोक्कपूयणीए—त्रयाणां लोकानां भवनवासिमनुष्यदेवानां पूजनीया वन्दनीयास्त्रिलोकपूजनीयास्तान् त्रिकालग्रहणार्थमनीयेन निर्देशः । **अरहंते**—अर्हतः घातिचतुष्टयजेतॄन् । **वंदिऊण**—वन्दित्वा । **तिविहेण**—त्रिविधेन मनोवचनकायैः । **वोच्छं**—वक्ष्ये । **सामाचारं**—मूलगुणानुरूपमाचारं । **समासदो**—समासतः संक्षेपेण 'कायाः' तस् । **आणुपुव्वीयं**—आनुपूर्व्या अनुक्रमेण । त्रिविधं व्याख्यानं भवति पूर्वानुपूर्व्या, पश्चादानुपूर्व्या यत्र तत्रानुपूर्व्या च । तत्र पूर्वानुपूर्व्या ख्यापनार्थमानुपूर्वीग्रहणं क्षणिकनित्यपक्षनिराकरणार्थं च । क्त्वान्तेन नमस्कारकरणपूर्वकं प्रतिज्ञाकरणं । अर्हतस्त्रिलोकपूजनीययांस्त्रिविधेन वन्दित्वा समासादानुपूर्व्या समाचारं वक्ष्ये इति ।। १ ।।

---

४. सामाचाराधिकार

आगैं आयु:, बल विद्यमान होत संतैं जाकैं अतीचार रहित मूलगुणनि का निर्वाह होय है ताकी प्रवृत्ति कैसैं होय ? ऐसा प्रश्न होत संते ताका समाधान कै अर्थि नमस्कारपूर्वक चौथा सामाचार नाम अधिकार कहै है—

अर्थ—त्रिलोक कहिए—भवनवासी, मनुष्य, देव-तिनिकै पूजनीय कहिए—तीन काल वंदिबे योग्य, ऐसे जे अरहंत च्यारि घातिया कर्मनिके जीतन हारे, अनन्तचतुष्टय विराजमान, तिनहि त्रिविधेन कहिए—मन, वचन, कायकरि, वंदित्वा कहिए—वंदना, स्तवन करि, समासतः कहिए—संक्षेपकरि सामाचारनामाधिकार है। ताहि आनुपूर्व्या[1] कहिए—अनुक्रम करि, वक्ष्ये—कहिए, कहौंगा।

इहां मूलगुणनि के अनुरूप कहिए सदृश जो आचार सो समाचार कहिए हैं। ताकी निरुक्ति आगैं-करहिंगे। बहुरि समासतः ऐसा इहां पद है तामैं जैनेन्द्र व्याकरेण कै अनुसार का कहिए, पंचमी विभक्ति ताका तस ऐसा आदेश कीया हैं। बहुरि व्याख्यान तीन प्रकार है—एक तो पूर्वानुपूर्व्वी करिए, एक पश्चादानुपूर्वी करिए, एक यत्रतत्रानुपूर्वी करि। इहां गाथा विषै आनुपूर्वीपद है ताका पूर्वानुपूर्वी ऐसा अर्थ जानना। ऐसैं[2] पूर्वाचार्यानिकी परिपाटी का अनुक्रमतैं चाल्या आया। तिसही अनुक्रमकरि व्याख्यान करूंगा।

बहुरि इहां वंदित्वा ऐसे पद मैं क्त्वा प्रत्यय करि[3] पूर्वकाल मैं नमस्कार कीया पीछैं अधिकार कहनैं की प्रतिज्ञा करी, सो क्षणिक-नित्यपक्ष का निराकरण कै अर्थि करी है। जे सर्व्वथा आत्माकूं क्षणिक मानैं है, तिनिकैं पहलै क्षण नमस्कार करि विनशि जाय, ता पीछैं दूसरैं क्षण प्रतिज्ञा करणाँ वणैं नांही। ऐसे सर्वथा क्षणिकवादी कै अर्थि क्रिया वणैं नांही। बहुरि जे आत्मा कूं सर्व्वथा नित्य कूटस्थ निर्विकार मानैं हैं, तिनिकै पहलै क्षण वंदना-पर्याय, दूसरै क्षण **प्रतिज्ञा** करनैं रूप **पर्याय** बनै नांही। सर्वथा

१. 'ब' प्रति में 'आनुपूर्व' पाठ है। २. 'अ' प्रति में 'जैसे' पाठ है। ३. 'ब' प्रति में 'कहि' पाठ है।

सामाचारशब्दस्य निरुक्त्यर्थं संग्रहगाथासूत्रमाह—

समदा सामाचारो सम्माचारो समो व आचारो ।

सव्वेसिं सम्माणं समाचारो दु आचारो ।। २ ।।

चतुर्भिरर्थैः सामाचारशब्दो व्युत्पाद्यते, तद्यथा—**समदासामाचारो**—समस्य भावः समता रागद्वेषाभावः स समाचारः अथवा त्रिकालदेववन्दना पंचनमस्कारपरिणामो वा समता, सामायिकव्रतं वा । **सम्माचारो**—सम्यक् शोभनं निरतिचारं, मूलगुणानुष्ठानमाचरणं समाचारः सम्यगाचारः अथवा सम्यगाचरणमवबोधो निर्दोषभिक्षाग्रहणं वा समाचारः, चरेर्भक्षणगत्यर्थत्वात् । **समो व आचारो**—समो व आचारः पंचाचारः । **सव्वेसिं**—सर्वेषां प्रमत्ताप्रमत्तादीनां सर्वेषां यतीनामाचारः । समो प्राणिबधादिभिर्यत्नोऽतः समाचारः । अथवा सम उपसमः क्रोधाद्यभावस्तेन परिणामेनाचरणं समाचारः । समशब्देन दशलाक्षणिकधर्मो गृह्यते स समाचारः । अथवा भिक्षाग्रहणदेववन्दनादिभिः सह योगः **समाचारः**। **सम्माणं**—सह मानेन परिणामेन वर्तते इति समानं सहस्य सः, समानं वा मानं, समानस्य सभावः । अथवा सर्वेषां समानः पूज्योऽभिप्रेतो वा आचारो यः स समाचारः । अथवा समदा सम्यक्त्वं, **सम्माचारो**—चारित्रं, समाणं—ज्ञानं, समो वा आचारो—तपः । एतेषां सर्वेषां योऽयं

नित्यवादी के अर्थक्रिया वणै नांही । तातैं जे स्याद्वादी अनेकांती हैं तीनिकैं द्रव्यार्थिक नयकरि आत्मा नित्य है पर्यायार्थिक नयकरि आत्मा अनित्य है । तातैं क्रम यौगपद्यकरि[1] अर्थक्रिया वणै—अैसा अभिप्राय जानना ।। १ ।।

आगे सामाचार शब्द की निरुक्ति कै अर्थि संग्रह गाथासूत्र कहै हैं—

अर्थ—च्यारि अर्थनि करि सामाचार शब्द की व्युत्पत्ति करिए है, सो ही कहिए हैं । प्रथम तौ—समता है सो समाचार है । समभाव का नाम समता है । यातैं यहु अर्थ भया—"राग-द्वेष का अभाव है" सो समाचार है अथवा त्रिकाल देववंदना, पंचनमस्कार मैं परिणाम सो समता कहिए याही का नाम सामाचार[2] है । अथवा सर्व्वसावद्ययोग का त्यागरूप सामायिक व्रत सो ही समाचार है ।

बहुरि दूसरा अर्थ—'सं' कहिए सम्यक् आचार सो सामाचार है, समाचार सो ही सामाचार है । याका अर्थ सम्यक् कहिए—शोभन, अतिचार रहित जो आचार कहिए मूलगुणनिका अनुष्ठान सो समाचार है । अथवा सम्यक् जो आचरण कहिए अवबोध-ज्ञान सो सामाचार कहिए । इहां चरगति[3] भक्षणयोः अैसा धातु का आचरण शब्द सिद्धकरि गति अर्थ का ग्रहणतैं ज्ञान अर्थ लीया है । बहुरि सम्यक् आचरण कहिए, निर्दोषभिक्षा ग्रहण सो समाचार कहिए । इहां चरगति भक्षणयोः इसही धातु का आचरण शब्द सिद्धकरि भक्षण अर्थ ग्रहण कीया है ।

बहुरि तीसरा अर्थ—सम जो आचार सो समाचार कहिए, समाचार सो ही सामाचार जाननां । इहां पंचाचार का नाम सामाचार जाननां । सर्व्व जे प्रमत्त, अप्रमत्तादिक मुनि तिनिकै समान अहिंसादिक रूप आचार सो सामाचार कहिए । अथवा सम कहिए—उपशमभाव क्रोधादिक का अभाव, दशलक्षणीक धर्म रूप समपरिणाम करि जो आचरण सो समाचार कहिए । अथवा भिक्षा-ग्रहण, देव-वंदना इत्यादिक करि सहयोग कहिए[4] साथि जानां, आवनां सो समाचार कहिए ।

---

१. 'ब' प्रति में अयोगपद्यकरि । २. ब प्रति में 'समाचार' । ३. ब प्रति में 'चारणति' पाठ है । ४. 'ब' प्रति में साथ जाना है ।

समाचारः ऐक्यं स समाचारः, आचारो वा समाचारः । यस्तु समाचारः स आचार एवेत्यविनाभावः । अथवा पञ्चभिरर्थैर्निर्देशः **समदा** समरसीभावः समयाचारो—स्वसमयव्यवस्थयाचारः, **सम्माचारो**—सम्यगाचारः, समो वा सहाचरणं । सः **सव्वेसु**—सर्वेसु क्षेत्रेषु **समाणं**—समाचारः । संक्षेपार्थं [1]समताचारः सम्यगाचारः, समो य आचारो वा सर्वेषां स समाचारो हानिवृद्धिरहितः, कायोत्सर्गादिभिः समानं मानं यस्याचारस्य स वा समाचार इति ॥ २ ॥

अस्यैव समाचारस्य लक्षणभेदप्रतिपादनार्थमाह—

दुविहो समाचारो ओघो विय पदविभागिओ चेव ।
दसहा ओघो भणिओ अणेगहा पदविभागीय ॥ ३ ॥

दुविहो—द्विविधः द्विप्रकारः । **समाचारो**—सामाचारः सम्यगाचार एव समाचारः प्राकृतबलाद्वा दीर्घत्वमादेः । **ओघो विय**—औघिकः सामान्यरूपः । **पदविभागीओ**—पदानां अर्थप्रतिपादकानां विभागो भेदः स विद्यते यस्यासौ पदविभागिकश्च । एवकारोऽवधारणार्थः । स सामाचारः औघिक-पदविभागिकाभ्यां द्विविध एव ।

तयोर्भेदप्रतिपादनार्थमाह—**दसहा**—दशधा दशप्रकारः । **ओघो**—औघिकः । **भणिओ**—भणितः । **अणेयधा**—अनेकधाऽनेकप्रकारः । **पदविभागी य**—पदविभागी च । य औघिकः स दशप्रकारोऽनेकधा च पदविभागी ॥ ३ ॥

बहुरि चौथा **अर्थ—अथवा समान** कहिए परिणाम सहित अथवा सर्व क्षेत्रनि विषै सादृश परिणाम रूप अथवा सर्व के समान कहिए पूज्य अभिप्रेत अैसा समान जो आचार सो सामाचार कहिए, अथवा समता कहिए सम्यक्त्व सम्यग्, आचार कहिए चारित्र, समान कहिए ज्ञान सम, आचार कहिए तप—इनि सबनि की एकता सो सामाचार कहिए । अथवा आचार सो ही सामाचार कहिए । जातैं समाचार आचार कै अविनाभाव है । अथवा पाँच अर्थनि करि निर्देश करै हैं । एक तौ समता कहिए समरसी भाव सो समाचार है । दूसरा समाचार कहिए अपने आगम की मर्यादा करि आचार सो समाचार कहिए । तीसरा सम्यक् कहिए निर्दोष आचार सो समाचार कहिए । चौथा सम कहिए सर्वमुनिनि कै समान आचार सो समाचार कहिए । पाँचवा सर्व क्षेत्रनि विषै समान हानि-वृद्धि रहित कायोत्सर्गादिक करि समान जो आचार सो समाचार कहिए ॥ २ ॥

आगैं याही समाचार केवल क्षणभेद का प्रतिपादन कै अर्थि कहैं हैं ।

अर्थ—सामाचार कहिए समाचार है, सो दोय प्रकार हैं । याका नाम संस्कृत मैं समाचार भो कह्या है । सं कहिए सम्यक् अैसा जो आचार सौ समाचार, याके स्वार्थ मैं प्रत्यय कोए सामाचार शब्द भो होय है । अर्थ भेद है नांही । अथवा संस्कृत मैं समाचार शब्द है ताका प्राकृतभाषा के बलतैं आदि स्वर कूं दोर्घकरि सामाचार कहिए । सो समाचार एक तौ औघिकः कहिए सामान्य रूप है । बहुरि पदविभागी कहिए पदनिका है विभाग जामै अैसा, विशेष रूप है । इहां एव शब्द का नियम अर्थ जाननां । सामाचार दोय प्रकार हो है अैसा नियम जाननां । तहां औघिक समाचार दस प्रकार कह्या है । बहुरि पद विभागिक समाचार अनेक प्रकार कह्या है ॥ ३ ॥

१. क समता समाचारः ।

आद्यस्य ये दशप्रकारास्ते केऽतः प्राह—

इच्छा-मिच्छाकारो तधाकारो व आसिआ णिसिही ।
आपुच्छा पडिपुच्छा छंदणसणिमंतणा य उवसंपा ॥ ४ ॥

इच्छामिच्छाकारो—इच्छामभ्युपगमं करोतीति इच्छाकार आदरः, मिथ्या व्यलीकं करोतीति मिथ्याकारो विपरिणामस्य त्यागः, एकस्य कारशब्दस्य निवृत्तिः, समासान्तस्य वा[1] कृदुत्पत्तिः । **तधाकारो य**—तथाकारश्च सदर्थे प्रतिपादिते एवमेव वचनं । **आसिया**—आसिका आपृच्छ्य गमनं । **णिसिही**—निषेधिका परिपृच्छ्य प्रवेशनं । **आपुच्छा**—आपृच्छा स्वकार्यं प्रति गुर्वाद्यभिप्रायग्रहणं । **पडिपुच्छा**—प्रतिपृच्छा निषिद्धस्य अनिषिद्धस्य वा वस्तुनस्तद्ग्रहणं प्रति पुनः प्रश्नः । **छंदण**—छन्दनं छन्दानुवर्तित्वं यस्य गृहीतं किंचिदुपकरणं तदभिप्रायानुवर्तनं । **सणिमंतणा य**—सनिमंत्रणा च सत्कृत्य याचनं च । **उपसंपा**—उपसम्पत् आत्मनो निवेदनं । नायं पृच्छाशब्दोऽपशब्दः[2] । उत्सर्गापवादसमावेशात् । एतासामिच्छाकारमिथ्याकार-तथाकारासिका-निषेधिकापृच्छा-प्रतिपृच्छा-छन्दन-सनिमंत्रणोपसम्पदां को विषय इत्यत आह—गाथात्रयेण सम्बन्धः ॥ ४ ॥

इट्ठे इच्छाकारो मिच्छाकारो तहेव अवराहे ।❀
पुडिसुणणह्मि[3] तहत्तिय णिग्गमणे आसिया भणिया ॥ ५ ॥
पविसंते य[4] णिसीही आपुच्छणियासकज्ज आरंभे ।
[5]साधम्मिणा य गुरुणा पुव्वणिसिट्ठह्मि पडिपुच्छा ॥ ६ ॥

आगै औधिक समाचार दश प्रकार कह्या, तिनिही कूं कहै है—

अर्थ—इच्छा कहिए अभ्युपगम करै, आदर करैं, मानैं सो **इच्छाकार** कहिए। बहुरि मिथ्या कहिए—असत्य करै, विरुद्ध परिणाम का त्याग करैं सो मिथ्याकार कहिए। बहुरि 'तथा' कहिए भला अर्थ प्रतिपादन कीए संतैं—अैसे ही है, अैसा कहना सो **तथाकार** कहिए। बहुरि पूछिकरि गमन करना सो **आसिका** कहिए। बहुरि पूछि करि प्रवेश करना सो **निषेधिका** कहिए। बहुरि अपनैं कार्य करणैं प्रति गुरु आदिक का अभिप्राय लेनां सो **अपृच्छा** कहिए। बहुरि कोउ वस्तु लेने का निषेध होय अथवा निषेध नांही कीया होय ताकैं लैंने कूं फेरि प्रश्न करैं सो **प्रतिपृच्छा** कहिए बहुरि जाका किंचित् धर्मोपकरण ग्रहण कीया होय ताका अभिप्राय कै अनुकूल वर्तना सो **छंदन** कहिए। बहुरि आदर सत्कार करि पुस्तकादिक का याचना करनां सो **सनिमंत्रणा** कहिए। बहुरि गुरु आदिक कूं अपनां निवेदन करनां—'जो मैं आपका हूं' सो **उपसंपत** कहिए।

आगैं ए १. इच्छाकार, २. मिथ्याकार, ३. तथाकार, ४. आसिका, ५. निषेधिका, ६. आपृच्छा, ७. प्रतिपृच्छा, ८. छंदन, ९. सनिमंत्रणा, १०. उपसंपत—अैसे कहे जे दश प्रकार औधिक समाचार तिनिका विषय कह्या, सो तीन गाथा करि कहै हैं ॥ ४ ॥

१. क वा सकृ° ।   २. क °ब्दो उपशब्दः उपसर्ग उत्स° ।   ❀ अ. ब प्रतियों में "अवराधे" पाठ है ।
३. अ. ब. एवं आ० वसुनन्दि टीका में 'पडिसुणणंहि' पाठ है ।   ४. अ, ब प्रति में 'अ' पाठ है ।   ५. क साहम्मि° ।

छंदणगहिदे दव्वे अगिहदव्वे[1] णिमंतणा भणिदा।
तुह्ममहंतिगुरुकुले आदाणिसग्गो दु उदसंपा ॥ ७ ॥

इट्ठे—इष्टे सम्यग्दर्शनादिके शुभपरिणामे वा। **इच्छाकारो**—इच्छाकारोऽभ्युपगमो हर्ष स्वेच्छया प्रवर्तनं। **मिच्छाकारो**—मिथ्याकारः कायमनसा निवर्तनं। **तहेव**—तथैव। क्व, **अवराहे**—अपराधेऽशुभपरिणामे व्रताद्यतिचारे। **पडिसुणणंहि**—प्रतिश्रवणे सूत्रार्थग्रहणे, **तहत्ति य**—तथेति च यथैव भवद्भिः प्रतिपादितं तथैव नान्यथेत्येवमनुरागः। **णिग्गमणे**—निर्गमने गमनकाले॰। **आसिआ**—आसिका देवगृहस्थादीन् परिपृच्छ्य यानं[2] पापक्रियादिभ्यो मनो निर्वर्तनं वा। **भणिया**—भणिताः कथिताः। **पविसंते य**—प्रविशति च प्रवेशकाले। **णिसिही**—निषेधिका तत्रस्थानाभ्युपगम्य[3] स्थानकरणं सम्यग्दर्शनादिषु स्थिरभावो वा। **आपुच्छणिवा य**—आपृच्छनीयं च गुर्वादीनां वन्दनापूर्वकं प्रश्नकरणं। **सकज्जआरंभे**—स्वस्यात्मनः कार्यं प्रयोजनं तस्यारम्भ आदिक्रिया स्वकार्यारम्भस्तस्मिन् पठनगमनयोगादिके। [4]**साधम्मिणा य**—समानो धर्मोऽनुष्ठानं गुरुर्वा यस्यासौ सधर्मा तेन सधर्मणा च। **गुरुणा**—दीक्षाशिक्षोपदेशकर्त्रा तपोऽधिकज्ञानाधिकेन वा, **पुव्वणिसिट्ठिम्हि**—पूर्वस्मिन्निसृष्टं प्रतिदत्तं समर्पितं

अर्थ—१. इष्ट **कहिए—**सम्यग्दर्शनादिक शुद्धपरिणाम अथवा व्रतादिक शुभ परिणाम, ता विषै मान्यता, हर्षभाव अपनी इच्छा तैं प्रवर्तन करणां सो इच्छाकार कहिए।

२. बहुरि अपराध कहिए अशुभ परिणाम, व्रतादिक विषै अतीचार, ता विषै काय, वचन, मन की निवृत्ति का करनां। मिथ्या शब्द कहनां, सो मिथ्याकार कहिए।

३. बहुरि प्रतिश्रवण कहिए सूत्र कै अर्थ का ग्रहण विषै जैसें अपनैं प्रतिपादन कीया 'तैंसें ही हैं' 'अन्यथा नांहो'—अैसें अनुराग सहित 'तथेति' कहना सो तथाकार कहिए।

४. बहुरि निर्गमने कहिए—जहां विराजे होय तहांतैं गमन करतै देवता, गृहस्थ आदिकनिकूं पूछिकरि गमन करनां अथवा पाप क्रियादिकतैं मन को निवृत्ति का करनां सो **आसिका** कही है।

५. बहुरि नवीन स्थान प्रवेश करता तहां तिष्ठते होहि तिनिकूं पूछि करि प्रवेश करनां, तिनिकूं पूछि करि स्थान करनां अथवा सम्यग्दर्शनादिक विषै थिरभाव सो **निषेधिका** कहिए।

६. बहुरि अपनै कार्य प्रयोजन का आरंभ करतैं, पठन करतैं, कहीं गमन करतैं, आतापनादियोग धरतैं—इत्यादिक विषैं गुरु आदिक कूं वंदनापूर्वक प्रश्न करना सो आपृच्छनीय कहिए तथा **आपृच्छा** कहिए।

७. बहुरि समान है धर्म कहिए—अनुष्ठान, आचरण जाका सो साधर्मी कहिए अथवा समान है गुरु जाका सो साधर्मी कहिए तथा दीक्षा कहिए—प्रथम व्रत ग्रहण ताका करावनैं वाला तथा, शिक्षा कहिए—शास्त्राभ्यास ताका करावनें वाला तथा उपदेश कहिए—धर्मोपदेश ताका करनें वाला तथा तपकरि अधिक बड़ा तपस्वी तथा ज्ञानकरि अधिक बहुज्ञानी—अैसा जो होय

---

१. अ. ब प्रतियों में 'अगहिदव्वे' पाठ है। २. गमनम्। ३. अविराधयित्वा। ४. क साहम्मिणा।

यद्वस्तूपकरणादिकं तस्मिन् पूर्वनिसृष्टे वस्तुनि पुनर्ग्रहणाभिप्राये। **पडिपुच्छा**—प्रतिपृच्छा पुनः प्रश्नः। **छंदणं**—छंदनं छंदो वा तदभिप्रायेण सेवनं, **गहिदे**—गृहीते द्रव्ये पुस्तकादिके। **अगहिदव्वे**—अगृहीतद्रव्ये अन्यदीयपुस्तकादिवस्तुनि स्वप्रयोजने जाते। **णिमंतणा**—निमंत्रणा सत्कारपूर्वकं याचनं गृहीतस्य विनयेन निवेदनं वा। **भणिदा**—भणिता। **तुम्हं**—युष्माकं। **अहंति**—अहमिति। **गुरुकुले**—आम्नाये त्वद्वृहत्पादमूले। **आवणिसग्गो**—आत्मनो निसर्गस्त्यागः तदानुकूल्याचरणं। **तु**—अत्यर्थवाचकः। **उवसम्पा**—उपसम्पत् ॥ ५-७ ॥

एवं दशप्रकारौधिकसामाचारस्य संक्षेपार्थं पदविभागिनश्च विभागार्थमाह—

ओघियसामाचारो एसो भणिदो हु दसविहो णेओ।
एत्तो य पदविभागो[1] समासदो वण्णइस्सामि ॥ ८ ॥

एष—औधिकः सामाचारो दशप्रकारोऽपि। **भणितः**—कथितः। **समासतः**—संक्षेपतो ज्ञातव्यो अनुष्ठेयो वा। **एत्तो य**—ईतश्चोर्ध्वं। पदविभागिनं समाचारं। **समासदो**—समासतः। **वण्णइस्सामि**—वर्णयिष्यामि। यथोद्देशस्तथा निर्देश इति न्यायादिति ॥ ८ ॥

उग्गमसूरप्पहुदी समणाहोरत्तमंडले कसिणे।
जं आचरंति सददं एसो भणिदो पदविभागो ॥ ९ ॥

सो गुरु कहिए। अैसे साधर्मी तथा गुरुनैं पूर्वे दीया, सौंप्या जो पुस्तकादिक उपकरण ता वस्तु विषैं फेरि ग्रहण का अभिप्राय होतैं फेरि पूछनां सो **प्रतिपृच्छा** कही है।

८. बहुरि ग्रहण कीया जो पुस्तकादिक उपकरण वस्तु ताकौं देनैं वाले का अभिप्राय कै अनुकूल राषणां (सेवन या उपयोग करना) सो **छंदन** कहिए।

९. बहुरि अन्य सम्बन्धी पुस्तकादिक वस्तु जो आपनैं ग्रहण कीया नांही ताका प्रयोजन होतैं सत्कारपूर्वक याचना करनां अथवा ग्रहण कीया ताकूं विनय पूर्वक राषणां सो निमन्त्रण कहिए तथा **सनिमंत्रणा** कहिए।

१०. बहुरि गुरुनिका कुल कहिए आम्नाय ताकै विषै अपनां समर्पण करना "मैं आपका हूं"—अैसैं कहि तिनिकै अनुकूल आचरण करना सो उपसंपत् कही हैं ॥ ५-७ ॥

अैसे दश प्रकार औधिक समाचार का संक्षेप अर्थ कही पदविभागिक समाचार का विभाग कै अर्थि कहै है—

अर्थ—एषः कहिए यहु औधिक सामाचार संक्षैपतैं दस प्रकार वर्णन कीया सो जानना तथा याका आचरण करनां अब यातैं ऊपरि पदविभागी सामाचार हैं ताहि समासतः कहिए संक्षेपतैं, वर्णयिष्यामि कहिए—कहौंगा, जातैं जिस अनुक्रम करि नाममात्र कथन रूप उद्देश[2] करिये। ताहि अनुक्रमकरि लक्षण का कथन रूप स्वरूप का निर्देश करिए—अैसा न्याय प्रसिद्ध है ॥ ८ ॥

---

१. अ. ब. में 'विदविभागी' पाठ है। २. ब प्रति में 'उपदेश' पाठ है।

उग्गमसूरप्पहुदी—उद्गच्छतीत्युद्गमः सूर आदित्यो यस्मिन् काले स **उद्गमसूर** उदयादित्यकालः, अथवा सूरस्योद्गमः उद्गमसूरः उद्गमस्य पूर्वनिपातः स प्रभृतिरादिर्यस्यासौ उद्गमसूरप्रभृतिस्तस्मिन्नुदयसूर्यादौ। **समणा**—श्राम्यंति तपस्यंतीति श्रमणा मुनयः। **अहोरत्तमंडले**—अहश्च रात्रिश्चाहोरात्रस्तस्य मण्डलं सन्ततिरहोरात्रमंडलं तस्मिन् दिवसरात्रिमध्यक्षणसमुदये। **कसिणे**—कृत्स्ने निरवशेषे। **जं आचरंति**—यदाचरन्ति यन्नियमादिकं निर्वर्तयन्ति। **सददं**—सततं निरंतरं। **एसो**—एष प्रत्यक्षवचनमेतत्। **भणिओ**—भणितोऽर्हद्भट्टारकैः कथितः आप्तकर्तृत्वप्रतिपादनमेतत्। **पदविभागी**—पदस्यानुष्ठानं। उद्गमसूरप्रभृतौ कृत्स्नेऽहोरात्रमण्डले यदाचरन्ति श्रमणाः सततं स एष पदविभागीति कथितः। उत्तरपदापेक्षया पुल्लिगतेति न दोषो लिंगव्यत्ययः॥ ९॥

इष्टे वस्तुनीच्छाकारः कर्तव्य इत्युक्तं पुरस्तात् तत्किमित्याह—

संजमणाणुवकरणे अण्णुवकरणे च जायणे अण्णे।
जोगग्गहणादीसु य इच्छाकारो दु कादव्वो॥ १०॥

संजमणाणुवकरणे—संयम इन्द्रियनिरोधः प्राणिदया च ज्ञानं ज्ञानावरणक्षयोपशमोत्पन्नवस्तुपरिच्छेदात्मकप्रत्ययः श्रुतज्ञानं वा तयोरुपकरणं पिच्छिकापुस्तकादि तस्मिन् संयमज्ञानोपकरणहेतौ विषये वा। **अण्णुवकरणे च**—अन्यस्य तपःप्रभृतेरुपकरणं कुंडिकाहारादिकं तस्मिंश्च तद्विषये च। **जायणे**—याचने भिक्षणे। **अण्णे**—अन्यस्मिन् परविषये औषधादिके परनिमित्ते वा। अथवा[2] च द्रष्टव्यः। एतेषां याचने परनिमित्तमात्मनिमित्तं वा इच्छाकारः कर्तव्यः मनः प्रवर्तयितव्यं, न केवलमत्र किन्तु, **जोगग्गहणादिसु य**—योगग्रहणादिषु च आतापनवृक्षमूलाभ्रावकाशादिषु च किं वहुना शुभानुष्ठाने सर्वत्र परिणामः कर्तव्य इति॥ १०॥

अर्थ—उदय होय हैं सूर्य्य जामैं ऐसा जो काल सूर्य का उदयकाल सो है आदि जाकैं ऐसा जो अहोरात्र मंडल कहिए, साठि-साठि घड़ी रूप एक एक अहोरात्र तिनका मंडल कहिये संतान ता-विषैं समस्त विषैं जो नियमादिक निरंतर आचारण करैं सो इह प्रत्यक्ष रूप पदविभागी तथा पदविभागोक समाचार कह्या। ऐसैं इह समाचार का स्वरूप अर्हत् भट्टारककरि कह्या हुआ है। याका कर्ता आप्त सर्वज्ञ वीतराग हैं, किसी अल्पज्ञानी अपनी बुद्धि करि नांही कह्या है॥ ९॥

आगै औघिक सामाचार के दशभेद कहै तिनका स्वरूप विशेष निर्णय करै है। तहां प्रथम ही इष्ट वस्तु विषै इच्छाकार करनां कह्या, सो इष्ट वस्तु कह्या, सो हो कहै है—

अर्थ—संयम कहिये—इंद्रियनि का निरोध, बहुरि प्राणोनिकी दया, ताका उपकरण पिच्छिकादिक। बहुरि ज्ञान कहिए—ज्ञानावरणकर्म्म का क्षयोपशमतैं उत्पन्न भया वस्तु का परिच्छेद रूप प्रतीतिभाव अथवा श्रुतज्ञान ताका उपकरण पुस्तकादिक। बहुरि अन्योपकरण कहिये तप आदिक का उपकरण कमंडल, आहारादिक ता विषै ताके याचन विषैं, बहुरि अन्यस्मिन् कहिये औषधादिक विषैं अथवा अन्य कहिए परकैं निमित्त ता विषैं, इच्छाकार करना, मनकूं प्रवर्तावनां। बहुरियोग-ग्रहण कहिये—उष्णकाल विषैं आतापनयोग, वर्षाकाल विषैं वृक्षमूलयोग, शीतकाल विषैं अभ्रावकाश योग—इत्यादिक विषैं इच्छाकार करना। बहुत कहा कहिये सर्व हो शुभ आचरन विषै इच्छा परिणाम करनां सोइ इच्छाकार कहिए॥ १०॥

१. ब प्रति में 'अ' पाठ है। २. क वात्र द्र।

अथ कस्यापराधे मिथ्याकारः स इत्याह—

जं दुक्कडं तु मिच्छा तं णेच्छदि दुक्कडं पुणो कादुं ।
भावेण य पडिकंतो तस्स भवे दुक्कडे मिच्छा ॥ ११ ॥

यद्दुष्कृतं यत्पापं मया कृतं तद्दुष्कृतं मिथ्या मम भवतु, अहं पुनस्तस्य कर्ता न भवामीत्यर्थः । एवं यन्मिथ्यादुष्कृतं कृतं तु तद्-दुष्कृतं पुनः कर्तुं नेच्छेत् न कुर्यात् । भावेन च प्रतिक्रान्तो यो न केवलं वचसा किन्तु मनसा कायेन च वर्तमानातीतभविष्यत्काले तस्यापराधस्य यो न कर्ता तस्य दुष्कृते मिथ्याकार इति ॥ ११ ॥

अथ किं तत्प्रतिश्रवणं यस्मिन् तथाकार इत्यत आह—

वायणपडिछण्णाए उवदेसे सुत्तअत्थकहणाए ।
अवितहमेदत्ति पुणो पडिच्छणाए तधाकारो ॥ १२ ॥

वायणपडिछण्णाए—वाचनस्य जीवादिपदार्थव्याख्यानस्य प्रतीच्छा श्रवणं वाचनाप्रतीच्छा तस्यां, सिद्धान्तश्रवणे । **उवदेसे**—उपदेसे आचार्यपरम्परागतेऽविसंवादरूपे मंत्रतंत्रादिके । **सुत्तअत्थकहणाए**—सूचनात्सूक्ष्मार्थस्य सूत्रं वृत्तिवार्तिकभाष्यनिबन्धनं तस्यार्थो जीवादयस्तस्य तयोर्वा

इहां कोउ पूछै कि संयम का उपकरण, अर ज्ञान का उपकरण, अर शौच का उपकरण विषैं भी मुनिराज असंयमी सूं याचना करैं नाहीं । तौ आहार, औषधि कैं अर्थि कैसैं याचनां करैं ? ताका समाधान—इहां इच्छाकार का अर्थ मन का प्रवर्तावना कीया है, सो तपश्चरण करने कूं अपने शरीर की, स्थिति कैं निमित्त तथा आचार्यादिकनिकी वैयावृत्य रूप तप के निमित्त आहार औषधि के ग्रहण विषैं मन ही प्रवर्तें हैं । बहुरि जैसे अन्य मत के अतीत भिक्षुक वचन-काय को नीची चेष्टाकरि आहार-औषधि-मांगैं हैं । तैंसैं जैनमत के मुनिराज याचना नाहीं करैं । इनकी तो अजाचीक (अयाचिक) वृत्ति है । 'याचना बड़ा दोष है— अैसा जानना ॥ १० ॥

आगै कैसैं मुनिराज कैं कौन सा अपराध होतैं मिथ्याकार हैं—सो कहैं हैं—

अर्थ—यत् कहिए—जो, दुःकृत कहिये व्रतादि विषैं अतीचार रूप पाप मैंने कीया होय—सो मिथ्या होहु । मैं तिस अतीचार रूप पाप का कर्त्ता नाहीं हैं—अैसैं जा दुःकृत कूं मिथ्या कीया तिस दुःकृत कूं फेरि इच्छै नांही, करैं नांही । बहुरि केवल वचन ही तैं प्रतिक्रमण नांही कीया, भाव करि कीया । यातैं मन-वचन-काय करि वर्तमान, अतीत, भविष्यत्—तीनूं काल विषैं तिस अपराधकूं जो नांही करैं ताकैं तिस दुःकृत विषैं मिथ्याकार कहिए ॥ ११ ॥

आगे प्रतिश्रवण कहा, जामैं तथाकार कह्या सो कहै हैं—

अर्थ—वाचना प्रतीच्छा कहिए—जीवादिक पदार्थ के व्याख्यान का श्रवण, सिद्धान्त का श्रवण, बहुरि उपदेश कहिए—आचार्य परम्परातैं आया विसंवाद रहित, प्रमाणभूत, मंत्र-तंत्रादिक, बहुरि सूत्रार्थ-कथने कहिए—सूक्ष्म अर्थ का सूचन करैं—

कथनं प्रतिपादनं तस्मिन् सूत्रार्थकथने कथनायां वा। **अवितहं**—अवितथं सत्यं एवमेव। **एतवेत्ति**—एतदिति यत्भट्टारककैः कथितं तदेवमेवेति नान्यथेति कृत्वा। **पुणो**—पुनः। **पडिच्छणाए**—प्रतीच्छायां पुनरपि यच्छ्रवणं क्रियते। **तधाकारो**—तथाकारः। वाचनाप्रतिश्रवणे उपदेशे सूत्रार्थ-योजने गुरुणा क्रियमाणे अवितथमेतदिति कृत्वा पुनरपि यच्छ्रवणं तत्तथाकार इति ॥ १२ ॥

केषु प्रदेशेषु प्रविशता निषेधिका क्रियते इत्याह—

कंदरपुलिणगुहादिसु पवेसकाले णिसोहियं[1] कुज्जा।
तेहिंतो णिग्गमणे तहासिया होदि कायव्वा ॥ १३ ॥

कंदरं—कंदर उदकदारितप्रदेशः। **पुलिणं**—पुलिनं जलमध्ये जलरहितप्रदेशः। **गुहा**—पर्वतपार्श्वविवरं ता आदिर्येषां ते कन्दरपुलिन-गुहादयस्तेषु अन्येषु च निर्जन्तुकप्रदेशेषु नद्यादिषु। **पवेसकाले**—प्रवेशकाले। **णिसीहियं**—निषेधिकां। **कुज्जा**—कुर्यात् कर्तव्या। अत आसिका कुतः? **तेहिंतो**—तेभ्य एव कन्दरादिभ्यः। **णिग्गमणे**—निर्गमने निर्गमनकाले। **तहासिया**—तथैवासिका। **होदि**—भवति। **कायव्वा**—कर्तव्या इति ॥ १३ ॥

प्रश्नश्च केषु स्थानेषु इत्युच्यते—

आदावणादिगहणे सण्णा उब्भामगादिगमणे वा।
विणयेणायरियादिसु आपुच्छा होदि कायव्वा ॥ १४ ॥

आदावणादिगहणे—आतपनं व्रतपूर्वकमुष्णसहनं आदिर्येषां ते आतापनादयस्तेषां ग्रहणमनुष्ठानं तस्मिन्नातपनवृक्षमूलाभ्रावकाशकायो-

---

अैसा सूत्र तथा वृत्ति, वार्तिक, भाष्य, निवंधन तथा जोवादिक अर्थ—तांका कथन, ताकैं विषैं जो यह भट्टारक नैं कह्या है, सो अवितथ कहियें—सत्य है—अैसे ही हैं, अन्यथा नांहो—अैसें कहै है। बहुरि भी जो श्रवण करै सौ तथाकार कहिए ॥ १२ ॥

आगैं कैसे प्रदेश विषैं प्रवेश करतैं निषेधिका करिए सो कहै हैं—

अर्थ—कंदर कहिए जलकरि विदारे प्रदेश, नदोनि कै डाहै विराडा (विदोर्ण), बहुरि पुलिन कहिए—जल के मध्य, जल रहित प्रदेश। गुफा कहिए—पर्वत कैं पसवाडै विवर रूा इत्यादिक निर्जंतुक स्थाननि विषैं अथवा नद्यादिक विषैं, प्रवेश अवसर विषैं निषेधिका करैं ॥ १३ ॥

आगैं आसिका कहां करैं ? सो कहैं हैं—

ते पूर्वेकहे जे कंदर, पुलिन, गुफादिक तिनितैं नीसरने के अवसर विषैं आसिका करैं।

आगैं कहैं है—प्रश्न (पूछना) कैसे स्थाननि विषै करिए ?

अर्थ—आतापन कहिए—व्रतपूर्वक उष्ण का सहनां। आदि शब्दकरि वृक्षमूल, अभ्रावकाश, कायोत्सर्ग इत्यादिक का

---

१. अ, ब, प्रति में 'णिसीहिअं' पाठ है।

त्सर्गादिग्रहणे । **सण्णा उब्भामगादिगमणे**—वा संज्ञायामाहारकालशोधनादिकेच्छायां उद्भ्रम्यते गम्यते उद्भ्रम, उद्भ्रम एवोद्भ्रमकोऽन्यग्रामः स आदिर्येषां ते उद्भ्रमकादयस्तेषां गमनं प्रापणं तस्मिन्वा, निमित्तवशादन्यग्रामगमने वा । **विणएण**—विनयेन नमस्कारपूर्वकप्रणामेन । **आइरियादिसु**—आचार्य आदिर्येषां ते आचार्यादिस्तेषु आचार्यप्रवर्तकस्थविरगणधरादिषु । **आपुच्छा**—आपृच्छा । **होदि**—भवति । **कादव्वा**—कर्तव्या । यत्किंचित्कार्यं करणीयं तत्सर्वमाचार्यादीनापृच्छ्य क्रियते यदि आपृच्छा भवति तत इति ॥ १४ ॥

प्रतिपृच्छास्वरूपनिरूपणार्थमाह—

जं किंचि महाकज्जं करणीयं पुच्छिऊण गुरुआदी ।
पुणरवि पुच्छदि साहू[1] तं जाणसु होदि पडिपुच्छा ॥ १५ ॥

जंकिंचि—यत्किंचित् सामान्यवचनमेतत् । **महाकज्जं**—महत्कार्यं वृहत्प्रयोजनं । **करणीयं**—कर्तव्यमनुष्ठानीयं । **पुच्छिऊण**—पृष्ट्वा । **गुरुआदी**—गुरुरादीर्येषां ते गुर्वादयस्तान् गुरुप्रवर्तकस्थविरादीन् । **पुणरवि**—पुनरपि । **पुच्छदि**—पृच्छति । **साहू**—साधून् परिशेषधर्मोद्युक्तान् । अथवा स साधुः पुनरपि पृच्छति येन पूर्वं याचितं । **तं जाणसु**—तज्जानीहि बुध्यस्व । **होदि**—भवति । **पडिपुच्छा**—प्रतिपृच्छा । यत्किंचित् कार्यं महत्करणीयं गुर्वादीन् पृष्ट्वा पुनरपि साधून् पृच्छति साधुर्वा तत्कार्यं तदेव प्रश्नविधानं प्रतिपृच्छां जानीहीति ॥ १५ ॥

अष्टमं सूत्रं प्रपंचयन्नाह—

गहिदुवकरणे विणए वंदनसुत्तत्थपुच्छणादीसु ।
गणधरवसहादीणं[2] अणुवुत्ति छंदणिच्छाए ॥ १६ ॥

गहिदुवकरणे—गृहीते स्वीकृते उपकरणे संयमज्ञानादिप्रतिपालनकारणे आचार्यादिप्रदत्तपुस्तकादिके **विणए**—विनये विनयकाले

ग्रहण विषैं । बहुरि संज्ञा कहिए—आहार को इच्छा, कायशोधनादिक की इच्छा, तिस विषैं । बहुरि उद्भ्रामक कहिए अन्य ग्रामादिक प्रतिनिमित्तके वशतैं गमन करने विषैं । विनय कहिए—नमस्कार पूर्व्वक सत्कारकरि, आचार्य, आदि शब्दतैं प्रवर्तक, स्थविर, गणी इत्यादिक विषैं अपृच्छा करणो । जो कछु कार्य करणां सो सर्व्व आचार्यादिक कूं पूछिकरि करणां ॥ १४ ॥

आगैं प्रतिपृच्छा के स्वरूप का निरूपण के अर्थि कहैं हैं—

अर्थ—जो कोई महाकार्य कहिए—बड़ा प्रयोजन करना होय तो, गुर्व्वादिक कहिए—गुरु प्रवर्तक, स्थविरादिक, तिनहि पूछि, बहुरि, दूसरा पूछै अथवा अन्य साधु जे धर्म्म विषै उद्यमी हैं तिनहि पूछैं सो प्रतिपृच्छा जानूं ॥ १५ ॥

आगे आठवां सूत्रकूं विस्तारता संता कहै हैं—

अर्थ—गृहीते उपकरणे कहिए—अंगीकार कीया, संयम-ज्ञानादिक का कारण आचार्यादिकनि करि दीया पुस्तकादिक

---

१. अ, ब प्रति में 'साधू' पाठ है । २. अ, ब प्रति में 'वसभादीणं' ।

वंदण—वन्दनायां वंदनाकाले क्रियाग्रहणेन कालस्यापि ग्रहणं तदभेदात् । **सुत्तत्थपुच्छणादीसु**—सूत्रस्य अर्थस्तस्य प्रश्नः स आदिर्येषां ते सूत्रार्थ-प्रश्नादयस्तेषु । **गणधरवसभादीणं**—गणधरवृषभादीनां आचार्यादीनां । **अणुवुती**—अनुवृत्तिरनुकूलाचरणं । **छन्दणं**—छन्दणं छन्दोऽनुवर्तित्वं । **इच्छाए**—इच्छया । सूत्रार्थप्रश्नादिषु उपकरणद्रव्ये च गृहीते विनये वंदनायां च गणधरवृषभादीनामिच्छायानुवृत्तिश्छन्दनमिति । अथवोपकरण-द्रव्यस्वामिन इच्छया गृहीतुरनुवृत्तिश्छंदनमाचार्यादीनां च प्रश्नादिषु वन्दनाकाले चेति ॥ १६ ॥

नवमस्य सूत्रस्य विवरणार्थमाह—

गुरुसाहम्मियदव्वं पुच्छयमण्णं[1] च गेण्हिदुं इच्छे ।
तेसिं विणयेण पुणो णिमंतणा होइ कायव्वा ॥ १७ ॥

गुरुसाहंमियदव्वं—गुरुश्च साधर्मिकश्च गुरुसाधर्मिकौ तयोर्द्रव्यं । गुरुसाधर्मिकद्रव्यं । **पुच्छयं**—पुस्तकं ज्ञानोपकारकं । **अण्णं च**—अन्यच्च कुण्डिकादिकं । **गेण्हिदुं**—ग्रहीतुं आदातुं । **इच्छे**—इच्छेद्वाञ्छेत् । **तेसिं**—तेषां गुरुसाधर्मिकद्रव्याणां गृहितुमिष्टानां । **विणएण**—विनयेन नम्रतया । **पुणो**—पुनः । **णिमंतणा**—निमंत्रणा याचना । **होइ**—भवति । **कायव्वा**—कर्तव्या । यदि गुरुसाधर्मिकादिद्रव्यं पुस्तकादिकं गृहीतुमिच्छेत् तदानीं तेषां विनयेन याचना भवति कर्तव्या इति ॥ १७ ॥

उपसम्पत्सूत्रभेदप्रतिपादनार्थमाह—

उवसंपया य णेया पंचविहा जिणवरेहिं णिद्दिट्ठा ।
विणए खेत्ते मग्गे सुहदुक्खे चेव सुत्ते य ॥ १८ ॥

उवसंपया य—उपसम्पच्चोपसेवात्मनो निवेदनमुपसम्पत् । **णेया**—ज्ञेया ज्ञातव्या । **पंचविहा**—पंचविधा पंचप्रकारा । **जिणवरेहिं**—

उपकरण ताकै विषैं, बहुरि विनय कहिए—विनय का काल कै विषै, बहुरि वंदनायां कहिए—वंदना का काल विषैं । बहुरि सूत्रार्थ-प्रश्नादिषु कहिए—सूत्र के अर्थ का पूछनां इत्यादिक विषैं गणधर वृषभादीनां कहिए—आचार्यादिकनि कैं, इच्छया कहिए—इच्छा करि कैं । अनुवृत्ति कहिए—अनुकूल आचरण—सो छंदन कहिए ॥ १६ ॥

भावार्थ—जिनि आचार्यादिकनि नैं पुस्तकादिक उपकरण दीया तिनकै अनुकूल प्रवर्तनां ।

आगैं नवमां सूत्र का विवरण कै अर्थि कहै हैं—

अर्थ—गुरु साधर्मिक, कहिए गुरु का तथा साधर्मी का, द्रव्यं कहिए ज्ञानोपकरण पुस्तक, बहुरि अन्य कमण्डलु आदिक ग्रहण करनैं की इच्छा होय तौ विनयकरि कैं नम्रीभूत ताकरि याचना करै सो निमंत्रण कहिए ॥ १७ ॥

आगै उपसंपत् सूत्र के भेद का प्रतिपादन कैं अर्थि कहै हैं—

अर्थ—उपसंपत् नाम उपसेवा का है । गुरुजनादिक कै अर्थि आत्माका समर्प्पण—मैं आपका हूँ—ऐसैं उनके अनुकूल

---

१. ब 'पोत्थय' पाठ है ।

जिनवरैः । **णिद्दिट्ठा**—निर्दिष्टा कथिता । के ते पंच प्रकारा इत्याह—**विणये**—विनये । **खेत्ते**—क्षेत्रे । **मग्गे**—मार्गे । **सुहदुक्खे**—सुखदुक्खयोः । चशब्दः समुच्चये । एवकारोऽवधारणे । **सुत्ते य**—सूत्रे च । विषयनिर्देशोऽयं विनयादिषु विषयेषूपसम्पत् पंचप्रकारा भवति विनयादिभेदैर्वेति ॥ १८ ॥

तत्र विनयोसम्पत्प्रतिपादनार्थमाह—

पाहुणविणउवचारो तेसिं चावासभूमिसंपुच्छा ।
दाणाणुवत्तणादीं विणये उवसंपया णेया ॥ १९ ॥

पाहुणविण उपचारो—विनयोश्चोपचारश्च विनयोपचारौ प्राघूर्णिकानां पादोष्णानां विनयोपचारौ, अंगमर्दनप्रियवचनादिको विनयः, आसनादिदानमुपचारः । **आवासभूमिसंपुच्छा**—आवासः स्थानं गुरुगृहं भूमिः मार्गोऽध्वा तयोः संपृच्छा संप्रश्नः आवासभूमिसंप्रश्नः । **दाणं**—दानं संस्तरपुस्तकशास्त्रोपकरणादिनिवेदनं । **अणुवत्तणादी**—अनुवर्तनादयस्तदनुकूलाचरणादयः । **विणये उपसंपया**—विनयोपसम्पत् **णेया**—ज्ञेया । पादोष्णानां विनयोपचारकरणं यत्तेषां चावासभूमिसम्पृच्छां दानानुवर्तनादयश्च ये तेषां क्रियन्ते तत्सर्वं विनयोपसम्पदुच्यते । सर्वत्रात्मनः समर्पण तस्य वा ग्रहणमुपसम्पदिति यतः ॥ १९ ॥

का क्षेत्रोपसम्पदित्यत्रोच्यते—

संजमतवगुणसीला जमणियमादी य जह्मि खेत्तह्मि ।
वड्ढंति तह्मि वासो खेत्ते उवसंपया णेया ॥ २० ॥

संजमतवगुणसीला—संयमतपोगुणशीलानि । **यमणियमादी य**—यमनियमादयश्च आमरणात्प्रतिपालनं यमः कालादिपरिमाणेनाचरणं नियमः, व्रतपरिरक्षणं शीलं, कायादिखेदस्तपः, उपशमादिलक्षणो गुणः, प्राणेन्द्रियसंयमनं संयमः, अतो नैषामैक्यं । **जह्मि**—यस्मिन् । **खेत्तंहि**—

होना, सो यह उपसंपत् जिनवर भगवान् पंच प्रकार कह्या हैं । १–विनय कै विषैं, २-क्षेत्र के विषै, ३–मार्ग कै विषै, ४–सुख दुःख विषै, ५–सूत्र के विषैं—ऐसे पंच प्रकार कहा है ॥ १८ ॥

तहां प्रथम विनियोपसंपत् का प्रतिपादन कैं अर्थि कहैं है—

अर्थ—प्राघूर्णिक कहिए पादोष्ण—अन्य संघ के आए मुनि तिनिका, विनय कहिए अंगमर्दन, प्रिय वचन इत्यादिक करनां, उपचार कहिए आसनादि बैठनें का स्थान देना इत्यादिक, बहुरि आवास कहिए गुरु जहां विराजे ऐसा स्थान सो पूछनां । भूमि कहिए जिस मार्ग होय आए सो मार्ग पूछना, बहुरि दान कहिए संस्तर, पुस्तक शास्त्रोपकरणादिक देनां, अनुवर्तनादि कहिए तिनिकैं अनुकूल आचरणादिक करनां सो विनयोपसंपत कहिए ॥ १९ ॥

आगैं क्षेत्रोपसंपत कहा सो कहै हैं—

अर्थ—छह जीवनिकाय की रक्षा तथा पांच इन्द्रिय बहुरि मनका निरोध सो संयम कहिए । कायक्लेशादिक सो तप कहिए । उपशमादिक लक्षण सो गुण कहिये । व्रत का परिक्षण सो शील कहिए । यावत् जीव आचरण सो यम कहिए कालादिक

क्षेत्रे । **वड्ढंति**—वर्द्धन्ते उत्कृष्टा भवंति । **तह्मि**—तस्मिन् वासोवसनं । **खेत्ते उवसंपया**—क्षेत्रोसम्पत् । **णेया**—ज्ञेया । यस्मिन् क्षेत्रे संयमतपोगुणशीलानि यमनियमादयश्च वर्द्धन्ते तस्मिन् वासो यः सा क्षेत्रोपसम्पदिति ॥ २० ॥

तृतीयायाः स्वरूपप्रतिपादनार्थमाह—

पाहुणवत्थव्वाणं अण्णोण्णागमणगमणसुहपुच्छा ।
उवसंपदा य मग्गे संजमतवणाणजोगजुत्ताणं ॥ २१ ॥

पाहुणवत्थव्वाणं—पादोष्णवास्तव्यानां आगन्तुकस्वस्थानस्थितानां । **अण्णोण्णं**—अन्योन्यं परस्परं । **आगमणगमण**—आगमनं च गमनं चागमनगमने तयोर्विषये । **सुहपुच्छा**—सुखप्रश्नः किं सुखेन तत्रभवान् गत आगतश्च । **उवसंपदा य**—उपसंपत् । **मग्गे**—मार्गे पथिविषये । **संजमतवणाणजोगजुत्ताणं**—संयमतपोज्ञानयोगयुक्तानां । पादोष्णवास्तव्यानां अन्योऽयं योऽयं गमनागमनसुखप्रश्नः सा मार्गविषयोपसम्पदित्यत्रोच्यत इति ॥ २१ ॥

अथ का सुखदुःखोपसम्पदित्यत्रोच्यते—

सुहदुक्खे[1] उवयारो वसहीआहारभेसजादीहिं ।
तुह्मं अहंति वयणं सुहदुक्खुवसंपया णेया ॥ २२ ॥

सुहदुक्खे—सुखदुःखयोर्निमित्तभूतयोः, अथवा तद्योगात्ताच्छब्द्यं सुखदुःखयुक्तयाः पुरुषयारिति । **उवयारो**—उपचारः उपग्रहः । **वसहीआहारभेसजादीहिं**—वसतिकाहारभैषज्यादिभिः सुखिनो निर्वृत्तस्य शिष्यादिलाभे कुंडिकादिदानं, दुखिःनो व्याध्युपपीडितस्य सुखशय्यासनौषधान्नपानमर्दनादिभिरुपकार उपचारः । **तुम्हं अहंति वयणं**—युष्माकमहमिति वचनं युष्माभिर्यदादिश्यते तस्य सर्वस्याहं कर्ता इति । अथवा युष्मा-

---

का परिमाण करि जो आचरण करिए सो नियम कहिए। ऐसे संयम तप, गुण, शील, यम-नियम इत्यादिक धर्म के अंग जा क्षेत्र में वधै बढ़ें, उत्कृष्ट हों तिस क्षेत्र में बसिए—यह क्षेत्रोपसंपत् कहिए ॥ २० ॥

आगैं मार्गोपसंपत् कहे हैं—

अर्थ—पादोष्ण कहिए अन्य संघ के आए मुनि, बहुरि वास्तव्य कहिये अपने स्थान मैं तिष्ठते मुनि, तिनिकै परस्पर आवनैं-जावनैं विषै सुख-प्रश्न[2] पूछनां कि—जो आप सुखतैं तहां पहोचे ? अथवा सुख तैं तहाँ तैं आयैं ? अैसे पूछनां सो संयम, तप, ज्ञान, योग—इन गुणनि करि युक्त वै मुनिराज तिनिकैं मार्गोपसंपत् कहिए ॥ २१ ॥

आगै सुख दुःखोपसंपत् कहा सो कहिये हैं—

अर्थ—सुख दुःख को निमित्त भूत होत संतै अथवा सुख-दुःख युक्त पुरुषनि कैं विषैं वसतिका, आहार, औषध इत्यादिक करि उपचार कहिए उपग्रह-उपकार सुखो कैं शिष्यादिक का लाभ होतैं कमंडल आदि देना, सुख-दुखी व्याधि करिकैं उपपीडित होय तिनिकौं सुख रूप सोवनैं का स्थान, सुख रूप बैठनैं का स्थान बतावनां तथा औषध, अन्न, पान मिलनैं का प्रकार बतावनां

१. अ, ब सुखदुक्खे । २. ब 'का' ।

कमेतत्सर्वं मदीयमिति सचनं । **सुहदुक्खुवसंपया**—सुखदुःखोपसंपत् । **णेया—**ज्ञातव्या । सुखदुःखनिमित्तं पिंछवसतिकादिभिरुपचारो युष्माकमिति वचनं उपसम्पत् सुखदुःखविषयेति ॥ २२ ॥

पंचम्या उपसम्पदः स्वरूपनिरूपणार्थमाह—

उवसंपया य सुद्धे तिविहा[1] सुत्तत्थतदुभया चेव ।
एक्केक्का विय तिविहा लोइय वेदे तहा समये ॥ २३ ॥

सूत्रविषयोपसम्पच्च त्रिविधा त्रिप्रकारा । **सुत्तत्थतदुभया चेव**—सूत्रार्थतदुभया चैव सूत्रार्थो यत्नः सूत्रोपसम्पत्, अर्थनिमित्तो यत्नोऽर्थोपसम्पत्, सूत्रार्थोभयहेतुर्यत्नः तदुभयोपसंपत् तादर्थ्यात्ताच्छब्द्यमिति । एकैकापि च सूत्रार्थोभयसम्पत् लौकिकवैदिकसामायिकशास्त्रभेदात्त्रिविधा । लौकिकसूत्रार्थतदुभयानामवगमः । तथा वैदिकानां सामायिकानां च । हुण्डावसर्पिण्यपेक्षया वैदिकशास्त्रस्य ग्रहणं । अथवा सर्वकालं नयाभिप्रायस्य सम्भवाद्वैदिकस्य न दोषः । अथवा वेदे सिद्धान्ते समये तर्कादौ इति । त्वद् महद्गुरुकुले आत्मनो निसर्गः उपसम्पदुक्ता[2] ॥ २३ ॥

पदविभागिकस्य सामाचारस्य निरूपणार्थमाह—

कोई सव्वसमत्थो सगुरुसुदं सव्वमागमित्ताणं ।
विणएणुवक्कमित्ता पुच्छइ सगुरुं पयत्तेण ॥ २४ ॥

अंग-मर्दनादिक करना, बहुरि मैं आपका हूँ, आप जो आज्ञा करो सो मैं करूँ, जो मेरा पुस्तकादिक, शिक्षादिक हैं—सो सब आपके हैं—ऐसा वचन कहनां सो सुखोपसंपत् है ॥ २२॥

आगैं सूत्रोपसंपत् का स्वरूप निरूपण कै अर्थि कहै है—

अर्थ—काममलिनः कहिए—कामवासनां करि मैला जो, श्रमणः कहिए मुनि है सो स्थविर—जो अपनां आत्मा ताहि विनिष्ट करै हैं । बहुरि चिर प्रव्रजित कहिए—बहुत काल की दीक्षा ताहि विनिष्ट करै हैं । बहुरि अपनी आचार्य पदई (पदवी)

१. क प्रदेशः सा० । २. अ विणासेदि । ३. क °विराद° । ४. क नापेक्षते ।

कश्मलः काममलिनो मैथुनेच्छोपद्रुतः । **कुलमवि**—कुलमपि कुलं मातृपितृकुलं सम्यक्त्वादिकं वा । **समणो**—श्रमणः । **विणासेदि**—विनाशयति विराधयति । स्थविरं चिरप्रव्रजिताचार्यं बहुश्रुतं तपस्विनमात्मानं केवलं न गणयति काममलिनः सन् श्रमणः कुलमपि विनाशयति । अथवा न केवलमात्मनः स्थविरत्वादीन् गुणान् न गणयति सम्यक्त्वादिगुणानपि विनाशयति । अथवा न केवलं कुलं विनाशयति किंतु स्थविरत्वादीनपि[1] न गणयति परिभवतीत्यर्थः ॥ ६० ॥

एताः पुनराश्रयन् यद्यपि कुलं न विनाशयत्यात्मानं वा तथाप्यपवादं प्राप्नोतीत्याह—

कण्णं विधवं[2] अंतेउरियं तह सइरिणी सलिंगं वा ।
अचिरेणल्लियमाणो अववादं तत्थ पप्पोदि ॥ ६१ ॥

कण्णं—कन्यां विवाहयोग्यां । **विहवं**—विगतो मृतो गतो धवो भर्ता यस्याः सा विधवा तां । **अंतेउरियं**—अन्तःपुरे भवा आन्तःपुरिका तामान्तःपुरिकां स्वार्थे कः—राज्ञीं राज्ञीसमानां विलासिनीं वा । **तह**—तथा । **सइरिणी**—स्वेच्छया परकुलानीयर्तीति स्वैरिणी तां स्वेच्छाचारिणी । **सलिंगं वा**—समानं लिंगं सलिंगं व्रतादिकं कुलं वा तद्विद्यते यस्याः सा सलिंगिनी तां । अथवा सह लिंगेन वर्तते इति सलिंगा तां स्वदर्शनेऽन्य-दर्शने वा प्रव्रजितां । **अचिरेण**—क्षणमात्रेण मनागपि । **अल्लियमाणो**—आलीयमानः आश्रयमाणः सहवासालापादिक्रियां कुर्वाणः । **अववादं**—अपवादं अकीर्तिं । **तत्थं**—तत्राश्रयणे । **पप्पोदि**—प्राप्नोति अर्जयतीति । कन्यां विधवां आन्तःपुरिकां स्वैरिणीं सलिंगिनीं वालीयमानोऽचिरेण तत्र अपवादं प्राप्नोतीति ॥ ६१ ॥

नन्वार्यादिभिः सह संसर्गः सर्वथा यदि परित्यजनीयः कथं तासा प्रतिक्रमणादिकं क एवमाह सर्वथा त्यागो यावतैवं विशिष्टेन कर्तव्य इत्याह—

पियधम्मो दढधम्मो संविग्गोऽवज्जभीरु परिसुद्धो ।
संगहणुग्गहकुसलो सददं सारक्खणाजुत्तो ॥ ६२ ॥

ताहि विनष्ट करै हैं। बहुरि चिर प्रव्रजित कहिए—बहुत काल की दीक्षा ताहि विनिष्ट करै हैं। बहुरि अपनो आचार्य पदई (पदवी) ताहि विनिष्ट करै हैं। बहुरि बहुश्रुत पदइ सर्वशास्त्र का पारगामीपणां, ताहि करै है। बहुरि तपसीपणां—बेला-तेला इत्यादिक तप का विधान ताहि नष्ट करै हैं। बहुरि आपतैं अन्य जे स्थविर, चिरदीक्षित आचार्य, बहुश्रुत तपस्वो, बहुरि अपनां कुल तिनि सर्वनिकू नाहीं गिणै है। इनिकी लज्जा नांही करै है। अपनैं सम्यक्त्वादिक गुण हैं, तिनिका भी नाश करै है ॥ ६०।

आगैं कहै है जो कुल का वा[3] आत्मा का नाश नांही करै तथापि अपवाद कूं तौ अवश्य पावै—

अर्थ—कन्या कहिए—विवाह योग्य, विधवा कहिए—भर्तार रहित भई, आंतःपुरिका कहिए—राजा की राणी तथा राणी समान विलासिनी, स्वैरिणी कहिए—स्वेच्छाचारिणी, सलिंगिनो कहिए—समान है व्रत जाकै अैसी तथा समान है कुल जाका—अैसो अथवा लिंग सहित स्वमत मैं तथा अन्य मत मैं धारो हैं दीक्षा जानैं, अैसी, या प्रकार जै स्त्री तिनिका क्षण मात्र भी जो मुनि आश्रय करैं है, इनिकै समोप बैठे है, आलापादिक क्रिया करैं हैं। सो तहां अपवाद कूं प्राप्त होय है ॥ ६१ ॥

---

१. क °रादी° ।   २. अ विहवं ।   ३. अ. वा का ।

पियधम्मो—प्रिय इष्टो धर्मः क्षमादिकश्चारित्रं वा यस्यासौ प्रियधर्मा उपशमादिसमन्वितः । **दढधम्मो**—दृढ; स्थिरो धर्मो धर्माभिप्रायो यस्यासौ दृढधर्मा । **संविग्गो**—संविग्नो धर्मतत्फलविषये हर्षसम्पन्नः । **अवज्जभीरु**—अवद्यभीरुरवद्यं पापं कुत्स्यं तस्माद्भयनशीलोऽवद्यभीरुः । **परिसुद्धो**—परिसमन्ताच्छुद्धः परिशुद्धोऽखण्डिताचरणः । **संगह**—संग्रहो दीक्षाशिक्षाव्याख्यानादिभिरुपग्रहः, **अणुग्गह**—अनुग्रहः प्रतिपालनं आचार्यत्वादिदानं याभ्यां तयोर्वा (कुसलो) कुशलो निपुणः संग्रहानुग्रहकुशलः पात्रभूतं गृह्णाति गृहीतस्य च शास्त्रादिभिः संयोजनं । **सददं**—सततं सर्वकालं । **सारक्खणाजुत्तो**—सहारक्षणेन वर्तत इति सारक्षणा क्रिया पापक्रियानिवृत्तिस्तया युक्त रक्षायां युक्तः हितोपदेशदातेति ॥ ६२ ॥

गंभीरो दुद्धरिसो मिदवादी अप्पकोदुहल्लो य ।
चिरपव्वइदो गिहिदत्थो[1] अज्जाणं गणधरो होदि ॥ ६३ ॥

गंभीरो—गुणैरगाधोऽलब्धपरिमाणः । **दुद्धरिसो**—दुर्धर्षोऽकदर्थ्यः स्थिरचित्तः । **मिदवादी**—मितं परिमितं वदतीत्येवं शीलो मितवादी अल्पवदनशीलः । **अप्पकोदुहल्लो य**—अल्पं स्तोकं कुतूहलं कौतुकं यस्यासावल्पकुतूहलोऽविस्मयनीयोऽथवा अल्पगुह्य[2] दीर्घस्तब्धः प्रश्नवादिरहितः चशब्दः समुच्चयार्थः । **चिरपव्वइदो**—चिरप्रव्रजितः निर्व्यूढव्रतभारो गुणज्येष्ठः । **गिहिदत्थो**—गृहीतो ज्ञातोऽर्थः पदार्थं स्वरूपं येनासो गृहीतार्थः

आगैं कहै है कि सर्व्वथा आर्यकादिक का संसर्गाहो छोड़ियै तौ तिनिकै प्रतिक्रमणादिक कैसे होय ? ताका उत्तर कहै है—

अर्थ—आर्यकानि का गणधर अैसा होय—प्रियधर्मा कहिए प्रिय है, इष्ट है, **धर्म** कहिए—उत्तम क्षमादिक अथवा चारित्र जाकै, अैसा उपशमादिक सहित होय । बहुरि दृढ़धर्मा कहिए—दृढ़ है, स्थिर है, धर्म विषै अभिप्राय जाका, अैसा होय । बहुरि संविग्नः कहिए—धर्म, धर्म्म का फल विषै हर्ष संयुक्त होय । बहुरि अवद्यभीरुः कहिए—पाप से डरता होय । बहुरि परिशुद्ध कहिये समस्तपणे करि शुद्ध होय, अखंडित आचरण जाका है, अैसा होय । बहुरि संग्रह कहिए—दोक्षा, शिक्षा, व्याख्यानादिक, उपकार करि नवीन शिष्य का ग्रहण करनां तथा अनुग्रह कहिए जाका संग्रह कोया, ताका प्रतिपालन करनां, आचार्यादिक पद देनां—अैसे संग्रह, अनुग्रह दोय प्रकार विषैं, कुशलः कहिए—प्रवीण होय । बहुरि सतत् कहिए निरंतर, सारक्षणा कहिए—पापक्रिया की निवृत्ति रूप क्रिया ताकरि युक्त होय, हितोपदेश का दाता होय ॥ ६२ ॥

आगैं ताही के अन्य विशेष कहै है—

अर्थ—गंभीर कहिए--गुणनि करि अगाध होय, जाका परिमाण पाइए नांही । बहुरि दुर्द्धर्ष कहिए--परिवादोनितैं दवैं नांही, स्थिर है चित्त जाका । बहुरि मितवादी कहिए—परिमाणरूप है वचन जाके, थोरा बोलनैं का है स्वभाव जाका । बहुरि अल्प कुतूहलः कहिये--थोरा है कुतुहल-विस्मय जाकै । अथवा अल्पगुह्य कहिये अल्प है लिंग जाकैं तथा दोर्घस्तब्ध प्रस्नवादि कहिए--

---

१. अ चिरपव्वइ गेहदत्थो, ब चिरपव्वइ गिहदत्थो ।   २. क °गुह्यः ।

आचारप्रायश्चित्तादिकुशलः । **अज्जाणं**—आर्याणां संयतीनां । **गणधरो**—मर्यादोपदेशकः प्रतिक्रमणाद्याचार्यः । **होदि**—भवति । प्रियधर्मा दृढधर्मा संविग्नोऽवद्यभीरुः परिशुद्धः संग्रहानुग्रहकुशलः सततं सारक्षणयुक्तो गम्भीरदुर्धर्षमितवाग्ल्पकौतुकचिरप्रव्रजितगृहीतार्थश्च यः स आर्याणां गणधरो भवतीति ॥ ६३ ॥

अथान्यथाभूतो यदि स्यात् तदानीं किं स्यादित्यत आह—

एवं गुणवदिरित्तो जदि गणधारित्तं करेदि अज्जाणं ।
चत्तारि कालगा से गच्छादिविराहणा होज्ज ॥ ६४ ॥

एवं—अनेन प्रकारेण । एत्तैर्गुणैः । **वदिरित्तो**—व्यतिरिक्तो मुक्तः । **जदि**—यदि । **गणधारित्तं**—गणधारित्वं प्रतिक्रमणादिकं । **करेदि**—करोति । **अज्जाणं**—आर्याणां तपस्विनीनां । **चत्तारि**—चत्वारः । **कालगा**—कालकाः गणपोषणात्मसंस्कारसल्लेखनोत्तमार्थकाला आद्या वा विराधिता भवन्तीति वाक्यशेषः । अथवा कालग्रहणेन प्रायश्चित्तानि परिगृह्यन्ते चत्वारि प्रायश्चित्तानि च्छेदमूलपरिहारपारंचिकानि । अथवा चत्वारो मासाः कांजिमभक्ताहारेण । **से**—तस्य आर्यागणधरस्य भवन्तीत्यर्थः । **गच्छादि**—गच्छ ऋषिकुलं आदिर्येषां ते गच्छादयस्तेषां, **विराहणा**—विराधना विनाशो विपरिणामो वा गच्छादिविराधना गच्छात्मगणकुलश्रावकमिथ्यादृष्ट्यादयो विराधिता भवन्तीत्यर्थः। अथवा गच्छात्मविनाशः । **होज्ज**—भवेत् । पूर्वोक्तगुणव्यतिरिक्तो यद्यार्याणां गणधरत्वं करोति तदानीं तस्य चत्वारः काला विनाशमुपयान्ति, अथवा चत्वारि प्रायश्चित्तानि लभते गच्छादेर्विराधना च भवेदिति ॥ ६४ ॥

तस्मात्तेन परगणस्थेन यत्तस्याचार्यस्यानुमतं तत्कर्तव्यं सर्वथा प्रकारेणेत्यतः आह—

किं बहुणा भणिदेण दु जा इच्छा गणधरस्स सा सव्वा ।
कादव्वा तेण भवे एसेव विधी दु सेसाणं ॥ ६५ ॥

मूत्रादिक तैं रहित । बहुरि चिरप्रव्रजितः कहिये—घनैंकाल का दीक्षित होय, गुणनि करि बड़ा होय। बहुरि गृहीतार्थ कहिये जान्या है पदार्थ का स्वरूप जानैं, असा होय। आचार-प्रायश्चित्तादिक ग्रंथनि विषैं प्रवीण होय। असे विशेषणनिकरि विशिष्ट होय सो आर्यकानि का गणधर होय, मर्यादा का उपदेशक होय। प्रतिक्रमणादिक का आचार्य होय ॥६३ ॥

आगैं कहै हैं—असा न होय तौ कहा होय ? सो कहै हैं—

अर्थ—या प्रकार इनि गुणनिकरि रहित जो मुनि आर्यकानि गणधरपनां करै है, तिन तपस्विनीनि कूं प्रतिक्रमणादि देहैं, ताकैं च्यारिकाल हैं, ते विराधित होय है, विनाश कूं प्राप्त होय है। मुनिनि के छह काल है—१. दीक्षा, २. शिक्षा, ३. गणपोषण, ४. आत्मसंस्कार, ५. सल्लेखना, ६. उत्तमार्थ । तिनिमैं ताकै च्यारिकाल—गणपोषण, आत्मसंस्कार, सल्लेखना, उत्तमार्थ—ये विराधित होय हैं। अथवा आदि के भी दीक्षा, शिक्षा काल विराधित होय है। अथवा इहां कालकाः शब्दकरिकैं च्यारि प्रायश्चित कहिए है—१. छेद, २. मूल, ३. परिहार, ४. पारंचिक—ए च्यारि प्रायश्चित्त ताकैं होय है। अथवा च्यारि महीना पर्यंत कांजिक भोजन का आहार तिस गणधर कै होय है। बहुरि गच्छादि कहिए—ऋषिनि का समूह रूप गच्छ तथा आत्मगण, कुल, श्रावक, मिथ्या दृष्ट्यादिक विराधित होय है अथवा गच्छ का अर आत्मा का विनाश होय ॥ ६४ ॥

किं बहुणा—किं बहुना । **भणिदेण दु**—भणितेन तु किं बहुनोक्तेन । **जा इच्छा**—येच्छा योभिप्रायः । **गणधरस्स**—गणधरस्याचार्यस्य । **सा सव्वा**—सर्वैव सा **कादव्वा**—कर्तव्या । **तेण**—पादोष्णेन । **भवे**—भवेत् । किं परगणस्थेनैव कर्तव्या नेत्याह । **एसेव विधीदु सेसाणं**—एष एव इत्थंभूत एव विधिरनुष्ठानं शेषाणां स्वगणस्थानामेकाकिनां समुदायव्यवस्थितानां च । किं बहुनोक्तेन येच्छा गणधरस्य सा सर्वा कर्तव्या भवेत् न केवलमस्य शेषाणामप्येष एव विधिरिति ॥ ६५ ॥

यदि यतीनामयं न्याय आर्यिकाणां क इत्यत आह—

एसो अज्जाणंपि अ समाचारो जहक्खिओ[1] पुव्वं ।
सव्वह्मि अहोरत्ते विभासिदव्वो जधाजोग्गं[2] ॥ ६६ ॥

एसो—एषः । **अज्जाणंविय**—आर्याणामपि च । **सामाचारो**—सामाचारः । **जहक्खिओ**—यथाख्यातो यथा प्रतिपादितः । **पुव्वं**—पूर्वस्मिन् । **सव्वम्मि**—सर्वस्मिन् । **अहोरत्ते**—रात्रौ दिवसे च । **विभासिदव्वो**—विभाषयितव्यः प्रकटयितव्यो विभावयितव्यो वा । **जहाजोग्गं**—यथायोग्यं आत्मानुरूपो वृक्षमूलादिरहितः । सर्वस्मिन्नहोरात्रे एषोपि सामाचारो यथायोग्यमार्यिकाणां आर्यिकाभिर्वा प्रकटयितव्यो विभावयितव्यो वा यथाख्यातः पूर्वस्मिन्निति ॥ ६६ ॥

वसतिकायां ताः कथं गमयन्ति कालमिति पृष्टेऽत आह—

अण्णोण्णणुकूलाओ अण्णोण्णहिरक्खणाभिजुत्ताओ ।
गयरोसवेरमायासलज्जमज्जादकिरियाओ ॥ ६७ ॥

तातैं तिस परिगण (परगण) में तिष्ठता आगंतुक-मुनि कूं तिस संघ के आचार्य की आज्ञा कै अनुकूल सर्व प्रकार करनां सो कहै—

अर्थ—बहुत कहनें करि कहा, जो गणधर कहिए—आचार्य ताकी जो इच्छा होय सो ही परगण कै विषैं तिष्ठता जो आंगतुक मुनि तानैं करणो योग्य हैं। बहुरि शेष कहिए निजगण मैं तिष्टते जे मुनिराज एकाकी वा समुदाय करि व्यवस्थित तिनि सवनि का यहु ही विधान जाननां ॥ ६५ ॥

आगैं यह कहै हैं जो मुनिराजनि कै यह समाचारनिका न्याय कह्या तौ आर्यकानि कै कैसे है ? ऐसा प्रश्न होत संतै कहै है—

अर्थ—यह समाचार जैसैं पूर्व्वे मुनिराजनि कैं कह्या, सो ही सर्व्व अहोरात्रि कैं विषै यथायोग्य कहनां। यथायोग्य कहने का आशय यहु जो आर्यकानि कै योग्य समाचार आर्यकानि करि प्रगट करनां कह्या है। वृक्षमूलादि योग्य आर्यकानि कै नाँही हैं ॥ ६६ ॥

आगैं कोउ पूछै कि वसतिका कै विषै ते आर्यका काल कैसैं व्यतीत करैं ? ताका उत्तर कहै है—

१. अ जहाखिउ, ब जधाखिउ । २. अ जहाजोग्गं ।

अण्णोण्णणुकूलाओ—अन्योन्यस्यानुकूलास्त्यक्तमत्सरा अन्योन्यानुकूलाः परस्परत्यक्तमात्सर्याः । **अण्णोण्णहिरक्खणाभिजुत्ताओ**—अन्योन्यासां परस्पराणामभिरक्षणं प्रतिपालनं तस्मिन्नभियुक्ता उद्युक्ता अन्योन्याभिरक्षणाभियुक्ताः । **गयरोसवेरमाया**—रोषश्च वैरं च माया च रोषवैरमायाः गता विनष्टा रोषवैरमाया तासां ता गतरोषवैरमायास्त्यक्तमोहनीयविशेषक्रोधमारणपरिणामकौटिल्याः । **सलज्जमज्जादकिरियाओ**—लज्जा च मर्यादा च क्रिया च लज्जामर्यादक्रियाः सह ताभिर्वर्तन्त इति सलज्जमर्यादक्रियाः लोकापवादादात्मनो भयपरिणामो लज्जा, रागद्वेषाभ्यां न्यायादनन्यथा वर्तनं मर्यादा, उभयकुलानुरूपाचरणं क्रियते ॥ ६७ ॥

पुनरपि ताः कथं विशिष्टा इत्यत आह—

अज्झयणे परियट्टे सवणे कहणे तहाणुपेहाए ।
तवविणयसंजमेसु य अविरहिदुपओगजोगजुत्ताओ ॥ ६८ ॥

अज्झयणे—अध्ययनेऽनधीतशास्त्रपठने । **परियट्टे**—परिवर्तने पठितशास्त्रपरिपाट्यां । **सवणे**—श्रवणे श्रुतस्याश्रुतस्य च शास्त्रस्यावधारणे । **कहणे**—कथने आत्मज्ञातशास्त्रन्यनिवेदने । **अणुपेहाए**—अनुप्रेक्षासु श्रुतसर्ववस्तुध्रुवान्यत्वादिचिन्तासु श्रुतस्य शास्त्रस्यानुचिन्तने वा । **तवविणयसंजमेसु य**—तपश्च विनयश्च संयमश्च तपोविनयसंयमास्तेषु चानशनप्रायश्चित्तादिक्रियामनोवचनकाया (य) स्तब्धत्वेन्द्रियनिरोधजीववधपरित्यागेषु । **अविरहिद**—अविरहिताः स्थिता नित्योद्युक्ताः । **उवओग**—उपयोगः तात्पर्यं ज्ञानाभ्यासः । [1]**जोग**—योगो मनोवचनकायशुभानुष्ठानमेताभ्यां । **जुत्ताओ**—युक्ताः उपयोगयोगयुक्ताः ॥ ६८ ॥

अर्थ—आर्यका (आर्यिका) हैं ते परस्पर अनुकूल रहै हैं। परस्पर मत्सर भाव, ईर्षा नांही करै। बहुरि परस्पर अभिरक्षण प्रतिपालन विषै तत्पर रहैं है। बहुरि रोष कहिए-क्रोध, वैर कहिए—मारणै का परिणाम रूप विरोध, माया कहिए—कुटिलता तिनि भावनिकरि रहित है। बहुरि लोक के अपवाद तैं आपकै भय रूप परिणाम सो लज्जा कहिए तथा न्यायमार्ग प्रवर्तनां-राग-द्वेषकरि न्यायमार्ग का उल्लंघन नांही करना, सो मर्यादा कहिए। तथा उभयकुल कहिए—पीहर-सासरा दोन्यू कुल कै योग्य जो आचरण सो क्रिया कहिए। अैसैं लज्जा, मर्यादा, क्रिया—तीनू विशेषनि करि सहित होय—अैसें आर्यकानि के गुण कहे ॥६७ ॥

बहुरि तिनिही का विशेष कहिये है—

अध्ययन कहिए—पूर्वैं न पढ्या-अैसै शास्त्र का पढ़ना, ताकै विषै, बहुरि परिवर्तने कहिए—पढ्या शास्त्र का पाठ करनां, प्रवर्तावनां ता विषै, बहुरि श्रवणे कहिए—पूर्वैं सुण्या तिस शास्त्र का अथवा पूर्वैं नांही सुण्यां, तिस शास्त्र का श्रवण करनां, अवधारण करनां, ता विषैं। बहुरि कथने कहिये अपनैं जानैं शास्त्र का व्याख्यान करनां, ता विषैं। बहुरि अनुप्रेक्षासु कहिये—श्रुत का चिंतवन तथा सर्ववस्तु का अध्रुवपणां, अन्यत्वपणां इत्यादिक रूप चिंतवन विषै।

बहुरि तप कहिए—बहिरंग—अनशनादि छह प्रकार, अंतरंग प्रायश्चितादिक छह प्रकार—अैसे बारह प्रकार तपश्चरण विषै। बहुरि विनय कहिए—मन, वचन, काय का कोमलपणां ताकै विषै। बहुरि संयम कहिये छह प्रकार इन्द्रियनि का निरोध,

1. जोग पाठ मूलगाथा से अतिरिक्त है।

पुनरपि ताः विशेष्यन्ते—

अविकारवत्थवेसा जल्लमलविलित्तचत्तदेहाओ ।

धम्मकुलकित्तिदिक्खापडिरूप[1]विसुद्धचरियाओ ॥ ६९ ॥

अविकारवत्थवेसा—न विद्यते विकारो विकृतिः स्वभावादन्यथाभावो वा येषां तेऽविकाराः वस्त्राणि च वेषश्च शरीरादिसंस्थानं च वस्त्रवेषा, अविकारा वस्त्रवेषा यासां ता अविकारवस्त्रवेषा रक्ताङ्कितादिवस्त्रगतिभंगाक्षिभ्रूविकारादिवेषरहिताः । **जल्लं**—सर्वाङ्गीनं प्रस्वेदयुक्तं रजः । अंगैकदेशश्रवं मलं—ताभ्यां **विलित्ता**—विलिप्ता युक्ता जल्लमलविलिप्ताः । **चत्तदेहाओ**—त्यक्तोऽसंस्कृतो देहः शरीरं यासां तास्त्यक्तदेहाः जल्लमलविलिप्ताश्च तास्त्यक्तदेहाश्च तास्तथाभूताः । **धम्म**—धर्मः । **कुलं**—कुलं । **कित्ति**—कीर्तिः । **दिक्खा**—दीक्षा । तासां, **पडिरूव**—प्रतिरूपा सदृशाः । **विसुद्धं**—विशुद्धा । **चरियाओ**—चर्यानुष्ठानं यासां ता धर्मकुलकीर्तिदीक्षाप्रतिरूपविशुद्धचर्याः क्षमामार्दवादिमातृपितृगुरुकुलात्मयशोव्रतसदृगाभग्नाचरणा इति ॥ ६९ ॥

कथं च तास्तिष्ठन्त्यत आह—

अगिहत्थमिस्सणिलए असण्णिवाए विसुद्धसंचारे ।

दो तिण्णि व अज्जाओ बहुगीओ वा सहत्थंति[2] ॥ ७० ॥

अगिहत्थमिस्सणिलए—गृहे तिष्ठन्तीति गृहस्थाः स्वदारपरिग्रहासक्तास्तैः, **मिस्स**—मिश्रो युक्तो न गृहस्थमिश्रोऽगृहस्थमिश्रः स

छह प्रकार जीववध का परित्याग—ऐसे बारह प्रकार संयम विषैं—ऐसैं कहैं जे अध्ययनादिक तिनिकै विषै आर्यका है, ते अविरहिताः कहिए—नित्य उद्युक्त-तत्पर रहे हैं। बहुरि उपयोग कहिए—ज्ञानाभ्यास, योग कहिए—मन, वचन, काय का शुभ आचरण इनिकरि युक्त है। ऐसैं आर्यकानि के गुण कहे। ६८ ।।

बहुरि तिनहो का विशेष कहिए है—

अर्थ—विकार रहित है वस्त्र जिनिकै, रंगकरि रंगे तथा कसीदल—ऐसे वस्त्र आर्यिका नांही राखैं। बहुरि विकार रहित है वेष (वेश) कहिए शरीरादिक का आकार जिनिका, गमन करनैं के भंग, नेत्रनि के विकार, भौंहनि के विकार-इत्यादिक विकार रहित आर्यकानि की शुद्ध-मुद्रा है। बहुरि जल्ल कहिए-सर्व अंग विषै उत्पन्न भया पसेव (पसीना) रजकरि निपज्या तथा मल कहिए—अंग के एकदेश विषैं उपज्या, ऐसे जल्लमलकरि विलिप्त है तथा त्यक्त कहिए—संस्कार रहित है, देह कहिए—शरीर जिनिका। बहुरि धर्म कहिए—उत्तम क्षमा, मार्दवादिक, कुल कहिए—मातृपक्ष, पितृपक्ष, गुरुपक्ष का संतान, कीर्ति कहिए—अपनां यश, बहुरि दीक्षा—इनिकै सदृश विशुद्ध है, चर्या कहिए—अनुष्ठान-आचरण जिनिकैं—ऐसैं आर्यकानि के गुण हैं ।। ६९ ।।

आगै कहै है, ते कैसे तिष्ठे है ?—

अर्थ—गृहस्थ कहिए-अपनी स्त्री वा परिग्रह कै विषैं आशक्त जे असंयमी जन, तिनिका जहां संबंध नांही ऐसो वसतिका

---

१. अ. ब—पडिरूव । २. क ओवा वि अच्छन्ति, अ—सहछन्ति ।

चासौ निलयश्च वसतिका तस्मिन्नगृहस्थमिश्रनिलये यत्रासंयतजनैः सह सम्पर्को नास्ति तत्र । **असण्णिवाए**—असतां पारदारिकचौरपिशुनदुष्टतिर्यक्प्रभृतीनां निपातो विनाशोऽभावो यत्र तस्मिन्नसन्निपाते । अथवा सतां यतीनां निपातः प्रसरः सन्निकृष्टता सन्निपातः स न विद्यते यत्र सोऽसन्निपातस्तस्मिन् । अथवा असंज्ञिनां [1]पातोऽसंज्ञिपातो बाधारहिते प्रदेशे इत्यर्थः । **विसुद्धसंचारे**—विशुद्धः संक्लेशरहितो गुप्तो वा संचरणं संचारः मलोत्सर्गप्रदेशयोग्यः गमनागमनार्हो वा यत्र स विशुद्धसंचारस्तस्मिन् बालवृद्धरोगिशास्त्राध्ययनयोग्ये । **दो**—द्वे । **तिण्णि**—तिस्रः । **अज्जाओ**—आर्याः संयतिकाः । **बहुगीओ वा**—वह्व्यो वा त्रिंशच्चत्वारिंशद्वा । **सह**—एकत्र । **अत्थन्ति**—तिष्ठन्ति वसन्तीति । अगृहस्थमिश्रनिलयेऽसन्निपाते विशुद्धसंचारे द्वे तिस्रो वह्व्यो वार्या अन्योन्यानुकूलाः परस्पराभिरक्षणाभियुक्ता गतरोषवैरमायाः सलज्जमर्यादक्रिया अध्ययनपरिवर्तनश्रवणकथनतपोविनयसंयमेषु अनुप्रेक्षासु च तथास्थिता उपयोगयोगयुक्ताश्चाविकारवस्त्रवेषा जल्लमलविलिप्तास्त्यक्तदेहा धर्मकुलकीर्तिदीक्षाप्रतिरूपविशुद्धचर्याः सन्त्यस्तिष्ठन्तीति समुदायार्थः ।। ७० ।।

किं ताभिः परगृहं न कदाचिदपि गन्तव्यमित्यतः आह—

ण य परगेहमकज्जे गच्छे कज्जे अवस्सगमणिज्जे ।
गणिणीमापुच्छित्ता संघाडेणेव गच्छेज्ज ।। ७१ ।।

ण य—न च । **परगेहं**—परगृहं गृहस्थनिलयं यतिनिलयं वा । **अकज्जे**—अकार्येऽप्रयोजने कारणमन्तरेण । **गच्छे**—गच्छेयुः यान्ति । **कज्जे**—कार्ये उत्पन्ने प्रयोजने । **अवस्सगमणिज्जे**—अवश्यं गमनीयेऽवश्यं गन्तव्ये भिक्षाप्रतिक्रमणादिकाले । **गणिणीं**—गणिनीं महत्तरिकां । **आपुच्छित्ता**—आपृच्छ्यानुज्ञां लब्ध्वा । **संघाडेणेव**—संघाटकेनैवान्याभिः सह । **गच्छेज्ज**—गच्छेयुः गच्छन्तीति । परगृहं च ताभिर्न गन्तव्यं, किं सर्वथा नेत्याह अवश्यंगमनीये कार्ये गणिनीमापृच्छ्य संघाटकेनैव गन्तव्यमिति ।। ७१ ।।

स्ववासे परगृहे वा एताः क्रियास्ताभिर्न कर्तव्या इत्यत आह—

रोदणण्हावणभोयणपयणं सुत्तं च छव्विहारंभे ।
विरदाण पादमक्खणधोवणगेयं च ण य कुज्जा ।। ७२ ।।

विषै, जहां असत् कहिए-परदारा, लंपट, चौर, पिशुन, दुष्ट तिर्यंचादिक इनिका जहां संचार नांही अथवा सत् कहिए-यति, मुनि तिनिका जहां संचार नांहो, अैसा बाधा रहित स्थान विषै, बहुरि विशुद्ध संचारे कहिए—विशुद्ध संक्लेश रहित् गुप्त है संचार कहिए-मलोत्सर्ग-प्रदेश जहां, अैसा गमन-आगमन कूं योग्य बाल, वृद्ध रोगीनिकैं हू, शास्त्र का अध्ययन करनैं कूं योग्य-अैसै स्थान विषैं दोय आर्यिका, तोन आर्यिका तथा बहुत आर्यिका-तीस-चालीस एक स्थान विषैं तिष्ठै ।। ७० ।।

आगैं कहै है कि आर्यकानि कूं पेले कै घर कदाचित् भी नहीं जावनां—

अर्थ—आर्यिका है ते बिना प्रयोजन गृहस्थ कै स्थान अथवा यति जहां बैठते होंय, तहां जाय नांही । बहुरि जो अवश्य जावने ही का प्रयोजन होय तौ भिक्षा प्रतिक्रमण आदि काल विषै गणिनी जो बड़ी आर्यिका है, ताहि पूछि, बाकी आज्ञा लेय अन्य आर्यिका सहित ही जाहि ।। ७१ ।।

---

१. क असन्निपातः ।

१८

रोदण—रोदनमश्रुविमोचनं दुःखार्तस्य। **ण्हावण**—स्नपनं बालादीनां मार्जनं। **भोयण**—भोजनं तेषामेव बल्भनपानादिक्रियाः। **पयणं**—पचनं ओदनादीनां पाकनिर्वर्तनं। **सुत्तं च**—सूत्रं सूत्रकरणं च। **छव्विहारम्भे**—षट् प्रकारा येषां ते षड्विधास्ते च ते आरम्भाश्चेति षड्विधारम्भाः। असिमषिकृषिवाणिज्यशिल्पलेखक्रियाप्रारम्भास्तान् जीवघातहेतून्। **विरदाण**—विरतानां संयतानां। **पादमक्खणधोवण**—म्रक्षणं अभ्यङ्गनं धावनं प्रक्षालनं पादयोश्चरणयोर्म्रक्षणधावनं पादम्रक्षणधावनं। **गेयं**—गीतं च रागपूर्वकं गन्धर्वं। **ण य**—न च। **कुज्जा**—कुर्युः न कुर्वन्ति। परगृहं गता आर्यिका रोदनस्नपनभोजनपचनसूत्राणि षड्विधारम्भाश्च न कुर्वन्ति, विरतानां पादम्रक्षणधावनं वा न कुर्युः स्वावासे परवासे वान्याश्च या अयोग्याः क्रियास्ता न कुर्वन्त्यपवादहेतुत्वादिति ॥ ७२ ॥

अथ भिक्षाचर्यायां कथमवतरन्ति ता इत्यत आह—

तिण्णि व पंच व सत्त व अज्जाओ अण्णमण्णरक्खाओ ।
थेरीहिं सहंतरिदा भिक्खाय समोदरन्ति सदा ॥ ७३ ॥

तिण्णि व—तिस्रो वा। **पंच व**—पंच वा। **सत्त व**—सप्त वा। **अज्जाओ**—आर्यिकाः। **अण्णमण्णरक्खाओ**—अन्योन्यरक्षायासां ता अन्योन्यरक्षाः परस्परकृतयत्नाः। **थेरीहिं**—स्थविराभिः वृद्धाभिः। **सह**—सार्धं। **अंतरिदा**—अन्तरिता व्यवहिताः काभिर्वृद्धाभिरेवान्यासामश्रुतत्वात्। **भिक्खाय**—भिक्षायै भिक्षार्थं भिक्षाभ्रमणकाले वोपलक्षणमात्रमेतद् भिक्षाग्रहणं यथा काकेभ्यो दधि रक्षतामिति। **समोदरन्ति**—समवतरन्ति सम्यक्पर्यटन्ति। **सदा**—सर्वकालं। यत्र तासां गमनं भवति तत्रानेन विधानेन नान्येनेति। तिस्रः पंच सप्त वा अन्योन्यरक्षाः स्थविराभिः सहान्तरिताश्च भिक्षार्थं समवतरन्ति सदेति ॥ ७३ ॥

आगैं कहै हैं आर्यकानि कूं अपनैं आवास विषै तथा पैले के घर विषैं एती क्रिया करने योग्य नांही—

अर्थ—आर्यिका हैं ते अपनो वसतिका मैं तथा पैले के घर एतो क्रिया नांहो करै—रोदन कहिए—दुःखकरि पीड़ित होय आंसू कांडना, स्नपन कहिए—बालकादिकनिकूं स्नान करावणां, भोजन कहिए—बालकादिकनिकूं जिमाय दैना, पाणोपावनां इत्यादिक। पचन कहिए—उर्दन इत्यादिक रसोई करनां। सूत्र कहिए—कातनां, सीवनां, कसोदा करना। षड्विधारंभ कहिए—असिकर्म, मषिकर्म, कृषिकर्म, वाणिज्यकर्म, शिल्पिकर्म, लेखकर्म—जोवघात के कारण ये षट्कर्म न करनां। बहुरि संयमोनिकै पगनिका अभ्यंगन, प्रक्षालन तथा रागपूर्वक गोत कहिए—गंधर्वविद्या और हू अयोग्य क्रिया, जे अपवाद कूं कारन होय, ते नांही करै ॥ ७२ ॥

आगै कहै है—ते आर्यिका भिक्षाचर्या विषैं कैसें अवतरैं ?

अर्थ—ते आर्यिका भिक्षा कै अर्थि तथा उपलक्षणतैं आचार्यादिकनिको वंदना के अर्थि जाय हैं, तब तोन तथा पंच तथा सात मिलकरि जाय हैं। परस्पर है रक्षा जिनिकै, परस्पर यत्न करै है। बहुरि बड़ी आर्यिका है वृद्धा, ताके पाछैं-पीछैं जाय हैं, सर्वकाल ऐसे गमन करैं ॥ ७३ ॥

आचार्यादीनां च वन्दनां कुर्वन्ति ताः किं यथा मुनयो नेत्याह—

पंच छ सत्त हत्थे सूरी अज्झावगो य साधू य ।
परिहरिऊणज्जाओ गवासणेणेव वंदंति ।। ७४ ।।

पंचछसत्तहत्थे—पंचषट्सप्तहस्तान् । **सूरीअज्झावगोय**—सूर्यध्यापकौ चाचार्योपाध्यायौ च । **साधूय**—साधूश्च । **परिहरिऊण**—परिहृत्य एतावदन्तरे स्थित्वा । **अज्जाओ**—आर्याः । **गवासणेण**—गवासनेन यथा गौरुपविशति तथोपविश्य एवकारोऽवधारणार्थः । **वंदंति**—वन्दन्ते प्रणमन्ति । पंचषट्सप्तहस्तैर्व्यवधानं कृत्वा आचार्योपाध्यायौ च साधूंश्च गवासनेनैव वन्दन्ते आर्या नान्येन प्रकारेणेत्यर्थः । आलोचनाध्ययनस्तुतिभेदात् क्रमभेद इति ।।७४ ।।

उपसंहारार्थमाह—

एवंविधाणचरियं चरंति[1] जे साधवो य अज्जाओ ।
ते जगपुज्जं किर्त्ति सुहं च लद्धूण सिज्झंति ।। ७५ ।।

एवंविधाणचरियं—एवंविधां चर्यां एवप्रकारानुष्ठानं । **चरंति**—आचरन्ति । **जे**—ये । **साधवो य**—साधवश्च मुनयश्च । **अज्जाओ**—आर्याः ते साधव आर्याश्च । **जगपुज्जं**—जगतः पूजा जगत्पूजा तां जगत्पूजां । **किर्त्ति**—कीर्तिं यशः । **सुहं च**—सुखं च । **लद्धूण**—लब्ध्वा । **सिज्झंति**—सिद्ध्यन्ति । एवंविधानचर्या ये चरन्ति साधव आर्याश्च ते ताश्च जगत्पूजां कीर्तिं सुखं च लब्ध्वा सिद्ध्यन्तीति ।। ७५ ।।

ग्रन्थकर्तात्मगर्वनिरासार्थमर्पणार्थमाह—

एवं सामाचारो बहुभेदो वण्णिदो समासेण ।
वित्थारसमावण्णो वित्थरिदव्वो बुहजणेहिं ।। ७६ ।।

बहुरि ते आचार्यादिकनिकूं वंदना जैसे मुनि करै तैसे नांहो करै, सो कहै हैं—

आर्यिका है ते आचार्यनिकूं पांच हाथ दूरि तैं वंदना करै है, उपाध्याय कूं छह हाथ दूरि तैं वंदना करै है, साधुनिकूं सात हाथ दूरि तैं वंदना करै हैं। जैसें गउ (गाय) बैठै हैं तैंसै बैठकरि ही वंदना करैं। आचार्यनि तैं आलोचनां करै हैं तातैं पाँच हाथ ही दूरि रहनां कह्या है। उपाध्यायनितैं अध्ययन करै है तातैं छह हाथ दूरि रहना कह्या है। साधुनिको स्तुति करै तातैं सात-सात हाथ दूरि रहनां कह्या है ।। ७४ ।।

आगै समाचार अधिकार का उपसंहार करि फल कहै हैं।

अर्थ—जे साधु, बहुरि आर्यिका या प्रकार चर्या, अनुष्ठान, आचरण करै है ते साधु बहुरि आर्यका जगत् विषैं पूजा, यश, सुख कूं पायकरि निर्वाण कूं प्राप्त होय हैं।। ७५ ।।

१. माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला एवं भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित मूलाचार में "चरितं" पाठ है ।

एवं—अनेन प्रकारेण। **सामाचारो**—सामाचारः—आगमप्रसिद्धानुष्ठानं। **बहुभेदो**—बहवो भेदा यस्यासौ बहुभेदो बहुप्रकारः। **वण्णिदो**—वर्णितः कथितः। **समासेन**—संक्षेपेण। **वित्थारसमावण्णो**—विस्तारं प्रपंचं समापन्नः प्राप्तो विस्तारयोग्यः। **वित्थरियव्वो**—विस्तारयितव्यः प्रपंचनीयः। **बुहजणेहिं**—बुधजनैरागमव्याकरणादिकुशलैः। एवं पूर्वस्मिन् यो बहुभेदः सामाचारोऽभूत् सा मया संक्षेपेण वर्णितो यतोऽतो विस्तारयोग्यतत्वाद्विस्तारयितव्यो बुधजनैरिति ॥ ७६ ॥

इत्याचारवृत्तौ वसुनन्दिविरचितायां चतुर्थः परिच्छेदः।

आगैं ग्रन्थकार अपनैं गर्व का निराकरण के अर्थि कहै है—

अर्थ—या प्रकार बहुत है भेद कहिए प्रकार जाकैं, अैसा समाचार कहिए आगम प्रसिद्ध अनुष्ठान मैंने संक्षेपकरि वर्णन कीया। बहुरि यह विस्तार कूं प्राप्त है, अर विस्तारवे योग्य है। तातैं जे आगम व्याकरणादिक विषै प्रवीण ज्ञानीजन हैं ते विस्तारकरि जानहु ॥ ७६ ॥ इति

अैसैं आचार्य श्री वट्टकेरस्वामि विरचित मूलाचार नामा प्राकृत ग्रंथ की वसुनंदि सिद्धान्तचक्रवर्ति विरचित आचारवृत्ति नाम संस्कृत-टीका के अनुसार यह देशभाषामय वचनिका विषै सामाचारनि का है वर्णन जामैं, अैसा चतुर्थ अधिकार समाप्त भया।

इहा पर्यंत गाथा सूत्र एक सौ सताणवै[1] (१९७) भए।

●

१. ब. सित्याणवे।

५. पंचाचाराधिकारः

पंचाचाराधिकारप्रतिपादनार्थं नमस्कारमाह—

तिहुयणमन्दरमहिदे तिलोगबुद्धे तिलोगमत्थत्थे ।
तेलोक्कविदिदवीरे तिविहेण य पणिविदे[1] सिद्धे ।। १ ।।

तिहुयणमंदरमहिदे—मन्दरे मेरौ महिताः पूजिताः स्नापिताः मन्दरमहिताः त्रयाणां भुवनानां लोकानां समाहारस्त्रिभुवनं तेन मन्दरमहितास्त्रिभुवनमन्दरमहिताः । अथवा त्रिभुवनस्य मन्दरा प्रधानाः सौधर्मेन्द्रादयस्तैर्महितास्त्रिभुवनमन्दरमहितास्तांस्त्रिभुवनमन्दरमहितान् । **तिलोगबुद्धे**—त्रिलोकानां त्रिलोकैर्वा बुद्धा ज्ञातारः ज्ञाता वा त्रिलोकबुद्धास्तांस्त्रिलोकबुद्धान् । **तिलोगमत्थत्थे**—त्रिलोकस्य मस्तकं सिद्धिक्षेत्रं तस्मिंस्तिष्ठन्तीति त्रिलोकमस्तकस्थास्तांस्त्रिलोकमस्तकस्थान् सिद्धिक्षेत्रस्थान् । **तेलोक्कविदिदवीरे**—त्रिषु लोकेषु विदितः ख्यातो वीरो वीर्यं येषां, अथवा त्रिलोकानां विदिताः प्रख्यातास्ते च ते वीराः शूराश्च त्रिलोकविदितवीरा त्रैलोक्यविदितवीर्यान् त्रिलोकविदितवीरान्वा । **तिविहेण**—त्रिविधेन त्रिप्रकारेण मनोवचनकर्मभिः । **पणिविदे**—प्रणिपत्य क्त्वान्तोऽयं, अथवा प्रणिपतामि मिङन्तोऽयं क्रियाशब्दः । **सिद्धे**—सिद्धान् निराकृतनिर्मूलकर्मणः । न चात्र तेषामसिद्धता पूर्वापराविरुद्धागमतत्स्वरूपप्रतिपादकप्रमाणसद्भावात्, तत्सद्भावबाधकप्रमाणाभावाद्वा । न चेतरेतराश्रयसद्भावः । द्रव्यार्थिकनयार्पणयानादिनिधनस्यागमस्य स्वमहिम्नैव प्रामाण्यात् । पर्यायार्थिकनयाश्रयणाच्च घातिकर्मविनिर्मुक्तार्हत्प्रणीतत्वाद्वा । न

५-पंचाचाराधिकारः

आगे पंचाचार नामा पांचवा अधिकार का प्रारम्भ है, तहाँ प्रथम ही नमस्कार करै हैं—

अर्थ—त्रिभुवन कहिए—तीनलोक करि, मंदर कहिए—सुमेरु कैं विषैं, महित कहिए—पूजित जन्मकल्याण समय अभिषेक कूं प्राप्त भए अथवा त्रिभुवन के मंदर कहिए प्रधान जे—सौधर्मेन्द्रादिक तिनिकरि पूजित अैसें, बहुरि त्रिलोकबुद्ध कहिए—तीन लोक का ज्ञाता, अथवा तीन लोक जिनिकूं जानैं अैसे, बहुरि अथवा तीनलोक का मस्तक जो सिद्धक्षेत्र ताकैं विषै विराजमान अैसे, बहुरि तीनलोक विषैं विख्यात है वीर्य जिनिका अैसा, अथवा तीन लोक में विख्यात, वीर कहिए सूर पराक्रमो[2] अैसे अथवा तीन लोक का जान्या है वीर्य जिनिनैं अैसे विशेषणनिकरि विशिष्ट जो सिद्ध परमेष्ठी निर्मूल-निराकरण कीये हैं कर्म जिनिनैं, तिनहि मन, वचन, काय तैं तीन प्रकार नमस्कार करि पंचाचार अधिकार कहूंगा, अैसी आचार्य प्रतिज्ञा करो।

इहां सिद्ध हैं ते पूर्वापर अविरुद्ध जो आगम रूप सिद्धनि का स्वरूप का प्रतिपादक प्रमाणका सद्भाव है तथा सिद्धनि के सद्भाव कूं बाधनैं वाला बाधक-प्रमाण का अभाव है। तातैं सिद्धनि कैं असिद्धता नांही। बहुरि इहां इतरेतराश्रय दोष नांही आवै है। द्रव्यार्थिक नय की अर्पणाकरि अनादि निधन जो आगम ताकैं अपनो महिमाकरि स्वतः ही प्रमाणता है। बहुरि पर्यायार्थिक

१. अ, ब पणमिदे । २. ब– प्राकर्मी ।

च जीवानां कर्मबन्धाभावाभावो हानिवृद्धिदर्शनादिति । त्रिभुवनमन्दरमहितानर्हतस्त्रिलोकमस्तकस्थांस्त्रैलोक्यविदितवीर्यान् सिद्धांश्च प्रणिपत्य वक्ष्ये, इति सम्बन्धः । अथवा सर्वाणि शास्त्राणि नमस्कारपूर्वाणि, कुतः सर्वज्ञपूर्वकत्वात् तेषां यतोऽतः स्वतंत्रोऽयं नमस्कारः त्रिभुवनमन्दरमहितानर्हतः सिद्धांश्च प्रणिपतामि । शेषाणि विशेषणान्यनयोरेव । अथवा सिद्धानामेव नमस्कारोऽयं भूतपूर्वगतिन्यायेन विशेषणानां सद्भावादिति । वक्ष्ये इति क्रियापदमुक्तं ।। १ ।।

किं वक्ष्ये ? किमर्थं वा नमस्कार इति पृष्टेऽत आह—

दंसणणाणचरित्ते तवेविरियाचारह्मि पंचविहे ।
वोच्छं अदिचारेऽहं कारिदे अणुमोदिदे अ कदे ।। २ ।।

दंसणं—दर्शनं सम्यक्त्वं तत्त्वरुचिः । **णाणं**—ज्ञानं तत्त्वप्रकाशनं । **चरित्तं**—चरित्रं पापक्रियानिवृत्तिः । नात्रविभक्त्यन्तरं प्राकृतलक्षणेनाकारस्यैकारः कुतो यतः । **तवे**—तपः तपति दहति शरीरेन्द्रियाणि तपः वाह्याभ्यन्तरलक्षणं कर्मदहनसमर्थं । **वीरियाचारह्मि**—वीर्यं शक्तिरस्थिशरीरगतबलं, एतेषां द्वन्द्वः दर्शनज्ञानचारित्रतपोवीर्याणि तेषां तान्येव वा आचारो अनुष्ठानं तस्मिन् दर्शनज्ञानचारित्रतपोवीर्याचारे । तत्त्वार्थविषयपरमार्थश्रद्धानुष्ठानं दर्शनाचारः । नात्रावलोकनार्थवाची दर्शनशब्दोऽनधिकारात् । पंचविधज्ञाननिमित्तं शास्त्राध्ययनादिक्रिया ज्ञानाचारः । प्राणिवधपरिहारेन्द्रियसंयमनप्रवृत्तिश्चारित्राचारः । कायक्लेशाद्यनुष्ठानं तपाचारः, वीर्यस्यानिह्नवो वीर्याचारः शुभविषयस्वशक्त्योत्साहः ।

नय का आश्रयपणां करि घातिया कर्मनि तै रहित जे अर्हंत तिनिकरि प्रणीतपणां तें प्रमाणता है। बहुरि जीवानि कैं कर्म-बंध के अभाव का अभाव नांही है। कर्म-बंध की हानि-वृद्धि देखिए हैं—तातैं कहीं जीव कैं कर्म-बंध का अभाव भी अवश्य होय है।

इहां सिद्धनिके त्रिभुवन-मंदर-महितादि विशेषण कीए ते भूतपूर्वगति-न्याय तै कीये। प्रथम अर्हन्त होय, पीछै सिद्ध भये हैं अथवा पूर्वे विशेषण विशिष्ट ते अर्हंत, अर त्रिलोकमस्तकस्थ ते सिद्ध, ऐसें दोउनि कूं नमस्कार जाननां ।। १ ।।

आगैं नमस्कार करि कहा कहैगें ? सो कहें हैं—

अर्थ—१. दर्शनाचार—दर्शन कहिए सम्यक्त्व तत्त्व रूचि ताका अनुष्ठान, तत्त्वार्थ कै विषैं परमार्थ रूप श्रद्धा का अनुष्ठान सो दर्शनाचार कहिए। इहां दर्शन शब्द अवलोकन अर्थ का वाचक नांही है। इहां अवलोकन का अधिकार नांहीं है। अवलोकन रूप दर्शन तौ दर्शनावरणीयकर्म के क्षयोपशमादिकतैं निर्विकल्प तथा पदार्थ का सामान्य ग्रहण रूप अनाकारोपयोग रूप होय है। तातैं मोक्षमार्ग के कथन मैं याका अधिकार नांही। बहुरि दर्शनमोहनीयकर्म के क्षयोपशमादिक तें तत्त्वार्थनि श्रद्धान का रूप सम्यक्त्व होय है। मोक्षमार्ग मैं याही का अधिकार है इहां याही का कथन है।

२. **ज्ञानाचार**—बहुरि ज्ञान कहिये तत्त्व प्रकाशन, ताका आचार कहिए पंचविधज्ञान कूं निमित्त शास्त्र अध्यायनादिक क्रिया सो ज्ञानाचार कहिए।

३. **चारित्राचार**—बहुरि चारित्र कहिए पाप-क्रिया की निवृत्ति, ताका आचार कहिए प्राणीवध का परिहार, इंद्रियनि का संयम सो चारित्राचार कहिए।

पंचविधे—पंचप्रकारे । **वोच्छं**—वक्ष्ये कथयिष्यामि । **अदिचारे**—अतीचारान् प्रमादादन्यथाचरितानि । [1]अहंकारादिदं अहं—आत्मनः प्रयोगः । **कारिदे**—कारितान् । **अणुमोदिदे**—अनुमतान् । चशब्दः समुच्चयार्थः । **कदे**—कृतात् । **आचारे**—दर्शनज्ञानचारित्रतपोवीर्यभेदे पंचप्रकारे कृतकारितानुमतानतीचारानहं वक्ष्ये इति सम्बन्धः ।। २ ।।

दर्शनातिचारप्रतिपादनार्थं तावदाह ते चाष्टौ शंकादिभेदेन कुतो यतः—

दंसणचरणविसुद्धी अट्ठविहा जिणवरेहिं णिद्दिट्ठा ।
दंसणमलसोहणयं वोच्छं तं सुणह एयमणा[1] ।। ३ ।।

दंसणचरणविसुद्धी—दर्शनाचरणस्य विशुद्धिर्निर्मलता दर्शनाचरणविशुद्धिः । **अट्ठविहा**—अष्टविधाऽष्टप्रकारा । **जिणवरेहिं**—कर्मारातीन् जयन्तीति जिनास्तेषां वराः श्रेष्ठाः जिनवरास्तैः । **णिद्दिट्ठा**—निर्दिष्टा कथिता । **दंसणमलसोहणयं**—दर्शनस्य सम्यक्त्वस्य मलमतीचारस्तस्य शोधनकं निराकरणं दर्शनमलशोधनकं । **वोच्छं**—वक्ष्ये । **तं**—तत् । **सुणह**—शृणुत जानीध्वं । **एयमणा**—एकाग्रमनसः तद्गतचित्ताः । पूर्वं संग्रहसूत्रेण दर्शनातीचारार्थं जिनवरैर्दर्शनविशुद्धिरष्टप्रकारा निर्दिष्टा यतोऽतस्तद्भेदादशुद्धिरप्यष्टविधा तद्दर्शनमलशोधनकं वक्ष्येऽहं यूयं शृणुतैकाग्रमनस इति ।। ३ ।।

अष्टप्रकारा शुद्धिरुक्ता के तेऽष्टप्रकारा इत्यत आह—

णिस्संकिद णिक्कंखिद णिव्विदिगिंच्छा अमूढदिट्ठी य ।
उवगूहण ठिदिकरणं वच्छल्ल पभावणा[2] य ते अट्ठ ।। ४ ।।

---

४. **तपाचार**—बहुरि तप कहिए शरीर इंद्रियनि का कूं तपै-दहै सो तप बाह्य, आभ्यन्तर करि दोय प्रकार। कर्म के दहन करनै कूं समर्थ ताका आचार कायक्लेशादिक का अनुष्ठान करनां सो तपाचार कहिए।

५. **वीर्याचार**—बहुरि वीर्य कहिए—शक्ति,अस्थि, शरीर का बल ताका आचार कहिए निह्नवे नांही करना, छिपावना नांही, शुभ कैं विषैं अपनी शक्ति करि उछाह करनां, सो वीर्याचार कहिए।

अैसे पंच प्रकार आचार विषै अतिचार कहिए प्रमाद सूं अन्यथा आचरण कीया अथवा कराया अथवा अनुमोदना कीया—अैसे में अतीचारनि कौं कहौंगा अैसा संबंध जाननां ।। २ ।।

आगैं दर्शन के अतीचार का प्रतिपादन कैं अर्थि कहै है, ते शंकादिक के भेदकरि अष्टप्रकार हैं।

अर्थ—दर्शनाचार की विशुद्धि कहिए निर्म्मलता सो जिनवर भगवान अष्ट प्रकार कही है। कर्म रूप शत्रुनिकूं जीतै ते जिन कहिए। तिन मैं वर कहिए श्रेष्ठ तीर्थंकरादिक तिनिनै, निर्दिष्ट कहिए कही है सो दर्शन कहिए। सम्यक्त्व ताका मल कहिए अतीचार, ताका शोधन कहिए निराकरण सो कहौंगा। तातैं[3] हे शिष्यजन हौ! एकाग्र-मन होयकरि तुम सुणो ।। ३ ।।

आगैं कहै हैं जे अष्टप्रकार शुद्धि कही, ते अष्ट प्रकार कौन सी हैं? सौ कहै है—

---

१. अ, एयग्गमणा । ब, एगमणा । २. अ, ब पहावणा । ३. अ—ताहि ।

णिस्संकिद—शंका निश्चयाभावः शुद्धपरिणामाच्चलनं शंकाया निर्गतो निःशंकस्तस्य भावो निःशंकता तत्त्वरुचौ शुद्धपरिणामः। **णिक्कंखिद**—कांक्षा इहपरलोकभोगाभिलाषः, कांक्षाया निर्गतो निष्कांक्षस्तस्य भावो निष्कांक्षता सांसारिकसुखारुचिः। **णिव्विदिगिंछा**—विचिकित्साया जुगुप्सा अस्नानमलधारणनग्नत्वादिव्रतारुचिर्विचिकित्साया निर्गतो निर्विचिकित्सस्तस्य भावो निर्विचिकित्सता द्रव्यभावद्वारेण विपरिणामाभावः। **अमूढदिट्ठीय**—मूढान्यत्र गता न मूढा अमूढा, अमूढा दृष्टिः रुचिर्यस्यासावमूढदृष्टिस्तस्य भावोऽमूढदृष्टिता लौकिकसामयिकवैदिकमिथ्याव्यवहारापरिणामः। **उवगूहण**—उपगूहनं चातुर्वर्ण्यश्रमणसंघदोषापहरणं प्रमादाचरितस्य च संवरणं। **ठिदिकरणं**—अस्थिरः स्थिरः क्रियते सम्यक्त्वचारित्रेषु स्थिरीकरणं रत्नत्रयेशिथिलस्य दृढयनं हितमितोपदेशादिभिः। **वच्छल्ल**—वत्सलस्य भावो वात्सल्यं चातुर्वर्ण्यश्रमणसंघे सर्वथानुपवर्तनं धर्मपरिणामेनापद्यनापदि सधर्मजीवानामुपकाराय द्रव्योपदेशादिना हितमाचरणं। **पभावणा य**—प्रभावना च प्रभाव्यते मार्गोऽनयेति

अर्थ—१–निःशंकता, २–निष्कांक्षिता, ३–निर्विचिकित्सता, ४–अमूढ़दृष्टिता, ५–उपगूहन, ६–स्थितीकरण, ७–वात्सल्यता, ८–प्रभावना—अैसे आठ सम्यक्त्व के गुण जाननैं। इनिका अर्थ कहिए हैं—

१—शंका कहिए—निश्चय का अभाव, शुद्ध परिणाम तैं चलित होनां शंकातै रहित सम्यकदृष्टि सो निशंक कहिये, ताका भाव सो निःशंकता तत्व रुचि के विषै शुद्ध परिणाम सौ निःशंकता कहिये।

२—बहुरि कांक्षा कहिए—इहलोक, परलोक सम्बन्धी भोगनिका अभिलाष कांक्षाकरि रहित जो सम्यग्दृष्टि सो निकांक्ष कहिए, ताका जो भाव संसारिक सुख विषैं अरुचिपरिणाम सो निःकांक्षता कहिये।

३—बहुरि विचिकित्सा कहिये, जुगुप्सा, स्नान का त्याग, मल का धारण, नग्नपणां—इत्यादिक जे मुनिराज के व्रत, तिनि विषै अरुचि विचिकित्सा तैं रहित जो सम्यक्दृष्टी सो निर्विचिकित्स कहिए। ताका जो भाव पुरीषादिक द्रव्य कैं विषैं क्षुधा-तृषादिक भावकैं विषे ग्लानि का अभाव सो निर्विचिकित्सता कहिए।

४—बहुरि मूढा कहिए अन्य देवादिक कै विषैं प्राप्त मूढ़ा नांही अन्य देवादिक विषैं प्राप्त होय नांही सो अमूढ़ा कहिये अमूढ़ा है दृष्टि कहिये—रुचि जिस सम्यक् दृष्टि कै सो अमूढ़दृष्टि कहिये। अमूढ़दृष्टि का जो भाव सो लौकिक, सामायिक. वैदिक—तीन प्रकार मिथ्या व्यवहार विषै प्रवर्तनां नांही, सो अमूढ़दृष्टिता कहिए।

५—बहुरि चतुर्वर्ण जो ऋषि, मुनि, यति, अनगार—च्यार रूप मुनिनिका संघ ताकै[1] दोष का निराकरण करनां, प्रमादरूप आचरण का संवरण करणां सो उपगूहन कहिए।

६—बहुरि रत्नत्रय के विषैं शिथिल कौं हितमित उपदेशादिक करिकै अस्थिर कौं सम्यक्त्व चारित्रादिक विषै स्थिर करिये सो स्थिरीकरण कहिये।

७—बहुरि चतुर्वर्ण जो मुनिनि का संघ ताकै विषै सर्वप्रकार अनुकूल प्रवर्तनां धर्म्म परिणाम करिकै साधर्मी जीवनिका उपगार के अर्थि आपदा कौं हौंतै संतै[2] द्रव्यकरि[3] तथा उपदेशादिक करि तिनके हित का आचरण करणां—अैसा वात्सल्य का भाव सौ वात्सल्य कहिये।

---

१. अ संघात कै   २. ब. आपदा कौ हौतैं वा नैं होतै संतैं।   ३. ब. द्रव्य कहिए।

प्रभावना वादपूजादानव्याख्यानमंत्रतंत्रादिभि: सम्यगुपदेशैर्मिथ्यादृष्टिरोधं कृत्वार्हत्प्रणीतशासनोद्योतनं ते एते निःशंकितादयो गुणाः। **अट्ठ**—अष्टौ वेदितव्याः। एतेषां वैपरीत्येन तावन्तोऽतीचारा व्यतिरेकद्वारेण कथिता एवातो नातिचारकथनं प्रतिज्ञाय शुद्धिकथनं दोषायेति ॥ ४ ॥

अथ दर्शनं किं लक्षणं ? यस्य शुद्धयोऽतीचाराश्चोक्ता दर्शनं मार्गः सम्यक्त्वं कुत इत्यत आह—

मग्गो मग्गफलं ति य दुविहं जिणसासणे समक्खादं।
मग्गो खलु सम्मत्तं मग्गफलं होइ णिव्वाणं ॥ ५ ॥

मग्गो—मार्गो मोक्षमार्गभ्युपायः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपसामन्योन्यापेक्षया वर्तनं। **मग्गफलंति य**—मार्गस्य फलं सम्यक्सुखाद्यवाप्तिःमार्गफलमिति च। इतिशब्दो व्यवच्छेदार्थः नान्यत्त्रैविध्यमित्यर्थः। **दुविहं**—द्वौ प्रकारावस्यद्विविधं तस्य भावो द्वैविध्यं। **जिणसासणे**—जिनस्य शासनमागमस्तस्मिन् जिनशासने। **समक्खादं**—समाख्यातं सम्यगुक्तं। अथवा प्रथमान्तमेतज्जिनशासनमिति। **मग्गो**—मार्गः। **खलु**—स्फुटं। **सम्मत्तं**—सम्यक्त्वं। ननु सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि समुदितानि मार्गस्ततः कथं सम्यक्त्वमेव मार्गः। नैष दोषः अवयवे समुदायोपचारात् मार्गं प्रति सम्यक्त्वस्य प्राधान्याद्वा। **मग्गफलं**—मार्गस्य फलं मार्गफलं। **होइ**—भवति। **णिव्वाणं**—निर्वाणं अनन्तचतुष्टयावाप्तिः। किमुक्तं भवति, जिनशासने मार्गमार्गफलाभ्यामेव द्वैविध्यमाख्यातं कार्यकारणाभ्यां विनान्यस्याभावात्। अतो मार्गः सम्यक्त्वं कारणं, मार्गफलं च निर्वाणं कार्यरूपं। अथवा मार्गमार्गफलाभ्यामिति कृत्वा जिनशासनं द्विविधमेव समाख्यातं। स मार्गः सम्यक्त्वं, शेषश्च फलं निर्वाणमिति ॥ ५ ॥

८—बहुरि वाद (शास्त्रार्थ) पूजा, दान, व्याख्यान, मंत्र, तंत्रादिक करि तथा सम्यक् उपदेशादिककरि मिथ्यादृष्टीनिका निराकरण करि अर्हंत[1] भाषित धर्म का उद्योत करनां सो प्रभावना कहिये।

अैसे ये निःशंकितादिक आठ सम्यक्त्व के गुण जानने[2] इनितै विपरीत आठ हो—शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, मूढ़दृष्टि अनुपगहन अस्थिरीकरण, अवात्सल्य, अप्रभावनां—अैसें व्यतिरेक[3] द्वार करि कहे अतोचार जाननें ॥ ४ ॥

आगै पूछै हैं कि दर्शन का लक्षण कहा जाको अष्टप्रकार शुद्धि, अष्टप्रकार अतीचार कहै। बहुरि दर्शन कहिये सम्यक्त्व मार्ग कैसा है ?[4] अैसा प्रश्न होतै कहै है—

अर्थ—जिन आगम के विषै मार्ग बहुरि मार्गफल—अैसें द्विविधपणौं वर्णन कीयो है। तहां सम्यक्त्व तो मार्ग है, जातैं मोक्ष का उपाय है। बहुरि निर्वाण है सौ मार्ग का फल है। जो सम्यक्त्व सुखादिक को प्राप्ति स्वरूप है।

इहां कोउ प्रश्न करै—सम्यक्दर्शन-ज्ञान-चारित्र का समुदाय मार्ग है। सम्यक्त्व ही मार्ग कैसैं कह्या ? ताका समाधान—इहां अवयव कैं विषैं समुदाय का उपचार है। मोक्षमार्ग प्रति सम्यक्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तप—इनिकैं सापेक्षा है, तिनिमैं सम्यक्त्व कै प्रधानता है। बहुरि सम्यक्त्व मार्ग है सो कारण है, निर्वाण मार्गफल है—सो कार्य है। अैसैं जिनशासन दोय ही प्रकार प्रवर्ते है ॥ ५ ॥

---

१. ब. अरहंत। २. अ. जाणनैं। ३. ब. वितरेक। ४. ब. दर्शन कहिये मार्ग-सम्यक्त्व सो कैसे ?

यद्यपि मार्गः सम्यक्त्वं इति व्याख्यातं तथापि सम्यक्त्वस्याद्यापि स्वरूपं न बुध्यते तद्बोधनार्थमाह—

भूयत्थेणाभिगदा जीवाजीवा य पुण्णपावं च ।

आसवसंवरणिज्जरबंधो मोक्खो य सम्मतं ।। ६ ।।

अवयवार्थपूर्विका वाक्यार्थप्रतिपत्तिरिति कृत्वा तावदवयवार्थो व्याख्यायते । **भूदत्थेण**—भूतश्चासावर्थश्च भूतार्थस्तेन । यद्यप्ययं भूतशब्दः पिशाचजीवसत्यपृथिव्याद्यनेकार्थे वर्तते तथाप्यत्र सत्यवाची परिगृह्यते, तथार्थशब्दो यद्यपि पदार्थप्रयोजनस्वरूपाद्यर्थे वर्तते तथापि स्वरूपार्थे वर्तमानः परिगृहीतोऽन्यार्थवाचकेन प्रयोजनाभावात्, भूतार्थेन सत्यस्वरूपेण याथात्म्येन । **अभिगदा**—अभिगताः अधिगताः स्वेन स्वेन स्वरूपेण प्रतिपन्नाः जीवाश्चेतनलक्षणा ज्ञानदर्शनसुखदुःखानुभवनशीलाः । तद्व्यतिरिक्ता अजीवाश्च पुद्गलधर्माधर्मास्तिकायाकाशकालाः रूपादिगतिस्थित्यवकाशवर्तनालक्षणाः । **पुण्णं**—शुभप्रकृतिस्वरूपपरिणतपुद्गलपिंडो जीवाह्लादननिमित्तः । **पावं**—पापं चाशुभकर्मस्वरूपपरिणतपुद्गलप्रचयो जीवस्यासुखहेतुः । **आसव**—आसमन्तात् स्रवत्युपढौकते कर्मानेनास्रवः । **संवर**—कर्मागमनद्वारं संवृणोतीति संवरणमात्रं वा संवरोऽपूर्वकर्मागमननिरोधः । **णिज्जर**—निर्जरणं निर्जरयत्यनया वा निर्जरा जीवलग्नकर्मप्रदेशहानिः । **बंधो**—बध्यतेऽनेन बन्धनमात्रं वा बन्धो जीवकर्मप्रदेशान्यो-

---

आगैं सम्यक्त्व का स्वरूप जाननै के अर्थि कहै हैं—

अर्थ—भूतार्थ करिकैं जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा, बंध, मोक्ष—जाणैं सम्यक्त्व होय है । भूत शब्द के अनेक अर्थ हैं—भूत नाम पिशाच का है, भूत नाम जीव का है, भूत नाम सत्य का है, भूत नाम पृथिव्यादि का है । तथापि यहाँ सत्यवाची का ग्रहण है ।

बहुरि अर्थ शब्द के अनेक अर्थ हैं । अर्थ नाम पदार्थ का है । अर्थ नाम प्रयोजन का है । अर्थ नाम स्वरूप का है इत्यादि । तथापि इहां स्वरूपवाची का है, अन्य अर्थ वाचो तै प्रयोजन नांही । भूत कहिए सत्य जो अर्थ कहिए स्वरूप सो भूतार्थ कहिए । भूतार्थ, सत्यार्थ, परमार्थ, याथात्म्य—इनिका एक अर्थ है । अपनैं-अपनैं स्वरूपकरि प्रतिपन्न जे जीवादिक ते भूतार्थ कहिए सत्यस्वरूप करि, अभिगत कहिए अधिगत जाणैं सम्यक्त्व होय है ।

तातैं जीवादिका संक्षिप्त स्वरूप कहै है—१. जीव है ते चेतनां लक्षण जाननैं । ज्ञान-दर्शन, सुख-दुःखादिक का अनुभव सो है शील-स्वभाव जिनिका, अैसे हैं ।

२—चेतनां लक्षण करि रहित है तै अजीव है । पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, काल—अैसे पाँच प्रकार हैं । रूपादिक पुद्गल का लक्षण है । गति हेतुपणां धर्म्मं-द्रव्यका लक्षण है । स्थिति हेतुपणां अधर्म द्रव्य का लक्षण है । अवगाह हेतुपणां आकाश द्रव्य का लक्षण है । वर्तना हेतुपणां काल द्रव्य का लक्षण है ।

३—जीव कै आल्हादन का निमित्त शुभ प्रकृति स्वरूप करिकैं परिणया जो पुद्गल पिंड सो पुण्य कहिए ।

४—जीव के दुख का कारण अशुभ कर्म्म स्वरूप करि परिणया जो पुद्गल स्कंध सो पाप कहिए ।

५—'आ' कहिए समस्तपणैंकरि 'स्रवण' कहिए प्राप्त होय कर्म जाकरि, अैसा कर्म आवनैं का द्वार सो आश्रव कहिए ।

६—आश्रव कूं रौकै अथवा रौकनांमात्र अपूर्वकर्म आवनैं का निरोध सो संवर कहिए ।

न्यसंश्लेषोऽस्वतंत्रीकरणं। **मोक्खो**—मुच्यतेऽनेन मुक्तिर्वा मोक्षो जीवप्रदेशानां कर्मरहितत्वं स्वतंत्रीभावः। चशब्दः समुच्चयार्थः। **सम्मत्तं**—सम्यक्त्वं। एतेषां यथाक्रम एव न्यायः,[1] जीवस्य प्राधान्यादुत्तरोत्तराणां पूर्वपूर्वोपकाराय प्रवृत्तत्वाद्वा। न चैतेषामभावो ज्ञानरूपमुपचारो वा धर्मार्थकाममोक्षाणामभावादाश्रयाभावात्मुख्याभावाच्च प्रमाणप्रमेयव्यवहाराभावाल्लोकव्यवहाराभावाच्च। जीवाजीवा[2] भूतार्थेनाधिगताः सम्यक्त्वं[3]। तथा पुण्यपापं चाधिगतं सम्यक्त्वं। तथा आस्रवसंवरनिर्जराबन्धमोक्षाश्चाधिगताः सन्तः सम्यक्त्वं भवति। ननु कथमेतेऽधिगताः सम्यक्त्वं यावतैषामधिगतानां यत्प्रधानं तत् सम्यक्त्वमित्युक्तं, नैष दोषः, श्रद्धानरूपैवेयमधिगतिरन्यथा परमार्थाधिगतेरभावात् कारणे कार्योपचाराद्वा जीवादयोऽधिगताः सम्यक्त्वमित्युक्तं। जीवादीनां [4]परमार्थानां यच्छ्रद्धानं तत्सम्यक्त्वं। अनेन न्यायेनाधिगमलक्षणं दर्शनमुक्तं भवति॥ ६॥

आदौ निर्दिष्टस्य जीवस्य भेदपूर्वकं लक्षणं प्रतिपादयन्नाह—

दुविहा य होंति जीवा संसारत्था य णिव्वुदा चेव।
छद्धा संसारत्था सिद्धिगदा णिव्वुदा जीवा॥ ७॥

दुविहा य—द्विप्रकारा द्वौ प्रकारौ येषां ते द्विप्रकारा द्विभेदाः जीवाः प्राणिनः। **संसारत्था य**—संसारे तिष्ठन्तीति संसारस्थाश्चतुर्ग-

---

७—कर्म कूं निर्जीर्ण करै जाकरि अथवा निज्जोर्ण करणां जीवकै लगै कर्म्मप्रदेश तिनिकी हानि सो निर्जरा कहिए।

८—कर्मबंधै जाकरि अथवा बंधनैं मात्र जीव अर कर्म्मप्रदेश कै परस्पर एक क्षेत्रावगाह रूप कर्म्मसंश्लेष, स्वाधीनता का अभाव सो बंध कहिए।

९—जाकरि छूटिए अथवा छटनां जीव-प्रदेशनि कैं कर्म्मरहितपणां स्वतंत्र होनां सो मोक्ष कहिए।

इनिका क्रम जैसें कह्या है सो ही न्याय है। जीवकूं प्रधानपणांकरि पहलै कह्या है। पूर्व-पूर्व का उपकार कैं अर्थि उत्तरोत्तर की प्रवृत्ति है। कोई परवादो इनिका अभाव मानैं हैं। कोई ज्ञान रूप ही मानै है। बाह्य वस्तु नांही मानै है। कोई उपचार मात्र मानैं हैं—सो युक्त नांही। जो जीवादिक आश्रव का अभावतैं धर्म्म, अर्थ, काम, मोक्ष—पुरुषार्थ का अभाव होय है। बहुरि मुख्य जीवादिक का अभावतैं प्रमाण-प्रमेय के व्यवहार का अभाव होय है। तातैं लोक-व्यवहार का अभाव होय है।

इहां कोउ पूछै—ये ही जानैं संतै सम्यक्त्व कैसैं कहैं? इनका श्रद्धान है सो सम्यक्त्व कह्या है? ताका समाधान—इनि जीवादिकनि का परमार्थ रूप जो अधिगम है सो सम्यक्त्व का कारण है। जाकै सम्यक्त्व होनीं होय ताही कै परमार्थरूप तत्त्वार्थाधिगम होय है, अन्य कै परमार्थभूत तत्त्वार्थाधिगम नांही होय है। तातैं यहु सम्यक्त्व का कारण है। तातैं कारणकै विषैं कार्य का उपचार करिया हो कूं सम्यक्त्व कह्या है—ऐसा न्यायकरि अधिगमज सम्यग्दर्शन कह्या है॥ ६॥

आगैं आदि कैं विषै कह्या जो जीव ताका भेदपूर्वक लक्षण कहै हैं, ताहि प्रतिपादन करता संता कहै हैं—

अर्थ—जीव है ते दोय प्रकार हैं—१. संसार में तिष्ठैं च्यारु गति कै विषैं भ्रमण करै ते संसारस्थ कहिए। २. बहुरि

१. क न्याय्य इति प्रतिभाति। २. क °वाश्च। ३. क °त्वं भवति। ४. क परमार्थतोऽधिगतानां।

तिनिवासिनः । णिव्वुदा देद— निर्वृताश्चेति मुक्ति गता इत्यर्थः । छद्धा—षट्धा षट्प्रकाराः । **संसारत्था—**संसारस्थाः । **सिद्धिपदा—**सिद्धिगता उपलब्धात्मस्वरूपाः । **णिव्वुदा—** निर्वृता जीवास्तेषां भेदकारणाभावादभेदास्ते । संसारमुक्तिवासभेदेन द्विविधा जीवाः । संसारस्थाः पुनः षट्प्रकारा एकरूपाश्च निर्वृता इति सम्बन्धः ॥ ७ ॥

के ते षट्प्रकारा इत्याह—

पुढवी आऊ तेऊ वाऊ य वणप्फदी तहा य तसा ।
छत्तीसविहा पुढवी तिस्से भेदा इमे णेया ॥ ८ ॥

पुढवी—पृथिवी चतुष्प्रकारा पृथिवी, पृथिवीशरीरं, पृथिवीकायिकः, पृथिवीजीवः । आपोऽप्कायोऽप्कायिकोऽप्जीवः । तेजस्तेजस्कायस्तैजस्कायिकस्तेजोजीवः । वायुर्वायुकायो वायुकायिको वायुजीवः । वनस्पतिर्वनस्पतिकायो वनस्पतिकायिको वनस्पतिजीवः । यथा पृथिवी चतुष्प्रकारा तथाप्तेजोवायुवनस्पतयः, चशब्दतथाशब्दाभ्यां सूचितत्वात् । जीवाधिकाराद् द्वयोर्द्वयोराद्ययोस्त्यागः शेषयोः सर्वत्र ग्रहणम् । आद्यस्य प्रकारस्य भेदप्रतिपादनार्थमाह—**छत्तीसविहा पुढवी—**षडभीरधिका त्रिंशत् षट्त्रिंशद्विधा, प्रकारा यस्याः सा षट्त्रिंशत्प्रकारा पृथिवी । **तिस्से—**तस्याः । **भेदा—**प्रकाराः । **इमे—**प्रत्यक्षवचनं । **णेया—**ज्ञेया ज्ञातव्याः ॥ ८ ॥

क इमे इत्यत आह—

पुढवी य बालुगा सक्करा य उवले सिला य लोणे य ।
अत तंव तउय सीसय रुप्प सुवण्णे य वइरे य ॥ ९ ॥

सिद्धि कहिए मुक्ति, ताकूं प्राप्त भए ते निर्वृत्त कहिए । तहां संसारस्थ जोव हैं, तै छह प्रकार हैं । बहुरि निर्वृत्त कहिए पाया है अपनां स्वरूप जिननें अैसे जीव हैं ते सिद्धिगत हैं । तिनिके भेद के कारण का अभाव है, तातैं भेद रहित हैं ॥ ७ ॥

आगैं संसारी जीव छह प्रकार कहे हैं, तिनिकूं कहैं हैं—

अर्थ—पृथिवी—च्यारि प्रकार—१. पृथिवो, २. पृथ्वो-शरीर, ३. पृथ्वी-कायिक, ४. पृथिवी जीव । बहुरि अप् च्यारि प्रकार—अप्, अप्काय, अप्कायिक, अप्जोव । तेजस् च्यार प्रकार—तेजस्, तेजस्काय, तेजस्कायिक, तेजस्जीव । बहुरि वायु च्यारि प्रकार—वायु, वायुकाय, वायुकायिक, वायुजोव । बहुरि वनस्पति च्यारि प्रकार—वनस्पति, वनस्पतीकाय, वनस्पतिकायिक, वनस्पतीजीव—अैसे च्यारि-च्यारि भेद कहै । तिनिमैं आदि के दोय-दोय पृथिवो,, पृथिवोकाय—अैसे तिनकूं तो छोड़ि देनें, अर पोछैं कहे दोय भेद पृथिवीकायिक पृथिवीजीव—अैसैं इनिका सर्वत्र ग्रहण करनां । इहां जोव का अधिकार हैं तातैं जीव रूप दोय भेदनि ही का ग्रहण कोया ॥ ८ ॥

तहाँ पृथ्वी छत्तीस प्रकार है, ताकैं भेद आगैं कहिए है ते जाननें त कौनसे हैं ? सो कहै हैं--

पुढवी—पृथिवी मृद्रूपा। **बालुया**—बालुका रूक्षा गङ्गाद्युद्भवा। **सक्करा**—शर्करा पुरुषरूपा अत्र चतुरस्रादिरूपा। **उवले**—उपलानि वृत्तपाषाणरूपाणि। **सिला य**—शिला च वृहत्पाषाणरूपा। **लोणे य**—लवणभेदाः सामुद्रादयः। **अय**—अयो लोहरूपं। **तव**—ताम्रं। **तउय**—त्रपुषं। **सीसय**—सीसकं श्यामवर्णं। **रुप्प**—रूप्यवर्णं शुक्लरूपं। **सुवण्णेय**—सुवर्णानि च रक्तपीतरूपाणि। **वइरे य**—वज्रं च रत्नविशेषः ॥ ९ ॥

हरिदाले हिंगुलये मणोसिला सस्सगंजण पवालेय।
अब्भपडलब्भवालुय बादरकाया मणिविधीय ॥ १० ॥

हरिदाले—हरितालं नटवर्णकं। **हिंगुलये**—हिंगुलकं रक्तद्रव्यं। **मणोसिला**—मनःशिला काशप्रतिकाराय प्रवृत्तं। **सस्सग**—सस्यकं हरितरूपं। **अंजण**—अञ्जनं अक्ष्युपकारकं (चक्षुरूपकारकं) द्रव्यं। **पवालेय**—प्रवालं च। **अब्भपडल**—अभ्रपटलं। **अब्भबालुग**—अभ्रवालुका चैक्यचिक्यरूपा। **वादरकाया**—स्थूलकायाः। **मणिविधीय**—इत ऊर्ध्वं मणिविधयो मणिप्रकारा वक्ष्यन्त इति सम्बन्धः ॥ १० ॥

गोमज्झगेय रुजगे अंके फलिहे[1] लोहिदंकेय।
चंदप्पभेय[2] वेरुलिए जलकंते सूरकंतेय ॥ ११ ॥

शर्करोपलशिलावज्रप्रवालवर्जिताः शुद्धाः पृथिवीविकाराः पूर्वे एते च खरपृथिवीविकाराः। **गोमज्झगेय**—गोमध्यको मणिः कर्केतन-

---

अर्थ—१. पृथिवी कहिए मृत्तिका रूप। २. बहुरि बालुका लूखी (रूखी) कहिए गंगादिक तैं उत्पन्न भई। ३. बहुरि शर्करा कहिए कठोर रूप तिकूटा, चौकूटा इत्यादिक रूप। ४. बहुरि उपल कहिए गोल-पाषाण रूप। ५. बहुरि शिला कहिए बड़े पाषाण रूप। ६. बहुरि लवण कहिए सामुद्रादिक लवण के भेद। ७. बहुरि अयः कहिए लोहरूप। ८. बहुरि ताम्र कहिए तांबा रूप। ९. बहुरि त्रपुष कहिए जसत (जस्ता)। १०. बहुरि सीसक कहिए श्याम वर्ण सीसो[3]। ११. बहुरि रूप्यक कहिए रूपो शुक्ल वर्ण (चांदी)। १२. बहुरि स्वर्ण कहिए सोनूं (सोना) रक्त-पीत रूप। १३. बहुरि वज्र कहिए हीरो रत्न विशेष—अैसे तेरह भेद कहे ॥९॥

आगैं अन्य भेद कहै हैं—

अर्थ—१४. हरिताल कहिए नटवर्णक। १५. बहुरि हिंगुलक कहिए हींगलु रक्त द्रव्य। १६. बहुरि मनःसिला कहिए मैलसिल कासका (खांसी) प्रतीकारकैं अर्थि प्रवर्तैं। १७. बहुरि सस्यक कहिए हरित रूप। १८. बहुरि अंजन कहिए सुरमू नेत्रनिका उपकार करने वाला। १९. बहुरि प्रवाल कहिए मूंगा, २०. बहुरि अभ्रपटल कहिए भोडल, (अभ्रक), २१. बहुरि अभ्रबालुका कहिए चैक्यचिक्य (चमकने वाली रेत) रूप पृथिवो अैसैं इकईस भेद भये। बहुरि बादरकाय कहिए स्थूलकाय-मणि, विधि कहिए रत्ननि के प्रकार कहिएगैं–अैसा संबंध जानना ॥ १० ॥सो कहै हैं—

अर्थ—पूर्वैं कहे जे इकईस भेद तिनिमैं शर्करा, उपल, शिला, वज्र, प्रवाल—अैसे पंच भेद वर्ज्य करि अन्य सोलह भेद हैं

---

१. अ, ब फलिहे य :   २. अ, ब चंदप्पभे वेरुकिए।   ३. अ. सीसी।

मणिः । **रुजगे**—रुचकश्च मणी राजवर्तकरूपः । **अंके**—अंको मणिः पुलकवर्णः । **फलिहे**—स्फटिकमणिः स्वच्छरूपः । **लोहिदंकेय**—लोहितांको मणी रक्तवर्णः पद्मरागः । **चन्दप्पभेय**—चन्द्रप्रभो मणिः । **वेरुलिए**—वैडूर्यो मणिः । **जलकन्ते**—जलकान्तो मणिरुदकवर्णः । **सूरकन्तेय**—सूर्यकान्तो मणिः ॥ ११ ॥

गेरुय चंदण वव्वग वय मोए तह मसारगल्ले य ।
ते जाण पुढविजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा ॥ १२ ॥

गेरुय—गैरिकवर्णो मणी रुधिराक्षः । **चन्दण**—चन्दनो मणिः श्रीखण्डचन्दनगन्धः । **वव्वग**—वप्पको मणिर्मरकतमनेकभेदं । **वग**—वको मणिः वकवर्णाकारः पुष्परागः । **मोए**—मोचो मणिः कदलीवर्णाकारो नीलमणिः । **तह**—तथा । **मसारगल्लेय**—मसृणपाषाणमणिर्विद्रुमवर्णः । **ते जाण**—तान् जानीहि । **पुढविजीवा**—पृथिवीजीवान् । तैर्ज्ञातैः किं प्रयोजनं ? **जाणित्ता**—ज्ञात्वा । **परिहरेदव्वा**—परिहर्तव्या रक्षितव्याः संयमपालनाय । तानेतान् शुद्धपृथिवीजीवान् तथा खरपृथिवीजीवांश्च मणिप्रकारान् स्थूलान् जानीहि ज्ञात्वा च परिहर्तव्याः । सूक्ष्माः पुनः सर्वत्र ते विज्ञातव्याः आगमबलेन । षट्त्रिंशद्भेदेषु पृथिवीविकारेषु पृथिव्यष्टक—मेरु-कुलपर्वत-द्वीप-वेदिका-विमान-भवन-प्रतिमा-तोरण-स्तूप-चैत्यवृक्ष-

---

ते शुद्ध पृथिवी विकार जाननैं । ए मृदु पृथ्वी के सोलह भेद हैं। बहुरि पाँच भेद ए तथा आगैं कहिएगैं पंदरह भेद ते मिलिकरि बीसूं भेद खर पृथ्वी विकार जानने, सो कहिए हैं ।

२२. गोमध्यक कहिए-गोमेद-कर्कैतनमणि गोरोचन वर्ण । २३. बहुरि रुचक कहिए राजवर्त्तक रूप अतसी पुष्प वर्ण । २४. बहुरि अंक कहिए पुलकवर्ण मणि । २५. बहुरि स्फटिक कहिए स्वच्छ रूप फटिक । २६. बहुरि लोहितांक कहिए रक्तवर्ण पद्मरागमणि । २७. बहुरि चन्द्रप्रभ कहिए चंद्रकांतमणि । २८. बहुरि सूर्यकांल कहिए सूर्यकांत मणि । २९. बहुरि वैंडूर्य कहिए मयूर कंठ वर्ण । ३०. बहुरि जलकांत कहिए उदकवर्णाकार—अैसैं तोस भेद भये ॥११॥ आगैं बहुरि भद कहै हैं—

अर्थ—३१. गैरिक कहिए गेरु वर्णमणि । रुधिराक्ष, ३२. बहुरि चंदन कहिए श्रीखंड चंदन समान है गन्धवर्ण जाका । ३३. बहुरि वप्पक कहिए अनेक भेद रूप मर्कतमणि,विलाव के नेत्र समान हैं वर्ण जाका । ३४. बहुरि वक वर्णाकार कहिए बगुला का सा है, वर्णाकार जाका अैसा पुखराज । ३५. बहुरि मोच कहिए केलिका सा है वर्णाकार जाका अैसा नीलमणि । ३६. बहुरि मसृण, पाषाण कहिए विद्रुम का सा है वर्ण जाका—अैसे ३६ भेद कहे हैं, तिनहि पृथ्वी जीव जानहु । तिनके जानवे करि कहां प्रयोजन ? संयम का पालन कै अर्थि शुद्ध-पृथ्वी के स्थूल जीव तथा खर-पृथ्वी के स्थूल जीव, तिनही जाणिकरि इनिका परिहार करना, रक्षा करणी । बहुरि सूक्ष्म जीव है, ते सर्व्वत्र है । सो आगम तैं जाननैं ।

अैसे छत्तीस रूप भेदनि विषैं आगै कहै है, तिनिका अंतर्भाव जाननां । पृथिव्यष्टक कहिए सात रत्नप्रभादिक नरक पृथ्वी, बहुरि एक मोक्ष पृथ्वी । बहुरि मेरू कहिए पाँचमेरू । बहुरि कुल पर्वत कहिए पाँचूं मेरु संबंधी-तीस कुलाचल, बहुरि द्वीप कहिए—जंबूद्वीपादिक समस्त द्वीप ।

बहुरि वेदिका कहिए—जहाँ-जहाँ कोट वेदिका वर्णन करो है, ते समस्त वेदी । बहुरि विमान कहिये कल्पवासीनिके तथा ज्योतिषीनिके विमान । वहुरि भवन कहिये भवनवासीनिके भवन ।

जम्बू-शाल्मलीद्रुमेष्वाकार-मानुषोत्तर-विजयार्ध-काञ्चनगिरि-दधिमुखाञ्जन-रतिकर-वृषभगिरि-सामान्यपर्वत-स्वयंभु-नगवरेन्द-वक्षार-रुचक-कुण्डल-वर-दंष्ट्रा-पर्वतरत्नाकरादयोऽन्तर्भवन्तीति ॥ १२ ॥

अप्कायिकभेदप्रतिपादनार्थमाह—

ओसाय हिमग महिगा [1]हरदणु सुद्धोदगे घणुदगे य ।
ते जाण आउजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा ॥ १३ ॥

ओसाय—अवश्यायजलं रात्रिपश्चिमप्रहरे निरभ्रावकाशात् पतितसूक्ष्मोदकं । **हिमग**—हिमं प्रालेयं जलबन्धकारणं । **महिमा**—महिका धूमाकारजलं कुहडरूपं । **हरद**[2]—हरत् स्थूलविन्दुजलं । **अणु**—अणुरूपं सूक्ष्मविन्दुजलं । **सुद्ध**—शुद्धजलं चन्द्रकान्तजलं । **उदगे**—उदकं सामान्यजलं निर्झराद्युद्भवं । **घणुदगे**—घनोदकं समुद्रह्लदघनवाताद्युद्भवं घनाकारं । अथवा **हरदणु**—महाह्लदसमुद्राद्युद्भवं । **घणुदए**—मेघादुद्भवं घनाकारं, एवमाद्यप्कायिकान् जीवान् जानीहि ततः किं ? **जाणित्ता**—ज्ञात्वा । **परिहरिदव्वाः**—परिहर्त्तव्याः पालयितव्याः सरित्सागर-ह्रद-कूप-निर्झर-घनोद्भवाकाशज-हिमरूप-धूमरूप-भूम्युद्भव-चन्द्रकान्तजघनवाताद्यप्कायिका अत्रैवान्तर्भवन्तीति ॥ १३ ॥

बहुरि प्रतिमा कहिए अकत्तृम प्रतिबिंब । बहुरि तोरणद्वार, स्तूप, चैत्यवृक्ष जहां-जहां वर्णन कीये, ते समस्त । बहुरि जंबू-शाल्मलीकौं आदि देकरि पांचू मेरु संबंधी दस कुरु वृक्ष, बहुरि च्यारि इष्वाकार पर्वत, बहुरि मानुषोत्तर पर्वत, बहुरि पंचमेरु संबंधी एक सौ सतरि विजयार्द्ध पर्वत, बहुरि कांचनगिरि, बहुरि नंदीश्वर द्वीप संबंधी सोलह दधिमुख पर्वत, च्यारि अंजनगिरि पर्वत, बत्तीस रतिकर पर्वत । बहुरि पांचू मेरु संबंधी एक सौ सतरि वृषभाचल पर्वत । बहुरि सामान्य पर्वत, स्वयंभू रमणद्वीप सम्बन्धी नगवरेंद्र पर्वत । बहुरि पाँचू मेरु सम्बन्धी अस्सी वक्षारगिरि पर्वत । बहुरि च्यारि रुचकवर गिरि, च्यारि कुण्डलवरगिरि, बहुरि वरदंष्ट्रा (गजदंत) पर्वत, बहुरि रत्नाकर (रत्नों की खान) आदिक—इनि सबनिका छत्तीस भेद रूप पृथ्वी कै विषै अंतर्भाव जाननां ॥ १२ ॥

आगैं अप्काय का भेद प्रतिपादन कै अर्थि कहै हैं—

संशयमव्यक्तं वक्तीति संशयवचनी। संशयार्थप्रख्यापनानभिव्यक्तार्था यस्माद्वचनात्संदेहरूपादर्थो न प्रतीयते तद्वचनं संशयवचनी भाषेत्युच्यते। यथा दन्तरहितातिबालातिवृद्धवचनं, महिष्यादीनां च शब्दः। तथैवासत्यमृषा साष्टमी भाषा। नवमी पुनरनक्षरगता। यस्यां नाक्षराण्यभिव्यक्तानि ककारचकारमकारादीनामनभिव्यक्तिर्यत्र सा नवमी भाषानक्षरगता। सा च द्वीन्द्रियादीनां भवत्येव। सासत्यमृषा भाषा नव प्रकारा भवति। विशेषाप्रतिपत्तेरसत्या सामान्यस्य प्रतिपत्तेर्न मृषा। आमन्त्रणरूपेणाभिमुखीकरणेन न मृषा पश्चादन्यस्यार्थस्याप्रतिपत्तेरसत्या। तथाज्ञादानेन न मृषा पश्चात्किं दास्यतीति न ज्ञायते तेन न सत्या। तथा याञ्चामात्रेण न मृषा, उत्तरकालं किं याचयिष्यतीति न ज्ञायते

सो याचना भाषा कहिये। जैसे—मैं तौहि कछु याचना करहूं। बहुरि पृच्छना करिये जाकरि सो पृच्छना भाषा कहियै। जैसे मैं तौहि पूछै हूं—अैसा वचन बोलनां। बहुरि प्रज्ञापन करियै, जणाइये जाकरि सो प्रज्ञापना भाषा कहिए। जैसे जणावत (निवेदन करता) हूं मैं तोही—इत्यादि वचन बोलनाँ। बहुरि प्रत्याख्यान कहिए त्याग लीजिए जाकरि सो प्रत्याख्यानो भाषा है। जैसे—प्रत्याख्यान मोहि दीजिये—अैसा वचन बोलनां। बहुरि इच्छानुलोमा कहिए—इच्छा के अनुकूल बोलिये सो सर्व विषै अनुकूल, जैसे 'एवं करोमि' कहिए 'अैसे करूं'–अैसे वचन बोलना ॥ ११८ ॥

अर्थ—संशय कहिये अव्यक्त अर्थ कहै सौ संशय-वचनी कहिये संशय रूप अर्थ की प्रकट करनहारी। नांही अनभिव्यक्त है अर्थ जाका, जा संदेह रूप वचनतैं अर्थप्रतीति में नांही आवै सो वचन संशयवचनी भाषा कहिये। जैसे—दंतरहित पुरुष का तथा अतिबालक का तथा अतिवृद्ध का वचन तथा भैंसि इत्यादिक का शब्द, तैसे ही सो यहु अष्टमो असत्यमृषा भाषा है।

बहुरि नवमी अनक्षरगता कहिये—जा विषैं अक्षर अभिव्यक्त करना नांही। ककार, वकार, चकारादिक अक्षरनिका प्रगटता जा विषैं नांही सो नवमी अनक्षरगता भाषा कहिये। सो यहु भाषा द्वींद्रियादिक जीवनि कै होय है। अैसे असत्यमृषा भाषा नव प्रकार होय हैं।

विशेष की प्रतिपत्ति (ज्ञान, इन भाषाओं से) नांही, तातें सत्यहु नांही, सामान्य की प्रतिपत्ति है तातैं मृषा हूं नांही। जैसे—आमंत्रण रूप करि अभिमुख करनैं करि मृषा हू नांही। पाश्चात्य कहिये पिछला जो अर्थ ताकी अप्रतिपत्ति तैं सत्यहु नांही तथा आज्ञादान करि झूंठहु नांही। बहुरि पाछैं कहा आज्ञा देगा अैसा न जानिये ताकरि सत्यहूँ नांही। तथा याचना मात्र करि झूंठहूं नांही

---

१. क °यानुलो°। २. °छातुलो°।

ततो न सत्या । तथा प्रश्नमात्रेण न मृषा पश्चान्न ज्ञायते किं पृच्छ्यतेऽनेनेति न सत्या । तथा प्रत्याख्यानसामान्यरूपस्य याचनायाः प्रतीतेर्न मृषा पश्चात्कस्य प्रत्याख्यानं दास्यतीति न ज्ञायते तेन न सत्या । तथेच्छाया एवं करोमीति भणनेन न मृषा किंचित् पश्चात्किं करिष्यतीति न ज्ञायते तेन न सत्या । तथाक्षराणि संदिग्धानि प्रतीयन्ते तेन न मृषा, अर्थः सन्दिग्धो न प्रतीयते तेन न सत्या । यथा शब्दमात्रं प्रतीयते तेन न मृषा, अक्षराणामर्थस्य चाप्रतीतेर्न सत्येति । अनेन न्यायेन नवप्रकारा असत्यमृषाभाषा व्याख्यातेति ॥ ११९ ॥

पुनरपि यद्वचनं सत्यमुच्यते तदर्थमाह—

सावज्जजोग्गवयणं वज्जंतोऽवज्जभीरु गुणकंखी ।
सावज्जवज्जवयणं णिच्चं भासेज्ज भासंतो ॥ १२० ॥

यदि मौनं कर्तुं न शक्नोति तत एवं भाषेत—सावद्यं सपापमयोग्यं यकारभकारादियुक्तं वचनं वर्जयेत् । अवद्यभीरुः पापभीरुः । गुणाकांक्षी हिंसादिदोषवर्जनपरः । सावद्यवर्जं वचनं नित्यं सर्वकालं भाषयन् भाषयेत् । अन्वयव्यतिरेकेण वचनमेतत् । नैतस्य पौनरुक्त्यं द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिकशिष्यानुग्रहपरादिति ॥ १२० ॥

अशनसमितिस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

उग्गम उप्पादणएसणेहिं पिंडं च उवधि सज्जं च[1] ।
सोधंतस्य मुणिणो परिसुज्झइ एसणासमिदी ॥ १२१ ॥

बहुरि उत्तरकाल विषैं कहा जावैगा—ऐसा न जानिये, तातै सत्यहूँ नांही । तथा प्रश्नमात्रकरि मृषा हूँ नांही । बहुरि पीछै कहा पूछैगो—ऐसा न जानियै, तातैं सत्यहूँ नांही । तथा सामान्य प्रत्याख्यान कहिये त्याग, ताकी याचना की प्रतीति तैं मृषा हूं नांही । वहुरि प्रत्याख्यान काहे कौं लेगौं—ऐसा न जानिये, तातैं सत्यहूं नांही तथा इच्छातैं ऐसे करूं हूं या प्रकार कहनैं करि झूंठ हूं नांही । बहुरि पीछे कहा करैगो ? ऐसा न जानिए, तातैं सत्यहूँ नांही । तथा अक्षर संदेह रूप प्रतीति मैं आवै है, तातैं मृषा नाँही । बहुरि अर्थ संदेह रूप हैं सो नांही प्रतीति मैं आवै, तातैं सत्य नांही तथा शब्द मात्र प्रतीति मैं आवैं है तातैं मृषा नांही । बहुरि अक्षर वा अर्थ की प्रतीति नांही तातैं सत्य नांही । या प्रकार इस न्यायकरि असत्यमृषा भाषा नव प्रकार व्याख्यान करी ॥ ११९ ॥

आगैं बहुरि भी सो वचन सत्य कहिये है, ताकै अर्थि कहै है—

अर्थ—जो मौन करिवे कूं नांही समर्थ होय तो सावद्य कहिए पाप सहित, अयोग्य कहिये यकार, मकारादि सहित वचन जो है ताहि वर्जन करैं । बहुरि अवद्यभीरू कहिये पाप का है भय जाकूं, बहुरि गुण-कांक्षी कहिये हिंसादि दोष के वर्जन विषैं तत्पर—ऐसा जो मुनि सो सर्वकाल विषैं, सावद्य वर्जन कहिये पाप-रहित वचन जो है, ताहि भाषण करै, यहु वचन अन्वय-व्यतिरेक करि जानना । याकै पुनरुक्तता दोष नांही । द्रव्यार्थिकनयग्राही तथा पर्यायार्थिकनयग्राही शिष्य के अनुग्रह विषैं तत्परता है, जातै ॥ १२० ॥

---

१. पिंडमुवधिं च इत्यपि पाठः ।

उद्गच्छत्युत्पद्यत आहारो यैर्दोषैस्त उद्गमदोषाः। उत्पाद्यते निष्पाद्यत आहारो यैस्त उत्पादनादोषाः। अश्यते भुज्यते आहारो वसत्यादयो वा यैस्तेऽशनदोषास्तैः। पिण्ड आहारः। उपधिः पुस्तकपिच्छकादिः। शय्या वसत्यादीन् शोधयतः सुष्ठु सावद्यपरिहारेण निरूपयतो, मुनेः परिशुद्धयतेऽशनसमितिः। अशनस्य सम्यग्विधानेन दोषपरिहारेणेति वा चरणमशनसमितिः। उद्गमोत्पादनाशनदोषैः पिण्डं उपधिं शय्यां शोधयतो मुनेः परिशुद्धयतेऽशनसमितिरिति। तत उद्गमादयो दोषाः सप्रपंचेन पिण्डशुद्धौ वक्ष्यन्त इति नेह प्रतन्यन्ते, पुनरुक्तदोटभयात्।

कथमेतान् दोषान्परिहरति मुनिरित्याशंकायामाह चकारः (र) सूचितार्थं। सवितुरुदये देववन्दनां कृत्वा घटिकाद्वयेऽतिक्रान्ते श्रुतभक्तिगुरुभक्तिपूर्वकं स्वाध्यायं गृहीत्वा वाचनापृच्छनानुप्रेक्षापरिवर्तनादिकं सिद्धान्तादेर्विधाय घटिकाद्वयमप्राप्त[1]मध्याह्नादरात् स्वाध्यायं श्रुतभक्तिपूर्वकमुपसंहृत्यावसथो[2] दूरतो मूत्रपुरीषादीन् कृत्वा पूर्वापरकायविभागमवलोक्य हस्तपादादिप्रक्षालनं विधाय कुण्डिकां पिच्छिकां गृहीत्वा मध्याह्नदेववन्दनां कृत्वा पूर्णोदरबालकान् भिक्षाहारान् काकादिवलीनन्यानपि लिंगिनो भिक्षावेलायां ज्ञात्वा प्रशान्ते धूमकुशलादिशब्दे गोचरं प्रविशेन्मुनिः। तत्र गच्छन्नातिद्रुतं, न मन्दं, न विलम्बितं गच्छेत्। ईश्वरदरिद्रादिकुलानि न विवेचयेत्। न वर्त्मनि जल्पेत्तिष्ठेत्। हास्यादिकान् विवर्जयेत्।

आगैं अशन समिति के स्वरूप को प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—आहार जिन दोषनितैं उपजै ते उद्गम दोष कहिये। बहुरि आहार जिन दोषनि तैं उपजाइए सो उत्पादन दोष कहिये। बहुरि भोगिए आहार तथा वसतिकादिक जिन दोषनिकरि ते अशन दोष, सो तिन दोषनिकरि पिंड कहिये आहार तथा उपधि कहिए पुस्तक-पिच्छिकादिक, शय्या कहिए वसतिकादिक सो इनिका अतिशयकरि, सावद्य के परिहार करि देखता, सोधन करता जो मुनिराज, ताकै अशन समिति परिशुद्ध[3] होय है। अथवा अशन जो आहार ताका भला विधानकरि दोषनिका परिहार करि या प्रकार आचरण करनां सो अनशन समिति कहिये। ये उद्गमादिक दोष हैं तै पिंडशुद्धि अधिकार मैं विस्तार सहित कहियैगे। यातैं इहां विस्तार नांही करिये हैं। पुनरुक्त दोषके भयतैं।

मुनिराज इनि दोषनि कौ कैंसे परिहार करैं? अैसे आशंका होत संते कहै हैं, सो यहु अर्थ सूत्र विषै चकार ग्रहण हैं, ताकरि सूचिय है, सो ही कहियै है। जो सूर्य के उदय होंतैं देववंदना है, ताहि करि दोय घड़ी वितीत हुपे संतैं पूर्वैं श्रुतभक्ति, गुरुभक्तिकरि स्वाध्याय ग्रहण करै सो वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, परिवर्तन इत्यादिककूं सिद्धांतादिक का करि दो परहां में दोय घड़ी अवशेष रहै, ता पहली स्वाध्याय जो है ताहि श्रुतभक्ति पूर्वक समाप्त करि पीछै संस्तरस्थान तैं दूर, मूत्रपुरीषादिक की बाधा मेटि, पूर्वापर काय-विभागकूं देखि हस्तपादादिक का प्रक्षालन करि कमंडलु. पीछी कौ ग्रहणकरि. मध्याह्न सम्बन्धी देववंदना करि भरे हैं उदर जिनिकैं—अैसैं बालकनि कौं देखि तथा भिक्षाकरि है आहार जिनिकैं अैसे अन्यलिंगी (दूसरे मत के साधुओं) तिनिकौं देखि, तथा काकादिक कैं वलि (दाने आदि) ग्रहण देखि, भिक्षा की बेला जानि, धूम तथा मूसलादिक का शब्द, ताहि प्रशांत होत संतैं मुनि जो है सो भिक्षा कैं अर्थि प्रवेश करैं।

बहुरि तहां गमन करतैं, अतिशीघ्र नांही चलैं, अतिमन्द नांही चलै, विलंब करता नांही चलै। यहु धनवान का कुल है, यहु निर्धन का कुल है—अैसा भेद कूं नांही विचारता मार्ग विषैं वार्ता करतैं खड़े न रहै, हास्यादिक नांही करै। नीच गोत्रनि के

१. क मप्राप्त मध्याह्नदारात् द०। २. क ०वसरोदू०। ३. अ, परमशुद्ध।

नीचकुलेषु न प्रविशेत् । सूतकादिदोषदूषितेषु शुद्धेष्वपि कुलेषु न प्रविशेत् । द्वारपालादिभिर्निषिद्धो न प्रविशेत् । यावन्तं प्रदेशमन्ये भिक्षाहाराः प्रविशन्ति तावन्तं प्रदेशं प्रविशेत् । विरोधनिमित्तानि स्थानानि वर्जयेत् । दुष्टखरोष्ट्रमहिषगोहस्तिव्यालादीन् दूरतः परिवर्जयेत् । मत्तोन्मत्तमदावलिप्तान् सुष्ठु वर्जयेत् । स्नानविलेपनमण्डनरतिक्रीडाप्रशक्ता योषितो नावलोकयेत् । विनयपूर्वकं विधृतस्तिष्ठेत् । सम्यग्विधानेन दीयमानमाहारं प्रासुकं सिद्धभक्ति कृत्वा प्रतीच्छेत् । स(श)तनपतनगलनमकुर्वन् निश्छिद्रं पाणिपात्रं नाभिप्रदेशे कृत्वा शुरशुरशब्दादिवर्जितं भुञ्जीत । योषितां स्तनजघनोरुनाभिकटिनयनललाटमुखदन्तौष्ठबाहुकक्षान्तरजंघापादलीलागतिविलासगीतनृत्तहासस्निग्धदृष्टिकटाक्षनिरीक्षणानीन्नावलोकयेत् । एवं भुक्त्वा पूर्णोदरोऽन्तरायादपूर्णोदरो वा मुखहस्तपादान् प्रक्षाल्य शुद्धोदकपूर्णां कुण्डिकां गृहीत्वा निर्गच्छेत् । धर्मकार्यमन्तरेण न गृहान्तरं प्रविशेत् । एवं जिनालयादिप्रदेशं सम्प्राप्य प्रत्याख्यानं गृहीत्वा प्रतिक्रामेदिति ।। १२१ ।।

आदाननिक्षेपणसमितिस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

आदाणे णिक्खेवे पडिलेहिय चक्खुणा पमज्जेज्जो ।

दव्वं च दव्वठाणं संजमलद्धीए सो भिक्खू ।। १२२ ।।

आदाने ग्रहणे । निक्षेपे त्यागे । प्रतिलेख्य सुष्ठु नितीक्षयित्वा चक्षुषा पश्चात्पिच्छिकया सम्मार्जयेत् प्रतिलेखयेत् । द्रव्यं द्रव्यस्थानं

कुल विषैं नांही गमन करै । बहुरि सूतकादिक दोषनि करि दूषित जे शुद्ध कुल तिन विषै हू नांही प्रवेश करैं । द्वारपालादिकनि करि मनैं किया (मना करने पर) नांही प्रवेश करैं । जितने प्रदेश विषै अन्य भिक्षाकरि आहार करनैं वाले गमन करैं तितनैं पर्यंत ही प्रवेश करै । बहुरि विरोध के कारण जे स्थान तिनि विषैं नांही गमन करै । बहुरि दुष्ट, गर्दभ, ऊंट, भैंसा, बलध, हाथी, सर्प्प इत्यादिकनिकौं दूर ही तैं वर्ज्जन करें । बहुरि मतवाले (पागल आदि) होय, उन्माद सहित होय, मदकरि गर्वित होय, तिनहि अतिशय प्रकार वर्ज्जन करैं ।

बहुरि स्नान, विलेपन, मंडन, रतिक्रीडा विषै आशक्त जे स्त्रीजन, तिनहीं नांही अवलोकन करै । विनयपूर्वक कोउ पडिगाहै तो खड़े रहै, भला विधान करि दीया प्रासुक जो आहार ताहि सिद्धभक्ति करि ग्रहण करै । बहुरि शतन जो तोड़ना, पतन जो पटकना, गलन जो झरा (गिरा) देना, तिनहि न करता संता, छिद्र रहित पाणिपात्र जो है ताहि नाभिप्रदेश विषै करि, शुर-शुर शब्द कहिए भोजन करतै सवरका इत्यादि करि रहित भोजन करै । स्त्रीनि का स्तन, जंघा, उरू, नाभि, कटि, नेत्र ललाट, मुख, दांत, होठ, भुजा, कांख, जंघा, चरणनि (इत्यादि) की लीला, गति, विलास, गीत, नृत्य, हास्य, स्निग्ध दृष्टि, कटाक्ष-निरीक्षण इत्यादिकनिकौं नांही अवलोकन करै ।

अैसे भोजनकरि उदर पूर्ण हुये, अंतरायतैं पूर्ण उदर नांही हुयैं हू मुख, हस्त, पाद-प्रक्षालन करि, शुद्ध जलकरि भरया कमंडलुकू लेय गृहस्थ घरतैं निकसैं । धर्म्मकार्य बिना गृहांतर विषै प्रवेश न करैं । अैसे जिनमंदिरादिक स्थान कौं प्राप्त होय प्रत्याख्यान ग्रहणकरि, तहां प्रतिक्रमण करैं ।। १२१ ।।

आगैं आदाननिक्षेपणा समिति का स्वरूप प्रतिपादन करते कहै है—

अर्थ—आदाने कहिये-ग्रहण विषैं, निक्षेप कहिये स्थापन विषैं, द्रव्य कहिये कवली (शास्त्र रखने की चौकी), कमंडलू

च । कवलिका कुण्डिकादि द्रव्यं, यत्र तद्व्यवस्थितं तत्स्थानं । संयमलब्ध्या स भिक्षुर्यतिः । श्रामण्ययोग्यवस्तुनो ग्रहणकाले निक्षेपकाले वा चक्षुषा द्रव्यं द्रव्यस्थानं च प्रतिलेख्य पिच्छिकया सम्मार्जयेदिति ॥ १२२ ॥

येन प्रकारेणादाननिक्षेपसमितिः शुद्धा भवति तमाह—

सहसाणाभोइयदुप्पमज्जिद अप्पच्चुवेक्खणा दोसा ।
परिहरमाणस्स हवे समिदी आदाणणिक्खेवा ॥ १२३ ॥

सहसा शीघ्रं ध्यापारान्तरं प्रत्युद्गतमनसा निक्षेपमादानं वा । अनाभोगितमनालोकनं स्वस्थचित्तवृत्त्याग्रहणमादानं वा अनालोक्य द्रव्यं द्रव्यस्थानं यत्क्रियते तदानाभोगितं । दुष्टप्रमार्जितं दुष्प्रमार्जितं पिच्छिकयावष्टभ्य प्रतिलेखनं । अप्रत्युपेक्षणं किंचित् संस्थाप्य पुनः कालान्तरेणालोकनं । एतान् दोषान् परिहरतो भवेदादाननिक्षेपसमितिरिति । किमुक्तं भवति, स्वस्थवृत्त्या द्रव्यं द्रव्यस्थानं च चक्षुषावलोक्य मृदुप्रतिलेखनेन सम्मार्ज्यादानं ग्रहणं वा कर्तव्यं । स्थापितस्य पुस्तकादेः पुनः कतिपयदिवसैरालोकनं कर्तव्यमिति ॥ १२३ ॥

उच्चारप्रस्रवणसमितिस्वरूपनिरूपणायाह—

वणदाहकिसिमसिकदे थंडिल्लेणुप्परोध वित्थिण्णे ।
अवगदजंतु विवित्ते उच्चारादी विसज्जेज्जो[1] ॥ १२४ ॥

वनदाहो दावानलः । कृषिः शीरेणाऽनेकवारभूमेर्विदारणं । मषी श्मशानांगारानलादिप्रदेशः । कृतशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । वन-

---

आदि मुनिपद योग्य वस्तु तथा सो कवली, कमंडलु आदि वस्तु जहां धरै हैं, तिस स्थान कूं प्रथम नेत्रनिकरि नीकैं देखि, पीछे पिच्छीका करि सम्मार्जन करै, सो संयम की लब्धि कहिए प्राप्ति, ताकरि सो यति है ॥ १२२ ॥

आगैं जा प्रकार करि आदान-निक्षेपणा समिति शुद्ध होय ताहि कहै हैं—

अर्थ—सहसा कहिए शीघ्र, अन्य व्यापारप्रति प्राप्त हुवा जो मन ताकरि उपकरण का उठावना, धरनां । बहुरि अनाभोगित कहिये स्वस्थ चित्तवृत्ति करिकैं, बिना देखैं द्रव्य वा द्रव्यस्थान कूं न देखिकरि ग्रहण करनां । बहुरि दुःप्रमार्जित कहिये पिच्छिका करि अनादरतैं अवलोकन करनां । बहुरि अप्रत्युपेक्षण कहिये किंचित् उपकरणस्थापि करि, कालांतर कहिये बहुत काल विषै, देखनां सो यहु दोष जे हैं तिनहि परिहार करता जो मुनि, ताकैं आदान-निक्षेप समिति कहिये ।

भावार्थ—स्वस्थवृत्ति करिकै द्रव्य, द्रव्यस्थानकूं नेत्रनिकरि अवलोकनकरि, कोमल पिच्छिकातैं संमार्जनकरि ग्रहण करनां, स्थापे हुवे पुस्तकादिकनिका कितनैक दिननि विषैं सम्हारि लेनां ॥ १२३ ॥

आगैं उच्चारप्रश्रवण समिति का स्वरूप निरूपण कै अर्थि कहै हैं—

अर्थ—वनदाहकतैं कहिये-दावानलकरि दगधरूप हुवा प्रदेश, बहुरि कृषिकृत कहिए हलकरि अनेक वार जाकी भूमि का विदारण कीया—अैसा प्रदेश, बहुरि मषीकृत कहिए—मंसाण भूमि के अंगार-अग्नि सहित प्रदेश। इहां कृत शब्द तीन्यूं

[1] अ, विसज्जे ।

दाहीकृते, कृषीकृते, मषीकृते, स्थंडिलीकृते, ऊषरीकृते । अनुपरोधे लोकोपरोधवर्जिते । विस्तीर्णे विशाले । अपगता अविद्यमाना जन्तवो द्वीन्द्रियादयो यत्र सोऽपगतजन्तुस्तस्मिन्नपगतजन्तौ । विविक्तेऽशुच्याद्यपस्कररहिते जनरहिते वा उच्चारादीन् विसर्जयेत् परित्यज्येत्। अचित्तभूमिदेश इत्यनेन सह सम्बन्धः कर्तव्य इति ।। १२४ ।।

अथ के ते उच्चारादय इत्याशंकायामाह—

उच्चारं पस्सवणं खेलं सिंघाणयादियं[1] दव्वं ।
अच्चित्तभूमिदेसे पडिलेहित्ता विसज्जेज्जो ।। १२५ ।।

उच्चारं अशुचिः । प्रस्रवणं मूत्रं । खेलं श्लेष्प्राणं । सिंघाणकं नासिकापस्करं । आदिशब्देन केशोत्पाटबालान् मदप्रमादवातपित्तादिदोषान् सप्तमधातुं छर्यादिकं च पूर्वोक्तविशेषणविशिष्ट अचित्तभूमिदेशे हरिततृणादिरहिते प्रतिलेखयित्वा सुष्ठु निरूप्य विसर्जयेत् । पूर्वं सामान्यव्याख्यातं[2]मिदं तु सप्रपंचमिति कृत्वा न पौनरुक्तचमिति ।। १२५ ।।

अथ रात्रौ कथमिति चेदित्यत आह—

रादो दु पमज्जित्ता पण्णसमणपेक्खिदम्मि ओगासे[3] ।
आसंकविसुद्धीए[4] अवहत्थ-फासणं कुज्जा ।। १२६ ।।

रात्रौ तु प्रज्ञाश्रमणेन वैयावृत्यादिकुशलेन साधुना विनयपरेण सर्वसंघप्रतिपालकेन वैराग्यपरेण जितेन्द्रियेण प्रेक्षिते सुष्ठुदृष्टेऽवकाशैक-

---

जायगां (जगह) संबंध रूप करियै है। बहुरि स्थंडिल कहिए—खार सहित भूमि (रेतोला स्थान)। बहुरि अनुपरोध कहिए लोक के उपरोध जो रोकनां ताकरि वर्जित, बहुरि विस्तीर्ण कहिये—विशाल। बहुरि अपगतजंतु कहिए—नांही विद्यमान है द्विंद्रियादि त्रस जीव जहां, बहुरि विविक्त कहिए अशुच्यादिक (अपवित्र विष्ठा आदि) जोड़ाकरि रहित अथवा जनरहित—ऐसा जो अचित्तभूमिप्रदेश ता विषैं उच्चारादिक का निक्षेपण करै ।। १२४ ।।

आगैं उच्चारादिक तैं कहा-कहा (क्या-क्या लेना) ? ऐसी आशंका होत संतैं कहै हैं—

अर्थ—उच्चारि कहिए अशुचिमल, प्रश्रवण कहिए मूत्र, खेल कहिए श्लेष्म-कफ, सिंहानिक कहिए नासिका का मल, आदि शब्दकरि केशनि के उखड़े बाल, मद, प्रमाद, वात-पित्तादिक के दोषतैं सप्तम धातु कहिए वीर्य, छर्दि आदिक, ताहि पूर्वोक्त विशेषणनि करि विशिष्ट जो अचित्त-भूमिप्रदेश, हरित तृणादिक करि रहित, ता विषै भलै प्रकार देखि निक्षेपण करै ।। १२५ ।।

पूर्वं तो सामान्य वर्णन कीया, यहु सविस्तार वर्णन कीया है। या हेतु करि पुनरुक्तता दोष नांही है।

आगैं रात्रि विषैं मलमूत्रादि कैसे करैं ? ऐसा प्रश्न करतैं संतै कहै हैं—

अर्थ—बहुरि रात्रि विषैं प्रज्ञाश्रमण कहिए—वैयावृत्यादि विषैं प्रवीण, बहुरि विनय विषैं तत्पर, बहुरि सर्वसंघ का

---

१. अ. ब-जं २. क °ख्यान° । ३. क उवगासे । ४. अ, ब विसोधीए ।

प्रदेशे पुनरपि सचक्षुषा प्रतिलेखनेन प्रमार्ज्ययित्वोच्चारादीन् विसृजेत् । अथ यदि तत्र सूक्ष्मजीवाद्याशंका भवत्तत आशंकाविशुद्धयर्थं अपहस्तकस्पर्शनं कुर्यात्—विपरीतकरतलेन मृदुना स्पर्शनं कर्तव्यमिति ॥ १२६ ॥

तेन प्रज्ञाश्रमणेन सति सवितरि चक्षुर्विषये च सति त्रीणि स्थानानि द्रष्टव्यानि भवन्ति किमर्थमित्याह—

जदि तं हवे असुद्धं बिदियं तदियं अणुण्णए[1] साहू ।
लहुए अणिच्छयारे ण देज्ज साधम्मिए गुरुए ॥ १२७ ॥

यदि तत्प्रथमस्थानं प्रेक्षितमशुद्धं भवेद् द्वितीयं स्थानमनुजानात्यमनुमन्येत । तदपि यद्यशुद्धं तृतीयं स्थानमनुजानाति जानीत (ते) गच्छेद्वा साधुः संयतः । अथ कदाचित्तस्य साधोर्व्याधितस्यान्यस्य वा लघुशीघ्रमशुद्धेऽपि प्रदेशे मलच्युतिरनिच्छया विनाभिप्रायेण भवेत् ततस्तस्मिन् सधर्मिणि धार्मिके साधौ [2]अए अयः प्रायश्चित्तं तद्गुरु न दातव्यं । अयः पुण्यं, अयनिमित्तत्वात् प्रायश्चित्तमप्ययमित्युच्यते । यत्नपरस्य न बहु प्रायश्चित्तं भवति यतः । अथवा **लहुए**—लघु शीघ्रं । **अणिच्छयारे** अनिच्छया कुर्वति मलच्युतिं सधर्मिणि महत्प्रायश्चित्तं न दातव्यं । यद्यपि प्रायश्चित्तं नात्रोपात्तं तथापि सामर्थ्याल्लभ्यतेऽन्यस्याश्रुतत्वात् । अथवा लघुकेन कुशलेनेच्छाकारेणानुकूलेन प्रज्ञाश्रमणेन यदि प्रथमस्थानं शुद्धं द्वितीयं तृतीयं स्थानं वानुज्ञाप्य सम्बोध्य सधर्मिणि साधौ गुरौ वा प्रासुकं स्थानं दातव्यमिति ॥ १२७ ॥

अनेन क्रमेण किंकृतं भवतीति चेदत आह—

पदिठवणासमिदीवि य तेणेव कमेण वण्णिदा होदि ।
वोसरणिज्जं दव्वं तु थंडिले वोसरंतस्स ॥ १२८ ॥

पालनां करनै वारा, बहुरि वैराग्य विषैं तत्पर, जीती हैं इंद्रिय जानै-अैसा जो मुनि, तानै भलै प्रकार देख्या अवकाश रूप जो प्रदेश ता विषै, फेरि हूँ अपनैं नेत्रनि करि देखि अथवा पीच्छिका करि प्रमार्ज्जन करि मलमूत्रादि जे है तिन्हें क्षेपण करैं । बहुरि जो तहां सूक्ष्म जीवादिक की आशंका होय तो तहां आशंका की विशुद्धता कै अर्थि कोमल औंधा, हस्ततल करि स्पर्शन करै ॥ १२६ ॥

बहुरि ता प्रज्ञाश्रमण ने सूर्यकौं विद्यमान नेत्रगोचर होतैं तीनस्थान देखें । काहे कै अर्थि ? सो कहै हैं—

जो वह प्रथम स्थान देख्या सो अशुद्ध होय तो द्वितीय स्थान कूं प्राप्त होय । बहुरि कदाचित् द्वितीय स्थान हू अशुद्ध होय तो तीसरे स्थान कूं प्राप्त होय । कदाचि वह साधु रोगकरि पीडित तथा विना रोग भी जो शीघ्रताकरि अशुद्ध प्रदेश विषैं भी बिना अभिप्राय मल छूटै तो तिस धर्म-साधु विषैं अयः कहिए प्रायश्चित्त गुरु कहिए बड़ा (बड़ा प्रायश्चित्त) नांही देना ।

इहां अयः अैसा पुण्य का नाम है । पुण्य कैं निमित्तपनैं तैं प्रायश्चित हु अय कहिए । जातैं यत्नाचार विषैं तत्पर होय ताकैं दोष लागते संतै हू प्रायश्चित बहुत नांही कह्या है । अथवा अन्य अर्थ कहै है—जो लघुक कहियै कुशल, इच्छाकार कहिए अनुकूल प्रज्ञाश्रमण, ताकरि प्रथम स्थान जो शुद्ध नांही होय तो द्वितीय स्थान तथा तृतोय स्थान जणाय करि (बतलाकर) सधर्मी साधु तथा गुरु कै निमित्त प्राशुक स्थान बताय देनां ।

१. अ, ब अणुण्णवे ।   २. द अय एव अयः ।

तेनैवोक्तक्रमेण प्रतिष्ठापनासमितिरपि वर्णिता व्याख्याता भवति। तेनोक्तक्रमेण व्युत्सर्जनीयं त्यजनीयं। स्थंडिले व्यावर्णितस्वरूपे व्युत्सृजतः परित्यजतः प्रतिष्ठापनाशुद्धिः स्यादिति ॥ १२८ ॥

एताभिः समितिभिः सह विहरन् किंविशिष्टः स्यादित्याह—

एदाहिं सया जुत्तो समिदीहिं महिं विहरमाणो[1] दु।
हिंसादीहिं ण लिप्पइ जीवणिकाआउले साहू ॥ १२९ ॥

एताभिः समितिभिः **सया**—सदा सर्वकालं युक्तो मह्यां सर्वत्र विहरमाणः साधुर्हिंसादिभिर्न लिप्यते जीवनिकायाकुले लोके इति ॥ १२९ ॥

ननु जीवसमूहमध्ये कथं साधुर्हिंसादिभिर्न लिप्यते ? चेदित्थं न लिप्यते इति दृष्टान्तमाह—

पउमिणिपत्तं व जहा उदएण ण लिप्पदि सिणेहगुणजुत्तं।
तह समिदीहिं ण लिप्पदि साहू काएसु इरियंतो ॥ १३० ॥

पद्मिनीपत्रं जले वृद्धिगतमपि यथोदकेन न लिप्यते, स्नेहगुणयुक्तं यतः तथा समितिभिः सह विहरन् साधुः पापेन न लिप्यते कायेषु जीवेषु तेषां वा मध्ये विहरन्नपि यत्नपरो यतः इति ॥ १३० ॥

आगैं (अैसे) या प्रकार क्रमकरि कहा किया ? सो अैसे प्रश्न करते संतै कहै हैं—

अर्थ—ताहि उक्त क्रमकरिकैं प्रतिष्ठापना समिति जो है सो हु वर्णन करी हौत है। बहुरि ताही उक्त क्रमकरि व्युत-सर्ज्जनीय कहिए त्यजनें जोग्य मलमूत्रादिक है ताहि वर्णन किया है स्वरूप जाका, अैसा स्थंडिल (रेतीले आदि) प्रदेश विषैं जो क्षेपण करैं, ताकै प्रतिष्ठापना शुद्धि होय है ॥ १२८ ॥

आगैं इनि समितिन सहित विहार करता जो मुनि सो कैसा होय है ? सो कहै हैं—

अर्थ—इनि समितिनि करि सर्वकाल विषैं युक्त जीवनिके समूह करि भरी सर्वत्र पृथ्वी विषैं विहार करता जो साधु सो हिंसादिकनिकरि लिप्त नांही होय ॥ १२९ ॥

आगैं कोउ पूछै कि जीवनि के समूह मध्य हू साधु हिंसादिकनिकरि कैसैं नांही लिप्त होय ? अैसैं पूछतैं कहै हैं कि जो अैसैं नांही लिप्त होय हैं या प्रकार दृष्टान्त कहै हैं—

अर्थ—जैसैं कमलनिका पत्र जल विषैं वृद्धि कूं प्राप्त भया हैं तोहु स्नेह गुणतैं युक्त हैं, तातैं जलकरि नांही लिप्त होय है। तैसे समिति करि सहित साधु जीव-निकायनि विषैं विहार करता संता हू, जातैं यतनाचार विषैं तत्पर हैं तातैं पापकरि लिप्त ही नांही होय है ॥ १३० ॥

---

१. अ, ब क °णोवि।

पुनरपि दृष्टान्तेन पोषयन्नाह—

सरवासेहिं पडंते हिं जह दिढकवचो ण भिज्जदि सरेहिं ।
तह समिदीहिं ण लिप्पइ[1] साहू काएसु इरियंतो ।। १३१ ।।

शरवर्षैः पतद्भिः संग्रामे यथा दृढकवचो दृढवर्म न भिद्यते शरैस्तीक्ष्णनाराचतोमरादिभिस्तथा षड्जीवनिकायेषु समितिभिर्हेतुभूताभिः साधुः पापेन न लिप्यते पर्यटन्नपीति ।। १३१ ।।

यत्नपरस्य गुणमाह—

जत्थेव चरदि बालो परिहारण्हूवि चरदि तत्थेव ।
वज्झदि पुण सो बालो परिहारण्हू विमुच्चदि[2] सो ।। १३२ ।।

यत्रैव चरति भ्रमत्याचरतीति वा बालोऽज्ञानी जीवादिभेदातत्त्वज्ञः । परिहरमाणोऽपि चरत्यनुष्ठानं करोति भ्रमतीति वा तत्रैव लोके बध्यते कर्मणा लिप्यते पुनरसौ बाल अज्ञानः । परिहरमाणो यत्नपरः पुनः स विमुच्यते कर्मणा यस्मादेवंगुणा समितयः ।। १३२ ।।

तम्हा चेट्ठिदुकामो जइया तइया भवाहि तं समिदो ।
समिदो हु अण्ण णादियदि खवेदि पोराणयं कम्मं ।। १३३ ।।

तस्माच्चेष्टितुकामः पर्यटितुमना यदा तदा यत्र तत्र यथा तथा भव त्वं समितः समितिपरिणतः । हि यस्मात् समितोऽन्यन्नवं कर्म नाददाति न गृह्णाति । पुराणकं सत्कर्म च क्षपयति निर्जरयतीति ।। १३३ ।।

आगैं बहुरि दृष्टांतकरि पोषते संते कहै है ।

अर्थ—जैसे संग्राम विषै वाणनिकी वर्षा करि पड़ते जे तीक्ष्ण नाराच तोमरादिक बाण तिनकरि दृढ़ है वगतर (कवच) जाके ऐसा पुरुष जो है सो भेद कूं प्राप्त नांही होत है, तैसे छहजीवनिकाय विषैं विहार करता हू साधु जो है, सो समिति जे कारण भूत तिनीकरि पापतैं नांही लिपै है ।। १३१ ।।

आगैं यत्नाचार विषैं तत्पर जो मुनि, ताके गुण कहै है—

अर्थ—जहां बाल कहिये अग्यानी जीव, जीवादि तत्त्वनिकूं नांही जाणनैं वारा, जहां चरण कहिए भ्रमण करै हैं, आचरण करै हैं। तहां ही परिहार करनै वारा हूं आचरण करैं हैं, भ्रमण करै हैं। परन्तु बाल अज्ञानी है सो तो लोक विषैं कर्म करि लिप्त होय है। बहुरि जो परिहार करनैं वारा यत्नाचार विषैं तत्पर हैं, सो कर्मनि तैं मुक्त होय है—अैसे गुण इनि समितिनि के हैं।। १३२ ।।

अर्थ—ता कारणतैं जा काल विषैं गमनादिक करनैं की इच्छा होय ता काल विषैं भो मुनि ! तू समिति करि परिणत होहु । जातैं जो मुनि समितिकरि परिणमैं है, सो अन्य नवीन कर्म का ग्रहण नांहीं करैं हैं । बहुरि प्राचीन सत्तारूप कर्म है ताहि

१. अ, ब लिप्पदि । २. क विमुंचदि ।

एवं समितिस्वरूपं व्याख्याय गुप्तीनां सामान्यविशेषभूतं च लक्षणमाह—

मणवचकायपउत्तो भिक्खू सावज्जकज्जसंजुत्ता ।
खिप्पं णिवारयंतो तीहिं दु गुत्तो हवदि एसो ।। १३४ ।।

प्रवृत्तिशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । मनःप्रवृत्तिं वाक्प्रवृत्तिं कायप्रवृत्तिं च । किंविशिष्टां, सावद्यकार्यसंयुक्तां हिंसादिपापविषयां । भिक्षुः साधुः शीघ्रं निवारयंस्त्रिगुप्तो भवत्येषः । गुप्ते सामान्यलक्षणमेतत् ।। १३४ ।।

विशेषलक्षणमाह—

जा रायादिणियत्ती मणस्स जाणाहि तं मणोगुत्ती ।
अलियादिणियत्ती वा मोणं वा होदि वचिगुत्ती ।। १३५ ।।

रागद्वेषादिभ्यो मनसो या निवृत्तिश्चेतसा तेषां परिहारस्तां जानीहि मनोगुप्तिं मनःसंवृत्तिं । अलीकादिभ्यश्चासत्याभिप्रायेभ्यश्च वचसो या निवृत्तिः मौनं ध्यानाध्ययनचिंतनं च यत्तूष्णींभावेनासौ वा वाग्गुप्तिर्भवति ।। १३५ ।।

कायगुप्त्यर्थमाह—

कायकिरियाणियत्ती काउस्सग्गो सरीरगे गुत्ती ।
हिंसादिणियत्ती वा सरीरगुत्तो हवदि एसा ।। १३६ ।।

कायक्रियानिवृत्तिः शरीरचेष्टाया अप्रवृत्तिः शरीरगुप्तिः कायोत्सर्गो वा कायगुप्तिः । हिंसादिभ्यो निवृत्तिर्वा शरीरगुप्तिर्भवत्येषा

खपावै हैं, निर्जरा करै हैं ।। १३३ ।।

अैसे समिति का स्वरूप-व्याख्यान करि गुप्तिनिका सामान्य-विशेषभूत लक्षण जो है ताहि कहै हैं—

अर्थ—प्रवृत्ति शब्द प्रत्येक लगावनां । सावद्यकार्य करि संयुक्त हिंसादि पापनि विषै मन सम्बन्धी प्रवृत्ति, वचन संबंधो-प्रवृत्ति, काय संबंधी प्रवृत्ति कूं शीघ्र ही निवारण कर्ता जो यहु भिक्षु कहिए साधु जो है सो, तीन गुप्ति का धारक होय है । यहु गुप्ति का सामान्य लक्षण है ।। १३४ ।।

आगैं गुप्ति का विशेष लक्षण कहै है—

अर्थ—राग-द्वेषादिक तै जो मनकै निवृत्ति कहिये तिनिको परिहार ताहि 'मनोगुप्ति जानो' । यहु मन का संवर है । बहुरि अलीकादिक कहिए असत्य अभिप्राय तिनिकरि वचन की निवृत्ति, मौन अथवा मौनकरि ध्यान, अध्ययन, चिंतन सो यहु वचनगुप्ति कहिए ।। १३५ ।।

आगैं कायगुप्ति के अर्थि कहै है—

अर्थ—काय संबंधी क्रिया की जो निवृत्ति कहिए शरीर चेष्टा की अप्रवृत्ति, सो शरीर गुप्ति कहिए है । अथवा कायोत्सर्ग

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि गुप्यन्ते रक्ष्यन्ते यकाभिस्ता गुप्तयः। अथवा मिथ्यात्वासंयमकषायेभ्यो गोप्यते रक्ष्यते आत्मा यकाभिस्ता गुप्तय इति ॥ १३६ ॥

दृष्टान्तद्वारेण तासां माहात्म्यमाह—

खेत्तस्स वई णयरस्स खाइया अहव होइ पायारो ।
तह पावस्स णिरोहो ताओ गुत्तीउ साहुस्स[1] ॥ १३७ ॥

यथा क्षेत्रस्य शस्यस्य वृतिः रक्षा नगरस्य वा खातिकाथवा प्राकारो यथा गुप्तिस्तथा पापस्याशुभकर्मणो निरोधः संवृतिस्ता गुप्तयः साधोः संयतस्येति ॥ १३७ ॥

यस्मादेवंगुणा गुप्तयः—

तम्हा तिविहेण तुमं णिच्चं मणवयणकायजोगेहिं ।
होहिसु समाहिदमई णिरंतरं झाण सज्झाए ॥ १३८ ॥

तस्मात्त्रिविधेन कृतकारितानुमतैस्त्वं साधो ! मनोवाक्काययोगैर्भव सुसमाहितमतिः सम्यक्स्थापितबुद्धिः। निरन्तरमभीक्ष्णं ध्याने स्वाध्याये चेति ॥ १३८ ॥

समितिगुप्तिस्वरूपं संक्षेपयन्नाह—

एताओ[2] अट्ठपवयणमादाओ णाणदंसणचरित्तं ।
रक्खंति सदा मुणिणो मादा पुत्तं व पयदाओ ॥ १३९ ॥

सो हु कायगुप्ति कहिए। अथवा हिंसादिक की जो निवृत्ति सो काय गुप्ति कहिए है। तिनिकरि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-चारित्र गोपिए, रक्षा करिए ते गुप्ति कहिए। अथवा जिनिकरि मिथ्यात्व, असंयम, कषायनितैं आत्मा गोपिए, रक्षा करिए तैं गुप्ति कहियै ॥ १३६ ॥

आगैं दृष्टांतद्वारकरि तिनि गुप्तिनि का या माहात्म्य कहै है—

अर्थ—जैसे धान्य के खेत की रक्षा वाडि तैं होय है तथा नगर की रक्षा खाई तथा कोटतैं होय है, तैंसें पाप कहिए अशुभ कर्म, ताका निरोध कहिए संवर, साधु कहिए संयमी कैं, ते गुप्ति हैं ॥ १३७ ॥

जातैं अैसे गुण गुप्तिनि के हैं, तातैं आगै कहैं हैं—

अर्थ—ता कारणतैं हे साधु ! त्रिविधेन कहियै कृत-कारित अनुमोदना करि, मन-वचन-कायनिके जोगनि करि सदा काल निरंतर ध्यान, स्वाध्याय विषै भलै प्रकार स्थापन करि है बुद्धि जानैं, अैसा होहु ॥ १३८ ॥

---

१. अ, ब साधुस्स । २. अ, ब एदाओ ।

एता अष्टप्रवचनमातृकाः पंचसमितयस्त्रिगुप्तयः प्रवचनमातरो मुनेर्ज्ञानदर्शनचारित्राणि रक्षन्ति पालयन्ति । कथं ? यथा माता जननी पुत्रं पालयति तथैषाः पालयति तथैषाः पालयन्तीति सम्बन्ध अत्रोकारस्य ह्रस्वत्वं प्राकृतबलाद् द्रष्टव्यं ॥ १३९ ॥

अष्टप्रवचनमातृकाः प्रतिपाद्य भावनास्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

एसणणिक्खेवादाणिरियासमिदी तहा मणोगुत्ती ।
आलोयभोयणंपि य अहिंसाए भावणा पंच ॥ १४० ॥

अशनसमितिर्निक्षेपादानसमितिरीर्यासमितिस्तथा मनोगुप्तिरालोक्यभोजनमपि चाहिंसाव्रतस्यैता भावनाः पंच । एता भावयन् जीवदयां प्रतिपालयति । प्रथममहाव्रतं परिपूर्णं तिष्ठति । तस्य साधनत्वेन पंचभावना जानीहीति ॥ १४० ॥

द्वितीयस्य निरूपयन्नाह—

कोहभयलोहहासपइण्णा अणुवीचिभासणं चेव ।
बिदियस्स भावणाओ वदस्स पंचेव ता होंति ॥ १४१ ॥

क्रोधभयलोभहास्यानां प्रतिज्ञा प्रत्याख्यानं । क्रोधस्य प्रत्याख्यानं भयस्य प्रत्याख्यानं लोभस्य प्रत्याख्यानं हास्यस्य प्रत्याख्यानं । अनुवीचिभाषणं चैव सूत्रानुसारेण भाषणं च द्वितीयस्य सत्यव्रतस्य भानना: पंचैव भवन्ति । पंचैता भावना भावयतः सत्यव्रतं सम्पूर्णं स्यादिति ॥ १४१ ॥

आगैं समिति-गुप्ति का स्वरूप कौं संक्षेप रूप करता संता कहै है—

अर्थ—यह पंचसमिति, तीन गुप्ति—अैसे आठ प्रवचनमातृका हैं, तै मुनि के ज्ञान-दर्शन-चारित्र जो हैं, ताहि सदा रक्षा करै हैं, पालना करै है । जैसे प्रयता कहिए सावधान माता पुत्र को रक्षा करैं, तैसें ये यत्नाचार करि पाली हुई मुनि के रत्नत्रय की रक्षा करै है । एय 'ओ' इहां ओकार का ह्रस्व उच्चार प्राकृत के बलतैं जाननां ॥ १३९ ॥

आगैं अष्ट-प्रवचनमातृका को स्वरूप वर्णन करि, भावना का स्वरूप को प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—हिंसा विरति नामा महाव्रत की यहु पंचभावना हैं—एषणासमिति, निक्षेपादान समिति, ईर्या समिति तथा मनोगुप्ति, बहुरि आलोक्यभोजन—या प्रकार जाननां । इनि पंचभावनानिकौं भावता संता साधु जो है सो जीव दया पालै है ताकै प्रथम महाव्रत परिपूर्ण ठहरै है ताका साधनपणां करि पंचभावना जाननां ॥ १४० ॥

आगैं द्वितीयव्रत की भावना निरूपण करता संता कहै है—

अर्थ—क्रोध की प्रतिज्ञा कहिए त्याग, भय का त्याग, लोभ का त्याग, हास्य का त्याग, बहुरि अनुवीचि भाषण कहिए—सूत्रानुसार वचन बोलना—अैसे पंचभावना दूसरैं सत्य महाव्रत की है । इनि पंचभावनानि कौं भावता मुनि कै सत्यव्रत संपूर्ण होय है ॥ १४१ ॥

तृतीयव्रतस्य भावनास्वरूपं विवृण्वन्नाह—

जायणसमणुण्णमणा अणण्णभावोवि चत्तपडिसेवी ।
साधम्मिओवकरणस्सणुवीचीसेवणं चावि ।। १४२ ।।

याञ्चा प्रार्थना समनुज्ञापना यस्य सम्बन्धि किंचिद्वस्तु तमनुमन्य ग्रहणं गृहीतस्य वा सम्बोधनं । अनन्यभावोऽदुष्टभावोऽनात्मभावः परवस्तुनः परिगृहीतस्यात्मभावो न कर्तव्यः । त्यक्तं श्रामण्ययोग्यं, अन्ये चार्थिनो न तस्य, सावद्यरहितं च व्यक्तमित्युच्यते । अथवा वियत्त आचार्य इत्युच्यते । प्रतिसेवयतीति प्रतिसेवी । स प्रत्येकमभिसम्बध्यते । यांचया प्रतिसेवी समनुज्ञापनया प्रतिसेवी अनात्मभावप्रतिसेवी, निरवद्यस्य श्रामण्येयोग्यस्य त्यक्तस्याचार्यस्य वा प्रतिसेवी । समानो धर्मोऽनुष्ठानं यस्य सधर्मा तस्य यदुपकरणं पुस्तकपिच्छिकादि तस्यानुवीच्यागमानुसारेण सेवनं सधर्मोपकरणस्य सूत्रानुकूलतया सेवनं चापि । एताः पंच भावनास्तृतीयव्रतस्य भवन्तीति । एताभिरस्तेयाख्यं व्रतं सम्पूर्णं भवतीति ।।१४२।।

चतुर्थव्रतस्य भावनास्वरूपं विकल्पयन्नाह—

महिलालोयण पुव्वरदिसरणसंसत्तवसधिविकहाहिं ।
पणिदरसेहिं य विरदी य भावणा पंच बह्मह्मि ।। १४३ ।।

महिलानां योषितामवलोकनं दुष्टपरिणामेन निरीक्षणं महिलालोकनं । पूर्वस्य [स्या] रतेः गृहस्थावस्थायां चेष्टितस्य स्मरणं चिन्तनं पूर्वरतिस्मरणं । संसक्तवसतिः सद्रव्या सरागा वा । विकथा दुष्टकथाः । **पणिदरस**—प्रणीतरसा इष्टहार[1]समदकराः । विरतिशब्दा प्रत्येकमभि-

---

आगैं तीसरै व्रत की भावना कौ वर्णन करता संता कहै हैं—

अर्थ—तृतीय महाव्रत की पंचभावना यहु जाननी—याञ्चा कहिए आचार्यादिकतैं प्रार्थनाकरि पुस्तकादि धर्मोपकरण का अंगीकार करै । समनुज्ञापना कहिए जाके पुस्तकादि यत्किंचित् ज्ञानोपकरणादिक है, ताहि जनायकरि ग्रहण करना अथवा ग्रहण कीया होय सो जनाय देनां । बहुरि अनन्य भाव कहिए दुष्ट भाव न करनां, परका धर्मोपकरण आदि वस्तु ग्रहण किया ताविषैं आत्मबुद्धि न करनां । बहुरि त्यक्तप्रतिसेवी कहिए मुनिपद योग्य जाके अन्यजन अर्थी नांही–ऐसा निर्दोष धर्मोपकरण ग्रहण करै । अथवा वियत्त कहिए आचार्य तिनिकी प्रतिसेवनां करने वाला । यहु प्रतिसेवी शब्द प्रत्येक च्यारों भावनानि विषैं लगानां । बहुरि समान है धर्म कहिए अनुष्ठान जाका ऐसा जो सधर्मा ताके उपकरण जे पुस्तक, पिच्छिकादिक ताहि आगम के अनुसार करि सेवने । ऐसे यहु पंचभावना तृतीय महाव्रत की कही । इनिकरि अस्तेय महाव्रत संपूर्ण होय है ॥ १४२ ॥

आगै चतुर्थ महाव्रत की भावना का स्वरूप वर्णन करता संता कहै है—

अर्थ—महिलालोकन कहिए दुष्ट परिणामकरि स्त्रीनिका अवलोकन करनां । बहुरि पूर्वरतिस्मरण कहिए जो पूर्वे गृहस्थावस्था मैं चेष्टा करि ताका चिंतवन करना । बहुरि संसक्तवसतिः कहिए द्रव्य सहित तथा राग सहित जो वसतिका होय ।

---

१. क °रामद° ।

सम्बध्यते। महिलालोकनाद्विरतिः पूर्वरतिस्मरणाद्विरतिः संसक्तवसतेर्विरति। विकथाभ्यः स्त्रीचौरराज्यभक्तकथाभ्यो विरतिः समीहितरसेभ्योः विरतिः। एताः पंच भावनाः चतुर्थस्य ब्रह्मव्रतस्य भावना भवन्ति। एताभिश्चतुर्थमहाव्रतं सम्पूर्णं तिष्ठतीति ॥ १४३ ॥

पंचमव्रतभावनां विकल्पयन्नाह—

अपरिग्गहस्स मुणिणो सद्दप्फरिसरसरूवगंधेसु ।
रागद्दोसादीणं परिहारो भावणा पंच ॥ १४४ ॥

अपरिग्रहस्य मुनेः शब्दस्पर्शरसरूपगन्धेषु रागद्वेषादीनां परिहारः भावना पंच भवन्ति। शब्दादिविषये रागद्वेषादीनामकरणानि यानि तैः सम्पूर्णं पंचमं महाव्रतं स्यादिति ॥ १४४ ॥

किमर्थमेता भावना भावयितव्या यस्मात्—

ण करेदि भावणाभाविदो हु पीलं व दाण सव्वेंसि ।
साधू पासुत्ता स मणागवि किं दाणि वेदंतो ॥ १४५ ॥

हु यस्मात् पंचविंशतिभावनाभावितः साधु; प्रसुप्तोऽपि निद्रांगतोऽपि मूर्छांगतोऽपि सर्वेषां व्रतानां मनागपि पीडां विराधनां न करोति किं पुनश्चेतयमानः। स्वप्नेऽपि ता एव भावनाः पश्यति, न व्रतविराधनाः पश्यतीति ॥ १४५ ॥

बहुरि विकथा कहिए दुष्ट, संयमविरुद्ध कथा। बहुरि प्राणीतरस कहिए-दुष्टरूप आहार, मदादिक करनेंहारा। इहां विरति शब्द का प्रत्येक अभिसंबंध करनां—तहां महिलालोकन-विरति, पूर्वरतिस्मरणविरति, संसक्तवसति विरति, स्त्री, चौर, राज, भक्त-कथा—इन रूप जे विकथा तिनितैं विरति, इष्ट-रसनितैं विरति—ऐसे यहु पंचभावना ब्रह्मचर्य व्रत की होय है। इनिकरि व्रत संपूर्ण होय है ॥ १४३ ॥

आगैं पंचमहाव्रत की भावना के भेद कहता संता कहै है—

अर्थ—परिग्रहतैं रहित जो मुनि ताकै शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गंध इनि विषयनि विषै रागद्वेष का परिहार करनां सो पंच भावना होय है। जे रागद्वेषादिकनिके न करनां तिनिकरि कै यहु पंचमहाव्रत परिपूर्ण होय ॥ १४४ ॥

आगैं काहे कै अर्थि यहु भावना भाइये है?—

अर्थ—जातै पंचविंशति भावनानि कों भावता मुनि जो है सो सूत्ताहू (सोता हुआ भी) किंचित् मात्र हू व्रतनिकी पीडा कहिए विराधना जो है ताहि नांही करत है। बहुरि जागृत अवस्था का कहा (क्या) कहनां? स्वप्न कै विषैं भी तिनि भावनानि कूं ही देखै है, व्रतनि की विराधना कूं नांही देखैं हैं ॥ १४५ ॥

---

१. क समुहदो च किं।

एदाहि भावणाहिं दु तम्हा भावेहि अप्पमत्तो त्तं ।
अच्छिद्दाणि अखंडाणि ते भविस्संति हु वदाणि ।। १४६ ।।

तस्मादेताभिर्भावनाभिः भावयात्मानमप्रमत्तः स त्वं । ततोऽच्छिद्राण्यखण्डानि सम्पूर्णानि भविष्यन्ति हि स्फुटं ते तव व्रतनीति ।।१४६।।

चारित्राचारमुपसंहरस्तप-आचारं च सूचयन्नाह—

एसो चरणाचारो पंचविधो वण्णिदो समासेण ।
एत्तो य तवाचारं समासदो वण्णयिस्सामि ।। १४७ ।।

एष चरणाचारः पंचविधोऽष्टविधश्च वर्णितो मया समासेन इत ऊर्ध्वं तप आचारं समासतो वर्णयिष्यामीति ।। १४७ ।।

दुविहा य तवाचारो बाहिर अब्भंतरो मुणेयव्वो ।
एक्कक्को विय छद्धा जधाकमं तं परूवेमो[1] ।। १४८ ।।

द्विप्रकारस्तप आचारस्तपोऽनुष्ठानं । बाह्यो बाह्यजनप्रकटः । अभ्यन्तरोऽभ्यन्तरजनप्रकटः । एकैकोऽपि च बाह्याभ्यन्तरश्चैकैकः षोढा षड्प्रकारः यथाक्रमं क्रममनुल्लंध्य प्ररूपयामि कथयिष्यामीति ।। १४८ ।।

बाह्यं षड्भेदं नामोद्देशेन निरूपयन्नाह—

अणसण अवमोदरियं रसपरिचाओ य वुत्तिपरिसंखा ।
कायस्स व परितावो विवित्तसयणासणं छट्ठं ।। १४९ ।।

अर्थ—ता कारणतैं इनि भावनानि करि प्रमाद रहित हुवा संता तू आत्मा है, ताहि भावहु । जातैं स्फुट कहिए प्रगटपनैं, छिद्र रहित, अखंड, सम्पूर्ण व्रत तेरे होंहिगें ।। १४६ ।।

आगै चारित्राचार का उपसंहार करता संता तप-आचार की सूचना करता संता कहै है—

अर्थ—यहु चरित्राचार पंच प्रकार बहुरि अष्ट प्रकार संक्षेप करि वर्णन किया । यातैं उपरि तप आचार है, ताहि संक्षेप तैं वर्णन करौंगा ।। १४७ ।। अैसे आचार्य नैं प्रतिज्ञा करि है—

अर्थ—तप आचार दोय प्रकार है १. बाह्य—लौकिक जननि कैं प्रगट है सो बाह्य तप आचार है । बहुरि २. आभ्यंतर जन कहिये ज्ञानी जननि कैं प्रगट सो आभ्न्तर तप आचार है । यहु एक-एक छह-छह प्रकार है । ताहि यथाक्रमकरि प्रगट करूंगा ।। १४८ ।।

आगै प्रथम बाह्य तप छह प्रकार, ताहि नाम, उद्देश्यकरि निरूपण करता संता कहै है—

१. अ, ब परुवेमि ।

अनशनं चतुर्विधाहारपरित्यागः । अवमौदर्यमतृप्तिभोजनं । रसानां परित्यागो रसपरित्यागः स्वाभिलषितस्निग्धमधुराम्लकटुकादि-रसपरिहारः । वृत्तेः परिसंख्या वृत्तिपरिसंख्या गृहदायकभाजनौदनकालादीनां परिसंख्यानपूर्वको ग्रहः । कायस्य शरीरस्य परितापः कर्मक्षयाय बुद्धिपूर्वकं शोषणं आतापनाभ्रावकाशवृक्षमूलादिभिः । विविक्तशयनासनं स्त्रीपशुषण्ढकविवर्जितं स्थानसेवनं षष्ठमिति ॥ १४९ ॥

अनशनस्य भेदं स्वरूपं च प्रतिपादयन्नाह—

इत्तिरियं जावजीवं [1]दुविहं पुण अणसण मुणेयव्वं ।
इत्तिरियं साकंखं णिरावकंखं हवे बिदियं ॥ १५० ॥

अनशनं पुनरित्तिरिययावज्जीवभेदाभ्यां द्विविधं ज्ञातव्यं इत्तिरियं साकांक्षं कालदिभिः सापेक्षं एतावन्तं कालमहमशनादिकं नानुतिष्ठामीति । निराकांक्षं भवेद् द्वितीयं यावज्जीवं आमरणान्तादपि न सेवनम् ॥ १५० ॥

साकांक्षानशनस्य स्वरूपं निरूपयन्नाह—

छट्ठट्ठमदसमदुवादसेंहि मासद्धमासखमणाणि ।
कणगेगावलिआदी तवोविहाणाणि णाहारे[2] ॥ १५१ ॥

अहोरात्रस्य मध्ये द्वे भक्तवेले तत्रैकस्यां भक्तवेलायां भोजनमेकस्याः परित्याग एकभक्तः । चतसृणां भक्तवेलानां परित्यागे चतुर्थः ।

अर्थ—१- अनशन कहिये च्यारि प्रकार-आहार का त्याग । २- अवमौदर्य कहिये तृप्ति रहित भोजन करनां । ३-रसपरित्याग कहिए रसनिका परित्याग । आपकै अभिलास जो वांछित विनां मीठा, खट्टा, कड़वा इत्यादिक रसनि का परिहार करनां । बहुरि ४- वृत्तिपरिसंख्यान कहिए वृत्ति को परिसंख्या, गृह दानदैनें-वारा भाजन, औदनकाल इत्यादिक की परिसंख्या करि भोजन का ग्रहण करनां । बहुरि ५- काय को परिताप (क्लेश) कहिए कर्म के क्षय कै अर्थि बुद्धिपूर्वक आतापन, अभ्रावकाश, वृक्षमूल इत्यादिक योगनिकरि शोषण करनां । बहुरि ६-विविक्त शयनासन कहिये स्त्री, पशु, नपुंसक—इनिकरि रहित एकांत स्थान विषैं सोवनां-बैठनां, सोयहु छट्ठा बाह्य तप है । अैसे छह बाह्य तपनि के नाम मात्र कहे । ॥ १४९ ॥

आगैं अनशन नामा प्रथम बाह्य तप ताके भेद स्वरूप कौं प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—बहुरि अनशन नामा बाह्य तप जो है सो इत्तिरिय, यावज्जीव भेदकरि दोय प्रकार जाननां । तहां इत्तिरिय अनशन है सो साकांक्ष कहिए कालादिक की अपेक्षा सहित है कि जो एता काल पर्यन्त मैं अशनादिक ग्रहण नांही करौंगा । बहुरि दूसरा यावज्जीव नामा अनशन है सो या विषैं मरण का अंतपर्यंन्त अनशनादि ग्रहण करनैं की आकांक्षा नांही ॥ १५० ॥

आगैं साकांक्ष अनशन का स्वरूप कौ निरूपण करता संता कहै है—

अर्थ—एक दिवस विषैं दोय भोजन वेला हैं । तहां एक वेला विषैं भोजन करनां, एक का परित्याग करनां सो एकभक्त

---

१. अ, जावज्जीवं । २. क णाहारो ।

षण्णां भक्तवेलानां परित्यागे षष्ठो द्विदिनपरित्यागः । अष्टानां परित्यागेऽष्टमस्त्रस्य उपवासाः । दशानां त्यागे दशमश्चत्वार उपवासाः । द्वादशानां परित्यागे द्वादशः पंचोपवासाः । मासार्धं पंचदशोपवासाः पंचदशदिनान्याहारपरित्यागः । मास—मासोपवासस्त्रिंशदहोरात्रमात्रा अशनत्यागः । क्षमणान्युपवासाः । आवलीशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । कनकावली चैकावली च कनकावल्येकावल्यौ तौ विधो आदिर्येषां तपोविधानानां कनकैकावल्यादीनि । आदिशब्देन मुरजमध्य-विमानपंक्ति-सिंहनिष्क्रीडितादीनां ग्रहणं । कनकावल्यादीनां प्रपंचः टोका[1]राधानायां द्रष्टव्यो त्रिस्तरभयान्नेह प्रतन्यते । अनाहारोऽनशनं षष्ठाष्टमदशमद्वादशैर्मासार्धमासादिभिश्च यानि क्षमणानि कनकैकावल्यादीनि च यानि तपोविधानानि तानि सर्वाण्यनाहारो यावदुत्कृष्टेन षण्मासास्तत्सर्वं साकाक्षमनशनमिति ॥ १५१ ॥

निराकांक्षस्यानशनस्य स्वरूपं निरूपयन्नाह—

भत्तपइण्णा इंगिणि पाउवगमणाणि जाणि मरणाणि ।
अण्णेवि एवमादी बोधव्वा णिरकंखाणि ॥ १५२ ॥

भक्तप्रत्याख्यानं द्वयाद्यष्टचत्वारिंशन्निर्यापकैः परिचर्यमाणस्यात्मपरोपकारसव्यपेक्षस्य यावज्जीवमाहारत्यागः । इङ्गणीमरणं नामात्मो-

---

कहिए । बहु दिवस विषैं दोय भोजन वेला हैं । तहां एक वेला विषैं भोजन करनां, एक का परित्याग करना सो एकभक्त कहिये । बहुरि च्यारि भोजन वेला का त्याग करैं सो चतुर्थ कहिये । यहु एक उपवास का नाम है । तहां धारणा के दिन दोपहरां पहली धारणां करैं, बहुरि दूसरी भोजन वेला का त्याग करैं । पीछै उपवास कैं दिन दोय भोजन वेला का त्याग करैं । बहुरि पारणां के दिन दोपहरां पीछै द्वितीय भोजन वेला विषैं भोजन करै—सो चतुर्थ जाननां ।

बहुरि छह भोजन वेला का त्याग करनां सो षष्ठ कहिए, यहु दोय उपवास का नाम है । अैसे आठ भोजन-वेला का त्याग करनां सो अष्टम कहिये । यहु तेला का नाम है । बहुरि दस भोजन बेला का त्याग करना सो दशम कहिये । यहु च्यारि उपवास का नाम है । बहुरि द्वादश भोजन वेला का परित्याग कहिये द्वादशम कहिए, यहु पांच उपवास का नाम है । बहुरि मासार्द्धक्षमण कहिए पंदरह अहोरात्र आहार का त्याग सो पंदरह उपवास मासक्षमण कहिये । तीस अहोरात्र आहार का त्याग सो तीस उपवास । बहुरि कनकावली, एकावली आदि शब्दकरि मुरज-मध्य, विमानपंक्ति, सिंहनीःक्रीडित इत्यादि तप के विधाननिका ग्रहण करनां । तिन कनकावली आदिक का विस्तार टीका आराधना ग्रन्थ विषैं देखना । ग्रन्थ का विस्तार के भयतैं इहां नांही कह्या है । यह सर्व अनशन विधान उत्कृष्ट छह महीना के उपवास पर्यन्त होय है । सो यहु सर्व साकांक्ष अनशन है । ॥ १५१ ॥

आगैं निराकांक्ष अनशन का स्वरूप निरूपण कहै है—

अर्थ—१. दोय कौं आदि दे आठ करि अधिक चालीस पर्यंन्त निर्यापक मुनिनि करि परिचर्या जाकी करियो—अैसा मुनिराज आप (स्वयं) करि तथा परकरि उपकार की अपेक्षा सहित ताकै यावज्जीव आहार का परित्याग सो भक्तप्रत्याख्यान

१. संस्कृतहरिवंशपुराणे च द्रष्टयं ।

पकारसव्यपेक्षं परोपकारनिरपेक्षं । प्रायोपगमनमरणं नामात्मपरोपकारनिरपेक्षं । एतानि त्रीणि मरणानि । एवमादीन्यन्यान्यपि प्रत्याख्यानि निराकांक्षाणि यानि तानि सर्वाण्यनिराकांक्षमनशनं बोद्धव्यं ज्ञातव्यमिति ॥ १५२ ॥

अवमौदर्यस्वरूपं निरूपयन्नाह—

बत्तीसा किर कवला पुरिसस्स दु होदि पयदि आहारो ।

एगकवलादिहिं [1]तत्तो ऊणियगहणं उमोदरियं ॥ १५३ ॥

द्वात्रिंशत्कवलाः पुरुषस्य प्रकृत्याहारो भवति । ततो द्वात्रिंशत्कवलेभ्य एकाकवलेनोनं द्वाभ्यां त्रिभिः, इत्येवं यावदेककवलः शेषः एकसिक्थो वा । किलशब्द आगमार्थसूचकः आगमे पठितमिति । एककवलादिभिनित्यस्याहारस्य ग्रहणं यत् सावमौदर्यवृत्तिः । सहस्रतंदुलमात्रः कवल आगमे पठितः द्वात्रिंशत्कवलाः पुरुषस्य स्वाभाविक आहारस्तेभ्यो यन्न्यूनग्रहणं तदवमौदर्यं तप इति ॥१५३॥

किमर्थमवमोदर्यवृत्तिरनुष्ठीयत इति पृष्टे उत्तरमाह—

धम्मावासयजोगे[2] णाणादीए उवग्गहं कुणदि ।

ण य इंदियप्पदोसयरी उम्मोदरितवोवुत्ती ॥१५४॥

धर्मे क्षमादिलक्षणे दशप्रकारे । आवश्यकक्रियासु समतादिषु षट्सु । योगेषु वृक्षमूलादिषु । ज्ञानादिके स्वाध्याये चारित्रे चोपग्रहमुपकारं करोतीत्यवमोदर्यतपोवृत्तिः । न चेन्द्रियप्रद्वेषकरी न चावमोदर्यवृत्त्येन्द्रियाणि प्रद्वेषं गच्छन्ति किन्तु वशे तिष्ठन्तीति । वह्वाशीधर्मं नानु-

---

कहिये। २. बहुरि आपकरि (स्वयंकृत) कीया उपकार की अपेक्षा सहित, परकृत उपकार की अपेक्षा रहित जो यावज्जीवन आहार का परित्याग करनां सो इंगिनीमरण कहिए। ३. बहुरि आपकृत उपकार तथा परकृत उपकार की नांही है अपेक्षा जहां, ऐसा जो यावज्जीव आहार का त्याग सो प्रायोपगमन मरण कहिये। ऐसे तीन प्रकार मरण जाननैं। इनिकौं आदि देकरि अन्य हू जे निराकांक्ष प्रत्याख्यान ते सर्व निराकांक्ष अनशन जाननें ॥ १५२ ॥

आगै अवमौदर्य तप का स्वरूप कूं निरूपण करता संता कहै है—

अर्थ—बत्तीस ग्रास मात्र पुरुष के स्वभावकरि आहार है। तिन बत्तीस ग्रासनितैं एक ग्रास ऊन, दोय ग्रास ऊन, तीन ग्रास ऊन और एक ग्रास अवशेष रहै, तहां पर्यन्त तथा एक सिक्थ कहिए एक चांवल पर्यन्त आहार लेनां। इहां किल शब्द आगम के अर्थ का सूचक है, व आगम विषैं ऐसें कह्या है, यहु अर्थ जाननां। एक ग्रासादि ऊन आहार का लेनां सो अवमौदर्यतप होय है। हजार तंदुल प्रमाण ग्रास आगम विषैं कह्या है। ऐसें बत्तीस ग्रास मात्र पुरुष का स्वाभाविक आहार जाननां ॥ १५३ ॥

आगैं यहु अवमौदर्य तप काहे के अर्थि करिये है? ऐसे पूछै संतै उत्तर के अर्थि कहै हैं—

अर्थ—अवमौदर्य तप के विषैं वृत्ति है सो क्षमा तैं आदि लेय करि दशलक्षण धर्म्म के विषै तथा सामायिकादिक छह प्रकार आवश्यक-क्रिया विषैं तथा वृक्षमूलादिक योगिनि विषैं तथा ज्ञानादिके स्वाध्याय, चारित्र विषैं उपग्रह कहिये उपकार है,

---

१. अ, ब, क ०दितत्तो। २. अ, ब जोग्गे।

तिष्ठति । आवश्यकक्रियाश्च न सम्पूर्णाः पालयति । त्रिकालयोगं च न क्षेमेण समानयति । स्वाध्यायध्यानादिकं च न कर्तुं शक्नोति । तस्येन्द्रियाणि च स्वेच्छाचारीणि भवन्तीति । मिताशिनः पुनर्धर्मादयः स्वेच्छया वर्तन्त इति ॥ १५४ ॥

रसपरित्यागस्वरूपं प्रतिपादन्नाह—

खीरदहिसप्पितेल[1] गुडलवणाणं च जं परिच्चयणं ।
तित्तकटुकसायं[2]विलमधुरसाणं च जं चयणं ॥ १५५ ॥

अथ को रसपरित्याग इति पृष्टेऽत आह—क्षीरदधिसर्पिस्तैलगुडलवणानां घृतपूरलड्डुकादीनां च यत् **परिच्चयणं**—परित्यजनं एकैकशः सर्वेषां वा तिक्तकटुकषायाम्लमधुररसानां च यत्त्यजनं स रसपरित्यागः । एतेषां प्रासुकानामपि तपोबुद्ध्या त्यजनम् ॥ १५५ ॥

याः पुनर्महाविकृतयस्ताः कथमिति प्रश्नेऽत आह—

चत्तारि महावियडी य होंति णवणीदमज्जमंसमधू ।
कंखापसंगदप्पासंजमकारीओ[3] एदाओ ॥ १५६ ॥

याः पुनश्चतस्रो महाविकृतयो महापापहेतवो भवन्तीति नवनीतमद्यमांसमधूनि, कांक्षाप्रसंगदर्पासंयमकारिण्य एताः । नवनीतं कांक्षां—

ताहि करै है। बहुत भोजन करनेहारा धर्म का अनुष्ठान नांहो करै, आवश्यक क्रिया संपूर्ण नांही पालै है, त्रिकाल योग-क्षेमकरि नांहो समाप्ति करैं है, स्वाध्याय-ध्यानादिक करनें कौ समर्थ नांहीं होय है। इह अवमौदर्य तप कै विषैं वृत्ति है, सो इंद्रियनिकैं प्रद्वेष करनहारी नांही होय हैं। वा ताकरि इन्द्रिय प्रद्वेष कूं नांहीं प्राप्त होय हैं, वशि रहै हैं। ताकैं इन्द्रिय स्वेच्छाचारी नांही रहै हैं। अल्प-आहारी कै धर्मादिक है ते स्वेच्छाकरि प्रवर्तैं हैं ॥ १५४ ॥

आगैं रसपरित्याग-तप के स्वरूप को प्रतिपादन करता संता कहै हैं—

अर्थ—इहां कोउ पूछै कि रसपरित्याग कहा (क्या है) ? ताका समाधान कहै है—क्षीर कहिये दूध, दधि कहिये दही, सर्पि कहिए घृत, तैल कहिए तैल, गुड कहिये गुड-खंडादिक, लवण कहिए क्षीररस—इनिका, च शब्दकरि घेवर, मोदक इत्यादिकनि का एक-एक का त्याग तथा समस्तनिका परित्याग, बहुरि तिक्त कहिए तीक्ष्ण-रस, कटुक कहिए कड़वारस, कसाय कहिए कषायला रस, आम्ल कहिये खाटा रस, मधुर कहिये मीठा रस—इनिका जो त्याग सो रसपरित्याग तप कहिये। यहु रस प्रासुक होय तौहू तपश्चरण की बुद्धिकरि इनिका त्याग करनां ॥ १५५ ॥

आगैं जे महाविकृति कहिए हैं ते कौन ? अैसे प्रश्न करते कहै है—

अर्थ—यहु च्यारि महाविकृति हैं ते महापाप की कारण हैं, तें कहिये है—१. नवनीत कहिये लूण्यौ घृत, २. मद्य कहिये-मदिरा, ३. मांस कहिये जीवनि का कलेवर, ४. मधु कहिये-सहत (शहद)—इनि महाविकृति के दोष कहै हैं। नवनीत है सो कांक्षा

---

१. अ, ब तेल्लं । २. अ, ब, कडु । ३. क ०री दु ए० ।

महाविषयाभिलाषं करोति । मद्यं—सुराप्रसंगमगम्यगमनं करोति । मांसं-पिशितं दर्पं करोति । मधु असंयमं हिंसां करोति ।

एताः किंकर्तव्या इति पृष्टेऽत आह—

आणाभिकंखिणावज्जभीरुणा तवसमाधिकामेण ।

ताओ जावज्जीवं णिव्वुड्ढाओ पुरा चेव ।। १५७ ।।

सर्वज्ञाज्ञाभिकांक्षिणा—सर्वज्ञमतानुपालकेन । अवद्यभीरुणा—पापभीरुणा, तपःकामेन—तपोनुष्ठानपरेण, **समाधिकामे**—न च ता नवनीतमद्यमांसमधूनि विकृतयो **यावज्जीवं**—सर्वकालं **निव्यूढाः**—निसृष्टाः त्यक्ता पुरा चैव पूर्वस्मिन्नेव काले संयमग्रहणान्पूर्वमेव । आज्ञाभिकांक्षिणा नवनीतं सर्वथा त्याज्यं दुष्टकांक्षाकारित्वात् । अवद्यभीरुणा मांसं सर्वथा त्याज्यं दर्पकारित्वात् । तपः तपःकामेन मद्यं सर्वथा त्याज्यं प्रसंगकारित्वात् । समाधिकामेन मधु सर्वथा त्याज्यं, असंयमकारित्वात् । व्यस्तं समस्तं वा योज्यमिति ।। १५७ ।।

वृत्तिपरिसंख्यानस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

गोयरपमाण दायगभायण णाणाविहाण जं गहणं ।

तह एसणस्स गहणं विविहस्स य वुत्तिपरिसंखा ।। १५८ ।।

कहिये महाविषयाभिलाष ताहि करै हैं। बहुरि मद्य है सो प्रसंग कहिये अगम्य-गमन (वेश्या आदि का सहवास) न करनै योग्य कार्य, ताहि करै है। बहुरि मांस जो है सो दर्प्प कहिए मद, ताहि करै है, मधु जो है सो असंयम, हिंसा, ताहि करै है ।।१५६।।

आगैं इनिका कहा करनां ? अैसे प्रश्न करते संतैं कहै है—

अर्थ—सर्वज्ञ की आज्ञा का अभिलाषी, सर्वज्ञ के मत का सेवनहारा, पापकरि भयभीत, तप का अनुष्ठान के विषैं सावधान, समाधि विषैं है कामना जाके, ताकरि नवनीत, मद्य, मांस, मधु रूप च्यारि प्रकार महाविकृति जे है ते संयम ग्रहणतैं पूर्वकाल ही विषैं यावत्-जीव सर्वकाल त्यजन करिये हैं। जो सर्वज्ञ की आज्ञा का अभिलाषी होय सो दुष्ट भोगाभिलाष का करनैं वारा जो नवनीत, ताहि सर्वथा प्रकार छोड़ै। बहुरि जो पाप से भयभीत होय सो मद-गर्व का करनैं वारा जो मांस, ताहि सर्वथा प्रकार ही छोड़ै। बहुरि तप करनैं का जाकै मनोरथ होय सो अकार्य करनैं का कारण जो मदिरा ताका अवश्य त्याग करै। बहुरि जाकै समाधि ध्यान का अभिलाष होय सो असंयम का करनैं वारा जो सहत (शहद) ताका सर्वथा प्रकार का त्याग करै। अैसे जुदे-जुदे गुण कहैं।

अथवा जो सर्वज्ञ का आज्ञा का अभिलाषी होय सो समस्त च्यारू ही प्रकार महाविकृतिनि का सर्वथा प्रकार त्याग करै। तथा पापकरि जो भयभीत होय सो हुँ तथा तप का अभिलाषी होय तथा समाधि का अभिलाषी होय सो समस्त च्यारूं ही प्रकार महाविकृतिनि का त्याग करैं—अैसे जाननां ।। १५७ ।।

आगै वृत्तिपरिसंख्यान व्रत का स्वरूप प्रतिपादन करता संता कहै है—

गोचरस्य प्रमाणं गोचरप्रमाणं गृहप्रमाणं, एतेषु गृहेषु प्रविशामि नान्येषु बहुष्विति । दायका दातारो भाजनानि परिवेष्यपात्राणि तेषां यन्नानाविधानं नानाकरणं तस्य ग्रहणं स्वीकरणं—दातृविशेषग्रहणं पात्रविशेषग्रहणं च । यदि वृद्धो मां विधरेत् तदानीं तिष्ठामि नान्यथा । अथवा वालो युवा स्त्री उपानत्करहितो वर्त्मनि स्थितोऽन्यथा वा विधरेत् तदानीं तिष्ठामीति । कांस्यभाजनेन रूप्यभाजनेन सुवर्णभाजनेन मृन्मयभाजनेन वा ददाति तदा गृहीष्यामीति यदेवमाद्यं । तथाशनस्य विविधस्य नानाप्रकारस्य यद्ग्रहणमवग्रहोपादानं, अद्य मकुष्ठं भोक्ष्ये नान्यत् । अथवाद्य मंडकान् सक्तून् ओदनं वा ग्रहीष्यामीति यदेवमाद्यं[1] ग्रहणं तत्सर्वं वृत्तिपरिसंख्यानमिति ॥ १५८ ॥

कायक्लेशस्वरूपं विवृण्वन्नाह—

ठाणसयणासणेहिं य विविहेहिं य उग्गयेहिं बहुएहिं[2] ।
अणुवीचीपरिताओ कायकिलेसो हवदि एसो ॥ १५९ ॥

स्थानं—कायोत्सर्गं । शयनं—एकपार्श्वमृतकदण्डादिशयनं । **आसनं**—उत्कुटिका-पर्यंक-वीरासनमकरमुखाद्यासनं । स्थानशयनासनै-र्विविधैश्चावग्रहैर्धर्मोपकारहेतुभिरभिप्रायैर्बहुभिरनुवीचीपरितापः सूत्रानुसारेण कायपरितापो वृक्षमूलाभ्रावकाशातापनादिरेष कायक्लेशो भवति ॥ १५९ ॥

अर्थ—गोचर प्रमाण कहिये-गृहनि का प्रमाण करै, इतने गृहनि विषैं प्रवेश करेंगे। अन्य बहुत गृहनि विषैं प्रवेश नांही करेंगे। तथा दायक कहिये भोजन का देनें-वारा ताके विशेष का ग्रहण करैं—'जो वृद्ध श्रावक पडिगाहैगा तो खड़े रहेंगे, अन्यथा नांहीं' अथवा बालक, जवान तथा स्त्री तथा मार्ग मैं खड़ा पगरखीं (जूता, खड़ाऊँ आदि) रहित इत्यादिक अनेक प्रतिज्ञा करै—'अैसा दाता पडिगाहैंगा तो आज्य (आज) भोजन लेंगे, अन्यथा नांही' । बहुरि पात्र विशेष का ग्रहण करै—'आज्य' कांसी के भाजन करि भोजन देगा जो लैंगे, अन्यथा नांही'—अैंसे ही रूपा (चांदी) का भाजन तथा स्वर्ण का भाजन तथा मृतिकामय भाजन—अैंसैं भाजन की अनेक प्रकार प्रतिज्ञा करै। तथा बहुरि अशन कहिये भोजन, नाना प्रकार का ग्रहण करनैं की प्रतिज्ञा करै—'आज्य मोठ (ममुष्ठ) का ही भोजन लेंगे, अन्यथा नांही'—'आज्य मंडक का ही भोजन करैंगे, अन्य नांही', तथा आज्य सत्तू का ही भोजन करैंगे, अन्यथा नांही तथा 'आज्य ओदन ही का भोजन करैंगे अन्यथा नांही—अैसें प्रतिज्ञा मन विषैं धारि लेवे, तैंसे ही विधि मिलैं तो भोजन करै, अन्यथा नांही । सो यहु वृत्तिपरिसंख्यान तप है ॥ १५८ ॥

आगैं कायक्लेश तप का विवरण करता संता कहै है—

अर्थ—स्थान कहिए—कायोत्सर्ग, शयन कहिए एक पार्श्वा (करवट) सोवनां, मृतकवत् सोवनां, दंडवत् सोवनां इत्यादिक । आसन कहिए—उत्कुटिका बैठना, पर्यंक बैठना, वीरासन बैठना, मकरमुख बैठना इत्यादिक । अैसे स्थान, शयन, आसनकरि तथा नाना प्रकार बहुत अवग्रह कहिए धर्मोपकार के कारण अभिप्रायनिकरि जिनसूत्र के अनुसार वृक्षमूलयोग करि, अभ्रावकाशयोग करि, आतापनयोग करि इत्यादिक करि शरीर कूं परिताप दीजिये—यहु कायक्लेश नामा तप है ॥ १५९ ॥

---

१. क °माद्यग्र° । २. अ, ब बहुगेहिं ।

विविक्तशयनासनस्वरूपमाह—

तेरिक्खिय माणुस्सिय सविगारियदेवि गेहि संसत्ते[1] ।
वज्जेंति[3] अप्पमत्ता णिलए सयणासणट्ठाणे ॥ १६० ॥

तिर्यंची—गोमहिष्यादयः । **मानुष्यः**—स्त्रियो वेश्याः स्वेच्छाचारिण्यादयः । **सविकारिण्यो** देव्यो भवनवानव्यन्तरादियोषितः । गेहिनो गृहस्थाः । एतैः संसक्तान्—सहितान्, निलयानावासान् **वर्जयन्ति**—परिहरन्त्यप्रमत्ता यत्नपराः सन्तः शयनासनस्थानेषु कर्तव्येषु एवमनुतिष्ठतो विविक्तशयनासनं नाम तप इति ॥ १६० ॥

बाह्यं तप उपसंहरन्नाह—

सो णाम बाहिरतवो जेण मणो दुक्कडं ण उट्ठेदि ।
जेण य सद्धा जायदि जेण य जोगा ण हीयंते ॥ १६१ ॥

तन्नाम बाह्यं तपो येन मनोदुष्कृतं-चित्तसंक्लेशो नोत्तिष्ठति नोत्पद्यते । येन च श्रद्धा शोभनानुरागो जायते उत्पद्यते येन च योगा मूलगुणा न हीयन्ते ॥ १६१ ॥

एसो दु बाहिरतवो बाहिरजणपायडो परम घोरो ।
अब्भंतरजणणादं बोच्छं अब्भंतरं वि तवं ॥ १६२ ॥

तद्बाह्यं तपः षड्विधं बाह्यजनानां मिथ्यादृष्टिजनानामपि प्रकटं प्रख्यातं परमघोरं सुष्ठु दुष्करं प्रतिपादितं । अभ्यन्तरजनज्ञातं आगमप्रविष्टजनैर्ज्ञातं वक्ष्ये कथयिष्याम्यभ्यन्तरमपि षड्विधं तपः ॥ १६२ ॥

आगैं विविक्त शयनाशन का स्वरूप कहै है—

अर्थ—तिरश्ची कहिए गाय, भैंसि इत्यादिक तिर्यंच । स्त्री-मानुषी कहिए वेश्या, स्वेच्छाचारिणी इत्यादिक । मनुष्य-स्त्री सविकारणी । देवी कहिए भवनवासी, वान, व्यंतर इत्यादिक देवांगना । गेही कहिए गृहस्थ, असंयमी इनिकरि संशक्त, इनिके रहनैं के निलय कहिए आवास तिनहि, अप्रमत्त कहिए यत्नाचारी मुनिराज हैं ते, शयनासन कहिए सोवनां, बैठनां, खड़ा रहना इनि कार्यंनि विषै वर्जन करै हैं—ऐसैं आचरण करता साधु कै विविक्तशयनासन नाम तप होय है ॥ १६० ॥

आगैं बाह्य तप का उपसंहार करता संता कहै है—

अर्थ—हे शिष्य ! सो बाह्य तप कहिए, जाकरि मनोदुःकृतं कहिए चित्त विषैं संक्लेश नांही उपजै । बहुरि जाकरि **श्रद्धा** कहिये भला धर्मानुराग उपजै, बहुरि जाकरि जोग कहिए मूलगुण है ते हीन नांही होय, वृद्धि कौं प्राप्त होहि ॥ १६१ ॥

आगै बहुरि कहै है—

अर्थ—यहु छह प्रकार बाह्य तप है सो बाह्य जन, जे मिथ्यादृष्टि जन, तिनिकै भी प्रगट परमघोर अतिशयकरि दुष्कर

---

१. 'सविगारिणिदेवी'—यह पाठ सम्भव है । २. ख. संजुत्तो । ३. अ, ख वर्जिति, ब, अंजिति ।

के ते षट्प्रकारा इत्याशंकायामाह—

पायच्छित्तं विणयं वेज्जावच्चं तहेव सज्झायं ।
झाणं च विउस्सग्गो अब्भंतरओ तवो एसो ।। १६३ ।।

प्रायश्चित्तं—पूर्वापराधशोधनं । विनयमनुतद्ध वृत्तिः । वैयावृत्यं स्वशक्त्योपकारः । तथैव स्वाध्यायः सिद्धान्ताद्यध्ययनं । ध्यानं चैकाग्रचिंतानिरोधः व्युत्सर्गः । अभ्यन्तरतप एतदिति ।। १६३ ।।

प्रायश्चित्तस्वरूपं निरूपयन्नाह—

पायच्छित्तं त्ति तवो जेण विसुज्झदि हु पुव्वकयपावं ।
पायच्छित्तं पत्तोत्ति तेण वुत्तं दसविहं तु ।। १६४ ।।

प्रायश्चित्तमपराधं प्राप्तः सन् येन तपसा पूर्वकृतात्पापात् विशुद्धयते हु—स्फुटं पूर्वं व्रतैः सम्पूर्णो भवति तत्तपस्तेन कारणेन दशप्रकारं प्रायश्चित्तमिति ।। १६४ ।।

के ते दसप्रकारा इत्याशंकायामाह—

आलोयणपडिकमणं उभयविवेगो तहा विउस्सग्गो ।
तव छेदो मूलं विय[1] परिहारो चेव सद्दहणा ।। १६५ ।।

है, सो प्रतिपादन कीया ।। १६२ ।।

आगै जै आगम प्रविष्ट ज्ञानीजन हैं तिनिकरि जाण्यां—ऐसा जो अंतरंग छह प्रकार तप कौन ? ऐसी आशंका होतैं कहे हैं—

अर्थ—१. प्रायश्चित्त कहिए पूर्व अपराध का सोधनां, २. विनय कहिये—उद्धतता रहित वृत्ति, ३. वैयावृत्य कहिए अपनी शक्तिकरि उपकार करनां, ऐसे हो ४. स्वाध्याय कहिए सिद्धांतादिक का अध्ययन करनां, ५. ध्यान कहिए एकाग्रचिंता का निरोध करनां, ६. व्युत्सर्ग कहिए बाह्य-अभ्यंतर उपधि का त्याग करनां। ऐसे यहु अभ्यंतर तप छह प्रकार हैं ।। १६३ ।।

आगैं प्रायश्चित का स्वरूप है, ताहि निरूपण करता संता कहै है—

अर्थ—प्रायश्चित कहिये अपराध, व्रत विषैं दोष, ताकूं प्राप्त हुवा व्रती, जा तपकरि पूर्वकृत पापतैं विशुद्ध होय, निर्दोष होय, पूर्वव्रत करि सम्पूर्ण होय सो तप, ता कारणकरि प्रायश्चित—ऐसा दश प्रकार कह्या है ।। १६४ ।।

ते दश प्रकार कौन ? ऐसी आशंका होतैं संतै कहै है—

---

१. अ. ब. पि य ।

आलोचना—आचार्याय देवाय वा चारित्राचारपूर्वकमुत्पन्नापराधनिवेदनं । **प्रतिक्रमणं**—रात्रि भोजनत्यागव्रतसहितपंचमहाव्रतोच्चारणं संभावनं दिवसप्रतिक्रमणं पाक्षिकं वा । **उभयं**—आलोचनप्रतिक्रमणे । **विवेको**—द्विप्रकारो गणविवेकः स्थानविवेको वा । तथा **व्युत्सर्गः**—कायोत्सर्गः । तपोऽनशनादिकं । **छेदो**—दीक्षायाः पक्षमासादिभिर्हानिः । **मूलं**—पुनरद्य प्रभृति व्रतारोपणं । अपि च परिहारो द्विप्रकारो गणप्रतिबद्धोऽप्रतिबद्धो वा । यत्र प्रश्रवणादिकं कुर्वन्ति मुनयस्तत्र तिष्ठन्ति पिच्छिकामग्रतः कृत्वा यतीनां वन्दनां करोति तस्य यतयो न कुर्वन्ति, एवं या गणे क्रिया गणप्रतिबद्धः परिहारः । यत्र देशे धर्मो न ज्ञायते तत्र गत्वा मौनेन तपश्चरणानुष्ठानकरणमगणप्रतिबद्धः परिहारः । तथा श्रद्धानं तत्त्वरुचौ परिणामः क्रोधादिपरित्यागो वा । एतद्दशप्रकारं प्रायश्चित्तं दोषानुरूपं दातव्यमिति । कश्चिद्दोषः आलोचनमात्रेण निराक्रियते । कश्चित्प्रतिक्रमणेन कश्चिदालोचनप्रतिक्रमणाभ्यां कश्चिद्विवेकेन कश्चित्कायोत्सर्गेण कश्चित्तपसा कश्चिच्छेदेन कश्चिन्मूलेन कश्चित्परिहारेण कश्चिच्छ्रद्धानेनेति ॥ १६५ ॥

प्रायश्चित्तस्य नामानि प्राह—

पोराणकम्मखवणं खिवणं णिज्जरण सोधणं धुवणं ।
पुंच्छणमुच्छिवणं छिदणं[1] त्ति पायच्छित्तस्स णामाइं ॥ १६६ ॥

अर्थ—१. आलोचना कहिए आचार्यनिकैं अर्थि तथा देव अर्हंत कै अर्थि चारित्राचारपूर्वक उपजे अपराध का निवेदन करनां । बहुरि २. प्रतिक्रमण कहिये रात्रिभोजन परित्याग-व्रतकरि—सहित पंच महाव्रत का उच्चारण करनां, संभावन करना, दिवस प्रतिक्रमण करनां, तथा पाक्षिक प्रतिक्रमण करनां । बहुरि ३. उभय कहिए आलोचना तथा प्रतिक्रमण दोउ करनैं । बहुरि ४. विवेक कहिए-गण[2]-विवेक तथा स्थान-विवेक—अैसे दोय प्रकार हैं । बहुरि ५. व्युत्सर्ग कहिए कायोत्सर्ग । वहुरि ६. तप कहिए अनशनादिक । बहुरि ७. छेद कहिए दीक्षा का पक्ष, मासादिक करि छेद करनां—घटावनां । बहुरि ८. मूल कहिए फेरि (पुनः) तिस कालतैं लेय व्रत अंगीकार करावनां ।[3] वहुरि ९. परिहार दोय प्रकार—एक गण-प्रतिबद्ध, दूजा अगणप्रतिबद्ध । अैसा प्रायश्चित लीजिये—जहां मुनिजन मूत्रादिक करैं हैं, तहां बैठि पोछी अगाड़ी करि यतीनिकूं वंदना करै ताकूं यति प्रतिवंदना नांही करैं । अैसें गण विषै जो क्रिया करिए सो गण-प्रतिबद्ध परिहार कहिये । तथा जहां देश विषै धर्म नांही जानिए तहां जायकरि, मौन करिकैं तपश्चरण का अनुष्ठान करनां सो अगण-प्रतिबद्ध परिहार कहिए । बहुरि १०. श्रद्धान कहिए तत्त्वरुचि कैं विषैं परिणाम तथा क्रोधादिक का परित्याग ।

अैसे यहु दश प्रकार प्रायश्चित दोष-सदृश (दोषों के अनुरूप) देनां । कोउ दोष तौ आलोचना मात्र ही करि निराकरण कीजिए, कोउ दोष प्रतिक्रमणकरि निराकरण कीजिये हैं, कोउ दोष आलोचना-प्रतिक्रमण दोउनिकरि निराकरण करिये हैं, अैसे ही कोई विवेक करि, कोई कायोत्सर्ग करि, कोई तप करि, कोई छेद करि, कोई मूल करि, कोई परिहार करि, कोई श्रद्धान करि—अैसैं 'जैसा दोष तैसा प्रायश्चित देना' ॥ १६५ ॥

---

१. अ. ब. छेदणं । २. ब. गणधर । ३. ब. करनां ।

पुराणस्य कर्मणः क्षपणं विनाशः, क्षेपणं, निर्जरणं, शोधनं, धावनं, पुच्छणं, निराकरणं, उत्क्षेपणं, छेदनं द्वैधीकरणमिति प्रायश्चित्तस्यैतान्यष्टौ नामानि ज्ञातव्यानि भवन्तीति ॥ १६६ ॥

विनयस्य स्वरूपमाह—

दंसणणाणेविणओ चरित्ततवओवचारिओ विणओ ।
पंचविहो खलु विणओ पंचमगइणायगो भणिओ ॥ १६७ ॥

दर्शने विनयो ज्ञाने विनयश्चारित्रे विनयस्तपसि विनयः औपचारिको विनयः पंचविधः खलु विनयः पंचमीगतिनायकः प्रधानः भणितः प्रतिपादित इति ॥ १६७ ॥

दर्शनविनयं प्रतिपादयन्नाह—

उवगूहणादिआ पुव्वुत्ता तह भत्तिआदिआ य गुणा ।
संकादिवज्जणं पि य दंसणविणओ समासेण ॥ १६८ ॥

उपगूहनस्थिरीकरणवात्सल्यप्रभावनाः पूर्वोक्ताः । तथा भक्त्यादयो गुणाः पंचपरमेष्ठिभक्त्यानुरागस्तेषामेव पूजा तेषामेव गुणानुवर्णनं, नाशनमवर्णवादस्यासादनापरिहारो भक्त्यादयो गुणाः । शंकाकांक्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसानां वर्जनं परिहारो दर्शनविनयः समासेनेति ॥ १६८ ॥

आगैं प्रायश्चित्त के नाम कहै है—

अर्थ—पुराणकर्मक्षपणं कहिए पुरातन कर्म्म का विनाश, बहुरि क्षेपण, बहुरि निर्जरण, बहुरि शोधन, बहुरि धावन, बहुरि पुंछन कहिए निराकरण, बहुरि उत्क्षेपण, बहुरि छैदन कहिए द्वैधीकरण—अैसैं ये प्रायश्चित के आठ नाम जाननैं ॥ १६६ ॥

आगै विनय का स्वरूप कहै है—

अर्थ—१. दर्शन-विनय, २. ज्ञान-विनय, ३. चारित्र-विनय, ४. तप-विनय, ५. औपचारिक विनय—अैसे विनय निश्चय करि पंच प्रकार है । सो पंचमीगति कहिये, सिद्धगति कहिये ताका नायक कहिए प्रधान प्राप्ति करनहारा कह्या है ॥ १६७ ॥

आगै दर्शन-विनय का प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—उपगूहनादिक कहिए उपगूहन, स्थिरीकरण, वात्सल्य, प्रभावना पूर्वैं कहै तथा भक्त्यादिक कहिये पंचपरमेष्ठी की भक्ति-अनुराग, तिनिका पूजन, तिनहि के गुण का वर्णन, तिनिका अवर्णवाद नांही करणां, तिनिकी आसादना का परिहार। बहुरि शंकादि कहिये शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टिप्रशंसा—इनिका वर्ज्जन करनां, परिहार करनां—सो संक्षेप करिकै दर्शनविनय है ॥ १६८ ॥

जे अत्थपज्जया खलु उवदिट्ठा जिणवरेहिं सुदणाणे ।
ते तह रोचेदि णरो दंसणविणयो हवदि एसो ।। १६९ ।।

येऽर्थपर्याया जीवाजीवादयः सूक्ष्मस्थूलभेदेनोपदिष्टाः स्फुटं जिनवरैः श्रुतज्ञाने द्वादशांगेषु चतुर्दशपूर्वेषु, तान् पदार्थास्तथैव तेन प्रकारेण याथात्म्येन रोचयति नरो भव्यजीवो येन परिणामेन स एष दर्शनविनयो ज्ञातव्य इति ।। १६९ ।।

ज्ञानविनयं प्रतिपादयन्नाह—

काले विणए उवहाणे बहुमाणे तहेव णिण्हवणे ।
वंजणअत्थतदुभयं विणओ णाणम्हि अट्ठविहो ।। १७० ।।

द्वादशांगचतुर्दशपूर्वाणां कालशुद्ध्या पठनं व्याख्यानं परिवर्तनं वा । तथा हस्तपादौ प्रक्षाल्य पर्यंकेऽवस्थितस्वाध्ययनं । अवग्रहविशेषेण पठनं । बहुमानं यत्पठति यस्माच्छृणोति तयोः पूजागुणस्तवनं । तथैवानिह्नवो यत्पठति यस्मात्पठति तयोः कीर्तनं । व्यञ्जनशुद्धं, अर्थशुद्धं व्यञ्जनार्थोभयशुद्धं च यत्पठनं । अनेन न्यायेनाष्टप्रकारो ज्ञाने विनय इति ।। १७० ।।

तथा—

णाणं सिक्खदि णाणं गुणेदि णाणं परस्स उवदिसदि ।
णाणेण कुणदि णायं णाणविणीदो हवदि एसो ।। १७१ ।।

ज्ञानं शिक्षते विद्योपादानं करोति । ज्ञानं गुणयति परिवर्तनं करोति । ज्ञानं परस्मै उपदिशति प्रतिपादयति । ज्ञानेन करोति न्याय-

---

बहुरि कहै है—

अर्थ—ये अर्थपर्याय जीवादिक सूक्ष्म-स्थूल भेदकरिकै जिनवरदेव, श्रुतज्ञान, तद्द्वादशांग, चतुर्दशपूर्व विषैं प्रगटपणैं उपदेश्या तिनि पदार्थनिकूं तैसैहि प्रकार यथास्वरूप करि भव्य जीव प्रतीति करै। जा परिणाम करि सो यहु दर्शन विनय जाननां ।। १६९ ।।

आगैं ज्ञान-विनय का प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—काल कहिए द्वादशांग चउदह पूर्वनिका काल शुद्धिकरि पढ़नां, व्याख्यान करनां, परिवर्तन करनां तथा विनये कहिए हाथ-पग धोयकरि पर्यंकासन बैठैं अध्ययन करनां। बहुरि उपधान कहिए अवग्रह विशेष करिकै पढ़नां। बहुरि बहुमान कहिए जो पढ़ै जातैं सुणैं तिनिकी पूजा गुणस्तवन करनां। बहुरि अनिह्नव कहिए जाहि पढै, जिस गुरुतैं पढ़ैं तिनिका प्रगट कर दैना। बहुरि व्यंजन शुद्ध पढ़ना, बहुरि अर्थ शुद्धि पढ़ना, बहुरि व्यंजन-अर्थ—उभय शुद्ध पढ़ना—इस न्यायकरि आठ प्रकार ज्ञान-विनय जाननां ।। १७० ।।

तथा बहुरि कहै है—

अर्थ—जो ज्ञान है ताहि सीखै, विद्या का उपादान करै, बहुरि ज्ञान है ताहि गुणै, परिवर्तन करै, बहुरि ज्ञान है ताहि

मनुष्ठानं । य एवं करोति ज्ञानविनीतो भवत्येष इति । अथ दर्शनाचारदर्शनविनययोः को भेदस्तथा ज्ञानाचारज्ञानविनययोः कश्चन भेद एत्याशंकायामाह—शंकादिपरिणामपरिहारे यत्नः उपगूहनादिपरिणामानुष्ठाने च यत्नो दर्शनविनयः । दर्शनाचारः पुनः शंकाद्यभावेन तत्त्वश्रद्धानविषयो यत्न इति । तथा कालशुद्ध्यादिविषयेऽनुष्ठाने यत्नः कालादिविनयः, तथा द्रव्यक्षेत्रभावादिविषयश्च यत्नः । ज्ञानाचारः पुनः कालशुद्ध्यादिषु सत्सु श्रुतं पठनयत्नं । ज्ञानविनयः श्रुतोपकरणेषु च यत्नः श्रुतविनयः । तथापनयति तपसा तमोऽज्ञानं उपनयति च मोक्षमार्गे आत्मानं तपोविनयः नियमितमतिः सोऽपि तपोविनय इति ज्ञातव्य इति ॥ १७१ ॥

चारित्रविनयस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

इंदियकसायपणिहाणंपि य गुत्तीओ चेव समिदीओ ।
एसो चरित्तविणओ समासदो होइ णायव्वो ॥ १७२ ॥

इन्द्रियाणि चक्षुरादीनि कषायाः क्रोधादयः तेषामिन्द्रियकषायाणां प्रणिधानं प्रसरहानिरिन्द्रियकषायप्रणिधानं इन्द्रियप्रसरनिवारणं कषायप्रसरनिवारणं । अथवेन्द्रियकषायाणां अपरिणामस्तद्गतव्यापारनिरोधनं । अपि च गुप्तयो मनोवचनकायशुभप्रवृत्तयः । समितय ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोच्चारप्रस्रवणप्रतिष्ठापनाः । एष चारित्रविनयः समासतः संक्षेपतो भवति ज्ञातव्यः । अत्रापि । समितिगुप्तय आचारः । तद्रक्षणोपाये यत्नश्चारित्रविनय इति ॥ १७२ ॥

पैला के अर्थि उपदेश करै, प्रतिपादन करै। बहुरि ज्ञानकरि न्याय अनुष्ठान करैं। जो अैसै करै सो यहु ज्ञान विनयवान होय।

इहां कोउ पूछै जौ दर्शनाचार अर दर्शन-विनय में भेद कहा (क्यों)? बहुरि ज्ञानाचार-ज्ञानविनय में भेद कहा? ताका समाधान—शंकादि परिणाम का परिहार विषैं जो यत्न, बहुरि उपगूहनादि परिणाम का आचरण विषैं जो यत्न सो दर्शनविनय कहिए। बहुरि शंकादिक का अभाव करि तत्त्वश्रद्धान विषैं जो यत्न सो दर्शनाचार कहिए। अैसा भेद जाननां। तथा काल शुद्धयदिक का अनुष्ठान विषैं जो यत्न तथा द्रव्य क्षेत्र, भावादि विषैं जो यत्न सो ज्ञानविनय कहिये। बहुरि काल शुद्धयादिक होतै संतै श्रुतपठन के विषैं जो यत्न सो ज्ञानाचार कहिए॥ १७१॥

आगैं चारित्रविनय का स्वरूप कूं प्रतिपादन करता संता कहै हैं—

अर्थ—इन्द्रिय-प्रणिधान कहिए चक्षुरादिक इन्द्रियनिका प्रचार मेटनां, इनिके व्यापार का निरोध करना तथा कषाय-प्रणिधान कहिए क्रोधादिक कषायनिका प्रचार मेंटना, इनिके परिणामनि का व्यापार का निरोध करना। बहुरि गुप्ति कहिए मन, वचन, काय की शुद्ध प्रवृत्ति। बहुरि समिति कहिए ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-निक्षेपणा, उच्चार-प्रश्रवण, प्रतिष्ठापना—यहु संक्षेपतैं चारित्रविनय जाननां। इहां भी समिति-गुप्ति कही हैं ते चारित्राचार जाननां। इनिके रक्षण का जो उपाय ताकै विषै जो यत्न सो चारित्रविनय जानना॥ १७२॥

तपोविनयस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

उत्तरगुणउज्जोगो सम्मं अहियासणा य सद्धा य।
आवासयाणमुचिदाणं[1] अपरिहाणीयणुस्सेहो ॥ १७३ ॥

आतापनाद्युत्तरगुणेषूद्योग उत्साहः। सम्यगध्यासनं तत्कृतश्रमस्य निराकुलतया सहनं। तद्गतश्रद्धा—तानुत्तरगुणान् कुर्वतः शोभनपरिणामः। आवश्यकानां समतास्तववन्दनाप्रतिक्रमणप्रत्याख्यानकायोत्सर्गाणामुचितानां कर्मक्षयनिमित्तानां परिमितानामपरिहाणिरनुत्सेधः न हानिः कर्तव्या नापि वृद्धिः। षडेव भावाश्चत्वारः पंच वा न कर्तव्याः। तथा सप्ताष्टौ न कर्तव्याः। या यस्यावश्यकस्य वेला तस्यामेवासौ कर्तव्यो नान्यस्यां वेलायां हानिं वृद्धिं प्राप्नुयात्। तथा यस्यावश्यकस्य यावन्तः पठिताः कायोत्सर्गास्तावन्त एव कर्तव्या न तेषां हानिर्वृद्धिर्वा कार्या इति ॥ १७३ ॥

भत्ती तवोधियम्हि[2] य तवम्हि अहीलणा य सेसाणं।
एसो तवम्हि विणओ जहुत्तचारित्तसाहुस्स ॥ १७४ ॥

भक्तिः स्तुतिपरिणामः सेवा वा। तपसाधिकस्तपोऽधिकः तस्मिंस्तपोधिके। आत्मनोऽधिकतपसि तपसि च द्वादशविधतपोऽनुष्ठाने च भक्तिरनुरागः। शेषाणामनुत्कृष्टतपसामहेलना अपरिभवः। एष तपसि विनयः सर्वसंयतेषु प्रणामवृत्तिर्यथोक्तचारित्रस्य साधोर्भवति ज्ञातव्य इति ॥ १७४ ॥

आगै तपोविनय का स्वरूप प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—आतापनादि उत्तरगुणनि विषैं उद्योग कहिए उत्साह, बहुरि सम्यगध्यासनं कहिए आपातनादि योगकरि कीया श्रम ताकौं निराकुलता करि सहनां बहुरि श्रद्धा कहिए तिनि उत्तरगुणनिकूं करता भला परिणाम। बहुरि समता, स्तव, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, कायोत्सर्ग उचित कर्मक्षय के निमित्त परिणाम रूप तिनिकी हानि नांही करनी, वृद्धि हू नांही करनी। आवश्यक छह ही करनैं, च्यारि तथा पांच नांही करनैं, सात आठ हूं नांही करनैं। जिस आवश्यक की जो वेला होय, तिस ही वेला सो आवश्यक करनां। अन्य वेला नांही करनां। तथा जिस आवश्यक के जेते कायोत्सर्ग कहे हैं, ते ही करनैं, घाटि-वाधि (घट-बढ़) नांही करनें ॥ १७३ ॥

बहुरि कहै है—

अर्थ—तपोधिक कहिए—आप तैं अधिक तपश्चरण करने वालैं महामुनि तिनिकै विषैं भक्ति कहिए स्तुति रूप परिणाम अथवा तिनिकी सेवा करनी तथा बारह प्रकार तप का आचरण विषै भक्ति कहिए अनुराग, बहुरि शेष कहिए जिनितैं उत्कृष्ट तप नांही वणै—अैसे मुनि तिनिकी अवहेलना कहिए, पराभव नांहो करनां। सर्व संयमीनिकूं नमस्कार करनां, नम्रीभूत रहनां सो यहु तप विनय यथोक्त चारित्र पालनैं वाले साधु कै होय है—अैसा जाननां ॥ १७४ ॥

१. अ. आवासणाय, ब. आवासदाण।   २. क °म्हि अ°।

पंचमौपचारिकविनयं प्रपंचयन्नाह—

काइयवाइयमाणसि ओ त्ति अ तिविहो दु पंचमो विणओ ।
सो पुण सव्वो दुविहो पच्चक्खो तह परोक्खो य ।। १७५ ।।

काये भवः कायिकः । वाचि भवो वाचिकः । मनसि भवो मानसिकः । त्रिविधस्त्रिप्रकारस्तु पंचमो विनयः । स्वर्गमोक्षादीन् विशेषेण नयतीति विनयः । कायाश्रयो वागाश्रयो मानसाश्रनश्चेति । स पुनः सर्वोऽपि कायिको वाचिको मानसिकश्च द्विविधो द्विप्रकारः प्रत्यक्षश्चैव परोक्षश्च । गुरोः प्रत्यक्षश्चक्षुरादिविषयः । चक्षुरादिविषयादतिक्रान्तः परोक्ष इति ।। १७५ ।।

कायिकविनयस्वरूपं दर्शयन्याह—

अब्भुट्ठाणं किदिअम्मं णमणं[2] अंजलीय मुंडाणं ।
पच्चूगच्छणमेत्ते पछिदस्सण साहणं चेव ।। १७६ ।।

अभ्युत्थानमादरेणासनादुत्थानं । **क्रियाकर्म** सिद्धभक्तिश्रुतभक्तिगुरुभक्तिपूर्वकं कायोत्सर्गादिकरणं । नमनं शिरसा प्रणामः । अञ्जलिना करकुंडलेनाञ्जल्किरणं वा मुण्डानामृषीणां । अथवा मुण्डा सामान्यवन्दना । **पचूगच्छणमेत्ते**—आगच्छतः प्रतिगमनमभिमुखयानं । प्रस्थितस्य प्रयाणके व्यवस्थितस्यानुसाधनं चानुव्रजनं च साधूनामादरः कार्यः । तथा तेषामेव क्रियाकर्म कर्तव्यम् । तथा तेषामेव कृताञ्जलिपुटेन नमनं कर्तव्यं । तथा साधोरागतस्य प्रत्यभिमुखगमनं कर्तव्यं तथा तस्यैव प्रस्थितस्यानुव्रजनं कर्त्तव्यमिति ।। १७६ ।।

आगैं पाँचमां औपचारिक विनय है ताहि विस्तारकरि कहै हैं—

अर्थ—काय विषैं होय सो कायिक कहिए, वचन विषैं होय सो वाचिक कहिए, मन विषैं होय सो मानसिक कहिए। अैसे औपचारिक विनय है सो तीनि प्रकार है—स्वर्गमोक्षादिक है ताहि विशेष करिकैं प्राप्ति करै सो विनय कहिए। सो यहु विनय कायाश्रय, वचनाश्रय, मानसाश्रय—अैसे तीनि प्रकार है, सो गुरुनिकैं चक्षु आदि विषय होय तब प्रत्यक्ष कहिए। चक्षुरादि विषय नांही होय, गुरुनि कौ साक्षात् न होतै हूँ करि करिए सो परोक्ष विनय कहिए। अैसें दोय प्रकार जाननां ।। १७५ ।।

आगैं कायिक-विनय का स्वरूप दिखावता संता कहै है—

अर्थ—अभ्युत्थानं कहिए आदरकरि आसनतैं उठनां। कृतिकर्म्म कहिए सिद्धभक्ति, श्रुतभक्ति, गुरुभक्ति पूर्वक कायोत्सर्गादिक करणा। नमन कहिए अंजलिकरि हाथ जोडि मस्तककरि नमस्कार करनां अथवा अंजलिकरणं। मुंड कहिए ऋषीश्वरनिकूं अथवा मुंडा कहिए सामान्य वंदना कूं अर आवतनिकैं सनमुख जानां, जातैंनिकी लार पौचानैं कूं लार (पीछे) जानां। अैसे कायकरि साधूनिका आदर करनां ।। १७६ ।।

---

१. अ. ख. माणसिय उत्ति । २. माणिकचंद्र–णवणं ।

तथा—

णीचं ठाणं णीचं गमणं णीचं च आसणं सयणं ।
आसणदाणं उवगरणदाणं ओगासदाणं च ।। १७७ ।।

देवगुरुभ्यः पुरतो नीचं स्थानं वामपार्श्वे स्थानं । नीचं च गमनं गुरोर्वामपार्श्वे पृष्ठतो वा गन्तव्यं । नीचं च न्यग्भूतं चासनं पीठादिवर्जनं । गुरोरासनस्य पीठादिकस्य दानं निवेदनं । उपकरणस्य पुस्तिकाकुंडिकापिच्छिकादिकस्य प्रासुकस्यान्विष्य दानं निवेदनं । अथवा नीचं स्थानं करचरणसंकुचितवृत्तिर्गुरोः सधर्मणोऽन्यस्य वा व्याधितस्येति ।। १७७ ।। तथा—

पडिरूवकायसंफासणदा य पडिरूपकालकिरिया य ।
पेसणकरणं संथरकरणं उवकरण[1] पडिलिहणं ।। १७८ ।।

प्रतिरूपं शरीरबलयोग्यं कायस्य शरीरस्य संस्पर्शनं मर्दनमभ्यंगनं वा । **प्रतिरूपकालक्रिया** चोष्णकाले शीतक्रिया शीतकाले उष्णक्रिया वर्षाकाले तद्योग्यक्रिया । **प्रेष्यकरणं**—आदेशकरणं । **संस्तरकरणं** पट्टकादिप्रस्तरणं । उपकरणानां पुस्तिकाकुण्डिकादीनां प्रतिलेखनं सम्यग्निरूपणम् ।। १७८ ।।

इच्चेवमादिओ जो उवयारो कीरदे सरीरेण ।
एसो काइयविणओ जहारिहं साहुवग्गस्स ।। १७९ ।।

बहुरि कायविनय का विशेष कहै है—

अर्थ—देवगुरु तैं पीछै खड़ा रहना तथा वावैं (वायें) वसवाडै खड़ा रहना तथा गुरुनिकै पीछै गमन करनां । अथवा वावैं (वायें) पसवाडै गमन करनां । बहुरि गुरुनितैं नीचा बैठना, पीठा आदिक परि नांही बैठनां । नीचा सोवनां । गुरुनिकूं पीठादिक आसन देनां, बताय देनां । पुस्तक, कमण्डलु, पीछी, आदिक धर्मोपकरण देनां । वसतिका, पर्वत-गुफादिक, प्रासुक देखिकरि देनां, बताय देनां । गुरुनिकै समीप, साधर्मीकै समीप अथवा अन्य रोगादिक-करि सहित कै समीप हाथ-चरण संकोचिकरि बैठना । ये सर्व कायविनय के विशेष हैं ।।१७७ ।।

बहुरि कहै हैं—

अर्थ—शरीर का बल कै अनुकूल शरीर का संस्पर्शन, मर्दन, अभ्यंगन । बहुरि प्रतिरूप कालक्रिया कहिए उष्णकाल विषैं शीतक्रिया, शीतकाल विषैं उष्णक्रिया । वर्षाकाल विषै ताके योग्य क्रिया । बहुरि प्रेष्यकरणं कहिए उनकी आग्या (आज्ञा) होय सो ही करणां । बहुरि संस्तरकरणं कहिए पट्टिकादि संथरा (संस्तर-विछावन) करि देणां, उपकरण-प्रतिलेखन कहिए पुस्तक, पिच्छिकादिक उपकरणनिका भलै प्रकार सोधि देनां ।। १७८ ।। बहुरि—

---

१. अ. ब. ख. संथारकरणुवकरण ।

इत्येवमादिरूपकारो गुरोरन्यस्य वा साधुवर्गस्य यः शरीरेण क्रियते यथायोग्यं स एष कायिको विनयः कायाश्रितत्वादिति ॥ १७९ ॥

वाचिकविनयस्वरूपं विवृण्वन्नाह—

पूयावयणं हिदभासणं[1] मिदभासणं च मधुरं च ।
सुत्ताणुवीचिवयणं अणिट्ठुरमकक्कसं वयणं ॥ १८० ॥

पूजावचनं बहुवचनोच्चारणं यूयं भट्टारका इत्येवमादि । हितस्य पथ्यस्य भाषणं इहलोकपरलोकधर्मकारणं वचनं । मितस्य परिमितस्य भाषणं चाल्पाक्षरबह्वर्थं । मधुरं च मनोहरं श्रुतिसुखदं । सूत्रानुवीचिवचनमागमदृष्ट्या भाषणं यथा पापं न भवति । अनिष्ठुरं दग्धमृतप्रलीनेत्यादिशब्दै रहितं । अकर्कशं वचनं च वर्जयित्वा वाच्यमिति ॥ १८० ॥

उवसंतवयणमगिहत्थवयणमकिरियमहीलणं वयणं ।
एसो वाइयविणओ जहारिहं होदि कादव्वो ॥ १८१ ॥

उपशान्तवचनं क्रोधमानादिरहितं । अगृहस्थवचनं गृहस्थानां मकारवकारादि यद्वचनं तेन रहितं बन्धनत्रासनताडनादिवचनरहितं । अकिरियं असिमसिकृष्यादिक्रिया (दि) रहितं अथवा सक्रियमिति पाठः । सक्रियं क्रियायुक्तमन्यच्चिन्तान्यदोषयोरिति न वाच्यं, तदुच्यते तन्निष्पाद्यते । अहोलं—अपरिभववचनं । इत्येवमादिवचनं यत्र स एष वाचिको विनयो यथायोग्यं भवति कर्तव्य इति ॥ १८१ ॥

अर्थ—इत्यादिक गुरुनिका तथा अन्य साधु-समूह का जो शरीरकरि यथायोग्य उपकार करिए सो यह कायाश्रित पणांतैं कायिकविनय जाणनां ॥ १७९ ॥

आगै वाचिकविनय का स्वरूप है, ताहि विवरण करता संता कहै हैं—

अर्थ—पूजा वचन कहिए बहुवचन करि उच्चारण करनां । 'आप भट्टारक हो—इत्यादिक उच्चवचन कहनैं । बहुरि हित भाषण कहिए, हितरूप, पथ्यरूप इहलोक-परलोक विषैं धर्म का कारण—अैसा वचन कहनां । बहुरि मितभाषणं कहिए परिणाम रूप अल्प अक्षरनि मैं बहुत अर्थ कहनां । बहुरि मधुरं कहिए, मनोहर काननिकूं सुखदाई अैसा वचन कहनां । बहुरि सूत्रानुवीची वचनं कहिए आगम कै अनुसारि वचन कहनां, जैसे पाप नांही होय । बहुरि अनिष्ठुरं कहिए—'दग्ध, मृत, प्रलीन' इत्यादिक निष्ठुर शब्दनिकरि रहित वचन बोलनैं । बहुरि अकर्कशं कहिए काम-कर्कश, रण-कर्कश-इत्यादिक कर्कश वचनकरि रहित बोलना ॥ १८० ॥ बहुरि—

अर्थ—उपशांत वचन कहिए क्रोधमानादिक करि रहित बोलनां । बहुरि अगृहस्थवचन कहिए चकार मकारादि वचन रहित, वंधन, त्रासन, ताडन इत्यादिक जैसे वचन गृहस्थ बोलै हैं, तैसे नांही बोलनां । बहुरि अक्रियं कहिए असि, मसि, कृषि इत्यादिक जो क्रिया तिनिकरि रहित अथवा सक्रियं अैसा हू पाठांतर है । क्रिया-युक्त वचन बोलनां अन्य की चिंता, अन्य का दोष नांही कहनां । जो वचन बोलनां सो ही करनां । बहुरि अहोलनं कहिए परिभव वचन, अपमान रूप वचन नांही बोलना । सो

१. अ. ब. ख. हिदभासणं च ।

मानसिकविनयस्वरूपमाह—

पापविसोत्तिअपरिणामवज्जणं पियहिदे य परिणामो ।
णादव्वो संखेवेणेसो माणसिओ विणओ ॥ १८२ ॥

पापविश्रुतिपरिणामवर्जनं पापं हिंसादिकं विश्रुतिः सम्यग्विराधना तयोः परिणामस्तस्य वर्जनं परिहारः । प्रिये धर्मोपकारे हिते च सम्यग्ज्ञानादिके च परिणामो ज्ञातव्यः । संक्षेपेण स एष मानसिकश्चित्तोद्भवो विनय इति ॥ १८२ ॥

इय एसो पच्चक्खो विणओ पारोक्खिओवि जं गुरुणो ।
विरहम्मिवि वट्टिज्जदि आणाणिद्देसचरियाए ॥ १८३ ॥

इत्येष प्रत्यक्षविनयः कायिकादिः, गुर्वादिषु सत्सु वर्तते यतः, पारोक्षिकोऽपि विनयो यद्गुरोर्विरहेऽपि गुर्वादिषु परोक्षीभूतेषु यद्वर्तते । आज्ञानिर्देशेन चर्याया वार्हद्भट्टारकोपदिष्टेषु जीवादिपदार्थेषु श्रद्धानं कर्तव्यं तथा तैर्या चर्योद्दिष्टा व्रतसमित्यादिका तया च वर्तनं परोक्षो विनयः । तेषां प्रत्यक्षतो यः क्रियते स प्रत्यक्षमिति ॥ १८३ ॥

पुनरपि त्रिविधं विनयमन्येन प्रकारेणाह—

अह ओपचारिओ खलु विणओ तिविहो समासदो भणिओ ।
सत्त चउव्विह दुविहो बोधव्वो आणुपुव्वीए ॥ १८४ ॥

अथौपचारिको विनय उपकारे धर्मादिकपरचित्तानुग्रहे भव औपचारिकः खलु स्फुटं त्रिविधस्त्रिप्रकारः कायिकवाचिकमानसिकभेदेन

यहु वाचिक विनय है । सो यथायोग्य करनां ॥ १८१ ॥

आगैं मानसिक विनय का स्वरूप कहैं हैं—

अर्थ—पाप कहिए हिंसादिक, विश्रुति कहिए सम्यक्त्व की विराधना—इनि विषैं जो परिणाम ताका परिहार करनां । बहुरि प्रिय कहिए धर्मोपकार में हित में, सम्यक्त्व ज्ञानादिक तिनिके विषैं परिणाम सो यह संक्षेपकरि मानसिक-विनय कह्या है ॥ १८२ ॥ बहुरि कहै हैं—

अर्थ—अैसे यहु कायकादिकविनय, गुरु आदिक कूं प्रत्यक्ष विद्यमान होत संतैं करिए सो प्रत्यक्षविनय कहिए। बहुरि जो गुरुनि का विरह होतैं उनकौ परोक्ष होतैं जो कायिकादिक विनय वर्तै अथवा उनकी आज्ञा निर्देश करि जो अर्हंत भट्टारक नैं उपदेशे जीवादिक पदार्थ हैं, तिनि विषै श्रद्धान करना, तिनिनैं जो व्रत, समिति आदि रूप चर्या उपदेशी है, ताकरि प्रवर्तनां सो यहु परोक्षविनय है ॥ १८३ ॥

आगै त्रिविधि विनय अन्य प्रकार करिकैं कहै है—

अर्थ—बहुरि उपचारिक कहिए धर्मात्मा के चित्त का अनुग्रह निमित्त भया अैसा जो विनय है सो प्रगटपणे संक्षेप थकी

समासतः संक्षेपतो भणितः कथितः। सप्तविधश्चतुर्विधो द्विविधो बोद्धव्यः। आनुपूर्व्यानुक्रमेण कायिकः सप्तप्रकारो वाचिकश्चतुर्विधः मानसिको द्विविध इति ॥ १८४ ॥

कायिकविनयं सप्तप्रकारमाह—

अब्भुट्ठाणं सण्णदि आसणदाणं अणुप्पदाणं च।
किदियम्मं पडिरूवं आसणचाओ य अणुव्वजणं ॥ १८५ ॥※

अभ्युत्थानम् आदरेणोत्थानं। **सन्नतिः** शिरसा प्रणामः। **आसनदानं** पीठाद्युपनयनं। **अनुप्रदानं** च पुस्तकपिच्छिकाद्युपकरणदानं। **क्रियाकर्म** श्रुतभक्त्यादिपूर्वककायोत्सर्गः **प्रतिरूपं** यथायोग्यं, अथवा शरीरप्रतिरूपं कालप्रतिरूपं भावप्रतिरूपं च क्रियाकर्म शीतोष्णमूत्रपुरीषाद्यपनयनं। **आसनपरित्यागो** गुरोः पुरत उच्चस्थाने न स्थातव्यं। **अनुव्रजनं** प्रस्थितेन सह किंचिद्गमनमिति। अभ्युत्थानमेकः सन्नतिर्द्वितीय आसन-

---

कायिक, वाचिक, मानसिक भेदतैं तीन प्रकार कह्या है सो अनुक्रमकरि कायिक-विनय सात प्रकार, वाचिक-विनय च्यारि प्रकार, मानसिक विनय दोय प्रकार जाननां ॥ १८४ ॥

आगै कायिक-विनय सात प्रकार कैसे है ? सो कहै है—

अर्थ—अभ्युत्थानं कहिये आदरकरि उठावनां—येक तौ यहु। बहुरि सन्नति कहिए मस्तककरि नमस्कार करनां—दूसरा यहु। बहुरि आसनदान कहिए पीठादिक देनें—तीसरा यहु। बहुरि अनुदानं कहिए पुस्तक, पिच्छी इत्यादिक उपकरण देनां—चौथा यहु। बहुरि प्रतिरूप कृतिकर्म कहिये यथायोग्य श्रुत भक्त्यादि पूर्वक क्रियाकर्म्म, कायोत्सर्ग करना। अथवा शरीर-प्रतिरूप, काल-प्रतिरूप, भाव-प्रतिरूप, क्रियाकर्म, शीत, उष्ण, मूत्रपुरीष इत्यादिक बाधा का मेटनां—यहु पांचवा प्रकार है। बहुरि आसनत्याग

※ फलटन से प्रकाशित में ये गाथाएँ इसके पहले हैं। ये गाथाएँ मूल में नहीं हैं—

उपचार विनय के दो भेदों का वर्णन—

अहवोवचारिओ खलु विणओ दुविहो समासदो होदि।
पडिरूवकालकिरियाणासादणसीलदा चेव ॥
पडिरूवो काइगवाचिगमाणसिगो दु बोधव्वो।
सत्त चदुव्विह दुविहो जहाकमं होदि भेदेण ॥

अर्थात् धर्मात्मा के चित्त पर अनुग्रह करने वाला औपचारिक विनय संक्षेप से दो प्रकार का है। प्रतिरूप-कालक्रिया-विनय—गुरुओं के अनुरूप काल आदि को देखकर क्रिया अर्थात् भक्ति-सेवा आदि करना। अनासादनशीलता विनय—आचार्यों आदि की निन्दा नहीं करने का स्वभाव होना, ऐसे दो भेद हैं। प्रतिरूपविनय कायिक, वाचिक और मानसिक भेद से तीन प्रकार का है। कायिकविनय सात प्रकार का, वाचिक चार प्रकार का और मानसिक विनय दो प्रकार का है।

दानं तृतीयः अनुप्रदानं चतुर्थः प्रतिरूपक्रियाकर्म पंचमः आसनत्यागः षष्ठोऽनुव्रजनं सप्तमः प्रकारः कायिकविनयस्येति ।। १८५ ।।

वाचिकमानसिकविनयभेदानाह—

हिदमिदपरिमिदभासा अणुवीचीभासणं च बोधव्वं ।
अकुसलमणस्स रोधो कुसलमणपवत्तओ चेव ।। १८६ ।।❀

हितभाषणं मितभाषणं परिमितभाषणमनुवीचिभाषणं च । हितं धर्मसंयुक्तं । मितमल्पाक्षरं बह्वर्थं । परिमितं कारणसहितं । अनुवीची-भाषणमागमाविरुद्धवचनं चेति चतुर्विधो वचनविनयो ज्ञातव्यः । तथाऽ**कुशलमनसो रोधः** पापादानकारकचित्तनिरोधः । **कुशलमनसो**धर्मप्रवृत्त-चित्तस्य **प्रवर्तकश्चेति** द्विविधो मनोविनय इति ।। १८६ ।।

स एवं द्विविधो विनयः साधुवर्गेण कस्य कर्तव्य इत्याशंकायामाह—

रादिणिए उणरादिणिएसु अ अज्जासु चेव गिहिवग्गे ।
विणओ जहारिओ सो कायव्वो अप्पमत्तेण ।। १८७ ।।

रादिणिए—रात्र्यधिके दीक्षागुरौ श्रुतगुरौ तपोधिके च । **उणरादिणिएसु य**—ऊनरात्रिकेषु च तपसा कनिष्ठेषु गुणकनिष्ठेषु वयसा

कहिए गुरुनिके आगैं ऊंचै स्थान नांही बैठना—यहु छठा प्रकार है। बहुरि अनुव्रजन कहिए चालतैं केतीक दूरि तांई साथ जानां—यहु सातवां प्रकार है। अैसे कायिक-विनय सात प्रकार कहै ।। १८५ ।।

आगैं वाचिक, मानसिक-विनय भेदनिकौं कहै है—

अर्थ—हित कहिए हितरूप धर्म-संयुक्त वचन बौले, मित कहिए अल्प अक्षर, जिनिमैं अर्थ बहुत—अैसा वचन बोलै तथा परिमित कहिए कारण सहित वचन बौले, बहुरि अनुवीचि भाषण कहिए आगमतैं अविरुद्ध वचन बौलै—अैसे वचन-विनय च्यारि प्रकार जाननां। बहुरि मानसिक विनय दोय प्रकार है—१. अकुशलमनः—पापग्रहण करावनैं वाला चित्त, ताका रोकनां। बहुरि २. कुशलमनः कहिए धर्म्म विषैं प्रवर्त्या चित्त, ताका प्रवर्तावनां—अैसे दोय प्रकार मानसिक विनय है ।। १८६ ।।

सो यहु विनय साधु वर्ग कौन का करैं ? अैसी आशंका होतै संतै कहै है—

अर्थ—रात्र्याधिक कहिए दीक्षा गुरु, श्रुत-गुरु, तपोधिक। बहुरि ऊनरात्रिक कहिए तपकरि घटते (लघु), गुणकरि घटते,

---

❀ फलटन से प्रकाशित में कुछ अन्तर है—

हिदमिदमद्दवअणुवीचिभासणो वाचिगो हवे विणओ ।
असुहमणसण्णिरोहो सुहमणसंकप्पगो तदिओ ।।

अर्थात् हितभाषण, मितभाषण, मृदुभाषण और आगम के अनुकूल भाषण यह वाचिक विनय है। अशुभमन का निरोध करना और शुभ में मन लगाना—ये दो मानसिक विनय के भेद हैं।

कनिष्ठेषु च साधुषु । **अज्जासु**—आर्यिकासु । **गिहिवग्गे**—गृहिवर्गे श्रावकलोके च । **विनयो यथार्हो** यथायोग्यः कर्तव्यः । **अप्रमत्तेन** प्रमादरहितेन । साधूनां यो योग्यः आर्यिकाणां यो योग्यः, श्रावकाणां यो योग्यः, अन्येषामपि यो योग्यः स तथा कर्तव्य, केन ? साधुवर्गेणाप्रमत्तेनात्मतपोऽनुरूपेण प्रासुकद्रव्यादिभिः स्वशक्त्या चेति ॥१८७॥

किमर्थं विनयः क्रियते इत्याशंकायामाह—

विणयेण विप्पहीणस्स हवदि सिक्खा णिरत्थिया सव्वा ।
विणओ सिक्खाए फलं विणयफलं सव्वकल्लाणं ॥ १८८ ॥

विनयेन विप्रहीणस्य विनयरहितस्य भवति शिक्षा श्रुताध्ययनं **निरर्थिका** विफला सर्वा सकला विनयः पुनः शिक्षा या विद्याध्ययनस्य फलं, विनयफलं सर्वकल्याणान्यभ्युदयनिःश्रेयससुखानि । अथवा स्वर्गावतरणजन्मनिष्क्रमणकेवलज्ञानोत्पत्तिपरिनिर्वाणादीनि कल्याणादीनीति ॥ १८८ ॥

विनयस्तवमाह—

विणओ मोक्खद्दारं विणयादो संजमो तवो णाणं ।
विणएणाराहिज्जदि आइरिओ सव्वसंघो य ॥ १८९ ॥

विनयो मोक्षस्य द्वारं प्रवेशकः । विनयात्संयमः । विनयात्तपः । विनयाच्च ज्ञानं । भवतीति सम्बन्धः । विनयेन चाराध्यते आचार्यः सर्वसंघश्चापि ॥ १८९ ॥

अवस्था करि घटते—अैसे साधु, तिनि विषैं । बहुरि आर्यिकानि विषैं, बहुरि गृही वर्ग कहिए श्रावक लोक, तिनि विषैं यथायोग्य विनय प्रमाद-रहित साधु कूं करने योग्य है । साधुनि कै योग्य-साधुनि का विनय करनां, आर्यिकानि के योग्य आर्यिकानि का विनय करना, श्रावकानि के योग्य श्रावकनि का विनय करना । अन्य के योग्य होय सो अन्य का करना । अपने तप के अनुरूप प्रासुक द्रव्यादिकरि अर शक्ति करि करनां ॥ १८७ ॥

आगैं विनय किस प्रयोजन कै अर्थि करिए ? अैसी आशंका होतै संतै कहै है—

अर्थ—जो विनय करि रहित है ताका शास्त्र अध्ययन करनां सर्व निरर्थक-विफल जाननां । जातै शिक्षा, जो विद्या का अध्ययन, ताका फल विनय है । बहुरि विनय का फल सर्वकल्याण कहिए अभ्युदय तिस के सुख हैं । अथवा स्वर्गावतरण, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञानोत्पति, निर्वाण—अैसे पंचकल्याणक हैं सो विनय का फल है ॥ १८८ ॥

बहुरि विनय का स्तवन करैं है—

अर्थ—विनय है सो मोक्ष का द्वार कहिये प्रवेश करावने वाला है । बहुरि विनयतैं संयम होय है । विनयतैं तप होय है, विनयतैं ज्ञान होय है, विनयकरि आचार्यनि को आराधना होय है, सर्वसंघ की आराधना होय है ॥ १८९ ॥

आयारजीदकप्पगुणदीवणा अत्तसोधि णिज्जंजा[1] ।
अज्जवमद्दवलाहवभत्तीपल्हादकरणं च ॥ १९० ॥

आचारस्य गुणा जीद (त) प्रायश्चित्तस्य कल्पप्रायश्चित्तस्य गुणास्तद्गतानुष्ठानानि तेषां दीपनं प्रकटनं । आत्मशुद्धिश्चात्मकर्मनिर्मुक्तिः । निर्द्वन्द्वः कलहाद्यभावः । ऋजोर्भाव आर्जवं स्वस्थता, मृदो भावो मार्द्रवं मायामानयोर्निरासः । लघोर्भावो लाघवं निःसंगता लोभनिरासः । भक्तिगुरुसेवा । प्रह्लादकरणं च सर्वेषां सुखोत्पादनं । यो विनयं करोति तेनाचरजीदकल्पविषया ये गुणास्ते दीपिता उद्योतिता भवंति । आर्जवमार्दवलाघवभक्तिप्रह्लादकरणानि च भवंति विनयकर्तुरिति ॥ १९० ॥

कित्ती मित्ती[2] माणस्स भंजणं गुरुजणे य बहुमाणं ।
तित्थयराणं आणा गुणाणुमोदो य विणयगुणा ॥ १९१ ॥

कीर्तिः सर्वव्यापी प्रतापः ख्यातिश्च । मैत्री सर्वैः सह मित्रभावः । मानस्य गर्वस्य भंजनमामर्दनं । गुरुजने च बहुमानं पूजाविधानं । तीर्थंकराणामाज्ञा पालिता भवति । गुणानुमोदश्च कृतो भवति । एते विनयगुणा भवन्तीति । विनयस्य कर्ता कीर्तिं लभते । तथा मैत्रीं लभते । तथात्मनो मानं निरस्यति । गुरुजनेभ्यो बहुमानं लभते । तीर्थंकराणामाज्ञां च पालयति । गुणानुरागं च करोतीति ॥ १९१ ॥

वैयावृत्यस्वरूपं निरूपयन्नाह—

आइरियादिसु पंचसु सबालवुड्ढाउलेसु गच्छेसु ।
वेज्जावच्चं वुत्तं कादव्वं सव्वसत्तीए ॥ १९२ ॥

आगैं बहुरि विनय के गुण कहै हैं—

अर्थ—आचार के गुण, जीद (जीत)–प्रायश्चित के गुण, कल्प-प्रायश्चित्त के गुण—जो तिनि विषै प्राप्त आचरण हैं, तिनका दीपन कहिए प्रगटपनां, बहुरि आत्मशुद्धि कहिए आत्मा के कर्मतै छूटनां, बहुरि निर्द्वंद कहिए कलहादिक का अभाव, बहुरि ऋजु का भाव सो आर्ज्जव, मार्दव कहिए कोमलभाव, माया-मान का निराकरण लाघव कहिए, लघुभाव-निःसंगता लोभ का निरास, भक्ति कहिए गुरुनिकी सेवा, प्रल्हादकरण कहिए सर्व कै सुख उपजावनां—ये विनय के गुण हैं। जो विनय करै हैं, तातैं ये गुण प्रगट होय हैं ॥ १९० ॥

बहुरि विनय के गुण कहै है—

अर्थ—कीर्ति कहिये सर्वव्यापि प्रताप अथवा ख्याति । बहुरि मैत्री कहिए सर्वप्राणीनि करि सहित मित्रता होय । बहुरि मान कहिए गर्व, ताका भंजन कहिए निराकरण होय, बहुरि गुरुजन जे आचार्यादिक, तिनितैं बहुमान पावैं, बहुरि तीर्थंकरनि की आज्ञा पालैं, बहुरि गुणनि की अनुमोदनां करै, गुणनितैं अनुराग करैं । विनय करने वाले कैं—येतैं गुण प्रगट होय । अैसे विनय के गुण कहे ॥ १९१ ॥

---

१. ख. णिस्संका । २. अ. ब. मेत्ती ।

आचार्योपाध्यायस्थविरप्रवर्तकगणधरेषु पंचसु । बाला नवकप्रव्रजिताः । वृद्धा वयोवृद्धास्तपोवृद्धा गुणवृद्धास्तैराकुलो गच्छस्तथैव बालवृद्धाकुले गच्छे सप्तपुरुषसन्ताने । वैयावृत्यमुक्तं यथोक्तं कर्तव्यं सर्वशक्त्या सर्वसामर्थ्येन उपकरणाहारभैषजपुस्तकादिभिरुपग्रहः कर्तव्य इति ॥ १९२ ॥

पुनरपि विशेषार्थं श्लोकेनाह—

गुणाधिए उवज्झाए तवस्सि सिस्से य दुव्वले[1] ।
साहुगण कुले संघे समणुण्णे य चापदि ॥ १९३ ॥

गुणैरधिको गुणाधिकस्तस्मिन् गुणाधिके । उपाध्याये श्रुतगुरौ । तपस्विनि कायक्लेशपरे । शिक्षके शास्त्रशिक्षणतत्परे दुःशीले वा दुर्बले व्याध्याक्रान्ते वा । साधुगणे ऋषियतिमुन्यनगारेषु । कुले [2]शुक्रकुले स्त्रीपुरुषसन्ताने । संघे चातुर्वर्ण्ये श्रमणसंघे । समनोज्ञे सुखासीने सर्वोपद्रवरहिते । आपदि चोपद्रवे संजाते वैयावृत्यं कर्तव्यमिति ॥ १९३ ॥

कैः कृत्वा वैयावृत्यं कर्तव्यमित्याह—

सेज्जोग्गासणिसेज्जो तहोवहिपडिलेहणा[3] हि उवग्गहिदे ।
आहारोसहवायण विकिंचणं वंदणादीहिं[4] ॥ १९४ ॥

आगै वैयावृत्य के स्वरूप कौ निरूपण करता संता कहै है—

अर्थ—आचार्यादिक कहिए आचार्य, उपाध्याय, स्थविर, प्रवर्तक, गणधर—ऐसे पंच प्रकार, तिनिकै विषै। बहुरि बाल कहिए नवीनदीक्षित, वृद्ध कहिए अवस्था करि बड़े तथा तपकरि बड़े तथा गुणकरि बड़े, तिनि करि व्याप्त जो गच्छ कहिये सप्त पुरुषनि का संतान ताकै विषै वैयावृत्य कह्या है सो सर्व शक्ति करिकैं सर्व अपनी सामर्थ्य प्रगट करि उपकरण, आहार, भेषज, पुस्तक-इत्यादिक करि उपकार करणां ॥ १९२ ॥

बहुरि विशेष प्राकृत श्लोक करि कहै है—

अर्थ—गुणाधिक कहिए-गुणनिकरि अधिक, तिनि विषैं, बहुरि उपाध्याय कहिये पढ़नैं-पढावनै के अधिकारी श्रुतगुरु तिनिकै विषै। बहुरि तपस्वी कहिए कायक्लेश कै विषै तत्पर तपश्चरणा करणे वाले, तिनि विषैं, बहुरि शिष्य के कहिये शास्त्र सीखनै विषै तत्पर—ऐसे शिष्यजन अथवा दुःशील कहिये दुष्ट परिणामी तिनिकै विषै। बहुरि दुर्बल कहिए रोगकरि पीड़ित तिनि विषै, बहुरि साधुगण कहिए ऋषि, यति, मुनि, अनगार—ऐसे च्यारि प्रकार साधु-समूह, तिनि विषै। बहुरि कुल कहिए अपनां गुरुकुल, तीन पुरुषनिका संतान ताकै विषै। बहुरि संघे कहिए चातुर्वर्ण संघकै विषैं, समनोज्ञ कहिए मनोज्ञ सुखासीन सर्व उपद्रव रहित, ताकै विषै। बहुरि आपदि कहिये उपद्रव कूं होत संतै वैयावृत्य करनां योग्य है ॥ १९३ ॥

---

१. अ. ब. तवस्सि सेहे दुव्वले । २. क कुले गुरुकुले । 'कुले—शुक्रकुले स्त्रीपुरुषसन्ताने' इति पाठान्तरम् ।
३. अ. ब. उवहिपडिलिहणाउवगाहिदे । ४. अ. ब. क °दीणं ।

शय्यावकाशो वसतिकावकाशदानं निषद्याऽऽसनादिकं । **उपधिः** कुण्डिकादि । **प्रतिलेखनं** पिच्छिकादिः । इत्येतैरुपग्रह **उपकारः** । अथवैतैरुपगृहीते स्वीकृते । तथाहारौषधवाचनाव्याख्यानविकिंचनमूत्रपुरीषादिव्युत्सर्गवन्दनादिभिः । आहारेण भिक्षाचर्यया । **औषधेन** शुंठिपिप्पल्यादिकेन । शास्त्रव्याख्यानेन । च्युतमलनिर्हरणेन । वन्दनया च । शय्यावकाशेन निषद्ययोपधिना प्रतिलेखनेन च पूर्वोक्तानामुपकारः कर्तव्यः । एतैस्ते प्रतिगृहीता आत्मीकृता भवन्तीति ।। १९४ ।।

केषु स्थानेषूपकारः क्रियतेऽत आह—

अद्धाणतेसावदरायणदीरोधणासिवे ओमे ।
वेज्जावच्चं वुत्तं संगहसारक्खणोवेदं ।। १९५ ।।

अध्वनि श्रान्तस्य । **स्तेनैः**श्चौरैरुपद्रुतस्य । **श्वापदैः** सिंहव्याघ्रादिभिः परिभूतस्य । **राजभिः** खंचितस्य । **नदीरोधेन** पीडितस्य । **अशिवेन** मारिरोगादिव्यथितस्य । **ओमे**—दुर्भिक्षपीडितस्य । **वैयावृत्यमुक्तं संगहसारक्षणोपेतं** । तेषामागतानां संग्रहः कर्तव्यः । संगृहीतस्य रक्षणं कर्तव्यं । अथचैवं सम्बन्धः कर्तव्यः । एतेषु प्रदेशेषु संग्रहोपेतं सारक्षणोपेतं च वैयावृत्यं कर्तव्यमिति । अथवा रोधशब्दाः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । पथिरोधश्चौररोधः श्वापदरोधः राजरोधो नदीरोध एतेषु रोधेषु तथा अशिवे दुर्भिक्षे च वैयावृत्यं कर्तव्यमिति ।। १९५ ।।

स्वाध्यायस्वरूपमाह—

परियट्टणाय वायण पडिच्छणाणुपेहणा य धम्मकहा ।
थुदिमंगलसंजुत्तो पंचविहो होइ सज्झाओ ।। १९६ ।।

आगै कौन से कारणनिकरि वैयावृत्य करणां, सो कहिये हैं—

अर्थ—शय्याकरि अवकाश कहिए वसतिका का अवकाश दैनैंकरि, निषद्या कहिए आसनादिक के देनेकरि, उपधि कहिए कमडंलु आदि करि, प्रतिलेखन कहिए पिच्छिकादिक करि, अथवा आहार कहिए भिक्षाचर्या करि, औषध कहिए सूंठि, पीपलि इत्यादिक करि-वाचना कहिये शास्त्र-व्याख्यान करि, विकिंचन कहिये मूत्रपुरीषादिक का व्युत्सर्ग—च्युत मल का निरहरण ताकरि। बहुरि वंदनादिक करि पूर्वैं कहै जे मुनि तिनि का उपकार करनां। यहु वैयावृत्य तप है। ऐसे उपकार करनैं तैं अपनैं होय हैं, तिनितैं एकता होय है ।। १९४ ।।

आगै कौन से स्थान विषैं उपकार करिए सो कहै है—

अर्थ—जो साधु मार्ग विषैं खेदखिन्न भया होय तथा चोरनि करि जाकूं उपद्रव भया होय तथा श्वापद कहिये नाहर, वघेरा इत्यादिक क्रूर जीवनि करि जाका परिभव भया होय अथवा राजानि करि भय भया होय। तथा नदी के रोध करि पीडित भया होय। तथा अशिव कहिये मारी रोगादिक करि व्याधि युक्त होय तथा दुर्भिक्ष करि पीडित होय, ताका वैयावृत्य कह्या है। सो संग्रह कहिए आए का संग्रह करना। संरक्षण कहिए जाका संग्रह कीया ताका रक्षण करनां। ऐसे संग्रह सारक्षण करि सहित एते स्थानकनि विषैं वैयावृत्य करनां ।। १९५ ।।

परिवर्तनं पठितस्य ग्रन्थस्यानुवेदनं । **वाचना** शास्त्रस्य व्याख्यानं । **पृच्छना** शास्त्रश्रवणं । **अनुप्रेक्षा** द्वादशानुप्रेक्षाऽनित्यत्वादि । **धर्मकथा** त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरितानि । स्तुतिर्मुनिदेववन्दना मंगल इत्येवं संयुक्तः पंचप्रकारो भवति स्वाध्यायः । परिवर्तनमेको वाचना द्वितीयाः पृच्छना तृतीयोऽनुप्रेक्षा चतुर्थो धर्मकथास्तुतिमंगलानि समुदितानि पंचमः प्रकारः । एवं पंचविधः स्वाध्यायः सम्यग्युक्तोऽनुष्ठेय इति ।।१९६।।

ध्यानस्वरूपं विवृण्वन्नाह—

अट्टं च रुद्दसहियं दोण्णिवि झाणाणि अप्पसत्थाणि ।
धम्मं सुक्कं च दुवे पसत्थझाणाणि णेयाणि ।। १९७ ।।

आर्तध्यानं रौद्रध्यानेन सहितं । एते द्वे ध्याने अप्रशस्ते नरकतिर्यग्गतिप्रापके । धर्मध्यानं शुक्लध्यानं चैते द्वे प्रशस्ते देवगतिमुक्तिगतिप्रापके । इत्येवंविधानि ज्ञातव्यानि । एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमिति ।। १९७ ।।

आर्तध्यानस्य भेदानाह—

अमणुण्णजोगइट्ठविओगपरीसहणिदाणकरणेसु ।
अट्टं कसायसहियं झाणं भणिदं समासेण ।। १९८ ।।

अमनोज्ञेन ज्वरशूलशत्रुरोगादिना योगः सम्पर्कः । इष्टस्य पुत्रदुहितृमातृपितृबन्धुशिष्यादिकस्य वियोगोऽभावः । परीषहाः क्षुत्तृट्छीतोष्णादयः । निदानकरणं इहलोकपरलोकभोगविषयोऽभिलाषः । इत्येतेषु प्रदेशेष्वार्तमनःसंक्लेशः कषायसहितं ध्यानं भणितं समासेन संक्षेपतः ।

आगे स्वाध्याय तप का स्वरूप कहै है—

अर्थ—परिवर्तन कहिये पढै ग्रंथ का प्रवर्त्तावनां, वाचना कहिए शास्त्रनिका व्याख्यान करना, पृच्छना कहिये शास्त्रनि का श्रवण करना, अनुप्रेक्षा कहिये बारह भावना—अनित्यादिक का चिंतवन । धर्मकथा कहिए त्रिषष्टि-शलाका-पुरुषनिके चरित्र, बहुरि स्तुति कहिए मुनि, देववंदना, मंगल इत्यादिक करि-संयुक्त । स्वाध्याय पंच प्रकार हैं—एक तो परिवर्तन, दूजी वाचना, तीजा पृच्छना, चौथा अनुप्रेक्षा, पांचवा धर्मकथा, स्तुति-मंगल इनिका समुदाय—अैसे पंच प्रकार स्वाध्याय भलै प्रकार अनुष्ठान करनां ।। १९६ ।।

आगैं ध्यान स्वरूप कूं विवरण करता संता कहै है—

अर्थ—आर्तध्यान, रौद्रध्यान करि सहित ए दोय ध्यान अप्रशस्त हैं । नरक, तिर्यंच गति के प्राप्त करणहारे हैं । धर्म्मध्यान, शुक्लध्यान ए दोय ध्यान प्रशस्त हैं । देवगति, मुक्तिगति के प्राप्त करणहारे हैं । अैसे ये च्यारि प्रकार ध्यान जाणन । एकाग्रचिंता का निरोध यहु ध्यान का लक्षण है ।। १९७ ।।

आगैं आर्त्तध्यान का भेद कहै हैं—

अर्थ—अमनोज्ञ कहिये ज्वर, शूल, शत्रु, रोग इत्यादिक करि । योग कहिए संबंध, ताकूं होतैं संतै तथा इष्ट कहिये

कदा ममानेनामनोज्ञेन वियोगो भविष्यतीत्येवं चिन्तनमार्तध्यानं प्रथमं । इष्टैः सह सर्वदा यदि मम संयोगो भवति वियोगो न कदाचिदपि स्याद्य-द्येवं चिन्तनमार्तध्यानं द्वितीयं । क्षुत्तृट्शीतोष्णादिभिरहं व्यथितः कदैतेषां ममाभावः स्यात् । कथं मयौदनादयो लभ्या येन मम क्षुधादयो न स्युः । कदा मम वेलायाः प्राप्तिः स्याद्येनाहं भुंजे पिबामि वा । हाकारं पूत्कारं जलसेकं च कुर्वतोऽपि न तेन मम प्रतीकार इति चिन्तनमार्तध्यानं तृतीय-मिति । इहलोके यदि मम पुत्राः स्युः परलोके यद्यहं देवो भवामि स्त्रीवस्त्रादिकं मम स्यादित्येवं चिन्तनं चतुर्थमार्तध्यानमिति ।। १९८ ।।

रौद्रध्यानस्वरूपं प्रतिपादयन्नाह—

तेणिक्कमोससारक्खणेसु तध केव छव्विहारंभे ।
रुद्दं कसायसहिदं झाणं भणियं समासेण ।। १९९ ।।

स्तैन्यं परद्रव्यापहरणाभिप्रायः । मृषाऽनृते तत्परता । सारक्षणं यदि मदीयं द्रव्यं चोरयति तमहं निहन्मि, एवमायुधव्यग्रहस्तमारणा-भिप्रायः । स्तैन्यमृषावादसारक्षणेषु । तथा चैव षड्विधारम्भे पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसकायिकविराधने च्छेदनभेदनवधताडनदहनेषूद्यमः रौद्रं

पुत्र-पुत्री, माता-पिता, बंधु, शिष्य इत्यादिक तिनिका वियोग कहिए अभाव ताकूं होतैं संतै तथा परीषह कहिए क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण इत्यादिक की बाधा होतैं संतै, तथा निदानकरण कहिए इहलोक-परलोक संबंधी भोग, तिनि विषैं अभिलाष, ताकूं होते जो कषाय सहित मन का संक्लेश सो आर्तध्यान संक्षेपकरि कह्या, अैसा जाननां—

१—यहु मेरै अमनोज्ञ-अनिष्ट का संबंध है । याका वियोग कब होयगा ? या प्रकार चिंतवन करै, यहु प्रथम आर्तध्यान है । तथा

२—इष्टपदार्थनिकरि सहित मेरे सदा संबंध होहु, कदाचित् भी वियोग मति होहु या प्रकार चिंतवन करैं—यहु दूसरा आर्तध्यान है । तथा

३—क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण इत्यादिक करि मैं पीडित हौं, इनिका मेरे कब अभाव होयगा ? मैं औदनादिक कैंसे पाऊं ? जाकरि मेरे क्षुधा आदिक न होहि । मेरैं भोजन वैला की प्राप्ति कब होयगी ? जाकरि मैं भोजन-करूं पान करूं । अैसे संक्लेश करता, हाहाकार वचन करूं हूं, पुकार करूं हूं, जल सेक (सिंचन) करूं हूँ, तौहु मेरे उपशम नांही होय है—अैसा चिंतवन करै । यह तीसरा आर्तध्यान है । तथा

४—यह लोक विषैं जो मेरे पुत्र हौहि, परलोक विषैं हू देवजन्म पाऊं, स्त्री-वस्त्रादिक मेरै होय—या प्रकार चिंतवन करै । यहु चौथा आर्तध्यान है ।।१९८।।

आगै रौद्रध्यान का स्वरूप प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—स्तैन्य कहिये पैले का द्रव्य हरणैं का अभिप्राय, मृषा कहिए अनृत-असत्य वचन, ताके विषैं तत्परता । तथा सारक्षण कहिए जो मेरा द्रव्य कोऊ चौरै, ताहि मैं मारूं । अैसे आयुधकरि सहित है हस्त जाकैं—अैसे मारणै का अभिप्राय तथा पृथवी, अप्, तेज, बायु, बनस्पति, त्रस—अैसे छह प्रकार जीवनि को काय, तिनिका आरंभ विषैं विराधन, छेदन, भेदन, बंधन, वध, तपडन, दहन-इनि विषैं जो उद्यम सो यहु कषाय सहित रौद्रध्यान संक्षेप करि कह्या है ।

कषायसहितं ध्यानं भणितं । समासेन संक्षेपेण । परद्रव्यहरणे तत्परता प्रथमं रौद्रं । परपीडाकरे मृषावादे यत्नः द्वितीयं रौद्रं । द्रव्यपशुपुत्रादिरक्षण-विषये चौरदायादिमारणोद्यमे यत्नस्तृतीयं रौद्रं । तथा षड्विधे जीवमारणारम्भे कृताभिप्रायश्चतुर्थं रौद्रमिति ।। १९९ ।। ततः—

अवहट्टु अट्टरुद्दे महाभए सुग्गदीयपच्चूहे ।
धम्मे वा सुक्के वा होहि समण्णागदमदीओ ।। २०० ।।

यत एवंभूते आर्तरौद्रे । किंविशिष्टे, महाभये महासंसारभीतिदायिनि (नी) सुगतिप्रत्यूहे—देवगतिमोक्षगतिप्रतिकूले । अपहृत्य निराकृत्य । धर्मध्याने शुक्लध्याने वा भव सम्यग्विधानेन गतमतिः । धर्मध्याने शुक्लध्याने च सादरो सुष्ठु विशुद्धं मनो विधेहि समाहितमतिर्भवेति ।। २०० ।।

धर्मध्यानभेदान् प्रतिपादयन्नाह—

एयग्गेण मणं णिरुंभिऊण धम्मं चउव्विहं झाहि ।
आणापायविवायविचओ य संठाणविचयं च ।। २०१ ।।*

एकाग्रेण पंचेन्द्रियव्यापारपरित्यागेन कायिकवाचिकव्यापारविरहेण च । मनो मानसव्यापारं । निरुध्यात्मवशं कृत्वा । धर्मं चतुर्विधं चतुर्भेदं । ध्याय चिन्तय । के ते चत्वारो विकल्पा इत्याशंकायामाह—आज्ञाविचयोऽपायविचयो विपाकविचयः संस्थानविचयश्चेति ।। २०१ ।।

१-पैंला का द्रव्य हरणैं कै विषैं तत्परता यहु—प्रथम रौद्र ध्यान है । तथा २-पैलेकूं पीडा करनैं वाला जो असत्य वचन ताकै विषै यतन सौ यहु दूसरा रौद्रध्यान है। तथा ३—द्रव्य, पशु, पुत्र इत्यादिक की रक्षा कैं विषै चोर दायाद कहिये वटायत इत्यादिक कै मारनैं का उद्यम विषै यतन, यहु तीसरा रौद्रध्यान है । तथा ४—छह प्रकार जीव मारनै का कारण जो आरम्भ, ताकैं विषै किया जो अभिप्राय सो चौथा रौद्रध्यान है ।। १९९ ।।

तातैं कहा करिए ? सो कहै है—

अर्थ—जातैं आर्त, रौद्रध्यान—अैसे भेदनिकरि सहित है, संसार सम्बन्धी महाभय के दाता, सुगति जो देवगति, मोक्षगति तैं प्रतिकूल इनिका निराकरण करि धर्म्मध्यान तथा शुक्लध्यान विषैं समाधान है बुद्धि जाकी, अैसा होउ । धर्म्मध्यान, शुक्ल ध्यान के विषैं आदर सहित होहु, आतिशयकरिकैं विशुद्ध मन करहु ।। २०० ।।

आगैं धर्मध्यान के भेद प्रतिपादन करता कहै है—

अर्थ—एकाग्रता करि पांच इन्द्रियनि के व्यापार का परित्याग करि काय-संबंधी, वचन सम्बन्धी व्यापार का निवारण करि मन का व्यापारकूं रोकि अपनैं वशिकरि च्यारि प्रकार धर्म्मध्यान हैं, ताहि ध्यावो । ते च्यारि विकल्प कौन से ? अैसी आशंका होतैं कहै हैं । आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय, संस्थानविचय—अैसे च्यारि प्रकार जाननां ।। २०१ ।।

---

* यही गाथा षट्खण्डागम (धवला टीका) १. ५. १. पुस्तक ४. पृ. ३१६ तथा भगवती आराधना (गाथा १७११) में भी देखिए ।

तत्राज्ञाविचयं विवृण्वन्नाह—

पंचत्थिकायछज्जीवणिकाये कालदव्वमण्णे य ।

आणागेज्झे भावे आणाविचयेण विचिणादि ॥ २०२ ॥

पंचास्तिकायाः जीवास्तिकायोऽजीवास्तिकायो धर्मास्तिकायोऽधर्मास्तिकायो वियदास्तिकाय इति तेषां प्रदेशबन्धोऽस्तीति कृत्वा काया इत्युच्यन्ते । षड्जीवनिकायश्च पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसाः । कालद्रव्यमन्यत् । अस्य प्रदेशबन्धाभावादस्तिकायत्वं नास्ति । एतानाज्ञाग्राह्यान् भावान् पदार्थान् । आज्ञाविचयेनाज्ञास्वरूपेण । विचिनोति विवेचयति ध्यायतीति यावत् । एते पदार्थाः सर्वज्ञनाथेन वीतरागेण प्रत्यक्षेण दृष्टा न कदाचिद् व्यभिचरन्तीत्यास्तिक्यबुद्धया तेषां पृथक्पृथग्विवेचनेनाज्ञाविचयः । यद्यप्यात्मनः प्रत्यक्षबलेन हेतुबलेन वा न स्पष्टा तथापि सर्वज्ञाज्ञा-निर्देशन गृह्णाति नान्यथावादिनो जिना यत इति ॥ २०२ ॥

अपायविचयं विवृण्वन्नाह—

कल्लाणपावगाओ पाए विचिणादि जिणमदमुविच्च ।

विचिणादि वा अपाये जीवाण सुहे य असुहे य ॥ २०३ ॥

कल्याणप्रापकान् पंचकल्याणानि यैः प्राप्यन्ते तान् प्राप्यान् सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि । विचिनोति ध्यायति । जिनमतमुपेत्य जैनागम-माश्रित्य । विचिनोति वा ध्यायति वा । अपायान् कर्मापगमान् स्थितिखण्डाननुभागखण्डानुत्कर्षापकर्षभेदान् । जीवानां सुखानि जीवप्रदेशसंतर्प-णानि । असुखानि दुःखानि चात्मनस्तु विचिनोति भावयतीति । एतैः कर्तव्यैर्जीवा दूरतो भवन्ति शासनात्, एतैस्तु शासनमुपढौकते, एतैः परिणामैः

आज्ञाविचय का विवरण करता संता कहै हैं—

अर्थ—पंचास्तिकाय कहिए जीवास्तिकाय, अजीवास्तिकाय, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय—इनिकै प्रदेशनि का बंधान है तातैं काय कहिए है । तातैं इनि पंच अस्तिकाय हैं, तिनहि तथा षट्जीवनिकाय कहिए पृथ्वीकाय, अप्काय तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, त्रसकाय—अैसे छहकाय हैं तिनहि, बहुरि कालद्रव्य पंचास्तिकायतैं जुदा हैं । याकै प्रदेशबंध नांही है । तातैं अस्तिकायपनां नांही है, द्रव्य (काय) संज्ञा है । ताहि ए आज्ञाग्राह पदार्थ हैं, तिनहि आज्ञास्वरूप करिकैं विचारै, विवेक करैं, ध्यावै, ये पदार्थ सर्वज्ञनाथ वीतरागनैं प्रत्यक्षज्ञानकरि देखैं हैं । इनिमैं कदाचित् व्यभिचार नांही—अैसी अस्तिकाय बुद्धिकरि तिनिका जुदा-जुदा विवेककरि यद्यपि अपनैं प्रत्यक्षबल करि तथा हेतुबल करि स्पष्ट नांही भासै हैं, तथापि सर्वज्ञ की आज्ञा का निर्देशकरि ग्रहण करैं । जिन भगवान् अन्यथावादी नांही—अैसे ध्यावै सो आज्ञाविचय कहिए ॥ २०२ ॥

आगैं अपायविचय का विवरण करता संता कहै है—

अर्थ—कल्यान कैं प्राप्त करनहारे, जिनतै पंचकल्याणक प्राप्ति होहि, अैसे उपाय सम्यग्दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक्-चारित्र, तिनहि जिनमत का आश्रय ल्येय ध्यावै अथवा कर्मनिका अपाय अर्थात् स्थिति खंडन, अनुभागखंडन, उत्कर्षण, अपकर्षण भेद जीवनि के सुख जो जीवनि कैं प्रदेशनि का संतर्प्पण (सुख), असुख जो दुःख आपकै विचारै, भावनां करै—एते कर्तव्यनिकरि

संसारे भ्रमन्ति जीवाः, एतश्च संसाराद्विमुञ्चन्तीति चिन्तनमपायचिन्तनं नाम द्वितीयं धर्मध्यानमिति ॥ २०३ ॥

विपाकविचयस्वरूपमाह—

एआणेयभवगयं जीवाणं पुण्णपावकम्मफलं ।
उदओदीरणसंकमबंधं मोक्खं च विचिणादि ॥ २०४ ॥

एकभवगतमनेकभवगतं च जीवानां पुण्यकर्मफलं पापकर्मफलं च विचिनोति । उदयं स्थितिक्षयेण गलनं विचिनोति ये कर्मस्कन्धा उत्कर्षापकर्षादिप्रयोगेण स्थितिक्षयं प्राप्यात्मनः फलं ददते तेषां कर्मस्कन्धानामुदय इति संज्ञा तं ध्यायति । तथा चोदीरणमपक्वपाचनं । ये कर्मस्कन्धाः सत्सु स्थित्यनुभागेषु अवस्थिताः सन्त आकृष्याकाले फलदाः क्रियन्ते तेषां कर्मस्कन्धानामुदीरणमिति संज्ञा तद् ध्यायति । संक्रमणं परप्रकृतिस्वरूपेण गमनं विचिनोति । तथा बन्धं जीवकर्मप्रदेशान्योन्यसंश्लेषं ध्यायति । मोक्षं जीवकर्मप्रदेशविश्लेषमनन्तज्ञानदर्शनसुखवीर्यस्वरूपं विचिनोतीति सम्बन्धः । तथा शुभ प्रकृतीनां गुडखण्डशर्करामृतस्वरूपेणानुभागचिन्तनम् अशुभप्रकृतीनां निम्बकांजीरविषहालाहलस्वरूपेणानुभागचिन्तनम् तथा घातिकर्मणां लतादार्वस्थिशिलासमानानुचिंतनं[1] । नरकतिर्यग्मनुष्यदेवगतिप्रापककर्मफलचिन्तनं इत्येवमादिचिन्तनं विपाकविचयधर्म्यध्यानं नामेति ॥ २०४ ॥

जीव है, ते जिनशासन तैं दूरि होय हैं। एते कर्तव्यनि करि जिनशासन कूं प्राप्त होहि हैं। इनि परिणामनि करि जीव संसार के विषैं भ्रमैं है। इनि परिणामनि करि संसारतैं छूटै है, ऐसा चिंतवन करनां—यहु अपायविचय नामा दूसरा धर्मध्यान है ॥ २०३ ॥

आगैं विपाकविचय का स्वरूप कहै हैं—

अर्थ—एकभव विषैं प्राप्त तथा अनेक भव विषैं प्राप्त जो जीवनि के पुण्यकर्म का फल तथा पापकर्म का फल ताहि विचारै तथा उदय कहिए कर्मनिकी स्थिति के क्षय करि गलन होना जे कर्म्म स्कंध उत्कर्षण, अपकर्षण आदि प्रयोग बिना अपनी स्थिति का क्षयकूं पाय, आत्मा का फल देय खिरै, तिनि कर्म स्कंधनि की 'उदय' ऐसी संज्ञा है, ताहि ध्यावै तथा उदीरणा कहिए अपक्व पाचन, कर्मस्कंध स्थिति, अनुभागकूं होतैं संतैं अवस्थित है, तिनहि आकर्षण (खींच) करि बिना ही काल फलदाता करिए तिनि कर्म स्कंधनिकी उदीरणा ऐसी संज्ञा है, ताहि ध्यावै। बहुरि संक्रमण कहिए—अन्य प्रकृति स्वरूपकरि प्रकृति का परिणामनां, ताहि विचारै। बहुरि कहिए जीव अरु कर्म के प्रदेशनि का परस्पर संश्लेष होनां, एक क्षेत्रावगाह होनां, ताहि चिंतवै। बहुरि मोक्ष कहिए—जीव अर कर्म के प्रदेशनि का छूटना। अनंतज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य स्वरूप होनां चितवैं। तथा शुभ प्रकृतिनि का अनुभाग, गुड, खंड, शक्करा, अमृत ऐसे च्यारि स्वरूप करि कै चिंतवै तथा अशुभ प्रकृतिनि का अनुभाग निंब (नीम), कंजीर, विष, हालाहल—ऐसे च्यारि स्वरूप करि चिंतवै तथा घातिया कर्मनिका अनुभाग लता, दारू, अस्थि, शिला—ऐसें च्यारि प्रकार चिंतवै। तथा नरक तिर्यंच, मनुष्य, देव—ऐसे च्यारि गति का प्राप्त करनें वाला कर्म्म, ताके फलकूं चिंतवै। इत्यादिक चिन्तवन करै। सो यहु विपाक-विचय नामा धर्मध्यान है ॥ २०४ ॥

---

1. ख. समानानुभागविचिंतनं ।

संस्थानविचयस्वरूपं विवृण्वन्नाह—

उड्ढमहतिरियलोए विचिणादि सपज्जए ससंठाणे।
एत्थेव अणुगदाओ अणुपेक्खाओ य विचिणादि ॥ २०५ ॥

ऊर्ध्वलोकं सपर्ययं सभेदं ससंस्थानं त्र्यस्रचतुरस्रवृत्तदीर्घायतमृदंगसंस्थानं पटलेन्द्रकश्रेणीबद्धप्रकीर्णकविमानभेदभिन्नं विचिनोति ध्यायति। तथाधोलोकं सपर्ययं ससंस्थानं वेत्रासनाद्याकृतिं त्र्यस्रचतुरस्रवृत्तदीर्घायतादिसंस्थानभेदभिन्नं सप्तपृथिवीन्द्रकश्रेणिविश्रेणिवद्धप्रकीर्णक-प्रस्तरस्वरूपेण स्थितं शीतोष्णनारकसंहितं महावेदनारूपं च विचिनोति। तथा तिर्यग्लोकं सपर्ययं सभेदं ससंस्थानं झल्लर्याकारं मेरुकुलपर्वतादि ग्रामनगरपत्तनभेदभिन्नं पूर्वविदेहापरविदेहभरतैरावतभोगभूमिद्वीपसमुद्रवननदीवेदिकायतनकूटादिभेदभिन्नं दीर्घह्रस्ववृत्तायतत्र्यस्रचतुरस्रसंस्थान-सहितं विचिनोति ध्यायतीति सम्बन्धः। अत्रैवानुगता अनुप्रेक्षा द्वादशानुप्रेक्षा विचिनोति ॥ २०५ ॥

कस्ता अनुप्रेक्षा इति नामानीति दर्शयन्नाह—

अद्धुवमसरणमेगत्तमण्ण संसारलोगमसुचित्तं।
आसवसंवरणिज्जर धम्मं बोधिं च चिंतिज्जो[1] ॥ २०६ ॥*

ध्रुवमनित्यता। अशरणमनाश्रयः। एकत्वमेकोऽहं। अन्यत्वं शरीरादन्योऽहं। संसारश्चतुर्गतिसंक्रमणं। लोक ऊर्ध्वाधोमध्यवेत्रासन-

---

आगैं संस्थानविचय नामा धर्मध्यान का विचरण करता संता कहै है—

अर्थ—सपर्याय कहिए पटल इन्द्रक, श्रेणीबद्ध, प्रकीर्णक, विमाननि के भेदरूप पर्याय तिनिकरि सहित भिन्न रूप। बहुरि ससंस्थानं कहिए त्रयस्र चतुर सवृत्त दीर्घायत मृदंगाकार अैसे संस्थान करि सहित उर्द्धलोक है ताकि चिंतवै-ध्यावै तथा सपर्याय कहिए सप्त पृथिवी के इन्द्रक श्रेणीबद्ध, विश्रेणीबद्ध प्रकीर्णक प्रस्तर रूपकरि तिष्ठते शीतता-उष्णता सहित महावेदनां रूप नरक के विलानि तिनि भेदनि करि सहित। ससंस्थानं कहिए वेत्रासन आदि आकार त्र्यस्र, चतुस्र वृत, दीर्घायत आदि संस्थाननि के भेद तिनिकरि सहित भिन्नरूप जो अधोलोक ताहि चिंतवै तथा सपर्याय कहिए मेरू, कुल, पर्वत आदि ग्राम, नगर, पत्तन भेद करि भिन्न। बहुरि पूर्व विदेह, अपर विदेह, भरत, ऐरावत, भोगभूमि, द्वीप, समुद्र, वन, नदी, वेदिका, आयतन, कूट, इत्यादिक भेदनिकरि सहित भिन्नरूप। ससंस्थान कहिए दीर्घ, ह्रस्व, आयत, त्र्यस्र, चतुरस्र संस्थाननि करि सहित जो तिर्यग्लोक, ताहि चितवे-ध्यावै सो यहु संस्थानविचय नामा धर्मध्यान है—अैसा संबंध जाननां ॥ २०५ ॥

याही विषै अनुगत बारह अनुप्रेक्षा कौन ? अैसें तिनिके नाम दिखावते संतै कहै है—

अर्थ—अध्रुव कहिए अनित्यता, अशरण कहिए आश्रय का अभाव, एकत्व कहिए "मैं एक हौं"— अैसो भावना। बहुरि अन्यत्व कहिए 'मैं शरीर तैं अन्य हूं' अैसी भावनां। संसार कहिए च्यारू गति विषैं भ्रमण करनां। बहुरि लोक कहिए उर्ध्व

---

[1] अ. ब. ख. चितेज्जो। * यही गाथा मूलाचार ८/२. तथा भगवती आराधन गाथा १७१५ में भी देखिए।

झल्लरीमृदंगरूपश्चतुर्दशरज्ज्वायतः । अशुचित्वं । आस्रवः कर्मास्रवः । संवरो महाव्रतादिकं । निर्जरा कर्मसातनं । धर्मोऽपि दशप्रकारः क्षमादिलक्षणः । बोधिं च सम्यक्त्वसहिता भावना एता द्वादशानुप्रेक्षाश्चिन्तय । तत् एतच्चतुर्विधं धर्मध्यानं नामेति ॥ २०६ ॥

शुक्लध्यानस्य स्वरूपं भेदांश्च विवेचयन्नाह—

उवसंतो दु पुहुत्तं झायदि झाणं विदक्कवीचारं ।
खीणकसाओ झायदि एयत्तविदक्कवीचारं ॥ २०७ ॥

उपशान्तकषायस्तु पृथक्त्वं ध्यायति ध्यानं । द्रव्याण्यनेकभेदभिन्नानि त्रिभिर्योगैर्यतो ध्यायति ततः पृथक्त्वमित्युच्यते । वितर्कः श्रुतं यस्माद्वितर्केण श्रुतेन सह वर्तते यस्माच्च नवदशचतुर्दशपूर्वधरैरारभ्यते तस्मात्सवितर्कं तत् । विचारोर्थव्यंजनयोगः (ग) संक्रमणः । एकमर्थं त्यक्त्वार्थान्तरं ध्यायति मनसा संचित्य वचसा प्रवर्तते वचसा प्रवृत्य कायेन प्रवर्तते एवं परंपरेण संक्रमो योगानां द्रव्याणां व्यंजनानां च स्थूलपर्यायाणामर्थानां सूक्ष्मपर्यायाणां वचनगोचरातीतानां संक्रमः सवीचारं यानमिति । अस्य त्रिप्रकारस्य ध्यानस्योपशान्तकषायः स्वामी । तथा क्षीणकषायो ध्यायत्येकत्वं वितर्कमवीचारं । एकं द्रव्यमेकार्थपर्यायमेकं व्यंजनपर्यायं च योगनैकेन ध्यायति तद्ध्यानमेकत्वं, वितर्कः श्रुतं पूर्वोक्तमेव, अवीचारं अर्थव्यंजनयोगसंक्रान्तिरहितं । अस्य त्रिप्रकारस्यैकत्वमवितर्कवीचारभेदभिन्नस्य क्षीणकषायः स्वामी ॥ २०७ ॥

लोक, अधोलोक, मध्यलोक, वेत्रासन, भल्लरी, मृदंग रूप चौदह राजू ऊँचा लोकस्वरूप । बहुरि अशुचित्वं कहिए अशुचिता । बहुरि आश्रव कहिए कर्म का आश्रव । बहुरि संवर कहिए महाव्रतादिक । निर्जरा कर्म का झड़नां । बहुरि धर्म कहिए उत्तमक्षमादि लक्षण दशप्रकार । बहुरि बोधि कहिए सम्यक्त्व सहित भावना । अैसे बारह अनुप्रेक्षा हैं ते चिंतवनैं योग्य हैं । अैसें यहु च्यारि प्रकार धर्मध्यान है सो जाननां ॥ २०६ ॥

आगैं शुक्लध्यान का स्वरूप तथा भेद हैं तिनहि विवेक करता संता कहै है—

अर्थ—उपशांतः कहिए उपशांतकषाय गुणस्थानवर्ती जीव है सो पृथक्त्व-वितर्क-वीचार नाम शुक्लध्यान है, ताहि ध्यावै है। अनेक भेदभिन्न द्रव्य है, तिनहि तीनूं योग योगनि करि ध्यावै है, तातैं पृथक्त्व अैसा कहिए है । बहुरि वितर्क नाम श्रुत का है, जातैं वितर्क सहित है नवपूर्व के धारी तथा दशपूर्व के धारी तथा चौदह पूर्व के धारी । तिनिकरि आरंभिए है तातैं सवितर्क कहिए । बहुरि वीचार कहिए—अर्थव्यंजन योगनिका संक्रम कहिए पलटनां । एक अर्थ कूं छोडि अन्य अर्थ कूं ध्यावैं, मनकरि चिंतवनकरि वचनकरि प्रवर्तै, वचनकरि प्रवर्त्ति कायकरि प्रवर्तै—अैसे योगनि का संक्रमण होय । बहुरि व्यंजन कहिए स्थूलपर्याय, अर्थ कहिए सूक्ष्म पर्याय । वचनगोचरतैं अतीत तिनिका संक्रमण सो वीचार कहिए—अैसे पृथक्त्व-वितर्क-विचार जो तीन प्रकार प्रथम शुक्लध्यान, ताका स्वामी उपशांतकषाय गुणस्थानवर्ती जीव है । तथा क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती जीव है सो एकत्व-वितर्क-अवीचार नामा द्वितीय शुक्लध्यान है, ताहि ध्यावै । एक द्रव्य, एक अर्थपर्याय, एक व्यंजन पर्याय, एक योगकरि ध्यावैं । अर्थ-व्यंजन योग का संक्रमणकरि रहित यहु एकत्ववितर्क अवीचार नामा शुक्लध्यान है । ताका क्षीणकषाय-गुणस्थानवर्ती जीव स्वामी है ॥ २०७ ॥

तृतीयचतुर्थशुक्लध्यानस्वरूपप्रतिपादनार्थमाह—

सुहुमकिरियं सजोगी झायदि झाणं च तदियसुक्कंतु ।
जं केवली अजोगी झायदि झाणं समुच्छिण्णं ।। २०८ ।।

सूक्ष्मक्रियामवितर्कमवीचारं श्रुतावष्टम्भरहितमर्थव्यञ्जनयोगसंक्रान्तिवियुक्तं सूक्ष्मकायक्रियाव्यवस्थितं तृतीयं शुक्लं सयोगी ध्यानमिति । यत्कैवल्ययोगी ध्यायति ध्यानं तत्समुच्छिन्नमवितर्कमविचारमनिवृत्तिनिरुद्धयोगमपश्चिमं शुक्लमविचलं मणिशिखावत् । तस्य चतुर्थध्यानस्यायोगी स्वामी । यद्यप्यत्र मानसो व्यापारो नास्ति तथाप्युपचारक्रिया ध्यानमित्युपचर्यते । पूर्वप्रवृत्तिमपेक्ष्य घृतघटवत् पुंवेदवद्वेति ।। २०८ ।।

व्युत्सर्गस्वरूपनिरूपणायाह—

दुविहो य विउस्सग्गो अब्भंतर बाहिरो मुणेयव्वो ।
अब्भंतर कोहादी बाहिर खेत्तादियं दव्वं ।। २०९ ।।

द्विविधो द्विप्रकारो व्युत्सर्गः परिग्रहपरित्यागोऽभ्यन्तरबाहिरो अभ्यन्तरो वाह्यश्च ज्ञातव्यः । क्रोधादीनां व्युत्सर्गोऽभ्यन्तरः । क्षेत्रादिकस्य-द्रव्यस्य त्यागो वाह्यो व्युत्सर्ग इति ।। २०९ ।।

अभ्यन्तरस्य व्युत्सर्गस्य भेदप्रतिपादनार्थमाह—

मिच्छत्तवेदरागा तहेव हस्सादिया य छद्दोसा ।
चत्तारि तह कसाया चोद्दस[1] अब्भंतरा गंथा ।। २१० ।।*

आगैं तीसरे चौथे शुक्लध्यान का स्वरूप है, ताहि प्रतिपादन करता संता कहै है—

अर्थ—सूक्ष्मक्रिया कहिए सूक्ष्मकाय करि व्यवस्थित, अवितर्क कहिये श्रुत का अवष्टंभकरि रहित, अवीचार कहिए अर्थ-व्यंजन-योग—इनिकी संक्राति करि रहित अैसा तीसरा शुक्लध्यान है, ताहि सयोगी केवली ध्यावैं । बहुरि जो अयोगी केवली ध्यावै सो ध्यान समुछिन्न-अवितर्क अवीचार-अनिवृत्ति निरोध्या है योग जातैं, बहुरि अपश्चिमं कहिए याकै पीछै अन्यध्यान है नांही—अैसा मणिशिखावत् अविचल शुक्लध्यान है । इस चौथा शुक्लध्यान का स्वामी अयोगकेवली है । यद्यपि इहां मानसव्यापार नांही, तथापि उपचार क्रियामैं ध्यान-अैसा उपचार कीया है । पहली प्रवृत्ति की अपेक्षा लेय जैसे 'घृत का घड़ा' कहिए अथवा पुरुषवेद कहिए तैसैं यहां ध्यान का उपचार जाननां ।। २०८ ।।

आगैं व्युत्सर्ग तप के निरूपण कै अर्थि कहै है—

अर्थ—व्युत्सर्ग कहिए परिग्रह का त्याग, सो दोय प्रकार है—एक अभ्यंतर, एक बाह्य । तहां क्रोधादिक का त्याग सो अभ्यंतर व्युत्सर्ग है । बहुरि क्षेत्रादिक बाह्य द्रव्य का त्याग सो बाह्य व्युत्सर्ग कहिए ।। २०९ ।।

---

१. ख. चोद्दसा ।   * यही गाथा भगवती आराधना (गाथा १११८) में देखिए ।

मिथ्यात्वं । स्त्रीपुंनपुंसकवेदास्त्रयः । रागा हास्यादयः षट् दोषा हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्साः चत्वारस्तथा कषाया क्रोधमानमाया-लोभाः । एते चतुर्दशाभ्यन्तरा ग्रन्थाः । एतेषां परित्यागोऽभ्यन्तरो व्युत्सर्ग इति ॥ २१० ॥

बाह्यव्युत्सर्गभेद प्रतिपादनार्थमाह—

खेत्तं वत्थु धणधण्णगदं दुपदचदुप्पदगदं च ।
[1]जाणसयणासणाणि य कुप्पे भंडेसु दस होंति ॥ २११ ॥

प्रथम भवपरिवर्तन कहै है–कोउ जीव नरकगति विषैं जघन्य आयु दश हजार वर्ष की धारि उपज्या, पीछैं मरणकरि संसार विषैं भ्रमणकरि तहा ही जघन्य दशहजार वर्ष की आयु को धारि उपज्या । अैसे दशहजार वर्ष के जेते समय होहि, तितनी बार तौ जघन्य आयु कौं ही धारिकरि उपजै अर मरै । पीछै दश हजार वर्ष एक समय की आयु कौं धारि उपजै । पीछै दश हजार वर्ष दोय समय के आयुकौं धारि उपजै । अैसे एक-एक समय बधता अनुक्रमतैं उत्कृष्ट आयु मात्र तैंतीस सागर पूरण करै । पीछै तिरजंच गति विषैं अंतर्मुहूर्त मात्र जघन्य आयुकौं धारि उपजै सो पूर्ववत् अंतर्मुहूर्त के जेते समय होहि, तितनी बार तो तिस अंतर्मुहूर्त प्रमाण ही आयुकौं धारि-धारि उपजै। पीछै एक समय अधिक अंतर्मूहूर्त आयुकों धारि उपजै । पीछै दोय समय अधिक अंतर्मुहूर्त आयुकौं धारि उपजै । अैसे एकसमय अनुक्रमतैं वधतैं-वधतैं उत्कृष्ट आयु मात्र तीन पल्य पूर्ण करै ।

बहुरि मनुष्यगति विषै तिरजंच गति की ज्यौं अंतर्मुहूर्त तें लगाय तीनपल्य को पूर्ण करे । बहुरि देवगति विषैं नरकगति की ज्यौं दश हजार वर्षतैं लगाय इकतीस सागर पूर्ण करे । जातैं मिथ्यादृष्टि जीव अनुत्तर अनुदिश विमान विषैं उपजै नांही, उपरि कै ग्रैवेयक परजंत ही उपजै, तातैं इकतीस सागर ही कहे । अैसे भ्रमणकरि बहुरि नरक विषैं दश हजार वर्षप्रमाण जघन्य आयुकौं धारि उपजै । तब यहु सर्व संपूर्ण भवपरिवर्तन होहैं । उक्तं च—

नरक जघन्यायुष्यादुपरिमग्रैवियिकावशानेषु । मिथ्यात्वसंश्रितेनहि भवस्थितिर्भाविता बहुशः ।।१।।

मिथ्यात्वकरि आश्रित जीवंतीह नरक का जघन्य आयु आदि उपरि ग्रैवेयक पर्यंत आयु विषैं संसार की स्थिति बहुत बार भोगई (भोगी) है ।

आगैं भावपरिवर्तन कहिए है, सो भावपरिवर्तन—१. योगस्थान, २. अनुभागबंधाध्यवसाय स्थान, ३. कषायाध्यावसाय स्थान, ४. स्थितिस्थान–इनि च्यारिनिके परिवर्तनतै हो है । सो प्रथम इनका स्वरूप कहिए है –

प्रकृतिबंध, प्रदेशबंध कौ कारण अैसे प्रदेश परिस्पंद लक्षण योग तिनके जे जघन्यादिक स्थान ते योगस्थान हैं । बहुरि जिनि कषाययुक्त परिणामनितैं कर्मनितैं कर्मनिका अनुभाग बंध हो है, तिनके जघन्यादिक स्थानते अनुभाग बंधाध्यवसाय स्थान हो है । बहुरि जिनि कषाय परिणामनितैं स्थितिबंध हो हैं तिनिके जघन्यादिक स्थानतें इहां कषायाध्यवसाय स्थान कहै हैं । वा स्थिति बंधाध्यवसाय स्थान भी इनको कहिए। बहुरि बंधने रूप जो कर्मनिकी स्थिति, तिनके जघन्यादिक स्थान ते स्थितिस्थान कहिए । इनका विशेष स्वरूप आगै कहेंगे, सो जाननां ।

बहुरि इहां एक-एक स्थितिभेद के बंध के कारण अपने योग्य असंख्यात लोकप्रमाण स्थिति बंधाध्यवसाय स्थान पाइए है । बहुरि

एवं तामेव स्थितिमापद्यमानस्य द्वितीयकषायाध्यवसायस्थानं भवति तस्याप्यनुभवाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च पूर्ववद्वेदितव्यानि, एवं तृतीयादिष्वपि कषायाध्यवसायस्थानेषु असंख्येयलोकपरिसमाप्तेर्वृद्धिक्रमो वेदितव्य:, उक्ताया जघन्यस्थिते: समयाधिकाया: कषायाध्यवसायस्थानानि अनुभागाध्यवसायस्थानानि

एक-एक स्थिति बंधाध्यवसायस्थान विषैं यथायोग्य असंख्यात लोकप्रमाण अनुभागबंधाध्यावसाय स्थान पाइए है । बहुरि एक–एक अनुभाग बंधाध्यवसाय–स्थान विषैं जगत् श्रेणी कै असंख्यातबैं भाग मात्र योग्यस्थान पाइए है ।

अब इनके परिवर्तन का अनुक्रम ज्ञानावरणकर्म का उदाहरणकरि कहिये है—कोई जीव पंचैद्रि-सैनी पर्याप्त मिथ्यादृष्टी सो अपनैं योग्य जघन्य ज्ञानावरण नामाकर्म की स्थिति अंत:कोडाकोडी सागर प्रमाण बांधै है । इस जीव के यातैं घटि स्थितिबंध होता नांही । तातैं याकै यहु ही जघन्य स्थिती स्थान है, सो कोडि कै ऊपरि अर कोडाकोडी कै नीचै जो होई ताकौं अंत:कोटाकोटी कहिए है । तहां तिस जघन्य स्थितिबंध करनैं वाले जीवकै तिस जघन्य स्थितिबंध होनै को योग्य असंख्यात लोकप्रमाण कषायाध्यवसाय स्थान पाइए है । ते परिणामनिकी अपेक्षा अनंत भागादिक षट्स्थानकौं लीए है । बहुरि तिनि विषैं भी जघन्य कषायाध्यवसाय स्थान कौं निमित्तभूत अनुभाग बंधाध्यवसाय स्थान असंख्यात लोक मात्र पाइए है । सो पूर्वोक्त कोउ जीव कै अंत:कोटाकोटी सागर प्रमाण जघन्य ही तो स्थिति स्थान है। अर ताकै जघन्य ही कषायाध्यवसाय स्थान है । अर जघन्य ही अनुभाग बंधाध्यवसाय स्थान है । अर तिस जीव कै जैसा जोग्य होई तैसा जघन्य ही योगस्थान पाईए है ।

तहां भावपरिवर्तन का प्रारंभ हुवा । बहुरि तिस ही जीव कै स्थितिस्थान, कषायाध्यवसायस्थान, अनुभाग बंधाध्यवसायस्थान–एतौ तीनों जघन्य ही रहे । अर जघन्यतैं असंख्यात भाग–वृद्धि कौं लीये योगस्थान दूसरा भया । पीछैं स्थिति स्थानादिक तीनौं तौ जघन्य ही रहे। अर योगस्थान तीसरा भया । अैसे अनुक्रमतैं अविभाग प्रतिच्छेदनिकी अपेक्षा १. असंख्यात भाग वृद्धि, २. संख्यात भाग वृद्धि, ३. संख्यात गुणवृद्धि, ४. असंख्यात गुणवृद्धि रूप चतुःस्थान-पतित-वृद्धि रूप पतितवृद्धि लीए श्रेणी कै असंख्यातवै भागप्रमाण योगस्थान भए । बहुरिस्थिति स्थान अर कषायाध्यवसाय स्थान तो जघन्य ही रहे । अर अनुभागबंधाध्यवसाय स्थान का दूसरा स्थान भया । तहां योगस्थान जघन्यतै लगाय पूर्वोक्त प्रकार क्रमतैं सर्व भए । बहुरि स्थितिस्थान अर कषायाध्यवसायस्थान तौ जघन्य ही रहै अर अनुभाग बंधाध्यवसाय स्थान का तीसरा स्थान भया । तहाँ भी योगस्थान पूर्वोक्त प्रकार भए । अैसे क्रमतैं अपनें योग्य असंख्यात लोकप्रमाण अनुभागाध्यवसाय स्थान मए । बहुरि स्थितिस्थान तौ जघन्य ही रह्या अर कषायाध्यावसायस्थान का दूसरा स्थान भया । तहां पूर्वोक्त प्रकार योगस्थानिकौं लीए जघन्यतैं लगाय अनुभागाध्यवसायस्थान भए । बहुरि स्थितिस्थान तौ जघन्य ही रह्या अर कषायाध्यवसायस्थान का तीसरा स्थान भया । तहाँ की पूर्वोक्त प्रकार योगस्थाननिकौं लीए क्रमतैं अनुभागाध्यवसायस्थान भए । अैसैं ही क्रमतैं अपने योग्य कषायाध्यवसाय स्थान असंख्यात लोकप्रमाण भए ।

बहुरि जैते यह अंत:कोटाकोटी प्रमाण जघन्य स्थितिस्थान विषै अनुक्रम कह्या, तैसें ही जघन्यतैं एक समय अधिक दूसरा स्थितिस्थान विषैं अपनें योग्य योगस्थान अनुभागाध्यवसाय स्थान के परिवर्तनकौं लीए पूर्वोक्त प्रकार क्रमतैं अपनैं योग्य सर्व कषायाध्यवसाय स्थान भए। बहुरि अैसें ही जघन्यतैं दोय समय अधिक तीसरा स्थिति स्थान विषैं भए । अैसे एक-एक समय बधता स्थितिस्थान का अनुक्रमकरि तीस कोडा–कोडी सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति पर्यंत जाननां । बहुरि जैसे यह ज्ञानावरण अपेक्षा कथन कीया, तैसे ही कर्मनिकी सर्व मूलप्रकृति

योगस्थानानि च पूर्ववद्वेदितव्यानि, एवं समयाधिकक्रमेण आ उत्कृष्टस्थितेस्त्रिंशत्सागरोपमकोट्यकोटीपरिमितायाः कषायाध्यवसायस्थानानि वेदितव्यानि, एवं सर्वेषां कर्मणां मूलप्रकृतीनामुत्तरप्रकृतीनां च परिवर्त्तनक्रमो वेदितव्यस्तदेतत्सर्वं समुदितं भावपरिवर्त्तनमिति । चशब्देन सूचितं भवपरिवर्तनमुच्यते— नरकगतौ सर्वजघन्यमायुर्दशवर्षसहस्राणि तेनायुषा तत्र कश्चिदुत्पन्नः पुनः परिभ्रम्य तेनैवायुषा तत्रैव जात एवं दशवर्षसहस्राणां यावन्तः समयास्तावत्कृत्वस्तत्रैव जातो तत्रैव मृतश्च पुनरेकैकसमयाधिकभावेन त्रयास्त्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमापितानि, ततः प्रच्युत्य तिर्यग्गतावन्तर्मुहूर्त्तायुः समुत्पन्नः पूर्वोक्तैनैव क्रमेण

वा उत्तरप्रकृतिनि विषैं परिवर्तन का अनुक्रम जाननां । ऐसे यहु सर्व मिल्या हुवा भावपरिवर्तन जाननां । इहां जघन्यस्थिति आदि विषैं सर्व ही कषायाध्यवसाय स्थानादिकनि का पलटनां न होहैं । जघन्यस्थिति आदि विषै जे संभवै तिनही का पलटनां हो है–ऐसा जाननां ।

उक्तं च आर्याछन्द—**सर्वप्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबंधयोग्यानि । स्थानान्यनुभूतानि भ्रमताभुविभावसंसारे ।।१।।**

लोक विषैं, भावसंसार विषै भ्रमण करता जीवनैं प्रकृति, प्रदेश, स्थिति, अनुभागबंध कौं योग्य जे योगनि के, कषायनिके, स्थिति के स्थानतैं सर्वही भोग हैं ।

इहां परिवर्तन का अनुक्रम विषैं जघन्य स्थितिस्थान संबंधी स्थितिबंधाध्यवसाय-स्थान-अनुभाग बंधाध्यवसाय-स्थानयोग योगस्थान, जघन्यतैं लगाय उत्कृष्ट पर्यंत हो है, तिनको आदि देकरि सर्वोत्कृष्ट स्थितिपर्यंत अपने–अपनैं संबंधी जघन्यतैं उत्कृष्ट पर्यंत स्थिति बंधाध्यवसाय स्थानकौं स्थापि यथासंभव जैसैं गुणस्थान प्ररूपणा विषैं प्रमाद भेदनि कै निमित्त अक्षसंचारकरि परिवर्तन का विधान कह्या था, तैसैं इहां भी अक्षसंचारकरि परिवर्तन का विधान जाननां । ऐसें ए पंचपरिवर्तन कहै ।

अब इनका काल कहिए है –सर्वतैं स्तोक एक पुद्गल परिवर्तन का काल है सो अनंत है । बहुरि तातैं अनंतगुणा क्षेत्रपरिवर्तन काल है । बहुरि तातैं अनंत गुणां कालपरिवर्तन का काल है । बहुरि तातैं अनंतगुणां भवपरिवर्तन का काल है । बहुरि तातैं अनंतगुणा भापरिवर्तन का काल हैं । याही तैं एक जीव कै अनादितैं लगाय अतीतकाल विषैं भावपरिवर्तन थोरे भए, ते पणि अनंत भए । बहुरि तिनतैं अनंत गुणैं भवपरिवर्तन भए । बहुरि तिनतैं अनंतगुणैं कालपरिवर्तन भए । बहुरि तिनतैं अनंत गुणैं क्षेत्रपरिवर्तन भए । बहुरि तिनतैं अनंत गुणैं द्रव्यपरिवर्तन भए । ऐसे जाननां ।

बहुरि जैसें स्वर्गादि विषैं दिनरात्रि का अभाव हैं । तहां मनुष्यक्षेत्र अपेक्षा वर्ष आदि का प्रमाण कीजिए हैं । तैसें निगोदादि विषैं जीवनि कै जहां परिवर्तन का अनुक्रम न हो है, तहां अन्य जीव अपेक्षा परिवर्तन का काल ग्रहण कीजिए है । उक्तं च—

पंचविधे संसारे कर्मवशाज्जैनदर्शितं मुक्तेः । मार्ग्गमपश्यन्प्राणी नाना दुःखाकुले भ्रमति ।।२।।

अर्थ–जिनमतकरि दिखाया जो मुक्ति का मार्ग ताकौं न श्रद्धान करता प्राणी–जीवा नाना प्रकार दुःखनिकरि आकुलित जो पंचप्रकार संसार तीह विषै भ्रमण करै है । इतिपंच परिवर्तन वर्णनं समाप्तम्[१] ।

---

१. इसके विशेष विवेचन के लिए पढ़िए—१. गोम्मटसार (जीवकाण्ड) की पं० टोडरमल जी कृत सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका टीका तथा २. गोम्मटकार (जीवकाण्ड) गाथा सं० ५६० के बाद पृ० २६४ से २६८ तक देखिऐ । अनुवादक पं० खूबचन्द जैन, प्रकाशक—श्रीमद् राजचन्द जैन शास्त्रमाला अगास (आणंद-गुजरात) तृतीय संस्सकरण १९५९ ई० ।

त्रीणि पल्योपमानि तनैव परिसमापितानि, तथैवं मनुष्यगतौ देवगतौ च नरकगतिवत्, अयं तु विशेषः—एकत्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमापितानि यावत्तावद्भवपरिवर्त्तनमिति। एवं चतुर्विधः पंचविधो वा संसारः चतुर्गतिगमननिबद्धो नरकतिर्यङ्मनुष्यदेवगतिभ्रमणहेतुको बहुप्रकारैः षट्सप्तादिभेदैर्ज्ञातव्य इति ।।१४।।

तथा षड्विधसंसारमाह—

किं केण कस्स कत्थ व केवचिरं कदिविधो य भावो य ।
छहिं अणिओगद्दारे सव्वे भावाणुगंतव्वा ।।१५।।

कः संसारः? संसरणं संसारश्चतुर्गतिगमनरूपः, केन भावेन संसारः ? औदयिकौपशमिकक्षायोपशमिकपारिणामिकादिभावेन, कस्य? संसारिजीवस्याष्टविधकर्मावष्टब्धस्यनारकतिर्यङ्मनुष्यदेवरूपस्य, क्व संसारः? मिथ्यात्वासंयमकषाययोगेषु तिर्यग्लोके वा, कियच्चिरं संसारः? अनाद्यनिधनोऽनादिसनिधनः, कतिविधः? कतिप्रकार इति। अनेन प्रकारेण संसार एकविधा द्विविधस्त्रिविधश्चतुर्विधः पंचविधः षड्विध इत्यादि, न केवलं संसारः षड्भिरनियोगद्वारैर्ज्ञायते किन्तु सर्वेऽपि भावाः पदार्था अनुगंतव्या ज्ञातव्या इत्यर्थः ।।१५।।

संसारे दुःखानुभवमाह—

तत्थ जरामरणभयं दुक्खं पियविप्पओग बीहणयं ।
अप्पियसंजोगं[1] वि य रोगमहावेदणाओ य ।।१६।।

तत्रैवंविधे संसारे जरामरणभयं जन्मभयं दुःखं, जरामरणभवं जन्मभवं वा दुःखं कायिकं वाचिकं मानसिक, प्रियेण विप्रयोगः पृथग्भाव

अैसैं च्यार प्रकार, बहुरि पांच प्रकार संसार है। चतुर्गति गमननिबद्ध कहिये नरक, तिरजंच, मनुष्य, देवगति विषै भ्रमणकूं कारण, बहुप्रकारैः कहिये छह–सात इत्यादि भेदनिकरि ज्ञातव्य कहिये जाणिवे जोग्य है ।।१४।। तैसैं ही छह प्रकार संसार हैं, ताहि कहै है—

अर्थ–१. कौन संसार है ? उत्तर—संसरणं कहिये परिभ्रमण, चर्तुगति गमन रूप सो संसार है। २. कौन भावकरि संसार है? उत्तर–औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक, परिणामिक आदि भावकरिकै। ३. कौनकै संसार है ? उत्तर—अष्टविध कर्मकरि वेष्टित अैसा नरक, तिरयक्, मनुष्य, देवरूप–अैसा जो जीव, ताकै है। ४. कौन विषै संसार रहे ? उत्तर–मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, योग विषै है। बहुरि उर्ध्व, अधः, तिर्यक् लोक विषै है। ५. केतेक चिरकाल संसार है ? उत्तर–अनादि-अनंत है, अनादि–सांत है।–६–केते प्रकार संसार है ? उत्तर–या प्रकार संसार है—१. एकविध, २. दोयविध, ३. त्रिविध, ४. चतुर्विध, ५. पंचविध, ६. षट्विध इत्यादिक प्रकार है। केवल संसार ही छह अनुयोग द्वारकरि नांही जाननां, इहां अैसा विशेषसर्व ही पदार्थ छह अनियोगद्वारनि करि जाननें ।।१५।।

संसार विषैं दुःख का अनुभव है, ताहि कहैं है–

अर्थ–इस प्रकार संसार के विषै जरा-मरण का भय, जन्म का भय है ताहि, बहुरि मन, वचन, काय संबंधी दुःख है ताहि, बहुरि प्रिय–विप्रयोग कहिये इष्ट वियोगतैं उपज्या दुःख है ताहि, बहुरि भयंकर अप्रिय संयोग कहिए अनिष्ट संयोगतैं उपज्या दुःख है ताहि, बहुरि

---

१. अ० ब० संजोगा

इष्टवियोगदु:खं, भीषणं च महाभयानकं, अप्रियेण संयोगोऽनिष्टेन सहैकत्र वासोद्भवं दु:खं चाऽपि, रोगान् कासश्वासछर्दिकुष्ठव्याध्यादिजनितवेदनाश्चाप्नुवंतीति संबंध: ।।१६।।

तथा—

जायंतो य मरंतो जलथलखयरेसु तिरियणिरएसु ।
माणुस्से देवत्ते दुक्खसहस्साणि पप्पोदि ।।१७।।

तत्र संसारे जायमानो म्रियमाणश्च जलचरेषु स्थलचरेषु खचरेषु च मध्ये तिर्यक्षु नरकेषु च दु:खसहस्राणि प्राप्नोति, मनुष्यत्वे देवत्वे च पूर्वोक्तानि दु:खसहस्राणि प्राप्नोतीति सम्बन्ध: ।।१७।।

तथा—

जे भोगा खलु केई देवा माणुस्सिया य अणुभूदा ।
दुक्खं च णंतखुत्तो णिरिए तिरिएसु जोणीसु ।।१८।।

ये केचन भोगा दैवा मानुषाश्चानुभूता: सेवितास्तेषु भोगेषु अनंतवारान् दु:खं च प्राप्तं, नरकेषु तिर्यग्योनिषु च दु:खमनंतवारान् प्राप्तमिति ।।१८।।

तथा—

संजोगविप्पओगा लाहालाहं सुहं च दुक्खं च ।
संसारे अणुभूदा माणं च तहावमाणं च ।।१९।।

अस्मिन् संसारे जीवेन संयोगा इष्टसमागमा:, विप्रयोगा अनिष्टसमागमा:, स्वेष्टवस्तुनो लाभप्राप्ति:, अलाभोऽप्राप्तिश्चैते सर्वेऽप्यनुभूतास्तथा सुखं दुखं चानुभूतं' तथा मानं पूजा, अपमानं परिभवश्चानुभूतमिति ।।१९।।

रोग जे कास (खासी), श्वास, छर्दि, कोढ़ (कुष्ठ) नै आदि दे तिनकरि उपजी वेदना जो पीड़ा, ताहि प्राप्त होय है–ऐसा संबंध है ।।१६।। तिसैं और कहै है–

अर्थ–तिस संसार के विषै जनमता, बहुरि मरता जलचर, स्थलचर, नभचर–इनकै मध्य तिरजंचगति विषैं, बहुरि नरकके विषैं मनुष्यगति विषैं, देवगति विषैं पूर्वोक्त दुःखसहस्राणि कहिये हजारा दु:ख है ? तिनहि प्राप्त होय है ।।१७।।

तैसे और कहे हैं –

अर्थ–जे केई भोग देवगति संबंधी, बहुरि मनुष्यगति सबंधी निश्चयकरि सेये तिस भोग भोगतैं नरक, तिरजंच जोणि विषैं अनंतबार दु:ख पाया ।।१८।।

तैसे ही बहुरि कहै है—

अर्थ–इस संसार विषै जीवनैं इष्टके समागम, बहुरि अनिष्ट के समागम, वांछित वस्तु का लाभ, बहुरि अलाभ, सुख, बहुरि दुख मान कहिये पूजा, तैसैं अपमान कहिये तिरस्कार–सर्व भोग्या ।।१९।। बहुरि कहै हैं—

संसारानुप्रेक्षामुपसंहरन्नाह—

एवं बहुप्पयारं संसारं विविहदुक्खथिरसारं ।
णाऊण विचिंतिज्जा तहेव लहुमेव णिस्सारं ।।२०।।

एवं बहुप्रकारं संसारं विविधानि दुःखानि स्थिरः सारो यस्यासौ विविधदुःखस्थिरसारस्तं संसारं ज्ञात्वा लघुमेव शीघ्रं निःसारं चिन्तयेत् भावयेदिति।।२०।।

लोकानुप्रेक्षां विवृण्वन्नाह—

एगविहो खलु लोओ दुविहो तहा बहुविहो वा ।
दव्वेहिं पज्जएहिं य चिंतिज्जो [1]लोयसब्भावं ।।२१।।

षड्भिरनुयोगद्वारैर्लोकोऽपि ज्ञातव्यः । सामान्येनैकविधः, लोक्यन्त उपलभ्यन्ते पदार्था यस्मिन्निति स लोकः । उर्ध्वाधःस्वरूपेण द्विविधः, ऊर्ध्वाधस्तिर्यक्स्वरूपेण त्रिविध उत्पादव्ययध्रौव्यस्वरूपेण वा त्रिविधः, गतिरूपेण चतुर्विधः, अस्तिकायादिभेदेन पंचविधः, षड्द्रव्यस्वरूपेण षड्विधः, पदार्थद्वारेण सप्तविधः, कर्मरूपेणाऽष्टविधः, इत्येवं बहुविधः, द्रव्यैः, पर्यायैश्च द्रव्यभेदेन पर्यायभेदेन लोकसद्भावं बहुप्रकारं चिन्तयेत् ध्यायेदिति ।।२१।।

लोकस्वरूपमाह—

लोओ अकिट्टिमो खलु अणाइणिहणो सहावणिप्पण्णो ।
जीवाजीवेहिं भुडो णिच्चो तालरुक्खसंठाणो ।।२२।।

लोकोऽकृत्रिमः खलु न केनाऽपि कृतः, खलु स्फुटमेतत्प्रमाणविषयत्वात्, अनादिनिधन आद्यन्तवर्जितः, स्वभावनिष्पन्नो विश्वसारूप्येण स्थितः,

---

अर्थ–अैसे बहुत प्रकार नाना दुःख ही हैं दृढ़ सार जा विषैं–अैसा संसारकूं जाणि शीघ्र ही "निःसार है"–ऐसा चिंतवन करौ ।।२०।।

आगैं लोकानुप्रेक्षा है, ताहि वरणन करते संते आचार्य कहै हैं—

अर्थ–लोक हूं छह अनुयोगद्वारकरि जानने जोग्य है । सामान्यकरि लोक है सो निश्चयकरि एक प्रकार है । १. लोक्यंते कहिये पाइए है पदार्थ जा विषैं सो लोक एक प्रकार है । २. ऊर्ध्व, अधः स्वरूपकरि सो दोय प्रकार है । ३. बहुरि ऊर्ध्व, अधः, तिर्यक् स्वरूप करि तीन प्रकार है, अर उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य स्वरूपकरि तीन प्रकार है । ४. गति रूपकरि च्यारि प्रकार है, ५. अस्तिकाय भेदकरि पांच प्रकार है, ६. षट्द्रव्य स्वरूपकरि छह प्रकार है, ७. पदार्थ द्वारकरि सात प्रकार है, ८. कर्मरूपकरि अष्ट प्रकार है –या प्रकार तथा बहुत प्रकार द्रव्य भेदकरि, बहुरि परजाय भेदनिकरि लोक का अस्तित्व है, ताहि बहुत प्रकार चिंतवन करे ।।२१।।

लोक का स्वरूप कहै है–

अर्थ–लोक है सो अकृत्रिम है, काहूकरि कीया नांही, यह प्रमाण गोचर है । यातैं खलु कहिये प्रगट है, अनादि–अनिधनः कहिये आदि–अंतकरि रहित है । स्वभावनिष्पन्नः कहिये अपने स्वभावकरि स्थित है । जीवाजीवैः कहिये जीव–अजीव पदार्थनिकरि, भृतः कहिये

---

१. क० लोग ।

जीवाजीवैश्च पदार्थैर्भृत: पूर्ण:, नित्य: सर्वकालमुपलभ्यमानत्वात्, तालवृक्षसंस्थानस्तालवृक्षाकृति:, अधो विस्तीर्ण: सप्तरज्जुप्रमाणो मध्ये संकीर्ण एकरज्जुप्रमाण: पुनरपि ब्रह्मलोके विस्तीर्ण: पंचरज्जुप्रमाण उर्ध्वं संकीर्ण एकरज्जुप्रमित इति ।।२२।। लोकस्य प्रमाणमाह—

धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीवपुग्गलाणं च ।
जावत्तावल्लोगो आगासमदो परमणंतं ।।२३।।

धर्माधर्मौ लोकाकाशं च यावन्मात्रे जीवपुद्गलानां च गतिरागतिश्च यावन्मात्रं तावल्लोकोऽत: परमित उर्ध्वमाकाशं पंचद्रव्याभावोऽनंतमप्रमाणं केवलज्ञानगम्यमिति ।।२३।।

पुनरपि लोकस्य संस्थानमित्याह—

हेट्ठा मज्झे उवरिं वेत्तासणझल्लरीमुदंगणिभो ।
मज्झिमवित्थारेण दु चोद्दसगुणमायदो लोओ ।।२४।।

हेट्ठा अध:प्रदेशे मध्यप्रदेशे उपरिप्रदेशे च यथासंख्येन वेत्रासनझल्लरीमृदंगनिभ: अधो वेत्रासनाकृतिर्मध्ये झल्लर्याकृतिरूर्ध्वं मृदङ्गाकृतिरिति, मध्यमविस्तार[1] प्रमाणेन चतुर्दशगुण:, मध्यमविस्तारस्य[2] प्रमाणमेका रज्जु: सा च चतुर्दशभिर्गुणिता लोकस्यायामो भवति, वातवलयादधस्तादारभ्य यावन्मोक्षस्थानं तयोर्मध्य आयाम इत्युच्यते । स आयामश्चतुर्दशरज्जुमात्र इति । घनाकारेण यदि पुनर्मीयते तदा त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशतरज्जुमात्रो भवतीति ।।२४।।

पूर्ण है । नित्य कहिये सासाता (शाश्वत) है, सर्वकाल उपलभ्यमानपनां है । यातैं तालवृक्षसंस्थान कहिये तालवृक्ष के आकार का है । नीचे विस्तार–सात राजू प्रमाण, मध्य विषैं सकरा–एकराजू प्रमाण, बहुरि हू ब्रह्म लोक विषैं विस्तार पांच राजू प्रमाण, ऊपरि सकरा–एक राजू प्रमाण है, या प्रकार जाननां ।।२२।।

लोक का प्रमाण कहै है–

अर्थ–धर्म, अधर्म, बहुरि लोकाकाश, बहुरि यावन्मात्र विषैं जीव पुद्गलनि का गमन आगमन तावन्मात्र लोक है । याकै आगै 'अनंतं'[3] कहिये प्रमाण रहित, केवलज्ञानगम्य पंचद्रव्य का अभाव स्वरूप आकाश है ।।२३।।

बहुरि हू लोक का संस्थान कहै है–

अर्थ–अध:प्रदेश कै विषै, मध्यप्रदेश कै विषै, ऊपरलै प्रदेश कै विषै, यथासंख्यकरि वेत्रासन झल्लरी, मृदंग—इनकरि समान है। नीचै वेत्रासन कै आकार है, मध्य विषै झल्लरी कै आकार है । उपरि मृदंग कै आकार है । मध्य विषै विस्तार का प्रमाण एक राजू है। सो चौदहकरि (१४) गुण्या समस्त लोक का आयाम (ऊँचाई) होय है, नीचेला वातवलयतैं लेय मोक्षस्थान परजंत है । तिनका मध्य क्षेत्र आयाम है । सो आयाम चौदह राजू प्रमाण है । बहुरि जो घनाकारकरि प्रमाण करिये तव तीनसैं तीयालीस (३४३) राजू प्रमाण लोक होय है ।।२४।।

---

१. विस्तर क । २. विस्तरस्थ क । ३. तत्त्रयात्मके क ।

तत्र[3] लोके जीवा: किं कुर्वन्तीत्याह—

तत्थणुहवंति जीवा सकम्मणिव्वत्तियं सुहं[1] दुक्खं ।
जम्मणमरणपुणब्भवमणंतभवसायरे भीमे ।।२५।।

तत्र च लोके जीवा: स्वकर्मनिर्वर्त्तितं स्वक्रियानिष्पादितं सुखं दु:खं चानुभवन्ति, अनंतभवसागरे च जन्ममरणं पुनर्भवं च पुनरावृत्तिं च भीमे भयानके कुर्वन्तीत्यर्थ: ।।२५।।

पुनरप्यसमंजसमाह—

मादा य होदि धूदा धूदा मादुत्तणं पुण उवेदि ।
पुरिसो वि तत्थ इत्थी पुमं च अपुमं च होइ जए ।।२६।।

अस्मिंल्लोके संसारे माता च भवति दुहिता सुता, दुहिता च पुनर्मातृत्वमुपैति प्राप्नोति, पुरुषोऽपि तत्र जगति स्त्री भवति, स्त्र्यपि पुमान्, पुरुषोऽपुमान्नपुंसकं च लोके भवतीति संबंध: ।।२६।।

पुनरपि लोकगतसंसारविरूपतां दर्शयन्नाह—

होऊण तेयसत्ताधिओ[2] दु बलविरियरूवसंपण्णो ।
जादो वच्चघरे किमि धिगत्थु संसारवासस्स ।।२७।।

विदेहस्वामी राजा तेज:—प्रताप: सत्त्वं—स्वाभाविकसौष्ठवं ताभ्यामधिकस्तेज:सत्वाधिको भूत्वा तथा बलवीर्यरूपसम्पन्नश्च भूत्वा पश्चात्स राजा वर्चोगृहेऽशुचिस्थाने कृमि: संजातो यत एवं तत: संसारवासं धिगस्तु धिग्भवतु संसारे वासमिति ।।२७।।

तिसलोक विषै जीव कहा करै है ? ऐसे पूछै, आचार्य कहै है—

अर्थ–तिस लोक विषैं जीव है, तैं अपनैं कर्मनिकरि उपाज्या सुख–दु:ख है, ताहि भोगवै है । भंयकर अनंत भवसागर विषैं जन्ममरण, बहुरि जन्म ऐसे बारंबार भ्रमण करै है ।।२५।।

बहुरि हू संसार का निंद्य स्वरूप है, ताहि कहै है–

अर्थ–इस संसार कै विषै माता है सो पुत्री होय है, बहुरि पुत्री है सो माता का भाव कूं प्राप्त होय है । इस जगत् विषैं पुरुष हू, स्त्री होय है बहुरि स्त्री है सो पुरुष अर नपुंसक होय है ।।२६।।

बहुरि हू लोक विषैं व्याप्त संसार की विरूपता है, ताहि दिखावते संते आचार्य कहै है–

अर्थ–विदेह का स्वामी ऐसा राजा है सो तेज कहिये प्रताप, सत्व कहिये स्वाभाविक सुंदरता–इनकरि अधिक होय । बहुरि बलवीर्य, रूप–इनकरि परिपूर्ण होय । पीछै सो राजा वर्चोगृह कहिये अशुचि स्थान विषैं, कृमि कहिये लट होता भया, जातैं ऐसे संसार का स्वरूप है । तिस कारण संसार विषैं वास है–ताहि धिक्कार होउ ।।२७।।

१. सुहदु:खं क । २. सत्ताहियो क ।

पुनरपि लोकस्य स्वरूपमाह—

धिग्भवदु लोगधम्मं देवा वि य सुरवदीय महड्ढीया ।
भोत्तूण सुक्खमतुलं पुणरवि दुक्खावहा होंति ।।२८।।

धिग्भवतु लोकधर्मं लोकस्वरूपं, यस्माद्देव: सुरपतयोऽपि महर्द्धिका महाविभूतयो भूत्वा सौख्यमतुलं सुखमनुपमं भुक्त्वा पुनरपि दु:खवहा भवन्ति दु:खस्य भोक्तारो भवन्तीति ।।२८।।

लोकानुप्रेक्षामुपसंहरन्नाह—

णाऊण लोगसारं णिस्सारं दीहगमणसंसारं ।
लोगग्गसिहरवासं झाहि पयत्तेण सुहवासं ।।२९।।

एवं लोकस्य सारं नि:सारं तु ज्ञात्वा दीर्घगमनं[१] संसारं च ज्ञात्वा संसारं चापर्यन्तमवबुध्य लोकाग्रशिखरवासं मोक्षस्थानं सुखवासं निरुपद्रवं ध्यायस्व चिन्तय प्रयत्नेनेति ।।२९।।

अशुभानुप्रेक्षस्वरूपं निरूपयन्नाह—

णिरिएसु असुहमेयंतमेव तिरियेसु बंधरोहादी ।
मणुएसु रोगसोगादियं तु दिवि माणसं असुहं ।।३०।।

नरकेष्वशुभमेकान्तत: सर्वकालमशुभमेव, तिर्यक्षु [२]महिषाश्ववारणादिषु बंधरोधादयो बंधनधरणदमनदहनताडनादय:, मनुष्येषु रोगशोकादयस्तु, दिवि देवलोके मानसमशुभं परप्रेषणवाहनमहर्द्धिकदर्शनेन मनोगतं सुष्ठु दु:खमिति ।।३०।।

बहुरि लोकका स्वरूप कहै है–

अर्थ–लोकधर्म कहिये लोक का स्वभाव है ताहि धिक्कार होउ । जातैं देव, बहुरि इन्द्र, महर्द्धिका कहिये महान है विभूति जिनकै–अैसे होयकरि अनुपम सुख है ताहि भोगिकरि बहुरि दु:ख के भोक्ता होय है ।।२८।।

लोकानुप्रेक्षा कूं संकोच करते आचार्य कहै है—

अर्थ–या प्रकार लोक का सार हैं, ताहि नि:सार कहिये तुच्छ जाणि, बहुरि संसार कूं अनंत जाणि, सुखवास कहिये उपद्रव रहित लोकाग्रशिखर वास जो मोक्षस्थानि ताहि जतन करिकैं ध्यायहु ।।२९।।

अशुभ अनुप्रेक्षा स्वरूप, ताहि कहै है–

अर्थ–नरक विषैं एकांतत: कहिये सदा काल दु:ख ही है । तिर्यक्षु कहिये घोडा, भैसा, हाथी आदि, तिन विषैं बंध, रोधादय: कहिये बंधन, खान–पान, का निरोध, दमन, दहन ताडन इत्यादिक, मनुष्यनि विषै रोग शोकादिक, बहुरि दिवि कहिये देवलोक विषैं, मानसीक दु:ख—अन्य की आज्ञा, अर वाहन, महर्द्धिक का दर्शन ताकरि (देवलोक में मानसिक दु:ख) होय है ।।३०।।

१. दीर्घगमनसंसारं क० । २. अश्वमहिषवारणादिसु क० ।

तथार्थद्वारेण दु:खमाह—

आयासदुक्खवेरभयसोगकलिरागदोसमोहाणं ।
असुहाणमावहो वि य अत्थो मूलं अणत्थाणं ।।३१।।

आयासोऽर्थार्जनतत्परता, दु:खमसातावेदनीयकर्मोदयनिमित्तासुखरूपं, वैरं मरणानुबंध:, भयं भयकर्मोदयजनितत्रस्तता, शोक: शोककर्मोदयपूर्वकेष्टवियोगज: संताप:, कलिर्वचनप्रतिवचनकृतो द्वन्द्व:, रागो रतिकर्मोदयजनिता प्रीति:, द्वेषोऽरतिकर्मोदयोद्‌भूताऽप्रीति:, मोहो मिथ्यात्वासंयमादिरूप इत्येवमादीनामशुभनामावहोऽवस्थानं, अर्थ: स्त्रीवस्त्रसुवर्णादिरूप:, अथवैतान्यशुभान्यावहति प्रापयतीति आयासाद्यशुभावह:, अनर्थानां च सर्वपरिभवानं च मूलं कारणमर्थस्तस्मात्तेन यच्छुभं तच्छुभं एव न भवतीति ।।३१।। तथा कामसुखमप्यशुभमिति प्रतिपादयति[1]—

दुग्गमदुल्लहलाभा भयपउरा अप्पकालिया लहुया ।
कामा दुक्खविवागा असुहा सेविज्जमाणा वि ।।३२।।

दु:खेन कृच्छ्रेण गम्यन्त इति दुर्गमा[2] विषमस्था दुरारोहा:, दुर्लभो लाभो येषां ते दुर्लभलाभा: स्वेप्सितप्राप्तयो न भवन्ति, भयं प्रचुरं येभ्यस्ते भयप्रचुरा दंडमारणवंचनादिभयसहिता:, अल्पकाले भवा अल्पकालिका: सुष्ठु स्तोककाला:, लघुका नि:सारा:, के ते? कामा मैथुनाद्यभिलाषा दु:खं विपाक फलं येषां बंधनादि ते दु:खविपाका दु:खावसाना: अशुभा: सेव्यमाना अपि, तत्राऽपि न सुखमस्तीति भाव: सर्वाशुभमेवेति ।।३२।।

तैसें अर्थद्वारकरि दु:ख कहै है–

अर्थ–अर्थ (धन) के उपार्जवे विषैं तत्परता सो आयास कहिये । असाता वेदनीयकर्म के उदय के निमित्ततैं असुख रूप सो दु:ख कहिये । मारवै का अभिप्राय सो वैर कहिये । भय कर्म के उदयतैं उपज्या त्रास सो भय कहिये । शोक कर्म के उदयपूर्वक इष्ट वियोगतैं उत्पन्न भया जो संताप सो शोक कहिये । परस्पर विसंवाद सो कलह कहिये । रतिकर्म के उदय जनित प्रीति सो राग कहिये । अरति कर्म के उदयकरि उत्पन्न भई अप्रीति सो द्वेष कहिये । मिथ्यात्व असंममादि रूप सो मोह कहिये–इनकूं आदि दे अशुभ है तिनका आवह कहिये स्थान सो, अर्थ है स्त्री, वस्त्र, सुवर्ण आदि है रूप जाका अैसा है । अथवा आयासादिक अशुभ है, तिनकूं प्राप्त करैं सो अर्थ है । बहुरि अनर्थ जे समस्त परिभव तिनको मूलं कहिये कारण अैसा अर्थ है, तिस अर्थतैं जो शुभ है, सो शुभ नांही अशुभ ही हैं ।।३१।।

तैसें कामसुख है सो भी अशुभ है–अैसे प्रतिपादन करते संते आचार्य कहै है—

अर्थ–दु:ख जो कष्ट ताकरि मिलै ते दुर्गम कहिये अतिविषम स्थान विषैं तिष्ठते दुखकरि पाईए अैसे है । दुर्लभ है लाभ जिनका ते दुर्लभ कहिये अपने वांछे प्राप्त होते नांही । भय है प्रचुर जिनतैं ते भय प्रचुर कहिये—दमन, मारण, वंधनादिक भयकरि सहित है । अल्पकाल विषैं उत्पन्न भये ते अल्पकालिक कहिये इनका काल थोरा है । लघुका कहिये नि:सार है, अैसे कौन हैं ? कामा कहिये मैथुनादिक का अभिलाष है सो दुख हैं विपाक कहिये फल जिनका ते, दुखविपाक कहिए दु:ख ही जिनके अंग विषैं हैं ते येहु अशुभ हैं । भावार्थ— सेवता हू कामभोग विषैं सुख नांही है, नियमकरि सर्व अशुभ हैं ।।३२।। भोजनहूं तैं सुख नांही होय है अैसैं कहै है–

---

१. प्रतिपादयन्नाह क० । २. सुष्ठु विषमस्था क० ।

आहारादपि न सुखं भवतीत्याह—

असुइविलिविले गब्भे वसमाणो वत्थिपडलपच्छण्णो ।
मादूइसिंभ[1]लालाइयं तु तिव्वासुहं पिबदि ।।३३।।

अशुच्याविले मूत्रपुरीषश्लेष्मपित्तरुधिरादिबीभत्से, गर्भ उदराभ्यंतरे, वसन् संतिष्ठमानः, वस्तिपटलप्रच्छन्नः जरायुरावृतः, मातृश्लेष्मलालायितं जनन्या चर्वितं श्लेष्मलालासमन्वितं रसं तीव्रं दुर्गन्धं पिबति यत एवंभूतो मूलाहारस्ततः कथमाहारात सुखमित्याहारोऽप्यशुभरूप एवेति ।।३३।।

शरीरमप्यशुभमिति निरूपयन्नाह—

मंसट्ठिसिं[2]भवसरुहिरचम्मपित्तं तमुत्तकुणिपकुडिं ।
बहुदुक्खरोगभायण सरीरमसुभं वियाणाहि ।।३४।।

मांसास्थिश्लेष्मवसारुधिरचर्मपित्तांत्रमूत्रकुणिपाशुचिकुटीं गृहमेतेषां बहुदुःखरोगभाजनं शरीरमिदमशुभमशुचि विजानीहीति ।।३४।।

तस्मात्—

अत्थं कामसरीरादियं[3] पि सव्वमसुभत्ति णादूण ।
णिव्विज्जंतो झायसु[4] जह जहसि कलेवरं असुइं ।।३५।।

अर्थं स्त्रीवस्त्रादिकं, कामं मैथुनादिकं, शरीरादिकमपि सर्वमशुभमिति जगति ज्ञात्वा निर्वेदं गच्छन् ध्यायस्व चिन्तय यथा [5]जहासि कुत्सितकलेवरमशुचि, शरीरवैराग्यं च सम्यक् चिंतयेति ।।३५।।

अर्थ–अशुच्याविले कहिये मूत्र, मल, श्लेष्म, रूधिरादिककरि ग्लानि युक्त अैसा जो गर्भ कहिये उदर का मध्य ता विषैं वसता जरायुकरि वेष्टित, माता करि चाच्या श्लेष्म, लाल (लार) करि सहित, तीव्र दुर्गंध रस है, ताहि पीवै हैं । जातैं आदि विषै या प्रकार आहार हैं, तातैं कैसें आहारतैं सुख होय ? ।।३३।।

आगै आहारहू अशुभरूप निश्चयकरि हैं, ता कारण शरीरहू अशुभ है–अैसा निरूपण करते संतै आचार्य कहै हैं–

अर्थ–मांस, हाड, कफ, मेद, रुधिर, चाम, पित्त, आंत, मूत्र, मल–इनका घर, बहुत जे दुख अर रोग इनका पात्र । अैसा शरीर है, ताहि तुम अशुचि जानहु ।।३४।।

आगै तातैं कहा कर्तव्य है ? सो कहै हैं–

अर्थ–अर्थ कहिये स्त्री-वस्त्रादिक, काम कहिये मैथुनादिक, शरीरादिक हू सर्व अशुचि है–अैसें जगत् विषैं जाणि निर्वेद कूं प्राप्त होता तैंसैं ध्यायहु जैंसै अशुचि शरीरकूं त्यजै । भावार्थ—अशुचि शरीरतैं वैराग्य, संसारतैं वैराग्य, बहुरि भोगनितैं वैराग्य, ताहि भलै प्रकार चिंतवन करै ।।३५।।

---

१. मादूअसिंभ लाला—द० क० २. अ० ब० सेंभ । ३. अ० ब० गं । ४. ब० जायसु । ५. जहासि त्यजसि द० ।

अशुभानुप्रेक्षां संक्षेपयन्नाह—

मोत्तूण जिणक्खादं धम्मं सुहमिह दु णत्थि लोगम्मि ।
ससुरासुरेसु तिरिएसु णिरयमणुएसु चिंतेज्जो ।।३६।।

ससुरासुरेषु नरकतिर्यङ्मनुष्येषु जिनख्यातं धर्मं मुक्त्वा शुभमिहान्यन्नास्ति, एवं चिन्तयेत्, लोके धर्ममन्तरेणान्यच्छुभं न भवतीति जानीहि ।।३६।।

आस्रवानुप्रेक्षां प्रकटयन्नाह—

दुक्खभयमीणपउरे संसारमहण्णवे परमघोरे ।
जंतू जं तु णिमज्जदि कम्मासवहेदुयं सव्वं ।।३७।।

दुःखभयान्येव मीना मत्स्यास्त एव प्रचुराः प्रभूता यस्मिन् स दुःखभयमीनप्रचुरस्तस्मिन् संसारमहार्णवे परमघोरे सुष्ठु रौद्रे जन्तुर्जीवो यस्मान्निमज्जति प्रविशति तत्सर्वं कर्मास्रवहेतुकं कर्मादाननिमित्तमिति ।।३७।।

के आस्रवा इत्याशंकायामाह—

रागो दोसो मोहो इंदियसण्णा य गारवकसाया ।
मणवयणकायसहिदा[1] दु आसवा होंति कम्मस्स ।।३८।।

रागद्वेषमोहपंचेन्द्रियाहारभयमैथुनपरिग्रहसंज्ञाः ऋद्धिगारवरसगौरवसातगौरवकषायाश्च मनोवचनकायसहिता एवं सर्व एते कर्मण आस्रवा भवन्ति—कर्माण्येतैरागच्छन्तीति ।।३८।।

आगै अशुभानुप्रेक्षा है, ताहि संकोच करते संते आचार्य कहै है–

अर्थ–सुर, असुरनि करि सहित नरक, तिरजंच, मनुष्य इनकै विषैं भगवान् भाषित धर्मकूं त्यजकरि लोक विषैं और कल्याणकारी नांही है । जगत् विषै आत्मा का हितकारी जिनधर्म ही है, असें जानहु ।।३६।।

आश्रवानुप्रेक्षा है, ताहि प्रगट करते आचार्य कहै हैं–

अर्थ–दुःख और भय सो ही भये मत्स्य (मछली), ते हैं प्रचुर जा विषैं, अत्यंत भंयकर अैसा जो संसार-समुद्र, ता विषैं प्राणी है सो जा कारण डूबै हैं सो सर्व कर्म्माश्रव के कारण तैं हैं । ।।३७।।

आश्रव कौन है? अैसी आशंका होतैं आचार्य कहै है–

अर्थ–राग, द्वेष, मोह, पांच–इंद्रियाँ, आहार, भय, मैथुन, परिग्रह–यह च्यार संज्ञा, ऋद्धि गौरव, रस गौरव, सात गौरव—अैसें तीन गौरव और कषाय, बहुरि मन, वचन, कायकरि सहित—या प्रकार यह समस्त आश्रव हैं । इनकरि कर्म्म आवै हैं ।।३८।।

---

१. ख० सहिया ।

रागादीन् विवेचयन्नाह—

रंजेदि असुहकुणपे रागो दोसो वि दूसदी णिच्चं ।
मोहो वि महारिवु जं णियदं मोहेदि सब्भावं ।।३९।।

रागो जीवं कुणपे वस्तुनि रंजयति—कुत्सिते द्रव्येऽनुरागं कारयति रागः । **द्वेषोऽपि शोभनमपि द्वेष्टि**—सम्यग्दर्शनादिषु द्वेषं कारयति । नित्यं सर्वकालं । मोहोऽपि महारिपुर्महावैरी यस्मान्नियतं निश्चयेन मोहयति सद्भावं—जीवस्य परमार्थरूपं तिरयतीति ।।३९।।

यत एवंभूतो मोहोऽतस्तं कुत्सयन्नाह—

धिद्धी मोहस्स सदा जेण हिदत्थेण मोहिदो संतो ।
ण विबुज्झदि जिणवयणं हिदसिवसुहकारणं मग्गं ।।४०।।

धिक्-धिक् भवतु मोहं—मोहः प्रलयं गच्छतु । येन मोहेन हृदयस्थेन[1] मोहितो मूढः सन् न विबुध्यते तत्र जानाति जिनवचनं परमागमं । किं विशिष्टं? **हितशिवसुखकारणं मार्ग**—एकांतवादिपरिकल्पितसुखनिमित्तमार्गविपरीतं येन मोहेन हृदयस्थेन न विबुध्यते तं मोहं धिग्भवन्त्विति ।।४०।।

रागद्वेषौ कुत्सयन्नाह—

जिणवयण सद्दहाणो वि तिव्वमसुहगदिपावयं कुणइ[2] ।
अभिभूदो जेहिं सदा धित्तेसिं रागदोसाणं ।।४१।।

याभ्यां रागद्वेषाभ्यामभिभूतः कदर्थितोऽयं जीवो जिनवचनं श्रद्धानोऽपि तत्त्वरुचिसहितोऽप्यशुभगतिहेतुकं तीव्रं पापं करोति श्रेणिकादिवत्,

---

आगै रागादिक है तिनहि विचार करते आचार्य कहै हैं–

अर्थ–राग है सो जीव हैं, ताहि अशुभ अर कुत्सित वस्तु विषैं अनुराग उपजावै हैं । द्वेष है सो हूं शोभायमान सम्यग्दर्शनादिक विषैं द्वेष उपजावै है । सदाकाल मोह है सोहूं महा बैरी है, जातैं निश्चयकरि जीव का सद्भाव जो परमार्थरूप, ताहि विनाशै है ।।३९।।

जातैं मोह अैसा है, तातैं तिस मोहकूं निंदते संतै कहै है–

अर्थ–मोह है ताहि सदाकाल धिक्कार होऊ, धिक्कार होऊ । मोह है सो प्रलय है, ताहि प्राप्त होउ हृदय विषैं तिष्ठता अैसा जो मोह ताकरि यह जीव मोही हुवा संता जिनवचन जो परमागम, ताहि नांही जानै है । कैसा है जिनवचन ? हितकारी, मोक्ष सुख का कारण–अैसा मार्ग्ग है । एकांतवादी जे मिथ्यादृष्टी तिनकरि कल्पित कहिये मिथ्याकथित सुख का निमित्तमार्ग तासूं विपरीत है ।

भावार्थ–मोह हृदय विषैं तिष्ठता संता मोक्षसुख का कारण जिनवचन, अर संसार का कारण मिथ्यावचन, ताका भेद नांही जानै हैं । तातैं तिस मोहकूं धिक्कार होऊ ।।४०।।

आगै राग–द्वेष है, ताहि निंदते संतै आचार्य कहै है–

अर्थ–यह जीव जिनि रागद्वेषनिकरि पीडित हुवा संता जिनवचन का श्रद्धान करता हू, सदा अशुभ गति का कारण तीव्र पाप है,

---

१. हृदयस्थितेन क० । २. कुणदि क० ।

धिग्भवतस्तौ रागद्वेषौ, इति दर्शने सत्यपि रागद्वेषौ पुरुषस्य पापं जनयत इति तयोर्निराकरणे संभ्रमः कार्य इति ।।४१।।

विषयाणां दुष्टत्वमाह—

अणिहुदमणसा एदे इंदियविसया णिगेण्हिदुं दुक्खं ।
मंतोसहिहीणेण व दुट्ठा आसीविसा सप्पा ।।४२।।

एकाग्रचित्तमन्तरेणैतानिन्द्रियविषयान्निग्रहीतुं दुःखमेतेषां रूपरसगंधस्पर्शशब्दविषयाणामिन्द्रियाणां निग्रहं कर्त्तुं न शक्यते चलचित्तेन । यथा मंत्रौषधिहीनेन दुष्टा आशीविषाः सर्पा वशीकर्तुं न शक्यन्त इति ।।४२।। तानि कुत्सयन्नाह—

धित्तेसिमिंदियाणं जेसिं वसेदो दु पावमज्जणिय ।
पावदि पावविवागं दुक्खमणंतं भवगदिसु[1] ।।४३।।

धिग्भवतु तानीन्द्रियाणि, येषामिन्द्रियाणां वशतो वशं गतः पापमर्जयित्वा च पापं संगृह्य प्राप्नोति, तस्य पापस्य विपाकं फलं भवगतिषु च दुःखमनंतं प्राप्नोतीति ।।४३।।

संज्ञागौरवाणां स्वरूपमाह—

सण्णाहिं गारवेहिं अ गुरुओ गुरुगं तु पावमज्जणिय ।
तो कम्मभारगुरुओ गुरुगं दुक्खं समणुभवइ[2] ।।४४।।

आहारादिसंज्ञाभिर्गौरवैश्च गुरुः सन् गुरुकं तु पापमर्जयित्वा पापभारं स्वीकृत्य ततः पापभारेण गुरुर्भूत्वा ततो गुरुकं दुःखं समनुभवतीति ।।४४।।

ताहि करै है । श्रेणिक राजा कूं आदि दे पूर्वेंभये तिनकी नांई । तातैं तिन रागद्वेषनिकूं धिक्कार होहु । सम्यग्दर्शन होतै हूं रागद्वेष है, ते पुरुष कै पापु उपजावैं हैं या कारण तिनका निराकरण होतैं आनंद करवे जोग्य है ।।४१।।

आगै विषयन की दुष्टता है, ताहि कहै है–

अर्थ–एकाग्र मन विना यह इंद्रियनिके विषय जे रूप, रस, गंध, स्पर्श, शब्द–इनका निग्रह करने कूं समर्थ नांही होय है । जैसे मंत्र–औषधिकरि हीन पुरूष दुष्ट आसी विष जाति, सर्प्पनिकूं वशिंकरवै समर्थ नांही होय ।।४२।।

आगै इंद्रियनि कूं निंदते आचार्य कहै हैं–

अर्थ–तिन इंद्रियनिकूं धिक्कार होउ, जिन इन्द्रियनि कै वशिभया जीव पाप का संचयकरि तिस पाप का फल जो च्यारुं गति विषैं दुख ताहि प्राप्त होय है ।।४३।।

आगै संज्ञा अर गौरव इनका स्वरूप है, ताहि कहै है—

अर्थ–आहारादिक च्यार संज्ञानिकरि बहुरि तीन गौरवनि करि अति-भार्‌या हुवा पाप का भार अंगीकार करि तिस पापभार करि भर्‌या होयकरि ता पीछैं महान् दुःख हैं, ताहि भोगवै है ।।४४।।

---
१. भवगतिषु २. अ० ब० भवदि ।

कषायास्रवस्वरूपमाह—

कोधो माणो माया लोभो य दुरासया कसायरिऊ ।
दोससहस्सावासा दुक्खसहस्साणि पावंति ।।४५।।

क्रोधमानमायालोभा दुराश्रया दुष्टाश्रयाः कषायरिपवः दोषसहस्राणामावासाः दुःखसहस्राणि जीवान् प्रापयंति—दुःखसहस्रैः कषाया जीवान् संबंधयन्तीत्यर्थः ।।४५।। पुनरप्यास्रवानाह—

हिंसादिएहिं पंचहिं आसवदारेहिं आसवदि पावं ।
तेहिंतु धुव विणासो सासवणावा जह समुद्दे ।।४६।।

हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहैः पंचभिरास्रवद्वारैरास्रवति कर्मोपढौकते पापं । तेभ्यश्चाश्रितेभ्यो ध्रुवो निश्चयरूपो विनाशो जीवस्य भवति । यथा सास्रवा नौः पोतः समुद्रे निमज्जति, एवं कर्मास्रवैर्जीवः संसारसागरे निमज्जतीति ।।४६।। आस्रवानुप्रेक्षामुपसंहरन्नाह—

एवं बहुप्पयारं कम्मं आसवदि दुट्ठमट्ठविहं ।
णाणावरणादीयं दुक्खविवागं ति चिंतेज्जो ।।४७।।

एवं ज्ञानावरणादिकं कर्माष्टविधं भेदेन बहुप्रकारं दुष्टं वाऽऽस्रवति यस्मात्तस्मात्तमास्रवं दुःखविपाकमिति कृत्वा चिन्तयेत् भावयेदिति ।।४७।।

यस्मादेवमास्रवैः कर्मास्रवति तस्मात्संवरमाह—

तम्हा कम्मासवकारणाणि सव्वाणि ताणि रुंधेज्जो ।
इंदियकसायसण्णागारवरागादिआदीणि ।।४८।।

आगै कषायाश्रव का स्वरूप है, ताहि कहै है—

अर्थ–दुष्ट हैं आलंवन जिनको हजारां दोषनिके निवास अैसे क्रोध, मान, माया, लोभ-यह च्यार कषाय तेई भये शत्रु जीवनिकूं हजारां दुःख प्राप्ति करै हैं । च्यार कषाय हजार दुखनिकरि जीवकूं संबंधयुक्त करै हैं ।।४५।।

बहुरि हू आश्रव है, ताहि कहै है—

अर्थ–हिंसा, असत्य, चौर्य, मैथुन, परिग्रह–यह जे पंच आश्रवनि के द्वार तिनकरि पापकर्म आवै हैं । बहुरि तिनि आश्रवनिकरि जीव का निश्चय थकी नाश होय है । जैसे छिद्र सहित नाव समुद्र विषैं डूबै, अैसैं कर्माश्रवनिकरि जीव है सो संसार-समुद्र विषैं डूबै है ।।४६।।

आगै आश्रवानुप्रेक्षा है, ताहि संकोच करते संतें आचार्य कहै हैं–

अर्थ–जैसैं ज्ञानावरणादिक अष्ट प्रकार उत्तरप्रकृति के भेदकरि बहुत प्रकार दुष्टकर्म्म हैं, सो जातैं आवै है, तातैं तिस आश्रवकूं दुःख है फल जाका–अैसा जाणि चितवन करणां ।।४७।।

जातै इन प्रकार आश्रवनिकरि कर्म आवै हैं, तातैं संवर है, ताहि कहै है–

अर्थ–तातैं जे कर्म्माश्रव के कारण सर्वही इंद्रिय, कषाय, संज्ञा, गौरव, रागादिक जे हैं, तिनकूं निवारण करैं । जातैं इनकरि कर्म्म

तस्मात्कर्मास्रवकारणानि सर्वाणि यानि तानि निरोधयेत् निवारयेत् । कानि तानि? इन्द्रियकषायसंज्ञागौरवरागादिकानि । यस्मादेतैः कर्मागच्छति तस्मादेतानि सर्वाणि निरोधयेदिति ।।४८।।

रुद्धेषु तेषु यद्भवति तदाह—

रुद्धेसु कसायेसु अ मूलादो होंति आसवा रुद्धा ।
दुब्भत्तम्हि णिरुद्धे वणम्मि णावा जह ण एदि ।।४९।।

रुद्धेषु च कषायेषु च मूलादारभ्य मूलत आस्रवाः सर्वेऽपि रुद्धाः सम्यक् पिहिता भवंति यथा दुर्वहति वने पानीये—दुष्टे वहति स्रोतसि जले, अथ व्रणे—विवरे, दुष्टे वहति, निरुद्धे विधृते, नावं नैति जलं यथा । अथवा नालिकेरादित्वग्भिर्बद्धा नौः सास्रवा सत्यपि नयति प्राप्नोति परतीरं, अथवा नैति विनाशं । कषायेषु निरुद्धेषु आस्रवा रुद्धा यथा नावं नैति जलं रुद्धेषु, यथा च सास्रवा नौर्दुर्वहति पानीये निरुद्धे मूलतस्तस्या नावः सर्वेऽपि आस्रवा निरुद्धा भवंति ततः सा नौर्नयति प्रापयतीष्टस्थानमानयति वा स्वेष्टं वस्तु-विनाशं च न गच्छति, एवं कषायेषु रुद्धेषु मूलतः सर्वेऽप्यास्रवा निरुद्धा भवंति ततो यद्यपि योगादिद्वारैः सास्रवो जंतुस्तथाऽपि रत्नत्रयं मोक्षपत्तनं नयतीति ।।४९।। इन्द्रियसंवरस्वरूपमाह—

इंदियकसायदोसा णिग्घिप्पंतितवणाणविणएहिं ।
रज्जूहिं णिग्घिप्पंति हु उप्पहगामी जहा तुरया ।।५०।।

इन्द्रियाणि कषाया द्वेषाश्चैते निगृह्यन्ते निरुध्यन्ते यथासंख्यं[1] तपसा ज्ञानेन विनयेन । इन्द्रियाणि तपसा निगृह्यन्ते, कषाया ज्ञानभावनया वशीक्रियंते, द्वेषो विनयक्रियया प्रलयमुपनीते । यथोत्पथगामिन उन्मार्गयायिनस्तुरगा अश्वा निगृह्यन्ते वशतामुपनीयन्ते रज्जुभिर्वरत्राभिः खल्विति[2] ।।५०।।

आवै हैं, तातैं इन समस्तनिकूं रोकै है ।।४८।।

आगै तिनकूं रोकतैं संतै जो होय ताहि कहै है–

अर्थ–कषायें रोके संतैं मूलतैं लगायकरि समस्त हूं आश्रव भलीभांति रोके होय हैं । जैसें वने कहिये पाणी स्रोतसि कहिये छिद्र विषैं दुष्ट बहता संता अथवा दुष्ट बहता अैसा व्रण कहिये छिद्र सो रोके संतै जल है सो नावकूं नांही प्राप्त होय है । अथवा नालेर (नारियल) आदि वृक्षनिकी त्वचाकरि बंधी अैसै नाव आश्रव सहित होती हू नयति कहिये पर (दूसरे) तीरकूं प्राप्त करै है अथवा नैति कहिये नाशकूं नांही प्राप्त होय है ।

भावार्थ–जैसे छिद्र सहित नाव छिद्रकूं रोके पाणी विषै नांही डूबै है, वांछित स्थानकूं प्राप्त करै है । या प्रकार कषायनिकूं रोके संतै सर्व ही आश्रव रूकै हैं । तिस कारणतैं यद्यपि योगद्वारनिकरि आश्रव सहित प्राणी हैं, तोहू रत्नत्रयमय मोक्षनगर है, ताहि प्राप्त करै हैं ।।४९।।

आगै इंद्रिय संवर का स्वरूप है, ताहि कहै हैं—

अर्थ–इंद्रिय, कषाय अर द्वेष—ये हैं ते तप, ज्ञान, अर विनयकरि रोकिये है । इंहा यथासंख्यकरि इंद्रिय है ते तपकरि रोकिये है । कषाय हैं ते ज्ञान भावनाकरि वशि करिये हैं । द्वेष है सो विनयक्रियाकरि प्रलय है, ताहि प्राप्त करिये हैं । जैसे उन्मार्ग विषैं गमन करते घोडा वरहानि (रस्सी) करि प्रगटपनै वाशि करिये हैं ।।५०।।

---

१. यथासंख्येन द० क० । २. स्फुटमिति क० ।

चारित्रसंवरस्य स्वरूपमाह—

मणवयणकायगुत्तिंदियस्स समिदीसु अप्पमत्तस्स ।
आसवदारणिरोहे णवकम्मरयासवो ण हवे[1] ।।५१।।

मनोवचनकायैर्गुप्तेन्द्रियस्य समितिषु चेर्याभाषैषणाऽऽदाननिक्षेपोच्चर[2] प्रस्रवणसंज्ञिकास्वप्रमत्तस्य सुष्ठु प्रमादरहितस्य चारित्रवत आस्रवद्वारनिरोधे यैर्द्वारैः कर्मागच्छति तेषां निरोधे सति नवकर्मरजस आस्रवो न भवेत—अभिनवकर्मागमो न भवेदिति ।।५१।।

पुनरपि संक्षेपत आस्रवं संवरं चाह—

मिच्छत्ताविरदीहिं य कसायजोगेहिं जं च आसवदि ।
दंसणविरमणणिग्गहणिरोधणेहिं तु णासवदि ।।५२।।

मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगैर्यत्कर्मास्रवति तत्कर्म सम्यग्दर्शनविरतिनिग्रहनिरोधनैस्तु यथासंख्यं[3] नास्रवति नागच्छतीति ।।५२।।

संवरानुप्रेक्षां संक्षेपयन् तस्याश्च फलं प्रतिपादयन्नाह—

संवरफलं तु णिव्वाणमेत्ति संवरसमाधिसंजुत्तो ।
णिच्चुज्जुत्तो भावय संवर इणमो विसुद्धप्पा ।।५३।।

संवरफलं निर्वाणमिति कृत्वा संवरेण समाधिना चाथवा संवरध्यानेन संयुक्तः सन् नित्योद्युक्तश्च सर्वकालं यत्नपरं भावयेमं संवरं विशुद्धात्मा सर्वद्वन्द्वपरिहीणः—संवरं प्रयत्नेन चिन्तयेति ।।५३।।

आगै चारित्र संवर का स्वरूप कहै है—

अर्थ–मन, वचन, कायकरि गोप्या है इंद्रिय जानै, बहुरि समितिषु कहिये—१. ईर्य्या, २. भाषा, ३. एषणा, ४. आदाननिक्षेप, ५.उच्चारप्रस्रवण ये हैं संज्ञा जिनकी तिनकै विषैं, भलै प्रकार प्रमाद रहित अैसा चारित्रयुक्त मुनिकैं आश्रवद्वार रोके संतै, तिन द्वारनिकरि कर्म आवै हैं, तिनका निरोध होत संतै, नवीन कर्म्मरूपरज का आश्रव नांही होय है ।।५१।।

बहुरि संक्षेपतें आश्रव अर संवर हैं, ताहि कहै है—

अर्थ–१. मिथ्यात्व, २. अविरति, ३. कषाय, ४. योग–इनकरि जो कर्म आवै है सो, सम्यग्दर्शन, विरति, (इन्द्रिय) निग्रह, (योग) निरोध-इनकरि यथासंख्यकरि नांहीं आवै है ।।५२।।

आगैं संवरानुप्रेक्षा है, ताहि संकोचते बहुरि तिसका फलकूं प्रतिपादन करते आचार्य कहै हैं–

अर्थ–संवर का फल निर्वाण है—या कारण संवरकरि बहुरि समाधि जो ध्यान ताकरि अथवा संवर का ध्यानकरि संयुक्त हुवा संता, बहुरि सर्वकाल जतन विषैं तत्पर हुवा संता विशुद्ध है आत्मा जाका सर्व द्वंदकरि रहित यह संवर है, ताहि भाय ।।५३।।

१. अ० ब० भवे । २. निक्षेपोच्चारणं प्रस्रवणं क० । ३. यथासंख्येन क० ।

निर्जरास्वरूपं विवृण्वन्नाह—

रुद्धासवस्स एवं तवसा जुत्तस्स णिज्जरा होदि ।
दुविहा य सा वि भणिया देसादो सव्वदो चेव ।।५४।।

रुद्धास्रवस्य पिहितकर्मागमद्वारस्यैवं तपसा युक्तस्य निर्जरा भवति—कर्मशातनं भवति । साऽपि च निर्जरा द्विविधा भणिता, देशतः सर्वतश्च [1]कर्मैकदेशनिर्जरा सर्वकर्मनिर्जरा चेति ।।५४।। देशनिर्जरास्वरूपमाह—

संसारे संसरंतस्स खओवसमगदस्स कम्मस्स ।
सव्वस्स वि होदि जगे तवसा पुण णिज्जरा विउला ।।५५।।

संसारे चतुर्गतिसंसरणे, संसरतः पर्यटतः, क्षयोपशमगतकर्मणः किंचित् क्षयमुपगतं किंचिदुपशान्तं किंचित्सत्स्वरूपेण स्थितं कर्म तस्य कर्मणो या निर्जरा सा सर्वस्यैव जीवस्य भवति जगति सा च देशनिर्जरा तपसा पुनर्निर्जरा विपुला—तपोग्निना भस्मीकृतस्य सर्वस्य कर्मणो निर्जरा सकलेति ।।५५।।

सकलनिर्जरायाः फलं स्वरूपं चाह—

जह धादू धम्मंतो सुज्झदि सो अग्गिणा दु संतत्तो ।
तवसा तहा[2] विसुज्झदि जीवो कम्मेहिं कणयं व ।।५६।।*

आगैं निर्जराप्रेक्षा का स्वरूप है, ताहि वर्णन करते आचार्य कहै है–

अर्थ–या प्रकार रोक्या है कर्म्मनिका आगमद्वार जानैं बहुरि तपकरि युक्त–अैसा मुनिकै निर्जरा होय हैं । सोहू निज्र्जरा दोय प्रकार कही—देशतः कहिये कर्मनिकी एकदेश निर्जरा बहुरि सर्वतः कहिए कर्म्मनिकी सर्वदेश निर्जरा, अैसे जाननी ।।५४।।

आगैं देशनिर्जरा का स्वरूप है, ताहि कहै हैं—

अर्थ–चतुर्गति संसार विषैं परिभ्रमण करता सर्वही जीवकै जगत विषैं किचिंत् क्षयकूं प्राप्त भया किचिंत् उपशांत भया किचिंत् तिस स्वरूपकरि स्थित रह्या अैसा जो कर्म्म ताकी निर्जरा है, सो देशनिर्जरा है ।।५५।।

आगै सकल–निर्जरा का फल, बहुरि स्वरूप है, ताहि कहै है–

अर्थ–जैसैं धातु जो सुवर्णपाषाण सो धमाया बहुरि अग्निकरि तप्तायमान कीया । शुद्धयति कहिये कीट–कालिमाकरि शुद्ध होय

---

१. 'एककर्मैक' इति प्रेस-पुस्तके पाठः । २. अ० ब० तथा ।

* फलटन से प्रकाशित मूलाचार में यह गाथा अधिक है—

आवेसणी सरीरे इंदियभंडो मणो व आगरिओ । धमिदव्व जीवलोहो वावीसपरीसहग्गीहिं ।।

अर्थ–यह शरीर आवेशनी—चूल्हा के समान है, इन्द्रियाँ भांड अर्थात् अलंकार बनाने के साधन चिमटा, हथौड़ा आदि के समान हैं, मन सुवर्णकार के समान है । जीव सुर्वणधातु के समान है और क्षुधातृषादि परीषिह अग्नि के समान हैं । अर्थात् शरीर रूपी चूल्हे—भट्टी में बाईस परीषहरूपी अग्नि में मनरूपी उपाध्याय—या सुवर्णकार के द्वारा तपाया गया यह जीवरूपी सुवर्ण कर्मरूपी मल के नष्ट हो जाने से निर्मल-शुद्ध हो जाता है ।

यथा धातुस्सुवर्णपाषाणः धम्यमानः शुध्यति किट्टकालिमादिरहितो भवति अग्निना तु सन्तप्तः सन्, तथा तपसा विशुध्यते कर्मभ्यो जीवः सर्वकर्मविमुक्तः स्यात्कनकमिव । यथा धातुर्धम्यमानोऽग्निना सन्तप्तः कनकः स्यात्तथा जीवस्तपसा संतप्तः सिद्धः संपद्यत इति ।।५६।।

तपसो माहात्म्यमाह—

णाणवरमारुदजुदो सीलवरसमाधिसंजमुज्जलिदो ।
दहइ तवो भवबीयं तणकट्ठादी जहा अग्गी ।।५७।।

ज्ञानवरमारुतयुतं मत्यादिज्ञानबृहद्वातसहितं, शीलं व्रतपरिरक्षणं, वरसमाधिरेकाग्रचिन्तानिरोधः, पंचनमस्कृतिसहितः संयमः प्राणिदया इन्द्रियनिग्रहश्चैतैरुज्ज्वलितं प्रज्वलितं दीप्तं तपो दहति भवबीजं संसार कारणं । तृणकाष्ठादिकं [1]यथाऽग्निर्दहति तथेति ।।५७।। पुनरपि—

चिरकालमज्जिदं पि य विहुणदि तवसा रयत्ति णाऊण ।
दुविहे तवम्मि णिच्चं भावेदव्वो हवदि अप्पा ।।५८।।

चिरकालं संख्या(म)तीतसमयं कर्मार्जितमपि तपसा विधूयत इति ज्ञात्वा द्विविधे तपसि नित्यं निरन्तरमात्मा भावयितव्यो भवतीति ।।५८।।

भावितात्मा स नु किं स्यादित्याह—

णिज्जरियसव्वकम्मो जादिजरामरणबंधणविमुक्को ।
पावदि सुक्खमणंतं णिज्जरणं तं मणसि कुज्जा ।।५९।।

ततो निर्जीर्णः सर्वकर्मनिर्मुक्तो जातिजरामरणबन्धनविमुक्तः प्राप्नोति सौख्यमतुलमनंतं, तन्निर्जरणं मनसि कृत्वा (कुर्यात्) विधायेति ।।५९।।

है तैसैं तपकरि जीव सर्वकर्म्मनिकरि रहित होय है ।

भावार्थ–जैसे दूरी अग्निकरि धमाई तप्त हुई संती सुर्वण होय है, तैसैं जीव तपकरि संतप्त हुवा सिद्ध होय है ।।५६।।

आगैं तप का माहात्म्य है, ताहि कहै है–

अर्थ–मति आदि ज्ञान सो ही भया प्रचंड पवन ताकरि सहित, शील कहिये व्रत की समस्तपनैं रक्षा, बरसमाधि कहिये एकाग्र चिंता का रोकना, पंच नमस्कार सहित, संयम कहिये प्राणीनिकी दया, बहुरि इंद्रियनि का निग्रह, इनिकरिकै प्रज्वलित जो तप सो संसार का कारण है, ताहि भस्म करै है । जैसै अग्नि–तृण, काष्ठादिक कूं भस्म करै ।।५७।।

अर्थ–चिरकाल कहिये संख्या रहित काल विषैं संचय कीया अैसा हू कर्म है, ताहि तपकरि कंपायमान करै है, अैसैं जाणिकरि दोय प्रकार बाह्य—अभ्यंतर तप विषैं आत्मा है–सो भायवे जोग्य है ।।५८।।

तां पीछैं तप विषैं आत्मा भाये संतै कहा होय है ? अैसैं पूछैं उत्तर कहै है—

अर्थ–ता पीछै सर्व कर्म्मकरि रहित, बहुरि जन्म-जरा-मरण ये ही भये बंधन, तिनिकरि रहित भया तिस निर्जरा कूं मन विषैं धारि अतुल सुख है, ताहि प्राप्त होय है ।।५९।।

---

१. यथाग्निरिति क० ।

निर्जरानुप्रेक्षां व्याख्याय धर्मानुप्रेक्षास्वरूपं विवेचयन्नाह—

सव्वजगस्स हिदकरो धम्मो तित्थंकरेहिं अक्खादो ।
धण्णा तं पडिवण्णा विसुद्धमणसा जगे मणुया ।।६०।।

सर्वस्य जगतो भव्यलोकस्य हितकरो धर्म उत्तमक्षमादिलक्षणस्तीर्थकरैराख्यात: प्रतिपादितस्तं धर्मं ये प्रतिपन्नास्तं धर्ममधिष्ठिता ये पुरुषा विशुद्धमनसा शुद्धभावेन ते धन्या: पुण्यवंत: कृतार्था जगतीति ।।६०।।

धर्मानुरागे कारणमाह—

जेणेह पाविदव्वं कल्लाणपरंपरं परमसोक्खं ।
सो जिणदेसिदधम्मं भावेणुववज्जदे पुरिसो ।।६१।।

येनेह—येन जीवेनास्मिंल्लोके कल्याणपरंपरा मांगल्यनैरन्तर्यं परमसौख्यं प्राप्तव्यं स जीवो जिनदेशितं तीर्थकराख्यातं धर्मं भावेनोपद्यते पुरुष: परमार्थतो धर्मं श्रद्दधाति सेवते—पापक्रियां मनागपि नाचरतीति ।।६१।।

[१]धर्मस्य विकल्पानाह—

खंतीमद्दवअज्जवलाघवतवसंजमो अकिंचणदा ।
तह होइ बंभचेरं सच्चं चाओ य दसधम्मा ।।६२।।

क्षान्त्यार्जवमार्दवलाघव[२]तप:संयमा आकिंचन्यं तथा ब्रह्मचर्यं सत्यं त्यागश्चैवं धर्मो दशविधो भवति ज्ञातव्य इति ।।६२।।

आगै निर्जरानुप्रेक्षा का व्याख्यानकरि, धर्मानुप्रेक्षा का स्वरूप है, ताहि प्रगट करते आचार्य कहै हैं—

अर्थ–सर्व भव्यलोक का हितकारी उत्तम क्षमादिक हैं लक्षण जाका अैसा धर्म तीर्थंकर भगवानकरि उपदेश कीया, तिस धर्मकूं जे पुरुष विशुद्ध भावकरि आश्रय किया जे पुरुष जगत् विषैं धन्या कहिये पुण्यवंत है, कृतार्थ है ।।६०।।

आगै धर्मानुराग विषै कारण है, ताहि कहै हैं—

अर्थ–या जगत् विषै जा जीव नै कल्याणनिकी है परंपरा जा विषै अैसा परमसुख प्राप्त होना है सो जीव तीर्थंकर करि उपदेश्या धर्म है ताहि भावकरि श्रद्धान करै है, सेवै है । पापक्रिया है, ताहि किंचित् मात्र हू नांही आचरै है ।।६१।।

आगै मुनिधर्म का भेद है, ताहि कहै है—

अर्थ–उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, लाघव, तप:, संयम, आकिंचन, तैसैं ब्रह्मचर्य, सत्य, बहुरि त्याग–अैसें दशप्रकार धर्म जानना।।६२।।

---

१. लिङ्गधर्मस्य क० । २. लाघवं शौचाचार: (क० टि०) ।

धर्मभावनाफलमाह—

उवसम दया य खंती वड्ढइ वेरग्गदा य जह जह से ।
तह तह य मोक्खसोक्खं अक्खीणं भावियं होइ ।।६३।।

उपशम इन्द्रियनिग्रहे पुरुषव्यापारो, दयानुकंपा, क्षान्तिः क्रोधाद्यनुत्पत्तिरन्यकृतोपद्रवसहनं, एते विरागता च यथा यथा वर्धन्ते—वैराग्यकारणेन वृद्धिं गच्छन्ति यथा यथास्य जीवस्य तथा तथा तस्य जीवस्य मोक्षसौख्यमक्षरं भावितं भवतीति ।।६३।।

धर्मानुप्रेक्षामुपसंहर्तुकामः प्राह—

संसारविसमदुग्गे भवगहणे कह वि मे भमंतेण ।
दिट्ठो जिणवरदिट्ठो जेट्ठो धम्मोत्ति चिंतेज्जो ।।६४।।

संसारविषमदुर्गे भवगहने भवैर्व्याकुले कथमपि भ्रमता पर्यटता मया जिनवरोपदिष्टो ज्येष्ठः प्रधानो धर्मो दृष्टः चिन्तयेदिति ।।६४।।

बोधिदुर्लभतास्वरूपमाह—

संसारह्मि अणंते जीवाणं दुल्लहं मणुस्सत्तं ।
जुगसमिलासंजोगो लवणसमुद्दे जहा चेव ।।६५।।

संसारेऽनंतेऽत्यन्तदीर्घे जीवानां दुर्लभं मनुष्यत्वं मनुष्यजन्म, यथा लवणसमुद्रे युगसमिलासंयोगः । पूर्वसमुद्रभागे युगं निक्षिप्तं, पश्चिमसमुद्रभागे समिला निक्षिप्ता, तस्याः समिलायाः युगविवरे यथा प्रवेशो दुर्लभस्तथा जीवस्य चतुरशीतियोनिलक्षमध्ये मनुष्यत्वं दुर्लभमेवेति ।।६५।।

आगै धर्मभावना का फल है, ताहि कहै है—

अर्थ–उपशम कहिये इंद्रियनिके निग्रह विषैं पुरुष का व्यापार, दया कहिये अनुकंपा, क्षांति कहिये क्रोधादिक का नांही उपजनां, औरनि करि कीया उपसर्ग का सहनां । बहुरि वैराग्यभाव यह समस्त जैसैं जैसैं वैराग्य कारणकरि वृद्धि कूं प्राप्त होय जा जीवकैं, तैसैं तैसैं तिस जीवकैं अविनश्वर अैसा मोक्ष का सुख सो अनुभव गोचर होय है ।।६३।।

आगै धर्मानुप्रेक्षा कूं संकोचवे की है वांछा जाकैं, अैसा आचार्य कहै है—

अर्थ–पंचपरावर्तन रूप संसार ताकरि विषम है दुष्टमार्ग जाका अैसा भव-वन विषैं भ्रमण करता जो मैं सो बड़ा कष्टकरि जिनेश्वर-देवकरि उपदेश्या अैसा महान् धर्म पाया–अैसे चिंतवन करैं ।।६४।।

आगै बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा का स्वरूप है, ताहि कहै है—

अर्थ–अनंत अैसा संसार विषैं जीवनि कैं मनुष्य जन्म दुर्लभ है–जैसैं लवण समुद्र विषैं युग (जुवां) समिला (सैल) का संजोग दुर्लभ है । पूर्वसमुद्र के भाग विषैं जूड्या डार्या, पश्चिम–समुद्र के भाग विषैं समिल (जुवें) डारी । जैसैं तिस समिला का जुड़े का छिद्र विषैं प्रवेश दुर्लभ है, तैसें जीव कै चौरासी लाख जोणि कै मध्य मनुष्य जनम दुर्लभ है निश्चयकरि ।।६५।।

मनुष्यत्वे लब्धेऽपि यद्दुर्लभं तदाह—

देसकुलजन्म रूवं आऊ आरोग्ग वीरियं विणओ ।
सवणं गहणं मदि धारणा य एदे वि दुल्लहा लोए ।।६६।।

मनुष्यत्वे लब्धेऽप्यतिदुर्लभ आर्यदेशः, मनुष्यत्वं यतो म्लेच्छखंडेषु भोगभूमावपि विद्यते । आर्यदेशे लब्धेऽपि दुर्लभं कुले जन्म, आर्यदेशे भिल्लवर्वरचांडालादिकुलानामपि संभवात् । विशुद्धकुले लब्धेऽप्यतीव दुर्लभं रूपमवयवसंपूर्णता, शुद्धकुलेऽपि यतो विकलांगदर्शनमिति । रूपे लब्ध्वाऽपि दुर्लभं सुष्ठु दीर्घायुश्चिरंजीवित्वं । चिरजीवनादप्यारोग्यं दुर्लभतमः । तस्मादपि श्रवणमार्यादिसंप्राप्तिः । तस्मादपि ग्रहणमवधारणं सुष्ठु न् सुलभं । तस्मादपि पूर्वापरविवेकरूपता मतिः स्मरणादिकमतीव दुर्लभा । ततोऽपि धारणा कालान्तरेऽप्यविस्मरणत्वं दुर्लभा । मनुष्यत्वे लब्धेप्येते सर्वेऽपि क्रमेण दुर्लभा लोके जगतीति ।।६६।।

एतेभ्योऽपि दुर्लभतममाह—

लद्धेसु वि[1] एदेसु य बोधी जिणसासणह्मि ण हु सुलहा ।
कुपहाणमाकुलत्ता जं बलिया रागदोसा य ।।६७।।

लब्धेष्वप्येतेषु मनुष्यादिषु बोधिः सम्यक्त्वं दर्शनविशुद्धिस्तत्कारणे च जिनशासने परमागमे नैव सुलभा न सुखेन लभ्यते । कुतः ? कुपथानामाकुलत्वात् यतः कुत्सितमार्गैर्दुष्टाभिप्रायैराकुलोऽयं भ्रान्तोऽयं लोकः, यस्माच्च रागद्वेषौ बलवन्तौ, अथवा कुपथानामाकुलत्वहेतोर्बलिनौ रागद्वेषौ

आगै मनुष्यजन्म प्राप्त भये हू जो दुर्लभ है, ताहि कहै है–

अर्थ–मनुष्यजन्म प्राप्त भया तौउ आर्यदेश पावनां अतिदुर्लभ है । जातैं मनुष्यपनां है सो म्लेच्छखंडनि विषैं, बहुरि भोगभूमि विषैं हू हैं । बहुरि आर्यदेशहू प्राप्त भया तोउ शुद्ध कुल विषैं जन्म दुर्लभ है । जातैं आर्य देश विषै भील, बर्वर, चांडालादिक कुलनि का संभव है । बहुरि विशुद्ध कुल प्राप्त भये हू रूप कहिये अंग–उपांग की संपूर्णता अत्यंत दुर्लभ है । जातैं शुद्धकुल विषैं हू विकल अंग कै धारक दीखै हैं । रूप हू प्राप्त भये बडा आयु दुर्लभ है । बहुरि घनें काल जीवनै तैहू रोगरहितपनां अति दुर्लभ है । बहुरि नीरोग तातैं वीर्य कहिये सामर्थ्य सो दुर्लभ है । बहुरि वीर्य हूंतै विनय है सो अति दुर्लभ है । तिस विनयतैं हू श्रवण कहिये आचार्यादिकनि की प्राप्ति दुर्लभ है। तिस आचार्यादिकनि की प्राप्ति तैं ग्रहणं कहिये उपदेश का अंगीकार करणां दुर्लभ है । तिस ग्रहण हूतैं मति कहियै पूर्वापर का विवेक सहित चिंतवन अत्यंत दुर्लभ है, तिस मतितैं धारणा कहिये कालांतर विषैं हू विस्मरण नांही होना, मनुष्य जनम प्राप्त हौतैं हू यह पूर्वोक्त सर्व ही जगत विषैं अनुक्रमकरि दुर्लभ है ।।६६।।

आगै इनहूतैं अतिदुर्लभ है, ताहि कहै है—

अर्थ–यह पूर्वोक्त मनुष्यजन्मकूं आदि दे प्राप्त होतैं जिनशासन जो परमागम ता विषैं बोधि कहिये सम्यग्दर्शन की विशुद्धि, बहुरि ताका कारण सुखकरि नांही पाईये है । काहैं तैं ? जातैं दुष्ट अभिप्रायकरि आकुल, भ्रम सहित यह लोक है जातैं रागद्वेष बलवान है । अथवा

१. ग प्रति में- य ।

यत इति ।।६७।।

एवं बोधिदुर्लभत्वं[1] विज्ञाय तदर्थपरिणामं[2] कर्तुकामः प्राह—

सेयं भवभयमहणी बोधी[3] गुणवित्थडा मए लद्धा ।
जदि पडिदा ण हु सुलहा तम्हा ण खमो[4] पमादो मे ।।६८।।

सेयं बोधिर्भवभयमथनी संसारभीतिविनाशिनी गुणविस्तरा गुणैर्विस्तीर्णा सर्वगुणाधरा मया लब्धा प्राप्ता, यदि कदाचित्संसारसमुद्रे पतिता प्रभ्रष्टा न खलु नैव स्फुटं पुनः सुलभाऽर्द्धपुद्गलपरावर्त्तनमन्तरेण तस्मात्रैव[5] क्षमो नैव योग्यः प्रमादो मम—बोधिविषये प्रमादकरणं मम नैव युक्तमिति ।।६८।।

बोधिविषये यः प्रमादं करोति तं कुत्सयन्नाह—

दुल्लहलाहं लद्धूण बोधिं[6] जो णरो पमादेज्जो ।
सो पुरिसो कापुरिसो सोयदि कुगदिं गदो संतो ।।६९।।

दुर्लभलाभां बोधिं संसारक्षयकरणसमर्थां यो लब्ध्वा प्राप्य प्रमादयेत् प्रमादं कुर्यात्सः पुरुषः कापुरुषः कुत्सितः पुरुषः शोचति दुःखी भवति कुगतिं नरकादिगतिं गतः सन्निति ।।६९।।

कुमार्गनिकैं आकुलताके हेतु रागद्वेष बलवान् हैं ।।६७।।

आगै बोधि का दुर्लभपनां जानिकरि तिसकै निमित्त परिणाम करिवे के वांछक आचार्य कहै है—

अर्थ–सो यह बोधि जो है सो भवभय मथनीकहिये संसार के भय की नाश करनेंवारी गुणनिकरि विस्तीर्ण सर्वगुणनिकी आधारभूत मैं पाईए जो कदाचित् संसार समुद्र कै विषैं पडी तौ प्रगटपनैं अर्द्धपुद्गलपरावर्तन बिनां, बहुरि सुलभ नांही है । तातैं मोकूं बोधि के विषैं प्रमाद करणां निश्चयकरि जोग्य नांही ।।६८।।

आगैं बोधविषैं जो प्रमाद करै हैं, ताहि निंदितै संतै आचार्य कहै है—

अर्थ–दुर्लभ है लाभ जाका संसार के क्षय करवे विषैं समर्थ अैसा बोधि है ताहि पायकरि जो मनुष्य प्रमाद करै है सो पुरुष कापुरुष है, निंद्य है, नरकादिक गति विषैं प्राप्त भया दुःखी होय है ।।६९।।

आगै बोधि का विकल्प बहुरि ताका फल है, ताहि उपदेश करते आचार्य कहै है–

अर्थ–१. क्षयोपशम, २. विशुद्धि, ३. देशनलब्धि, ४. प्रायोग्यलब्धि—तिनकूं प्राप्त होय, पीछै १. अधःप्रवृत्तिकरण, २. अपूर्वकरण, ३. अनिवृत्तिकरण हैं, तिनहिकरि जीव हैं सो १. उपशम, २. क्षयोपशम, ३. क्षायिक–सम्यक्त रूप बोधि हैं, ताहि प्राप्त होय हैं ।

(१) जिहिकाल विशुद्धिकरि पूर्व संचित कर्म्म के अनुभाग स्पर्द्धक हैं, ते समय–समयप्रति अनंत गुणहीण होय उदीर्णा कूं प्राप्त होय हैं । तिसकाल क्षयोपक्षमलब्धि होय है ।

१. बोधेर्दुल-क० । २. तदर्थाय परि-क० । ३. बोही क० । ४. अ० ब० खमं । ५. तस्मान्न क० । ६. जो बोधिं क० ।

बोधिविकल्पं तत्फलं च प्रतिपादयन्नाह—

उवसमखयमिस्सं वा बोधिं लद्धूण भवियपुंडरिओ ।
तवसंजमसंजुत्तो अक्खयसोक्खं तदो[1] लहदि ।।७०।।

